॥ श्रीः ॥

श्रीमद्भगवद्गीता

सर्वतन्त्रस्वतन्त्र-श्रीमत्परमहंस-परिव्राजकाचार्य-

मधुसूदनसरस्वती-विरचित-

'गूढार्थदीपिका'व्याख्यासहिता

सा च

सर्वतन्त्रस्वतन्त्रमहामहोपाध्याय-

पण्डितश्रीहरिहरकृपालुद्विवेदिना

कृततत्त्वविवेचनपुरस्सरं सटिप्पण-हिन्दीभाषानुवादेन

समलंकृता

पण्डितश्रीब्रह्मदत्तद्विवेदिना

सम्पादिता

भागद्वयात्मिका

प्रकाशकः

सेठश्री विनोदकुमार मुरारका

कलकत्ता

Shant Sharma Hiremath
Lecturer in Kannada
S.S.V.V. Varanasi
...3/82
... 724

श्रीमद्भगवद्गीता

[सानुवादमधुसूदनीव्याख्यासहिता]

अथ सप्तमोऽध्यायः

श्रीभगवानुवाच

मय्यासक्तमनाः पार्थ ! योगं युञ्जन्मदाश्रयः ।

असंशयं समग्रं मां यथा ज्ञास्यसि तच्छृणु ॥ १ ॥

श्री भगवान् बोले—हे अर्जुन ! मुझसे आसक्त चित्तवाले मदेकशरण तुम मनको समाहित करते हुये निस्सन्देह समग्र ऐश्वर्यादि गुणोंसे युक्त मुझको जिस प्रकार जानोगे उसको सुनो ॥ १ ॥

श्रीकृष्णाय गीतामृतदुहे नमः ।

यद्भक्तिं न विना मुक्तिर्यः सेव्यः सर्वयोगिनाम् ।

तं वन्दे परमानन्दघनं श्रीनन्दनन्दनम् ॥ १ ॥

एवं कर्मसंन्यासात्मकसाधनप्रधानेन प्रथमषट्केन ज्ञेयं त्वंपदलक्ष्यं सयोगं व्याख्याय, अधुना ध्येयब्रह्मप्रतिपादनप्रधानेन मध्यमेन षट्केन तत्पदार्थो व्याख्यातव्यः । तत्रापि—

'योगिनामपि सर्वेषां मद्गतेनाऽन्तरात्मना ।

श्रद्धावान् भजते यो मां स मे युक्ततमो मतः ॥' इति ।

प्रागुक्तस्य भगवद्भजनस्य व्याख्यानाय सप्तमोऽध्याय आरभ्यते । तत्र कीदृशं भगवतः रूपं भजनीयम्, कथं वा तद्गतोऽन्तरात्मा स्यादित्येतद् द्वयं प्रष्टव्यम्, अर्जुनेनापृष्टमपि परमकारुणिकतया स्वयमेव विवक्षुः श्रीभगवानुवाच—'मय्यासक्त' इत्यादिना । मयि-परमेश्वरे

श्लोकार्थ—जिसकी भक्तिके बिना मुक्ति नहीं होती जो सब योगियोंका परम आराध्य है उस परमानन्दघन श्रीनन्दनन्दन श्रीकृष्णचन्द्रजीकी वन्दना करता हूँ ॥ १ ॥ इस प्रकार कर्म और संन्यास एतदुभयात्मक साधनप्रधान प्रथम छः अध्यायोंसे ज्ञेय (जाननेके योग्य) त्वंपदलक्ष्यका योगसहित व्याख्यान कर, इस समय ध्येय ब्रह्मनिरूपणप्रधान मध्यम छः अध्यायों से तत्पदार्थ व्याख्येय है, उसमें भी 'योगिनामपि सर्वेषाम्' इत्यादि वचनोंसे निर्दिष्ट भगवद् भजनके व्याख्यानके लिए सप्तम अध्यायका आरम्भ करते हैं—उसमें भगवान्का कैसा स्वरूप भजनीय ध्येय है और कैसे भक्त तद्गत अन्तरात्मा होगा ये दोनों यद्यपि अर्जुनसे पूछने के योग्य हैं, परन्तु पूछा नहीं; तो भी परम दयावान् भगवान् अपने

ज्ञानं तेऽहं सविज्ञानमिदं वक्ष्याम्यशेषतः ।
यज्ज्ञात्वा नेह भूयोऽन्यज्ज्ञातव्यमवशिष्यते ॥ २ ॥

विचारके परिपाकसे निष्पन्न ज्ञान ही विज्ञान है उस विज्ञानके साथ शास्त्रजन्य ज्ञानको समग्र रूपसे तुमसे मैं कहूँगा । जिसे जानकर संसारमें कुछ जानने योग्य शेष नहीं रहता ॥ २ ॥

सकलजगदायतनत्वादिविविधविभूतिभागिनि आसक्तम्-विषयान्तरपरिहारेण सर्वदा निविष्टम् मनो यस्य तव, स त्वम् , अतएव मदाश्रयः—मदेकशरणः राजाश्रयो भार्याद्यासक्तमनाश्च राजभृत्यः प्रसिद्धः, मुमुक्षुस्तु मदाश्रयो मदासक्तमनाश्च । त्वम्, त्वद्विधो वा योगं युञ्जन्—मनः-समाधानं षष्ठोक्तप्रकारेण कुर्वन् असंशयं यथा भवत्येवं समग्रं—सर्वविभूतिबलशक्त्यैश्वर्यादि-सम्पन्नं मां यथा—येन प्रकारेण ज्ञास्यसि, तच्छृणूच्यमानं मया ॥ १ ॥

ज्ञास्यसीत्युक्ते परोक्षमेव तज्ज्ञानं स्यादिति शङ्कां व्यावर्तयन् स्तौति श्रोतु-राभिमुख्याय—'**ज्ञानमि**'ति । इदं[1] मद्विषयं स्वतोऽपरोक्षं ज्ञानं असंभावनादिप्रति-बन्धेन फलमजनयत् परोक्षमित्युपचर्यते, असंभावनादिनिरासे तु विचारपरिपाकान्ते तेनैव प्रमाणेन जनितं ज्ञानं प्रतिबन्धाभावात्फलं जनयदपरोक्षमित्युच्यते, विचारपरिपाकनिष्पन्न-त्वाच्च तदेव विज्ञानम्, तेन विज्ञानेन सहितमिदमपरोक्षमेव ज्ञानं शास्त्रजन्यं ते-तुभ्यमहं—पर-माप्तः वक्ष्याम्यशेषतः-साधनफलादिसहितत्वेन निरवशेषं कथयिष्यामि । श्रौतीमेकविज्ञानेन सर्वविज्ञानप्रतिज्ञामनुसरन्नाह '**यदि**'ति । यत् ज्ञानं—नित्यचैतन्यरूपं ज्ञात्वा—वेदान्तजन्यमनो-

से ही कहनेकी इच्छासे बोले—मुझ परमेश्वरमें जो कि सम्पूर्ण प्रपञ्चका आश्रय और अनेक प्रकारकी विभूतियोंसे संयुक्त है उसमें आसक्त विषयान्तरका परित्याग कर सर्वदा अवस्थित है मन जिसका वह तुम मदाश्रय मदेकशरण हो । यद्यपि लोकमें नौकर राजाश्रय और स्त्रीमें आसक्तमन प्रसिद्ध है, परन्तु मुमुक्षुजन मदाश्रय और मदासक्त मन होते हैं । छठवें अध्यायमें कहे हुए प्रकार से मनःसमाधान कर तुम या तुम्हारे समान मदासक्त मदाश्रय योग करता हुआ असंदिग्ध जैसे होता है तथा समग्र बल, विभूति, शक्ति, ऐश्वर्यादि-संपन्न मुझको जिस प्रकारसे जानोगे सो मैं कहता हूँ, सुनो ॥ १ ॥

'ज्ञास्यसि' कहने से परोक्ष ही परमेश्वर ज्ञान होगा इस शङ्का को निवारण करते हुए सुननेवाले के अभिमुख होने के लिये स्तुति करते हैं—मद्विषयक यह अपरोक्ष ज्ञान असंभावनादि ज्ञानोत्पत्तिप्रतिबन्धक

१. यहाँ पर सरस्वतीजीने 'ज्ञान-मद्विषयक ज्ञान विज्ञानसे सहित अपरोक्ष ही शास्त्रजन्यज्ञान तुमसे कहेंगे, शब्द से भी 'दशमस्त्वसि' इत्यादि स्थलमें अपरोक्ष ज्ञान होता है यह जाना जाता है । अन्यथा अपरोक्ष ज्ञानकी

मनुष्याणां सहस्रेषु कश्चिद्यतति सिद्धये।
यततामपि सिद्धानां कश्चिन्मां वेत्ति तत्त्वतः ॥ ३ ॥

हजारों मनुष्योंमें कोई ज्ञानप्राप्तिके लिये यत्न करता है। प्रयत्न करनेवाले साधकोंमें भी कोई तत्त्वतः मुझे जानता है ॥ ३ ॥

वृत्तिविषयीकृत्य इह-व्यवहारभूमौ भूयः-पुनरपि अन्यत्किञ्चिदपि ज्ञातव्यं नावशिष्यते। सर्वाधिष्ठानसन्मात्रज्ञानेन कल्पितानां सर्वेषां बाधे सन्मात्रपरिशेषात् तन्मात्रज्ञानेनैव त्वम् कृतार्थो भविष्यसीत्यभिप्रायः ॥ २ ॥

अतिदुर्लभं चैतन्मदनुग्रहमन्तरेण महाफलं ज्ञानं यतः—'**मनुष्याणामि**'ति। मनुष्याणां शास्त्रीयज्ञानकर्मयोग्यानां सहस्रेषु मध्ये कश्चिदेकोऽनेकजन्मकृतसुकृतसमासादितनित्यानित्यवस्तुविवेकः सन् यतति-यतते सिद्धये-सत्त्वशुद्धिद्वारा ज्ञानोत्पत्तये। यततां—यतमानानां ज्ञानाय, सिद्धानां प्रागर्जितसुकृतानां साधकानामपि मध्ये कश्चित्-एकः श्रवणमनननिदिध्या-

होने से फलोत्पत्ति नहीं करता, अतः यह प्रत्यक्ष परोक्षके समान ही कहा जाता है। असंभावनादि प्रतिबन्धक निरास होनेपर उसी विचार परिपाकसे उसी प्रमाणसे उत्पन्न ज्ञान प्रतिबन्धाभावसे फलोत्पादन करता हुआ अपरोक्ष कहा जाता है। विचार परिपाकसे निष्पन्न वही विज्ञान उसी विज्ञानके सहित यह अपरोक्ष ही ज्ञान शास्त्रजन्य सत्यभाषी यथार्थ वक्ता मैं तुमसे सम्पूर्ण कहूँगा, साधन फलादि सहित निश्शेष ज्ञानका उपदेश करेंगे। श्रुतिसिद्ध एकविज्ञान से सर्वविज्ञान प्रतिज्ञाका अनुसरण करते हुये कहते हैं 'यत्'से जो ज्ञान नित्य चैतन्यरूप जानकर अर्थात् वेदान्तवाक्यजन्य मनोवृत्ति विषय कर इस व्यवहार भूमिमें फिर दूसरा कुछ भी ज्ञातव्य बाकी न रहेगा सर्वाधिष्ठान सन्मात्र ज्ञान ही से कल्पित सभी वस्तुओंका बाध हो जानेसे तुम कृतार्थ हो जाओगे—यह अभिप्राय है ॥ २ ॥

मेरी कृपाके विना महाफल यह ज्ञान दुर्लभ है। क्योंकि शास्त्रीय ज्ञान और कर्मयोग के योग्य हजारों मनुष्योंके मध्यमें कोई एक जो पूर्वजन्म सम्पादित पुण्यपुंजसे सम्प्राप्त नित्यानित्य वस्तुविवेक है, अर्थात् वही सत्त्वशुद्धि द्वारा ज्ञानोत्पत्तिके लिये यत्न करता है। ज्ञानके लिये प्रयत्न करनेवाले सिद्धोंमें और पूर्वार्जित सुकृतवाले साधकों के मध्यमें कोई एक श्रवण, मनन, निदिध्यासन परिपाकावसानमें मुझ ईश्वरको

निवृत्ति न होगी जो ज्ञान नित्य चैतन्यरूप जान कर ज्ञातव्य कुछ बाकी न रहेगा' यह कहा है। उत्कर्षकार का इसमें आक्षेप है कि यच्छब्दसे विज्ञान सहित ज्ञान का पूर्व में परामर्श किया फिर चैतन्य परामर्श कैसे होगा? भाष्यकार ने स्पष्ट कहा है कि 'तच्च मद्विषयं ज्ञानं ते तुभ्यम्' इत्यादि। इससे स्पष्ट प्रतीत होता है कि चैतन्यपरक महाज्ञान वही है किन्तु भगवद्विषयक है। यद्यपि तात्पर्य में विशेष भेद नहीं है तथापि शाब्द अर्थमें भेद है। इसमें युक्तत्वायुक्तत्व का पाठकगण स्वयं विचार करें?

भूमिरापोऽनलो वायुः खं मनो बुद्धिरेव च ।
अहंकार इतीयं मे भिन्ना प्रकृतिरष्टधा ॥ ४ ॥

भूमि, जल, अग्नि, वायु, आकाश, मन, बुद्धि तथा अहंकार ये सब आठ प्रकारसे विभक्त मेरी प्रकृति है ॥ ४ ॥

सनपरिपाकान्ते मामीश्वरं वेत्ति—साक्षात्करोति तत्त्वतः—प्रत्यगभेदेन तत्त्वमसीत्यादिगुरूपदिष्ट-महावाक्येभ्यः । अनेकेषु मनुष्येष्वात्मज्ञानसाधनानुष्ठायी परमदुर्लभः, साधनानुष्ठायिष्वपि मध्ये फलभागी परमदुर्लभ इति, किं वक्तव्यमस्य ज्ञानस्य माहात्म्यमित्यभिप्रायः ॥ ३ ॥

एवं प्ररोचनेन श्रोतारमभिमुखीकृत्य, आत्मनः सर्वात्मकत्वेन परिपूर्णत्वमवतार-यन्नादावपरां प्रकृतिमुपन्यस्यति—'भूमिरापः' इति । साङ्ख्यैर्हि पञ्चतन्मात्राण्यह-ङ्कारो महानव्यक्तमित्यष्टौ प्रकृतयः, पञ्चमहाभूतानि, पञ्च कर्मेन्द्रियाणि, पञ्च ज्ञानेन्द्रियाणि उभयसाधारणं मनश्चेति षोडश विकारा उच्यन्ते । एतान्येव चतुर्विंशतितत्त्वानि । तत्र 'भूमिरापोऽनलो वायुः खम्' इति पृथिव्यप्तेजोवाय्वाकाशाख्यपञ्चमहाभूतसूक्ष्मावस्थारूपाणि गन्धरसरूपस्पर्शशब्दात्मकानि पञ्चतन्मात्राणि लक्ष्यन्ते । बुद्ध्यहङ्कारशब्दौ तु स्वार्थाविव । मनःशब्देन च परिशिष्टमव्यक्तं लक्ष्यते, प्रकृतिशब्दसामानाधिकरण्येन स्वार्थहानेरावश्यक-त्वात् । मनःशब्देन वा स्वकारणमहङ्कारो लक्ष्यते, पञ्चतन्मात्रसन्निकर्षात् । बुद्धिशब्दस्त्व-हङ्कारकारणे महत्तत्त्वे मुख्यवृत्तिरेव । अहङ्कारशब्देन च सर्ववासनावासितमविद्यात्मक-

जानता है । अर्थात् 'तत्त्वमसि' इत्यादि गुरूपदिष्ट वेदान्तमहावाक्यसे वस्तुतः स्वाभिन्न मेरा साक्षात्कार करता है । अनेक मनुष्योंमें आत्मज्ञान साधन अनुष्ठान करनेवाला परम दुर्लभ है । साधनानुष्ठायियोंके मध्य-में फलभागा परम दुर्लभ है । इस प्रकार ज्ञान का माहात्म्य कहाँ तक कहा जाय—यह अभिप्राय है ॥ ३ ॥

इस प्रलोभनसे श्रोताको सुननेके लिए अभिमुख कर अपनेमें सर्वात्मकत्व परिपूर्णत्वका वर्णन करते हुए प्रथम अपरा प्रकृतिका निर्देश करते हैं—सांख्यविद्वान् शब्द, स्पर्श, रूप, रस, गन्ध, पञ्चतन्मात्राएं अहंकार और बुद्धितत्त्व प्रधान ये आठ प्रकृतियाँ और पृथिवी, जल, तेज, वायु, आकाश ये पांच महाभूत वाक्पाण्यादि पाँच कर्मेन्द्रियाँ पाञ्च ज्ञानेन्द्रियाँ उभयसाधारण मन ये ही षोडश विकार कहे जाते हैं और ये ही चौबीस तत्त्व हैं । उनमें भूमि, जल, अग्नि, वायु, आकाशमें पञ्चतत्त्वात्मक महाभूतकी सूक्ष्मावस्थारूप, गन्ध, रस रूप, स्पर्श शब्दात्मक पञ्चतन्मात्राएं यहाँ लक्षित हैं । बुद्धि और अहंकार स्वार्थपर हैं अर्थात् बुद्धिपरक है और अहंकारपरक है । मनः शब्दसे परिशिष्ट प्रधान लक्षित है, प्रकृतिशब्द सामानाधिकरण्य-से स्वार्थहानि-स्वार्थत्याग आवश्यक है अर्थात् भूम्यादि विकृति हैं । और गीतामें इनका प्रकृतिरूपसे निर्देश

अपरेयमितस्त्वन्यां प्रकृतिं विद्धि मे पराम् ।
जीवभूतां महाबाहो ! ययेदं धार्यते जगत् ॥ ५ ॥

आठ प्रकारसे विभक्त प्रकृतिसे भिन्न उत्कृष्ट जीवरूपा प्रकृतिको जानो । हे महाबाहो ! जिस जीव लक्षण (क्षेत्रज्ञ) प्रकृतिसे यह संसार धारण किया जाता है ॥ ५ ॥

मव्यक्तं लक्ष्यते, प्रवर्तकत्वाद्यसाधारणधर्मयोगाच्च । इति-उक्तप्रकारेण इयमपरोक्षा, साक्षिभास्यत्वात् । प्रकृतिः-मायाख्या पारमेश्वरी शक्तिरनिर्वचनीयस्वभावा त्रिगुणात्मिका अष्टधा भिन्ना-अष्टभिः प्रकारैर्भेदमागता । सर्वोऽपि जडवर्गोऽत्रैवान्तर्भवतीत्यर्थः । स्वसिद्धान्ते च ईक्षणसङ्कल्पात्मकौ मायापरिणामावेव बुद्ध्यहङ्कारौ । पञ्चतन्मात्राणि चापञ्चीकृतपञ्चमहाभूतानीत्यसकृदवोचाम ॥ ४ ॥

एवं क्षेत्रलक्षणायाः प्रकृतेरपरत्वं वदन् क्षेत्रज्ञलक्षणां परां प्रकृतिमाह—'**अपरेयमि**'ति । या प्रागष्टधोक्ता प्रकृतिः सर्वाचेतनवर्गरूपा सेयमपरा-निकृष्टा जडत्वात् , परार्थत्वात् , संसारबन्धरूपत्वाच्च । इतस्तु-अचेतनवर्गरूपायाः क्षेत्रलक्षणायाः प्रकृतेरन्यां—विलक्षणाम् , 'तु' शब्दाद्यथाकथञ्चिदप्यभेदायोग्यां जीवभूतां चेतनात्मिकां क्षेत्रज्ञलक्षणां मे—ममात्मभूतां विशुद्धां परां-प्रकृष्टां प्रकृतिं विद्धि । हे महाबाहो ! यया—क्षेत्रज्ञलक्षणया

किया गया है इस विरोध परिहारके लिए भूम्यादि विकृतिवाची शब्दकी स्वप्रकृति पञ्चतन्मात्रामें लक्षणा है । इस प्रकारसे मनः शब्दकी । अथवा मनःशब्दकी स्वकारण अहंकारमें लक्षणा है क्योंकि पञ्चतन्मात्राके समीप है । बुद्धि शब्दकी अहंकारकारण महत्तत्त्वमें मुख्यवृत्ति है ही, अहंकार शब्दसे सब वासनाओंसे संयुक्त लक्षित है क्योंकि प्रेरकत्वादि असाधारण धर्मका सम्बन्ध है । इस प्रकार यह अपरोक्षा माया जो साक्षीसे भास्य है वही प्रकृति है परमेश्वरकी अनिर्वचनीय स्वभावशक्ति है । जो यह त्रिगुणात्मक आठ प्रकारोंसे भिन्न-आठ प्रकारकी है । यद्यपि स्वरूपसे एकरूपा है तथापि प्रकारभेदसे अष्टधा मानी जाती है । सम्पूर्ण जड़-जात इसीमें अन्तर्भूत होते हैं । अपने सिद्धान्तमें ईक्षण और संकल्प, बुद्धि, अहङ्कार माया के परिणाम ही हैं पञ्चतन्मात्रायें अपञ्चीकृत पञ्चमहाभूतस्वरूप हैं, यह अनेकों बार कह चुके हैं ॥ ४ ॥

इस प्रकार क्षेत्र लक्षण प्रकृति में अपरत्व कहते हुये क्षेत्रज्ञलक्षण पर प्रकृति कहते हैं—'अपरेयमि'ति-से । पूर्वोक्त अष्ट प्रकार जो प्रकृति है, वह सब अचेतनस्वरूप अतएव अपरा निकृष्टा प्रकृति है क्योंकि जड़ है, परार्थ है, चेतनोपभोगार्थ है और संसारस्वरूप है, अतएव निकृष्ट है । इससे अचेतनरूप क्षेत्रलक्षण प्रकृतिसे अन्य-विलक्षण, 'तु' शब्द वैलक्षण्यार्थ है । जिस किसी प्रकार भी और अभेदायोग्य जीवभूत चेतनात्मक क्षेत्रज्ञलक्षण मेरा आत्मस्वरूप अतएव विशुद्ध परमोत्कृष्ट प्रकृति जानो । हे महाबाहो ! **क्षेत्रज्ञलक्षण**

एतद्योनीनि भूतानि सर्वाणीत्युपधारय।
अहं कृत्स्नस्य जगतः प्रभवः प्रलयस्तथा ॥ ६ ॥

इन दोनों प्रकृतियोंसे उत्पन्न होनेवाले सभी भूतवर्ग हैं ऐसा समझो। और मैं सम्पूर्ण जगत् की उत्पत्ति एवं प्रलयका कारण हूँ ॥ ६ ॥

जीवभूतयाऽन्तरनुप्रविष्टया प्रकृत्या—इदं जगत्—अचेतनजातं धार्यते-स्वतो विशीर्यदुत्तभ्यते 'अनेन जीवेनात्मनाऽनुप्रविश्य नामरूपे व्याकरवाणि' (छा० उ—६-३-२) इति श्रुतेः, न हि जीव-रहितं धारयितुं शक्यमित्यभिप्रायः ॥ ५ ॥

[1]उक्तप्रकृतिद्वये कार्यलिङ्गकमनुमानं प्रमाणयन् स्वस्य तद्द्वारा जगत्सृष्ट्यादिकारणत्वं दर्शयति—'**एतद्योनीनी**'ति। एते-अपरत्वेन परत्वेन च प्रागुक्ते क्षेत्र-क्षेत्रज्ञ-लक्षणे प्रकृती योनिर्येषाम् , तान्येतद्योनीनि भूतानि-भवनधर्मकानि सर्वाणि चेतनाऽचेतनात्म-कानि जनिमन्ति निखिलानीत्येवमुपधारय-जानीहि। कार्याणां चिदचिद्ग्रन्थिरूपत्वात् तत्कारणमपि चिदचिद्ग्रन्थिरूपमनुमिन्वित्यर्थः। एवं क्षेत्रक्षेत्रज्ञलक्षणे ममोपाधिभूते यतः प्रकृती जगतः, तद्द्वाराऽहं-सर्वज्ञः सर्वेश्वरोऽनन्तशक्तिमायोपाधिः कृत्स्नस्य-चराचरात्मकस्य

सर्वान्तरप्रविष्ट जीवस्वरूपसे यह अचेतनसमुदाय जगत् धारण किया जाता है, यह प्रकृतिसे स्थित है। 'अनेन जीवेनात्मना अनुप्रविश्य नामरूपे व्याकरवाणि' इस श्रुतिसे आत्माधीन जगत् की अवस्थिति है। जीवरहित कोई धारण नहीं कर सकता यह अभिप्राय है ॥ ५ ॥

उक्त दोनों प्रकृतियोंमें कार्यहेतुक अनुमानको प्रमाणित करते हुए तद्वारा अपनेमें जगत् सृष्टिके आदि-कारणत्वको दिखलाते हैं—'एतदि'ति। अपरत्वेन परत्वेन पूर्वोक्त क्षेत्रक्षेत्रज्ञलक्षण प्रकृति योनि (कारण) है जिनको वे यह भूत अर्थात् उत्पत्तिवाले सम्पूर्ण चेतनाचेतनात्मक सब उत्पत्तिमान् है यह समझो **'कार्याणाम्'** कार्य चिदचित् ग्रन्थिरूप है उनका कारण भी चिदचिद् ग्रन्थि (गाँठ) रूप है इसलिये तत्कारण चिदचित् ग्रन्थिरूप का अनुमान करो इस प्रकार क्षेत्रक्षेत्रज्ञलक्षण मेरी जो उपाधियाँ हैं वे ही जगत् की प्रकृतियाँ होती हैं। तद्वान् सर्वज्ञ औरसर्वेश्वर अनन्तशक्ति मायोपाधिक सम्पूर्ण चराचरात्मक जगत्का-सत्कार्यवर्गका

---

१. उक्तप्रकृतिद्वये 'कार्यलिङ्गकमनुमानं प्रमाणयन्नि'त्यादि। भाव यह है कि कार्य विना कारणव्यापारके नहीं होता, यह लोकमें दृष्ट है। वेदान्ती कारण दो प्रकारके मानते हैं निमित्त और उपादान, जैसे घटादि कार्यमें निमित्तकारण कुलाल, दण्डादि और उपादानकारण मृत्तिका है इसको नैयायिक समवायिकारण कहते हैं। असमवायि-कारण का निमित्तकारणमें अन्तर्भाव है या है ही नहीं क्योंकि कारण से अतिरिक्त कार्य नहीं है। कारण की अवस्था-

जगतः-सर्वस्य कार्यवर्गस्य प्रभवः-उत्पत्तिकारणम् , प्रलयस्तथा-विनाशकारणम् । स्वाप्निकस्येव प्रपञ्चस्य मायिकस्य मायाश्रयत्वविषयत्वाभ्यां मायाव्यहमेवोपादानम्, द्रष्टा चेत्यर्थः ॥ ६ ॥

का उपादानकारण तथा प्रलय-विनाश का कारण मैं हूँ । जैसे मायिक स्वप्नावस्थामें भासमान प्रपञ्च मायी जीवमें रहता है तथा नष्ट होता है वैसे मायाश्रय मायाविषय होने से मायावी मैं ही उपादान और द्रष्टा हूँ ॥ ६ ॥

विशेष ही कार्य है । इस मतमें असमवायिकारण की आवश्यकता ही नहीं । आरम्भवाद में अवयव द्वारा अवयवी की उत्पत्ति का निराकरण वेदान्त सूत्रोंसे किया गया है यह स्पष्ट है । निमित्तकारण और उपादानकारण एक नहीं हो सकता यह न्यायादि मत है । वेदान्ती निमित्तत्व उपादानत्व में विरोध ही नहीं मानते अतः ब्रह्म उपादान और निमित्त दोनों हैं । स्वाश्रय माया द्वारा उपादान है और चैतन्यछाया द्वारा निमित्त है अथवा ईक्षणसंकल्पादि द्वारा निमित्त है । अचेतन चेतनाधिष्ठान के विना कार्य करने में समर्थ नहीं है । कारण समुदायसे कार्य होता है चेतन व्यापारके विना कारण समुदाय ही नहीं वन सकता । यदि समुदाय कथंचित् हो भी कार्यानुकूल कारणोंका विन्यास तदभिज्ञ चेतनके विना नहीं हो सकता । यथा—बढ़ईके विना काष्ठरथ नहीं हो सकता । दण्डादि समुदायका संघटन और तद्व्यापार चेतन व्यापाराधीन है अतः चेतन निमित्तकारण होता है । घटादि कार्य जो चेतन कुलालादिजन्य लोकमें देखे जाते हैं वे सब शरीरजन्य हैं, अतः शरीरजन्यत्वावच्छेदेन चेतनकर्तृत्व का अनुभव नहीं हो सकता है । एतावता कार्यमात्र में चेतनकर्तृकत्व की सिद्धि नहीं हो सकती । अङ्कुरादि कार्य चेतनव्यापारके विना ही देखे जाते हैं । यदि उसको पक्षसम मान कर वहाँ भी चेतनकर्तृत्व का अनुमान करें, तो इस प्रकार अनुमान होगा कि 'कार्यं तदुपादानगोचरापरोक्षज्ञानादि-जन्यं कार्यत्वात् घटादिवत्' ।

प्रश्न—हाँ तो इस अनुमान में शरीरजन्यत्व उपाधि है । जहां-जहां घटादि सपक्ष में कार्यत्व दृष्ट है वहां-वहां शरीरजन्यत्व है, अतः साध्य सकर्तृकत्वादि का व्यापक साधन कार्यत्वका अव्यापक उक्त उपाधि है । कारण यह है कि कार्यत्व अङ्कुरादिमें है शरीरजन्यत्व नहीं है, अनुमान सोपाधिक होनेसे प्रमाण नहीं किन्तु तदाभासमात्र है ।

उत्तर—उपाधि दो प्रकारसे अनुमानका दूषक होता है व्यभिचारोन्नायकत्वसे अथवा सत्प्रतिपक्षमुद्रया पक्ष में साध्याभावानुमापकत्वसे । प्रकृतमें उक्त उपाधि स्वयं दुष्ट होनेसे आभास है । अतः उभयानुमापक नहीं हो सकता । तथाहि 'कार्यत्वम् उक्तकर्तृकत्वव्यभिचारि उक्तव्यापकशरीरजन्यत्वव्यभिचारित्वात् धूमव्यापकार्द्रेन्धनव्यभिचारिवह्निवत्, व्यापकव्यभिचारी नियमसे व्याप्य व्यभिचारी होता है । एवं 'अङ्कुरादि प्रेक्षावत्पूर्वकत्वाभाववत् शरीराजन्यत्वात् आकाशवत्' । आकाशको नैयायिक नित्य मानते हैं, अतः उनके मतमें दृष्टान्त आकाश है । यह ठीक नहीं, इसमें व्याप्यत्वासिद्धि है अजन्यत्वसे ही उक्त साध्याभाव सिद्ध होता है फिर शरीरपद व्यर्थ है । आकाशमें अजन्यत्वप्रयुक्त ही उक्त साध्याभाव है शरीरजन्यत्व प्रयुक्त नहीं अजन्यत्वाभाव यदि उपाधि है तो अङ्कुरादिमें तदभावप्रयुक्त स्वरूपा-सिद्धि है अतः न्यायाचार्य श्रीमदुदयनाचार्यने स्पष्ट ही कहा है कि—'एकामसिद्धिं परिहरतो द्वितीयापत्तिः' इति । अर्थात् एक असिद्धि-व्याप्यत्वासिद्धिका परिहार करनेवालेको द्वितीय स्वरूपासिद्धि होती है । इसी प्रकार व्यभि-

चारोद्भावनमें भी समझना वहां भी शरीरपद व्यर्थ है। यदि शरीरको छोड़कर अजन्यत्व मात्र कहें, तो अंकुरादि में अजन्यत्व स्वरूपासिद्धि है। जन्यत्वमात्र साधनव्यापक होनेसे उपाधि ही नहीं बन सकती। अनुकूलता भी इस व्याप्ति में नहीं इत्यादि विशेष अन्यत्र स्पष्ट है। अङ्कुरादिमें चेतनमनुष्यकर्तृकत्व दृष्ट नहीं अतः अशरीर चेतन ईश्वर ही तत्कर्ता सिद्ध होते हैं। प्रकृत में प्रकृतिद्वय का अनुमान उत्कर्षदीपिकामें ऐसा लिखा है कि 'भूतानि चेतनाचेतनपरापर-प्रकृतिकानि चेतनाचेतनरूपत्वात्, यन्नैवं तन्नैवम्, यथा शुद्धश्चेतनः' इति। मिट्टीसे घड़ा होता है वैसे ही परापरोभयप्रकृति का कारण मैं हूँ मुझसे ही दोनों प्रकृतियां उत्पन्न हुई हैं, वे ही सब जगत्के कारण हैं। तद्द्वारा मैं संसार का प्रभव-उत्पत्तिका कारण तथा प्रलय=विनाश का कारण हूँ। निमित्त और उपादान उभयात्मक हूँ। वे परापर क्षेत्रक्षेत्रज्ञ लक्षण प्रकृति-योनि कारणभूत हैं जिन सर्वभूतोंका। वे 'एतद्योनीनि' पदसे विवक्षित है यह निश्चय समझो। भगवान् व्यासजीने लिखा है—'जन्माद्यस्य यतः, प्रकृतिश्च प्रतिज्ञादृष्टान्तानुपरोधात्' वे० सू०-१.४-२३ इत्यादि। परमेश्वर जगत्के उपादान और निमित्त कारण हैं। एतदर्थपरनया ये सूत्र उत्तरमीमाँसा में व्याख्यात हैं।

प्रश्न—कार्य यह जगत् सावयव अचेतन और अशुद्ध है। इसका कारण भी ऐसा ही होना चाहिये क्योंकि कार्य-कारण मृद्घटादिमें सादृश्य देखते हैं, ब्रह्म निष्कल निष्क्रिय शान्त निरञ्जन है, अतः यह उपादान नहीं हो सकता। किन्तु इससे भिन्न स्मृति प्रसिद्ध अशुद्ध अचेतन प्रधानको ही जगत्का कारण मानना चाहिये। ब्रह्मकारणत्वबोधक श्रुतियोंका तात्पर्य ब्रह्मके निमित्तकारणत्व में है। इस शंका के निराकरणार्थ कहा—'प्रकृतिश्च' उपादानकारण भी ब्रह्मको समझना चाहिये केवल निमित्तकारण ही नहीं। इसमें हेतु है प्रतिज्ञा दृष्टान्तानुपरोध। प्रतिज्ञा 'उत तमादेशम-प्राक्ष्यः, येनाश्रुतं श्रुतम्' छा० उ० ६-१-२३ इत्यादि। यह एकविज्ञानसे सबके (सर्व) विज्ञानकी प्रतिज्ञा है। उपादान विज्ञान होने पर तन्मय सब उपादेय कार्य विज्ञात हो जाता है, क्योंकि कार्य कारणसे व्यतिरिक्त नहीं। तथा दृष्टान्त भी 'यथा सोम्य एकेन मृत्पिण्डेन ज्ञातेन सर्वं मृन्मयं विज्ञातं स्यात्, वाचारम्भणं विकारो नामधेयम्, मृत्तिकेत्येव सत्यम्' ६·१·४ इत्यादि उपादानविषयक ही दृष्टान्त दिया गया है इत्यादि। विशेष उत्कर्षदीपिकामें देखिये।

दैवी प्रकृति=माया अविद्या भेदसे दो प्रकारकी है 'माया च अविद्या च स्वयमेव भवति' यह श्रुति है। अत एव—

'तमोरजःसत्त्वगुणा प्रकृतिर्द्विविधा मता। सत्त्वशुद्धयविशुद्धिभ्यां मायाविद्ये च ते मते॥
मायाविम्बो वशीकृत्य तां स्यात्सर्वज्ञ ईश्वरः। अविद्यावशगस्त्वन्यस्तद्वैचित्र्यादनेकधा॥' इति। पं० तत्त्व.वि. २१ २२

माया प्रकृति ईश्वराधिष्ठित होकर जीवोंको मुग्ध करती है यह शारीरकभाष्यानुसारी अर्थ है। 'अविद्यात्मिका ही बीजशक्तिरव्यक्तशब्दनिर्देश्या परमेश्वराश्रयो मायामयी महासुषुप्तिः, यस्यां स्वरूपबोधरहिताः शेरते संसारिणो जीवाः' वे० द० १-४ ३; भा० पृ० १४६ इत्यादि वाचस्पतिके मतमें जीवाश्रित ही अविद्या है।

प्रश्न—जीवाश्रित अविद्या, इस पक्षमें क्या अविद्या में प्रतिविम्बित चैतन्य जीव है किं वा अविद्यावच्छिन्न चैतन्य ?

उत्तर—अविद्याकल्पित भेद जीव है।

प्रश्न—इन तीनों पक्षोंमें अन्योन्याश्रय दोष है ?

उत्तर—क्या अन्योन्याश्रय दोष उत्पत्तिमें है या ज्ञप्तिमें हैं अथवा स्थिति में। प्रथम पक्ष तो ठीक नहीं क्योंकि दोनों अनादि हैं। बीजांकुर के समान पूर्व पूर्व उत्तरोत्तर में हेतु माना ही जाता है परस्पर ज्ञानोत्पत्तिक मानने में उक्त दोष होता है। द्वितीय पक्ष भी ठीक नहीं अज्ञान चिद्भास्य होने पर भी चित् स्वयं प्रकाश होने से उसके भान में अज्ञान की अपेक्षा नहीं, अतः दोनों का ज्ञान परस्पराधीन नहीं। तृतीय पक्ष भी ठीक नहीं क्या वह परस्पराश्रयाश्रयिभाव से कहते हो या परस्परसापेक्षस्थितकत्व से, दोनों असंगत है अज्ञान चिदाश्रय और चिदधीन स्थितिक है अर्थात् अज्ञान निराश्रय नहीं हो सकता अतः चिदाश्रय है परन्तु चित् स्वयं सिद्ध अविद्याश्रित नहीं और न अविद्याधीन-स्थितिक ही है।

प्रश्न—तो दोनों अन्योन्याधीन नहीं किन्तु स्वतन्त्र हैं ऐसा भी कह सकते हैं?

उत्तर—नहीं, समानकालिक पदार्थोंमें भी अवच्छेद्यावच्छेदकभावसे अन्योन्याधीनत्व होता है, जैसे घट और तदवच्छिन्न आकाशमें जैसे, या प्रमाण प्रमेयमें घट आकाश दोनों स्वतन्त्र हैं। पर घटाकाशके व्यवहारमें अवच्छेदक घटकी अपेक्षा है, अन्यथा शुद्धाकाश तथा घटाकाशादिसे व्यावृत्ति न होगी। एवं प्रमाण प्रत्यक्षादि प्रमेय घटादि ये दोनों स्वरूपसे स्वतन्त्र हैं पर प्रमाण प्रमेयभावसे परस्पराधीन है। 'प्रमीयते अनेन' एतद्व्युत्पत्ति सिद्ध प्रमाण-प्रमेय-प्रमिति करण है। यदि प्रमेय हीन होगा तो प्रमाण ही किसका होगा। अत एव सप्तम रसका कोई प्रमाण नहीं। एवं प्रमाणजन्य प्रमितिविषय प्रमेय है। यदि प्रमाण न हो तो प्रमेय कैसे? एतदर्थक श्लोक है—

'स्वेनैव कल्पिते देशे व्योम्नि यद्वद् घटादिकम्।
तथा जीवाश्रयाविद्यां मन्यन्ते ज्ञानकोविदाः॥' इति।

अर्थ पूर्वोक्त स्पष्ट है।

प्रश्न—इस प्रकार चैत्र मैत्र का परस्पर आरोहण की आपत्ति हो सकती है?

उत्तर—परस्पर आश्रयाश्रयिभाव नहीं माना है यह कह चुके हैं। चैत्र मैत्र के परस्पर आरोहणमें वह दुर्निवार है।

प्रश्न—जीव ईश्वर ईश्वर जीव कल्पित मानने पर अन्योन्याश्रयदोष होगा जीव कल्पित ईश्वर सिद्ध हो तो ईश्वर कल्पित जीव होगा दोनों की सिद्धि अन्योन्याश्रित है शुद्धचित् अज्ञानाश्रय न होनेसे कल्पक नहीं हो सकती?

उत्तर—जीवाश्रित अविद्या ही जीवेश कल्पिका है यह माना जाता है अतः उक्त विकल्प असंगत है। जीव और अविद्या का अधिष्ठान ब्रह्म चैतन्य ही है वही सब प्रपञ्चों का अधिष्ठान है।

'अधिष्ठानं विवर्तानामाश्रयो ब्रह्म शुक्तिवत्।
जीवाविद्यादिकानां स्यादिति सर्वमनाकुलम्॥' इति।

अत एव भगवान् ने कहा है—

'दैवी ह्येषा गुणमयी मम माया दुरत्यया।' इति

शुक्ति जैसे रजतरूपसे प्रतीत होती है वैसे ही परमात्मा अनादि अविद्यावच्छेदसे प्राप्त जीव भाव भेदसे प्रतीत होता है उन जीवोंको अविद्या है सर्वोपाधिरहित परमात्मा को नहीं।

प्रश्न—जो पराधीन है वह दूसरेसे बलात् कारागृह (जेल) में प्रविष्ट कराया जाता है सर्वज्ञ सर्वशक्ति परमात्मा स्वयं क्यों संसारी होता है ?

उत्तर—जीव अनादि है अतः उक्त आक्षेप ठीक नहीं। गुणमयी-सत्त्वरजस्तमोमयी। देवाधीन-दैवी प्रधानवत् स्वतन्त्र नहीं। किस देवता की इस अपेक्षासे 'मम' कहा। 'दुरत्यया' दुःखसे अत्यय अतिक्रमण जिसका।

प्रश्न—अतिक्रमण में क्या उपाय है ?

उत्तर—'मामेव' इत्यादि एवकार से मायाकी व्यावृत्ति कहते हैं। सर्वात्मना जो मेरे शरणमें आते मेरी दयासे आत्मबुद्धियोग प्राप्त कर इस माया का अतिक्रम करते हैं। यहां यह भी अवधान करनेके योग्य है कि अनादि अनिर्वचनीय भूतप्रकृति चित्सँवन्धिनी माया है, उसमें चित्प्रतिबिम्ब ईश्वर है। उसी आवरण विक्षेप शक्ति प्रधान परिच्छिन्न अनन्तप्रदेशस्थित अविद्या में चित्प्रतिबिम्ब जीव है। यह भी किसीका मत है।

'जीवेशौ आभासेन करोति माया चाविद्या च स्वेनैव भवति'

यह श्रुति है। एकही मूल प्रकृति विक्षेप प्राधान्य से मायाशब्द वाच्य ईश्वर की उपाधि है। आवरण प्राधान्य से अविद्यापदवाच्य जीव की उपाधि है यह भी किसी का मत है। कार्योपाधि यह जीव है कारणोपाधि ईश्वर इसके अनुसार अविद्या में चित्प्रतिबिम्ब ईश्वर है अन्तःकरण में चित्प्रतिबिम्ब जीव यह भी किसी का मत है। इस प्रकार जीवेश्वर विभाग में जो बिम्बस्थानीय ब्रह्म है वही मुक्त प्राप्य है इत्यादि विस्तार उत्कर्षदीपिका में देखिये। माया किमाश्रया ? किंविषया ? किं प्रमाणिका ? कीदृग्रूपा ? किमधीना ? ये पांच प्रश्न है, क्रम से पाचों प्रश्नों का पूर्वार्द्ध से उत्तर देते हैं 'दैवी'ति। 'एको देवः सर्वभूतेषु गूढः' इत्यादि श्रुतिप्रसिद्ध दीप्तिशील स्वप्रकाश चैतन्य में है, चैतन्याश्रया तद्विषया च माया इसस स्वप्रकाश चैतन्य ही माया का आश्रय और विषय है यह उत्तर दिया गया।

'आश्रयत्वविषयत्वभागिनि निर्विभागचितिरेव केवला।'

यह संक्षेपशारीरकोक्ति है। तृतीय प्रश्न का उत्तर 'अहमज्ञः, अहमन्यं च न जानामि' यह सकलजन प्रत्यक्ष प्रमाण हैं। हि शब्द से उक्त प्रत्यक्ष के प्रसिद्धि का द्योतन किया।

प्रश्न—अज्ञान तो शुद्ध चिन्मात्र में है अहमर्थ में नहीं फिर अहमर्थाश्रयत्वेन अज्ञान की प्रतीति कैसे ?

उत्तर—अज्ञानानाश्रय अहमर्थ में तदाश्रय चैतन्य के तादात्म्याध्याससे 'अयो दहति' इसप्रकार। चौथे प्रश्नका उत्तर—'गुणमयी'ति। सत्त्वरजस्तम एतद्गुणत्रयात्मिका त्रिवृत् रज्जुके समान अतिदृढ़ है अतएव तत्त्वज्ञानके विना उच्छेद न हो। पञ्चम प्रश्नका उत्तर—'मम माये'तिसे। मुझ परमेश्वरके वशवर्तिनी अतः मदधीन मायाको मद्भक्त ही तरते हैं।

'तेषामेवानुकम्पार्थमहमज्ञानजं तमः। नाशयाम्यात्मभावस्थो ज्ञानदीपेन भास्वता।'

यह भगवान् स्वयं कहेंगे। यह ठीक है कि ब्रह्मतत्त्वज्ञानसे मायाकी निवृत्ति होती है यह वही संसारमें दुर्लभ है अतः 'मामेव ये प्रपद्यन्ते' है इत्यादि विस्तार वहीं देखिये।

मत्तः परतरं नान्यत्किञ्चिदस्ति धनंजय !।
मयि सर्वमिदं प्रोतं सूत्रे मणिगणा इव ॥ ७ ॥

हे अर्जुन ! मुझसे अतिरिक्त दूसरी कोई वस्तु नहीं है। सूतमें मणिगणोंके समान यह सारा जगत् मुझमें गुथा हुआ है ॥ ७ ॥

यस्मादहमेव मायया सर्वस्य जगतो जन्मस्थितिभङ्गहेतुः, तस्मात्परमार्थतः—**'मत्तः परतरमि'**ति । निखिलदृश्याकारपरिणतमायाधिष्ठानात्सर्वभासकान्मत्तः सद्रूपेण, स्फुरणरूपेण च सर्वानुस्यूतात्स्वप्रकाशपरमानन्दचैतन्यघनात्परमार्थसत्यात् स्वप्नदृश इव स्वाप्निकं मायाविन इव मायिकं शुक्तिशकलावच्छिन्नचैतन्यादिव तदज्ञानकल्पितं रजतं परतरम् , परमार्थसत्यमन्यत्किञ्चिदपि नास्ति हे धनञ्जय ! मयि कल्पितं परमार्थतो न मत्तो भिद्यते इत्यर्थः, 'तदनन्यत्वमारम्भणशब्दादिभ्यः' वे० द० २-१-१४ इति न्यायात् । व्यवहारदृष्ट्या तु मयि-सद्रूपे स्फुरणरूपे च सर्वमिदं—जडजातं प्रोतं—ग्रथितं, मत्सत्तया सदिव मत्स्फुरणेन च स्फुरदिव व्यवहाराय मायामयाय कल्पते । सर्वस्य चैतन्यग्रथितत्वमात्रे दृष्टान्तः—**'सूत्रे मणिगणाः-इवे'ति ।** अथवा सूत्रे-तैजसात्मनि हिरण्यगर्भे स्वप्नदृशि स्वप्नप्रोता मणिगणा इवेति सर्वांशे दृष्टान्तो व्याख्येयः । अन्ये तु[१] 'परमतः सेतून्मानसंबन्धभेदव्यपदेशेभ्यः' इति सूत्रोक्तस्य पूर्वपक्ष-

जिस कारण मायासे मैं सम्पूर्ण जगत्के जन्म स्थिति नाशका हेतु हूँ वह मैं वस्तुतः सम्पूर्ण दृश्यरूपसे परिणत मायाका आश्रय हूँ सम्पूर्णका भासक हूँ सद्रूप स्वस्तःफुरणरूपसे सर्वान्तर्गत होनेसे स्वप्रकाश परमानन्द चैतन्यघन परमार्थ सत्य हूँ। मुझ से अतिरिक्त स्वप्न देखनेवालेसे भिन्न स्वाप्निक वस्तु मायावीसे भिन्न वस्तु तथा शुक्तयवच्छिन्न चैतन्यादिसे तदज्ञान कल्पित रजत के समान परमार्थ सत्य कुछ नहीं है। हे धनंजय ! मेरेमें कल्पित वस्तु मुझसे भिन्न नहीं है 'तदनन्यत्वमारम्भणशब्दादिभ्यः' इस न्यायसे। व्यवहारदृष्टिसे तो सद्रूप स्फुरण रूप मुझमें परिपूर्ण जगत् प्रोत (ग्रथित) मेरी सत्तासे सत्तावान्के समान मेरे स्फुरणसे प्रकाशवान्के समान मायामय व्यवहारके लिए कल्पित होता है। सब चैतन्यमें अनुस्यूत (ग्रथित) है। इसमें दृष्टान्त है 'सूत्रे मणिगणा इव'। अथवा तैजसात्मा हिरण्यगर्भ वही सूत्रस्थानापन्न स्वप्नद्रष्टा है उसमें स्वाप्निक पदार्थ मणिगणकी तरह 'प्रोत (गुंथे) हैं' इस प्रकार सर्वांशमें दृष्टान्त है। कोई विद्वान् 'परमतः सेतु' इत्यादि वेदान्तसूत्रोक्त पूर्वपक्षका उत्तररूपसे इस श्लोकका व्याख्यान करते हैं। सर्वज्ञ-

१. 'परमतः सेतून्मानसंबन्धभेदव्यपदेशेभ्यः' वे० सू० में ब्रह्मसे पर दूसरा है या नहीं यह श्रुतियोंकी

स्योत्तरत्वेन श्लोकमिमं व्याचक्षते। मत्तः-सर्वज्ञात् सर्वशक्तेः सर्वकारणात् परतरम्-प्रशस्यतरम् सर्वस्य जगतः सृष्टिसंहारयोः स्वतन्त्रं कारणमन्यन्नास्ति। हे धनञ्जय ! यस्मादेवम्, तस्मान्मयि-सर्वकारणे सर्वमिदं कार्यजातं प्रोतं-ग्रथितम्, नान्यत्र। **'सूत्रे मणिगणा इवे'**ति दृष्टान्तस्तु ग्रथितत्व-मात्रे, न तु कारणत्वे। कनके कुण्डलादिवदिति तु योग्यो दृष्टान्तः ।। ७ ।।

सर्वशक्ति और सर्वकारणसे परतर अर्थात् सर्वश्रेष्ठ जगत्के सृष्टि संहारमें स्वतन्त्र कारण दूसरा नहीं है। ऐसी परिस्थिति है अतः सर्वकारण मुझमें सम्पूर्ण यह कार्यजात गूँथा है दूसरेमें नहीं। 'सूत्रे मणिगणा इव' यह दृष्टान्त केवल गूंथने मात्रमें है क्योंकि सूत्र मणियोंका कारण नहीं है अतः तद्भिन्न है। कनककुण्डलादिवत् यह योग्य दृष्टान्त है, क्योंकि कुण्डलका कारण और आश्रय दोनों सुवर्ण हैं।। ७ ।।

विप्रतिपत्तिसे संशय होता है। किसी वाक्यसे आपाततःप्रतीत होता है कि पर भी तत्त्व दूसरा है उसके परिहारके लिये यह उपक्रम है। ब्रह्मसे पर भी कोई तत्त्व है क्या ?

उत्तर—सेतुव्यवहारसे एवं उन्मानव्यवहार सम्बन्धव्यवहार और भेदव्यवहारसे। सेतुव्यपदेश प्रथम कहते हैं—'अथ य आत्मा, स सेतुर्विधृतिः' इससे आत्म शब्दार्थ ब्रह्ममें सेतुत्व कहा गया है, लोकमें जलाशय पार करनेके लिये लकड़ी आदिका जो पुल बनाया जाता है उसका वाचक सेतु है। सेतु शब्दका प्रयोग आत्मामें है अतः लौकिक सेतुके समान आत्मसेतु से भी अन्य वस्तु कोई है यह प्रतीत होता है, यथा 'सेतुं तीर्त्वा' यहाँ तरति शब्दका प्रयोग है। जैसे लौकिक सेतुको पारकर जङ्गलमें लोग जाते हैं श्रीरामजी सेतुसे समुद्र पारकर सेतुसे आगे लङ्का गये वैसे ही यहां भी ब्रह्मको पारकर ब्रह्मसे आगे जो कोई परतत्त्व है उसमें गये या जाते हैं यह प्रतीत होता है अतः तत्पर भी कोई तत्त्व है। उन्मान व्यवहार भी ब्रह्म में है 'तदेतद् ब्रह्म चतुष्पात् अष्टाशफं षोड़शकलं' जो लोक में उन्मित-परिच्छिन्न है उससे दूसरा वस्तु लोक में रहता है यह प्रसिद्ध है, ब्रह्म भी परिच्छिन्न है अतः इससे भी वस्त्वन्तर है यह प्रतीत होता है। तथा सम्बन्ध व्यपदेश भी है 'सता सोम्य तदा सम्पन्नो भवति, प्राज्ञेनात्मना संपरिष्वक्तः' यह श्रुति है। मितका मितके साथ संबन्ध होता है जैसे मनुष्य का मनुष्यके साथ जीवका ब्रह्मके साथ सम्बन्ध सुषुप्ति में श्रुति कहती है, अतः उससे पर अन्य कोई है यह प्रतीत होता है। एवं भेदसे भी पर वस्त्वन्तरकी प्रतीति है यह शंका कर, उत्तर दिया कि ब्रह्म से पर भी कोई वस्तु है इसमें कोई प्रमाण नहीं है। अन्य है इसमें कोई प्रमाण नहीं मिलता। सम्पूर्ण वस्तुका जन्मस्थिति तथा भङ्ग ब्रह्म ही से होता है कारण से भिन्न कार्य नहीं है ब्रह्म से अतिरिक्त कोई अंश है नहीं 'सदेव सोम्येदमग्र आसीत्, एकमेवाद्वितीयं ब्रह्म' इसमें अवधारण है। एक विज्ञान से सर्व विज्ञान प्रतिज्ञा भी है अतः ब्रह्मव्यतिरिक्त वस्त्व-न्तर नहीं है। विशेष विस्तार ब्रह्मसूत्रभाष्य में देखिये। यत्तु से अरुचि है ब्रह्म से परतत्त्व दूसरा नहीं, गीतार्थं भी यही है। किन्तु प्रसङ्गाभाव से उक्त सूत्र शंका के समाधानार्थं यह नहीं किन्तु स्वतन्त्र है।

रसोऽहमप्सु कौन्तेय ! प्रभाऽस्मि शशिसूर्ययोः ।
प्रणवः सर्ववेदेषु शब्दः खे पौरुषं नृषु ॥ ८ ॥

हे अर्जुन ! मैं जलमें रस हूँ, चन्द्रमा और सूर्यमें प्रकाश हूँ, सभी वेदों में ॐकार हूँ आकाशमें शब्द-तथा पुरुषोंमें पौरुष हूँ ॥ ८ ॥

अबादीनां रसादिषु प्रोतत्वप्रतीतेः, कथं त्वयि सर्वमिदं प्रोतमिति च न शङ्क्यम् । रसादिरूपेण ममैव स्थितत्वादित्याह पञ्चभिः श्लोकैः––'**रसोऽहमप्सु कौन्तेय**'इति । रसः-पुण्यो मधुरस्तन्मात्ररूपः सर्वासामपां सारः कारणभूतो योऽप्सु सर्वास्वनुगतः, सोऽहं हे कौन्तेय ! तद्रूपे मयि सर्वा आपः प्रोता इत्यर्थः । एवं सर्वेषु पर्यायेषु व्याख्यातव्यम् । इयं विभूतिराध्यानायोपदिश्यत इति, नातीवाभिनिवेष्टव्यम् । तथा प्रभा-प्रकाशः शशिसूर्ययोरहमस्मि । प्रकाशसामान्यरूपे मयि शशि-सूर्यौ प्रोतावित्यर्थः । तथा प्रणवः-ओङ्कारः सर्ववेदेष्वनुस्यूतोऽहम् । 'तद्यथा शङ्कुना सर्वाणि पर्णानि संतृण्णानि, एवमोङ्कारेण सर्वा वाक्' इति श्रुतेः । संतृण्णानि-ग्रथितानि सर्वा वाक्-सर्वो वेद इत्यर्थः । शब्दः-पुण्यस्तन्मात्ररूपः खे आकाशेऽनुस्यूतोऽहं पौरुषं-पुरुषत्वसामान्यं नृषु पुरुषेषु यदनुस्यूतम्, तदहम् । सामान्यरूपे मयि सर्वे विशेषाः प्रोताः, श्रौतैर्दुन्दुभ्यादिदृष्टान्तैरिति सर्वत्र द्रष्टव्यम् ॥ ८ ॥

प्रश्न—पृथिवी जलादि गन्ध रसादिमें प्रोत प्रतीत होते हैं आपमें कैसे यह सब गूंथा है ?

उत्तर—यह शङ्का ठीक नहीं, मैं जलादिमें रसादिरूपसे स्थित हूँ यह पाँच श्लोकोंसे कहते हैं । पुण्य-तन्मात्ररूप सब जलोंका कारणभूत जो मधुर रस जलमें है सबमें अनुगत हे कौन्तेय ! मैं ही हूँ । तद्रूप रसरूप मुझमें सब जल गूंथे हैं । इसी प्रकार सब पर्य्याय शब्दोंमें व्याख्यान करना । ये विभूति केवल ध्यान के लिए उपदिष्ट हैं इसलिए इसमें विशेष आग्रह नहीं । अध्याससे भी विभूतिफलक उपासना होती है तथा चन्द्र सूर्यमें जो प्रकाश है वह मैं हूँ, प्रकाशरूप मुझमें चन्द्र सूर्य गुंथे हैं तथा ओंकाररूप प्रणव सब वेदोंमें अनुस्यूत है तथा च श्रुतिः–'शंकुना सर्वाणि पर्णानि संतृणानि, एवं ॐकारेण सर्वा वाक्' इत्यादि श्रुति है । संतृणानि ग्रथितानि—जैसे सब पत्ते कीलसे ग्रथित रहते हैं वैसे ही सम्पूर्ण वाक् ॐकारसे ग्रथित हैं । शब्द पुण्य तन्मात्ररूप जो आकाशमें अनुस्यूत है वह मैं हूँ । सब पुरुषमें पुरुषत्व सामान्यरूप अनुस्यूत है यह पौरुष मैं हूँ सामान्यरूप मुझमें सब विशेष गुंथे हैं दुन्दुभ्यादि श्रौत दृष्टान्तों से यह सर्वत्र समझना ॥ ८ ॥

पुण्यो गन्धः पृथिव्याश्च तेजश्चाऽस्मि विभावसौ ।
जीवनं सर्वभूतेषु तपश्चाऽस्मि तपस्विषु ॥ ९ ॥

पृथ्वीमें पवित्र गन्ध अग्निमें तेज सभी भूतों (प्राणियों)में जीवन और तपस्वियोंमें तप हूँ ॥ ९ ॥

बीजं मां सर्वभूतानां विद्धि पार्थ ! सनातनम् ।
बुद्धिर्बुद्धिमतामस्मि तेजस्तेजस्विनामहम् ॥ १० ॥

हे अर्जुन ! सभी भूतों (स्थावर जङ्गमात्मक) का नित्य कारण मुझे ही समझो । बुद्धिमानोंकी बुद्धि तथा तेजस्वियोंका तेज मैं ही हूँ ॥ १० ॥

पुण्यः-सुरभिरविकृतो गन्धः सर्वपृथिवीसामान्यरूपस्तन्मात्राख्यः पृथिव्यामनुस्यूतोऽहम् । चकारो रसादीनामपि पुण्यत्वसमुच्चयार्थः । शब्द-स्पर्श-रूप-रस-गन्धानां हि स्वभावत एव पुण्यत्वमविकृतत्वम् , प्राणिनामधर्मविशेषात्तु तेषामपुण्यत्वम्, न तु स्वभावत इति द्रष्टव्यम् । तथा विभावसौ-अग्नौ यत्तेजः—सर्वदहनप्रकाशनसामर्थ्यरूपमुष्णस्पर्शसहितम् सितभास्वरं रूपं पुण्यम् । तदहमस्मि । चकाराद् यो वायौ पुण्यः-उष्णस्पर्शातुराणामाप्यायकः शीतस्पर्शः, सोऽप्यहमिति द्रष्टव्यम्। सर्वभूतेषु सर्वेषु प्राणिषु जीवनम्-प्राणधारणमायुरहमस्मि । तद्रूपे मयि सर्वे प्राणिनः प्रोता इत्यर्थः । तपस्विषु-नित्यं तपोयुक्तेषु वानप्रस्थादिषु यत्तपः-शीतोष्णक्षुत्पिपासादिद्वन्द्वसहनसामर्थ्यरूपम्, तदहमस्मि । तद्रूपे मयि तपस्विनः प्रोताः, विशेषणाभावे विशिष्टाभावात् । 'तपश्चे'ति चकारेण चित्तैकाग्र्यमान्तरम्, जिह्वोपस्थादिनिग्रहलक्षणम् बाह्यं च सर्वं तपः समुच्चीयते ॥ ९ ॥

पवित्र सुगन्ध सम्पूर्ण पृथिवीका सामान्यरूप तन्मात्रा है । पृथिवीतन्मात्रामें अनुस्यूत है वह मैं ही हूँ । चकार वक्ष्यमाण रसादिमें पुण्यत्वके समुच्चयार्थ है । शब्द, स्पर्श, रूप, रस, गन्धों में स्वाभाविक पुण्यता अविकृतत्वरूपा है । प्राणियोंके पापविशेषसे उनमें अपूतत्व आता है स्वाभाविक नहीं यह समझना । इसी प्रकार अग्निमें जो तेज है सब वस्तुके दहन और प्रकाशनमें समर्थ और उष्णस्पर्शसहित शुक्ल प्रकाशमानरूप पुण्य है वह मैं हूँ । चकारसे वायुमें उष्ण स्पर्शसे पीड़ितोंका आनन्ददायक जो पुण्य शीत स्पर्श है वह भी मैं हूँ यह समझना । सब जीवोंमें जीवन प्राणधारण आयु मैं हूँ तद्रूप मुझमें सब प्राणी गुंथे हुए हैं । नित्य-तपः परायण वानप्रस्थादिकों में जो तप है शीत उष्ण क्षुत्पिपासाद्वन्द्वसहन सामर्थ्यरूप वह मैं हूँ तद्रूप मुझमें तपस्वी गुंथे हुए हैं । अपुण्यगन्धादिमें मैं नहीं रहता क्योंकि विशेषणाभाव रहने पर विशिष्ट नहीं रहता । 'तपश्च' इस चकारसे आन्तर (भीतर) चित्तकी एकाग्रता और जिह्वा उपस्थादिका निग्रहलक्षण बाह्य सब तपोंका समुच्चय है ॥ ९ ॥

बलं बलवतां चाऽहं कामरागविवर्जितम् ।
धर्माविरुद्धो भूतेषु कामोऽस्मि भरतर्षभ ! ॥ ११ ॥

हे भरत श्रेष्ठ ! मैं बलवानोंका काम और रागसे रहित बल हूँ सभी प्राणियोंमें शास्त्रके अनुकूल काम हूँ ॥ ११ ॥

सर्वाणि भूतानि स्वस्वबीजेसु प्रोतानि, न तु त्वयीति चेत् ? नेत्याह—**'बीजं-मामि'ति** । यत्सर्वभूतानां-स्थावरजङ्गमानामेकं बीजं-कारणं सनातनं-नित्यं बीजान्तरानपेक्षम् , न तु प्रतिव्यक्ति भिन्नम् , अनित्यं वा, तदव्याकृताख्यं सर्वबीजं मामेव विद्धि, न तु मद्भिन्नम् हे पार्थ ! अतो युक्तमेकस्मिन्नेव मयि सर्वबीजे प्रोतत्वं सर्वेषामित्यर्थः । किञ्च बुद्धिः-तत्त्वा-तत्त्वविवेकसामर्थ्यं तादृशबुद्धिमतामहमस्मि । बुद्धिरूपे मयि बुद्धिमन्तः प्रोताः, विशेषणाभावे विशिष्टाभावस्योक्तत्वात् । तथा तेजः-प्रागल्भ्यं पराभिभवसामर्थ्यं परैश्चानभिभाव्यत्वं तेजस्वि-नाम्-तथाविधप्रागल्भ्ययुक्तानां यत्, तदहमस्मि, तेजोरूपे मयि तेजस्विनः प्रोता इत्यर्थः ॥१०॥

अप्राप्तो विषयः प्राप्तिकारणाभावेऽपि प्राप्यतामित्याकारश्चित्तवृत्तिविशेषः कामः, प्राप्तो विषयः क्षयकारणे सत्यपि न क्षीयतामित्येवमाकारश्चित्तवृत्तिविशेषो रञ्जनात्मा रागः, ताभ्यां विशेषेण वर्जितं-सर्वथा तदकारणं रजस्तमोविरहितं यत् स्वधर्मानुष्ठानाय देहेन्द्रियादि-

प्रश्न—सब भूत अपने-अपने बीजोंमें गुथे हैं आपमें नहीं ?

उत्तर—सब स्थावर जङ्गम भेदसे भिन्न सब भूतोंका सनातन नित्य एक बीजान्तरानपेक्ष मूलकारण मुझको ही समझो, प्रतिव्यक्ति भिन्न-भिन्न अनित्य बीजान्तर सापेक्ष कारण मुख्य नहीं है क्योंकि उनका भी कारण मैं हूँ । अव्याकृताख्य सबका कारण मुझको ही समझो हे अर्जुन ! मुझसे भिन्न कोई ईदृश परम कारण नहीं अतः यह बहुत ठीक कहा कि सर्व बीज एक मुझमें ही सब प्रोत हैं (गुंथे) हैं । और तत्त्वातत्त्व-सत्य मिथ्या विवेचन समर्थ बुद्धिमानों की बुद्धि मैं हूँ । बुद्धिरूप मुझमें सम्पूर्ण बुद्धिमान गुथे हैं, विशेषणाभावमें विशिष्टाभाव कह चुके हैं । तथा दूसरेके दबानेमें सामर्थ्यरूप प्रागल्भ्य तथा दूसरोंसे पराभवके अयोग्य जो तेजस्वियोंका तेज है वह मैं हूँ । तेजरूप मुझमें सम्पूर्ण तेजस्वी गुंथे हैं ॥ १० ॥

जो विषय अप्राप्त है उसकी प्राप्तिका हेतु न रहने पर भी वह विषय प्राप्त हो इत्याकारक चित्तवृत्ति-विशेष काम है, प्राप्तविषय क्षयकारणके होने से भी क्षय न हो इत्याकारक चित्तवृत्ति विशेषरूपसे रंजन-स्वरूप राग है । उन रागोंसे विशेषरूपसे रहित सर्वथा तदाकार रजस्तमःशून्य जो अपने धर्मसे अनुष्ठान के लिए अर्थात् देहेन्द्रियादि धारण सामर्थ्य सात्त्विक बल हैं, तादृश सात्त्विक बलवानोंका जो कि संसारसे

ये चैव सात्त्विका भावा राजसास्तामसाश्च ये।
मत्त एवेति तान्विद्धि न त्वहं तेषु ते मयि ॥ १२ ॥

जो सत्त्वरजस्तमोगुणसे उत्पन्न होनेवाले भाव हैं उन सबको मुझसे उत्पन्न होनेवाले हैं ऐसा समझो। और मैं उनमें नहीं हूँ वे मुझमें कल्पित रूपसे हैं ॥ १२ ॥

धारणसामर्थ्यं सात्विकं बलं बलवतां—तादृशसात्त्विकबलयुक्तानां संसारपराङ्मुखानां तदहमस्मि, तद्रूपे मयि बलवन्तः प्रोता इत्यर्थः। चशब्दस्तुशब्दार्थे भिन्नक्रमः। कामरागविवर्जितमेव बलम् मद्रूपत्वेन ध्येयम् , न तु संसारिणां कामरागकारणं बलमित्यर्थः। क्रोधार्थो वा रागशब्दः व्याख्येयः। धर्मः-धर्मशास्त्रं तेनाविरुद्धोऽप्रतिषिद्धः, धर्मानुकूलो वा यो भूतेषु-प्राणिषु कामः—शास्त्रानुमतजाया-पुत्र-वित्तादिविषयोऽभिलाषः, सोऽहमस्मि हे भरतर्षभ ! शास्त्राऽविरुद्धकामभूते मयि तथाविधकामयुक्तानां भूतानां प्रोतत्वमित्यर्थः ॥ ११ ॥

किमेवं परिगणनेन—**'ये चैवे'**ति। ये चान्येऽपि भावाः-चित्तपरिणामाः सात्त्विकाः शम-दमादयः 'ये च राजसा हर्ष-दर्पादयः, ये च तामसाः शोक-मोहादयः, प्राणिनामविद्याकर्मादिवशाज्जायन्ते, तान्मत्त एव जायमानानिति 'अहं कृत्स्नस्य जगतः प्रभवः' इत्याद्युक्तप्रकारेण विद्धि समस्तानेव।

अथवा सात्त्विका राजसास्तामसाश्च भावाः सर्वेऽपि जडवर्गा व्याख्येयाः, विशेषहेत्वभावात्

विमुख हैं उनका सात्त्विक बल मैं हूँ तादृश बल युक्त मुझमें सब बलवान गुथे हैं। 'च' शब्द 'तु' शब्दके अर्थमें है वह भिन्न क्रम है अर्थात् जहाँ उच्चरित है उससे अन्यत्र अन्वय है। काम राग वर्जित बल मेरे रूपसे ध्यान करने योग्य है संसारियोंका काम राग कारण जो बल है उसका मद्रूपसे ध्यान न करना।

अथवा राग शब्दका क्रोध अर्थ व्याख्यान करना धर्मशास्त्रसे अनिषिद्ध अतएव अविरुद्ध अर्थात् धर्मानुकूल जो प्राणियोंमें काम है अर्थात् शास्त्रसंमत पुत्रकलत्रवित्तादिविषयक मनोरथ वह मैं हूँ। हे भरतर्षभ ! शास्त्राविरुद्ध कामरूप मुझमें शास्त्राविरुद्ध कामयुक्त प्राणी गुथे हैं ॥ ११ ॥

यह परिगणन व्यर्थ है अन्य भी जो चित्त परिणामरूप भाव सात्त्विक शमदमादि और जो राजस-हर्षदर्पादि हैं और जो तामस शोकमोहादि प्राणियोंके अविद्याकर्मादिवश उत्पन्न होते हैं सो मुझसे ही उत्पन्न होते हैं। सम्पूर्ण जगत्का प्रभव उक्तरूपसे समस्त कारण मुझको समझो। अथवा सात्त्विक राजस तामस भाव सम्पूर्ण जड़ वर्गोंको समझना क्योंकि विशेष कारण नहीं है। फिर भी मैं उनमें नहीं हूँ मुझसे

त्रिभिर्गुणमयैर्भावैरेभिः सर्वमिदं जगत् ।
मोहितं नाभिजानाति मामेभ्यः परमव्ययम् ॥ १३ ॥

सात्त्विक, राजस और तामस इन तीन प्रकारके भावोंसे समग्र संसार मोहित है, अतः इन भावोंसे परे (अतीत) मुझ अविनाशीको नहीं जानता है ॥ १३ ॥

एवकारश्च समस्ताऽवधारणार्थः । एवमपि न त्वहं तेषु, मत्तो जातत्वेऽपि तद्वशस्तद्विकाररूषितः रज्जुखण्ड इव कल्पितसर्पविकाररूषितोऽहं न भवामि संसारीव । ते तु भावा मयि रज्ज्वामिव सर्पादयः कल्पिता मदधीनसत्तास्फूर्तिकाः मदधीना इत्यर्थः ॥ १२ ॥

तव परमेश्वरस्य स्वातन्त्र्ये नित्य-शुद्ध-बुद्ध-मुक्तस्वभावत्वे च सति, कुतो जगतस्त्वदात्मकस्य संसारित्वम्, एवंविधमत्स्वरूपापरिज्ञानादिति चेत् ? तदेव कुत इत्यत आह—'**त्रिभिर्गुण**' इति । एभिः—प्रागुक्तैस्त्रिभिस्त्रिविधैर्गुणमयैः—सत्त्वरजस्तमोगुणविकारैर्भावैः-सर्वैरपि भवनधर्मभिः सर्वमिदं जगत्-प्राणिजातं मोहितं विवेकायोग्यत्वमापादितं सत् एभ्यः गुणमयेभ्यो भावेभ्यः परम्-एषां कल्पनाधिष्ठानमत्यन्तविलक्षणमव्ययं—सर्वविक्रियाशून्यमप्रपञ्चमानन्दघनमात्मप्रकाशमव्यवहितमपि मां नाभिजानाति । ततश्च स्वरूपापरिचयात् संसरतीव 'इत्यहो दौर्भाग्यमविवेकिजनस्ये'त्यनुक्रोशं दर्शयति भगवान् ॥ १३ ॥

वे उत्पन्न हैं अवश्य किन्तु तद्वश तद्विकारविशिष्ट रज्जुखण्डकल्पितसर्पविकार विशिष्ट रज्जुखण्डके समान संसारीके समान नहीं हूँ । वे भाव रज्जुमें सांप की तरह मुझमें कल्पित हैं, अर्थात् मदधीन ही उनमें सत्ता और स्फुरण है अतः वे मदधीन ही हैं ॥ १२ ॥

प्रश्न—यदि परमेश्वर आप नित्य शुद्ध-बुद्ध-मुक्तस्वभाव अत एव स्वतन्त्र हैं तो त्वदात्मक जगत्में संसारित्व कैसे हुआ ?

उत्तर—तथाविध (तादृश) मत्स्वरूप ज्ञानाभावसे संसारित्व हुआ ।

प्रश्न—अज्ञान से ही संसारित्व कैसे हुआ ?

उत्तर—प्रागुक्त त्रिविध गुणमय अर्थात् सत्त्वरजस्तमोगुणमय विकार सब भावसे उत्पन्नमात्र यह सब जगत् प्राणीसमूह मोहित हुआ अर्थात् विवेकायोग्य होता हुआ सगुणमय भावोंसे पर (अतीत) इन गुणोंका कल्पनाधिष्ठान अत्यन्त विलक्षण अव्यय सब विकारोंसे शून्य प्रपञ्चरहित आनन्दघन अव्यवहित आत्मप्रकाशरूप मुझको नहीं जानता इस रूपके विवेकाभावसे संसारी होता है 'इत्यहो दौर्भाग्यम्' अविवेकी मूढ़ जनका दौर्भाग्य है यह सदय भगवान् दिखलाते हैं ॥ १३ ॥

दैवी ह्येषा गुणमयी मम माया दुरत्यया ।
मामेव ये प्रपद्यन्ते मायामेतां तरन्ति ते ॥ १४ ॥

यह मेरी त्रिगुणमयी अलौकिक माया अत्यन्त दुस्तर है । जो पुरुष मेरे ही शरणमें आता है वही इस मायाको पार करता है ॥ १४ ॥

यथोक्तानादिसिद्धमायागुणत्रयबद्धस्य जगतः स्वातन्त्र्याभावेन तत्परिवर्जनासामर्थ्यान्न कदाचिदपि मायाऽतिक्रमः स्यात्,वस्तुविवेकासामर्थ्यहेतोः सदातनत्वादित्याशङ्क्य भगवदेकशरणतया तत्त्वज्ञानद्वारेण मायाऽतिक्रमः संभवतीत्याह—'**दैवी ह्येषे**'ति । दैवी-'एको देवः सर्वभूतेषु गूढः' श्वेत० उ० ६-११ इत्यादिश्रुतिप्रतिपादिते स्वतो द्योतनवति देवे स्वप्रकाशचैतन्यानन्दे निर्विभागे तदाश्रयतया, तद्विषयतया च कल्पिता,—

'आश्रयत्वविषयत्वभागिनी निर्विभागचितिरेव केवला ।'

इत्युक्तेः । एषा—[1]साक्षिप्रत्यक्षत्वेनापलापानर्हा ।

प्रश्न—यदि अनादि सिद्ध माया गुणत्रयबद्ध जगत् स्वतन्त्र नहीं है तो उससे छुड़ानेका सामर्थ्य न होने से किसी समय भी माया छूट नहीं सकती । यदि कहो कि वस्तुविवेकसे सामर्थ्यके छूट जायगी सो ठीक नहीं क्योंकि विवेकासामर्थ्य हेतु माया सदा अटल है ?

उत्तर—ठीक अटल है परन्तु भगवान्के शरणपरायणोंको तत्त्वज्ञानद्वारा मायातिक्रम होती है । दैवी—'एको देवः सर्वभूतेषु गूढः' इत्यादि श्रुतिप्रतिपादित स्वतः दीप्तिविशिष्ट देव स्वप्रकाश चैतन्यानन्द निरंश में तदाश्रय तथा तद्विषयसे कल्पित माया दैवी है ।

'आश्रयत्वविषयत्वभागिनी निर्विभागचितिरेव केवला ।'

इस संक्षेपशारीरोक्तिसे परमात्मविषयक परमात्माश्रयक माया कल्पित है स्वसाक्षिप्रत्यक्ष होनेसे । यह नहीं कह सकते कि प्रमाणाभावसे माया नहीं है । उक्त साक्षिप्रत्यक्ष ही तत्सद्भावमें प्रमाण है ।

---

१. अन्तःकरणोपहित चैतन्य साक्षी है तद्वेद्य अज्ञान है 'अहं न जानामि, मयि ज्ञानं नास्ति,' इत्याकारक साक्षिप्रत्यक्ष भावरूप अज्ञान में प्रमाण है ।

प्रश्न—'मयि ज्ञानं नास्ति' यह प्रतीति आत्मामें ज्ञानसामान्याभावका अवगाहन करती है भावरूप अज्ञानकी नहीं ?

उत्तर—अभावप्रत्यक्ष में प्रतियोगी ज्ञान और अधिकरण ज्ञान कारण माना जाता है, क्योंकि 'इदमिह नास्ति' यह यहाँ नहीं है ऐसी प्रतीति होती है । ज्ञानाभावका प्रतियोगी ज्ञान है और अधिकरण आत्मा है यदि इन दोनोंका ज्ञान आत्मामें है तो ज्ञानसामान्याभाव ही व्याहत है, क्योंकि एक अधिकरणमें एक समय प्रतियोगी और तदत्यन्ताभाव नहीं रह सकता अन्यथा भावाभावके विरोधका ही भङ्ग हो जायगा । अतः 'मयि ज्ञानं नास्ति' इस प्रतीति

का विषय भी भावरूप अज्ञान ही है इस हेतुसे 'अहमज्ञः, मयि ज्ञानं नास्ति' ये दोनों भावरूप अज्ञानविषयक होने से समानार्थक हैं। 'मयि ज्ञानं नास्ति' यह प्रतीति 'वायौ रूपं नास्ति' वायुमें रूप-शुक्ल-नीलादि नहीं है यह प्रतीति जैसे वायुमें रूपत्वावच्छिन्नप्रतियोगिताकरूपीययावद्विशेषाभाव शुक्लनीलपीतादिके अभावसे अतिरिक्तरूपसामान्याभाव का अवगाहन करती है अथवा रूपत्वावच्छिन्नप्रतियोगिताकरूपीययावद्विशेषाभावका अवगाहन करती है वैसे मुझमें ज्ञान नहीं है यह प्रतीति भी सामान्यावच्छिन्नविशेषाभावसे ज्ञानसामान्याभावावगाहिनी है। अथवा समान्यावच्छिन्नयावद्विशेषाभावावगाहिनी है, दोनों प्रकारसे प्रतियोगि तथा अधिकरणके ज्ञान तदभावसे क्यों व्याघात नहीं हैं? प्रथम पक्षमें अभाव ही नहीं रह सकता तो उसका प्रत्यक्ष कैसे? द्वितीय पक्षमें प्रत्यक्षका कारण ही नहीं तो प्रत्यक्ष कैसे, कारणाभावदशामें कार्यका आपादन करना व्याहत है, यत्किञ्चिद्विशेषाभाव सामान्यावच्छिन्नप्रतियोगिताक नहीं होता। जिससे ज्ञानविशेषाभावतात्पर्यसे ज्ञान नहीं है—यह सामान्यरूपसे कह सकें।

प्रश्न—क्यों प्रतियोगी कोटिमें प्रकारतया भासमानधर्म ही प्रतियोगितावच्छेदक होता है अन्यथा सामान्याभावकी सिद्धि नहीं होगी, विशेषाभावकूटसे अतिरिक्त सामान्याभाव न मानने पर भी यही दोष है यत्किंचिद्विशेषाभाव यदि सामान्यावच्छिन्नप्रतियोगिताक माना जाय तो घटादि धारणदेशमें भी घटविशेषाभावतात्पर्यसे 'घटो नास्ति' यह सामान्यरूपसे प्रतीति हो जायगी पर ऐसी प्रतीति उक्त स्थलमें नहीं होती यदि ऐसी प्रतीति हो तो आपत्ति क्या?

उत्तर—वायुमें रूप नहीं है उस स्थलमें घट नहीं है प्रामाणिक पुरुषके ऐसा कहने पर भी वायु रूपवान् है या नहीं, उक्त स्थल घटवान् है कि नहीं, यह संशय निवृत्त न होगा एक विशेषके अभावके कहने पर भी विशेषान्तर लेकर संशय हो जायगा क्योंकि उक्त सामान्यरूपसे विशेषका ही अभाव कहा गया है।

प्रश्न—सामान्यरूपसे विशेषाभावबुद्धिको भी सामान्यसंशयकी विरोधिनी मानें तो क्या दोष?

उत्तर—घटत्वरूपसे घट नहीं है यह बुद्धि भी यह घटवान् है इस बुद्धिकी विरोधिनी हो जायगी अतः अभावांशमें प्रतियोगी जिस रूपसे प्रकार होता है तदवच्छिन्नप्रतियोगिताकधीत्वसे ही तद्रूपविशिष्टवत्ताधीविरोधित्व तुमको भी मानना पड़ेगा। यदि अभावबोधमें पूर्वानुपस्थितप्रकारीभूत धर्मका संसर्गमर्यादासे शाब्दबोधमें तथा अन्यत्र भी भान मानें तो कोई दोष नहीं। एवं च तत्तद्विशेषाभाव तत्तद्विशेषावच्छिन्नप्रतियोगिताक है फिर भी तत्समुदायमें सामान्यधर्मावच्छिन्नप्रतियोगिताकत्व व्यासज्यवृत्ति मानें तो एक विशेषवान्में सामान्यरूपसे विशेषान्तराभावनिबन्धन 'घटो नास्ति' इत्यादि प्रतीतिकी आपत्ति नहीं। एवं सामान्यावच्छिन्नप्रतियोगिताकत्व एकैकसामान्याभावमें विश्रान्त मानें तो भी वायु रूपवान् है या नहीं यह संशय नहीं हो सकता। सारांश यह है कि सामान्यरूपसे घटाद्यभावविशेषाभावकूटस्थलमें या सामान्याभावस्थलमें ही प्रतीत होगा यत्किंचिद्विशेषाभावस्थलमें नहीं, क्योंकि सामान्यधर्मावच्छिन्नप्रतियोगिताकत्व विशेषाभावकूट ही में पर्याप्त है एकैकाभावमें नहीं केवल सामान्याभावमें ही उक्त धर्म एकैकाभावमें पर्याप्त है अतः उक्त प्रामाणिक प्रयोगस्थलमें संशय नहीं होगा। ठीक है तो प्रकृतमें ज्ञानविशेषाभावतात्पर्यसे 'मयि ज्ञानं नास्ति' यह प्रयोग भी नहीं हो सकता किन्तु विशेषाभावातिरिक्तसामान्याभावतात्पर्यसे किंवा विशेषाभावकूटतात्पर्यसे इन दोनों अभावोंकी स्थिति प्रतियोगिविशेषाधिकरणमें नहीं रह सकती इसकी प्रतीति अधिकरणज्ञान रहने पर 'मयि ज्ञानं नास्ति' यह व्याहत है अतः यह भी प्रतीति भावरूपाज्ञानविषयक ही है क्योंकि उक्ताभावद्वयप्रतीतिसे

यह विलक्षण है। प्रतीतिवैलक्षण्य विषयवैलक्षण्यके विना नहीं हो सकता अतः सामान्याभाव विशेषाभावकूटसे विलक्षण भावरूप अज्ञान विलक्षणविषय है यह सिद्ध हुआ। विषयके अज्ञानका अनुभव करके ही पुरुष विचारमें प्रवृत्त होता है। फल उस अज्ञानकी निवृत्ति है। यदि 'न जानामि' इस प्रतीतिका विषय ज्ञानविशेषाभाव माना जाय तो ज्ञात-विषयस्थलमें भी 'न जानामि' यह प्रतीति हो जायगी यावद्विशेषज्ञान तो असर्वज्ञको असम्भव ही है तद्विचारार्थ प्रवृत्ति भी हो जायगी।

प्रश्न—ज्ञानाभावविलक्षण अज्ञान भी तो ज्ञानविरोधी ही है तमःमाया, प्रकृत्यादि शब्दसे जहाँ अज्ञान कहा जाता है वहाँ भी ज्ञानविरोधि मिथ्यार्थकत्वरूपसे प्रतीत होता है इसमें दृष्टान्त है प्रलयादिवत्। 'प्रलयो नष्टचेष्टता' इस वचनके अनुसार सर्गविरोध्यभावकी प्रतीति होती है नञ् नहीं है तो भी तथा मायादि शब्दसे भी उक्तार्थ प्रतीति होती है अतएव विवरणकारने लिखा है—द्वयसापेक्षज्ञानपर्युदासेनाभिधानात्' इति। इसका इस विषयमें जो यद् ज्ञान तद्विरोधित्वसे अज्ञानका भान होता है इससे अज्ञान स्वाश्रयविषयक नहीं है यह स्फुट होता है। तथा च प्रमाणजन्यवृत्त्यभावकालमें ही आपके मतमें भी 'न जानामि' यह बुद्धि होगी अन्यथा अविद्यावृत्तिकालमें उक्त बुद्धि न होगी ऐसी परिस्थितिमें आपको भी व्याघात है क्योंकि प्रमाणवृत्तिसामान्यविरोधित्वेन 'न जानामि' इस बुद्धिकी उत्पत्ति होती है इसमें उक्त वृत्तिविरोधित्व साक्षिभास्य नहीं किन्तु वृत्तिभास्य है, तथा च वृत्तिदशामें अज्ञान प्रतीति नहीं तदभावदशामें तद्भासक नहीं अज्ञान पक्षमें भी व्याघात समान है। यदि उक्त विरोधित्वस्मरणसे 'न जानामि' इस बुद्धिका संभव कहिये तो कहीं इस प्रकारसे उपपत्ति हो सकती है सर्वत्र ऐसा नियम नहीं है अतः 'न जानामि' यह ज्ञान उक्त वृत्तिसापेक्ष है अतएव व्याघात समान हैं?

उत्तर—साक्षिवेद्य भावरूप अज्ञान यद्यपि प्रमाणवृत्ति निवर्त्य है तथापि विरोधि ज्ञान तद्व्यावर्तकविषयग्राहक-तत्साधकसाक्षिसे उसका नाश नहीं होता इसलिये मेरे मतमें व्याघात नहीं साक्षी अज्ञान साधक है। साधक बाधक नहीं होता। अज्ञानग्रहण में विषयगोचर प्रमा की अपेक्षा मानें तो व्यायात होगा यह कहते नहीं फिर व्याघात क्यों? विवरणमें कहा है 'सर्वं ज्ञाततया अज्ञाततया वा साक्षिचैतन्यविषय एवे'ति।

प्रश्न—इस प्रकार तो ज्ञानाभाव पक्षमें भी व्याघातका परिहार होता है विषयादि ज्ञान साक्षिरूप है और 'न जानामि' यह बुद्धि प्रमाणकत्वभावविषय है अतः व्याघात नहीं?

उत्तर—यह परिहार नहीं हो सकता, भावरूप अज्ञान साक्षात् साक्षिवेद्य है यह कह सकते हैं, परन्तु ज्ञानाभाव अनुपलब्धिगम्य है साक्षात् साक्षिवेद्य नहीं है, अतः उसके द्वारा तदवच्छेदक विषयादि साक्षिवेद्य नहीं यह वैषम्य है। यद्यपि ज्ञान साक्षिवेद्य है उसके द्वारा तदवच्छेदक विषय साक्षिवेद्य है तथापि ज्ञानाभाव साक्षिवेद्य नहीं क्योंकि यह अनुपलब्धि प्रमाणगम्य है। उत्पन्न ज्ञान साक्षात् साक्षिवेद्य है ज्ञान उत्पन्न होने पर उसके विषयका भी स्फुरण होता है फिर ज्ञानाभाव कैसे साक्षात् साक्षिभास्य हो सकता है। एवं च ज्ञान और उसके अभावोंमें एकके रहने पर दूसरेका न रहना नियत है अविद्यमानके साथ अनावृत चित्तादात्म्य होता नहीं अतः दोनोंमें एक कालमें साक्षिवेद्यत्वका सम्भव नहीं।

प्रश्न—अवच्छेदक विषयादि यदि पूर्व में ज्ञात नहीं तो तद्विशिष्ट अज्ञान का ज्ञान कैसे हो सकता है जो रक्त

(लाल) नहीं जानता उसको 'रक्तो दण्डः' अर्थात् रक्तविशिष्ट दण्ड है यह प्रतीति नहीं होती कारण विशिष्टज्ञानमें विशेषणज्ञान कारण माना जाता है ?

उत्तर—विशिष्टज्ञानमें विशेषणज्ञान कारण है इसमें प्रमाण नहीं अतएव अज्ञात प्रतियोगिक अभावत्वका अभावबोधमें प्रकारतया ज्ञान नैयायिकादि भी मानते हैं। 'अहमज्ञः' 'अहमन्यं च न जानामि' 'मयि ज्ञानं नास्ति' इत्यादि प्रत्यक्ष भावरूप अज्ञानमें प्रमाण है यह संक्षेप है। विस्तरसे अद्वैतसिद्धि में देखिये। इति।

'भ्रमोपादानमज्ञानम्' यह अज्ञानका लक्षण है, यथा शुक्ति में यह रजत है ऐसा ज्ञान होता है इसका उपादान-कारण शुक्त्यवच्छिन्न चैतन्यगत अज्ञान है क्योंकि जबतक इस पदार्थका अज्ञान है तबतक उक्त भ्रम रहता है 'इयं शुक्तिः' इस अधिष्ठानके यथार्थज्ञान से उक्त भ्रमकी निवृत्ति होती है यह सर्वानुभवसिद्ध है।

प्रश्न—'जन्माद्यस्य यतः' 'यतो वा इमानि भूतानि जायन्ते' इत्यादि स्थल में संसारका उपादान ब्रह्म ही है अतः भ्रमोपादान ब्रह्म ही है वह अज्ञान नहीं ब्रह्ममें अतिव्याप्ति होने से यह लक्षण नही हो सकता ?

उत्तर—विश्वभ्रमका उपादान माया है तदधिष्ठान ब्रह्म है, इस कारण स्वाश्रित अविद्या द्वारा ब्रह्म में उपादानत्व व्यवहार है इस मतसे लक्षण है अतः ब्रह्म में अतिव्याप्ति नहीं। मतान्तरमें ब्रह्म ही उपादान है या ब्रह्मसहित अविद्या-उपादान है इन मतोंमें अतिव्याप्तिवारणार्थ 'परिणामित्वे सति अचेतनत्वे सति' इत्यादि विशेषण देना चाहिये। ब्रह्म अपरिणामी तथा चेतन है इसलिये उसमें अतिव्याप्ति नहीं। अभावारोपनिवर्तक प्रमानिवर्त्यमें अतिव्याप्ति नहीं वह भी भ्रमोपादान ही है अतएव उक्त लक्षण का लक्ष्य ही है।

प्रश्न—भ्रममें भावविलक्षणाज्ञानोपादानकत्व नहीं घटता भ्रम यदि भावविलक्षण है तो उपादेय ही नहीं हो सकता यदि भाव है तो भावोपादानकत्व नियम से होगा ?

उत्तर—अज्ञान और भ्रम भावविलक्षण है तो भी उपादानोपादेयभाव होता है क्योंकि भावत्व उपादानत्व या उपादेयत्वमें प्रयोजक नहीं, ब्रह्ममें भावत्व है किन्तु उसमें उपादानत्व उपादेयत्व नहीं किन्तु अन्वयिकारणत्व उपादानत्वमें प्रयोजक है सादित्व उपादेयत्वमें प्रयोजक है ये दोनों भावत्व नियत नहीं।

प्रश्न—यदि भावत्व उपादेयत्वका नियामक नहीं तो ध्वंस भी सादि होने से उपादेय हो जायगा ?

उत्तर—इष्ट ही है।

प्रश्न—ज्ञानप्रागभाव ही को उपादान मानिये क्योंकि भावत्व तो उपादानका नियामक नहीं फिर अभावको उपादान मानने में क्या आपत्ति ?

उत्तर—प्रतियोगिजनकत्व प्रागभावमात्रका है वह उपादान नहीं हो सकता।

प्रश्न—क्यों ?

उत्तर—प्रतियोगीकी उत्पत्तिसे प्रागभावकी निवृत्ति हो जाती है अथवा प्रतियोगीकी उत्पत्ति ही प्रागभावकी निवृत्ति है यावद्भ्रमस्थिति प्रागभाव रह नहीं सकता अतः उसमें उपादानका संभव ही नहीं।

प्रश्न—भ्रमनिवर्तकप्रमाका प्रागभाव तो यावद्भ्रमकालमें रहेगा उसको कार्यान्वयी कह सकते हैं। प्रमाके होने पर तत्प्रागभावरूप उपादानकी निवृत्ति होने से तदुपादेय भ्रम की निवृत्ति इष्ट ही है ?

[1]हिशब्दाद्, भ्रमोपादानत्वात् अर्थापत्तिसिद्धा च । गुणमयी-सत्त्वरजस्तमोगुणत्रयात्मिका । त्रिगुणरज्जुरिवातिदृढत्वेन बन्धनहेतुः, मम-मायाविनः परमेश्वरस्य सर्वजगत्कारणस्य सर्वज्ञस्य सर्वशक्तेः स्वभूता स्वाधीनत्वेन जगत्सृष्ट्यादिनिर्वाहिका माया-तत्त्वप्रतिभासप्रतिबन्धेन अतत्त्व-

इस प्रकारके मृत्युकालमें भी मद्भक्तोंको जब कि इन्द्रियां विवश रहती हैं तो भी मेरा विस्मरण नहीं होता । यतः साधिभूत साधिदैव अर्थात् अधिभूत-अधिदैवके सहित अधियज्ञके सहित मेरी चिन्तना करते हैं—**'युक्तचेतसः'** अर्थात् सदा मुझमें ही समाहित चित्त है जिनका वे सर्वजनव्यामोहक सर्वप्राणि-विकलहेतु मृत्युकालमें भी जानते ही हैं। भावनाकी दृढ़तासे प्राण निकलनेके समय इन्द्रियोंके अनायाससे अत्यन्त विकलता अवस्थामें भी चकारसे **'मत्कृपया'** मेरी कृपासे ही वे सर्वात्मा मुझको जानते हैं। मृत्युकाल

१. उन दोनों के ज्ञान के साधन ।

भवति । तथा च ते मद्भक्तियोगात् कृतार्था एवेति भावः । अधिभूताधिदैवाधियज्ञशब्दानुत्तरेऽध्यायेऽर्जुनप्रश्नपूर्वकं व्याख्यास्यति भगवानिति सर्वमनाविलम् । तदत्रोत्तमाधिकारिणम् प्रति ज्ञेयम्, मध्यमाधिकारिणं प्रति च ध्येयं लक्षणया, मुख्यया च वृत्त्या तत्पदप्रतिपाद्यम् ब्रह्म निरूपितम् ॥ ३० ॥

इति श्रीमत्परमहंस-परिव्राजकाचार्य-श्रीविश्वेश्वरसरस्वतीपूज्यपादशिष्यश्रीमधुसूदन-
सरस्वतीविरचितायां श्रीभगवद्गीतागूढार्थदीपिकायामधिकारिभेदेन
ज्ञेय-ध्येय[प्रतिपाद्यतत्त्व]ब्रह्मनिरूपणं नाम
सप्तमोऽध्यायः ॥ ७ ॥

में भी मदाकार चित्तवृत्ति पूर्वभावनाके प्रचुर संस्कारपाटवसे होती है । तथा च मेरे भक्त भक्तियोगसे वे कृतार्थ ही होते हैं यह भाव है । अधिभूत, अधिदैव, अधियज्ञ शब्दका अगले अध्यायमें अर्जुनके प्रश्नके अनन्तर भगवान् व्याख्यान करेंगे । यह दोष रहित है । इसलिए उत्तमाधिकारियोंके प्रति ज्ञेय और मध्यमाधिकारीके प्रति ध्येय लक्षणा और मुख्यवृत्तिसे तत्पद-प्रतिपाद्य ब्रह्म ही है इसका निरूपण हो चुका ॥ ३० ॥

इस प्रकार म० म० पं० हरिहरकृपालु द्विवेदिकृत गीता मधुसूदनीके
सातवें अध्याय का अनुवाद समाप्त हुआ ।

अथ अष्टमोऽध्यायः

अर्जुन उवाच

किं तद्ब्रह्म किमध्यात्मं किं कर्म पुरुषोत्तम !।

अधिभूतं च किं प्रोक्तमधिदैवं किमुच्यते ॥ १ ॥

अर्जुन बोले, हे पुरुषोत्तम ! आपसे वर्णित ब्रह्म क्या है, अध्यात्म क्या है तथा कर्म क्या है ? अधिभूत किसे कहा जाता है तथा अधिदैव शब्द से क्या कहा जाता है ॥ १ ॥

चतुर्षु भगवत्प्रियेष्वपि मतोऽधिकं यः प्रभोः

उदारपदतः परः समचकार तं मामयम् ।

परोपनिषदर्थदैरमलवाक्यदीपैस्तमो-

निवार्य परमं भजे तमिह काशिराजं गुरुम् ॥ १ ॥

पूर्वाध्यायान्ते 'ते ब्रह्म तद्विदुः कृत्स्नमध्यात्मं कर्म चाखिलम्' इत्यादिना सार्धश्लोकेन सप्त पदार्थाः ज्ञेयत्वेन भगवता सूत्रिताः, तेषां वृत्तिस्थानीयोऽयमष्टमोऽध्याय आरभ्यते, तत्र सूत्रितानि सप्त वस्तूनि विशेषतो बुभुत्समानः श्लोकाभ्यां अर्जुन उवाच—**'किमि'**ति । तत्र ज्ञेयत्वेनोक्तं ब्रह्म किं सोपाधिकम्, निरुपाधिकं वा । एवमात्मानम्-देहमधिकृत्य तस्मिन्नधिष्ठाने

चारों भगवानके प्रियोंमें जो अधिक माने गये हैं और निर्दुष्ट वाक्यप्रदीपरूप उत्कृष्ट उपनिषद्-वेदके अर्थ प्रकाशसे अज्ञानरूपी तम का निवारण कर प्रभुके उदार पदसे भी पर जो मेरा संस्कार किया उन काशिराज गुरुको प्रणाम करता हूँ । पूर्व अध्यायके अन्त में—

'ते ब्रह्म तद्विदुः कृत्स्नमध्यात्मं कर्म चाखिलम्' ।

इत्यादि डेढ़ श्लोकसे सात पदार्थ जाननेके लिए भगवान ने संक्षेपसे सूचित किया है । उनकी वृत्तिरूप अर्थात् विशेष व्याख्यारूप अष्टमाध्यायका आरम्भ करते हैं । उसमें जो सात वस्तु सूत्रित हैं उनको विशेष-रूपसे जाननेकी इच्छासे दो श्लोकोंसे अर्जुन भगवानसे पूछते हैं—**'किमि'ति** से । जो ब्रह्म ज्ञेय आपने कहा है वह सोपाधिक अथवा निरुपाधिक है । इसी प्रकार देहके अधिकारमें देहाश्रयमें स्थित आत्मा क्या इन्द्रियसमूह

अधियज्ञः कथं कोऽत्र देहेऽस्मिन् मधुसूदन ! ।
प्रयाणकाले च कथं ज्ञेयोऽसि नियतात्मभिः ॥ २ ॥

हे मधुसूदन ! यज्ञमें अधिगत देवतात्मा या परब्रह्म कथं अर्थात् किस प्रकारसे चिन्तनीय है और वह अस्मिन् देहे अर्थात् इस देहमें है ? या बाहर है, अस्मिन् अर्थात् इस देहमें है तो वह कौन है ? समाहित चित्तवाले पुरुषोंसे अन्त समयमें किस प्रकार आप जाने जाते हैं ॥ २ ॥

तिष्ठतीत्याध्यात्मशब्देन किं श्रोत्रादिकरणग्रामो वा, प्रत्यक्चैतन्यं वा। तथा 'कर्म चाऽखिलम्' इत्यत्र किं कर्म यज्ञरूपम्, अन्यद्वा? 'विज्ञानं यज्ञं तनुते, कर्माणि तनुतेऽपि च' तै० उ-२-५ इति श्रुतौ द्वैविध्यश्रवणात् । तव मम च समत्वात् , कथं त्वं मां पृच्छसीति शङ्कामपनुदन् सर्वपुरुषेभ्यः उत्तमस्य सर्वज्ञस्य तव न किंचिदज्ञेयमिति संवोधनेन सूचयति—**'हे पुरुषोत्तमे'**ति । 'अधिभूतं च किं प्रोक्तम्' पृथिव्यादिभूतमधिकृत्य यत्किञ्चित्कार्यमधिभूतपदेन विवक्षितम्, किं वा समस्तमेव कार्यजातम् । चकारः सर्वेषां प्रश्नानां समुच्चयार्थः । अधिदैवम् किमुच्यते ? देवताविषयमनुध्यानं वा, सर्वदैवतेष्वादित्यमण्डलादिष्वनुस्यूतं चैतन्यं वा ॥ १ ॥

अधियज्ञः-यज्ञमधिगतो देवतात्मा वा, परब्रह्म वा । स च कथं-केन प्रकारेण चिन्तनीयः। किं तादात्म्येन, किं वाऽत्यन्ताभेदेन। सर्वथाऽपि स किमस्मिन् देहे वर्तते, ततो बहिर्वा, देहे

है या तद्विपरीत प्रत्यक् चैतन्य है तथा सम्पूर्ण कर्म यहाँ पर यज्ञरूप कर्म है अथवा दूसरा । क्योंकि कर्म शब्दका प्रयोग दोनों में पाया जाता है 'विज्ञानं यज्ञं तनुते, कर्माणि तनुतेऽपि च' यह कर्मके दो प्रकार श्रुति में कहा गया है । अर्थ—विज्ञानवान ही ज्योतिष्टोमादि यज्ञ को करता है और विज्ञानवान ही कृषिवाणिज्यादि लौकिक कर्म करता है ।

प्रश्न—तुम मेरे समान ही हो फिर तुम मुझसे क्यों पूछते हो इस शंका का वारण करते हुए अर्जुन भगवानको 'पुरुषोत्तम' शब्दसे सम्बोधित करते हैं । जिस कारण आप सर्व पुरुषोंसे उत्तम सर्वज्ञ हैं अतः कोई पदार्थ आपको अज्ञात नहीं, यह उक्त सम्बोधनसे सूचित करते हैं । अधिभूत पदसे क्या कहा—पृथिव्यादि भूतोंके अधिकारसे जो कुछ कार्य है वह अधिभूत पदसे विवक्षित है ? किं वा सम्पूर्ण कार्य । चकार सब प्रश्नोंके समुच्चयार्थ है । अधिदैव क्या कहा जाता हैं । देवताविषयक ध्यान अथवा आदित्यमण्डलादि सब देवताओंमें अनुस्यूत चैतन्य ॥ १ ॥

अधियज्ञ—यज्ञमें ज्ञात देवतात्मा वा परब्रह्म वह किस प्रकारसे ध्येय है क्या तादात्म्यसे अर्थात् भेदाभेदसे, अथवा अत्यन्ताभेदसे, सर्वथा क्या वह इसी देहमें है अथवा बाहर भी, देहमें यदि है ? तो वह

श्रीभगवानुवाच

अक्षरं ब्रह्म परमं स्वभावोऽध्यात्ममुच्यते।
भूतभावोद्भवकरो विसर्गः कर्मसंज्ञितः ॥ ३ ॥

श्रीभगवान् बोले—जो सर्वव्यापक और अविनाशी है वह परब्रह्म पदसे कहा जाता है और स्वभाव अर्थात् स्वरूप (जीवात्मा) अध्यात्म कहलाता है, भूतों की उत्पत्ति और वृद्धि करनेवाला त्याग याग-होम आदि कर्म है ॥ ३ ॥

चेत् ? स कोऽत्र बुद्ध्यादिः, तद्व्यतिरिक्तो वा । 'अधियज्ञः कथम्, कोऽत्रे'ति न प्रश्नद्वयम्, किंतु सप्रकार एक एव प्रश्न इति द्रष्टव्यम् । परमकारुणिकत्वादनायासेनैव सर्वोपद्रवनिवारकस्य भगवतोऽनायासेन मत्सन्देहोपद्रवनिवारणमीषत्करमुचितमेवेति सूचयन् संबोधयति—'**हे मधुसूदने**'ति । प्रयाणकाले च सर्वकरणग्रामवैयग्र्याच्चित्तसमाधानानुपपत्तेः कथम्-केन प्रकारेण नियतात्मभिः-समाहितचित्तैर्ज्ञेयोऽसीति । उक्तशङ्कासूचनार्थश्चकारः । एतत्सर्वं सर्वज्ञत्वात् , परमकारुणिकत्वाच्च शरणागतं मां प्रति कथयेत्यभिप्रायः ॥ २ ॥

एवं सप्तानां क्रमेणोत्तरं त्रिभिः श्लोकैः श्रीभगवानुवाच—'**अक्षरमि**'त्यादिना । प्रश्नक्रमेण हि निर्णये प्रष्टुरभीष्टसिद्धिरनायासेन स्यादित्यभिप्रायवान् भगवानत्र श्लोके प्रश्नत्रयम् क्रमेण निर्धारितवान् । एवं द्वितीयश्लोकेऽपि प्रश्नत्रयम्, तृतीयश्लोके त्वेकमिति विभागः ।

कौन है ? बुद्ध्यादि अथवा उससे अतिरिक्त । 'अधियज्ञः' अधियज्ञ कैसे है यहाँ कौन अधियज्ञ है इस प्रकार दो प्रश्नोंमें तात्पर्य नहीं किन्तु सप्रकार एक ही प्रश्न है यह समझना । परमकारुणिक होनेसे अनायास सम्पूर्ण उपद्रवोंके निवारक भगवान अनायाससे मदीय सन्देहोपद्रवका निवारण करना उचित ही है यह सूचित करते हुए मधुसूदन शब्दसे अर्जुन सम्बोधन करते हैं। मरणकालमें सम्पूर्ण इन्द्रियसमूहके वैकल्यसे चित्तका एकाग्र होना अनुपपन्न है किस प्रकार एकाग्र चित्तसे आप ज्ञेय हैं यह पूर्वोक्त शंकाकी सूचना चकारसे है। यह सब सर्वज्ञ और परम दयाशील होनेसे शरणागत मेरे प्रति कहिये यह अर्जुनका अभिप्राय है ॥ २ ॥

इन सातों प्रश्नोंका उत्तर तीन श्लोकोंसे भगवानने कहा '**अक्षरमि**'त्यादि से। प्रश्नक्रमसे उत्तर देनेमें प्रश्नकर्ताको अनायाससे अभीष्ट-सिद्धि होती है इस भावनासे भगवानने इस श्लोकमें तीन प्रश्नका क्रमसे निर्णय किया। इसी प्रकार दूसरे श्लोकमें भी प्रश्नत्रयका निर्णय किया, तृतीय श्लोकमें एक प्रश्नका निर्णय किया यह

१. अनायासेनापि पा० पूना सं० ।

निरुपाधिकमेव ब्रह्मात्र विवक्षितं ब्रह्मशब्देन, न तु सोपाधिकमिति प्रथमप्रश्नस्योत्तरमाह—**'अक्षरमि'**ति। अक्षरम्—न क्षरतीत्यविनाशि, अश्नुते वा सर्वमिति सर्वव्यापकम्। (अक्षरत्वात्) 'एतद्वै तदक्षरं गार्गि ! ब्राह्मणा अभिवदन्त्यस्थूलमनण्वि'त्याद्युपक्रम्य 'एतस्य वा अक्षरस्य प्रशासने गार्गि ! सूर्याचन्द्रमसौ विधृतौ तिष्ठतः', नान्यदतोऽस्ति द्रष्टृ'इत्यादि मध्ये परामृश्य 'एतस्मिन्नु खल्वक्षरे गार्ग्याकाश ओतश्च प्रोतश्चे'त्युपसंहृतं बृ० उ० ८-८-७-९-११ श्रुत्या। सर्वोपाधिशून्यं सर्वस्य प्रशासितृ अव्याकृताकाशान्तस्य प्रपञ्चस्य धारयितृ, अस्मिंश्च शरीरेन्द्रियसङ्घाते विज्ञातृ, निरुपाधिकं चैतन्यं, तदिह ब्रह्मेति विवक्षितम्। एतदेव विवृणोति—**'परममि'**ति। परमम्—स्वप्रकाशपरमानन्दरूपम्, प्रशासनस्य—कृत्स्नजडवर्गधारणस्य च लिङ्गस्य तत्रैवोपपत्तेः, 'अक्षरमम्बरान्तधृतेः' १-३-१५ इति न्यायात्। न त्विहाक्षरशब्दस्य वर्णमात्रे रूढत्वाच्छ्रुतिलिङ्गाधिकरणन्यायमूलकेन 'रूढिर्योगमपहरति' इति न्यायेन रथकारशब्देन जातिविशेषवत्प्रणवाख्यमक्षरमेव ग्राह्यम्, तत्रोक्तलिङ्गासंभावत्। 'ओमित्येकाक्षरं ब्रह्मे'ति' च परेण विशेषणात्, 'आनर्थक्यप्रतिहतानां विपरीतं बलाबलमि'ति न्यायात्। 'वर्षासु-रथकारोऽग्निमादधीत' इत्यत्र तु जातिविशेषे नास्त्यसंभव इति विशेषः। अनन्यथासिद्धेन तु

उत्तरका विभाग है। निरुपाधिक ही ब्रह्म 'ब्रह्म' शब्दसे यहाँ विवक्षित है। सोपाधिक नहीं यह प्रथम प्रश्नका उत्तर कहा। 'अक्षरं' न क्षरति इत्यक्षरम्—इस व्युत्पत्तिसे अक्षर शब्द कालत्रयमें अविनाशका बोधक है। अथवा 'अश्नुते व्याप्नोति सर्वम्' इस व्युपत्तिसे अक्षरशब्द सर्वव्यापकका बोधक है। 'एतद्वै तदक्षरं गार्गि !' इससे उपक्रम कर 'एतस्मिन् खलु अक्षरे गार्ग्याकाशः ओतश्च प्रोतश्च' यह उपसंहार श्रुति में किया गया है। सर्वोपाधिशून्य सम्पूर्णका शासन करनेवाला अव्याकृत आकाशान्त समस्त विश्वका धारयिता और इस शरीरेन्द्रिय-समुदायमें विज्ञातृ निरुपाधिक चैतन्य वह ब्रह्म ही विवक्षित है इसका विशेषविवरण करते हैं। स्वप्रकाश परमानन्दरूप समस्त जड़वर्गके धारण तथा प्रशासनरूप चिह्नकी उसीमें उपपत्ति है क्योंकि 'अक्षरमम्बरान्तधृतेः' आकाशान्तका आश्रय अक्षर ब्रह्म ही है। अक्षर शब्द यद्यपि वर्णमात्रमें अर्थात् लिपिमात्र में रूढ़ है तथापि श्रुतिलिङ्गाधिकरणमूलक 'रूढिर्योगमपहरति' इस न्यायसे रथकार शब्दसे सौधन्वन अपरपर्याय [बढई] जातिविशेषके समान अक्षर शब्दसे प्रणवाख्य ही ग्राह्य है क्योंकि उसमें [लिपिमें] उक्त लिङ्गोंका संभव नहीं। 'ओमित्येकाक्षरं ब्रह्म' यह आगे परं विशेषण है। 'आनर्थक्यप्रतिहतानाम् विपरीतं बलाबलम्' इस न्यायसे 'वर्षासु रथकारोऽग्निमादधीत' यहाँ पर तो उक्त जातिविशेषमें अग्न्याधान असम्भव नहीं। अनन्यथासिद्ध लिङ्गसे श्रुतिका बाध होता है ऐसाही 'आकाशः तल्लिङ्गात्' यहाँ पर भी किया

लिङ्गेन श्रुतेर्बाधः 'आकाशस्तल्लिङ्गात्' इत्यादौ विवृतः । एतावांस्त्विह विशेषः अनन्यथा-सिद्धेन लिङ्गेन श्रुतेर्बाधे यत्र योगः संभवति, तत्र स एव गृह्यते, मुख्यत्वात् । यथा 'आज्यैः स्तुवते, 'पृष्ठैः स्तुवते' इत्यादौ । यथा चात्रैवाक्षरशब्दे । यत्र तु योगोऽपि न संभवति, तत्र गौणी वृत्तिः, यथाऽऽकाशप्राणादिशब्देषु। आकाशशब्दस्यापि ब्रह्मणि 'आ समन्तात् काशते' इति योगः संभवतीति चेत् ? स एव गृह्यतामिति पञ्चपादीकृतः । तथा च पारमर्षं सूत्रं 'प्रसिद्धेश्च' वे० द० १-३-१७ इति । कृतमत्र विस्तरेण ।

तदेवं 'किं तद् ब्रह्मे'ति निर्णीतम् , अधुना 'किमध्यात्ममि'ति निर्णीयते । 'यदक्षरं ब्रह्म' इत्युक्तम् , तस्यैव स्वभावः-स्वो भावः स्वरूपं प्रत्यक्चैतन्यम् , न तु स्वस्य भाव इति षष्ठीसमासः, लक्षणाप्रसङ्गात् । षष्ठीतत्पुरुषबाधेन कर्मधारयपरिग्रहस्य श्रुतपदार्थान्वियेन निषादस्थपत्यधिकरणसिद्धत्वात् । तस्मान्न ब्रह्मणः संबन्धि, किंतु ब्रह्मस्वरूप-मेव । आत्मानं-देहमधिकृत्य भोक्तृतया वर्तमानमध्यात्ममुच्यते-अध्यात्मशब्देनाभिधीयते, न करणग्राम इत्यर्थः । यागदानहोमात्मकं वैदिकं कर्मैवात्र कर्मशब्देन विवक्षितमिति तृतीयप्रश्नोत्तर-माह—भूतानाम्-भवनधर्मकाणां सर्वेषां स्थावर-जङ्गमानां भावम्-उत्पत्तिम्, उद्भवम्-वृद्धिञ्च-

गया है । केवल इतना ही यहाँ विशेष है। अनन्यथासिद्ध लिङ्ग से जहाँ श्रुतिका बाध है वहाँ योगका सम्भव है मुख्य होनेसे वहाँ वही लिया जाता है। यथा—'आज्यैः स्तुवते' इत्यादिमें अथवा 'यथा च' यहाँ ही अक्षर शब्दमें । जहाँ योगका सम्भव नहीं वहाँ गौणी वृत्ति ली जाती है जैसे आकाश प्राणादि शब्दोंमें। आकाश शब्दका ही 'आ समन्तात् काशते' यह व्युत्पत्ति आकाश शब्दमें भी हो सकती है यह यदि कहिये तो ब्रह्ममें भी आकाश शब्द यौगिक ही है यह पञ्चपादिकाकारका मत है। 'पारमर्ष सूत्रं 'प्रसिद्धेश्च' सूत्र भी ऐसा ही है। विस्तार व्यर्थ हैं अतः 'किं तद् ब्रह्म' इसका निर्णय हुआ । अब 'किमध्यात्मम्' इसका निर्णय करते हैं—'यदक्षरं ब्रह्म'से । यह कहा है अक्षर ही ब्रह्म है। उसीका स्वो भावः अर्थात् स्वरूप प्रत्यक् चैतन्य अध्यात्म है। 'स्वस्य भावः' इस षष्ठीसमाससे तद्गतधर्मविशेष नहीं क्योंकि षष्ठी समास माननेसे पूर्वपदकी स्वसम्बन्धीमें लक्षणा माननी पड़ेगी । षष्ठीतत्पुरुषका बाध कर कर्मधारयसमासका स्वीकार करना अच्छा है । क्योंकि श्रुतपदार्थके साथ अन्वय होनेसे 'निषादस्थ-पत्यधिकरण' न्यायसे वह सिद्ध है । अतः ब्रह्मस्वभाव ब्रह्मसम्बन्धी नहीं किन्तु ब्रह्मस्वरूप ही ग्राह्य है। 'आत्मानं देहमधिकृत्य भोक्तृतया वर्तमानं अध्यात्मम्' यह कहा जाता है। अध्यात्म शब्दसे इन्द्रियसमूह विवक्षित नहीं यह अर्थ है । याग-दान-होमात्मक वैदिक कर्म ही कर्म शब्दसे विवक्षित है यह तीसरे प्रश्नका उत्तर कहते हैं—जो भवनधर्मक-उत्पत्तिशील सब स्थावर जङ्गम पदार्थोंकी उत्पत्ति तथा वृद्धि करता है

अधिभूतं क्षरो भावः पुरुषश्चाधिदैवतम् ।
अधियज्ञोऽहमेवात्र देहे देहभृतां वर ! ॥ ४ ॥

उत्पत्ति और विनाशशील पदार्थ अधिभूत हैं, और हिरण्यगर्भ पुरुष अधिदैव है, हे देहधारण-करनेवालोंमें श्रेष्ठ ! इस देहमें मैं वासुदेव ही अधियज्ञ हूँ ॥ ४ ॥

करोति यो विसर्गः-त्यागस्तत्तच्छास्त्रविहितो यागदानहोमात्मकः, स इह कर्मसंज्ञितः—कर्मशब्देनोक्त इति यावत् । तत्र देवतोद्देशेन द्रव्यत्यागो यागः-तिष्ठद्धोमो वषट्कारप्रदानान्तः, स एव उपविष्टहोमः स्वाहाकारप्रदानान्तः आसेचनपर्यन्तः होमः । परस्वत्वापत्तिपर्यन्तः स्वस्वत्वत्यागो दानम्, सर्वत्र च त्यागांशोऽनुगतः । तस्य च भूतभावोद्भवकरत्वम्—

'अग्नौ प्रास्ताहुतिः सम्यगादित्यमुपतिष्ठते ।
आदित्याज्जायते वृष्टिर्वृष्टेरन्नं ततः प्रजाः ॥' इति स्मृतेः ।

'ते वा एते आहुती हुते उत्क्रामतः' इत्यादिश्रुतेश्च ॥ ३ ॥

संप्रत्यग्रिमप्रश्नत्रयस्योत्तरमाह—**'अधिभूतमि'**ति । क्षरतीति क्षरः-विनाशी भावः-यत्किञ्चिज्जनिमद्वस्तु भूतं प्राणिजातमधिकृत्य भवतीत्यधिभूतमुच्यते । पुरुषः-हिरण्यगर्भः समष्टिलिङ्गात्मा व्यष्टिसर्वकरणानुग्राहकः 'आत्मैवेदमग्र आसीत्पुरुषविधः' इत्युपक्रम्य 'स यत् पूर्वोऽस्मात्सर्वस्मात्सर्वान् पाप्मन औषत्, तस्मात्पुरुषः' बृ० ३-१-४-१ इत्यादिश्रुत्या प्रतिपादितः ।

जो विसर्ग त्याग तत्तत् शास्त्रविहित याग-दान-होमात्मक कर्म ही कर्म शब्दसे कहा गया है उसमें देवताको उद्देश्य कर विहित द्रव्यत्याग याग है । तिष्ठद्धोम वषट्कारप्रदानान्त और वही उपविष्ट होम स्वाहाकार-प्रदानान्त आसेचनपर्यन्त होम है परस्वत्त्वोत्पत्तिपूर्वक स्वस्वत्वत्याग दान है । सब जगह त्याग अनुस्यूत है वही भूतभावोद्भव कर हैं क्योंकि—

'अग्नौ प्रास्ताहुतिः सम्यगादित्यमुपतिष्ठते ।
आदित्याज्जायते वृष्टिर्वृष्टेरन्नं ततः प्रजाः ॥'

यह स्मृति है । 'ते वा एते आहुती हुते उत्क्रामतः' इत्यादि श्रुति भी है ॥ ३ ॥

अब अग्रिम प्रश्नत्रयका उत्तर कहते हैं—**'अधिभूतम्'** इससे । 'भूतं प्राणिजातमधिकृत्य भवति' इति अधिभूतम्–प्राणियोंके अधिकारसे उत्पन्न होनेवाला अधिभूत है वह क्षरभाव है । 'क्षरति विनश्यति' इस व्युत्पत्तिसे क्षरशब्द विनाशवाची है । **'भावः'** जो कुछ उत्पत्तिमान् पदार्थ है वह 'भवति' इस व्युत्पत्तिसे

चकारात्—'स वै शरीरी प्रथमः स वै पुरुष उच्यते ।
आदिकर्ता स भूतानां ब्रह्माऽग्रे समवर्तत ॥'

इत्यादिस्मृत्या च प्रतिपादितः । अधिदैवतम्-दैवतानि-अग्न्यादित्यादीन्यधिकृत्य चक्षुरादि-करणान्यनुगृह्णातीति तथोच्यते । अधियज्ञः[1] सर्वयज्ञाधियज्ञः सर्वयज्ञफलदायकश्च सर्वयज्ञाभि-मानिनी विष्ण्वाख्या देवता। 'यज्ञो वै विष्णुः' इति श्रुतेः। स च विष्णुरधियज्ञोऽहं वासुदेव एव, न मद्भिन्नः कश्चित् । अत एव परब्रह्मणः सकाशादत्यन्ताभेदेनैव प्रतिपत्तव्य इति 'कथमिति' व्याख्यातम् । स च अत्र-अस्मिन् मनुष्यदेहे यज्ञरूपेण वर्तते बुद्धयादिव्यतिरिक्तः, विष्णुरूपत्वात् । एतेन स किमस्मिन् देहे, ततो बहिर्वा, देहे चेत् ? कोऽत्र ? बुद्धयादिः, तद्वयति-रिक्तो वेति सन्देहो निरस्तः । मनुष्यदेहे च यज्ञस्यावस्थानम्, यज्ञस्य मनुष्यदेहनिर्वर्त्यत्वात् । 'पुरुषो वै यज्ञः, पुरुषस्तेन यज्ञः, यदेनं पुरुषस्तेन तनुते' इत्यादिश्रुतेः । हे देहभृतां वर ! सर्वप्राणिनां श्रेष्ठ इति संबोधयन् प्रतिक्षणं मत्संभाषणात् कृतकृत्यस्त्वमेतद्बोधयोग्योऽसीति

भाव कहाता है। 'अधिदैवं किमुच्यते' इस प्रश्नका उत्तर कहते हैं—**'पुरुषश्च अधिदैवतम्'** इत्यादि से । पुरुष शब्दका अर्थ यह है कि सम्पूर्ण पुरोंमें शयन करनेवाला सूर्यमण्डलान्तर्गत सम्पूर्ण प्राणियोंके नेत्रादिका अनुग्राहक समष्टि लिङ्गात्मा, व्यष्टि सर्वकरणानुग्राहक हिरण्यगर्भ पुरुष 'आत्मैवेदमग्र आसीत् पुरुषविधः' इससे उपक्रम कर 'स यत्पूर्वोऽस्मात् सर्वस्मात् सर्वान् पाप्मनः औषत्, तस्मात् पुरुषः' इत्यादि श्रुतिसे प्रतिपादित है और चकारसे 'स वै शरीरी प्रथमः स वै पुरुष उच्यते' इत्यादि स्मृतिसे भी प्रतिपादित है वही अधिदैवत है। आदित्यादि देवताओंका अधिकार कर नेत्रादि इन्द्रियसमूहका अनुग्रह करता है अतः अधिदैवत कहा जाता है। 'अधियज्ञः कथं कोऽत्र देहेऽस्मिन् मधुसूदन !' इस छठे प्रश्नका उत्तर कहते हैं—**'अधियज्ञः'** इत्यादिसे । यज्ञ देहसे उत्पन्न होता है। अतः देहवृत्ति है। इसीसे यज्ञका अधिकरण देह माना जाता है इस देहमें अधियज्ञ सर्वयज्ञार्थका अभिमानी देवता विष्णुरूप है। क्योंकि 'यज्ञो वै विष्णुः' ऐसी श्रुति है। सो वह अधियज्ञ विष्णु मैं ही हूँ। कैसे यह अवान्तर प्रकारका प्रश्न इसीसे समाहित हुआ। अर्थात् यज्ञाभिमानी विष्णुदेवतारूपसे मैं अधियज्ञ हूँ। इससे क्या इस देहमें अथवा उससे बाहर भी यदि देहमें है तो कौन ? बुद्धयादि अथवा अतिरिक्त यह सन्देह निरस्त हुआ। मनुष्य-देहमें यज्ञकी स्थिति किस कारणसे है कि मनुष्य-देहसे यज्ञ उत्पन्न होता है 'पुरुषो वै यज्ञः' इत्यादि श्रुति इस अर्थमें प्रमाण है। हे सर्व प्राणियोंमें श्रेष्ठ! यह सम्बोधन करते हुए भगवान मेरे सम्भाषणसे प्रतिक्षण कृतकृत्य तुम मदुत्साहार्थ

१. सर्वयज्ञाधिष्ठाता (पूना पा०) ।

अन्तकाले च मामेव स्मरन्मुक्त्वा कलेवरम् ।
यः प्रयाति स मद्भावं याति नास्त्यत्र संशयः ॥ ५ ॥

जो अन्तकालमें मुझको ही स्मरण करता हुआ देहको त्याग कर जाता है वह मेरे स्वरूपको प्राप्त-करता है इसमें कोई सन्देह नहीं है ॥ ५ ॥

प्रोत्साहयत्यर्जुनं भगवान् । अर्जुनस्य सर्वप्राणिश्रेष्ठत्वं भगवदनुग्रहातिशयभाजनत्वात्प्रसिद्ध-मेव ॥ ४ ॥

इदानीं 'प्रयाणकाले च कथं ज्ञेयोऽसीति' सप्तमस्य प्रश्नस्योत्तरमाह—**'अन्तकाले-चे'**ति । मामेव-भगवन्तं वासुदेवं अधियज्ञं सगुणं निर्गुणं वा परममक्षरं ब्रह्म न त्वध्यात्मा-दिकं स्मरन्-सदा चिन्तयन् तत्संस्कारपाटवात्समस्तकरणग्रामवैयग्रचवत्यन्तकालेऽपि स्मरन् कलेवरं मुक्त्वा-शरीरेऽहंममाभिमानं त्यक्त्वा प्राणवियोगकाले यः प्रयाति-सगुणध्यानपक्षे 'अग्निर्ज्योतिरहः शुक्लः' इत्यादिवक्ष्यमाणेन देवयानमार्गेण पितृयानमार्गात्प्रकर्षेण याति स उपासको मद्भावं-मद्रूपतां निर्गुणब्रह्मभावं हिरण्यगर्भलोकभोगान्ते याति-प्राप्नोति । निर्गुण-ब्रह्मस्मरणपक्षे तु कलेवरं त्यक्त्वा प्रयातीति लोकदृष्टचभिप्रायम्, 'न तस्य प्राणा उत्क्रामन्ति, अत्रैव समवलीयन्ते' इति श्रुतेस्तस्य प्राणोत्क्रमणाभावेन गत्यभावात् । स मद्भावं साक्षादेव याति, 'ब्रह्मैव सन् ब्रह्माऽप्येति' श्रुतेः । नास्त्यत्र देहव्यतिरिक्त आत्मनि, मद्भावप्राप्तौ वा

इस बोधयोग्य हो इस प्रकार अर्जुनका उक्त सम्बोधनसे प्रोत्साहन करते हैं । अर्जुनमें सर्वप्राणिश्रेष्ठता भगवत्-कृपाविशेषके भाजन होनेसे प्रसिद्ध ही है ॥ ४ ॥

इस समय मृत्युकालमें कैसे आप ज्ञेय हैं इस सातवें प्रश्नका उत्तर कहते हैं—**'अन्तकाले' इति** से । साधियज्ञ सगुण अथवा निर्गुण परब्रह्म भगवान वासुदेवका ही, अध्यात्मका नहीं स्मरण करता हुआ सदा संस्कार-सामर्थ्यातिशयसे समस्त इन्द्रियग्रामकी वैकल्यावस्थारूप मरणकालमें उक्त मेरे स्वरूपका ही स्मरण करता हुआ शरीरमें अहं ममाभिमानका त्याग करना यही शरीरत्याग वस्तुतः विवक्षित है । प्राणवियोगकालमें जो स्वर्ग जाता है वह सगुण ध्यानपक्षमें 'अग्निर्ज्योतिरहः शुक्लः' इत्यादि वक्ष्यमाण देवयान मार्गसे जाता है पितृयानमार्गसे देवयानमार्ग उत्कृष्ट है । एतत्सूचनार्थ प्रयातिमें प्र उपसर्ग है । उपासक मत्स्वरूपता अर्थात् निर्गुण ब्रह्मस्वरूपता हिरण्यगर्भलोकके भोगावसानमें प्राप्त होता है । निर्गुणब्रह्म स्मरणपक्षमें शरीरत्याग कर हो जाता है यह कथन लोकदृष्टिके अभिप्रायसे है । वस्तुतः उसका जाना कहीं नहीं होता 'न तस्य प्राणाः उत्क्रामन्ति, अत्रैव समवलीयन्ते' इस श्रुतिसे निरुपाधिक ब्रह्मज्ञानीका प्राणोत्क्रमणाभावसे गत्यभाव है अतः यह साक्षात् मद्भावको प्राप्त करता है अर्थात् ब्रह्मभावापन्न हो जाता है इसमें प्रमाण 'ब्रह्मैव सन्

यं यं वापि स्मरन् भावं त्यजत्यन्ते कलेवरम् ।
तं तमेवैति कौन्तेय ! सदा तद्भावभावितः ॥ ६ ॥

हे कुन्तीपुत्र ! अन्त समयमें जिस जिस भावको (स्वरूपको) स्मरण करता हुआ शरीरको छोड़ता है वह उस उस भावको प्राप्त करता है, क्योंकि निरन्तर उस देवता विशेषकी भावना (वासना) से वह युक्त है ॥ ६ ॥

संशयः । आत्मा देहाद्यतिरिक्तः, न वा । देहव्यतिरेकेऽपि ईश्वराद्भिन्नः, न वेति सन्देहो न विद्यते, 'छिद्यन्ते सर्वसंशयाः' मु० ३-इति श्रुतेः । अत्र च 'कलेवरं मुक्त्वा प्रयाती'ति देहाद्भिन्नत्वम् , मद्भावं यातीति चेश्वरादभिन्नत्वं जीवस्योक्तमिति द्रष्टव्यम् ॥ ५ ॥

अन्तकाले भगवन्तमनुध्यायतो भगवत्प्राप्तिर्नियतेति वदितुम्, अन्यदपि यत्किंचित्तत्काले ध्यायतो देहं त्यजतस्तत्प्राप्तिरवश्यं भाविनीति दर्शयति—**'यं यं वाऽपी'**ति । न केवलं माम् स्मरन् मद्भावं यातीति नियमः, किं तर्हि यं यं वापि भावम्-देवताविशेषम् । चकारादन्यदपि यत्किञ्चिद्वा स्मरन्-चिन्तयन्नन्ते-प्राणवियोगकाले कलेवरं त्यजति, स तं तमेव स्मर्यमाणं भावमेति । नान्यमेति-प्राप्नोति । हे कौन्तेयेति पितृष्वसृपुत्रत्वेन स्नेहातिशयं सूचयति । तेन चावश्यानु-

---

ब्रह्माऽप्येति' यह श्रुति है । इसमें संदेह नहीं कि आत्मा देहातिरिक्त ही है और न मत्स्वरूप-प्राप्तिमें ही संदेह है । आत्मा देह से भिन्न है अथवा नहीं । भेदपक्षमें मत्स्वरूप प्राप्त होता है अर्थात् जीव ईश्वरसे अभिन्न है यह समझना ॥ ५ ॥

अन्तकालमें भगवानके ध्यानीको भगवत्प्राप्ति निश्चित है यह कहनेके लिए जिस किसी कालमें भगवान्का ध्यान करते हुये देहत्यागीको भगवत्प्राप्ति अवश्य होती है यह दिखलाते हैं—**'यं यं'** वाऽपीति से । और जिस किसी कालमें ध्यान करनेवाले और देहत्याग करनेवालेको भगवत्प्राप्ति अवश्य होगी केवल मेरा स्मरण करता हुआ मद्भावापन्न होता है यही नियम आत्मा देहसे अतिरिक्त नहीं है अर्थात् देहसे आत्मा भिन्न है इसमें और न मद्भाव प्राप्तिमें ही संशय है । 'आत्मा देहाद् व्यतिरिक्तो न वा' अर्थात् देहसे आत्मा भिन्न है या नहीं । देहातिरिक्तपक्षमें ईश्वरसे भिन्न है या नहीं यह संशय नहीं होता क्योंकि 'छिद्यन्ते सर्वसंशयाः' ऐसी श्रुति है । इसमें शरीरका त्यागकर जाता है और देहादि भिन्नत्व और मद्भाव हो जाता है । इससे ईश्वरसे अभेद जीवमें कहा गया है यह समझना । किन्तु जिस जिस देवताविशेष चकारसे और भी मृग पश्वादिका ध्यान करता हुआ अन्तसमयमें शरीरत्याग करता है वह पुरुष वही वही स्मृतिविषय पदार्थस्वरूपको प्राप्त करता है दूसरा स्वरूपको नहीं । हे कौन्तेय ! पितृभगिनीपुत्र होनेसे स्नेहविशेषकी उक्त

तस्मात्सर्वेषु कालेषु मामनुस्मर युध्य च ।
मय्यर्पितमनोबुद्धिर्मामेवैष्यस्यसंशयम् ॥ ७ ॥

इसलिये तुम सभी समय मेरा स्मरण करो और युद्ध करो। मेरेमें अर्पण किये हुये मन एवं बुद्धिसे युक्त निस्सन्देह मुझे ही प्राप्त करोगे ॥ ७ ॥

ग्राह्यत्वम् , तेन च प्रतारणाशङ्काशून्यत्वमिति । अन्तकाले स्मरणोद्यमासंभवेऽपि पूर्वाभ्यास-जनिता वासनैव स्मृतिहेतुरित्याह—'**सदे**'ति । सदा-सर्वदा तस्मिन्-देवताविशेषादौ भावः-भावना वासना तद्भावः संभावितः सम्पादितो येन, स तथा । भाविततद्भाव इत्यर्थः । आहिताग्न्यादेराकृतिगणत्वाद्भावितपदस्य परनिपातः । तद्भावेन-तच्चिन्तनेन भावितः-वासितचित्त इति वा ॥ ६ ॥

यस्मादेवं पूर्वस्मरणाभ्यासजनिताऽन्त्या भावनैव तदानीं परवशस्य देहान्तरप्राप्तौ कारणम्, '**तस्मादि**'ति । तस्मान्मद्विषयकार्यभावनोत्पत्त्यर्थं सर्वेषु कालेषु पूर्वमेवादरेण मां-सगुणमीश्वरमनु-स्मर—चिन्तय । यद्यन्तःकरणाशुद्धिवशान्न शक्नोषि सततमनुस्मर्तुम्, ततोऽन्तःकरणशुद्धये युध्य च—अन्तःकरणशुद्धयर्थं युद्धादिकं स्वधर्मं कुरु। युध्येति युद्ध्यस्वेत्यर्थः । एवं च नित्य-नैमित्तिक-कर्मानुष्ठानेनाशुद्धिक्षयात् मयि भगवति वासुदेवे अर्पिते सङ्कल्पाध्यवसायलक्षणे मनोबुद्धी येन त्वया,

---

सम्बोधनसे सूचना करते हैं। इससे तुम अवश्य मेरे अनुग्राह्य हो अतः प्रतारण-वंचना की शंका नहीं है सूचित होता है। अन्तकालमें स्मरणोपयोगी उद्योग असम्भव होनेपर भी पूर्वाभ्याससे उत्पन्न वासना ही स्मरणका हेतु है यह कहते हैं—**'सदा तद्भावभावितः'** से । सदा हर समय उसी देवताविशेषमें जो भावना-वासना उससे भावित-सम्पादित है जिससे वह तथा यहाँ पर 'तद्भावभावितः वासनाविषयीकृतः तद्भावः ध्येयभावः येन सः' यह विग्रह है। आहिताग्नि, आकृतिगण है उससे भावित पदका परनिपात हुआ। अथवा तद्भावसे तच्चिन्तनसे भावित-वासित चित्तवाला यह भी अर्थ है ॥ ६ ॥

जिस कारण पूर्वजन्मके अभ्याससे उत्पन्न अन्तिम भावना ही मृत्युकालमें पराधीन जीवके दूसरे देहकी प्राप्तिमें कारण है। अतः मद्विषय कार्यभावना की उत्पत्तिके लिए सभी कालोंमें प्रथम ही सगुण मुझ ईश्वरका चिन्तन करो यदि मलिनान्तःकरण के कारण सतत स्मरण नहीं कर सकते हों तो अन्तः-करणकी शुद्धिके लिए युद्ध करो अन्तःकरण-शुद्धि-कामनासे स्वधर्म (युद्ध) करो 'युध् सम्प्रहारे' यह धातु आत्मनेपदी है इसलिये 'युध्यस्व' कहा, स्ववर्ण धर्म-युद्ध है। इस प्रकार नित्यनैमित्तिक कर्मोंके करनेसे और अशुद्धि के क्षय होने पर भगवान वासुदेव मुझमें समर्पित कर दिया है संकल्पाध्यवसायलक्षण मन और

अभ्यासयोगयुक्तेन चेतसा नान्यगामिना ।
परमं पुरुषं दिव्यं याति पार्थानुचिन्तयन् ॥ ८ ॥

हे पार्थ ! भगवद्-विषयक निरन्तर चिन्तन-प्रवाहसे युक्त किसी अन्य विषयकी ओर नहीं प्रवृत्त होनेवाले मनसे शास्त्राचार्योंके उपदेशको स्मरण करता हुआ दिव्य परम पुरुषको प्राप्त करता है ॥ ८ ॥

स त्वमीदृशः सर्वदा मच्चिन्तनपरः सन्मामेवैष्यसि—प्राप्स्यसि । असंशयः-नात्र संशयः विद्यते । इदं च सगुणब्रह्मचिन्तनमुपासकानामुक्तम्, तेषामन्त्यभावनासापेक्षत्वात् । निर्गुण-ब्रह्मज्ञानिनां तु ज्ञानसमकालमेवाज्ञाननिवृत्तिलक्षणाया मुक्तेः सिद्धत्वात्, नास्त्यन्त्यभावनापेक्षेति द्रष्टव्यम् ॥ ७ ॥

तदेवं सप्तानामपि प्रश्नानामुत्तरमुक्त्वा प्रयाणकाले, भगवदनुस्मरणस्य भगवत्प्राप्ति-लक्षणं फलं विवरीतुमारभते—'**अभ्यासे**'ति । अभ्यासः-सजातीयप्रत्ययप्रवाहो मयि विजातीय-प्रत्ययान्तरितः षष्ठे प्राग्व्याख्यातः । स एव योगः-समाधिः, तेन युक्तं-तत्रैव व्यापृतमात्माकार-वृत्तीतरवृत्तिशून्यं यच्चेतः, तेन चेतसा अभ्यासपाटवेन नान्यगामिना न अन्यत्र विषयान्तरे निरोधप्रयत्नं विनाऽपि गन्तुं शीलमस्येति, तेन परमं-निरतिशयं पुरुषं-पूर्णं दिव्यं-दिवि द्योतना-त्मन्यादित्ये भवं 'यश्चासावादित्ये' तै० उ० ८-८ इति श्रुतेः । याति-गच्छति । हे पार्थ ! अनु-चिन्तयन्-शास्त्राचार्योपदेशमनुध्यायन् ॥ ८ ॥

बुद्धिको जिसने एवंभूत तुम सदा मच्चिन्तनपर होता हुआ मुझको ही प्राप्त करोगे इसमें सन्देह नहीं । यह सगुण ब्रह्मचिन्तन उपासकों के लिए कहा है, क्योंकि उनकी मत्प्राप्ति अन्तिम भावना-सापेक्ष है, निर्गुण-ब्रह्मज्ञानियोंका तत्त्वज्ञानकालमें ही अज्ञाननिवृत्तिरूप संसारसे मुक्ति सिद्ध होनेसे अन्तिम भावनाकी अपेक्षा नहीं है यह समझना ॥ ७ ॥

इस प्रकार सातों प्रश्नोंका उत्तर कहकर मरण-कालमें भगवत्-स्मरण का फल भगवत्प्राप्ति है उसके विवरणके लिए आरम्भ करते हैं—'**अभ्यासेत्यादि**'से । सजातीयज्ञानधारा मुझमें विजातीयविषयक ज्ञानान्तरसे अव्यवहित छठां अध्यायमें जो व्याख्यात है वही योगसमाधि है । उससे युक्त अर्थात् उसीमें सदा रत आत्माकारवृत्तिसे भिन्न विषयवृत्तियों में रहित जो चित्त उस चित्तके सामर्थ्यसे जो अन्यगामी नहीं हैं अर्थात् निरोधाख्य प्रयत्न के विना भी विषयान्तरमें जानेका स्वभाववाला नहीं है उससे निरतिशय पुरुष पूर्ण प्रकाशात्मा सूर्यमण्डलमें जाता है । 'यश्चाऽसावादित्ये' श्रुति है, हे पार्थ ! शास्त्राचार्य उपदेशका ध्यान करता हुआ उक्त गन्तव्य को जाता है ॥ ८ ॥

कविं पुराणमनुशासितारमणोरणीयांसमनुस्मरेद्यः ।
सर्वस्य धातारमचिन्त्यरूपमादित्यवर्णं तमसः परस्तात् ॥ ९ ॥

सर्वज्ञ अनादि सर्वनियन्ता सूक्ष्मातिसूक्ष्म सभी कर्म-फलोंके विभाग करनेवाले अपरिमित महिमावाले सूर्यके समान प्रकाशवाला और अज्ञानसे परे परमात्माका जो चिन्तन करता है ॥ ९ ॥

प्रयाणकाले मनसाऽचलेन भक्त्या युक्तो योगबलेन चैव ।
भ्रुवोर्मध्ये प्राणमावेश्य सम्यक् स तं परं पुरुषमुपैति दिव्यम् ॥ १० ॥

वह पुरुष मृत्यु-कालमें योगवलसे तथा स्थिर मनसे भक्तिपूर्वक प्राणको दोनों भौंहोंके बीचमें स्थापित कर दिव्य परम पुरुषको प्राप्त करता है ॥ १० ॥

पुनरपि तमेवानुचिन्तयितव्यं गन्तव्यं च पुरुषं विशिनष्टि—'**कविमि**'ति । कविम्-क्रान्तदर्शिनं तेनातीतानागताद्यशेषवस्तुदर्शित्वेन सर्वज्ञं पुराणं-चिरन्तनं सर्वकारणत्वादनादिमिति यावत् । अनुशासितारं सर्वस्य जगतो नियन्तारं अणोरणीयांसं-सूक्ष्मादप्याकाशादेः सूक्ष्मतरम् , तदुपादानत्वात् । सर्वस्य कर्मफलजातस्य धातारं विचित्रतया प्राणिभ्यो विभक्तारं 'फलमतः उपपत्तेः' वे०द० ३।२।३८ इति न्यायात् । न चिन्तयितुं शक्यम्-अपरिमितमहिमत्वेन रूपं यस्य, तम् । आदित्यस्येव सकलजगदवभासको वर्णः प्रकाशो यस्य, तम् । सर्वस्य जगतोऽवभासकमिति यावत् । अत एव 'तमसः परस्तात्' तमसः-मोहान्धकारादज्ञानलक्षणात्परस्तात् । प्रकाशरूपत्वेन तमोविरोधिनमिति यावत् । अनुस्मरेत्-चिन्तयेद्यः कश्चिदपि, स तं यातीति पूर्वेणैव संबन्धः । स तं परं पुरुषमुपैति दिव्यमिति परेण वा संबन्धः ॥ ९ ॥

फिर भी ध्येय और गन्तव्य पुरुषमें विशेषण देते हैं—'**कविमि**'त्यादिसे । कविम्-क्रान्तदर्शिनं सर्वज्ञं पुराणं चिरन्तनम्, इस विशेषणसे अतीत और अनागत अर्थात् भूत भावी तथा वर्तमान वस्तुदर्शी होनेसे सर्वज्ञ है । सर्व-कारण होनेसे अनादि है तथा सम्पूर्ण जगत्का अन्तर्यामी है । अणुसे भी छोटा क्योंकि उसका भी वह उपादान कारण हैं । सम्पूर्ण फलसमुदायका धारक है अर्थात् प्राणियोंको विभक्त करनेवाला है । इसमें प्रमाण 'फलमत उपपत्तेः' यह सूत्र है । अपरिच्छिन्न महिमा होनेसे उसका स्वरूपचिन्तन करनेके योग्य नहीं है सूर्यके समान सम्पूर्ण जगत्के प्रकाशनक्षम वर्ण है अर्थात् प्रकाश है जिसका सम्पूर्ण जगत्का प्रकाशक अतएव अन्धकारसे पर मोहान्धकार जो अज्ञानस्वरूप है उससे प्रकाशकस्वरूप होनेसे उसका विरोधी अतएव भिन्न है । जो कोई भी उसका ध्यान करेगा वह उसीमें जायगा यह पूर्व के साथ सम्बन्ध है । अथवा वह परम प्रकाश है परम प्रकाशरूप दिव्य पुरुषको प्राप्त करता है इस उत्तरके साथ सम्बन्ध करना ॥९॥

यदक्षरं वेदविदो वदन्ति विशन्ति यद्यतयो वीतरागाः।
यदिच्छन्तो ब्रह्मचर्यं चरन्ति तत्ते पदं संग्रहेण प्रवक्ष्ये ॥ ११ ॥

वैदिक विद्वान् जिस परमात्मा-परमपदको ॐकार शब्दसे कहते हैं और स्पृहारहित यत्नशील संन्यासी जिसमें प्रवेश करते हैं, और जिसकी इच्छा करनेवाले ब्रह्मचर्यका आचरण करते हैं, उस परम पदको तुम्हारे लिये संक्षेपसे कहूँगा ॥ ११ ॥

कदा तदनुस्मरणे प्रयत्नातिरेकोऽभ्यर्थ्यते ? तदाह—**'प्रयाणकाले'** इति । प्रयाणकाले-अन्तकाले अचलेन-एकाग्रेण मनसा तं पुरुषं योऽनुस्मरेदित्यनुवर्तते । कीदृशः ? भक्त्या-परमेश्वरविषयेण परमेण प्रेम्णा युक्तः-योगस्य-समाधेर्बलेन तज्जनिनसंस्कारसमूहेन व्युत्थानसंस्कारविरोधिना च युक्तः, एवं प्रथमं हृदयपुण्डरीके वशीकृत्य, तत ऊर्ध्वगामिन्या सुषुम्नया नाड्या गुरूपदिष्टमार्गेण भूमिजयक्रमेण भ्रुवोर्मध्ये-आज्ञाचक्रे प्राणमावेश्य-स्थापयित्वा सम्यगप्रमत्तो ब्रह्मरन्ध्रादुत्क्रम्य स एवमुपासकस्तं 'कविं पुराणमनुशासितारम्' इत्यादिलक्षणं परं पुरुषं दिव्यं द्योतनात्मकमुपैति-प्रतिपद्यते ॥ १० ॥

इदानीं येन केनचिदभिधानेन ध्यानकाले भगवदनुस्मरणे प्राप्ते—

'सर्वे वेदा यत्पदमामनन्ति तपांसि सर्वाणि च यद्वदन्ति ।
यदिच्छन्तो ब्रह्मचर्यं चरन्ति तत्ते पदं संग्रहेण ब्रवीम्योमित्येतत् ॥'

का० उ० १-२-१५-

किस समय उसके ध्यानके लिए विशेष प्रयत्न करना अपेक्षित है उसको कहते हैं—**'प्रयाणकाले'** से। प्रयाणकाल-मरणकालमें निश्चल एकाग्र मनसे उस पुरुषका जो अनुस्मरण करेगा 'अनुस्मरेत्' की यहाँ अनुवृत्ति है। कीदृश पुरुष स्मरण करे जो परमेश्वरविषयक उत्कृष्ट प्रेमसे युक्त है, समाधिके बलसे अर्थात् तदुत्पन्न संस्कारसमूहसे जो कि व्युत्थानसंस्कारका विरोधी है उससे युक्त। इस प्रकार प्रथम हृदयकमलमें श करके अनन्तर ऊर्ध्वगामी जो प्रसिद्ध सुषुम्ना नाड़ी है उससे गुरुकथितमार्गसे भूमिजय क्रमसे दोनों भ्रुवों के मध्यमें जो आज्ञाचक्र है उसमें प्राणको स्थापित कर प्रमादरहित होकर ब्रह्मरन्ध्रसे उत्क्रान्त होकर वह उपासक चिरन्तन कवि जो पूर्वोक्तलक्षण द्योतनात्मक प्रकाशात्मक दिव्य पुरुष है उसको प्राप्त होता है ॥ १० ॥

इस समय जिस किसी शब्दसे ध्यानकालमें भगवानका स्मरण प्राप्त होता है उसमें शब्दविशेषका नियम कहते हैं—'सर्वे वेदा यत्पदमामनन्ति' इत्यादि श्रुतिसे। इस श्रुतिसे प्रतिपादित ॐकाररूप प्रणवशब्दसे भगवान्‌का स्मरण चाहनेवाले ब्रह्मचर्य करते हैं, इसलिए उसी शब्दसे भगवान्‌का स्मरण करना

इत्यादिश्रुतिप्रतिपादितत्वेन प्रणवेनैवाभिधानेन तदनुस्मरणं कर्तव्यम् , नान्येन मन्त्रादिनेति नियन्तुमुपक्रमते—'**यदक्षरमि**'ति । यदक्षरम्-अविनाशि ओङ्काराख्यं ब्रह्म वेदविदो वदन्ति-'एतद्वै तदक्षरं गार्गि ! ब्राह्मणा अभिवदन्त्यस्थूलमनण्वह्रस्वमदीर्घम्' बृ० उ० ४-८-८ इत्यादिवचनैः सर्वविशेषनिवर्तनेन प्रतिपादयन्ति । न केवलं प्रमाणकुशलैरेव प्रतिपन्नम् , किंतु मुक्तोपसृप्यतया तैरप्यनुभूतमित्याह—'**विशन्ति**' इति । स्वरूपतया सम्यग्दर्शनेन यदक्षरं यतयो-यत्नशीलाः संन्यासिनः-वीतरागाः-निस्पृहाः । न केवलं सिद्धैरनुभूतम् , साधकानामपि सर्वोऽपि प्रयासस्तदर्थ इत्याह—'**यदिच्छन्तः**' इति । यदिच्छन्तः ज्ञातुं नैष्ठिका ब्रह्मचारिणः ब्रह्मचर्यम्-गुरुकुलवासादि तपश्चरन्ति यावज्जीवम् , तदक्षराख्यं पदं-पदनीयं ते-तुभ्यं सङ्ग्रहेण-संक्षेपेणाहं प्रवक्ष्ये-प्रकर्षेण कथयिष्यामि-यथा तव वोधो भवति, तथा । अतस्तदक्षरं कथं मया ज्ञेयमित्याकुलो मा भूरित्यभिप्रायः । अत्र च परस्य ब्रह्मणो वाचकरूपेण, प्रतिमावत् प्रतीकरूपेण 'यः पुनरेतं त्रिमात्रेण ओमित्यनेनैवाक्षरेण परं पुरुषमभिध्यायीत । स तमधिगच्छती' प्र० उ०५-५ त्यादिवचनैर्मन्दमध्यमबुद्धीनां क्रममुक्तिफलकमुपासनमुक्तम्, तदेवेहापि विवक्षितम् भगवता । अतः-योगधारणासहितमोङ्कारोपासनम् , तत्फलम्, स्वस्वरूपं ततोऽपुनरावृत्तिः, तन्मार्गश्चेत्यर्थजातमुच्यते यावदध्यायसमाप्ति ॥ ११ ॥

चाहिए दूसरे मन्त्रादिकों से नहीं । इसके नियम करनेका उपक्रम करते हैं—'**यदक्षरमि**'त्यादिसे । अक्षर अविनाशी ओंकार नामक जो ब्रह्म है ब्रह्मवेत्ता लोग कहते हैं—'एतद् वै तदक्षरं गार्गि !' इत्यादि वचनोंसे सम्पूर्ण विशेषधर्मोंकी निवृत्ति कर प्रतिपादन करते हैं केवल प्रमाण-निपुण पुरुषसे ही ज्ञात नहीं किन्तु जो मुक्ति चाहते है उनसे भी अनुभूत है यह कहते हैं—'विशन्ति'से । समीचीनज्ञान द्वारा यत्नशील संन्यासी वीतराग अर्थात् निःस्पृह जिसमें प्रविष्ट होते हैं केवल सिद्धोंको ही अनुभूत नहीं किन्तु साधकोंका सम्पूर्ण तत्प्रयास उसके लिए कहते हैं—'**यत्**' से । जिसकी इच्छा करनेवाले जाननेके लिए नैष्ठिक ब्रह्मचारी ब्रह्मचर्य-गुरुगृह वासादिरूप तप करते हैं जीवनपर्यन्त उस अक्षराख्य ज्ञेय पद को संक्षेपसे तुमसे कहेंगे जिससे तुमको पूरा बोध होगा, अतः उस अक्षरको मैं कैसे जानूँ इसमें व्याकुल मत होओ यह भगवानका अभिप्राय है। यहाँ पर परब्रह्मका वाचकरूपसे प्रतिमाके समान प्रतीक रूपसे भी जो त्रिमात्र इस ओंकार अक्षरसे परम-पुरुषका ध्यान करेगा वह उसको प्राप्त करता है इत्यादि वचनोंसे मन्द-मध्यम-बुद्धियोंका क्रममुक्तिफलक उपासना कही गई है वही यहाँ भी भगवानको विवक्षित है। अतः योगधारण-सहित ओंकारकी उपासना उसका तत्फल स्वस्वरूप अपुनरावृत्ति और उसका मार्ग इन अर्थ समुदायोंको अध्याय समाप्तिपर्यन्त कहते हैं ॥ ११ ॥

सर्वद्वाराणि संयम्य मनो हृदि निरुध्य च ।
मूर्ध्न्याधायात्मनः प्राणमास्थितो योगधारणाम् ॥ १२ ॥

सभी इन्द्रियोंके द्वारोंको रोककर और मनको हृदय-देशमें वृत्ति शून्यकर अपने प्राणको ब्रह्मरन्ध्रमें स्थापित कर आत्मविषयक समाधिरूप धारणाका आश्रयण करे ॥ १२ ॥

ओमित्येकाक्षरं ब्रह्म व्याहरन्मामनुस्मरन् ।
यः प्रयाति त्यजन्देहं स याति परमां गतिम् ॥ १३ ॥

जो पुरुष ओं इस एक अक्षर-स्वरूप ब्रह्मका उच्चारण करता हुआ और मुझको स्मरण करता हुआ देहको त्यागने वाला है वह परम गतिको प्राप्त करता है ॥ १३ ॥

तत्र 'प्रवक्ष्ये' इति प्रतिज्ञातमर्थं सोपकरणमाह द्वाभ्यां—'**सर्वद्वाराणी**'त्यादिना । सर्वाणीन्द्रियद्वाराणि-संयम्य-स्वस्वविषयेभ्यः प्रत्याहृत्य विषयदोषदर्शनाभ्यासात्तद्विमुखतामापादितैः श्रोत्रादिभिः शब्दादि विषयग्रहणमकुर्वन् । बाह्येन्द्रियनिरोधेऽपि मनसः प्रचारः स्यादित्यत आह—'**मनो हृदि निरुध्य चे**'ति । अभ्यास-वैराग्याभ्यां षष्ठे व्याख्याताभ्यां हृदयदेशे मनो निरुध्य, निर्वृत्तिकतामापाद्य च । अन्तरपि विषयचिन्तामकुर्वन्नित्यर्थः । एवं बहिरन्तरुपलब्धिद्वाराणि सर्वाणि संनिरुध्य, क्रियाद्वारं प्राणमपि सर्वतो निगृह्य, भूमिजयक्रमेण मूर्ध्न्याधाय-भ्रुवोर्मध्ये तदुपरि च गुरूपदिष्टमार्गेणावेश्यात्मनो योगधारणाम्-आत्मविषयसमाधिरूपां धारणामास्थितः । 'आत्मनः' इति देवतादिव्यावृत्त्यर्थम् ॥ १२ ॥

उसमें 'प्रवक्ष्ये' इस पूर्व-प्रतिज्ञात अर्थका सानुबन्ध (साधन सहित) दो श्लोकोंसे कहते हैं । सम्पूर्ण इन्द्रिय द्वारोंको अपने-अपने विषयों से अर्थात् विषयोंके दोष ज्ञानाभ्याससे तत्तत् विषयोंसे इन्द्रिय श्रोत्रादिकोंको विषयग्रहणसे पराङ्मुख की गई श्रोत्रादि इन्द्रियोंसे शब्दादि विषयोंको ग्रहण न करते हुये इसी प्रकार बाह्येन्द्रियनिरोधमें भी मनका प्रचार हो सकता है इस शंकासे कहते हैं 'मनः' से । हृदयमें मनको अभ्यास-वैराग्यसे जो छठें अध्यायमें व्याख्यात है उनसे मनको रोककर वृत्तिशून्य कर बाद भीतर भी विषय-चिन्ता न करे । इसी प्रकार बाहर-भीतर इन्द्रियोंको रोककर क्रियाका द्वारभूत प्राणको सब तरह रोककर भूमिजय क्रमसे शिरमें स्थापन कर भ्रुवोंके मध्यमें उसके ऊपर गुरु कथित मार्गसे आधान कर आत्मविषयक समाधिरूप धारणा का आश्रित हो । देवतादि व्यावृत्त्यर्थ 'आत्मनः' कहा ॥ १२ ॥

'ओमि'ति। ग्रोमित्येकम् ग्रक्षरम्, ब्रह्मवाचकत्वात्, प्रतिमावद् ब्रह्मप्रतीकत्वाद्वा। ब्रह्म व्याहरन्-उच्चरन् । 'ग्रोमिति व्याहरन्नित्येतावतैव निर्वाहे एकाक्षरमित्यनायासकथनेन स्तुत्यर्थम् । ग्रोमिति व्याहरन् । एकाक्षरम्-एकमद्वितीयमक्षरमविनाशि-सर्वव्यापकं ब्रह्म माम्, ग्रोमित्यस्यार्थं स्मरन्निति वा । तेन प्रणवं जपंस्तदभिधेयभूतञ्च मां चिन्तयन् मूर्धन्यया नाड्या देहं त्यजन् यः प्रयाति, स याति देवयानमार्गेण ब्रह्मलोकं गत्वा तद्भोगान्ते परमां-प्रकृष्टां गतिं-मद्रूपाम् । ग्रत्र पतञ्जलिना 'तीव्रसंवेगानामासन्नः' (समाधिलाभः) १-२१-इत्युक्त्वा, 'ईश्वरप्रणिधानाद्वा' १-२३ इत्युक्तम् । ईश्वरप्रणिधानं च व्याख्यातम्—'तस्य वाचकः प्रणवः' १-२७-२८ 'तज्जपस्तदर्थभावनम्' २-४५ इति । 'समाधिसिद्धिरीश्वरप्रणि-धानात्' इति च । इह तु साक्षादेव ततः परमगतिलाभ इत्युक्तम् । तस्मादविरोधाय 'ग्रोमि-त्येकाक्षरं ब्रह्म व्याहरन्मामनुस्मरन्' ग्रात्मनो योगधारणामास्थित इति व्याख्येयम् , विचित्र-फलत्वोपपत्तेर्वा न विरोधः ॥ १३ ॥

ॐमित्येकमक्षरम्' यहाँ ॐशब्द ब्रह्मवाचक है, ग्रथवा प्रतिमा (मूर्ति) के समान ब्रह्मका प्रतीक होनेसे, ब्रह्म ॐ को कहते हैं। वैयाकरण वाच्यवाचकका ग्रभेद मानते हैं, शास्त्र तथा लोकमें 'गौरिति शब्दः, गौरि-त्यर्थः; शब्द ग्रर्थको एक ही पदसे कहते हैं ग्रतः ब्रह्मवाचक ॐ ब्रह्म है। ग्रथवा विष्णुप्रतिमाको जैसे विष्णु कहते हैं वैसा ही प्रकृतमें ब्रह्मका प्रतीक ॐ ब्रह्म है उसका उच्चारण करता हुग्रा, ॐ का उच्चारण करता हुग्रा इतना कहनेसे ही ग्रर्थ सिद्ध हो जाता है। एकाक्षर यह ग्रनायास कथनसे स्तुत्यर्थ है, एक ग्रक्षरके उच्चारणमें स्वल्प श्रम है। ॐ का उच्चारण करता हुग्रा एकाक्षर ग्रद्वितीय ग्रविनाशी सर्वव्यापक ब्रह्म मुझको स्मरण करता हुग्रा ग्रथवा तदर्थ स्मरण करता हुग्रा यह भी ग्रर्थ है,। इससे प्रणवका जप तथा तदर्थ मेरा स्मरण करता हुग्रा मूर्द्धन्यनाडीसे देहका त्याग करता हुग्रा जो पुरुष जाता है। देवयान मार्गसे ब्रह्मलोक जाकर तल्लोकभोग भोगनेके ग्रनन्तर मेरे स्वरूप प्रकृष्टगतिको प्राप्त करता है। यहाँ पर पतंजलि ने लिखा है—'तीव्रसंवेगानामासन्नः' [समाधिलाभः] यह कहकर 'ईश्वरप्रणिधानाद्वा' यह कहा योग सूत्र का ग्रर्थ प्रणिधानकी व्याख्या कर चुके हैं। 'तस्य वाचकः प्रणवः' 'तज्जपस्तदर्थभावनम्' इति, 'समाधि-सिद्धिरीश्वरप्रणिधानात्' इन सबोंका भी व्याख्यान हो चुका है यहाँ तो साक्षात् ही उससे परमगतिका लाभ होता है यह कहा, ग्रतः ग्रविरोध के लिए ॐ मित्येकाक्षर ब्रह्मका उच्चारण करता हुग्रा मेरा स्मरण करता हुग्रा 'ग्रात्मनः योगधारणामास्थितः' ऐसा व्याख्यान करना चाहिए। ग्रथवा विचित्रफलोत्पत्तिसे भी विरोधका परिहार करना ॥ १३ ॥

अनन्यचेताः सततं यो मां स्मरति नित्यशः ।
तस्याऽहं सुलभः पार्थ ! नित्ययुक्तस्य योगिनः ॥ १४ ॥

हे अर्जुन ! अनन्य चित्तवाला जो मनुष्य यावज्जीवन निरन्तर मेरा स्मरण करता है, उस निरन्तर समाहित योगी के लिये मैं सुलभ हूँ ॥ १४ ॥

य एवं वायुनिरोधवैधुर्येण भ्रुवोर्मध्ये प्राणमावेश्य मूर्धन्यया नाड्या देहं त्यक्तुं स्वेच्छया न शक्नोति, किंतु कर्मक्षयेणैव परवशो देहं त्यजति, तस्य किं स्यादिति तदाह–**'अनन्यचेताः'** इति । न विद्यते मदन्यविषये चेतो यस्य, सोऽनन्यचेताः सततं-निरन्तरं नित्यशो यावज्जीवं यो मां स्मरति-तस्य स्ववशतया, परवशतया वा देहं त्यजतोऽपि नित्य-युक्तस्य-सततसमाहितचित्तस्य योगिनः सुलभः-सुखेन लभ्योऽहं परमेश्वरः इतरेषामतिदुर्ल-भोऽपि । हे पार्थ ! तवाहमतिसुलभः, मा भैषीरित्यभिप्रायः । अत्र तस्येति षष्ठी शेषे-संबन्ध-सामान्ये, कर्तरि 'न लोक' इत्यादिना निषेधात् । अत्र चानन्यचेतस्त्वेन सत्कारोऽत्यादरः, सततमिति नैरन्तर्यम् , 'नित्यशः' इति दीर्घकालत्वं स्मरणस्योक्तम् । तेन 'स तु दीर्घकालनै-रन्तर्यसत्कारासेवितो दृढभूमिरि'१-१४ति पातञ्जलं मतमनुमतं भवति । तत्र सततमित्यभ्यासः उक्तोऽपि स्मरणपर्यवसायी । तेन यावज्जीवं प्रतिक्षणं विक्षेपान्तरशून्यतया भगवदनुचिन्तनमेव परमगतिहेतुः, मूर्धन्यया नाड्या तु स्वेच्छया प्राणोत्क्रमणं भवतु, न वेति नातीवाग्रहः ॥ १४ ॥

जो उक्त प्रकारसे वायुनिरोधमें असमर्थ तथा भ्रुवोंके मध्यमें प्राण चढ़ाकर मूर्द्धन्यनाड़ीसे स्वेच्छासे देहत्याग करनेमें समर्थ नहीं है किन्तु कर्मक्षय होने पर परवश होकर देहत्याग करता है उसको क्या होगा यह कहते हैं—**'अनन्यचेताः'** से । मुझसे अतिरिक्त विषयमें जिसका चित्त नहीं रहता वह पुरुष अनन्यचेता है । सदा यावज्जीवन जबतक जीता है मेरा ही स्मरण करता है उस स्वेच्छासे अथवा परेच्छासे शरीरत्याग करनेवालेको मैं सुलभ हूँ क्योंकि वह नित्य समाहित योगी है अतः सुखसे लभ्य हूँ इतरको दुर्लभ होने पर भी । हे पार्थ ! तुमको मैं अतिसुलभ हूँ मत डरो यह अभिप्राय भगवान्का है । यहाँ पर 'तस्य' यह षष्ठी शेष-में (सम्बन्धसामान्य में) है कर्तामें 'न लोकाव्यय' इत्यादि सूत्र षष्ठीका निषेध करता है । अनन्यचित्तत्वसे अति आदररूप सत्कार नैरन्तर्यसे दीर्घकालत्व स्मरणमें कहा, इससे 'स तु दीर्घकाल' इत्यादि सूत्रानुसारि है उस मतका अनुसरण है । उसमें 'सततं इससे अभ्यासका परामर्श है स्मरणका नहीं तथापि स्मरणपर्यवसायी अभ्यास इष्ट है इससे जीवनपर्यन्त प्रतिक्षण विषयान्तरशून्य मनसे भगवानका चिन्तन ही परमगतिका हेतु है । मूर्द्धन्यनाडीद्वारा स्वेच्छासे प्राणोत्क्रमण हो अथवा न हो उक्त नाड़ी द्वारा उत्क्रमण में अधिक आग्रह नहीं ॥ १४ ॥

मामुपेत्य पुनर्जन्म दुःखालयमशाश्वतम् ।
नाप्नुवन्ति महात्मानः संसिद्धिं परमां गताः ॥ १५ ॥

परमसिद्धिको प्राप्त हुये महात्मागण मुझको प्राप्तकर दुःखके स्थानरूप एवं नश्वर पुनर्जन्मको नहीं प्राप्त करते हैं ॥ १५ ॥

आब्रह्मभुवनाल्लोकाः पुनरावर्तिनोऽर्जुन ! ।
मामुपेत्य तु कौन्तेय ! पुनर्जन्म न विद्यते ॥ १६ ॥

हे अर्जुन ! ब्रह्मलोक पर्यन्त सभी लोक पुनः पुनः आवर्तनशील हैं । हे कुन्तीपुत्र ! मुझको प्राप्त करनेवालेका पुनर्जन्म नहीं होता है ॥ १६ ॥

भगवन्तं प्राप्ताः पुनरावर्तन्ते न वेति संदेहे, नावर्तन्त इत्याह—'**मामुपेत्य पुनरि**'ति । माम्-ईश्वरं प्राप्य पुनर्जन्म-मनुष्यादिदेहसंबन्धं, कीदृशं ? दुःखालयम्-गर्भवासयोनिद्वारनिर्गमनाद्यनेकदुःखस्थानम् । अशाश्वतम्-अस्थिरं दृष्टनष्टप्रायं नाप्नुवन्ति-पुनर्नावर्तन्त इत्यर्थः । यतः महात्मानः-रजस्तमोमलरहितान्तःकरणाः शुद्धसत्त्वाः समुत्पन्नसम्यग्दर्शना मल्लोकभोगान्ते परमाम्-सर्वोत्कृष्टां संसिद्धि-मुक्तिं गतास्ते । अत्र 'मां प्राप्य सिद्धिं गताः' इति वदतोपासकानाम् क्रममुक्तिर्दर्शिता ॥ १५ ॥

भगवन्तमुपगतानां सम्यग्दर्शिनामपुनरावृत्तौ कथितायाम्, ततो विमुखानामसम्यग्दर्शिनाम् पुनरावृत्तिरर्थसिद्धेत्याह—'**आब्रह्मभुवनादि**'ति । आब्रह्म भुवनात्-भवन्त्यत्र भूतानीति भुवनम्-लोकः । अभिविधावाकारः । ब्रह्मलोकेन सह सर्वेऽपि लोकाः मद्विमुखानामसम्यग्दर्शिनां भोगभूमयः पुनरावर्तिनः-पुनरावर्तनशीलाः । ब्रह्मभवनादिति पाठे भवनं-वासस्थानमिति, स एवार्थः ।

भगवत्प्राप्ति होने पर फिर संसारमें आना पड़ता है या नहीं इस सन्देहमें नहीं आना पड़ता है ऐसा कहते हैं—'**मामुपेत्य पुनरि'ति** से । मुझ ईश्वरको प्राप्तकर फिर जन्म नहीं लेते, जन्मका विशेषण कहते हैं—दुःखालय-दुःखोंका गृह आश्रय, गर्भमें निवास योनिद्वारसे निकलना ही अनेक दुःखोंका स्थान, अनित्य, दृष्ट-नष्ट-प्राय-देखा गया नष्ट हुआ (स्वप्नोपम) एवं भूत मनुष्यादि देहके सम्बन्धको नहीं पाते । इसमें हेतु कहते हैं—महान् है आत्मा अन्तःकरण जिनका रजस्तमःशून्य शुद्धसत्त्वगुणोपचितान्तःकरण अतएव संजाततत्त्वज्ञान मदीयलोकके भोगकी समाप्तिमें सर्वोत्कृष्ट संसिद्धि अर्थात् मुक्तिको प्राप्त करते हैं । यहाँ पर 'मां प्राप्य सिद्धिं गताः' इस कथनसे उपासकोंको क्रम मुक्ति दिखलाई गई है ॥ १५ ॥

भगवानके शरणागत तत्त्वज्ञानियोंकी पुनरावृत्ति नहीं होती इसके कहने पर भगवानसे विमुख जो अतत्त्वज्ञानी हैं इनकी पुनरावृत्ति अर्थतः सिद्ध है यह कहते हैं—'**आब्रह्मभुवनात्**' इत्यादिसे । जिसमें भूत,

हे अर्जुन-स्वतः प्रसिद्धमहपौरुष ! किं तद्वदेव त्वां प्राप्तानामपि पुनरावृत्तिर्नेत्याह—'**मामि**'ति । मामीश्वरमेकमुपेत्य 'तु' शब्दो लोकान्तरवैलक्षण्यद्योतनार्थः, अवधारणार्थो वा । मामेव प्राप्य निर्वृतानां हे कौन्तेय ! मातृतोऽपि प्रसिद्धमहानुभाव ! पुनर्जन्म न विद्यते-पुनरावृत्तिर्नास्तीत्यर्थः । अत्रार्जुन-कौन्तेयेति संबोधनद्वयेन स्वरूपतः कारणतश्च शुद्धिर्ज्ञानसंपत्तये सूचिता ।

अत्रेयं व्यवस्था-ये क्रममुक्तिफलाभिरुपासनाभिर्ब्रह्मलोकं प्राप्ताः, तेषामेव तत्रोत्पन्नसम्यग्दर्शनानां ब्रह्मणा सह मोक्षः । ये तु पञ्चाग्निविद्यादिभिरतत्क्रतवोऽपि तत्र गताः, तेषामवश्यंभावि पुनर्जन्म । अतएव क्रममुक्त्यभिप्रायेण 'ब्रह्मलोकमभिसंपद्यते, नच पुनरावर्तते' छा. उ. ८-१५-१ 'अनावृत्तिः शब्दात्' ४-४-१ इति श्रुति-सूत्रयोरुपपत्तिः । इतरत्र तेषामिह न पुनरावृत्तिः 'इमं मानवमावर्तं नावर्तन्ते' इति 'इह, इमं' इति च विशेषणाद्गमनाधिकरणकल्पादन्यत्र पुनरावृत्तिः प्रतीयते ॥ १६ ॥

प्राणी उत्पन्न होते हैं वह भुवन लोक कहाता है 'आब्रह्म'में आकार 'अभिविधिमें है । ब्रह्मलोकके साथ सब लोक भगवद् विमुख अतत्त्वज्ञानियोंके भोगभूमि और पुनरावर्ती अर्थात् बार-बार आनेवाली है 'आब्रह्मभवनात्' यदि यह पाठ है तो भवनका वासस्थान अर्थ है । अर्थ वही है जो कह चुके हैं । हे अर्जुन ! स्वतः सिद्ध महापराक्रम ।

प्रश्न—क्या वैसे ही आपको प्राप्तकरने वालेकी फिर आवृत्ति नहीं होती है ?

उत्तर—नहीं, एक ईश्वर मुझको प्राप्त कर आवृत्ति नहीं होती है । 'तु' शब्द लोकान्तरविलक्षणतासूचनार्थ अथवा अवधारणार्थ (निश्चयार्थ) है । द्वितीय अर्थ मुझको ही प्राप्तकर कृतकृत्य होनेवाले हे कौन्तेय ! मातृ-कुलसे भी प्रसिद्ध महानुभाव फिर जन्म नहीं होता पुनरावृत्ति नहीं होती यह अभिप्राय है । अर्जुन ! कौन्तेय ! इन दो सम्बोधनोंसे स्वरूपसे और हेतुसे शुद्धि ही ज्ञानोत्पत्तिके लिए आवश्यक है यह सूचित किया ।

यहाँ पर यह व्यवस्था है जो लोग क्रममुक्तिफल देनेवाली उपासनासे ब्रह्मलोक प्राप्त करते हैं उन्हींको ब्रह्मलोकमें तत्त्वज्ञानोत्पत्ति होनेसे ब्रह्मके साथ मोक्ष होता है, जो पञ्चाग्निविद्यादिसे ब्रह्मलोक प्राप्त करते हैं वे अतत्क्रतु होनेसे अर्थात् उस संकल्पके रहित हैं उनका अवश्यम्भावी पुनर्जन्म है । अतएव क्रममुक्तिके अभिप्रायसे 'ब्रह्मलोकमभिसंपद्यते, नच पुनरावर्तते' इन श्रुति-सूत्रोंकी उपपत्ति होती है । अन्यत्र ब्रह्मलोक प्राप्तको पुनरावृत्ति नहीं होती 'इममानवमावर्तं न आवर्तन्ते' 'इह, इमम्' इस विशेषणसे गमनाधिकरण कल्पसे अन्यत्र पुनरावृत्ति प्रतीत होती है ॥ १६ ॥

---

१. व्याप्ति ।

सहस्रयुगपर्यन्तमहर्यद्ब्रह्मणो विदुः ।
रात्रिं युगसहस्रान्तां तेऽहोरात्रविदो जनाः ॥ १७ ॥

चारों युगोंके एक हजार बार घूमनेकी अवधि तक ब्रह्माके एक दिनको तथा चारों युगोंके एक हजार बार घूमनेकी अवधि तक ब्रह्माकी एक रात्रिको जो जानते हैं, वे योगीजन अहोरात्रको तत्त्वसे जाननेवाले हैं ॥ १७ ॥

अव्यक्ताद्व्यक्तयः सर्वाः प्रभवन्त्यहरागमे ।
रात्र्यागमे प्रलीयन्ते तत्रैवाव्यक्तसंज्ञके ॥ १८ ॥

ब्रह्माके दिनके आनेके समय अव्यक्त अर्थात् स्वापावस्थावाले ब्रह्मा या ब्रह्माके सूक्ष्म शरीरसे सभी विषय आदि (भोगसाधक) उत्पन्न होते हैं। तथा ब्रह्माकी रात्रिके समय उसी अव्यक्त नामक ब्रह्माके सूक्ष्म शरीरमें या स्वापावस्थ ब्रह्मामें विलीन हो जाते हैं ॥ १८ ॥

ब्रह्मलोकसहिताः सर्वे लोकाः पुनरावर्तिनः, कस्मात् ? कालपरिच्छिन्नत्वादित्याह— '**सहस्रे**'ति । मनुष्यपरिमाणेन सहस्रयुगपर्यन्तं-सहस्रं युगानि-चतुर्युगानि पर्यन्तोऽवसानं यस्य, तत् । 'चतुर्युगसहस्रं तु ब्रह्मणो दिनमुच्यते' इति हि पौराणिकं वचनम् । तादृशं ब्रह्मणः-प्रजापतेरहर्दिनं यत् ये विदुः । तथा रात्रिं युगसहस्रान्तां चतुर्युगसहस्रपर्यन्तां ये विदुरित्यनुवर्तते, तेऽहोरात्रविदः—त एवाहोरात्रविदो योगिनो जनाः । ये तु चन्द्रार्कगत्यैव विदुः, ते नाऽहोरात्रविदः, स्वल्पदर्शित्वादित्यभिप्रायः ॥ १७ ॥

यथोक्तैरहोरात्रैः पक्ष-मासादिगणनया पूर्णं वर्षशतं प्रजापतेः परमायुरिति कालपरिच्छिन्नत्वेनानित्योऽसौ, तेन तल्लोकात्पुनरावृत्तिर्युक्तैव । ये तु ततोऽर्वाचीनाः, तेषां तदहर्मात्र-

---

ब्रह्मलोक सहित सब लोक क्यों पुनरावर्ती है इसमें हेतु कहते हैं '**सहस्रेति**' से । कालपरिच्छिन्नत्वात् मनुष्य परिमाणसे हजार युग पर्यन्त-चारों युगोंका हजार बार आनेसे चतुर्युगसहस्र होता है वहीं ब्रह्माका एक दिन कहा जाता है। 'चतुर्युगसहस्रन्तु ब्रह्मणो दिनमुच्यते' यह पौराणिक वचन है। प्रजापत्ति ब्रह्माका चार हजार युग पर्यन्त दिन जो जानते हैं तथा चतुर्युगको एक सहस्र पर्यन्त उनकी रात्रिको जो जानते हैं वे ही अहोरात्रविदः, अर्थात् ब्रह्माके दिन और रात्रिके जाननेवाले योगीजन हैं। जो सूर्य और चन्द्रमाकी गतिसे ही काल जानते हैं वे अल्पज्ञ होनेसे ब्रह्माके अहोरात्रको नहीं जानते यह अभिप्राय है ॥ १७ ॥

पूर्वोक्त अहोरात्रसे पक्ष मास आदि गिनतीसे पूर्ण सौ वर्ष ब्रह्माकी परमायु है। अर्थात् पन्द्रह दिनोंकी एक पक्ष, दो पक्षोंका एक मास और बारह मासोंका एक वर्ष होता है। हम लोगोंके पक्ष मास वर्षके समान ही प्रजापपिका भी पक्ष मास वर्ष है, भेद केवल इतना है कि हम लोगोंका दिन और रात सूर्य-चन्द्रकी गतिसे

भूतग्रामः स एवायं भूत्वा भूत्वा प्रलीयते।
रात्र्यागमेऽवशः पार्थ ! प्रभवन्त्यहरागमे ॥ १९ ॥

हे अर्जुन ! स्थावरजङ्गमरूप वही भूतसमुदाय बार-बार उत्पन्न होकर प्रकृतिके वशीभूत हुआ रात्रिके प्रवेश-कालमें विलीन हो जाता है और दिनके प्रवेशकालमें उत्पन्न हो जाता है ॥ १९ ॥

परिच्छिन्नत्वात्तत्तल्लोकेभ्यः पुनरावृत्तिरिति किमु वक्तव्यमित्याह—'अव्यक्तादि'ति। अत्र दैनन्दिनसृष्टि-प्रलययोरेव वक्तुमुपक्रान्तत्वात्, तत्र चाकाशादीनां सत्त्वादव्यक्तशब्देनाऽव्याकृता अवस्था नोच्यते, किंतु प्रजापतेः स्वापावस्थैव। स्वापावस्थः प्रजापतिरिति यावत्। अहरागमे-प्रजापतेः प्रबोधसमये अव्यक्तात्-तत्स्वापावस्थारूपाद्व्यक्तयः-शरीरविषयादिरूपा भोगभूमयः प्रभवन्ति-व्यवहारक्षमतयाऽभिव्यज्यन्ते। रात्र्यागमे-तस्य स्वापकाले पूर्वोक्ताः सर्वा अपि व्यक्तयः प्रलीयन्ते-तिरोभवन्ति, यत आविर्भूताः, तत्रैवाव्यक्तसंज्ञके-कारणे प्रागुक्ते स्वापावस्थे प्रजापतौ ॥ १८ ॥

एवमाशु विनाशित्वेऽपि संसारस्य न निवृत्तिः, क्लेशकर्मादिभिरवशतया पुनः पुनः प्रादुर्भावात्, प्रादुर्भूतस्य पुनः क्लेशादिवशेनैव तिरोभावात्, संसारे विपरिवर्तमानानां सर्वेषा-मपि प्राणिनामस्वातन्त्र्यादवशानामेव जन्ममरणादिदुःखप्रबन्धसंबन्धादलमनेन संसारेणेति-

---

होती है और उनकी दिन-रात्रि चतुर्युगसहस्रसे होती है। उक्त रीतिसे कालपरिच्छिन्न होनेसे वह भी अनित्य है। इससे उस लोकसे पुनरावृत्ति उचित ही है। जो उनसे न्यून है उनके दिनमात्रसे परिच्छिन्न होनेसे तत्तल्लोकसे पुनरावृत्ति होनेमें कहना ही क्या है। यहाँ प्रतिदिन सृष्टि प्रलयको कहनेका उपक्रम है उसमें आकाशादि रहते हैं अतः अव्यक्त शब्दसे अव्यक्तावस्था नहीं कहते हैं किन्तु प्रजापतिकी स्वापकी अवस्था ही कहते हैं। प्रजापति स्वापकी अवस्थामें हैं यह तात्पर्य है। दिन होनेमें अर्थात् प्रजापतिके जागनेके समय अव्यक्तसे जो उस प्रजापतिकी स्वापावस्था है उससे शरीर विषयादिरूप भोगभूमियाँ उत्पन्न होती हैं अर्थात् व्यवहारयोग्य होनेसे अभिव्यक्त होती हैं। रात्रि के आने में अर्थात् प्रजापतिके स्वापकालमें सम्पूर्ण व्यक्तियाँ प्रलीन हो जाती हैं, जिससे व्यक्त हुई हैं वही प्रागुक्त अव्यक्तसंज्ञक कारण में जो कि स्वापावस्थ-प्रजापति हैं उसीमें लीन होती हैं ॥ १८ ॥

इस प्रकार शीघ्र विनाशी होने पर भी संसारकी निवृत्ति नहीं होती है। विवश होकर क्लेशकर्मादिसे पुनः पुनरभिव्यक्ति और अभिव्यक्तका पुनः क्लेशादिवश स्वकारणमें लय होता है। संसारमें होनेवाले सम्पूर्ण प्राणिवर्ग का अस्वतन्त्र होनेसे विवशका ही जन्म-मरणादि दुःखप्रवाह सम्बन्ध होता है अतः यह

परस्तस्मात्तु भावोऽन्योऽव्यक्तोऽव्यक्तात्सनातनः ।
यः स सर्वेषु भूतेषु नश्यत्सु न विनश्यति ॥ २० ॥

उस हिरण्यगर्भ अव्यक्तसे अतिरिक्त या श्रेष्ठ सनातन अव्यक्त जो भाव है वह सब भूतोंके नष्ट होनेपर भी नष्ट नहीं होता ॥ २० ॥

वैराग्योत्पत्त्यर्थं समाननामरूपत्वेन च पुनः पुनः प्रादुर्भावात्, कृतनाशाकृताभ्यागमपरिहारार्थ-माऽऽह—'**भूतग्रामः**' इति । भूतग्रामः-भूतसमुदायः स्थावरजङ्गमलक्षणो यः पूर्वस्मिन्कल्पे स्थितः, स एवायमेतस्मिन् कल्पे जायमानोऽपि, न तु प्रतिकल्पमन्यः, अन्यश्च, असत्कार्यवादान-भ्युपगमात् ,

'सूर्याचन्द्रमसौ धाता यथापूर्वमकल्पयत् ।
दिवं च पृथिवीं चान्तरिक्षमथो स्वः ॥' ऋ० सं० १०-१९०-३

इति श्रुतेः, 'समाननामरूपत्वादावृत्तावप्यविरोधो दर्शनात् स्मृतेश्च' वे. द. १-३-३५ इति न्यायाच्च । 'अवशः' इत्यविद्याकामकर्मादिपरतन्त्रः । हे पार्थ ! स्पष्टमितरत् ॥ १९ ॥

एवमवशानामुत्पत्ति-विनाशप्रदर्शनेन 'आब्रह्मभुवनाल्लोकाः पुनरावर्तिनः' इत्येतद्व्या-ख्यातम् । अधुना 'मामुपेत्य पुनर्जन्म न विद्यते' इत्येतद्व्याचष्टे द्वाभ्यां—'**परस्तस्मात्त्वि**'**ति** । तस्मात्-चराचरस्थूलप्रपञ्चकारणभूताद्धिरण्यगर्भाख्यादव्यक्तात् परः-व्यतिरिक्तः, श्रेष्ठो वा तस्यापि कारणभूतः । व्यतिरेकेऽपि सालक्षण्यं स्यादिति, नेत्याह '**अन्यः**' **इति** । अन्यः-अत्यन्त-

---

संसार व्यर्थ है इस प्रकार वैराग्योत्पादनके लिए समान नामरूपसे पुनः पुनः उत्पत्ति लयादि तथा कृतनाश अकृताभ्यागम-किये गये कर्मके फलका नाश-नहीं किये गये कर्मके फलकी प्राप्ति परिहारके लिए कहते हैं—'**भूतग्रामः**' से । भूतग्राम-भूतसमुदाय स्थावर जङ्गम लक्षण जो पूर्वकल्पमें था वही इस नये कल्पमें अभिव्यक्त होता है प्रतिकल्पमें कल्पभेदसे संसार भिन्न-भिन्न नहीं होता क्योंकि असत् कार्यवादको स्वीकार नहीं करते जो चीज नहीं है वह नवीन नहीं होती । 'सूर्याचन्द्रमसौ धाता यथापूर्वमकल्पयत्' इत्यादि श्रुति उक्तार्थमें प्रमाण है । 'समाननामरूपत्वादावृत्तावाप्यविरोधो दर्शनात् स्मृतेश्च' यह न्याय है । 'अवशः' इससे अविद्या काम-कर्मादि पराधीन संसार है, हे पार्थ अर्जुन ! अन्य स्पष्ट है ॥ १९ ॥

इस प्रकार अवश पराधीनोंके उत्पत्ति विनाश प्रदर्शनसे 'आब्रह्मभुवनाल्लोकाः पुनरावर्तिनः' यह श्लोक व्याख्यात हुआ । अब 'मामुपेत्य पुनर्जन्म न विद्यते' इसका व्याख्यान दो श्लोकोंसे करते हैं 'परः' इससे । तस्मात् चर अचर स्थूल संसारका कारण हिरण्यगर्भाख्य अव्यक्तसे पर अतिरिक्त अथवा श्रेष्ठ उसका

अव्यक्तोऽक्षर इत्युक्तस्तमाहुः परमां गतिम् ।
यं प्राप्य न निवर्तन्ते तद्धाम परमं मम ॥ २१ ॥

जो अव्यक्त अक्षर ऐसा कहा गया है उसको परम गति अर्थात् परमानन्दरूप पुरुषार्थविश्रान्ति कहते हैं। जिस भावको प्राप्त कर पुरुष पुनः लौटते नहीं हैं वह मेरा परम धाम है ॥ २१ ॥

विलक्षणः 'न तस्य प्रतिमा अस्ति' मा. सं. अ. ३२. मं.३ इति श्रुतेः । अव्यक्तः-रूपादिहीनतया चक्षुराद्यगोचरो भावः-कल्पितेषु सर्वेषु कार्येषु सद्रूपेणानुगतः । अत एव सनातनः-नित्यः । 'तु' शब्दः हेयादनित्यादव्यक्तादुपादेयत्वं नित्यस्याव्यक्तस्य वैलक्षण्यं सूचयति । एतादृशो यो भावः, स हिरण्यगर्भ इव सर्वेषु भूतेषु नश्यत्स्वपि न विनश्यति, उत्पद्यमानेष्वपि नोत्पद्यत इत्यर्थः । हिरण्यगर्भस्य तु कार्यस्य भूताभिमानित्वात्तदुत्पत्तिविनाशाभ्यां युक्तावेवोत्पत्तिविनाशौ, न तु तदनभिमानिनः-अकार्यस्य परमेश्वरस्येति भावः ॥ २० ॥

यो भाव 'इहाव्यक्तः' इति, अक्षरः इति चोक्तः, अन्यत्रापि श्रुतिषु स्मृतिषु च तं भावमाहुः। श्रुतयः स्मृतयश्च 'पुरुषान्न परं किञ्चित्सा काष्ठा सा परा गतिः' इत्याद्याः । परमाम्-उत्पत्ति-विनाशशून्यस्वप्रकाशपरमानन्दरूपां गतिं पुरुषार्थविश्रान्तिम् । यं भावं प्राप्य न पुनः निवर्तन्ते

कारणभूत है। अतिरिक्त पक्ष में भी समानरूपता क्या है ? 'नेत्याह' अर्थात् नहीं हैं। अत्यन्त विलक्षण जिसका सादृश्य नहीं है। अतएव 'न तस्य प्रतिमाऽस्ति' यह श्रुति है। अव्यक्त-रूपादिसे शून्य होनेसे चक्षुरादिका अविषय भाव कल्पित सब कार्योंमें सद्रूपसे अनुगत है अतएव सनातन नित्य है। 'तु' शब्द हेय अनित्य, तथा अव्यक्तसे नित्य अव्यक्तकी उपादेयता वैलक्षण्य सूचित करता है। इस तरहका जो भाव है वह हिरण्यगर्भके समान सब भूतोंके नाश होनेपर भी नष्ट नहीं होता उत्पन्न होने पर भी उत्पन्न नहीं होता यह अर्थ है। हिरण्यगर्भ तो कार्य भूताभिमानी होनेसे तदुत्पत्ति और विनाशसे युक्त ही है अतः उत्पत्तिमान् विनाशी है। उसका अनभिमानी अकार्य परमेश्वरका उत्पत्ति और विनाश नहीं ॥ २० ॥

जिस भावको यहां अव्यक्त और अक्षर कहा गया है अन्यत्र श्रुति स्मृतियोंमें भी उस भावको अव्यक्त और अक्षर कहा गया है। श्रुति स्मृतियां हैं—'पुरुषान्न परं किचित् सा काष्ठा सा परागतिः' उत्पत्तिविनाशसे शून्य स्वप्रकाश परमानन्दरूप पुरुषार्थकी विश्रान्ति परम गति हैं[1] । जिस भावको प्राप्त कर

१. इस श्रुतिका अर्थ २-१७ श्लोक व्याख्या पृष्ठ संख्या १५१ में देखिए ।

पुरुषः स परः पार्थ ! भक्त्या लभ्यस्त्वनन्यया ।
यस्यान्तःस्थानि भूतानि येन सर्वमिदं ततम् ॥ २२ ॥

हे अर्जुन ! जिस परमात्माके अन्तर्भूत सभी कार्य हैं और जिस परमात्मासे सम्पूर्ण कार्यसमूह व्याप्त है वह परमपुरुष अनन्य भक्तिसे प्राप्त होने योग्य है ॥ २२ ॥

संसाराय, तद्धाम-स्वरूपं मम-विष्णोः परम्, सर्वोत्कृष्टम् । 'मम धाम' इति 'राहोः शिरः' इतिवद् भेदकल्पनया षष्ठी, अतोऽहमेव परमा गतिरित्यर्थः ॥ २१ ॥

इदानीम् 'अनन्यचेताः सततं यो मां स्मरति नित्यशः । तस्याऽहं सुलभः' इति प्रागुक्तं भक्तियोगमेव तत्प्राप्त्युपायमाह—**'पुरुषः'** इति । स परः-निरतिशयः पुरुषः परमात्माऽहमेव । अनन्यया-न विद्यतेऽन्यो विषयो यस्याम्, तया प्रेमलक्षणया भक्त्यैव लभ्यः, नान्यया । स कः ? इत्यपेक्षायामाह—**'यस्ये'ति** । यस्य-पुरुषस्यान्तःस्थानि-अन्तर्वर्तीनि भूतानि-सर्वाणि कार्याणि, कारणान्तर्वर्तित्वात्कार्यस्य । अत एव येन-पुरुषेण सर्वमिदं-कार्यजातं ततम्-व्याप्तम्, 'यस्मात्परं नाऽपरमस्ति किञ्चिद्यस्मान्नाणीयो न ज्यायोऽस्ति कश्चित् । वृक्ष एव स्तब्धो दिवि तिष्ठत्येकस्तेनेदं पूर्णं पुरुषेण सर्वम्' म० ना० उ० १-११ ।१ 'यच्च किञ्चिज्जगत्सर्वं दृश्यते श्रूयतेऽपि वा, अन्तर्बहिश्च तत्सर्वं व्याप्य नारायणः स्थितः' १-३ 'स पर्यागाच्छुक्रम्' ईश० उ० मं० ८, इत्यादिश्रुतिभ्यश्च ॥ २२ ॥

संसारके लिए फिर नहीं लौटते वही मेरा विष्णु स्वरूपका धाम है वही सर्वोत्कृष्ट है । 'मम धाम' यहाँ पर 'मम'में षष्ठी 'राहोः शिरः'के समान अभेदमें भेद कल्पनासे है अतः मैं ही परमा गति हूँ, यहाँ मोक्ष सारूप्य विवक्षित है सालोक्य नहीं ॥ २१ ॥

इस समय 'अनन्यचेताः सततं यो मां स्मरति नित्यशः । तस्याऽहं सुलभः' इस प्रागुक्त भक्तियोग ही भगवत्प्राप्तिका उपाय है यह कहते हैं 'पुरुषः' से । वही पर-निरतिशय पुरुष परमात्मा मैं ही हूँ । 'अनन्यया'—नहीं है अन्यविषय जिसमें वैसी प्रेमलक्षणा भक्तिसे ही मैं लभ्य हूँ अन्यथा नहीं । वह पुरुष कौन है ? इस अपेक्षामें कहते हैं—**'यस्य'** से । जिस पुरुषके भीतर ही सपूर्ण कार्यात्मक भूत हैं क्योंकि कार्य कारणके भीतर ही रहता है । अतएव जिस पुरुषसे सम्पूर्ण कार्य तत अर्थात् व्याप्त है जिससे पर (भिन्न) अपर कुछ नहीं है जिससे कोई बड़ा छोटा नहीं है निश्चल वृक्षके समान एक ही आकाशमें स्थित है जिस पुरुषसे सब पूर्ण है—'यच्च किञ्चित् जगत्सर्वं दृश्यते श्रूयतेऽपि वा । अन्तर्वहिश्च तत्सर्वं व्याप्य नारायणः स्थितः ॥'

अर्थ—जो कुछ देखा जाता है या सुना जाता है, उन सबमें बाहर-भीतर श्रीमन्नारायण व्याप्त

यत्र काले त्वनावृत्तिमावृत्तिं चैव योगिनः ।
प्रयाता यान्ति तं कालं वक्ष्यामि भरतर्षभ ! ॥ २३ ॥

हे भरतश्रेष्ठ ! जिस काल अर्थात् मार्गमें योगीजन शरीर छोड़कर जानेवाले पुनरागमनरहित एवं पुनरागमनसहित गतिको प्राप्त करते हैं उस काल-मार्गका वर्णन करूँगा ।। २३ ।।

सगुणब्रह्मोपासकास्तत्पदं प्राप्य न निवर्तन्ते, किं तु क्रमेण मुच्यन्ते । तत्र तल्लोकभोगान् प्रागनुत्पन्नसम्यग्दर्शनानां तेषां मार्गापेक्षा विद्यते । न तु सम्यग्दर्शिनामिव तदनपेक्षेत्युपासकानां तल्लोकप्राप्तये देवयानमार्ग उपदिश्यते । पितृयानमार्गोपन्यासस्तु तस्य स्तुतये । अतः आह—'**यत्र काले**' इति । प्राणोत्क्रमणानन्तरं यत्र-यस्मिन्काले कालाभिमानिदेवतोपलक्षिते मार्गे प्रयाता योगिनो-ध्यायिनः कर्मिणश्च अनावृत्तिम्, आवृत्तिं च यान्ति-देवयाने पथि प्रयाताः ध्यायिनोऽनावृत्तिं यान्ति, पितृयाने पथि प्रयाताश्च कर्मिण आवृत्तिं यान्ति । यद्यपि देवयानेऽपि पथि प्रयाताः पुनरावर्तन्ते इत्युक्तम्—'आब्रह्मभुवनाल्लोकाः पुनरावर्तिनः' इत्यत्र, तथापि पितृयाने पथि गता आवर्तन्त एव, न केऽपि तत्र क्रममुक्तिभाजः । देवयाने पथि गतास्तु यद्यपि केचिदावर्तन्ते प्रतीकोपासकाः, तडिल्लोकपर्यन्तं गता हिरण्यगर्भपर्यन्तममानवपुरुषनीताः

रहता है 'स पर्यगाच्छुक्रम्' इत्यादि श्रुतियोंसे । अर्थ—वह परमात्मा सर्वव्यापक है सबके आत्मा होनेका कारण तथा स्वयं प्रकाश है ।। २२ ।।

सगुण ब्रह्मोपासक ब्रह्मलोक प्राप्त कर लौटते नहीं किन्तु क्रमसे मुक्त होते हैं । उसमें उस लोक-भोग से पूर्व तत्त्वज्ञानोत्पत्ति है नहीं इसलिए उन लोगों को वहाँ जानेके लिए मार्गकी अपेक्षा है तत्त्वज्ञानियोंकी तरह अनपेक्षा नहीं है अतः उपासकोंको ब्रह्मलोक-प्राप्तिके लिए देवयान मार्गका उपदेश है । पितृयान मार्गका उपन्यास (कथन) देवयान मार्गकी स्तुतिके लिए है । प्राण निकलने के बाद जिस कालमें अर्थात् उस कालाभिमानी देवतासे उपलक्षित मार्गमें जानेवाले योगी और कर्मी अनावृत्ति और आवृत्तिको जाते [प्राप्त] हैं, देवयानमार्गमें जानेवाले ध्यानशील योगी अनावृत्ति अर्थात् पुनरागतिसे रहित जाते हैं फिर लौटते नहीं । पितृयान मार्गमें जानेवाले कर्मी फिर लौटते हैं ।

प्रश्न—यद्यपि देवयानमार्गमें जानेवाले फिर लौटते हैं यह 'आब्रह्मभुवनाल्लोकाः पुनरावर्तिनः' यहाँ पर कहा है, तथापि पितृयानमार्ग से जानेवाले लौटते ही हैं उनमें कोई भी क्रम से मुक्त नहीं होता । देवयानमार्गमें जानेवाले कोई लौटते हैं । यद्यपि देवयानसे जानेवाले प्रतीकोपासक तडिल्लोकपर्यन्त जाकर लौट आते हैं, पञ्चाग्नि विद्या के उपासक जो सगुणकी उपासना करते हैं, अमानव तत्पुरुष (ब्रह्मपुरुष) द्वारा हिरण्यगर्भलोकपर्यन्त ले जाने पर भी वहाँका भोग समाप्त होने पर पुनः दूसरे कल्पमें

अपि पञ्चाग्निविद्याद्युपासकाः अतत्क्रतवो भोगान्ते निवर्तन्त एव, तथाऽपि दहराद्युपासकाः क्रमेण मुच्यन्ते भोगान्त इति, न सर्वे एवावर्तन्ते । अतएव पितृयानः पन्था नियमेनावृत्ति-फलत्वान्निकृष्टः । अयन्तु देवयानः पन्थाः अनावृत्तिफलत्वादतिप्रशस्त इति स्तुतिरुपपद्यते । केषांचिदावृत्तावप्यनावृत्तिफलत्वस्यानपायात् । तं देवयानं पितृयानं च कालम्-कालाभिमानि-देवतोपलक्षितं मार्गं वक्ष्यामि । हे भरतर्षभ !, अत्र कालशब्दस्य मुख्यार्थत्वे अग्निज्योतिर्धूम-शब्दानामनुपपत्तिः, गतिस्तृतिशब्दयोश्चेति, तदनुरोधेनैकस्मिन् कालपद एव लक्षणाश्रिता, काला-भिमानिदेवतानां मार्गद्वयेऽपि बाहुल्यात् । अग्निधूमयोस्तदितरयोः सतोरपि अग्निहोत्रशब्दवदेक-देशेनाऽप्युपलक्षणं कालशब्देन, अन्यथा प्रातरग्निदेवताया अभावात् [२]'तत्प्रख्यं चान्यशास्त्रम्' मी. द. १-४-४ इत्यनेन तस्य नामधेयता न स्यात् । आम्रवनमिति च लौकिको दृष्टान्तः ॥२३॥

लौट आते हैं तथापि दहराद्युपासक भोगान्तमें क्रमसे मुक्त होते हैं वे सब नहीं लौटते । अतएव पितृयानमार्ग नियमेन आवृत्तिफलक होनेसे निकृष्ट है और यह तो देवयानमार्ग अनावृत्तिफलक होनेसे अत्यन्त प्रशस्त है । इस प्रकार यह देवयानमार्ग की स्तुति है । किसी को निवृत्ति होने पर भी अनावृत्तिफलकत्व देवयान-मार्गमें है ही । उस देवयान पितृयान कालाभिमान देवतोपलक्षित मार्गको कहेंगे । यहाँ पर यदि काल शब्द मुख्यार्थ मानें अर्थात् कालाभिमानी देवतोपलक्षित मार्गमें लक्षणा न मानें तो यहाँ 'अग्निर्ज्योतिधूम' शब्दों की सर्वथा अनुपपत्ति होगी तथा गति-सृतिकी भी अनुपपत्ति है । अतः इन दोनोंके अनुरोधसे एक कालपदमें ही लक्षणा मानी है । कालाभिमानी देवताओंका दोनों मार्गोंमें आधिक्य है । तदितर अग्नि धूम रहने पर भी अग्निहोत्र शब्दके समान एकदेश कालशब्दसे उपलक्षणता है अन्यथा प्रातःकालीन होममें अग्निदेवताके अभावसे 'तत्प्रख्यं चाऽन्यशास्त्रम्' इससे नामवाचकता-नामधेयता न होगी । **'आम्रवनमिति'** यह लौकिक दृष्टान्त है केवल आम ही का वन नहीं होता किन्तु वृक्षान्तर भी हैं आम प्रचुर-अधिक होनेसे वह आमका वन कहाता है तथा प्रकृतमें भी समझना ॥ २३ ॥

---

१. अर्थ—जिस गुणको विधान करना चाहते हैं उसका प्रापक दूसरा शास्त्र है प्राप्तका पुनर्विधान व्यर्थ है । अतः अग्निहोत्रपद नाम है ।

२. अर्थ—सूत्रमें तच्छब्दसे विधित्सित गुण विवक्षित है, उसका प्रख्य-प्रापक दूसरा शास्त्र है अर्थात् जिस गुणको विधान करना चाहते हैं, उसकी प्राप्ति दूसरे शास्त्रसे हो जाती है, प्राप्तका पुनः विधान करना व्यर्थ है क्योंकि अप्राप्तका प्रापक शास्त्रहोता है । 'अप्राप्ते शास्त्रमर्थवत्' यह न्याय है । प्रकृतमें अग्निहोत्र शब्दसे अग्नये होत्रमिति चतुर्थी-तत्पुरुषसे अग्निदेवताका विधान नही कर सकते हैं 'अग्निर्ज्योतिरि'त्यादि मन्त्रवर्णसे अग्नि प्राप्त है । अतः अग्निहोत्र शब्द कर्मनामधेय है यह सिद्धान्त है । शंका—सायंकाल होममें अग्नि देवता है । प्रातः होममें सूर्य देवता है अग्नि नहीं है,

अग्निर्ज्योतिरहः शुक्लः षण्मासा उत्तरायणम् ।
तत्र प्रयाता गच्छन्ति ब्रह्म ब्रह्मविदो जनाः ॥ २४ ॥

अर्चि (ज्योति) की अभिमानी देवता तथा दिनकी अभिमानी देवता शुक्लपक्षकी अभिमानी देवता और उत्तरायण रूप षण्मास (छः महीना) की अभिमानी देवता हैं, उस मार्गमें मरणोत्तर गये हुये ब्रह्मज्ञानीजन ब्रह्मलोक (कार्यब्रह्म) को जाते हैं ॥ २४ ॥

तत्रोपासकानां देवयानं पन्थानमाह—**'अग्निरि'ति**। 'अग्निर्ज्योतिरि'त्यर्चिरभिमानिनी देवता लक्ष्यते, अहरित्यहरभिमानिनी, शुक्ल इति शुक्लपक्षाभिमानिनी, 'षण्मासा उत्तरायणमि'ति उत्तरायणरूपषण्मासाभिमानिनी देवतैव लक्ष्यते 'आतिवाहिकास्तल्लिङ्गात्' वे० द० ४-३-४ इति न्यायात् । एतच्चान्यासामपि श्रुत्युक्तानां देवतानामुपलक्षणार्थम् । तथा च श्रुतिः—'तेऽर्चिषमभिसंभवन्ति, अर्चिषोऽहः, अह्न आपूर्यमाणपक्षम्, आपूर्यमाणपक्षाद्यान् षडुदङ्ङेति मासांस्तान्, मासेभ्यः संवत्सरं, संवत्सरादादित्यम्, आदित्याच्चन्द्रमसम्, चन्द्रमसो विद्युतम्, तत्पुरुषः अमानवः स एनान् ब्रह्म गमयति, एष देवपथो ब्रह्मपथः, एतेन प्रतिपद्यमाना इमं मानवमावर्तं नावर्तन्ते' छा० उ० अ० ४-१०-५-६-१५ इति । अत्र श्रुत्यन्तरानुसारात्संवत्सरानन्तरं देवलोकदेवता, ततो वायुदेवता, तत आदित्य इत्याकरे निर्णीतम् । एवं विद्युतोऽनन्तरं वरुणेन्द्रप्रजापतयः, तावता मार्गपरिपूर्तिः । तत्रार्चिरहःशुक्लपक्षोत्तरायणदेवता इहोक्ताः । संवत्सरः

उपासकोंका देवयानमार्ग कहते हैं—**'अग्निर्ज्योतिरि'**त्यादि से । अर्चिरभिमानिनी देवता ज्योतिःशब्दसे लक्षित है, अहःशब्दसे दिनाभिमानिनी देवता लक्षित है। शुक्लपक्षसे तदभिमानिनी देवता 'षण्मासाः उत्तरायणम्' से उत्तरायणरूप षण्मासाभिमानिनी देवता ही लक्षित है। 'आतिवाहिकाः तल्लिङ्गात्' यह सूत्र है, यह अन्य श्रुत्युक्त देवताओंमें उपलक्षणार्थ है। तथा च श्रुतिः—'तेऽर्चिषमभिसंभवन्ति' इत्यादि मूलमें देखिये। यहाँ पर श्रुत्यन्तरके अनुसार संवत्सरके बाद देवलोक देवता तदनन्तर वायु देवता तदनन्तर आदित्य यह भाष्यमें निर्णीत है। इसी प्रकार विद्युत्के अनन्तर वरुण, इन्द्र, प्रजापति हैं इतनेसे मार्गकी पूर्ति होती है। उनमें अर्चिः, अहः, शुक्लपक्ष, उत्तरायण देवता यहाँ कहे गये हैं संवत्सर देवलोक वायु

प्रातः होमका नामधेय कैसा होगा । उत्तर-एकदेश प्रवृत्तिनिमित्तको लेकर प्रयोग उपपन्न होता है । आम्रवन यह लौकिक उदाहरण मूलमें दिया हुआ है ।

धूमो रात्रिस्तथा कृष्णः षण्मासा दक्षिणायनम् ।
तत्र चान्द्रमसं ज्योतिर्योगी प्राप्य निवर्तते ॥ २५ ॥

जिस मार्गमें धूमाभिमानी देवता रात्रिके अभिमानी देवता कृष्ण पक्षके अभिमानी देवता दक्षिणायन रूप छः मासकी अभिमानी देवता हैं। उस मार्गमें मरणोत्तर गया हुआ योगी चन्द्रमाकी ज्योतिको प्राप्तकर फलभोगके बाद लौट आता है ॥ २५ ॥

देवलोको वायुरादित्यश्चन्द्रमा विद्युद्वरुण इन्द्रः प्रजापतिश्चेत्यनुक्ता अपि द्रष्टव्याः । तत्र देवयान-मार्गे प्रयाता गच्छन्ति ब्रह्म-कार्योपाधिकम्, 'कार्यं बादरिरस्य गत्युपपत्तेः' वे० द० ४-३-७[1] इति न्यायात् । निरुपाधिकं तु ब्रह्म तद्द्वारैव, क्रममुक्तिफलत्वात् । ब्रह्मविदः-सगुणब्रह्मो-पासका जनाः । अत्र 'एतेन प्रतिपद्यमाना इमं मानवमावर्तं नावर्तन्ते' इति श्रुता'**'इममि'**ति विशेषणात् कल्पान्तरे केचिदावर्तन्त इति प्रतीयते । अत एवात्र भगवतोदासितम्, श्रौतमार्ग-कथनेनैव व्याख्यानात् ॥ २४ ॥

देवयानमार्गस्तुत्यर्थं पितृयानमार्गमाह—'**धूमो रात्रिरि**'ति । अत्रापि 'धूमः' इति धूमाभि-मानिनी देवता, 'रात्रिरि'ति रात्र्यभिमानिनी, 'कृष्णः' इति कृष्णपक्षाभिमानिनी, 'षण्मासाः दक्षिणायनम्' इति दक्षिणायनाभिमानिनी लक्ष्यते । एतदप्यन्यासां श्रुत्युक्तानामुपलक्षणम् ।

आदित्य चन्द्रमा विद्युत् वरुण इन्द्र प्रजापति ये यहाँ उक्त नहीं हैं तो भी श्रुत्यन्तरमें उक्त होनेसे यहां भी मान्य हैं। इनमें देवयानमार्गसे जानेवाले कार्य ब्रह्मको प्राप्त होते हैं–'कार्यं बादरिरस्य गत्युपपत्तेः' इस सूत्रसे। निरुपाधिक ब्रह्मकी प्राप्ति तद्द्वारसे ही होती है, क्रममुक्तिका फल सम्पन्न होता है। ब्रह्मज्ञानी सगुणब्रह्मो-पासक इस मार्गसे जाकर इस मानव आवर्तमें [कल्पमें] नहीं आते। इस श्रुतिमें 'इमम्' इस विशेषणसे कल्पान्तरमें कोई आते भी हैं यह प्रतीत होता है। अतएव भगवान् यहाँ पर उदासीन हुए हैं श्रौतमार्ग कथनसे ही व्यख्यान हुआ है ॥ २४ ॥

देवयान मार्गकी स्तुतिके लिए पितृयान मार्गका कथन है। यहाँ भी 'धूम' इससे धूमाभिमानिनी देवता, 'रात्रि'से रात्र्यभिमानिनी देवता, 'कृष्ण'से कृष्णपक्षाभिमानिनी, 'षण्मासा दक्षिणायनम्'से दक्षिणा-यनाभिमानिनी देवता लब्ध है। यह भी अन्य श्रुत्युक्तोंका उपलक्षण है। तथाच श्रुति–'ते धूममभिसंभवन्ति'

---

१. अर्थ —कार्योपाधिक (सगुण) ब्रह्म में गति उपपन्न होती है परब्रह्म में नहीं यह बादरि आचार्यका मत है।

शुक्लकृष्णे गती ह्येते जगतः शाश्वते मते ।
एकया यात्यनावृत्तिमन्ययाऽऽवर्तते पुनः ॥ २६ ॥

संसारके शुक्ल कृष्णरूप देवयान पितृयान मार्ग अनादि माने गये हैं, इनमें एक अर्थात् शुक्ल मार्गसे जानेवाला पुनर्जन्म नहीं प्राप्त करता है, दूसरे कृष्णमार्गसे जानेवाला पुनः संसारमें लौटता है ॥ २६ ॥

तथाच श्रुतिः—'ते धूममभिसंभवन्ति, धूमाद्रात्रिम्, रात्रेरपरपक्षम्, अपरपक्षाद्यान् षडदक्षिणैति मासांस्तान्, नैते संवत्सरमभिप्राप्नुवन्ति, मासेभ्यः पितृलोकम्, पितृलोकादाकाशम्, आकाशाच्चन्द्रमसम्, एष सोमो राजा तद्देवानामन्नम्, तद्देवा भक्षयन्ति, तस्मिन् यावत् संपातमुषित्वाऽथैतमेवाध्वानं पुनर्निवर्तन्ते' ५-१०-३-४-५ इति । तत्र धूम-रात्रि-कृष्णपक्ष-दक्षिणायनदेवताः इहोक्ताः । पितृलोक आकाशश्चन्द्रमा इत्यनुक्ता अपि द्रष्टव्याः । तत्र-तस्मिन् पथि प्रयाताश्चान्द्रमसं ज्योतिः-फलं योगी-कर्मयोगीष्टापूर्तदत्तकारी प्राप्य-यावत्संपातमुषित्वा निवर्तते । संपतत्यनेनेनि संपातः-कर्म तस्मादेतस्मादावृत्तिमार्गादनावृत्तिमार्गः श्रेयानित्यर्थः ॥ २५ ॥

उक्तौ मार्गावुपसंहरति—'**शुक्ले**'ति । शुक्ला-अर्चिरादिगतिः, ज्ञानप्रकाशमयत्वात् । कृष्णा-धूमादिगतिः, ज्ञानहीनत्वेन तमोमयत्वात् । ते एते शुक्लकृष्णे गती मार्गौ हि प्रसिद्धे सगुणविद्या-कर्माधिकारिणः जगतः-सर्वस्याऽपि शास्त्रज्ञस्य शाश्वते-अनादी मते, संसारस्यानादित्वात् । तयोरेकया शुक्लया यात्यनावृत्तिं कश्चित्, अन्यया कृष्णया पुनरावर्तते सर्वोऽपि ॥ २६ ॥

इत्यादि 'पुनर्निवर्तन्ते इत्यन्त श्रुति है । उसमें धूम, रात्रि, कृष्णपक्ष, दक्षिणायन देवता यहाँ उक्त हैं; पितृलोक, आकाश, चन्द्रमा ये तीन अनुक्त हैं फिर भी श्रुत्यन्तरके अनुसार समझना । उस मार्गमें जानेवाले चान्द्रमस ज्योति फल, कर्मयोगी इष्टापूर्तकारि प्राप्त कर यावत् सम्पात-पुण्यशेष वहाँ रहकर लौटता है । 'सम्यक् पतति अनेन इति संपातः-कर्म पुण्याख्यं तस्मात्' इस आवृत्तिमार्गसे अनावृत्तिमार्ग अतिश्रेष्ठ है ॥ २५ ॥

उक्त मार्गोंका उपसंहार करते हैं—'**शुक्लेत्यादि**' से । ज्ञान प्रकाशमय होनेसे अर्चिरादि गति है । धूमादिगति ज्ञानहीन होनेसे तमोमय है अतएव कृष्णा गति है वे ये शुक्ल कृष्णगतिमार्ग प्रसिद्ध हैं । सगुणविद्या और कर्माधिकारियोंके लिए सर्व शास्त्रज्ञोंके अनादि संमत है क्योंकि संसार ही अनादि है । इन दोनों मार्गोंमें शुक्लमार्गसे कोई अनावृत्त गमन करता है और इस कृष्णसे आवर्तन सहित सब गमन करते हैं ॥ २६ ॥

नैते सृती पार्थ ! जानन् योगी मुह्यति कश्चन ।
तस्मात्सर्वेषु कालेषु योगयुक्तो भवार्जुन ! ॥ २७ ॥

हे पृथापुत्र ! इन दोनों मार्गोंको जाननेवाला कोई योगी मोहित नहीं होता । हे अर्जुन ! इसलिये सब समयमें समाहितचित्त हो ॥ २७ ॥

वेदेषु यज्ञेषु तपस्सु चैव दानेषु यत्पुण्यफलं प्रदिष्टम् ।
अत्येति तत्सर्वमिदं विदित्वा योगी परं स्थानमुपैति चाद्यम् ॥ २८ ॥

इति श्रीमद्भगवद्गीतासूपनिषत्सु ब्रह्मविद्यायां योगशास्त्रे श्रीकृष्णार्जुनसंवादे
अक्षरपरब्रह्म (महापुरुष)योगो नाम अष्टमोऽध्यायः ॥ ८ ॥

पूर्वोक्त सभी रहस्यको भली भांति जानकर योगी वेदाध्ययनमें यज्ञमें तपमें दान करनेमें जो पुण्य फल कहा गया है, उसका अतिक्रमण करता है और सर्वोत्कृष्ट सर्वकारण ब्रह्मको प्राप्त करता है ॥ २८ ॥

आठवाँ अध्याय समाप्त ।

गतेरुपास्यत्वाय तद्विज्ञानं स्तौति—**'नैते सृती पार्थ'** इति । एते सृती-मार्गौ हे पार्थ ! जानन्-क्रममोक्षायैका, पुनः संसारायापरेति निश्चिन्वन् योगी-ध्याननिष्ठो न मुह्यति-केवलं कर्म धूमादिमार्गप्रापकं कर्तव्यत्वेन न प्रत्येति कश्चन-कश्चिदपि । तस्माद्योगस्यापुनरावृत्तिफलत्वात् सर्वेषु कालेषु योगयुक्तः-समाहितचित्तो भव-अपुनरावृत्तये हे अर्जुन ! ॥ २७ ॥

पुनः श्रद्धावृद्ध्यर्थं योगं स्तौति—**'वेदेष्वि'ति** । वेदेषु-दर्भपवित्रपाणित्व-प्राङ्मुखत्व-गुर्वधीनत्वादिभिः सम्यगधीतेषु, यज्ञेष्वङ्गोपाङ्गसाहित्येन श्रद्धया सम्यगनुष्ठितेषु, तपस्सु-

---

गति उपास्यत्व होनेके लिए उसके ज्ञानकी स्तुति करते हैं-**'नैते सृती पार्थ'** से । हे अर्जुन ! इन दोनों मार्गों को जानकर क्रममोक्षके लिए एक है, पुनः संसारके लिए दूसरा मार्ग है यह निश्चय करता हुआ योगी मोहित नहीं होता । धूमादिमार्गका प्रापक कर्मको कर्तव्य नहीं मानता कभी भी । तस्मात् योग अपुनरावृत्ति-फलक है सब कालमें योगयुक्त-समाहितचित्त अपरावृत्तिके लिए हो हे अर्जुन ! ॥ २७ ॥

फिर श्रद्धावृद्धिके लिए योगकी स्तुति करते हैं—**'वेदेष्विति'** से । वेदमें दर्भपवित्रपाणित्व प्राङ्मुखत्व गुर्वधीनत्वादि अर्थात् कुशासे पवित्र हाथ हो कर पूर्व दिशामें मुख कर जो समीचीन रीति से अधीत

शास्त्रोक्तेषु मनोबुद्ध्याद्यैकाग्र्येण श्रद्धया सुतप्तेषु दानेषु-तुलापुरुषादिषु देशे काले पात्रे च श्रद्धया सम्यग्दत्तेषु यत् पुण्यस्य धर्मस्य फलम्-स्वर्गस्वाराज्यादि प्रदिष्टं शास्त्रेण, अत्येति-अतिक्रामति तत्सर्वं इदं पूर्वोक्तसप्तप्रश्ननिरूपणद्वारेणोक्तं विदित्वा-सम्यगनुष्ठानपर्यन्तमवधार्यानुष्ठाय च योगी-ध्याननिष्ठः न केवलं तदतिक्रामति परं सर्वोत्कृष्टमैश्वरं स्थानमाद्यं सर्वकारणमुपैति च सर्वकारणं ब्रह्मैव प्राप्नोतीत्यर्थः, तदनेनाध्यायेन ध्येयत्वेन तत्पदार्थो व्याख्यातः ।। २८ ।।

इति श्रीमत्परमहंस-परिव्राजकाचार्य-श्रीविश्वेश्वरसरस्वतीपूज्यपादशिष्यश्रीमधुसूदन-
सरस्वतीविरचितायां श्रीभगवद्गीतागूढार्थदीपिकायामधिकारिभेदेन
ज्ञेय-ध्येय[प्रतिपाद्यतत्त्व]ब्रह्मनिरूपणं नाम
अष्टमोऽध्यायः ।। ८ ।।

वेदोंमें अङ्ग सहित श्रद्धापूर्वक अनुष्ठित यज्ञोंमें शास्त्रोक्त, मनोबुद्ध्यादिकी एकाग्रता तथा श्रद्धासे अनुष्ठित तपोंमें तुलापुरुषादि दानोंमें देश काल पात्रमें श्रद्धापुरस्सर दत्त (दिये गये) में जो पुण्यका फल है स्वर्ग-स्वाराज्यादि शास्त्रप्रतिष्ठित उसका अतिक्रमण करता है। इस पूर्वोक्त सातों प्रश्नोंका निर्णय द्वारा उक्त सब सम्यक् अनुष्ठान पर्यन्त समझ कर और अनुष्ठान कर ध्याननिष्ठ योगी केवल उसका अतिक्रमण ही नहीं करता किन्तु सर्वोत्कृष्ट सर्वकारण आद्य ऐश्वर स्थानको प्राप्त करता है—सर्वकारण ब्रह्मको प्राप्त करता है यह अर्थ है। इस अध्यायसे ध्येयत्वेन विवक्षित तत्पदार्थ व्याख्यात हुआ ।। २८ ।।

इस प्रकार म० म० पं० हरिहरकृपालु द्विवेदिकृत गीता मधुसूदनीके
आठवाँ अध्याय का अनुवाद समाप्त हुआ।

अथ नवमोऽध्यायः

अथ भगवानुवाच

इदं तु ते गुह्यतमं प्रवक्ष्याम्यनसूयवे ।
ज्ञानं विज्ञानसहितं यज्ज्ञात्वा मोक्ष्यसेऽशुभात् ॥ १ ॥

श्रीकृष्ण भगवान् बोले, हे अर्जुन ! दोष दृष्टिरहित तुमको इस अत्यन्त गोपनीय ब्रह्मकी अनुभूति पर्यन्त सहित ज्ञानको अच्छी प्रकारसे कहूँगा । जिसको जानकर संसार-बन्धनसे मुक्त हो जाओगे ॥ १ ॥

श्रीकृष्णाय गीतामृतदुहे नमः

मामक्षरं यः परमक्षरं हि परोपदेशेन चिदक्षरेण ।
चकार विभ्रान्त्यपनोदविद्यः तं काशिराजं गुरुराजमीडे ॥ १ ॥

पूर्वाध्याये मूर्धन्यनाडीद्वारकेण हृदय-कण्ठ-भ्रूमध्यादिधारणासहितेन सर्वेन्द्रियद्वारसंयम-गुणकेन योगेन स्वेच्छयोत्क्रान्तप्राणस्यार्चिरादिमार्गेण ब्रह्मलोकं प्रयातस्य तत्र सम्यग्ज्ञानोदयेन कल्पान्ते परब्रह्मप्राप्तिलक्षणा क्रममुक्तिर्व्याख्याता । तत्र चानेनैव प्रकारेण मुक्तिर्लभ्यते, नान्य-थेत्याशङ्क्य 'अनन्यचेताः सततं यो मां स्मरति नित्यशः । तस्याऽहं सुलभः' इत्यादिना

जिस गुरुदेव ने वेदोपदेश द्वारा अक्षर जीव मुझको परोपदेश–ब्रह्मोपदेशसे पर अक्षर तथा कूटस्थ चैतन्यस्वरूप ब्रह्म स्वरूप किया उस भ्रान्ति निवर्तनक्षम विद्यावान् काशिराज गुरुराजकी स्तुति करता हूँ ।

पूर्वाध्याय में मूर्धन्यस्थित नाड़ी द्वारा हृदय, कण्ठ, भ्रूमध्यादिमें धारणा सहित सर्वेन्द्रियद्वारको संयमगुणक योगसे, अपनी इच्छासे त्याग किये गये प्राणवाले और अर्चिरादि मार्गसे ब्रह्मलोकको प्राप्त किये हुये योगीकी 'तत्त्वज्ञानोत्पत्तिसे कल्पान्तमें परब्रह्मकी प्राप्तिरूप क्रममुक्ति व्याख्यात हुई । उसमें इसी प्रकारसे मुक्ति मिलती है अन्य प्रकारसे नहीं यह आशंका कर 'अनन्यचेताः' इत्यादि श्लोकसे जो

भगवत्तत्त्वविज्ञानात्साक्षान्मोक्षप्राप्तिरभिहिता । तत्र चानन्या भक्तिरसाधारणो हेतुरित्युक्तम् 'पुरुषः स परः पार्थ ! भक्त्या लभ्यस्त्वनन्यया' इत्यनेन । तत्र पूर्वोक्तयोगधारणापूर्वकप्राणोत्क्रमणार्चिरादिमार्गगमनकालविलम्बादिक्लेशमन्तरेणैव साक्षान्मोक्षप्राप्तये भगवत्तत्त्वस्य, तद्भक्तेश्च विस्तरेण ज्ञापनाय नवमोऽध्यायः आरभ्यते । अष्टमेऽध्याये ब्रह्मनिरूपणेन तद्ध्याननिष्ठस्य गतिरुक्ता । नवमे तु ज्ञेयब्रह्मनिरूपणेन ज्ञाननिष्ठस्य गतिरुच्यत इति सङ्क्षेपः ।

तत्र वक्ष्यमाणज्ञानस्तुत्यर्थांस्त्रीन् श्लोकान् श्रीभगवानुवाच—**'इदन्त्वि'**त्यादिना । इदम्-प्राग्बहुधोक्तम् , अग्रे च वक्ष्यमाणम् , अधुनोच्यमानं ज्ञानं-शब्दप्रमाणकं ब्रह्मतत्त्वविषयकं ते-तुभ्यम् प्रवक्ष्यामि । 'तु' शब्दः पूर्वाध्यायोक्ताद्ध्यानाज्ज्ञानस्य वैलक्षण्यमाह । इदमेव सम्यग्ज्ञानम्-साक्षान्मोक्षप्राप्तिसाधनम्, न तु ध्यानम् , तस्याज्ञानानिवर्तकत्वात् । तत्त्वन्तःकरणशुद्धिद्वारेणे-[1]दमेव ज्ञानं संपाद्य क्रमेण मोक्षं जनयतीत्युक्तम् । कीदृशं ज्ञानम् ? **'गुह्यतमम्'**-गोपनीयतमम् ,

---

भगवान्का नित्य स्मरणादि करता है उसको भगवान्के तत्त्वके ज्ञानसे मोक्ष-प्राप्ति कही गई है। उसमें अनन्या भक्ति असाधारण हेतु है यह कहा—'पुरुषः स परः पार्थ ! भक्त्या लभ्यस्त्वनन्यया' इससे ।

हे अर्जुन ! अनन्य भक्तिसे वह पर पुरुष परमात्मा लभ्य है। इसमें पूर्वोक्त योगधारणसे प्राणोत्क्रमण (प्राणत्याग) अर्चिरादिमार्गसे गमनकालविलम्बादि दुःखके विना ही साक्षात् मोक्षप्राप्तिके लिए तत्त्वज्ञान और उनकी भक्तिका विस्तारसे ज्ञापनके लिए नवम अध्यायका आरम्भ करते हैं। आठवें अध्यायमें ध्येय ब्रह्मके निरूपणद्वारा ब्रह्मध्यानमें अनन्यनिष्ठकी गति कही गई है। नवम अध्यायमें तो ज्ञेय ब्रह्मके निरूपण द्वारा ज्ञाननिष्ठकी गति कहते हैं यह संक्षेपसे अर्थ है।

इसमें आगे कहे जानेवाले ज्ञानकी स्तुतिके लिए तीन श्लोकोंको श्रीभगवान् ने कहा—**'इदन्त्वि'**त्यादि से। यह पूर्वसे बहुधा कहा गया है आगे भी कहेंगे, इस समय कहे जानेवाला शब्दप्रमाणवाला ब्रह्मतत्त्वविषयक ज्ञान तुमसे कहेंगे। 'तु' शब्दसे पूर्वाध्यायोक्त ध्यानसे ज्ञानका वैलक्षण्य कहते हैं। यही समीचीन ज्ञान साक्षात् मोक्षप्राप्तिका कारण है ध्यान नहीं, वह तो अज्ञानका निवर्तक नहीं होता क्योंकि ध्यान पुरुषतन्त्र है विषयबाध होने पर भी पुरुषके इच्छावश होता है और ज्ञान वस्तुतन्त्र है जो विषय होने पर ही होता है अन्यथा नहीं अतः ज्ञान ध्यानमें विरोध न होनेसे निवर्त्य निवर्तकभाव नहीं होता। ध्यान तो अन्तःकरण शुद्धि कर ज्ञान का उत्पादन कर क्रमसे मोक्षजनक है यह कहा है। कीदृश ज्ञान कहेंगे ? इसपर कहा—**'गुह्यतममि'ति** । अत्यन्त गोपनीय क्योंकि अत्यन्त रहस्यमय है। और जिस कारणसे विज्ञानसहित है

---

१. द्वारेदमेवेति पुना० पा० ।

राजविद्या राजगुह्यं पवित्रमिदमुत्तमम् ।
प्रत्यक्षावगमं धर्म्यं सुसुखं कर्तुमव्ययम् ॥ २ ॥

यह ज्ञान सभी विद्याओं का राजा तथा रहस्यों का राजा, पवित्र, उत्तम, प्रत्यक्षफलवाला तथा धर्मसे युक्त सुखसे साध्य और अविनाशी है ॥ २ ॥

अतिरहस्यत्वात् । यतो विज्ञानसहितम्-ब्रह्मानुभवपर्यन्तम् । ईदृशमतिरहस्यमप्यहं शिष्यगुणाधिक्याद्वक्ष्यामि ते-तुभ्यमनसूयवे । असूया-गुणेषु दोषदृष्टिः, तदाविष्करणादिफला सर्वदाऽयमात्मैश्वर्यख्यापनेनात्मानं प्रशंसति मत्पुरस्तादित्येवंरूपा, तद्रहिताय । अनेनार्जव-संयमावपि शिष्यगुणौ व्याख्यातौ । पुनः कीदृशं ज्ञानम् ? यज्ज्ञात्वा-प्राप्य मोक्ष्यसे-सद्य एव संसारबन्धनादशुभात्सर्वदुःखहेतोः ॥ १ ॥

पुनस्तदाभिमुख्याय तज्ज्ञानं स्तौति—**'राजविद्ये'ति** । राजविद्या-सर्वासां विद्यानां राजा, सर्वाविद्यानाशकत्वात् । विद्यान्तरस्याविद्यैकदेशविरोधित्वात् । तथा राजगुह्यम्-सर्वेषां गुह्यानाम् राजा, अनेकजन्मकृतसुकृतसाध्यत्वेन बहुभिरज्ञातत्वात् । राजदन्तादित्वादुपसर्जनस्य परनिपातः । **'पवित्रमिदमुत्तमम्'** प्रायश्चित्तैर्हि किंचिदेकमेव पापं निवर्त्यते । निवृत्तं च तत्स्वकारणे

अर्थात् ब्रह्मके अनुभवके पर्यवसायी है ऐसा अतिगोप्य भी ज्ञान हम शिष्य गुणाधिक्यसे असूयारहित तुमसे कहेंगे । गुणमें दोषकी दृष्टि असूया है जिससे दोषका आविष्कार किया जाता है वह यदि श्रोतामें हो तो उससे गोप्य बात नहीं कहना चाहिये क्योंकि वह असूयावाला पुरुष सदा अपने ऐश्वर्यका स्थापन करता हुआ मेरे सामने अपनी प्रशंसा करता है । उस असूयासे तुम सर्वथा रहित हो आर्जव-सरलता और संयम ये दोनों शिष्यके गुण व्याख्यात हुए । फिर वह कैसा ज्ञान है जिसको प्राप्त कर तुरन्त अशुभ सर्व दुःखहेतु संसारबन्धनसे मुक्त हो जाओगे ॥ १ ॥

फिर अर्जुनके श्रवणोन्मुख होनेके लिए उस ज्ञानकी स्तुति करते हैं—**'राजविद्ये'ति** । सब विद्याओं का राजा है क्योंकि सर्व अविद्याका नाशक है अन्य विद्यायें अविद्याके एकदेश अर्थात् एक एक अविद्याका निवर्तक होती हैं और यह विद्या सम्पूर्ण गुप्त विद्याओंका राजा तथा अनेक जन्ममें किये गये पुण्यसे लभ्य होनेके कारण बहुत लोगोंसे अज्ञात है । राजदन्तादि गणमें मानकर राजशब्दका पूर्वनिपात हुआ 'एकविभक्ति च पूर्वनिपाते' इस पाणिनिसूत्रसे 'गुह्यानाम् राजा' इस षष्ठी समासमें लुप्तषष्ठ्यन्तको 'उपसर्जनं पूर्वम्' इस सूत्रसे उपसर्जनीभूत होने पर गुह्य शब्दका पूर्वनिपात होनेसे 'गुह्यराजः, यह प्रयोग होना चाहिए, इस शंकाकी निवृत्तिके लिए लिखते हैं कि राजदन्तादि मानकर उपसर्जनीभूत गुह्यका

सूक्ष्मरूपेण तिष्ठत्येव, यतः पुनस्तत्पापमुपचिनोति पुरुषः। इदं तु अनेकजन्मसहस्रसंचितानाम् सर्वेषामपि पापानां स्थूलसूक्ष्मावस्थानाम्, तत्कारणस्य चाज्ञानस्य सद्य एवोच्छेदकम्। अतः सर्वोत्तमं पावनमिदमेव। न चातीन्द्रिये धर्म इवात्र कस्यचित्संदेहः, स्वरूपतः फलतश्च प्रत्यक्षत्वादित्याह—'**प्रत्यक्षावगमम्**'इति। अवगम्यतेऽनेनेत्यवगमः, मानम्, अवगम्यते प्राप्यते इत्यवगमः-फलम्, प्रत्यक्षमवगमो मानमस्मिन्निति स्वरूपतः साक्षिप्रत्यक्षत्वम्, प्रत्यक्षोऽवगमोऽस्येति फलतः साक्षिप्रत्यक्षत्वम्। मयेदं विदितम्, अतो नष्टमिदानीमत्र ममाज्ञानमिति हि सार्वलौकिकः साक्ष्यनुभवः। एवं लोकानुभवसिद्धत्वेऽपि तज्ज्ञानं धर्म्यम्-धर्मादनपेतम् अनेकजन्मसंचितनिष्कामधर्मफलम्। तर्हि दुःसम्पादं स्यान्नेत्याह—'**सुसुखम्**'इति। सुसुखं-कर्तुं गुरूपदर्शितविचारसहकृतेत वेदान्तवाक्येन सुखेन कर्तुंशक्यं न देशकालादिव्यवधान-

---

पर निपात हुआ अन्यथा गुह्यराज होना उचित था तथा 'राजगुह्यम्' सब गोप्योंका राजा इससे अधिक गोप्यान्तर नहीं है। अनेक जन्मोंमें किये हुए पुण्योंसे यह ज्ञान मिलता है अतएव अतादृश बहुत लोगोंसे अज्ञात है।

यह पवित्र अति उत्तम है। प्रायश्चित्तोंसे कोई एक ही पाप निवृत्त होता है। निवृत्ति होने पर भी स्वकारण में सूक्ष्मरूपसे रहता ही है जिससे फिर पापको पुरुष करता है। यह तो ज्ञान अनेक जन्मसहस्रसे संचित सब स्थूल सूक्ष्म और उसके कारण अज्ञानका पापके साथ तुरन्त नाश करता है अतः सर्वोत्तम पवित्र यही है। इसमें अतीन्द्रिय-इन्द्रियोंके अविषय धर्मके समान किसीको संदेह नहीं होता है क्योंकि इसका स्वरूपसे और फलसे प्रत्यक्ष है अतः सन्देह नहीं है यह कहते हैं—'**प्रत्यक्षावगमं**' से। 'अवगम्यते-ज्ञायते अनेन इत्यवगमो मानम्' अर्थात्' ज्ञानका साधन प्रमाण, यहाँ अवगम पदार्थ है। अथवा 'अवगम्यते-प्राप्यते' इस व्युत्पत्तिसे अवगम शब्द फलपरक है 'प्रत्यक्षमवगमो मानम् अस्मिन्' इस विग्रहसे स्वरूपसे साक्षिप्रत्यक्ष है। 'प्रत्यक्षः अवगमः अस्य' इस व्युत्पत्तिसे फलतः साक्षिप्रत्यक्ष है। मैंने इसको जाना अतः इस समय इस विषयमें मेरा अज्ञान नष्ट हुआ यह सब लोगों के साक्षीका अनुभव है, इस लोकानुभव सिद्ध होने पर भी वह ज्ञान धर्मसे अनपेक्ष अर्थात् अनेक जन्म-संचित निष्काम धर्मफल है।

प्रश्न—तब तो क्लेशसे साध्य होगा?

उत्तर—नहीं, सुसुख है—करनेमें क्लेश नहीं है। गुरुके उपदिष्ट विचारयुक्त वेदान्त-वाक्य-द्वारा अनायाससे करनेके योग्य है। देशकालादिके व्यवधानकी अपेक्षा नहीं है क्योंकि ज्ञान प्रमाण और वस्तुके परतन्त्र होता हैं।

अश्रद्दधानाः पुरुषा धर्मस्यास्य परन्तप ! ।
अप्राप्य मां निवर्तन्ते मृत्युसंसारवर्त्मनि ॥ ३ ॥

हे शत्रुनाशक ! आत्मज्ञानरूपी धर्मके साधनमें श्रद्धा नहीं रखनेवाले पुरुष मुझको प्राप्त न कर मृत्युयुक्त संसार मार्गमें (नारकीय तिर्यक् आदि योनियों में) भ्रमण करते हैं ॥ ३ ॥

मपेक्षते, प्रमाणवस्तुपरतन्त्रत्वाज्ज्ञानस्य । एवमनायाससाध्यत्वे स्वल्पफलत्वं स्यादत्यायाससाध्यानामेव कर्मणां महाफलत्वदर्शनादिति चेत् ? नेत्याह—'**अव्ययमि**'ति । एवमनायाससाध्यस्याऽप्यस्य फलतो व्ययो नास्तीत्यव्ययम्-अक्षयफलमित्यर्थः । कर्मणां त्वतिमहतामपि क्षयिफलत्वमेव, 'यो वा एतदक्षरं गार्ग्यविदित्वास्मिँल्लोके जुहोति, यजते, तपस्तप्यते, बहूनि वर्षसहस्राणि, अन्तवदेवास्य तद्भवति' बृ० उ० ४-८-१० इति श्रुतेः । तस्मात्सर्वोत्कृष्टत्वाच्छ्रद्धेयमेवात्मज्ञानम् ॥ २ ॥

एवमप्यस्य सुकरत्वे, सर्वोत्कृष्टत्वे च सर्वेऽपि कुतोऽत्र न प्रवर्तन्ते । तथा च न कोऽपि संसारी स्यादित्यत आह—'**अश्रद्दधानाः**' इति । अस्य-आत्मज्ञानाख्यस्य धर्मस्य स्वरूपे, साधने, फले च शास्त्रप्रतिपादितेऽपि अश्रद्दधानाः वेदविरोधिकुहेतुदर्शनदूषितान्तःकरणतया

प्रश्न—इस प्रकार अनायाससाध्य होने पर स्वल्पफलवाला होगा क्योंकि अधिक परिश्रमसाध्य कर्म ही महाफलवाले देखे जाते हैं ?

उत्तर—नहीं, इस प्रकार अनायाससाध्य भी इस कर्मका फलतः नाश नहीं है क्योंकि यह अक्षयफलक है । कर्म तो बड़े बड़े भी क्षयी फलवाले होते हैं । अर्थात् बड़े बड़े कर्मोंका फल विनाशी होता है इसमें प्रमाण श्रुति है 'यो वा एतदक्षरम्' इत्यादि, श्रुति ऊपर देखिये । अर्थ—हे गार्गि ! जो पुरुष इस अक्षर ब्रह्म को न जान कर इस लोक में हवन करता है, यज्ञ करता है, हजारों वर्ष तप करता है उसका वह फल और कर्म विनाशी होता है केवल ज्ञान फल ही अविनाशी है अतः सबसे उत्कृष्ट अत्युत्तम आत्मज्ञान श्रद्धेय ही है ॥ २ ॥

प्रश्न—इस प्रकार यह सुनकर और सर्वोत्कृष्ट ही है तो क्यों नहीं सब लोग इसमें ही प्रवृत्त होते हैं ऐसा होनेसे कोई संसारी न होगा ?

उत्तर—इस आत्मज्ञान रूप धर्मका स्वरूप साधन और फल शास्त्रप्रतिपादित होने पर भी श्रद्धाशून्य वेदविरोधी कुतर्क, हेतुदर्शनादिसे जिनका अन्तःकरण दूषित है अतएव शास्त्रको प्रमाण न मानते हुए

मया ततमिदं सर्वं जगदव्यक्तमूर्तिना।
मत्स्थानि सर्वभूतानि न चाऽहं तेष्ववस्थितः ॥ ४ ॥

स्वप्रकाशानन्द स्वरूप मुझसे यह स्थावर-जङ्गमात्मक सम्पूर्ण जगत् व्याप्त है। सभी भूतवर्ग मुझमें स्थित हैं मैं उन कल्पित भूतों में स्थित नहीं हूँ ॥ ४ ॥

प्रामाण्यममन्यमानाः पापकारिणोऽसुरसम्पदमारूढाः स्वमतिकल्पितेनोपायेन कथञ्चिद्यतमानाः अपि शास्त्रविहितोपायाभावादप्राप्य-मां मत्प्राप्तिसाधनमप्यलब्ध्वा निवर्तन्ते-निश्चयेन वर्तन्ते। क्व ? मृत्युयुक्ते-संसारवर्त्मनि सर्वदा-जननमरणप्रबन्धेन नारकि-तिर्यगादियोनिष्वेव भ्रमन्तीत्यर्थः ॥ ३ ॥

तदेवं वक्तव्यतया प्रतिज्ञातस्य ज्ञानस्य विधिमुखेन, इतरनिषेधमुखेन च स्तुत्याऽभिमुखीकृतमर्जुनं प्रति तदेवाह द्वाभ्यां—'**मया ततमि**'त्यादिना। इदं-जगत्सर्वं भूतभौतिकतत्कारणरूपम् दृश्यजातं मदज्ञानकल्पितं मयाऽधिष्ठानेन परमार्थसत्तासद्रूपेण च ततं-व्याप्तं रज्जुखण्डेनेव तदज्ञानकल्पितं सर्पधारादि। त्वया वासुदेवेन परिच्छिन्नेन सर्वं जगत् कथं व्याप्तम्, प्रत्यक्ष-

---

पापकारी असुर-सम्पत्शील स्वबुद्धिकल्पित उपायसे किसी प्रकार यत्न करते हुए भी शास्त्रविहितोपायके अभावसे मुझको अर्थात् मत्प्राप्तिके साधनका भी लाभ न कर निश्चयसे रहते हैं।

प्रश्न—कहाँ रहते हैं ?

उत्तर—मृत्युमुख संसार-मार्गमें, तव सदा जनन-मरणके प्रबन्धसे नारकीय तिर्यगादि योनियोंमें ही भ्रमण करते हैं ॥ ३ ॥

इस प्रकार वक्तव्य, प्रतिज्ञा किये गये ज्ञानका विधिमुख से-विधानद्वारा, इतर निषेधके द्वारा स्तुतिसे अभिमुख किये हुये अर्जुनके प्रति दो श्लोकोंसे वही ज्ञान कहते हैं–'**मया ततम्**' से। यह सम्पूर्ण जगत् भूत-भौतिक उसके तत्कारणरूप दृश्य समुदाय मेरे अज्ञानसे कल्पित हैं। यह संसार परमार्थ सत् अधिष्ठानरूप आरोपित सद्रूप और स्फुरणरूप मुझसे व्याप्त है जैसे रज्जुखण्डसे उसके अज्ञानसे कलपित सर्पकी धारादि अधिष्ठानभूत रज्जुखण्डकी सत्तासे उसके स्फुरणसे सर्प प्रतीति होती है पृथक् सत्ता कल्पितकी नहीं होती रज्जुमें सर्प न था, न है और न होगा किन्तु भ्रमकालमें प्रतीत होता है इसी प्रकार यह सब जगत् मुझमें कल्पित है परमार्थ सत् नहीं हैं।

प्रश्न—परिच्छिन्न और परिमित वासुदेव आपसे अपरिमित यह जगत् ब्रह्मादिस्तम्बपर्यन्त कैसे व्याप्त है यह तो प्रत्यक्ष विरुद्ध कहते हैं ?

न च मत्स्थानि भूतानि पश्य मे योगमैश्वरम् ।
भूतभृन्न च भूतस्थो ममात्मा भूतभावनः ॥ ५ ॥

सभी भूत मेरेमें स्थित नहीं हैं, किन्तु मेरे अनहोनीको भी संभव करनेवाले चातुर्यरूप योग (प्रभाव) को देखो। भूतोंका धारण और पोषण करनेवाली तथा भूतों का उत्पादक मेरी आत्मा भूतों में स्थित नहीं है ॥ ५ ॥

विरोधादिति, नेत्याह—'**अव्यक्ते**'ति । अव्यक्ता-सर्वकरणागोचरीभूता स्वप्रकाशाद्वयचैतन्य-सदानन्दरूपा मूर्तिर्यस्य, तेन मया व्याप्तमिदं सर्वम् , न त्वनेन देहेनेत्यर्थः । अतएव सन्तीव स्फुरन्तीव मद्रूपेण स्थितानि-मत्स्थानि सर्वभूतानि-स्थावराणि जङ्गमानि च । परमार्थतस्तु न च नैवाहं तेषु कल्पितेषु भूतेष्ववस्थितः, कल्पिताकल्पितयोः संबन्धायोगात् । अतः एवोक्तम्—'यत्र यदध्यासः, तत्कृतेन गुणेन दोषेण वाऽणुमात्रेणाऽपि स न संबध्यते' शा० भा० पृ० ४० इति ॥ ४ ॥

'**नचे**'ति । अतएव दिविष्ठ इवादित्ये कल्पितानि जलचलनादीनि भूतानि परमार्थतः मयि न सन्ति । त्वमर्जुनः प्राकृतीं मनुष्यबुद्धिं हित्वा पश्य-पर्यालोचय । मे योगं-प्रभावमैश्वरम् अघटनघटनाचातुर्यं मायाविन इव ममावलोकयेत्यर्थः । नाऽहं कस्यचिदाधेयः, नाऽपि कस्य-चिदाधारः, तथाऽप्यहं सर्वेषु भूतेषु, मयि च सर्वाणि भूतानीति महतीयं माया ।

उत्तर—नहीं यह कहते हैं—'अव्यक्ते'ति से। अव्यक्त सर्वकरण अविषयीभूत स्वप्रकाश अद्वय चैतन्य सदानन्दरूपा मूर्ति है जिसकी उस मूर्तिवाले मुझसे यह जगत् व्याप्त है। इस देहवाले मुझसे व्याप्त नहीं है। अतएव 'सन्ति इव, 'स्फुरन्ति इव, मेंरे रूपसे स्थित मेरेमें स्थित स्थावर जङ्गम सब भूत हैं। पर-मार्थतस्तु वे नहीं हैं। मैं उन कल्पित भूतोंमें स्थित नहीं हूँ क्योंकि कल्पिताकल्पितका सम्बन्ध नहीं होता अतएव शारीरकभाष्यमें भाष्यकार ने कहा है—कि जिसमें जो वस्तुका अध्यास होता है उस अध्यस्तके थोड़े भी गुण दोषसे अधिष्ठानका कुछ सम्बन्ध नहीं है अर्थात् अध्यस्त दोष वा गुणसे अधिष्ठान दूषित वा गुणवान् नहीं होता इति ॥ ४ ॥

अतएव आकाशस्थित सूर्यमें जलका चलना आदि यथा कल्पित है उसी प्रकार सम्पूर्ण भूत मेरेमें कल्पित हैं, पर वास्तव में वे मुझमें नहीं हैं। तुम अर्जुन प्राकृत मनुष्य बुद्धिका त्याग कर मायावी के समान मेरे ईश्वरीय प्रभाव जो अघटनकी घटनाका चातुर्य है उसको देखो यह अर्थ है। मैं किसीका आधेय और न किसीका आधार हूँ तथापि मैं सब भूतोंमें हूँ मुझमें सब भूत हैं। एवं यह वड़ी भारी माया है।

यथाकाशस्थितो नित्यं वायुः सर्वत्रगो महान् ।
तथा सर्वाणि भूतानि मत्स्थानीत्युपधारय ॥ ६ ॥

जैसे सर्वदा चलन स्वभाववाली बड़ी हवा आकाशमें स्थित रहती हुई भी आकाशसे सम्बन्ध नहीं रखती, उसी प्रकार सभी भूत मेरे में स्थित हैं ऐसा समझो ॥ ६ ॥

यतो भूतानि सर्वाणि-कार्याण्युपादानतया बिभर्ति-धारयति, पोषयतीति च भूतभृत् । भूतानि सर्वाणि कर्तृतयोत्पादयतीति भूतभावनः । एवमभिन्ननिमित्तोपादानभूतोऽपि ममात्मा-मम परमार्थस्वरूपभूतः सच्चिदानन्दघनोऽसङ्गाद्वितीयस्वरूपत्वान्न भूतस्थः-परमार्थतो न भूतसंबन्धी स्वप्नदृगिव न परमार्थतः स्वकल्पितसंबन्धीत्यर्थः । **'ममात्मे'ति** 'राहोः शिरः' इतिवत्कल्पनया षष्ठी ॥ ५ ॥

असंश्लिष्टयोरप्याधाराधेयभावं दृष्टान्तेनाह—**'यथाकाशे'ति** । यथैवाऽसङ्गस्वभावे आकाशे स्थितो नित्यं सर्वदा उत्पत्ति-स्थिति-संहारकालेषु वातीति-वायुः सर्वदा चलन-स्वभावः । अतएव सर्वत्र गच्छतीति-सर्वत्रगः महान् परिमाणतः । एतादृशोऽपि न कदाऽप्या-काशेन सह संसृज्यते । तथैवाऽसङ्गस्वभावे मयि संश्लेषमन्तरेणैव सर्वाणि भूतान्याकाशादीनि महान्ति सर्वत्रगानि च स्थितानींत्युपधारय-विमृश्यावधारय ॥ ६ ॥

जिससे सम्पूर्णभूत कार्य हैं उपादान होनेसे मैं ईश्वर सब भूतोंको धारण करता हूँ और पोषण करता हूँ अतः मेरी आत्मा भूतभृत् है तथा कर्ता होनेसे सब भूतोंका उत्पादक है उत्पादकसे भूतभावन है। इस प्रकार निमित्त और उपादानभूत अभिन्न मेरी आत्मा परमार्थस्वरूपभूत सच्चिदानन्दघन असङ्ग अद्वितीयस्वरूप होनेसे सर्वभूतस्थ नहीं वास्तविक भूतसम्बन्धी नहीं है, स्वप्नद्रष्टा की तरह वास्तविक स्वकल्पित सम्बन्धी नहीं है । जैसे स्वप्न देखने वाला अपनेमें जो देखता है उससे उसका कोई सम्बन्ध नहीं क्योंकि स्वाप्निक व्याघ्रादि पदार्थ है ही नहीं तब उनका सम्बन्ध वस्तुतः कैसे होगा ? 'मम आत्मा' यहाँ अभेदमें भेदकी कल्पना कर 'राहोः शिरः' के समान कहा गया है राहु और शिर दोनों एक ही हैं किन्तु भेदमें अभेदकी कल्पना कर षष्ठीका प्रयोग है एवं आत्मामें भी समझना ॥ ५ ॥

असम्बद्धों-[असंसर्गियों]में आधाराधेयभाव दृष्टान्तसे कहते हैं—**'यथे'**ति से । यथा असङ्ग स्वभाव आकाशमें स्थित नित्य सदा उत्पत्ति स्थिति संहारकालमें वहने वाला वायु सदा चलन स्वभाव है अतएव सब जगह जाता है इसीसे सर्वगामी है, महान् परिमाणवाला है । ऐसा भी वायु कभी भी आकाशके साथ [सम्बद्ध] संसृष्ट नहीं होतो उसी प्रकार असङ्ग स्वभाव मुझमें सम्बन्धके विना ही सर्वगामी महान् आकाशादि स्थित है ऐसा समझो विचार कर निश्चय करो ॥ ६ ॥

सर्वभूतानि कौन्तेय ! प्रकृतिं यान्ति मामिकाम् ।
कल्पक्षये पुनस्तानि कल्पादौ विसृजाम्यहम् ॥ ७ ॥

हे अर्जुन ! कल्पके अन्तमें सभी भूत मेरी मायामें सूक्ष्म रूपसे विलीन हो जाते हैं, और सृष्टि काल में उन सभी भूतों को पुनः व्यक्त (प्रकट) करता हूँ ॥ ७ ॥

प्रकृतिं स्वामवष्टभ्य विसृजामि पुनः पुनः ।
भूतग्राममिमं कृत्स्नमवशं प्रकृतेर्वशात् ॥ ८ ॥

अपनी प्रकृति (माया) की आश्रयणकर मायाके वशसे परतन्त्र अखिल भूतग्रामको (भूत समूहको) पुनः पुनः उत्पन्न करता हूँ ॥ ८ ॥

एवमुत्पत्तिकाले, स्थितिकाले च कल्पितेन प्रपञ्चेनाऽसङ्गस्यात्मनोऽसंश्लेषमुक्त्वा, प्रलयेऽपि तमाह—**'सर्वभूतानी'**ति। सर्वाणि भूतानि कल्पक्षये-प्रलयकाले मामिकां-मच्छक्तित्वेन कल्पितां प्रकृतिं-त्रिगुणात्मिकां मायां स्वकारणभूतां यान्ति-तत्रैव सूक्ष्मरूपेण लीयन्ते इत्यर्थः । हे कौन्तेयेत्युक्तार्थम् । पुनस्तानि कल्पादौ सर्गकाले विसृजामि-प्रकृतावविभागापन्नानि विभागेन व्यनज्मि । अहम्-सर्वज्ञः सर्वशक्तिरीश्वरः ॥ ७ ॥

किंनिमित्ता परमेश्वरस्येयं सृष्टिर्न तावत्स्वभोगार्था, तस्य सर्वसाक्षिभूतचैतन्यमात्रस्य भोक्तृत्वाभावात् । तथात्वे वा संसारित्वेनेश्वरत्वव्याघातात् । नाऽप्यन्यो भोक्ता, यदर्थेयं सृष्टिः, चेतनान्तराभावात् । ईश्वरस्यैव सर्वत्र जीवरूपेण स्थितत्वात्, अचेतनस्य चाभोक्तृत्वात् ।

इस प्रकार उत्पत्ति काल और स्थिति कालमें कल्पित प्रपञ्चसे असङ्ग आत्माका सम्बन्धाभाव कहकर प्रलयमें भी संबंधाभाव कहते हैं—**'सर्वभूतानिति'** से । सम्पूर्ण भूत कल्पक्षय-प्रलयकालमें मेरी शक्ति त्रिगुणात्मक कल्पित प्रकृतिरूप त्रिगुणात्मक सत्त्वरजस्तम एतद्गुणात्मक माया जो भूतोंका कारणस्वरूप है उसमें जाते हैं उसीमें सूक्ष्मरूपसे लीन होते हैं । हे कौन्तेय अर्जुन ! यह उक्तार्थ है । फिर उसी कल्पादि सर्ग कालमें उत्पन्न करते हैं अर्थात् प्रकृतिमें जो अविभागरूपसे स्थित हैं उनको विभक्तकर व्यक्त करता हूँ मैं सर्वज्ञ हूँ सर्वज्ञ सर्वशक्ति ईश्वर हूँ ॥ ७ ॥

परमेश्वरकी यह सृष्टि किन्निमित्तक है ?, स्वभोगार्थ अर्थात् अपने सुखके लिये है यह सम्भव नहीं, क्योंकि उसमें सर्वसाक्षिभूत चैतन्यमात्र होनेसे भोक्तृत्व ही नहीं, यदि भोक्तृत्व मानें तो संसारित्वकी शक्ति से ईश्वरत्वका ही व्याघात होगा जो भोगता है, वह ईश्वर नहीं, जैसे जीव न दूसरा कोई भोक्ता है जिसके लिए यह सृष्टि है दूसरा चेतन है ही नहीं ईश्वर ही सब जगह जीवरूपसे स्थित हैं अचेतन भोक्ता है नहीं ।

न च मां तानि कर्माणि निबध्नन्ति धनञ्जय ! ।
उदासीनवदासीनमसक्तं तेषु कर्मसु ॥ ९ ॥

हे धनंजय ! उन कर्मोंसे अनासक्त और उदासीनके समान रहने वाले मुझको वे कर्म बांधते नहीं हैं ॥ ९ ॥

अतएव नापवर्गार्थोऽपि सृष्टिः, बन्धाभावात्, अपवर्गविरोधित्वाच्चेत्याद्यनुपपत्तिः सृष्टेः मायामयत्वं साधयन्ती नास्माकं प्रतिकूलेति, न परिहर्तव्येत्यभिप्रेत्य, मायामयत्वान्मिथ्यात्वम् प्रपञ्चस्य वक्तुमारभते त्रिभिः—'**प्रकृतिमि**'त्यादिना । प्रकृतिं-मायाख्यामनिर्वचनीयां स्वां-स्वस्मिन् कल्पितामवष्टभ्य-स्वसत्ता-स्फूर्तिभ्यां दृढीकृत्य तस्याः प्रकृतेः-मायाया वशादविद्याऽस्मितारागद्वेषाभिनिवेशकारणावरणविक्षेपात्मकशक्तिप्रभावाज्जायमानमिमं सर्वप्रमाणसन्निधापितं भूतग्राममाकाशादिभूतसमुदायमहं मायावीव पुनः पुनर्विसृजामि-विविधं सृजामि कल्पनामात्रेण स्वप्नदृगिव च स्वप्नप्रपञ्चम् ॥ ८ ॥

अतः—'**नचे**'ति । नच-नैव सृष्टि-स्थिति-प्रलयाख्यानि तानि मायाविनेव-स्वप्नदृशेव च मया क्रियमाणानि मां निबध्नन्ति अनुग्रहनिग्रहाभ्यां न सुकृतदुष्कृतभागिनं कुर्वन्ति, मिथ्याभूतत्वात् । हे धनञ्जयेति युधिष्ठिर राजसूयार्थं सर्वान् राज्ञो जित्वा धनमाहृतवानिति

अतएव मोक्षार्थभी सृष्टि नहीं कह सकते । बन्ध न होनेसे और अपवर्गका विरोधी नहीं है इत्यादि अनुपपत्तियाँ सर्गमें हैं । सृष्टिमें मायामयत्व सिद्ध करती हुई अनुपपत्ति मेरे प्रतिकूल नहीं है अतएव परिहारके योग्य नहीं । इस अभिप्रायसे प्रपञ्चमें मायामयत्वसे मिथ्यात्वके तीन श्लोकोंसे कहने का आरम्भ करते हैं—'**प्रकृतिम्**' से । मायाख्य अनिर्वचनीय प्रकृतिको स्वमें कल्पित कर-आश्रयणकर स्वसत्ता तथा स्फूर्तिसे आश्रयणकर अर्थात् दृढ़कर उस प्रकृतिरूप मायाके वशसे अविद्यास्मितारागद्वेषाभिनिवेश कारणरूप आवरण तथा विक्षेपात्मकशक्तिके प्रभावसे जायमान यह सब प्रमाणसे उपस्थित भूतसमुदायको मायावीके समान फिर फिर उत्पन्न करता हूँ नाना प्रकार की कई पदार्थोंकी सृष्टि करता हूँ स्वप्नद्रष्टा जैसे पदार्थोंकी सुप्तपुरुषकी कल्पनासे ? सृष्टि करता है वास्तविक नहीं उसी प्रकार मैं भी ॥ ८ ॥

अतः सृष्टि स्थिति और प्रलय मायावीके समान तथा स्वप्नद्रष्टाके समान मुझसे क्रियमाण [किये जानेवाले] भी मेरे बन्धक नहीं होते । अनुग्रह तथा निग्रहसे पुण्यवान् एवं पापी नहीं बना सकते क्योंकि वे स्वयं मिथ्याभूत हैं । हे धनंजय ! युधिष्ठिरके राजसूय यज्ञके लिये राजाओंको जीतकर धन संचय किया

मयाऽध्यक्षेण प्रकृतिः सूयते सचराचरम् ।
हेतुनाऽनेन कौन्तेय ! जगद्विपरिवर्तते ॥ १० ॥

हे कुन्तीपुत्र ! मुझ नियामकसे भासमान माया स्थावर जङ्गमरूप संसारको उत्पन्न करती है, इसी हेतुसे सम्पूर्ण जगत् उत्पत्ति और विनाशको प्राप्त करता है ॥ १० ॥

महान् प्रभावः सूचितः प्रोत्साहनार्थम् । तानि कर्माणि कुतो न बध्नन्ति । तत्राह— **'उदासीनवदासीनमि'**ति । उदासीनवदासीनम्-यथा कश्चिदुपेक्षको द्वयोर्विवदमानयोर्जय-पराजया-संसर्गी तत्कृतहर्ष-विषादाभ्यामसंसृष्टो निर्विकार आस्ते, तद्वन्निर्विकारतयाऽऽसीनम् । द्वयोर्विवद-मानयोरीहाभावादुपेक्षकत्वमात्रसाधर्म्येण वतिप्रत्ययः । अतएव निर्विकारत्वात्तेषु सृष्टयादि-कर्मस्वसक्तम्—'अहं करोमि' इत्यभिमानलक्षणेन सङ्गेन रहितं मां न निबध्नन्ति कर्माणीति युक्तमेव । अन्यस्यापि हि कर्तृत्वाभावे, फलसङ्गाभावे च कर्माणि न बन्धकारणानीत्युक्तमनेन, तदुभयसत्त्वे तु कोशकार इव कर्मभिर्बध्यते मूढ इत्यभिप्रायः ॥ ९ ॥

'भूतग्राममिमं विसृजामि, उदासीनवदासीनमि'ति च परस्परविरुद्धमिति शङ्कापरि-हारार्थं पुनर्मायामयत्वमेव प्रकटयति—**'मयाऽध्यक्षेणे'**ति । मया-सर्वतो दृशिमात्रस्वरूपेणाऽवि-क्रियेणाऽध्यक्षेण-नियन्त्रा भासकेनावभासिता प्रकृतिः-त्रिगुणात्मिका सत्त्वासत्त्वादिभिरनिर्वाच्या

था इससे बड़े प्रभावशाली अर्जुनका प्रोत्साहनार्थ धनंजय संबोधन है । वे कर्म मुझको क्यों नहीं बाँधते इसका उत्तर कहते हैं—**'उदासीनवदासीनमि'ति** से । जैसे कोई उपेक्षक दो लड़ने वालोंके जय पराजयसे असम्बन्धी होकर जय पराजयकृत हर्षविषादसे असम्बद्ध और निर्विकार रहता है उसी प्रकार मैं भी निर्विकार स्थित हूँ । यद्यपि लड़ने वालोंके समान दूसरा कोई यहाँ नहीं है तथापि उपेक्षकत्वमात्र साधर्म्यसे वति-प्रत्यय है । अतएव निर्विकार होनेसे सृष्टयादि कर्मोंमें असक्त 'अहं करोमि' (मैं करता हूँ) इस अभिमान-लक्षण सङ्गसे रहित मुझको कर्म बद्ध नहीं करते यह युक्त ही है, क्योंकि जो कर्माभिमानी है उसीको कर्मजन्य फल होते हैं । दूसरे भी कर्तृत्वके अभाव तथा फलसङ्गके अभावमें कर्म बन्धनके कारण नहीं होते यह इससे कहा जिसमें कर्तृत्व और फलसङ्ग है वही कोशकार (कीट) की तरह मूढ़ कर्मोंसे बद्ध होता है यह अभिप्राय है ॥ ९ ॥

मैं इन भूत समुदायोंको उत्पन्न करता हूँ और उदासीनके समान स्थित रहता हूँ यह परस्पर विरुद्ध है यदि उत्पादक हैं तो उदासीन नहीं यदि उदासीन हैं तो उत्पादक नहीं इस शंकाके परिहारके लिये फिर प्रपञ्चमें मायामयत्व प्रकट करते हैं—**'मया'** से । दृशिमात्र ज्ञानमात्र स्वरूपसे अतएव विकार-

अवजानन्ति मां मूढा मानुषीं तनुमाश्रितम् ।
परं भावमजानन्तो मम भूतमहेश्वरम् ॥ ११ ॥

मेरे भूतोंके महान् ईश्वररूप उत्कृष्ट तत्त्वको न जाननेवाले मूर्खजन मानव शरीर धारण करनेवाले मेरा तिरस्कार करते हैं ॥ ११ ॥

माया सूयते-उत्पादयति सचराचरम्-जगत्, मायाविनाऽधिष्ठितेव माया कल्पितगजतुरगादिकम्। न त्वहं सकार्यमायाभासनमन्तरेण करोमि व्यापारान्तरम् । हेतुना-निमित्तेनानेनाध्यक्षत्वेन हे कौन्तेय !, जगत्-सचराचरं विपरिवर्तते-विविधं परिवर्तते । जन्मादिविनाशान्तं विकारजात-मनवरतमासादयतीत्यर्थः । अतो भासकत्वमात्रेण व्यापारेण 'विसृजामि' इत्युक्तम् , तावता चादित्यादेरिव कर्तृत्वाभावात् **'उदासीनवदासीनम्'** इत्युक्तमिति, न विरोधः । तदुक्तम्—

'अस्य द्वैतेन्द्रजालस्य यदुपादानकारणम् ।
अज्ञानं तदुपाश्रित्य ब्रह्म कारणमुच्यते ॥'

इति श्रुतिस्मृतिवादाश्चात्रार्थे सहस्रश उदाहार्याः ॥ १० ॥

एवं नित्यशुद्धबुद्धमुक्तस्वभावं सर्वजन्तूनामात्मानमानन्दघनमनन्तमपि सन्तम्—**'अवजा-**

रहित सर्वाध्यक्ष नियन्ता मुझसे भासित त्रिगुणात्मक प्रकृति जो सत्त्वासत्त्वादियोंसे अनिर्वचनीय माया है वही चराचर जगत्को उत्पादन करती है। मायावीसे अधिष्ठित माया जैसे कल्पित गज (हाथी) घोड़ा पैदा करती है उसी प्रकार मैं सकार्य मायाभासनसे अतिरिक्त कोई व्यापार नहीं करता हूँ। इस हेतु से हे कौन्तेय !, स्थावर जङ्गम जगत् द्विविध रूपसे होता है । जन्मादि और विनाशान्त विकारसमुदाय बराबर होते हैं इस कारण भासकत्वमात्र व्यापारसे मैं सृष्टि करता हूँ यह कहा । उससे तावन्मात्रसे आदित्यादिके समान **उदासीनवदासीनः'** कहा इससे कर्तृत्व और उदासीनवदासीनमें विरोध नहीं है । आदित्यके प्रकाशमें जैसे लोग शुभाशुभ कर्म करते हैं उन कर्मोंका फल उन पुरुषोंको होता है। आदित्य भासकत्वेन कर्ता है किन्तु उदासीन और फलरहित होनेसे उनको कर्मबन्धन नहीं होता। यह कहा भी है—

'अस्य द्वैतेन्द्रजालस्य यदुपादानकारणम् ।
अज्ञानं तदुपाश्रित्य ब्रह्म कारणमुच्यते ॥' इति ।

अर्थ—इन्द्रजाल के समान इस द्वैतका जो उपादानकारण अज्ञान है वह ब्रह्माश्रित है इसलिये ब्रह्म कारण कहा जाता है इस अर्थमें सहस्रों श्रुति स्मृतियाँ उदाहरण के योग्य हैं ।। १० ।।

इस प्रकार नित्य शुद्ध बुद्ध मुक्त स्वभाव सब प्राणियोंके आत्मा आनन्दघन अनन्त होने पर भी

मोघाशा मोघकर्माणो मोघज्ञाना विचेतसः ।
राक्षसीमासुरीं चैव प्रकृतिं मोहिनीं श्रिताः ॥ १२ ॥

निष्फल आशा करनेवाले निष्फल कर्म करनेवाले तथा कुतर्कजन्यज्ञानवाले अविवेकीजन राक्षसी तथा मोहिनी प्रकृतिका आश्रयण किये हुये हैं ॥ १२ ॥

नन्तीति'। अवजानन्ति मां साक्षादीश्वरोऽयमिति नाद्रियन्ते, निन्दन्ति वा मूढा अविवेकिनो जनाः, तेषामवज्ञाहेतुं भ्रमं सूचयति—**'मानुषीं तनुमाश्रितमि'**ति । मानुषीं-मनुष्यतया प्रतीयमानाम् मूर्तिमात्मेच्छया भक्तानुग्रहार्थं गृहीतवन्तं मनुष्यतया प्रतीयमानेन देहेन व्यवहरन्तमिति यावत् । ततश्च मनुष्योऽयमिति भ्रान्त्या छादितान्तःकरणाः मम परं भावम्-प्रकृष्टं पारमार्थिकं तत्त्वं सर्वभूतानां-महान्तमीश्वरमजानन्तो यन्नाद्रियन्ते, निन्दन्ति वा, तत्-अनुरूपमेव मूढत्वस्य ॥११॥

ते च भगवदवज्ञान-निन्दनजनितमहादुरितप्रतिबद्धबुद्धयो निरन्तरं निरयनिवासार्हा एव-**'मोघाशाः'** इति । ईश्वरमन्तरेण कर्माण्येव नः फलं दास्यन्तीत्येवंरूपा मोघा-निष्फलैवाशा-फलप्रार्थना येषाम्, ते । अत एवेश्वरविमुखत्वान्मोघानि श्रममात्ररूपाण्यग्निहोत्रादीनि कर्माणि येषाम्, ते। तथा मोघम्-ईश्वराप्रतिपादककुतर्कशास्त्रजनितं ज्ञानं येषाम्, ते। कुत एवम् ? यतो विचेतसो भगवदवज्ञानजनितदुरितप्रतिबद्धविवेकविज्ञानाः । किञ्च ते भगवदवज्ञानवशात् राक्षसीं-तामसीमविहितहिंसाहेतुद्वेषप्रधानाम् , आसुरीं च-राजसीं शास्त्रानभ्यनुज्ञातविषयभोगहेतुरागप्रधानां च मोहिनीं शास्त्रीयज्ञानभ्रंशहेतुं प्रकृतिम्-स्वभावमाश्रिता एव भवन्ति ।

'अवजानन्ति' इतिसे। ईश्वरको मूर्ख लोग यह साक्षात् ईश्वर हैं इस प्रकार आदर नहीं करते प्रत्युत निन्दा करते हैं क्योंकि वे अविवेकी हैं उनके अनादर हेतु भ्रमको सूचित करते हैं। मनुष्य शरीरमें आश्रित मनुष्यके रूपसे ज्ञात होनेवाले जो कि भक्तानुग्रहार्थ अपनी इच्छासे मूर्तिग्रहण करता है मनुष्यरूपसे प्रतीयमान देहसे व्यवहार करते हुए मुझको यह मनुष्य हैं इस भ्रान्तिसे ढके हुये अन्तःकरणवाले मेरा उत्तमभाव पारमार्थिक तत्त्व सब भूतोंका महान् ईश्वर न जानते हुए जो मेरा आदर नहीं करते प्रत्युत निन्दा करते हैं वह मूर्खता के अनुकूल ही हैं ॥ ११ ॥

वे मनुष्य भगवान्की अवज्ञा (तिरस्कार) और निन्दाजनित महापातकसे प्रतिबद्ध बुद्धि होकर सदा नरक निवासके योग्य ही हैं । ईश्वरके विना कम ही हम लोगोंको फल देगा एवंरूप निष्फल आशा-फल प्रार्थना है जिनकी वे मोघाशा हैं । अतएव ईश्वरविमुख होनेसे 'मोघानि श्रममात्ररूपाणि अग्निहोत्रा-

महात्मानस्तु मां पार्थ ! दैवीं प्रकृतिमाश्रिताः ।
भजन्त्यनन्यमनसो ज्ञात्वा भूतादिमव्ययम् ॥ १३ ॥

हे अर्जुन ! किन्तु दैवी प्रकृतिका आश्रयण करनेवाले महात्माजन हैं। वे एकमात्र मुझमें चित्त-रखनेवाले सनातन और भूतोंके (जगत्के) कारणरूप मुझको जानकर भजते हैं ॥ १३ ॥

ततश्च 'त्रिविधं नरकस्येदं द्वारं नाशनमात्मनः । कामः क्रोधस्तथा लोभः' इत्युक्तम्, नरकद्वारभागितया नरकयातनामेव ते सततमनुभवन्तीत्यर्थः ॥ १२ ॥

भगवद्विमुखानां फलकामनायाः, तत्प्रयुक्तस्य नित्य-नैमित्तिक-काम्यकर्मानुष्ठानस्य, तत्प्रयुक्तस्य शास्त्रीयज्ञानस्य च वैयर्थ्यात् पारलौकिकफल-तत्साधनशून्यास्ते, नाऽप्यैहिकम्-लौकिकं किञ्चित्फलमस्ति तेषां विवेकविज्ञानशून्यतया । विचेतसो हि ते । अतः सर्वपुरुषार्थ-बाह्याः शोच्या एव सर्वेषां ते वराका इत्युक्तम् । अधुना के सर्वपुरुषार्थभाजोऽशोच्याः, ये भगवदेकशरणा इत्युच्यते—'**महात्मानस्त्विति**' । महान्-अनेकजन्मकृतसुकृतैः संस्कृतः क्षुद्र-

---

दीनि कर्माणि येषां ते मोघाशाः' इस व्युत्पत्तिसे वे ईश्वर वैमुख्यसे '**अग्निहोत्रादि**' कर्मानुष्ठानकेपरिश्रममात्रके भागी होते हैं तब फल कुछ भी नहीं होता तथा मोघ अर्थात् ईश्वरके प्रतिपादक कुतर्क शास्त्रसे जनित ज्ञान है जिनका वे मोघज्ञान हैं, क्यों यतः 'विचेतसः' भगवत् अवज्ञान जन्य पापसे प्रतिबद्ध विवेकज्ञान होनेसे विकल चित्त हैं और भी भगवन्निन्दावश राक्षसी तामसी अर्थाद् अशास्त्रित हिंसा हेतु द्वेष प्रधान आसुरी राजसी शास्त्रसे असम्मत विषयभोगहेतु रागप्रधान मोहिनी शास्त्रीय ज्ञानच्युतिका हेतु प्रकृति स्वभावको आश्रित ही होते हैं। उससे 'त्रिविधं नरकस्येदं द्वारं नाशनमात्मनः । कामः क्रोधस्तथा लोभः' इत्यादि श्लोकोक्त नरकद्वार भागी होनेसे वे सदा नरकयातना (तीव्रवेदना) का ही अनुभव करते हैं ॥ १२ ॥

भगवान् से जो विमुख हैं उनकी फलकामना और उसके लिये तत्प्रयुक्त नित्य नैमित्तिक काम्य कर्मों का अनुष्ठान और उसके लिये होनेवाला शास्त्रीयज्ञानके वैयर्थ्यसे पारलौकिक फल और उसके साधनसे वे शून्य होते हैं। और न ऐहलौकिक कुछ फल उनको होता है क्योंकि वे विवेकज्ञानशून्य होनेसे विचेतस हैं अर्थात् विपरीत बुद्धिवाले हैं। सर्व पुरुषार्थ बाह्य-रहित अतएव शोच्य हैं वे सब वराक है यह कह चुके हैं। इस समय कौन पुरुष पुरुषार्थका भागी और अशोच्य हैं जो भगवान्के एकमात्र शरण प्राप्त हैं यह कहते हैं—'**महात्मानः**' से। अनेक जन्ममें किये गये पुण्योंसे संस्कृत तथा क्षुद्र कामादिसे अनभिभूत-अतिरस्कृत

सततं कीर्तयन्तो मां यतन्तश्च दृढव्रताः ।
नमस्यन्तश्च मां भक्त्या नित्ययुक्ता उपासते ॥ १४ ॥

मननपरायण दृढ़ अहिंसादि व्रतवाले भक्तजन मेरा निरन्तर कीर्तन करते हुये भक्तिसे मुझको नमस्कार करते हुये मेरी उपासना करते हैं ॥ १४ ॥

कामाद्यनभिभूत आत्मा अन्तःकरणं येषां ते । अत एव 'अभयं सत्त्वसंशुद्धिः' इत्यादिवक्ष्यमाणां दैवीं-सात्त्विकीं प्रकृतिमाश्रिताः । अत एवान्यस्मिन्-मद्व्यतिरिक्ते नास्ति मनो येषां ते, भूतादिम्-सर्वजगत्कारणम् , अव्ययम्-अविनाशिनं च मामीश्वरं ज्ञात्वा भजन्ति-सेवन्ते ॥ १३ ॥

ते केन प्रकारेण भजन्तीत्युच्यते-द्वाभ्याम्—'**सततमि**'ति । सततम्-सर्वदा ब्रह्मनिष्ठम् गुरुमुपसृत्य वेदान्तवाक्यविचारेण, गुरूपसदनेतरकाले च प्रणवजपोपनिषदावर्तनादिभिर्माम्-सर्वोपनिषत्प्रतिपाद्यं ब्रह्मस्वरूपं कीर्तयन्तः । वेदान्तशास्त्राध्ययनरूपश्रवणव्यापारविषयीकुर्वन्तः इति यावत् । तथा यतन्तश्च-गुरुसन्निधौ, अन्यत्र वा वेदान्ताविरोधितर्कानुसन्धानेनाप्रामाण्यशङ्कानास्कन्दितगुरूपदिष्टमत्स्वरूपावधारणाय यतमानाः । श्रवणनिर्धारितार्थबाधशङ्कापनोदकतर्कानुसन्धानरूपमननपरायणा इति यावत् । तथा दृढव्रताः-दृढानि-प्रतिपक्षैश्चालयितुमशक्यानि अहिंसासत्यास्तेयब्रह्मचर्यापरिग्रहादीनि व्रतानि येषां ते, शमदमादिसाधनसम्पन्ना इति यावत् ।

आत्मा अन्तःकरण है जिनका वे, अतएव 'अभयं सत्त्वसंशुद्धिः' इत्यादि वक्ष्यमाण दैवी सात्त्विकी प्रकृतिके आश्रित हैं अतएव मेरेसे अतिरिक्त दूसरेमें मन नहीं है जिनका एवंभूत वे भूतादि सकल प्रपञ्चका कारण अविनश्वर मुझ ईश्वरको जानकर भजन करते हैं ॥ १३ ॥

वे किस प्रकारसे भजन करते हैं यह दो श्लोकोंसे कहते हैं—'**सततमि'ति** से । सदा ब्रह्मनिष्ठ गुरुके समीप उपस्थित होकर वेदान्तवाक्यविचारसे और गुरुके पास बैठनेके इतर कालमें प्रणवजप-ॐकारजप उपनिषद् पाठादिसे सर्वोपनिषद्के प्रतिपाद्य ब्रह्मस्वरूप मुझको कीर्तन करते हुए वेदान्तशास्त्राध्ययनरूप श्रवण व्यापारका विषय मुझको करते हैं अर्थात् वेदान्तवाक्योंसे उत्पन्न ज्ञानका विषय मुझको करते हैं। तथा गुरुके सन्निकट अथवा अन्यत्र वेदान्तका अविरोधी तर्कानुसन्धानसे अप्रमाण शंकासे रहित गुरूपदिष्ट मत्स्वरूप निर्णयके लिये प्रयत्न करते हुए श्रवणसे निश्चित अर्थके बाधकी जो शंका उसका निवर्तक तर्कानुसन्धानरूप मनन परायण (तत्पर) हैं, तथा दृढव्रताः 'दृढानि प्रतिपक्षैः चालयितुमशक्यानि अहिंसासत्यास्तेयब्रह्मचर्यादीनि व्रतानि येषां, ते दृढव्रताः' पूर्व पक्षसे निराकरण करनेके अशक्य अहिंसादिव्रत जिनका है वे दृढव्रत हैं । शम दम आदिसे युक्त हैं यह भाव है। पतंजलि ने कहा है—'अहिंसासत्यास्तेय-

तथा चोक्तं पतञ्जलिना---'अहिंसासत्यास्तेयब्रह्मचर्यापरिग्रहा यमाः' । ते तु जातिदेशकाल-समयानवच्छिन्नाः सार्वभौमा महाव्रतम्' इति । जात्या,ब्राह्मणत्वादिकया देशेन-तीर्थादिना कालेन-चतुर्दश्यादिना समयेन-यज्ञाद्यन्यत्वेनानवच्छिन्ना अहिंसादयः सार्वभौमाः क्षिप्त-मूढ़-विक्षिप्तभूमिष्वपि भाव्यमानाः कस्यामपि जातौ कस्मिन्नपि देशे कस्मिन्नपि काले यज्ञा-दिप्रयोजनेऽपि 'हिंसां न करिष्यामि' इत्येवंरूपेण किंचिदप्यपर्युदस्य सामान्येन प्रवृत्ता एते महाव्रतमित्युच्यन्त इत्यर्थः । तथा नमस्यन्तश्च-मां काय-वाङ्-मनोभिर्नमस्कुर्वन्तश्च , माम्-भगवन्तम् वासुदेवं सकलकल्याणगुणनिधानमिष्टदेवतारूपेण गुरुरूपेण च स्थितम् , चकारात्---

'श्रवणं कीर्तनं विष्णोः स्मरणं पादसेवनम् ।
अर्चनं वन्दनं दास्यं सख्यमात्मनिवेदनम् ॥'

इति वन्दनसहचरितं श्रवणाद्यपि बोद्धव्यम् । 'अर्चनं पादसेवनमि'त्यपि गुरुरूपे तस्मिन् सुकरमेव । अत्र **'मामि'**ति पुनर्वचनं सगुणरूपपरामर्शार्थम् , अन्यथा वैयर्थ्यप्रसङ्गात् । तथा भक्त्या-मद्विषयेण परेण प्रेम्णा नित्ययुक्ताः-सर्वदा संयुक्ताः । एतेन सर्वसाधनपौष्कल्यम् प्रतिबन्धकाभावश्च दर्शितः---

---

ब्रह्मचर्यापरिग्रहा यमाः, ते जातिदेशकालसमयानवच्छिन्नाः सार्वभौमा महाव्रतम्' इति । जाति ब्राह्मणत्वा-दिक, देश-काशी प्रयागादि तीर्थ, काल-चतुर्दशी पूर्णिमादि पर्व तथा यज्ञादि भिन्नसे अनवच्छिन्न अहिंसादि सार्वभौमव्रत हैं । अर्थात् ब्राह्मणत्वादि जातिविशिष्टकी हिंसा न करेंगे तथा तीर्थ में न करेंगे तथा चतुर्दश्यादि पर्वकालमें न करेंगे यह जात्याद्यवच्छिन्न व्रत हैं । और किसी भी जातिमें किसी भी देशमें किसी भी कालमें यज्ञादि प्रयोजनमें भी हिंसा न करेंगे यह संकल्प इस रूपसे किसीको छोड़े विना सामान्यसे प्रवृत्त (अनवच्छिन्न) अहिंसा आदि महाव्रत कहलाती है । क्षिप्तमूल विक्षिप्तभूमिक चित्तमें भी इसका सम्भव है, तथा **'नमस्यन्तश्च माम्'** इति । काय-वाग् और मनसे भगवान् वासुदेव मुझको नमस्कार करते हुये जो कि सकल कल्याण गुणनिधान इष्टदेवतारूपसे और गुरुरूपसे स्थित हैं 'चकारसे श्रवणं कीर्तनं विष्णोः' इत्यादि मूलस्थ श्लोकोक्त वन्दनके साथ श्रवणादि भी समझना । अर्चन और पादसेवन भी गुरुरूप भगवान्में सुकर है अन्यत्र नहीं । यहाँ 'माम्' यह पुनः कथन सगुणरूपके परामर्शके लिये है अन्यथा व्यर्थ हो जायगा तथा मद्विषय पर भक्तिसे (प्रेमसे) सर्वदा युक्त वे हैं इससे सर्वसाधन पूर्णता और प्रतिबन्धका

'यस्य देवे परा भक्तिर्यथा देवे तथा गुरौ ।
तस्यैते कथिता ह्यर्थाः प्रकाशन्ते महात्मनः ॥' श्वेत-उ-६-२३-इति श्रुतेः ।

पतञ्जलिना चोक्तम्—'ततः प्रत्यक्चेतनाधिगमोऽप्यन्तरायाभावश्च' यो. द. १-२९ इति। ततः-ईश्वरप्रणिधानात्प्रत्यक्चेतनस्य-त्वंपदलक्ष्यस्याधिगमः-साक्षात्कारो भवति, अन्तरायाणाम्-विघ्नानां चाभावो भवतीति सूत्रस्यार्थः । तदेवं शमदमादिसाधनसम्पन्ना वेदान्तश्रवणमनन-परायणाः परमेश्वरे परमगुरौ प्रेम्णा नमस्कारादिना च विगतविघ्नाः परिपूर्णसर्वसाधनाः सन्तो मामुपासते-विजातीयप्रत्ययानन्तरितेन सजातीयप्रत्ययप्रवाहेण श्रवणमननोत्तरभाविना सततं चिन्तयन्ति महात्मानः । अनेन निदिध्यासनं चरमसाधनं दर्शितम् । एतादृशसाधन-पौष्कल्ये सति यद्वेदान्तवाक्यजमखण्डगोचरं साक्षात्काररूपम्-'अहं ब्रह्मास्मि' इति ज्ञानम्, तत्सर्वशङ्काकलङ्कास्पृष्टं सर्वसाधनफलभूतं स्वोत्पत्तिमात्रेण दीप इव तमः सकलमज्ञानम्, तत्कार्यं च नाशयतीति, निरपेक्षमेव साक्षान्मोक्षहेतुः, न तु भूमिजयक्रमेण भ्रूमध्ये प्राणप्रवे-शनम्, मूर्धन्यया नाड्या प्राणोत्क्रमणम्, अर्चिरादिमार्गेण ब्रह्मलोकगमनम्, तद्भोगान्तकाल-

अभाव दिखलाया है। 'यस्य देवे परा भक्तिः' इत्यादि श्रुति ऊपर देखिये । अर्थ—जिसकी देवतामें परा उत्कृष्ट भक्ति है और जैसे देवतामें भक्ति है वैसे ही गुरुमें है उसी महात्माको ये अध्यात्मशास्त्रोक्त अर्थ भासित होते हैं। महर्षि पतंजलिने भी कहा है—'ततः प्रत्यक्चेतनाधिगमोऽप्यन्तरायाभावश्च' इति । ईश्वर प्रणिधानसे 'त्वम्' पदलक्ष्य-त्वम्पदार्थ प्रत्यक् चेतन जीवका पूर्ण साक्षात्कार होता है तथा अन्तरायों-(विघ्नों) का अभाव भी होता है यह सूत्र का अर्थ है। इस प्रकार शमदमादि साधनसम्पन्न और वेदान्त-श्रवण मननपरायण परमगुरु परमेश्वरमें प्रेम और नमस्कारादिसे विघ्नशून्य और परिपूर्ण सर्वसाधन होते हुए मेरी उपासना करते हैं। विजातीयप्रत्ययानन्तरित-विजातीयज्ञानसे व्यवधानरहित और सजातीय-ज्ञानधारारूप श्रवण मननके अनन्तर भक्तिसे महात्मा लोग सदा मेरी चिन्तना करते हैं इससे निदिध्यासन अन्तिम साधन है यह दिखलाया। ऐसे साधन साकल्यसे जो वेदान्तवाक्यसे उत्पन्न अखण्डविषय साक्षा-त्काररूप 'मैं ब्रह्म हूँ' यह ज्ञान होता है वह सर्व शंका कलङ्कसे अछूत है सर्वसाधनके फलभूत स्वकीय उत्पत्तिमात्रसे सकल अज्ञान और उसके कार्यको निवृत्त करता है, जैसे प्रदीप अपनी उत्पत्तिमात्रसे अन्धकारकी निवृत्ति करता है उसी प्रकार। अतएव वह ज्ञान निरपेक्ष साक्षान्मोक्षका कारण है। भूमिके जयक्रमकी अपेक्षा नहीं। भ्रूमध्यमें प्राणप्रवेशन मूर्धन्य नाड़ीसे प्राणके उत्क्रमण अर्चिरादि मार्ग द्वारा ब्रह्मलोकमें गमन उस भोग समाप्तिके काल विलम्बकी अपेक्षा नहीं होती है अतः जो पहले प्रतिज्ञात हुआ

ज्ञानयज्ञेन चाऽप्यन्ये यजन्तो मामुपासते ।
एकत्वेन पृथक्त्वेन बहुधा विश्वतोमुखम् ॥ १५ ॥

उनमें कोई ज्ञानयज्ञसे पूजा करते हुये और कोई एकत्वभावसे कोई सेव्यसेवकभावसे तथा कोई पृथक्त्वसे [अनेक प्रकारसे] मुझ विराट् स्वरूपकी उपासना करते हैं ॥ १५ ॥

विलम्बं वा प्रतीक्ष्यते । अतो यत्प्राक्प्रतिज्ञातम्—'इदं तु ते गुह्यतमं प्रवक्ष्याम्यनसूयवे ।' 'ज्ञानम्' इति । तदेतदुक्तम् । फलश्चास्याशुभान्मोक्षणं प्रागुक्तमेवेतीह पुनर्नोक्तम् । एवमत्रायम् गम्भीरो भगवतोऽभिप्रायः । उत्तानार्थस्तु प्रकट एव ॥ १४ ॥

इदानीं य एवमुक्तश्रवणमनननिदिध्यासनासमर्थाः, तेऽपि त्रिविधाः-उत्तमाः, मध्यमाः, मन्दाश्चेति सर्वेऽपि स्वानुरूप्येण मामुपासत इत्याह—**'ज्ञानयज्ञेने'**ति । 'त्वं वा अहमस्मि भगवो देवते, अहं वै त्वमसि' जा. उ. 'इत्यादिश्रुत्युक्तमहंग्रहोपासनं ज्ञानम् । स एव परमेश्वरयजनरूपत्वाद्यज्ञः, तेन । चकार एवार्थे । अपिशब्दः साधनान्तरत्यागार्थः । केचित्-साधनान्तरनिस्पृहाः सन्त उपास्योपासकाभेदचिन्तारूपेण ज्ञानयज्ञेनैकत्वेन-भेदव्यावृत्त्या मामेवोपासते-चिन्तयन्त्युत्तमाः । अन्ये तु केचिन्मध्यमाः पृथक्त्वेन-उपास्योपासकयोर्भेदेन 'आदित्यो ब्रह्मेत्यादेशः' इत्यादिश्रुत्युक्तेन प्रतीकोपासनरूपेण ज्ञानयज्ञेन मामेवोपासते । अन्ये त्वहंग्रहोपासने

'इदं तु गुह्यतमम्' इत्यादि, वही यहां ज्ञान कहा गया है, इसका फल पूर्वोक्त अशुभसे मोक्षण है इसलिये यहाँ पुनः फलका कथन नहीं है । इस प्रकार यहाँ भगवान्का यह गम्भीर अभिप्राय है और उत्तानार्थ अर्थात् स्पष्टार्थ तो स्फुट ही है । 'निम्नं गभीरं गम्भीरमुत्तानं तद्विपर्यये' इस अमरकोशसे गम्भीरके विपर्यय को उत्तान भी कहते हैं ॥ १४ ॥

इस समय जो लोग पूर्वोक्त श्रवण मनन निदिध्यासनमें असमर्थ हैं वे तीन प्रकारके हैं—१. उत्तम, २. मध्यम और ३. मन्द । वे सब अपने अनुसार मेरी उपासना करते हैं यह कहते हैं **'ज्ञानयज्ञेन'** से । अन्य पूर्वोक्त साधनानुष्ठानमें असमर्थ हैं वे ज्ञान यज्ञ से 'त्वं वा अहमस्मि भगवो देवते, अहं वै त्वमसि भगवः-देवते !' आप मैं हूँ और मैं आप हो इस प्रकार श्रुत्युक्त अहंग्रहोपासन ज्ञान वही परमेश्वर यजनरूप होनेसे यज्ञ है उससे मेरी उपासना करते हैं । चकार एवकारके अर्थमें है । अपि शब्द हेत्वन्तरके त्यागार्थ है । किसी साधनान्तरकी स्पृहासे शून्य होते हुए उपास्योपासकके अभेदकी चिन्तारूप ज्ञान द्वारा एकत्वसे भेद हटाकर स्वाभिन्न मेरी उपासना करते हैं वे उत्तम हैं । दूसरे मध्यम श्रेणीके लोग उपास्योपासकका भेद मानकर 'आदित्यो ब्रह्मेत्यादेशः' इत्यादि श्रुत्युक्त प्रतीकोपासनारूप ज्ञानयज्ञसे मेरी ही उपासना करते हैं ।

अहं क्रतुरहं यज्ञः स्वधाऽहमहमौषधम् ।
मन्त्रोऽहमहमेवाऽऽज्यमहमग्निरहं हुतम् ॥ १६ ॥

मैं श्रौत अग्निष्टोमादियाग हूँ मैं वैश्वदेवादि स्मार्त्तयज्ञ हूँ, तथा पितरों को दिया जानेवाला अन्न हूँ, मैं औषध हूँ, मन्त्र हूँ, मैं ही घृत हूँ, मैं ही अग्नि हूँ और मैं ही हवि हूँ ॥ १६ ॥

प्रतीकोपासने वाऽसमर्थाः केचिन्मन्दाः कांचिदन्यां देवतां चोपासीनाः कानिचित् कर्माणि चाकुर्वाणा वहुधा-तैस्तैर्बहुभिः प्रकारैर्विश्वरूपम्-सर्वात्मानं मामेवोपासते । तेन तेन ज्ञानयज्ञेनेति, उत्तरोत्तराणां क्रमेण पूर्वपूर्वभूमिलाभः ॥ १५ ॥

यदि बहुधोपासते, तर्हि कथं त्वामेवेत्याशङ्क्य, आत्मनो विश्वरूपत्वं प्रपञ्चयति चतुर्भिः—**'अहं क्रतुरहमि'**ति । 'सर्वस्वरूपोऽहम्' इति वक्तव्ये, तत्तदेकदेशकथनमवयुत्यानुवादेन, वैश्वानरे-द्वादशकपालेऽष्टाकपालत्वादिकथनवत् । क्रतुः-श्रौतोऽग्निष्टोमादिः । यज्ञः-स्मार्तो वैश्वदेवादिः-महायज्ञत्वेन श्रुतिस्मृतिप्रसिद्धः । स्वधा-अन्नं पितृभ्यो दीयमानम् । औषधम्-ओषधिप्रभव-मन्नम् । सर्वैः प्राणिभिर्भुज्यमानम्, भेषजं वा । मन्त्रः-याज्यापुरोऽनुवाक्यादिः, येनोद्दिश्य हविर्दीयते-देवेभ्यः । आज्यम्-घृतं सर्वहविरुपलक्षणमिदम् । अग्निः-आहवनीयादिः-हविःप्रक्षेपाधिकरणम् ।

और जो लोग उनसे भी मन्द हैं अहं ग्रहोपासन और अनन्तरोक्त प्रतीकोपासनमें समर्थ नहीं हैं वे अतिमन्द किसी दूसरे देवताकी उपासना करते हैं अथवा कोई कर्म करते हैं प्रायः उन अनेक प्रकारोंसे सर्वात्मा स्वरूप मेरी ही उपासना करते हैं, उन ज्ञानयज्ञोंसे उत्तरोत्तर उपासकोंको पूर्व पूर्व भूमिका क्रमसे लाभ होता है ॥ १५ ॥

यदि अनेक देवताओंकी उपासना करते हैं तो आपकी ही उपासना वे कैसे करते हैं इस शंकाकी निवृत्तिके लिये अपनेको विश्वस्वरूप चार श्लोकोंसे स्फुट करते हैं, **'अहं'** से । 'निखिल स्वरूप हम हैं' यह कहना उचित था किन्तु ऐसा न कहकर उस उस एकदेशका स्वरूप कथन अवयुत्य अनुवाद है, द्वादशकपाल वैश्वा-नरमें अष्टाकपालत्वादि कथनके समान एकदेशसे अनुवाद अवयुत्य अनुवाद है । 'क्रतुः वैदिकः अग्नि-ष्टोमादिः यज्ञः, स्मार्तः (स्मृतिप्रोक्त) वैश्वदेवादिः महायज्ञ' रूपसे श्रुतिस्मृतिमें प्रसिद्ध तथा पितरोंके उद्देश्यसे दीयमान जो अन्न वह स्वधा हैं वह भी मैं हूँ । औषधम् औषधिसे सम्पन्न अन्न जिसको सब प्राणी खाते हैं वह मैं हूँ अथवा औषध अर्थ करके भेषज (दवा) जो व्याधि निवर्तक है वह मैं हूँ । मन्त्र याज्या-पुरोऽनुवाक्यादि, जिससे देवताओंके उद्देश्यसे हवि दी जाती है । आज्य (घृत) सब हवियोंका उपलक्षण है ।

पिताऽहमस्य जगतो माता धाता पितामहः ।
वेद्यं पवित्रमोंकार ऋक्साम यजुरेव च ॥ १७ ॥

मैं ही सम्पूर्ण जगत् का जनक पिता एवं माता हूँ, मैं ही पोषक या कर्मफलदाता हूँ। मैं ही पितामह (पिता का पिता) हूँ, जानने योग्य पवित्र (गङ्गास्नानादि) ओंकार, ऋग्वेद, सामवेद और यजुर्वेद भी मैं हीं हूँ ॥ १७ ॥

हुतं-हवनं हविःप्रक्षेपः, एतत्सर्वमहं परमेश्वर एव । एतदेकैकज्ञानमपि भगवदुपासनमिति कथयितुं प्रत्येकमहंशब्दः । क्रियाकारकफलजातं किमपि भगवदतिरिक्तं नास्तीति समुदायार्थः ॥ १६ ॥

किं च—'**पिताऽहमस्ये**'ति । अस्य जगतः-सर्वस्य प्राणिजातस्य पिता-जनयिता माता-जनयित्री धाता-पोषयिता । तत्तत्कर्मफलविधाता वा । पितामहः-पितुः पिता वेद्यं-वेदितव्यं वस्तु, पूयतेऽनेनेति पवित्रं-पावनं शुद्धिहेतुर्गङ्गास्नानं-गायत्रीजपादि, वेदितव्ये ब्रह्मणि वेदनसाधनमोङ्कारः । नियताक्षरपादा ऋक् । गीतिविशिष्टा सैव साम । सामपदं तु गीतिमात्रस्यैवाभिधायकमित्यन्यत् । गीतिरहितमनियताक्षरं यजुः, एतत् त्रिविधं मन्त्रजातम् कर्मोपयोगि । चकारादथर्वाङ्गिरसोऽपि गृह्यन्ते । एवकारोऽहमेवेत्यवधारणार्थः ॥ १७ ॥

अग्निः आहवनीयादि जो हवि त्यागका आधार है और हुत हवन हविका त्याग यह सब मैं परमेश्वर ही हूँ। इनमें एकैक ज्ञान भी भगवान्की उपासना है इसे कहनेके लिए प्रत्येकके साथ 'अहम्' शब्दका उच्चारण है। क्रिया कारक फलसमुदाय कुछ भी भगवान्से अतिरिक्त नहीं है यह समुदायका अर्थ है॥ १६ ॥

और भी—इस सब जगत्के सर्व प्राणिसमुदायका उत्पन्न करनेवाला पिता, पोषण करनेवाली माता तत्तद् कर्मके फलका विधान करनेवाला मैं हूँ। पिताके पिताको पितामह कहते हैं वह भी मैं हूँ, और वेद्य वेदितव्य वस्तु पवित्र भी मैं हूँ। जिससे वह पवित्र शुद्धि हेतु गङ्गास्नान गायत्री जपादि मैं हूँ वेदितव्य ब्रह्ममें वेदन ज्ञानसाधन ॐकार मैं हूँ। जिसके पादमें अक्षर नियत होते हैं वह ऋक् है, गीतिविशिष्ट वही ऋक् साम है, सामपद केवल गीतिमात्रका बोधक है, गीतिरहित अनियताक्षर यजु है, यह तीन प्रकारका मन्त्रसमुदाय कर्मोपयोगी है चकारसे अथर्ववेदका भी ग्रहण है। एवकार (अहमेव) मैं ही हूँ इस अवधारणके लिये है॥ १७ ॥

गतिर्भर्ता प्रभुः साक्षी निवासः शरणं सुहृत् ।
प्रभवः प्रलयः स्थानं निधानं बीजमव्ययम् ॥ १८ ॥

गति (कर्मफल) पोषण करनेवाला, स्वामी, पाप पुण्यका देखनेवाला, भोगस्थान, दुःखनाशक, उपकारी, उत्पत्ति, स्थिति, विनाश, सूक्ष्म वस्तुओंका आधार और अविनाशी उत्पत्तिका कारण मैं हूँ ॥ १८ ॥

'गतिरि'ति । किञ्च-गम्यत इति गतिः-कर्मफलम्––

'ब्रह्मा विश्वसृजो धर्मो महानव्यक्तमेव च ।
उत्तमां सात्त्विकीमेतां गतिमाहुर्मनीषिणः ॥' मनु० अ० १२-श्लो० ५० ।

इत्येवं मन्वाद्युक्तम् । भर्ता-पोष्टा सुखसाधनस्यैव दाता, प्रभुः-स्वामी, मदीयोऽयमिति स्वीकर्ता । साक्षी-सर्वप्राणिनां शुभाशुभद्रष्टा । निवसन्त्यस्मिन्निति निवासः-भोगस्थानम् , शीर्यते दुःखमस्मिन्निति शरणं-प्रपन्नानामार्तिहृत् । सुहृत्-प्रत्युपकारानपेक्षः सन्नुपकारी । प्रभवः-उत्पत्तिः, प्रलयः-विनाशः स्थानं-स्थितिः । यद्वा प्रकर्षेण भवन्त्यनेनेति प्रभवः स्रष्टा, प्रकर्षेण लीयन्तेऽनेनेति प्रलयः-संहर्ता, तिष्ठन्त्यस्मिन्निति स्थानम्-आधारः, निधीयते-निक्षिप्यते तत्कालभोगायोग्यतया कालान्तरोपभोग्यं वस्त्वस्मिन्निति निधानम्-सूक्ष्मरूपसर्ववस्त्वधिकरणम् प्रलयस्थानमिति यावत्; शङ्खपद्मादिनिधिर्वा । बीजम्-उत्पत्तिकारणम् , अव्ययम्-अविनाशि, न तु व्रीह्यादिवद्विनश्वरम्, तेनानाद्यनन्तं यत्कारणम् , तदप्यहमेवेति पूर्वेणैव संबन्धः ॥ १८ ॥

किञ्च—'गम्यत इति गतिः कर्मफल है विद्वान् लोग विश्वकी सृष्टि करनेवाले ब्रह्मा धर्म महान और अव्यक्त इस सात्त्विक गतिको उत्तम कहे हैं यह मन्वादि स्मृतियोंमें हैं । भर्ता पोषण करनेवाला, सुखसाधन का ही देनेवाला, प्रभु (स्वामी) जो यह मेरा है ऐसा मानता है वह स्वामी है, सब प्राणियोंके पुण्य पाप देखनेवाला साक्षी है, निवास भोगस्थान, शरण प्राप्तके दुःखको हरनेवाला सुहृद् प्रत्युपकारकी अपेक्षा न कर उपकार करनेवाला, प्रभव-उत्पत्ति प्रलय विनाश अथवा प्रकृष्टसे हो जिससे वह प्रभव उत्पादक, प्रकर्षेण लय हो जिससे वह प्रलय संहारकर्ता, स्थित रहें जिसमें वह स्थान, आधार निधान किया जाय उस समय फलभोगके अयोग्य होनेसे कालान्तरमें उपभोगयोग्य वस्तु जिसमें रक्खा जाय वह निधान है। सूक्ष्मरूप सब वस्तुओंका प्रलयस्थान अथवा शंखपद्मादि निधि मैं हूँ बीज उत्पत्तिका कारण अव्यय अविनाशी व्रीह्यादि के समान विनाशी नहीं इससे अनादि अनन्त जो कारण वह मैं ही हूँ यह पूर्वके साथ सम्बन्ध है ॥ १८ ॥

तपाम्यहमहं वर्षं निगृह्णाम्युत्सृजामि च ।

अमृतं चैव मृत्युश्च सदसच्चाऽहमर्जुन ! ॥ १९ ॥

हे अर्जुन ! मैं सूर्यरूप हीकर तपता हूँ, मैं ही वर्षाका आकर्षण करता और वरसाता हूँ, और मैं ही अमृत मृत्यु सत् और असत् हूँ ॥ १९ ॥

त्रैविद्या मां सोमपाः पूतपापा यज्ञैरिष्ट्वा स्वर्गतिं प्रार्थयन्ते ।

ते पुण्यमासाद्य सुरेन्द्रलोकमश्नन्ति दिव्यान् दिवि देवभोगान् ॥ २० ॥

तीनो वेदोंके जाननेवाले सोमरस पीनेवाले निष्पाप पुरुष मुझको यज्ञ द्वारा पूजन कर स्वर्गकी प्राप्ति चाहते हैं, वे पुण्यके फलस्वरूप इन्द्रलोक प्राप्त कर स्वर्गमें दिव्य (मनुष्यलोंकमें अप्राप्य) देवभोगोंको भोगते (प्राप्त करते) हैं ॥ २० ॥

'तपाम्यहमि'ति । किंच-तपाम्यहमादित्यः सन् । ततश्च तापवशादहं वर्षम्-पूर्वदृष्टिरूपम् रसं पृथिव्या निगृह्णाम्याकर्षामि कैश्चिद्रश्मिभिरष्टसु मासेषु । पुनस्तमेव निगृहीतं रसं चतुर्षु मासेषु कैश्चिद्रश्मिभिरुत्सृजामि च-वृष्टिरूपेण प्रक्षिपामि च भूमौ, अमृतं च देवानाम् । सर्वप्राणिनां विनाशो वा । सत्-यत्संबन्धितया यद्विद्यते, तत्तत्र सत् । असच्च-यत्संबन्धितया यन्न विद्यते, तत् तत्रासत् । एतत्सर्वमहमेव हे अर्जुन ! तस्मात्सर्वात्मानं मां विदित्वा स्वस्वाधिकारानुसारेण बहुभिः प्रकारैर्मामेवोपासत इत्युपपन्नम् ॥ १९ ॥

एवमेकत्वेन 'पृथक्त्वेन' बहुधा चेति त्रिविधा अपि निष्कामाः सन्तो भगवन्तमुपासीनाः सत्त्वशुद्धिज्ञानोत्पत्तिद्वारेण क्रमेण मुच्यन्ते । ये तु सकामाः सन्तो न केनाऽपि प्रकारेण

और भी—मैं ही आदित्य होकर धूप करता हूँ अर्थात् संसारको तपाता हूँ उसके बाद (अहं) मैं वृष्टिस्वरूप वर्षा हूँ, पृथिवीके रसको कुछ रश्मियोंसे आठ महीनेमें आकर्षण करता हूँ (खींचता हूँ) फिर वही खींचा हुआ पृथिवीका रस चातुर्मासा वर्षाकालमें कुछ किरणोंसे वृष्टिरूपसे भूमिमें त्याग करता हूँ। देवताओंका अमृत और सब प्राणियोंका जीवन मैं ही हूँ । एवकारका अहंके साथ सम्बन्ध है । मरणशीलों की मृत्यु सर्व प्राणियोंका विनाश जिसमें जो सम्वन्धितया रहता हैं वहाँ यह सत् कहलाता है और जो यत् सम्वधितया जहाँ नहीं है वह वहाँ असत् कहलाता है यह सब हे अर्जुन ! मैं ही हूँ । इस कारणसे मुझको सर्वात्मा समझकर अपने अपने अधिकारके अनुसार अनेक प्रकारोंसे मेरी ही उपासना करते हैं यह बात ठीक है ॥ १९ ॥

इस प्रकार अभेदसे भेदसे और अनेक प्रकारसे इन तीन प्रकारवाले निष्काम होकर भगवान्की उपासना करते हैं वे अन्तःकरणकी शुद्धि और ज्ञानोत्पत्तिद्वारा क्रमसे मुक्त होते हैं और जो सकाम होकर

ते तं भुक्त्वा स्वर्गलोकं विशालं क्षीणे पुण्ये मर्त्यलोकं विशन्ति ।
एवं त्रयीधर्ममनुप्रपन्ना गतागतं कामकामा लभन्ते ॥ २१ ॥

वे विशाल (विस्तीर्ण) स्वर्गलोकका उपभोगकर पुण्यके क्षीण होनेपर मृत्युलोकमें प्रवेश करते हैं, इस प्रकार वैदिक धर्मका आश्रयण करतेवाले तथा दिव्य भोग चाहनेवाले आवागमनको प्राप्त करते हैं ॥ २१ ॥

भगवन्तमुपासते, किंतु स्वस्वकामसाधनानि काम्यान्येव कर्माण्यनुतिष्ठन्ति, ते सत्त्वशोधकाभावेन ज्ञानसाधनमनधिरूढाः पुनः पुनर्जन्ममरणप्रबन्धेन सर्वदा संसारदुःखमेवानुभवन्तीत्याह-द्वाभ्याम्——**'त्रैविद्या मामि'त्यादिना** । ऋग्वेद-यजुर्वेद-सामवेदलक्षणा हौत्राध्वर्यवौद्गात्रप्रतिपत्ति-हेतवस्तिस्रो विद्या येषां ते । त्रिविद्या एव स्वार्थिकतद्धितेन त्रैविद्यः, तिस्रो वदन्तीति वा वेदत्रयविदो याज्ञिका यज्ञैः-अग्निष्टोमादिभिः क्रमेण सवनत्रये वसुरुद्रादित्यरूपिणं माम्-ईश्वर-मिष्ट्वा तद्रूपेण मामजानन्तोऽपि वस्तुवृत्तेन पूजयित्वा अभिषुत्य हुत्वा च सोमं पिबन्तीति सोमपाः सन्तस्तेनैव सोमपानेन पूतपापाः-निरस्तस्वर्गभोगप्रतिबन्धकपापाः सकामतया स्वर्गतिम् प्रार्थयन्ते, न तु सत्त्वशुद्धिज्ञानोत्पत्त्यादि, । ते दिवि-स्वर्गे लोके पुण्यम्-पुण्यफलं सर्वोत्कृष्टं सुरेन्द्रलोकम्-शतक्रतोःस्थानमासाद्य दिव्यान्-मनुष्यैरलभ्यान् देवभोगान्-देवदेहोपभोग्यान् कामानश्नन्ति-भुञ्जते ॥ २० ॥

किसी भी प्रकारसे भगवानकी उपासना नहीं करते किन्तु अपने इष्टसाधन काम्यकर्म ही करते हैं वे अन्तः-करणके शोधकके अभावसे ज्ञानसाधनको न पाकर फिर फिर जन्म मरण प्रबन्धसे सदा संसार दुःखका ही अनुभव करते हैं यह दो श्लोकोंसे कहते हैं—**'त्रैविद्याः' से** । ऋग्वेद, यजुर्वेद और सामवेद एवं ऋग्वेदमें हौत्रकर्म यजुर्वेदमें आध्वर्यव और सामवेदमें औद्गात्र, ज्ञानके हेतु तीन विद्यायें जिनको हैं वे त्रिविद्या कहलाते हैं । त्रिविद्या शब्दसे स्वार्थिक तद्धितसे त्रैविद्य बना, अथवा उक्त तीनों विद्याओंको जो जानते हैं अर्थात् वेदत्रयको जानकर याज्ञिक, यज्ञ अग्निष्टोमादिसे क्रमसे सवनत्रयसे वसु, रुद्र और आदित्यरूपी मुझ ईश्वर का यज्ञ कर उस रूपसे मुझे न जानते हुए भी वस्तुस्वभावसे पूजा कर सोमको कूट कर रस गारकर हवन कर अवशिष्ट सोमरस जो पीते हैं वे 'सोमपा' कहाते हैं वैसे होते हुए इसी सोम पानसे स्वर्गभोग प्रतिबन्धक पापोंको निवृत्त कर शुद्ध सकाम होनेसे स्वर्गकी प्रार्थना करते हैं । अन्तःकरणकी शुद्धि और ज्ञानोत्पत्तिकी नहीं । वे स्वर्गलोकमें सर्वोत्कृष्ट पुण्यफल सुरेन्द्रलोक स्थानमें पहुँच कर मनुष्योंसे अलभ्य देवदेहसे भोग योग्य दिव्य भोगोंका अनुभव करते हैं ॥ २० ॥

अनन्याश्चिन्तयन्तो मां ये जनाः पर्युपासते ।
तेषां नित्याभियुक्तानां योगक्षेमं वहाम्यहम् ॥ २२ ॥

जो जन अनन्यभावसे मेरा चिन्तन करते हुए उपासना करते हैं, उन आदरसे निरन्तर ध्यान करनेवाले जनोंका योगक्षेम (अलब्धका लाभ योग) लब्धका परिपालनक्षेम मैं स्वयं करता हूँ ॥ २२ ॥

ततः किमनिष्टमिति तदाह—**'ते तमि'ति** । ते-सकामास्तं काम्येन पुण्येन प्राप्तम् विशालं-विस्तीर्णं स्वर्गलोकं भुक्त्वा तद्भोगजनके पुण्ये क्षीणे सति-तद्देहनाशात्पुनर्देहग्रहणाय मर्त्यलोकं विशन्ति-पुनर्गर्भवासादियातना अनुभवन्तीत्यर्थः । पुनः पुनरेवम्-उक्तप्रकारेण । हि प्रसिद्धयर्थः । त्रैधर्म्यम्-हौत्राध्वर्यवौद्गात्रधर्मत्रयार्हं ज्योतिष्टोमादिकं काम्यं कर्म । 'त्रयीधर्मम्' इति पाठेऽपि त्रय्या-वेदत्रयेण प्रतिपादितं धर्ममिति, स एवार्थः । अनुप्रपन्नाः-अनादौ संसारे पूर्वप्रतिपत्त्यनन्तरं मनुष्यलोकमागत्य पुनः प्रतिपन्नाः कामकामाः-दिव्यान् भोगान् कामयमाना एवं गतागतं लभन्ते-कर्म कृत्वा स्वर्गं यान्ति, तत आगत्य पुनः कर्म कुर्वन्तीत्येवं गर्भवासादियातनाप्रवाहः तेषामनिशमनुवर्तत इत्यभिप्रायः ॥ २१ ॥

'अनन्यः' इति । निष्कामाः सम्यग्दर्शिनस्तु अन्यः-भेददृष्टिविषयो न विद्यते येषाम्, तेऽनन्याः सर्वाद्वैतदर्शिनः सर्वभोगनिःस्पृहाः अहमेव भगवान्-वासुदेवः सर्वात्मा । न मद्व्यति-

---

इससे क्या अनिष्ट होता है यह कहते हैं—**'ते तमिति' से** । वे सकाम है अतएव काम्य पुण्यसे उस विशाल स्वर्गफलको प्राप्तकर अर्थात् विस्तृत स्वर्गलोकका भोग करने पर स्वर्गभोगके जनक पुण्यके क्षीण होने पर उस स्वर्गीय शरीरका नाश होनेसे फिर देहग्रहण करनेके लिये मर्त्यलोकमें आते हैं और फिर गर्भवासादिसे जन्य दुःखोंका अनुभव करते हैं। पुनः पुनः उक्त प्रकारसे आते हैं और जाते हैं। 'हि' शब्द प्रसिद्धार्थक है। 'त्रैधर्म्य-हौत्र आध्वर्यव कौर औद्गात्रके धर्मत्रययोग्य ज्योतिष्टोमादि काम्यकर्म। 'त्रयीधर्मम्' इस पाठमें भी त्रयी-वेदत्रयी तत्प्रतिपादित धर्म उक्त ही अर्थ है (अनुप्रपन्न) अनादि संसार में (पूर्व ज्ञानकी अपेक्षासे अनु शब्द है) पूर्व ज्ञानके अनन्तर मनुष्यलोकमें आकर फिर मनुष्य होते हैं। कामकामा दिव्य भोगोंकी कामना करते हुए गतागत आवागमनका लाभ करते हैं संसारमें आते जाते हैं। कर्म कर स्वर्ग जाते हैं वहाँसे आकर फिर कर्म करते हैं इस प्रकार गर्भवासादि दुःखप्रवाह उनको सदा होता है यह अभिप्राय है ॥ २१ ॥

इस प्रकार कर्मियोंकी आवृत्ति फल कहकर भक्तोंकी भी मेरे भजनसे ही सर्वेष्टसिद्धि होती है। **'अनन्याः'** इति से। निष्काम ज्ञानी जिसको अन्य भेद दृष्टिका विषय नहीं है अर्थात् अभेद दर्शी जो हैं

येऽप्यन्यदेवताभक्ता यजन्ते श्रद्धयाऽन्विताः।
तेऽपि मामेव कौन्तेय! यजन्त्यविधिपूर्वकम् ॥ २३ ॥

हे अर्जुन ! जो भी श्रद्धासे युक्त इन्द्रादि देवताओंके भक्त इन्द्रादिकी पूजा करते हैं, वे भी अज्ञानपूर्वक मेरीं ही पूजा करते हैं ॥ २३ ॥

रिक्तं किंचिदस्तीति ज्ञात्वा, तमेव प्रत्यञ्चं सदा चिन्तयन्तो मां-नारायणमात्मत्वेन ये जनाः-साधनचतुष्टयसम्पन्नाः संन्यासिनः परि-सर्वतोऽनवच्छिन्नतया पश्यन्ति, ते मदनन्यतया कृतकृत्याः एवेति शेषः । अद्वैतदर्शननिष्ठानामत्यन्तनिष्कामानां तेषां स्वयमप्रयतमानानां कथं योगक्षेमौ स्यातामित्यत आह—'**तेषामि**'ति । तेषां नित्याभियुक्तानां-नित्यमनवरतमादरेण ध्याने व्यापृतानां देहयात्रामात्रार्थमप्यप्रयतमानानां कथं योगं च क्षेमं च-अलब्धस्य लाभं, लब्धस्य परिरक्षणं च शरीरस्थित्यर्थं योगक्षेममकामयमानानामपि वहामि-प्रापयाम्यहं सर्वेश्वरः ।

'प्रियो हि ज्ञानिनोऽत्यर्थमहं स च मम प्रियः ।
उदाराः सर्व एवैते ज्ञानी त्वात्मैव मे मतम् ॥'

इति ह्युक्तम् । यद्यपि सर्वेषामपि योगक्षेमं वहति भगवान्, तथाप्यन्येषां प्रयत्नमुत्पाद्य, तद्द्वारा वहति, ज्ञानिनां तु तदर्थं प्रयत्नमनुत्पाद्य वहतीति विशेषः ॥ २२ ॥

वे अनन्य हैं अर्थात् सर्वाद्वैतात्मदर्शी हैं अतएव सर्व भोगोंसे निस्पृह हैं । मैं ही भगवान् वासुदेव सर्वात्मा मुझसे अतिरिक्त कुछ भी नहीं है यह जानकर उसी प्रत्यगात्माका सदा चिन्तन करते हुए मुझ नारायणको अपना आत्मा जानते हुए साधनचतुष्टयसे सम्पन्न संन्यासी परित्यागी विरक्त सब प्रकारसे अवच्छिन्न रूपसे आत्मा मुझको देखते हैं वे मेरेसे अभिन्न होनेसे कृतकृत्य ही हैं अर्थात् अपना कर्तव्य पूर्ण कर चुके हैं । अद्वैतज्ञानमें निष्ठावान् अतएव अत्यन्त निष्काम हैं उन लोगोंका और जो स्वयं अपने लिये प्रयत्न नहीं करते उनका योगक्षेम कैसे होता है ? अलब्धकी प्राप्ति योग है और लब्धका परिपालन क्षेम कहलाता है इस शंकासे कहते हैं—**'तेषामिति' से** । उन नित्याभियुक्तोंको जो सतत ध्यानमें आदरपूर्वक लगे हैं शरीरयात्रामात्र निर्वाहार्थ भी प्रयत्न नहीं करते उनका योगक्षेम पूर्वोक्त शरीरस्थितिके लिए मैं सर्वेश्वर कराता हूँ । क्योंकि ज्ञानी अत्यंत हमको प्रिय हैं और ज्ञानियोंको हम प्रिय हैं । ये सब उत्कृष्ट हैं ज्ञानी तो मेरा आत्मा ही है जो कि पहले कह चुके हैं । यद्यपि सबका योग क्षेम भगवान् करते हैं तथापि अन्य लोगोंका उन उन व्यापारको कराकर उसके द्वारा योगक्षेम करते हैं और ज्ञानियोंके योगक्षेमार्थ व्यापार न कराकर स्वयं करते हैं यह विशेष है ॥ २२ ॥

अहं हि सर्वयज्ञानां भोक्ता च प्रभुरेव च।
न तु मामभिजानन्ति तत्त्वेनातश्च्यवन्ति ते ॥ २४ ॥

क्योंकि मैं ही सभी यज्ञोंका भोक्ता और स्वामी (फलदाता) हूँ। वे (देवतान्तरपूजक) तत्त्वरूप (यथार्थरूप) से मुझको नहीं जानते हैं, अतः गिरते अर्थात् बार-बार मनुष्यलोकको प्राप्त करते हैं ॥२४॥

नन्वन्या अपि देवतास्त्वमेव, त्वद्व्यतिरिक्तस्य वस्त्वन्तरस्याभावात् तथा च देवतान्तरभक्ता अपि त्वामेव भजन्त इति, न कोऽपि विशेषः स्यात्। तेन गतागतं कामकामाः वसुरुद्रादित्यादिभक्ता लभन्ते। अनन्याश्चिन्तयन्तो मां तु कृतकृत्या इति कथमुक्तं ?। तत्राह— **'येऽप्यन्यदेवता' इति।** यथा मद्भक्ता मामेव यजन्ति, तथा येऽन्यदेवतानां वस्वादीनां भक्ताः यजन्ते ज्योतिष्टोमादिभिः श्रद्धया-आस्तिक्यबुद्ध्या अन्विताः, तेऽपि मद्भक्ता इव हे कौन्तेय !, तत्तद्देवतारूपेण स्थितं मामेव यजन्ति-पूजयन्ति अविधिपूर्वकम्-अविधिरज्ञानम्, तत्पूर्वकं सर्वात्मत्वेन मामज्ञात्वा, मद्भिन्नत्वेन वस्वादीन् कल्पयित्वा यजन्तीत्यर्थः ॥ २३ ॥

अविधिपूर्वकत्वं विवृण्वन् फलप्रच्युतिममीषामाह—**'अहं ही'ति।** अहं-भगवान् वासुदेव एव सर्वेषां यज्ञानां-श्रौतानां स्मार्तानां च तत्तद्देवतारूपेण भोक्ता च स्वेनान्तर्यामिरूपेण अधियज्ञत्वात् प्रभुश्च फलदाता चेति हि प्रसिद्धमेतत्। देवतान्तरयाजिनस्तु मामीदृशम् तत्त्वेन भोक्तृत्वेन प्रभुत्वेन च भगवान् वासुदेव एव वस्वादिरूपेण यज्ञानां भोक्ता, स्वेन

प्रश्न—अन्य भी देवतायें आप ही हैं आपसे अतिरिक्त देवतान्तर है नहीं तो फिर देवतान्तर भक्त भी आप ही का भजन करते हैं फिर फलभेद क्यों ? एवं दोनोंमें विशेष क्या है ? जिस कारण कामकामा वसु रुद्र और आदित्यके भक्त आते जाते हैं, अनन्य मेरी चिन्ता करनेवाले कृतकृत्य होते हैं यह फल भेद कैसे ?

उत्तर—जैसे मेरे भक्त मेरा ही भजन करते हैं वैसे अन्य देवता वसु रुद्र आदित्यके भक्त श्रद्धासे-आस्तिक्य बुद्धिसे युक्त होकर ज्योतिष्टोमादिसे मेरा भजन करते हैं हे अर्जुन !, अतः वे भी मेरे भक्त ही हैं क्योंकि तत्तद् देवता रूपसे स्थित मेरी ही पूजा करते हैं किन्तु वे अविधिपूर्वक अर्थात् अज्ञान पूर्वक सर्वात्मा मुझको न समझकर वस्वादिको मुझसे अतिरिक्त कल्पना कर पूजा करते हैं ॥ २३ ॥

अविधिपूर्वकका विवरण करते हुए इनके फलकी च्युति कहते हैं—**'अहं'** से। मैं भगवान् ही सब यज्ञोंका चाहे श्रौत हो अथवा स्मार्त हो तत्तद् देवतारूपसे भोक्ता तथा अन्तर्यामीस्वरूपसे अधियज्ञ होनेसे प्रभु (स्वामी) तथा फलदाता मैं ही प्रसिद्ध हूँ। देवतान्तरके यज्ञ करनेवाले इस तरह मुझको तत्त्वतः भोक्तृत्व और प्रभुत्वसे भगवान् वासुदेव ही वसु आदिरूपसे यज्ञोंका भोक्ता और अपने स्वरूपसे फलदाता है

यान्ति देवव्रता देवान् पितॄन् यान्ति पितृव्रताः।
भूतानि यान्ति भूतेज्या यान्ति मद्याजिनोऽपि माम् ॥ २५ ॥

देवताओंके पूजक देवताओंको प्राप्त करते हैं, पितरोंके आराधक पितरोंको प्राप्त करते हैं, भूतोंकी पूजा करनेवाले भूतोंको प्राप्त करते हैं और मेरी पूजा करनेवाले मुझको प्राप्त करते हैं ॥ २५ ॥

रूपेण च फलदाता, न तदन्योऽस्ति कश्चिदाराध्य इत्येवंरूपेण न जानन्ति। अतो मत्स्वरूपापरिज्ञानान्महताऽऽयासेनेष्ट्वाऽपि मय्यनर्पितकर्माणस्तत्तद्देवलोकं धूमादिमार्गेण गत्वा तद्भोगान्ते च्यवन्ति-प्रच्यवन्ते, तद्भोगजनककर्मक्षयात्तद्देहादिवियुक्ताः पुनर्देहग्रहणाय मनुष्यलोकम् प्रत्यावर्तन्ते। ये तु तत्तद्देवतासु भगवन्तमेव सर्वान्तर्यामिणं पश्यन्तो यजन्ते, ते भगवदर्पितकर्माणस्तद्विद्यासहितकर्मवशादर्चिरादिमार्गेण ब्रह्मलोकं गत्वा तत्रोत्पन्नसम्यग्दर्शनास्तद्भोगान्ते मुच्यन्त इति विवेकः ॥ २४ ॥

देवतान्तरयाजिनामनावृत्तिफलाभावेऽपि तत्तद्देवतायागानुरूपक्षुद्रफलावाप्तिर्ध्रुवेति वदन् भगवद्याजिनां तेभ्यो वैलक्षण्यमाह—**'यान्ति देवे'**ति। अविधिपूर्वकयाजिनो हि त्रिविधाः-अन्तःकरणोपाधिगुणत्रयभेदात्। तत्र सात्त्विका देवव्रताः, देवा वसुरुद्रादित्यादयः, तत्संबन्धि व्रतम्-बल्युपहारप्रदक्षिणप्रह्वीभावादिरूपं पूजनं येषाम्, ते तानेव देवान् यान्ति 'तं यथा यथोपासते,

---

उनसे अतिरिक्त कोई आराध्य देव नहीं है इस रूपसे नहीं जानते। इस कारण मेरे स्वरूपके अज्ञानसे बड़े प्रयत्नसे यज्ञ करके भी मुझमें कर्मोंका अर्पण न कर तत्तद् देवलोकमें धूमादिमार्ग द्वारा जाकर उस लोकमें भोगान्तमें उस लोकसे प्रच्युत होते हैं, उस लोकके भोगजनक कर्मोंके क्षय होनेसे उस लोकके स्वर्गादि शरीर से रहित होकर फिर देह ग्रहणके लिए पुनर्मनुष्यलोकमें आते हैं। और जो उन उन देवताओंमें अन्तर्यामी भगवान्को ही देखते हुए यज्ञ करते हैं वे भगवान्में सब कर्मोंका अर्पणकर आत्मज्ञानसहित अर्चिरादिमार्ग-द्वारा ब्रह्मलोक जाकर उस लोकमें तत्त्वज्ञानोत्पत्ति होनेसे उस लोकके भोगान्तमें मुक्त हो जाते हैं यह विवेक है ॥ २४ ॥

अन्य देवताके याजियोंको अनागति-अनावृत्ति फल न होने पर भी उक्त उस देवताके यागके अनुरूप (क्षुद्र) छोटा फल प्राप्ति निश्चित है यह कहते हुए भगवानने यज्ञ करनेवालोंमें उन देवतान्तरके पूजकोंसे वैलक्षण्य कहते हैं—**'यान्ति'** से। अविधिपूर्वक यज्ञ करनेवाले तीन प्रकारके हैं। सगुण अन्तःकरणके उपाधि भेदसे। उनमें सात्त्विक जो हैं वे देवव्रत हैं, देवता, वसु; रुद्र, आदित्य आदि तत्सम्बन्धी व्रतवाले उपहार प्रदक्षिणा और नमस्कार आदि रूप पूजन है जिनमें वे देवव्रत हैं। देवव्रत, वसु, रुद्रादि देवलोक में जाते हैं 'तं यथा

तदेव भवति' इति श्रुतेः । राजसास्तु पितृव्रताः श्राद्धादिक्रियाभिरग्निष्वात्तादीनां पितृणामाराधकाः तानेव पितॄन् यान्ति । तथा तामसाः-भूतेज्या यक्षरक्षोविनायकमातृगणादीनां भूतानां पूजकाः तान्येव भूतानि यान्ति । अत्र देवपितृभूतशब्दानां तत्संबन्धिलक्षणयोष्ट्रमुखन्यायेन समासः, मध्यमपदलोपिसमासानङ्गीकारात् । प्रकृतिविकृतिभावाभावेन च तादर्थ्यचतुर्थीसमासायोगात् । अन्ते च पूजावाचीज्याशब्दप्रयोगात् पूर्वपर्यायद्वयेऽपि व्रतशब्दः पूजापर एव । एवम्-देवतान्तराराधनस्य तत्तद्देवतारूपत्वमन्तवत्फलमुक्त्वा, भगवदाराधनस्य भगवद्रूपत्वमनन्तम् फलमाह—**'मद्याजिनः'** इति । माम्-भगवन्तं यष्टुं पूजयितुं शीलं येषाम् , ते मद्याजिनः सर्वासु देवतासु भगवद्भावदर्शिनो भगवदाराधनपरायणा मां भगवन्तमेव यान्ति । [1]समानेपि आयासे भगवन्तमन्तर्यामिणमनन्तफलदमनाराध्य, देवतान्तरमाराध्य, अन्तवत्फलं यान्तीत्यहो दुर्दैववैभवमज्ञानामित्यभिप्रायः ॥ २५ ॥

यथोपासते, तदेव भवति' यह श्रुति है । उपासक जैसे-जैसे उपास्यकी उपासना करता है उपासक वही उपास्य होता है । राजस (रजोगुणविशिष्ट) पितृ व्रत कहलाते हैं श्राद्धादिक क्रियाओंसे अग्निष्वात्तादि पितरोंकी पूजा करनेसे उन्हीं आराध्य अग्निष्वात्तादिमें जाते हैं । तथा तमोगुणविशिष्ट जिनका अन्तःकरण है वे भूतेज्या कहलाते हैं, यक्ष रक्ष विनायक मातृगणादि भूतोंके पूजक हैं वे उन्हीं पूज्य भूतोंमें जाते हैं । यहाँ पर देवपितृभूत शब्दोंका तत्सम्बन्धिमें लक्षणा होनेसे उष्ट्रमुख न्यायसे समास हैं । ऊँटके मुखके समान मुख है जिसका वह उष्ट्रमुख कहाता है उसी प्रकार देवव्रतादि शब्दमें 'देवस्य व्रतमिव व्रतं येषां, ते देवव्रताः', अर्थात् देवव्रतके समान व्रत है जिनका वे देवव्रत कहलाते हैं । मध्यमपदलोपी समास स्वीकार नहीं है और प्रकृति विकृति भाव न होनेसे तादर्थ्य चतुर्थी समास भी नहीं है । अन्तमें पूजावाची इज्या शब्दके प्रयोगसे पूर्व पर्यायद्वयमें व्रतशब्द पूजापरक ही है । इस प्रकार देवतान्तरके आराधनका तत्तद् देवतारूप विनाशफल कहकर भगवानके आराधनका भगवद्रूप प्राप्ति अनन्तफल कहते हैं—**'मद्याजिनः'** से । मुझ भगवान्की पूजा करनेका स्वभाव है जिनकी वे मद्याजी सब देवताओंमें भगवद् भाव देखनेवाले अतएव भगवान्के आराधनमें परायण मुझ भगवान् में ही जाते हैं । परिश्रम समान होने पर भी अज्ञानसे अन्तर्यामी अनन्त फलप्रद भगवान्की आराधना न कर देवतान्तरकी आराधना कर विनाशी फलको पाते हैं यह अहो दौर्भाग्य है अज्ञों का यह अभिप्राय है ॥ २५ ॥

---

१. अज्ञाने इति पाठः, अभ्यासे इति पाठः ।

पत्रं पुष्पं फलं तोयं यो मे भक्त्या प्रयच्छति ।
तदहं भक्त्युपहृतमश्नामि प्रयतात्मनः ॥ २६ ॥

जो भक्त पत्ता, फूल, फल और जल भी भक्तिसे मुझको अर्पित करता है भक्तिसे समर्पित किये हुये भक्तके उस पत्र-पुष्पादिको स्वीकार कर तृप्त होता हूँ ॥ २६ ॥

तदेवं देवतान्तराणि परित्यज्य, अनन्तफलत्वाद्भगवत एवाराधनं कर्तव्यमतिसुकरत्वाच्चेत्याह—'**पत्रं पुष्पमि**'ति । पत्रं पुष्पं फलं तोयमन्यद्वाऽनायासलभ्यं यत्किञ्चिद्वस्तु यः-कश्चिदपि नरो मे-मह्यमनन्तमहाविभूतिपतये परमेश्वराय भक्त्या-'न वासुदेवात्परमस्ति-किंचिदि'ति बुद्धिपूर्विकया प्रीत्या प्रयच्छति-ईश्वराय भृत्यवदुपकल्पयति, मत्स्वत्वानास्पदद्रव्याभावात् । सर्वस्यापि जगतो मयैवार्जितत्वात् । अतो मदीयमेव सर्वं मह्यमर्पयति जनः । तस्य प्रीत्या प्रयच्छतः प्रयतात्मनः-शुद्धबुद्धेस्तत् पत्रपुष्पादि तुच्छमपि वस्तु अहं सर्वेश्वरः-अश्नामि-अशनवत्प्रीत्या स्वीकृत्य तृप्यामि । अत्र वाच्यस्यात्यन्ततिरस्कारात् अशनलक्षितेन स्वीकारविशेषेण प्रीत्यतिशयहेतुत्वं व्यज्यते । 'न ह वै देवा अश्नन्ति, न पिबन्ति, एतदेवामृतं दृष्ट्वा तृप्यन्ति' इति श्रुतेः । कस्मात्तुच्छमपि तदश्नामि ? यस्मात् भक्त्युपहृतं-भक्त्या प्रीत्या समर्पितं तेन । प्रीत्या समर्पणं मत्स्वीकारनिमित्तमित्यर्थः । अत्र भक्त्या प्रयच्छतीत्युक्त्वा,

---

इस प्रकार देवतान्तरका परित्याग कर अनन्त फलके लिये भगवान् ही की आराधना करनी चाहिये और भगवान्का आराधन अतिसुलभ भी है यह कहते हैं—'**पत्रं**' से । पत्ता, फूल, फल, जल और जो अनायाससे प्राप्त कोई वस्तु है जो कोई पुरुष मुझ अनन्त महाविभूतिपति परमेश्वरकी भक्तिसे अर्थात् वासुदेवसे पर श्रेष्ठ दूसरा कोई नहीं है इस बुद्धिपूर्वक प्रीतिसे ईश्वरके लिये अर्पण करता है, जैसे नौकर ईश्वर-स्वामी को बड़ा मानकर पुष्पादि अर्पण करता है मेरा स्वत्व जिसमें नहीं है ऐसा कोई पदार्थ ही संसारमें नहीं हैं क्योंकि सम्पूर्ण प्रपञ्च मेरा ही उपार्जित है अतः मेरी ही सब वस्तु जो मनुष्य मुझे अर्पण करता है उस प्रीतिसे अर्पण करनेवाले शुद्धबुद्धिवाले पुरुषके अर्पित पत्र पुष्पादि अतितुच्छ भी वस्तु सर्वेश्वर मैं खाता हूँ, अर्थात् भोजनके समान प्रीतिसे स्वीकार कर तृप्त होता हूँ । यहाँ पर वाच्य भोजन अत्यन्ततिरस्कृत होनेसे उसे लक्षितमें स्वीकार विशेषसे प्रीत्यतिशयका हेतुत्व व्यंजित होता है । ('न ह वै देवा अश्नन्ति, न पिबन्ति, एतदेवामृतं दृष्ट्वा तृप्यन्ति) अर्थ—देवता खाते पीते नहीं हैं यही अमृतको देखकर तृप्त होते हैं ।

प्रश्न—क्यों फिर तुच्छ भी पत्रादि खाते हैं ?

उत्तर—जिस कारणसे प्रीतिसे समर्पित है इससे प्रीतिसे समर्पण मेरे स्वीकारका निमित्त है ।

यत्करोषि यदश्नासि यज्जुहोषि ददासि यत् ।
यत्तपस्यसि कौन्तेय ! तत्कुरुष्व मदर्पणम् ॥ २७ ॥

हे अर्जुन ! जो कुछ करते हो, जो खाते हो, जो हवन करते हो, जो दान देते हो तथा जो चान्द्रायणादि व्रत करते हो वह सब मुझको अर्पित करो ॥ २७ ॥

पुनर्भक्त्युपहृतमिति वदन्नभक्तस्य ब्राह्मणत्व-तपस्वित्वादि मत्स्वीकारनिमित्तं न भवतीति, परिसङ्ख्यां सूचयति । श्रीदामब्राह्मणानीततण्डुलकणभक्षणवत् प्रीतिविशेषप्रतिबद्धभक्ष्याभक्ष्यविज्ञानो बाल इव मात्राद्यर्पितं पत्रपुष्पादि भक्तार्पितं साक्षादेव भक्षयामीति वा । तेन भक्तिरेव मत्परितोषनिमित्तम्, न तु देवतान्तरवद् बल्युपहारादि बहुवित्तव्ययायाससाध्यम् किंचिदिति । देवतान्तरमपहाय मामेव भजेतेत्यभिप्रायः ॥ २६ ॥

कीदृशं ते भजनम् ? तदाह **'यत्करोषी'ति** । यत्करोषि-शास्त्राद्दतेऽपि रागात्प्राप्तं गमनादि, यदश्नासि-स्वयं तृप्त्यर्थं, कर्मसिद्धचर्थं वा, तथा यज्जुहोषि-शास्त्रबलान्नित्यमग्निहोत्रादिहोमम् निर्वर्तयसि । श्रौतस्मार्तसर्वहोमोपलक्षणमेतत् । तथा यद्ददासि-अतिथिब्राह्मणादिभ्योऽन्न-हिरण्यादि, तथा यत्तपस्यसि-प्रतिसंवत्सरमज्ञातप्रामादिकपापनिवृत्तये चान्द्रायणादि चरसि, उच्छृङ्खलप्रवृ-

---

'भक्त्या प्रयच्छति' अर्थात् भक्तिसे अर्पण करता है यह कहकर फिर भक्तिसे अर्पित अभक्त ब्राह्मणत्व तपस्वित्वादि मेरे स्वीकारका निमित्त नहीं है यह परिसंख्याकी सूचना करते हैं । सुदामा ब्राह्मणसे आनीत तण्डुल कण भक्षणके समान । प्रीतिविशेषसे प्रतिबद्ध भक्ष्याभक्ष्य विज्ञान अर्थात् यह भक्ष्य है और यह अभक्ष्य है इसके विज्ञानकी उत्पत्ति प्रत्यर्पितवस्तुमें प्रीतिसे प्रतिबद्ध हो जाती है । अतएव प्रीतिसे मात्रादि अर्पित पत्र पुष्पादिको बालक जैसे खाता है वैसे ही भक्तिसे अर्पित पत्र पुष्पादि साक्षात् मैं खाता हूँ यह भी अर्थ है । इससे भक्ति ही मेरे सन्तोषका निमित्त है, वह धनव्यय तथा अतिपरिश्रमसे साध्य बलि उपहार आदि जैसे देवतान्तरके प्रीतिहेतु हैं वैसा मुझको नहीं इस कारण देवतान्तरको छोड़कर मेरा ही भजन करो यह अभिप्राय है ॥ २६ ॥

कैसा आपका भजन है वह कहते हैं—**'यत्करोषि'** से । जो करते हो शास्त्रविधानसे विना भी रागप्राप्त गमनादि और जो खाते हो अपनी तृप्तिके लिये अथवा कर्म सिद्धचर्थ तथा जो हवन करते हो शास्त्रविधानके बलसे नित्य अग्निहोत्र होम करते हो यह होम सब श्रौत स्मार्त होमोंका उपलक्षण है । तथा अतिथि ब्राह्मणादिको अन्न सुवर्णादि जो देते हो तथा हर एक वर्षमें अज्ञानकृत पापनिवृत्तिके लिए चान्द्रायणादि तप करते हो अथवा अविहित प्रवृत्तिके रोकनेके लिए शरीरेन्द्रिय समुदायका

शुभाशुभफलैरेवं मोक्ष्यसे कर्मबन्धनैः।
संन्यासयोगयुक्तात्मा विमुक्तो मामुपैष्यसि ॥ २८ ॥

सभी कर्मोंके समर्पणरूपी योगसे शुद्ध चित्तवाला तुम शुभाशुभफल देनेवाले कर्मबन्धनसे मुक्त हो जाओगे मुक्त हुए तुम मुझको प्राप्त करोगे ॥ २८ ॥

त्तिनिरासाय शरीरेन्द्रियसंघातं संयमयसीति वा। एतच्च सर्वेषां नित्यनैमित्तिककर्मणामुपलक्षणम्। तेन यत्तव प्राणिस्वभाववशाद्विनापि शास्त्रमवश्यंभावि गमनाशनादि, यच्च शास्त्रवशादवश्यंभावि होमदानादि हे कौन्तेय! तत्सर्वम्-लौकिकं वैदिकं च कर्माऽन्येनैव निमित्तेन क्रियमाणं मदर्पणम्-मय्यर्पितं यथा स्यात्, तथा कुरुष्व। आत्मनेपदेन समर्पकनिष्ठमेव समर्पणफलम्, न तु[1] मयि किंचिदिति दर्शयति। अवश्यंभाविनां कर्मणां मयि परमगुरौ समर्पणमेव मद्भजनम्, न तु तदर्थं पृथग्व्यापारः कश्चित् कर्तव्य इत्यभिप्रायः ॥ २७ ॥

एतादृशस्य भजनस्य फलमाह—'**शुभाशुभे**'ति। एवमनायाससिद्धेऽपि सर्वकर्मसमर्पणरूपे मद्भजने सति, शुभाशुभे इष्टानिष्टे फले येषां, तैः कर्मबन्धनैः-बन्धरूपैः कर्मभिर्मोक्ष्यसे मयि समर्पितत्वात्, तव तत्संबन्धानुपपत्तेः कर्मभिस्तत्फलैश्च न संस्रक्ष्यसे। ततश्च संन्यासयोगयुक्तात्मा-संन्यासः-सर्वकर्मणां भगवति समर्पणं स एव योग इव चित्तशोधनत्वाद्योगः, तेन

संयमन करते हो यह भी अर्थ है। यह तप सब नित्य नैमित्तिक कर्मोंका उपलक्षण है, इससे जो प्राणी स्वभाववश शास्त्र विधानके विना तुम्हारा अवश्य होनेवाला गमन भोजन आदि और जो '**शास्त्र**'वश अवश्य होनेवाले होमदानादि हे अर्जुन! ये सब लौकिक वैदिक कर्म अन्यकारणसे किये जानेवाले को मदर्पण जैसे हो वैसा करो। '**कुरुष्व**' इस आत्मनेपदसे समर्पणका फल समर्पक निष्ठ ही है मेरे लिये नहीं यह दिखलाते हैं—अवश्य होनेवाले कर्मोंको परमगुरु मेरेमें समर्पण ही मेरा भजन है दूसरा व्यापार कोई नहीं करना यह अभिप्राय है ॥ २७ ॥

ऐसे भजनका फल कहते हैं—'**शुभे**'ति से। इस प्रकार स्वल्पपरिश्रमसे साध्य सर्व कर्म समर्पणरूप मेरा भजन रहने पर शुभ और अशुभ अर्थात् सुख दुःख फल है जिनका उन कर्म बन्धनोंसे अर्थात् बन्धनरूपी कर्मोंसे मुक्त हो जाओगे क्योंकि उन कर्मोंका मेरेमें समर्पण होनेसे उनका उन कर्मोंका तुम्हारे साथ सम्बन्ध नहीं रहा कर्म और तत्फलों से तुम्हारा संसर्ग न होगा। उससे 'संन्यास योग युक्तात्मा' संन्यास-सब कर्मोंका भगवान्में समर्पण वही योगके समान चित्त शोधक होनेसे योग कहलाया उससे युक्त शोधित

१. तुच्छमपि इति मु० पु० पा०।

समोऽहं सर्वभूतेषु न मे द्वेष्योऽस्ति न प्रियः ।
ये भजन्ति तु मां भक्त्या मयि ते तेषु चाप्यहम् ॥ २९ ॥

मैं सभी भूतोंमें समानरूप हूँ, मेरा कोई अप्रिय और न प्रिय है । जो भक्तिभावसे मेरा भजन करते हैं उनमें मैं हूँ और वे मुझमें हैं ॥ २९ ॥

युक्तः-शोधितः आत्मा अन्तःकरणं यस्य, स त्वं त्यक्तसर्वकर्मा वा कर्मबन्धनैर्जीवन्नेव विमुक्तः सन् सम्यग्दर्शनेनाज्ञानावरणनिवृत्त्या मामुपैष्यसि-साक्षात्करिष्यसि 'अहं ब्रह्माऽस्मि' इति । ततः प्रारब्धकर्मक्षयात् पतितेऽस्मिन् शरीरे विदेहकैवल्यरूपं मामुपैष्यसि । इदानीमपि मद्रूपः सन् सर्वोपाधिनिवृत्त्या मायिकभेदव्यवहारविषयो न भविष्यसीत्यर्थः ॥ २८ ॥

यदि भक्तानेवानुगृह्णासि, नाऽभक्तान् । ततो रागद्वेषवत्त्वेन कथं परमेश्वरः स्यादिति, नेत्याह—**'समोऽहमि'ति** । सर्वेषु प्राणिषु समः-तुल्योऽहं सद्रूपेण, स्फुरणरूपेण, आनन्दरूपेण च, स्वाभाविकेन चान्तर्यामित्वेन । अतो न मम द्वेषविषयः, प्रीतिविषयो वा कश्चिदस्ति, सावित्रस्येव गगनमण्डलव्यापिनः प्रकाशस्य । तर्हि कथं भक्ताभक्तयोः फलवैषम्यम् , तत्राह—**'ये भजन्ति त्वि'ति** । ये तु भजन्ति-सेवन्ते मां सर्वकर्मसमर्पणरूपया भक्त्या । अभक्तापेक्षया भक्तानां विशेषद्योतनार्थः 'तु' शब्दः । कोऽसौ ? मयि ते, ये मदर्पितैर्निष्कामैः कर्मभिः शोधि-

---

आत्मा अन्तःकरण है जिसका एवंभूत तू त्यक्त सर्वकर्मा जीता हुआ ही कर्मबन्धनोंसे रहित होकर तत्तद् ज्ञानसे अज्ञानकारणके निवृत्तिद्वारा मैं ब्रह्म हूँ ऐसा साक्षात्कार करोगे । उससे प्रारब्ध कर्मक्षयके बाद इस शरीरके छूटने पर विदेह कैवल्यरूप मोक्षप्राप्ति करोगे । इस समय भी मत्स्वरूप होकर सर्वोपाधिकी निवृत्तिसे मायिक भेदके व्यवहारका विषय न होओगे यह अर्थ है ॥ २८ ॥

प्रश्न—यदि भक्तोंका ही अनुग्रह करते अभक्तोंका ही नहीं तब तो भक्तोंमें राग और अभक्तोंमें द्वेष होनेसे कैसे परमेश्वर होंगे ?

उत्तर—**'समोऽहं' से** कहते हैं—सब प्राणियोंमें यद्यपि मैं तुल्यरूप हूँ सद्रूपसे, स्फुरणरूपसे आनन्दरूपसे, और औपाधिक अन्तर्यामित्वसे तुल्य हूँ अतः मेरे द्वेषका विषय कोई नहीं है और न कोई प्रीतिका विषय है यथा आकाशमण्डलमें व्यापी सूर्यके प्रकाशका कोई रागद्वेष विषय नहीं है सब पदार्थमें समान प्रकाश है तथा मैं भी समान हूँ ।

प्रश्न—तब भक्त और अभक्तमें फलका वैषम्य क्यों ?

उत्तर—जो भजन करते हैं अर्थात् सर्वकर्म समर्पणरूप भक्तिसे मेरी ही सेवा करते हैं, अभक्तोंकी

तान्तःकरणाः, ते निरस्तसमस्तरजस्तमोमलस्य सत्त्वोद्रेकेणातिस्वच्छस्यान्तःकरणस्य सदा मदाकारां वृत्तिमुपनिषन्मानेनोत्पादयन्तो मयि वर्तन्ते । अहमप्यतिस्वच्छायां तदीयचित्तवृत्तौ प्रतिबिम्बितस्तेषु वर्ते । चकारोऽवधारणार्थः । त एव मयि, तेष्वेवाहमिति । स्वच्छस्य हि द्रव्यस्यायमेव स्वभावो येन संबध्यते, तदाकारं गृह्णातीति । स्वच्छद्रव्यसंबद्धस्य च वस्तुनः एष एव स्वभावो यत्तत्र प्रतिफलतीति, तथा अस्वच्छद्रव्यस्याऽप्येष एव स्वभावो यत्स्व-संबद्धस्याप्याकारं न गृह्णातीति । अस्वच्छद्रव्यसंबद्धस्य च वस्तुन एष एव स्वभावो यत्तत्र न प्रतिफलतीति । यथा हि सर्वत्र विद्यमानोऽपि सावित्रः प्रकाशः स्वच्छे दर्पणादावेवाभि-व्यज्यते, न त्वस्वच्छे, घटादौ, तावता न दर्पणे रज्यति, न वा द्वेष्टि घटम् । एवं सर्वत्र समोऽपि स्वच्छे च भक्तचित्ते अभिव्यज्यमानोऽहं न रज्यामि कुत्रचित् , न वा द्वेष्मि कंचित् । सामग्रीमर्यादया जायमानस्य कार्यस्यापर्यनुयोज्यत्वात् । वह्निवत्, कल्पतरुवच्चावैषम्यम् व्याख्येयम् ॥ २९ ॥

अपेक्षासे भक्तोंमें विशेष सूचनार्थ 'तु' शब्द है । वह कौन है जो मेरेमें अर्पित निष्काम कर्मसे शुद्ध अन्तः-करण वाला है । अतएव समस्त रज और तमोरूप मल निवृत्त हो चुका है सत्त्वोपचयसे अतिस्वच्छ अन्तःकरणका सदा मेरे आकारकी वृत्ति उपनिषद् प्रमाणसे उत्पन्न करते हुए मुझमें रहते हैं । मैं भी अति-स्वच्छ उनकी चित्तवृत्तिमें प्रतिबिम्बित होकर रहता हूँ । चकार अवधारणार्थ है वे ही मुझमें हैं उनमें ही मैं हूँ । स्वच्छ द्रव्यका यही स्वभाव है जिसके साथ सम्बन्ध होता है तदाकारका ग्रहण करता है । स्वच्छ द्रव्यसे सम्वद्ध वस्तुका यही स्वभाव है जो उसमें प्रतिविम्बित होता है । तथा मलिन द्रव्यका यह स्वभाव है जो जिसके साथ सम्बद्ध होता है तदाकारका ग्रहण नहीं करता । अस्वच्छ द्रव्य सम्वद्ध वस्तुका यह स्वभाव है जो उसमें प्रतिबिम्बित नहीं होता । जैसे सर्वत्र विद्यमान सूर्यप्रकाश स्वच्छदर्पणादिकमें अभि-व्यक्त होता है अस्वच्छ घटमें नहीं इससे घटका दर्पणमें राग द्वेष नहीं है । इस प्रकार सर्वत्र तुल्य भी मैं स्वच्छ भक्तके चित्तमें अभिव्यक्त होता हूँ अस्वच्छ अभक्तके चित्तमें नहीं । इससे न किसीमें अनुरक्त हूँ और न किसीका द्वेष करता हूँ । सामग्रीसमुदायसे उत्पन्न कार्यमें प्रश्न नहीं हो सकता । अग्नि और कल्पतरुके समान भगवान्में वैषम्य नहीं है । अग्निसे प्रकाश और दाह दोनों होता है क्योंकि उभय स्वभाव अग्नि है किसीसे राग द्वेष नहीं है । उचित प्रयोग करनेसे अग्नि द्वारा सुख होता है और अनुचित प्रयोग करनेसे दुःख होता है । कल्पतरुकी छायामें जो मनोरथ करता है वही कल्पतरु द्वारा मिलता है चाहे अच्छा मनोरथ हो या बुरा ॥ २९ ॥

अपि चेत्सुदुराचारो भजते मामनन्यभाक्।
साधुरेव स मन्तव्यः सम्यग्व्यवसितो हि सः॥ ३०॥

चिरकालतक अधर्माचरण करनेवाला भी अनन्य भावसे मेरा भजन करने लगता है तब मेरे भजनके प्रभावसे दुराचरणको त्याग करनेसे वह साधु माना जाता है क्योंकि उसका ज्ञान समीचीन है ॥ ३० ॥

क्षिप्रं भवति धर्मात्मा शश्वच्छान्तिं निगच्छति।
कौन्तेय! प्रतिजानीहि न मे भक्तः प्रणश्यति॥ ३१॥

हे अर्जुन! इसलिये दुराचरणको छोड़कर शीघ्र ही धर्मात्मा हो जाता है, और नित्य शान्तिको प्राप्त करता है। विपरीत बुद्धिवालोंके समक्ष तुम प्रतिज्ञा करो कि मेरा भक्त नष्ट नहीं होता ॥ ३१ ॥

किं च मद्भक्तेरेवायं महिमा यत्समेऽपि वैषम्यमापादयति। शृणु तन्महिमानम्—**'अपि चेदि'ति**। यः कश्चित्सुदुराचारोऽपि चेत्-अजामिलादिरिव अनन्यभाक् सन् मां भजते-कुतश्चिद्भाग्योदयात् सेवते, स प्रागसाधुरपि साधुरेव मन्तव्यः। हि यस्मात् सम्यग्व्यवसितः-साधु निश्चयवान् सः ॥ ३० ॥

'क्षिप्रमि'ति। अस्मादेव सम्यग्व्यवसायात् स हित्वा दुराचारतां चिरकालमधर्मात्माऽपि मद्भजनमहिम्ना क्षिप्रं-शीघ्रमेव भवति धर्मात्मा-धर्मानुगतचित्तः दुराचारत्वं झटित्येव त्यक्त्वा सदाचारो भवतीत्यर्थः।

किंच शश्वन्नित्यं शान्तिम्-विषयभोगस्पृहानिर्वृत्तिं निगच्छति-नितरां प्राप्नोति, अतिनिर्वेदात्। कश्चित्त्वद्भक्तः प्रागभ्यस्तं दुराचारत्वमत्यजन्न भवेदपि धर्मात्मा।

और भी—मेरी भक्ति की ही यह महिमा है जो सममें भी वैषम्य करता हे उस महिमाको सुनो—**'अपि चेदि'ति**। जो कोई दुराचारी भी अजामिलादिके समान अनन्य शरणागत होकर मेरा भजन करता है अर्थात् किसी भाग्योदयसे मेरी सेवा करता है पूर्वमें दुराचारी भी बादमें सदाचारी ही माना जाता है। क्योंकि वह शुभ निश्चय करनेवाला है ॥ ३० ॥

'क्षिप्रं' से। इसी समीचीन निश्चयसे वह दुराचारको त्यागकर चिरकालतक पापी होने पर भी मेरे भजनकी महिमासे शीघ्र ही धर्मात्मा होता है। दुराचारत्वको भी शीघ्र त्यागकर सदाचारवाला होता है। और नित्य शान्ति विषयके भोगकी इच्छाकी निवृत्ति वैराग्यसे सुतराम् प्राप्त करता है। कोई आपको भक्त प्राचीन अभ्यस्त दुराचारका न त्याग करता हुआ धर्मात्मा नहीं होता वह नष्ट ही होगा

मां हि पार्थ ! व्यपाश्रित्य येऽपि स्युः पापयोनयः ।
स्त्रियो वैश्यास्तथा शूद्रास्तेऽपि यान्ति परां गतिम् ॥ ३२ ॥

हे अर्जुन ! स्त्रियां, वैश्य, शूद्र और कीट-पतङ्ग आदि जो भी हैं वे सब मेरे शरणमें आकर परमगति को प्राप्त करते हैं ॥ ३२ ॥

तथा च स नश्येदेवेति, नेत्याह—'**भक्तः**' इति । भक्तानुकम्पापरवशतया कुपित इव भगवान्, नैतदाश्चर्यम् मन्वीथाः हे कौन्तेय ! निश्चितमेवेदृशं मद्भक्तेर्माहात्म्यम् । अतो विप्रतिपन्नानां पुरस्तादपि त्वं प्रतिजानीहि-सावज्ञम्, सगर्वं च प्रतिज्ञां कुरु, न मे वासुदेवस्य भक्तोऽतिदुराचारोऽपि प्राणसङ्कटमापन्नोऽपि सुदुर्लभमयोग्यः सन् प्रार्थयमानोऽपि अतिमूढोऽशरणोऽपि न प्रणश्यति-किंतु कृतार्थ एव भवति। दृष्टान्ताश्चाजामिल-प्रह्लाद-ध्रुव-गजेन्द्रादयः प्रसिद्धा एव । शास्त्रं च—

'न वासुदेवभक्तानामशुभं विद्यते क्वचित्' वि० स० ना० इति ॥ ३१ ॥

एवमागन्तुकदोषेण दुष्टानां भगवद्भक्तिप्रभावान्निस्तारमुक्त्वा, स्वाभाविकदोषेण दुष्टानामपि तमाह्—'**मामि**'ति । हि—निश्चितं हे पार्थ ! मां व्यपाश्रित्य-शरणमागत्य येऽपि स्युः पापयोनयोऽन्त्यजाः, तिर्यञ्चो वा जातिदोषेण दुष्टाः, तथा वेदाध्ययनादिशून्यतया निकृष्टाः स्त्रियः, वैश्याः कृष्यादिमात्ररताः, तथा शूद्राः-जातितोऽध्ययनाद्यभावेन च परमगत्ययोग्याः, तेऽपि यान्ति परां गतिम्, अपिशब्दात् प्रागुक्तदुराचारा अपि ॥ ३२ ॥

इस शंकासे कहते हैं—कि भक्तोंकी दयाके परवश भगवान् कुपितके सदृश बोले हैं । यह आश्चर्य न मानो । हे अर्जुन ! मेरी भक्तिका माहात्म्य इस प्रकार निश्चित है अतः विवादशील पुरुषोंके सामने तू अवज्ञा-तिरस्कार और गर्वके साथ प्रतिज्ञा करो मुझ वासुदेवका भक्त अतिदुराचार भी प्राणसङ्कट प्राप्त भी अत्यन्त अयोग्य भी सुदुर्लभ वस्तु की प्रार्थना करता हुआ भी अतिमूढ और अशरण भी नष्ट नहीं होता किन्तु कृतार्थ ही होता है । इसमें दृष्टान्त अजामिल प्रह्लाद, ध्रुव, गजेन्द्र आदि प्रसिद्ध हैं । शास्त्र भी है—

'न वासुदेवभक्तानां अशुभं विद्यते क्वचित्' ॥ इति ॥ ३१ ॥

इस प्रकार आगन्तुक दोषसे दुष्टोंका भगवद् भक्ति महिमासे निस्तार कहकर स्वाभाविक दोष दुष्टोंका भी निस्तार कहते हैं—**'मामि'ति** से। निश्चयसे हे अर्जुन ! मेरे शरणमें आकर जो अन्त्यज जातिहीन पापयोनि हैं जाति दोषसे दुष्ट पक्षियाँ हैं तथा वेदाध्ययन रहित होनेसे निकृष्ट स्त्रियाँ कृष्यादिमात्रमें निरत वैश्य तथा शूद्र जिनको जाति ही से अध्ययनाभाव है अतएव परमगति योग्य नहीं हैं वे भी परमगतिको पाते हैं । अपि शब्दसे पूर्वोक्त दुराचारियोंका भी संग्रह है ॥ ३२ ॥

किं पुनर्ब्राह्मणाः पुण्या भक्ता राजर्षयस्तथा ।

अनित्यमसुखं लोकमिमं प्राप्य भजस्व माम् ॥ ३३ ॥

पुण्यशील सदाचारी ब्राह्मण तथा भक्त क्षत्रियगण परम गतिको प्राप्त करते हैं इसमें कहना ही क्या है, इसलिये इस अनित्य और अनेक दुःखयुक्त शरीरको प्राप्तकर मेरा भजन करो ॥ ३३ ॥

मन्मना भव मद्भक्तो मद्याजी मां नमस्कुरु ।

मामेवैष्यसि युक्त्वैवमात्मानं मत्परायणः ॥ ३४ ॥

इति श्रीमद्भगवद्गीतासूपनिषत्सु ब्रह्मविद्यायां योगशास्त्रे श्रीकृष्णार्जुनसंवादे

राजविद्याराजगुह्ययोगो नाम नवमोऽध्यायः ॥ ९ ॥

मेरेमें अनन्यभावसे चित्त लगानेवाला ही मेरे भक्त और मेरी पूजा करनेवाला हो मुझको नमस्कार करो। इस प्रकार एकमात्र मेरे शरणागत होकर और मुझमें ही समाहित चित्त होकर मुझ परमानन्दघन स्वप्रकाशको प्राप्त करोगे ॥ ३४ ॥

नववाँ अध्याय समाप्त ।

एवं चेत् **'किं पुनर्ब्राह्मणाः'** इति। पुण्याः सदाचारा उत्तमयोनयश्च ब्राह्मणाः, तथा राजर्षयः-सूक्ष्मवस्तुविवेकिनः क्षत्रिया मम भक्ताः परां गतिं यान्तीति किं पुनर्वाच्यम्, अत्र कस्यचिदपि सन्देहाभावादित्यर्थः। यतो मद्भक्तेरीदृशो महिमा, अतो महता प्रयत्नेन इमं लोकं सर्वपुरुषार्थ-साधनयोग्यमतिदुर्लभञ्च मनुष्यदेहमनित्यम्-आशुविनाशिनमसुखं गर्भवासाद्यनेकदुःखबहुलं लब्ध्वा यावदयं न नश्यति तावदतिशीघ्रमेव भजस्व-मां शरणमाश्रयस्व अनित्यत्वादसुखत्वाच्चास्य विलम्बं सुखार्थमुद्यमं च मा कार्षीस्त्वं च राजर्षिः, अतो मद्भजनेनात्मानं सफलं कुरु, अन्यथा ह्येतादृशं जन्म निष्फलमेव ते स्यादित्यर्थः ॥ ३३ ॥

'एवं चेत्' से। ऐसा है तो सदाचारी उत्तम योनि ब्राह्मण तथा सूक्ष्म वस्तु विवेकी राजर्षि क्षत्रिय जो मेरे भक्त हैं उत्तम गति पाते हैं इसमें कहना ही क्या है और न सन्देह ही है क्योंकि मेरी भक्तिकी ही महिमा है। इस कारण सब पुरुषार्थ साधन योग्य इस लोकको और अनित्य विनाशी असुख मनुष्य देह जिसमें कि गर्भ वासादि अनेक दुःख मिलता है उसको पाकर जब तक यह शरीर नष्ट नहीं होता है तब तक बहुत शीघ्र मेरा भजन करो मेरे शरणमें आओ। अनित्य और असुखके लिये उद्योग मत करो तूं राजर्षि हो, अतः मेरे भजनसे अपनेको सफल करो, अन्यथा तुम्हारा इस प्रकार जन्म विफल ही होगा ॥ ३३ ॥

भजनप्रकारं दर्शयन्नुपसंहरति—**'मन्मनाः'** इति। राजभक्तस्यापि राजभृत्यस्य पुत्रादौ मनस्तथा स तन्मना अपि न तद्भक्त इत्यत उक्तम् **'मन्मना भव मद्भक्तः'** इति। तथा मद्याजी-मत्पूजनशीलः मां नमस्कुरु-मनोवाक्कायैः। एवमेभिः प्रकारैर्मत्परायणः-मदेकशरणः सन्नात्मानम्-अन्तःकरणं युक्त्वा-मयि समाधाय मामेव-परमानन्दघनं स्वप्रकाशं सर्वोपद्रवशून्य-मभयमेष्यसि-प्राप्स्यसि ॥ ३४ ॥

श्रीगोविन्दपदारविन्दमकरन्दास्वादशुद्धाशयाः
संसाराम्बुधिमुत्तरन्ति सहसा पश्यन्ति पूर्णं महः।
वेदान्तैरवधारयन्ति परमं श्रेयस्त्यजन्ति भ्रमं
द्वैतं स्वप्नसमं विदन्ति विमलां विन्दन्ति चानन्दताम् ॥

इति श्रीमत्परमहंस-परिव्राजकाचार्य-श्रीविश्वेश्वरसरस्वतीपूज्यपादशिष्यश्रीमधुसूदन-सरस्वतीविरचितायां श्रीमद्भगवद्गीतागूढार्थदीपिकायामधिकारिभेदेन राजविद्याराजगुह्ययोगो नाम नवमोऽध्यायः ॥ ९ ॥

भजन प्रकार दिखलाते हुए उपसंहार करते हैं—राजाके भक्त नौकरका मन पुत्रादिमें लगा रहता है, तथापि पुत्रादिमें मन लगाने वाला होकर भी उसका भक्त नहीं होता। इस कारण भगवान्‌ने कहा—**'मन्मना भव मद्भक्तः'** इति। अर्थात् मेरेमें मन लगाकर मेरा भक्त बनो तथा मेरी ही पूजामें परायण हो मनो-वाक् कायसे मेरा नमस्कार करो। इस प्रकार एकमात्र मेरे शरण होते हुए अन्तःकरणको मेरेमें समाहित कर परमानन्दधन स्वप्रकाश सर्वोपद्रवशून्य अभय मुझको ही प्राप्त करोगे ॥ ३४ ॥

श्री गोविन्द पदारविन्द (पदकमल) मकरन्द रसके आस्वादसे शुद्धान्तःकरण जो हैं वे संसार-रूपी समुद्रके पार उतरते हैं। पूर्णज्योति ब्रह्मस्वरूपको शीघ्र देखते हैं। वेदान्तके द्वारा परम कल्याणका निश्चय करते हैं द्वैत भ्रमका स्वप्न त्याग करते हैं और विमल आनन्दको पाते हैं।

इस प्रकार म० म० पं० हरिहरकृपालु द्विवेदिकृत गीता मधुसूदनीके
नववाँ अध्याय का भाषा अनुवाद समाप्त हुआ।

अथ दशमोऽध्यायः

श्रीभगवानुवाच

भूय एव महाबाहो शृणु मे परमं वचः ।

यत्तेऽहं प्रीयमाणाय वक्ष्यामि हितकाम्यया ॥ १ ॥

श्रीभगवान् बोले हे महाबाहो ! पुनः मेरे उत्कृष्ट वचन सुनो । अत्यन्त प्रीति करनेवाले तुम्हारे लिये हितकी इच्छासे जो मैं कहूँगा ॥ १ ॥

यद्राजविद्या किल राजगुह्यं पवित्रमेकं निजरूपरूपम् ।

येनोपदिष्टं श्रुतिवाक्यमाद्यं तं काशिराजं गुरुराजमीडे ॥ १ ॥

एवं सप्तमाष्टमनवमैस्तत्पदार्थस्य भगवतस्तत्त्वं सोपाधिकम्, निरुपाधिकं च दर्शितम् । तस्य च विभूतयः सोपाधिकस्य ध्याने निरुपाधिकस्य ज्ञाने चोपायभूता 'रसोऽहमप्सु कौन्तेय' इत्यादिना सप्तमे, 'अहं क्रतुरहं यज्ञ',-इत्यादिना नवमे च संक्षेपेणोक्ताः । अथेदानीं तासां विस्तरो वक्तव्यो भगवतो ध्यानाय, तत्त्वमपि दुर्विज्ञेयत्वात्पुनस्तस्य वक्तव्यं ज्ञानायेति, दशमोऽध्याय आरभ्यते । तत्र प्रथममर्जुनं प्रोत्साहयितुं श्रीभगवानुवाच---**'भूय एवे'**ति ।

सप्तमाध्यायमें त्वं पद वाच्य अर्थका निरूपण हुआ । जो राजविद्या राजगुह्य पवित्र एक और स्वरूप है, उसका और आदि श्रुति वाक्यका जिसने उपदेश दिया उन काशिराज गुरुराजकी स्तुति करता हूँ ।

इस प्रकार सप्तम अष्टम और नवम अध्यायोंसे तत्पदार्थ भगवानका तत्त्व सोपाधिक और निरुपाधिक दिखलाया । भगवान्की विभूतियाँ सोपाधिकके ध्यानमें, और निरुपाधिकके ज्ञानमें उपाय है । जलमें 'रसोऽहमप्सु कौन्तेय' इत्यादिसे सातवें अध्यायमें, और 'अहं क्रतुरहं यज्ञः' इत्यादिसे नवम अध्यायमें संक्षेपसे विभूति कही गई हैं । भगवान्के ध्यानके लिये इस समय उन विभूतिओंका विस्तार अवश्य कहना है । तत्त्व भी दुर्विज्ञेय होनेसे फिर उसके ज्ञानके लिये अवश्य वक्तव्य है इस कारण दशवाँ अध्यायका आरम्भ करते हैं ।

न मे विदुः सुरगणाः प्रभवं न महर्षयः ।

अहमादिर्हि देवानां महर्षीणां च सर्वशः ॥ २ ॥

मेरे प्रभाव अथवा अनेक विभूतियोंसे आविर्भावको इन्द्रादि देवता और महर्षि भृगु आदि भी नहीं जानते । क्योंकि मैं सभी देवताओं एवं महर्षियोंका सब प्रकारसे कारण हूँ ॥ २ ॥

यो मामजमनादिं च वेत्ति लोकमहेश्वरम् ।

असंमूढः स मर्त्येषु सर्वपापैः प्रमुच्यते ॥ ३ ॥

जो मुझको जन्मरहित अनादि और लोकोंका महान् ईश्वर जानता है, वह मनुष्योंमें मोहरहित पुरुष सब पापोंसे छूट जाता है ॥ ३ ॥

भूय एव-पुनरपि हे महाबाहो शृणु मे-मम परमं-प्रकृष्टं वचः यत्ते-तुभ्यं प्रीयमाणाय-मद्वचनादमृतपानादिव प्रीतिमनुभवते वक्ष्याम्यहं परमाप्तस्तव हितकाम्यया-इष्टप्राप्तीच्छया ॥ १ ॥

प्राग्बहुधोक्तमेव किमर्थं पुनर्वक्ष्यसीत्यत आह—**'न मे विदुः'** इति । प्रभवम्-प्रभावं प्रभुशक्त्यतिशयं प्रभवनम्-उत्पत्तिमनेकविभूतिभिराविर्भावं वा सुरगणाःइन्द्रादयः, महर्षयश्च-भृग्वादयः सर्वज्ञा अपि न मे विदुः । तेषां तदज्ञाने हेतुमाह—**'अहमि'ति** । अहं हि यस्मात्सर्वेषां देवानां महर्षीणां च सर्वशः-सर्वैः प्रकारैरुत्पादकत्वेन बुद्ध्यादिप्रवर्तकत्वेन च, निमित्तत्वेनोपादानत्वेन चेति वा आदिः-कारणम् । अतो मद्विकारास्ते मत्प्रभावं न जानन्तीत्यर्थः ॥ २ ॥

उसमें प्रथम अर्जुनके प्रोत्साहनके लिये भगवान् बोलते हैं, हे महाबाहो अर्जुन ! मेरे उत्तमवचनको फिर भी सुनो । जो मेरे वचनोंसे अमृतपानके समान प्रीतिका अनुभव करनेवाले तुमसे कहेंगे । परम प्रामाणिक मैं तुमसे हितप्राप्तिकी इच्छासे कहूँगा ॥ १ ॥

पूर्वमें अनेकबार कहे हुये पदार्थोंको क्यों फिर कहेंगे इस शंकासे कहते हैं—**'न मे विदुरि'ति** से । मेरा प्रभाव प्रभुशक्तिका आधिक्य अथवा प्रभव उत्पत्ति या अनेक विभूतिओंसे आविर्भावको इन्द्रादि देवगण और भृग्वादि महर्षिगण सर्वज्ञ होनेपर भी नहीं जानते उन लोगोंके विभूत्यज्ञानमें कारण कहते हैं—**'अहं'** से । मैं निश्चयसे सब देवताओं और सब महर्षियोंके सब प्रकारोंसे उत्पादक और बुद्धियादिप्रवर्तक हूँ अर्थात् निमित्त और उपादान दोनों कारण हूँ, अतः मेरा विकार-मेरा कार्य रूप देवगण और ऋषिगण मेरे प्रभावको नहीं जानते यह अर्थ है ॥ २ ॥

बुद्धिर्ज्ञानमसंमोहः क्षमा सत्यं दमः शमः ।
सुखं दुःखं भवो भावो भयं चाभयमेव च ॥ ४ ॥

बुद्धि (विवेकसे प्रवृत्ति), क्षमा, सत्य, दम (बाह्येन्द्रियोंका दमन) शम (मनका शमन) सुख-दुःख उत्पत्ति सत्ता भय और निर्भय ॥ ४ ॥

महाफलत्वाच्च कश्चिदेव भगवतः प्रभावं वेत्तीत्याह—**'यो मामजमि'ति** । सर्वकारणत्वान्न विद्यत आदिः-कारणं यस्य, तमनादिम् , अनादित्वादजम्-जन्मशून्यम् लोकानां महान्तमीश्वरं च मां यो वेत्ति, स मर्त्येषु मनुष्येषु मध्येऽसंमूढः-संमोहवर्जितः सर्वैः पापैर्मतिपूर्वकृतैरपि प्रमुच्यते-प्रकर्षेण कारणोच्छेदात्तत्संस्काराभावरूपेण मुच्यते-मुक्तः भवति ॥ ३ ॥

आत्मनो लोकमहेश्वरत्वं प्रपञ्चयति—**'बुद्धिर्ज्ञानमि'ति** । बुद्धिः-अन्तःकरणस्य सूक्ष्मार्थविवेकसामर्थ्यम् , ज्ञानम्-आत्मानात्मसर्वपदार्थविबोधः, असंमोहः-प्रत्युत्पन्नेषु बोद्धव्येषु कर्तव्येषु च वाऽव्याकुलतया विवेकेन प्रवृत्तिः, क्षमा-आक्रुष्टस्य, ताडितस्य वा निर्विकारचित्तता, सत्यम्-प्रमाणेनावबुद्धस्यार्थस्य तथैव भाषणम् , दमः-बाह्येन्द्रियाणां स्वविषयेभ्यो निवृत्तिः, शमः-अन्तःकरणस्य सा, सुखं-धर्मासाधारणकारणकमनुकूलवेदनीयम् । दुःखम्-अधर्मासाधारणकारणकं प्रतिकूलवेदनीयम् , भवः-उत्पत्तिः, भावः-सत्ता,

---

महाफल होनेसे कोई पुरुष ही भगवान्‌के प्रभावको जानता है यह कहते हैं—**'यो मामि'ति** से । सर्वकारण होनेसे, अविद्यमान है आदि कारण जिसका उस अनादि आदि न होनेसे अज-जन्मशून्य, लोगोंका महान् ईश्वर मुझको जो जानता है वह सब मनुष्योंमें असंमूढ-मोहशून्य बुद्धिपूर्वक किये हुये सब पापोंसे भी मुक्त होता है कारणके नाशसे-तत्संस्काराभावरूपसे मुक्त होता है ॥ ३ ॥

अनुक्ता अपि भगवतो विभतीः संग्रहीतुमुपलक्षणमिदमुच्यते—**'यद्यदि'ति** । यद्यत्सत्त्वम्-प्राणि विभूतिमत्-ऐश्वर्ययुक्तम्, तथा श्रीमत्, श्रीः-लक्ष्मीः, संपत्, शोभा, कान्तिर्वा, तया युक्तम्, तथो-र्जितम्-बलाद्यतिशयेन युक्तम्, तत्-तदेव मम तेजसः-शक्तेरंशेन संभूतं त्वमवगच्छ-जानीहि ॥४१॥

'नान्तः' इति से । प्रकरणार्थका उपसंहार करते हुये विभूतियोंका संक्षेप करते हैं । हे परन्तप ! काम, क्रोध, लोभादि शत्रुओंके तापक मेरी दिव्यविभूतियोंका अन्त इतना ही है यह निश्चय नहीं है ।

शङ्का—आप तो सर्वज्ञ हैं अतः आपको तो उनका अन्त ज्ञात ही होगा ?

समाधान—जो विषय है उन्हींको सर्वज्ञ जान सकता है और कह भी सकता है जो हैं ही नहीं उनका ज्ञान सर्वज्ञको भी असम्भव ही है । तुम्हारे उद्देश्यसे मैंने एकदेशसे विभूतियोंका यह विस्तार कहा है उक्त विभूतियोंके चिन्तनसे रागादि पर शत्रुओंको तप्त करो यह सम्बोधनका आशय है ॥ ४० ॥

भगवान्‌की अनुक्त भी विभूतियोंके संग्रहार्थ यह उपलक्षण कहते हैं—**'यद्यदि'ति** से । जो प्राणी

एवमवयवशो विभूतिमुक्त्वा साकल्येन तामाह—'अथवे'ति । अथवेति पक्षान्तरे । बहुनैतेन-सावशेषेण ज्ञातेन किं तव स्यात् । हे अर्जुन ! इदं कृत्स्नं सर्वं जगदेकांशेन-एकदेश-मात्रेण विष्टभ्य-विधृत्य, व्याप्य वाऽहमेव स्थितः । न मद्व्यतिरिक्तं किंचिदस्ति, 'पादोऽस्य विश्वा भूतानि, त्रिपादस्यामृतं दिवि' इति श्रुतेः । तस्मात्किमनेन परिच्छिन्नदर्शनेन । सर्वत्र मद्दृष्टि-मेव कुर्वित्यभिप्रायः ।। ४२ ।।

कुर्वन्ति केऽपि कृतिनः क्वचिदप्यनन्ते स्वान्तं विधाय विषयान्तरशान्तिमेव ।
त्वत्पादपद्मविगलन्मकरन्दबिन्दुमास्वाद्य माद्यति मुहुर्मधुभिन्मनो मे ।। २ ।।

इति श्रीमत्परमहंस-परिव्राजकाचार्य-श्रीविश्वेश्वरसरस्वतीपूज्यपादशिष्यश्रीमधुसूदन-सरस्वतीविरचितायां श्रीमद्भगवद्गीतागूढार्थदीपिकायां विभूतियोगः-नाम दशमोऽध्यायः ।। १० ।।

ऐश्वर्ययुक्त, श्रीमान् लक्ष्मीयुक्त अथवा कान्तियुक्त ऊर्जित, वलातिशययुक्त है वे अभी मेरे तेजःशक्तिके अंशसे समुत्पन्न है यह जानो ।। ४१ ।।

इस प्रकारसे अवयवशः विभूतियोंको कह समस्त रूपसे विभूतियों को कहते हैं—अथवा सम्पूर्ण-रूपसे इन विभूतियोंके ज्ञानसे तुमको क्या लाभ ? हे अर्जुन ! इस सम्पूर्ण जगत्को एकदेशसे एक अंशसे धारणकर या उर्वत्र ध्याप्तकर मैं ही स्थित हूँ, मुझसे भिन्न कुछ नहीं हैं । 'पादोऽस्य विश्वा भूतानि' इत्यादि श्रुति मत्कार्य में प्रमाण है । अतः इस परिच्छिन्न दर्शनसे कुछ प्रयोजन नहीं सब जगह मेरी ही दृष्टि करो यह अभिप्राय है ।। ४२ ।।

अर्थ—कोई कुशल विद्वान् किसी अनन्तमें चित्तकों स्थापित कर विषयान्तरसे चित्तको शान्त करते हैं । हे श्रीकृष्ण ! मेरा मन आपके पादपद्म-चरणकमलसे निकलता हुआ 'मकरन्दः पुष्परसः' यह कोश है, उसके विन्दुका 'मुहुः' वार वार 'मुहुः' पुनः पुनः शश्वत् यह कोश है । आस्वादन कर प्रसन्न होता है 'मदी हर्षे' दिवादि माद्यति' ।

इस प्रकार म० म० पं० प्रवर हरिहरकृपालुद्विवेदिकृत गीता मधुसूदनीके भाषा अनुवाद का दसवाँ अध्याय समाप्त हुआ ।

अथैकादशोऽध्यायः

अर्जुन उवाच

मदनुग्रहाय परमं गुह्यमध्यात्मसंज्ञितम् ।
यत्त्वयोक्तं वचस्तेन मोहोऽयं विगतो मम ॥ १ ॥

अर्जुन बोले ! मुझ पर कृपा करनेके लिये आपके द्वारा अत्यन्त गोप्य अध्यात्मविषयका वचन जो कहा गया उससे मेरा यह मोह निवृत्त हो गया ॥ १ ॥

न नेत्राकृतिर्यत्र यस्या न चान्तो न चादिश्च तैरन्यता नो विभूतेः ।
ममाभेदना येन दत्ताऽव्यवाया गुरुं काशिराजं भजेऽजं स्वराजम् ॥ १ ॥

पूर्वाध्याये नानाविभूतीरुक्त्वा 'विष्टभ्याहमिदं कृत्स्नमेकांशेन स्थितो जगत्' इति विश्वात्मकं पारमेश्वरं रूपं भगवताऽन्तेऽभिहितं श्रुत्वा परमोत्कण्ठितस्तत्साक्षात्कर्तुमिच्छन् पूर्वोक्तमभिनन्दन् अर्जुन उवाच--**'मदनुग्रहाय'** इति । ममानुग्रहाय--शोकनिवृत्त्युपकाराय परमम्-

---

अर्थ—जिसमें नेत्राकृति नेत्रका आकार [संस्थान] नहीं अर्थात् नेत्र नहीं 'पश्यत्यचक्षुः स शृणोत्यकर्णः' यह श्रुतिमें स्फुट है जिसका अन्त अवसान नहीं है अर्थात् कालतः देशतः अपरिच्छिन्न है अतएव आदि भी नहीं "नादिर्नचान्तो न च संप्रतिष्ठा" यह ब्रह्म सर्वसंमत है और जिससे तद्विभूतियाँ भिन्न नहीं यह 'तदनन्यत्वमारम्भणशब्दादिभ्यः" २-१-१४ इत्यादि सूत्रोंसे सुनिरूपित है एवंभूत परमात्माके साथ मेरा तादात्म्य-ऐक्य अर्थात् मोक्ष जो अव्यय अविनाशी है 'न स पुनरावर्तते, न स पुनरावर्तते' छा०-उ०-८-१५-१ । इस श्रुतिकी दोवारोंकी उक्तिसे मुक्तिमें नित्यत्व सिद्ध है उन स्वराज मोक्षप्राप्त काशिराज गुरुका मैं भजन करता हूँ 'यस्य देवे परा भक्तिर्यथा देवे तथा गुरौ, गुरुरेव परं ब्रह्म' इत्यादि शास्त्रानुसार उक्त निष्ठा मुनि विद्वानोंमें स्वाभाविक है ।

पूर्वाध्यायमें अनेक विभूतियों को कह कर "विष्टभ्याहमिदं कृत्स्नमेकांशेन स्थितो जगत्" इस श्लोकसे सर्वात्मक परमेश्वरके स्वरूप जो भगवान्ने अन्तमें कहा था उसको सुनकर परमोत्कण्ठित उसके प्रत्यक्ष देखनेके लिये इच्छुक पूर्वोक्तका अभिनन्दन करते हुये—अर्जुन बोले मदनुग्रहाय-मेरे अनुग्रहके लिये अर्थात्

भवाप्ययौ हि भूतानां श्रुतौ विस्तरशो मया।
त्वत्तः कमलपत्राक्ष! माहात्म्यमपि चाव्ययम्॥ २॥

हे पुण्डरीकाक्ष मैंने! भूतोंकी उत्पत्ति और विनाश आपसे सविस्तर सुना! तथा आपके अक्षय ऐश्वर्यातिशयको भी सुना है॥ २॥

निरतिशयपुरुषार्थपर्यवसायि गुह्यम्-गोप्यं यस्मै कस्मैचिद्वक्तुमनर्हमपि अध्यात्मसंज्ञितम्-अध्यात्ममितिशब्दितमात्मानात्मविवेकविषय **'अशोच्यानन्वशोचस्त्वमि'**त्यादिषष्ठाध्यायपर्यन्तम् त्वंपदार्थप्रधानं यत्त्वया परमकारुणिकेन सर्वज्ञेनोक्तं वचः-वाक्यम्, तेन वाक्येनाहमेषां हन्ता, मयैते हन्यन्त इत्यादिविविधविपर्यासलक्षणो मोहोऽयमनुभवसाक्षिको विगतः-विनष्टो मम, तत्रासकृदात्मनः सर्वविक्रियाशून्यत्वोक्तेः॥ १॥

तथा सप्तमादारभ्य दशमपर्यन्तं तत्पदार्थनिर्णयप्रधानमपि भगवतो वचनं मया श्रुतमित्याह—**'भवाप्ययौ'** इति। भूतानां भवाप्ययौ-उत्पत्ति-प्रलयौ त्वत्त एव भवन्तौ त्वत्त एव विस्तरशो मया श्रुतौ, न तु संक्षेपेणासकृदित्यर्थः। कमलस्य पत्रे इव दीर्घे रक्तान्ते परम-मनोरमे अक्षिणी यस्य, तव स त्वं हे कमलपत्राक्ष! अतिसौन्दर्यातिशयोल्लेखोऽयम्, प्रेमा-तिशयात्। न केवलं भवाप्ययौ त्वत्तः श्रुतौ, महात्मनस्तव भावः-माहात्म्यम्-अनतिशयैश्वर्यम्-विश्वसृष्ट्यादिकर्तृत्वेऽप्यविकारित्वम्, शुभाशुभकर्मकारयितृत्वेऽप्यवैषम्यम्, बन्धमोक्षादिविचित्र-

---

शोक-निवृत्तिरूप उपकारके लिये परम निरतिशय पुरुषार्थप्रद गोप्य जिस किसीसे कहनेके अयोग्य भी अध्यात्मनामवाला आत्मानात्मके विवेकका विषय **'अशोच्यानन्वशोचस्त्वम्'** इत्यादि षष्ठाध्याय तक त्वंपदार्थ प्रधान परम कारुणिक सर्वज्ञ जो, वाक्य आपने कहा उस वाक्यसे मैं इनका हनन करनेवाला हूँ मेरेसे यह हत होंगे इत्यादि विविध भ्रम रूप यह मोह जिसमें अनुभव साक्षी है वह मेरा विनष्ट हो गया क्योंकि उसमें आत्मा सब विकारोंसे शून्य है यह अनेक वार आपने कहा है॥ १॥

तथा सातवें अध्यायसे लेकर दशवाँ अध्याय पर्यन्त तत्पदार्थ-निर्णयप्रधान भी भगवान्का वचन मैं ने सुना यह कहते हैं **'भवाप्ययौ'** इति से। भूतोंकी उत्पत्ति-प्रलय आपसे ही होती है इसको विस्तारसे बार-बार सुना संक्षेपसे नहीं। कमलके दलके समान, दीर्घ तथा अन्तमें लाल अतिसुन्दर नेत्र आँखें है—जिसकी सो आप हे कमलपत्राक्ष प्रेमातिशयसे ही सौन्दर्यातिशयका यह उल्लेख है केवल उत्पत्ति और प्रलय ही आपसे नहीं सुना, किन्तु महात्मा आपका अतिशय ऐश्वर्यमाहात्म्य विश्वसृष्टि आदि करनेवाले भी आप अविकारी हैं शुभाशुभ करानेवाले होने पर भी वैषम्य नहीं। वन्धमोक्ष आदि विचित्र फलके दाता भी आप असङ्ग और

एवमेतद्यथाऽऽत्थ त्वमात्मानं परमेश्वर ! ।
द्रष्टुमिच्छामि ते रूपमैश्वरं पुरुषोत्तम ! ॥ ३ ॥

हे परमेश्वर ! आप अपनेको जिस प्रकारसे कहते हैं यह सत्य है, किन्तु हे पुरुषोत्तम ज्ञान, ऐश्वर्य-शक्ति आदिसे सम्पन्न आपके रूपको देखना चाहता हूँ ॥ ३ ॥

मन्यसे यदि तच्छक्यं मया द्रष्टुमिति प्रभो ! ।
योगेश्वर ! ततो मे त्वं दर्शयाऽत्मानमव्ययम् ॥ ४ ॥

हे प्रभो ! मुझसे आपका ऐश्वर्य आदिसे युक्त रूप देखा जाना सम्भव आप मानते हों तो हे योगेश्वर ! आप अपने अविनाशी स्वरूपको दिखलाइये ॥ ४ ॥

फलदातृत्वेऽप्यसङ्गौदासीन्यम् , अन्यदपि सर्वात्मत्वादि सोपाधिकं निरुपाधिकमपि चाव्ययम्-अक्षयं मया श्रुतमिति परिणतमनुवर्तते , चकारात् ॥ २ ॥

'एवमेतदि'ति । हे परमेश्वर ! यथा-येन प्रकारेण सोपाधिकेन, निरुपाधिकेन च निरतिशयैश्वर्येणाऽऽत्मानं त्वमात्थ-कथयसि त्वम् , एवमेतन्नान्यथा । त्वद्वचसि कुत्रापि ममाविश्वासशङ्का नास्त्येवेत्यर्थः । यद्यप्येवम् , तथाऽपि कृतार्थीबुभूषया द्रष्टुमिच्छामि ते-तव रूपमैश्वरं ज्ञानैश्वर्यशक्तिबलवीर्यतेजोभिः संपन्नमद्भुतं हे पुरुषोत्तम ! संबोधनेन त्वद्वचस्यविश्वासः मम नास्ति, दिदृक्षा च महती वर्तत इति सर्वज्ञत्वात्त्वं जानासि, सर्वान्तर्यामित्वाच्चेति सूचयति ॥ ३ ॥

उदासीन हैं । और अन्य भी सर्वात्मत्वादि सोपाधिक और निरुपाधिक होनेपर भी अक्षयादि मैंने सुना । चकारसे श्रुतौका परिणत हुआ श्रुतम् इसकी आवृत्ति है । एकवचनान्त नपुंसक श्रुतम् अर्थात् द्विवचनान्त और पुंल्लिङ्ग श्रुतौका परिणत अर्थात् लिङ्गवचनसे बदलकर श्रुतम्की अनुवृत्ति है ॥ २ ॥

'एवमेतदिति' से । हे परमेश्वर ! जिस प्रकारसे सोपाधिक निरतिशय ऐश्वर्यसे आप अपनेको कहते हैं और आप ही यह सब हैं आपके सिवा कुछ नहीं । आपके वचनमें कहीं भी अविश्वासकी शंका नहीं है । यद्यपि ऐसी बात है तथापि कृतार्थ होनेकी इच्छासे आपके ऐश्वर्य युक्त रूपको मैं देखना चाहता हूँ जो ज्ञान ऐश्वर्य शक्ति बल-वीर्य और तेजसे सुसम्पन्न अद्भुत है । हे पुरुषोत्तम ! इस सम्बोधनसे आपके वचनोंमें मेरा अविश्वास नहीं किन्तु देखने की बड़ी इच्छा है सो सर्वज्ञ आप सर्वान्तर्यामी होनेसे जानते ही हैं यह सूचित करते हैं ॥ ३ ॥

पश्य मे पार्थ ! रूपाणि शतशोऽथ सहस्रशः ।
नानाविधानि दिव्यानि नानावर्णाकृतीनि च ॥ ५ ॥

हे अर्जुन ! मेरे अपरिमित अनेक प्रकारके अनेक वर्ण और अनेक आकृतिवाले अद्भुत रूपोंको देखो ॥ ५ ॥

द्रष्टुमयोग्ये कुतस्ते दिदृक्षेत्याशङ्क्याऽऽह—'**मन्यसे**' इति । प्रभवति-सृष्टि-स्थिति-संहार-प्रवेश-प्रशासनेष्विति प्रभुः, हे प्रभो ! सर्वस्वामिन् ! तत् तवैश्वरं रूपं मयाऽर्जुनेन द्रष्टुम् शक्यमिति यदि मन्यसे-जानासि, इच्छसि वा हे योगेश्वर ! सर्वेषामणिमादिसिद्धिशालिनाम् योगानाम्-योगिनामीश्वर ! ततस्त्वदिच्छावशादेव मे मह्यमत्यर्थमर्थिने त्वं परमकारुणिकः दर्शय-चाक्षुषज्ञानविषयाकारतया आत्मानमैश्वररूपविशिष्टम् , अव्ययम्-अक्षयम् ॥ ४ ॥

एवमत्यन्तभक्तेनार्जुनेन प्रार्थितः सन् श्रीभगवानुवाच—'**पश्ये**'ति । अत्र क्रमेण श्लोक-चतुष्टयेऽपि पश्येत्यावृत्त्याऽत्यद्भुतरूपाणि दर्शयिष्यामि, त्वं सावधानो भवेत्यर्जुनमभिमुखी-करोति भगवान् । '**शतशोऽथ सहस्रशः**' इत्यपरिमितानि । तानि च नानाविधानि-अनेक-प्रकाराणि दिव्यानि-अत्यद्भुतानि, नाना-विलक्षणा वर्णाः-नीलपीतादिप्रकाराः, तथाऽऽकृतयश्चा-वयवसंस्थानविशेषा येषाम्, तानि नानावर्णाकृतीनि च मे-मम रूपाणि पश्य । अर्हे लोट् । द्रष्टुमर्हः भव हे पार्थ ! ॥ ५ ॥

जो देखनेके योग्य नहीं उसकी क्यों आपको देखनेकी इच्छा है इस आशंकासे कहते हैं । '**मन्यसे**' इति से । सृष्टि स्थिति संहार प्रवेश और प्रशासनमें जो प्रभु है । हे प्रभो ! सबके स्वामी तुम्हारा ईश्वर सम्बन्धी रूप मुझ अर्जुन से देखनेके योग्य है यह यदि आप मानते हो या इच्छा करते हो तो हे योगेश्वर ! अणिमादि अष्टसिद्धि युक्त योग-योगियोंके ईश्वर आपकी इच्छाके वशसे मुझ प्रार्थीको परम कारुणिक आप वह रूप दिखाइये चाक्षुषज्ञानके विषयार्थ ईश्वरसम्बन्धी रूपविशिष्ट अक्षय अपनेको दिखलाइये ॥ ४ ॥

इस प्रकार अत्यन्त भक्त अर्जुनसे प्रार्थित होकर श्रीभगवान् बोले—'**पश्येति**'से । यहाँ क्रमसे चार श्लोकोंमें पश्यकी आवृत्तिके द्वारा रूपको दिखलावेंगे तूँ सावधान हो जा, अर्जुनको इसलिये भगवान् अभिमुख करते हैं । सैकड़ों हजारों ये अपरिमितमें उपलक्षण हैं अनेकप्रकारकी दिव्य अति अद्भुत विलक्षण रंगकी नीलपीत आदि प्रकार तथा अवयवसंस्थानविशेष वाली आकृतियाँ हैं जिनकी एवंभूत नाना वर्णाकृति मेरे रूपको देखो । अर्ह अर्थमें लोट् लकार है । हे अर्जुन ! देखनेके योग्य होओ ॥ ५ ॥

पश्याऽऽदित्यान् वसून् रुद्रानश्विनौ मरुतस्तथा ।
बहून्यदृष्टपूर्वाणि पश्याऽऽश्चर्याणि भारत ! ॥ ६ ॥

हे भारत ! मुझमें अदितिके बारह पुत्रोंको वसुओंको रुद्रोंको अश्विनीकुमारोंको मरुद्गणोंको देखो । तथा पहले नहीं देखे गये आश्चर्यजनक अनेक रूपोंको देखो ॥ ६ ॥

इहैकस्थं जगत्कृत्स्नं पश्याद्य सचराचरम् ।
मम देहे गुडाकेश ! यच्चान्यद् द्रष्टुमिच्छसि ॥ ७ ॥

हे निद्राके विजयी अर्जुन ! तुम अभी मेरे एक शरीरमें स्थित चर-अचरके सहित सम्पूर्ण विश्वको देखो । और मेरे शरीरमें जो कुछ और देखना चाहते हो उसे देखो ॥ ७ ॥

दिव्यानि रूपाणि पश्येत्युक्त्वा तान्येव लेशतोऽनुक्रामति द्वाभ्याम्––**'पश्यादित्यानित्यादिना'** । पश्याऽऽदित्यान्-द्वादश, वसूनष्टौ, रुद्रानेकादश, अश्विनौ द्वौ, मरुतः सप्तसप्तकान्-एकोनपञ्चाशत् । तथा-अन्यानपि देवानित्यर्थः । बहून्यन्यान्यदृष्टपूर्वाणि-पूर्वमदृष्टानि मनुष्यलोके त्वया त्वत्तोऽन्येन वा केनचित् । पश्याऽऽश्चर्याणि-अद्भुतानि हे भारत ! अत्र **'शतशोऽथ सहस्रशः, नानाविधानी'**त्यस्य विवरणम्-बहूनीति, आदित्यानित्यादि च । अदृष्टपूर्वाणीति दिव्यानीत्यस्य, आश्चर्याणीति-'नानावर्णाकृतीनी'त्यस्येति द्रष्टव्यम् ॥ ६ ॥

न केवलमेतावदेव, समस्तं जगदपि मद्देहस्थं द्रष्टुमर्हसीत्याह––**'इहैकस्थ'**ति । इह-अस्मिन्मम देह एकस्थम्-एकस्मिन्नेवावयवरूपेण स्थितं जगत् कृत्स्नं-समस्तं सचराचरम् जङ्गम-स्थावरसहितं तत्र तत्र परिभ्रमता वर्षकोटिसहस्रेणापि द्रष्टुमशक्यमद्य-अधुनैव पश्य । हे गुडाकेश ! यच्चान्यज्जयपराजयादिकं द्रष्टुमिच्छसि, तदपि संदेहोच्छेदाय पश्य ॥ ७ ॥

दिव्य रूपोंको देखो यह कह कर उन्हीं रूपोंको दो श्लोकोंसे अंशतः अनुक्रमण (वर्णनके लिये उपक्रम) करते हैं—देखो, बारह सूर्योंको आठ वसुओंको ग्यारह रुद्रोंको दो अश्विनोंको उनचास वायुओं-को तथा अन्य देवताओंको बहुत अदृष्ट पूर्व जो पहले कभी नहीं देखा है मनुष्य लोकमें तुमने या तुमसे अन्य किसी ने नहीं देखा है उन अद्भुत रूपोंको देखो हे भारत ! यहाँ सैकड़ों हजारों इसीका विवरण है—बहूनि यह और आदित्यान् इत्यादि भी अदृष्टपूर्वाणि यह दिव्यानिका विवरण है आश्चर्याणि यह नाना वर्णा-कृतिका विवरण है यह समझना ॥ ६ ॥

केवल यही नहीं किन्तु मेरे शरीरमें सम्पूर्ण जगतको देख सकते हो यह कहते हैं । इस मेरे शरीरमें एक ही में अवयव रूपसे स्थित स्थावर जंगम सहित समस्त संसार देखो जो जहाँ तहाँ करोड़ों वर्ष घूमते

न तु मां शक्यसे द्रष्टुमनेनैव स्वचक्षुषा ।
दिव्यं ददामि ते चक्षुः पश्य मे योगमैश्वरम् ॥ ८ ॥

तुम इन्ही अपनी आँखोंसे मुझे नहीं देख सकते हो, अतः तुम्हे दिव्य नेत्र देता हूँ उससे मेरे असाधारण सामर्थ्य को देखो ॥ ८ ॥

सञ्जय उवाच

एवमुक्त्वा ततो राजन्महायोगेश्वरो हरिः ।
दर्शयामास पार्थाय परमं रूपमैश्वरम् ॥ ९ ॥

संजय बोले हे राजन् धृतराष्ट्र ! महायोगेश्वर भगवान्ने ऐसा कहकर दिव्यनेत्र देनेके बाद अपना परम दिव्यरूप अर्जुनको दिखलाया ॥ ९ ॥

यत्तूक्तम् **'मन्यसे यदि तच्छक्यं मया द्रष्टुम्'**इति । तत्र विशेषमाह—**'नतु मामि'**ति । अनेनैव-प्राकृतेन स्वचक्षुषा—स्वभावसिद्धेन चक्षुषा मां-दिव्यरूपं द्रष्टुं न तु शक्यसे, न शक्नोषि तु-एव । **'शक्ष्यसे'** इति पाठे शक्तो न भविष्यसीत्यर्थः । भौवादिकस्यापि शक्नोतेः दैवादिकः श्यंश्छान्दस इति वा, दिवादौ पाठो वेत्येव सांप्रदायिकम् । तर्हि त्वां द्रष्टुं कथम् शक्नुयाम्? अत आह—**'दिव्यमि'**ति । दिव्यम्-अप्राकृतं मम दिव्यरूपदर्शनक्षमं ददामि ते तुभ्यम् चक्षुः, तेन दिव्येन चक्षुषा पश्य मे योगम्-अघटनघटनासामर्थ्यातिशयम्—ऐश्वरम्—ईश्वरस्य ममासाधारणम् ॥ ८ ॥

भगवानर्जुनाय दिव्यं रूपं दर्शितवान् । स च तद् दृष्ट्वा विस्मयाविष्टो भगवन्तं विज्ञा-

---

हुये नहीं देख सकते हो इस समय देखो । हे गुडाकेश ! जो और अन्य जय-पराजय आदिक देखना चाहते हो अर्थात् किसका जय होगा और जिसका पराजय होगा यह भी संशय निवृत्तिके लिये देखो ॥ ७ ॥

जो यह कहा कि मैं देख सकता हूँ तो आप दिखलाइये उसमें विशेष कहते हैं । **'न तु मामि'**ति से । प्रकृतिसे निर्मित स्वभावसिद्ध नेत्रसे दिव्य रूपवाले मुझको नहीं ही देख सकते हो शक्ष्यसे यह पाठ है तो देखनेमें समर्थं न होओगे यह अर्थ होता है । भ्वादिगणमें पठित शक् धातुसे दैवादिक श्यन् है । अथवा दिवादिमें पाठ है यह साम्प्रदायिक मत है । तब आपको कैसे देख सकूंगा इस शंकासे कहते हैं—अप्राकृत स्वभावसिद्ध अतिरिक्त दिव्यरूपके दर्शनमें समर्थ चक्षु तुमको देते हैं उस दिव्य चक्षुसे मेरा अघटनकी घटना के सामर्थ्यातिशय ईश्वरसम्वन्धी असाधारणरूप देखो ॥ ८ ॥

भगवान् अर्जुनको दिव्यरूप दिखलाया । अर्जुन उस रूपको देख कर आश्चर्यं युक्त होकर भगवान्से

अनेकवक्त्रनयनमनेकाद्भुतदर्शनम् ।
अनेकदिव्याभरणं दिव्यानेकोद्यतायुधम् ॥ १० ॥

अनेक मुखों अनेक नेत्रोंसे युक्त अनेक विस्मयके हेतुओंको दिखलानेवाला अनेक दिव्य आभरणवाला तथा अनेक दिव्य उद्यत आयुधवाला ॥ १० ॥

दिव्यमाल्याम्बरधरं दिव्यगन्धानुलेपनम् ।
सर्वाश्चर्यमयं देवमनन्तं विश्वतोमुखम् ॥ ११ ॥

दिव्य माला एवं दिव्य वस्त्र धारण करनेवाला दिव्य गन्धसे लिप्त सब प्रकारके आश्चर्यसे युक्त प्रकाशात्मक तथा अपरिच्छिन्न विराट्रूपको दिखलाया ॥ ११ ॥

पितवानितीमं वृत्तान्त 'मेवमुक्त्वे' त्यादिभिः षड्भिः श्लोकैर्धृतराष्ट्रं प्रति संजय उवाच—**'एवमुक्त्वा'** इति । एवं न तु मां शक्यसे द्रष्टुमनेन चक्षुषा, अतो दिव्यं ददामि ते चक्षुरित्युक्त्वा ततः-दिव्यचक्षुःप्रदानादनन्तरं हे राजन् धृतराष्ट्र ! स्थिरो भव श्रवणाय । महान् सर्वोत्कृष्टश्चासौ योगेश्वरश्चेति महायोगेश्वरो हरिर्भक्तानां सर्वक्लेशापहारी भगवान् दर्शना-योग्यमपि दर्शयामास पार्थायैकान्तभक्ताय परमं-दिव्यं रूपमैश्वरम् ॥ ६ ॥

तदेव रूपं विशिनष्टि—**'अनेकवक्त्रे'**ति । अनेकानि वक्त्राणि नयनानि च यस्मिन्रूपे, अनेकानामद्भुतानाम्-विस्मयहेतूनां दर्शनं यस्मिन्, अनेकानि दिव्यान्याभरणानि-भूषणानि यस्मिन्, दिव्यान्यनेकान्युद्यतान्यायुधानि-अस्त्राणि यस्मिंस्तत्तथारूपम् ॥ १० ॥

'दिव्ये'ति । दिव्यानि माल्यानि-पुष्पमयानि, रत्नमयानि च तथा दिव्याम्बराणि, वस्त्राणि

प्रार्थना की यही वृत्तान्त 'एवमुक्त्वा' छः श्लोकोंसे स्फुट करते हैं । धृतराष्ट्रके प्रति संजयने कहा इस प्रकार इस चक्षुसे मुझको नहीं देख सकते हो अतः तुमको दिव्य चक्षु देता हूँ यह कह कर फिर दिव्य चक्षु देनेके अनन्तर हे राजन् ! धृतराष्ट्र ! सुननेके लिये स्थिर हो जाओ । महायोगेश्वर भगवान् सब प्रकारके क्लेशोंके हरनेवाले दर्शनके अयोग्य भी परम ईश्वर सम्बन्धी दिव्यरूप परम भक्त अर्जुन को दिखलाया ॥ ६ ॥

'अनेकेति' से । उस रूपमें विशेषण देते हैं अनेक मुख हैं और नेत्र हैं जिसमें अनेक विस्मय हेतु दर्शन है जिस रूपमें अनेक दिव्य आभूषण हैं जिसमें अनेक दिव्य उद्यत आयुध अस्त्र है जिसमें वह ऐसा रूप है ॥ १० ॥

'दिव्येति' से । दिव्य हैं पुष्पमय और रत्नमय माला तथा दिव्य वस्त्रको धारण किया है जिसने वह

दिवि सूर्यसहस्रस्य भवेद्युगपदुत्थिता ।
यदि भाः सदृशी सा स्याद्भासस्तस्य महात्मनः ॥ १२ ॥

आकाशमें अपरिमित सूर्योंके एक साथ उदय होनेसे उत्पन्न होनेवाला प्रकाश उस विश्वरूप परमात्मा के प्रकाशके समान कदाचित् ही हो ॥ १२ ॥

च ध्रियन्ते येन, तद्दिव्यमाल्याम्बरधरम्, दिव्यो गन्धोऽस्येति दिव्यगन्धः, तदनुलेपनं यस्य, तत्, सर्वाश्चर्यमयम्-अनेकाद्भुतप्रचुरं, देवं-द्योतनात्मकम्, अनन्तम्-अपरिच्छिन्नं, विश्वतः-सर्वतः मुखानि यस्मिन्, तद्रूपं दर्शयामासेति पूर्वेण संबन्धः । अर्जुनो ददर्शेत्यध्याहारो वा ॥ ११ ॥

देवमित्युक्तं विवृणोति—'**दिवि सूर्यः**' इति । दिवि-अन्तरिक्षे सूर्याणां सहस्रस्य-अपरिमितसूर्यसमूहस्य युगपदुदितस्य युगपदुत्थिता भाः-प्रभा यदि भवेत्, तदा सा तस्य महात्मनः विश्वरूपस्य भासः-दीप्तेः सदृशी तुल्या यदि स्यात्, यदि, वा न स्यात्, ततोऽपि नूनं विश्वरूपस्यैव भा अतिरिच्येतेत्यहं मन्ये । अन्या तूपमा नास्त्येवेत्यर्थः । अत्राविद्यमानाध्यवसायात्तदभावेनोपमाभावपरादभूतोपमारूपेयमतिशयोक्तिरुत्प्रेक्षां व्यञ्जयन्ती सर्वथा निरुपमत्वमेव व्यनक्ति । **'उभौ यदि व्योम्नि पृथक्प्रवाहावि'**त्यादिवत्[1] ॥ १२ ॥

दिव्याम्बरधर दिव्य गन्ध हैं जिसमें उसका लेप किये हुये वह सर्वाश्चर्य-अनेकाद्भुतकी प्रचुरता से रक्त जो प्रकाशात्मक अपरिच्छिन्न सर्वतः चारों दिशामें मुख है जिसमें उस रूपको दिखलाया यह पूर्वके साथ सम्बन्ध है अथवा उस रूपको अर्जनने देखा इसका अध्याहार है ॥ ११ ॥

देव यह कहा इसका विवरण करते हैं **'दिवि सूर्यः'** इति से । अन्तरिक्षमें हजारों अर्थात् अपरिमित सूर्यसमूहकी एक समयमें उदित प्रभा यदि हो वह उस महात्मा विश्वरूपकी दीप्तिके सदृश हो सकती है अथवा नहीं हो सकती । उस रूपसे विश्वरूपकी कान्तिका अतिशय है यह मैं मानता हूँ दूसरी उपमा तो है नहीं यह अर्थ है । यहाँपर अविद्यमानके अध्यवसायसे तदभावसे (उपमाभाव होनेसे) अभूतोपमारूप अतिशयोक्ति उत्प्रेक्षाको व्यक्त करती हुई सर्वथा निरुपमत्वका व्यंजक है । "उभौ यदि व्योम्नि पृथक् प्रवाहौ" इत्यादि माघकाव्योक्त अभूतोपमाके समान यहाँ भी है ॥ १२ ॥

---

१. सम्पूर्ण श्लोक इस प्रकार है—

'उभौ यदि व्योम्नि पृथक्प्रवाहावाकाशगङ्गापयसः पतेताम् ।
तदोपमीयेत तमालनीलमामुक्तमुक्तालतमस्य वक्षः ॥' सर्ग ३ श्लो० ८ ।

अर्थ— यदि आकाश गङ्गा के जल का अलग-अलग दो प्रवाह (धारा) आकाश में गिरने लगे तो उसकी उपमा लटकती हुई श्वेत मोतियों की माला से शोभित भगवान् के नील वक्षःस्थल की हो सकेगी । अर्थात् नील आकाश श्वेत

तत्रैकस्थं जगत्कृत्स्नं प्रविभक्तमनेकधा ।
अपश्यद् देवदेवस्य शरीरे पाण्डवस्तदा ॥ १३ ॥

तब अर्जुनने देवाधिदेव भगवान्‌के शरीरमें एकत्रीभूत नाना प्रकारसे विभक्त सम्पूर्ण संसार को देखा ॥ १३ ॥

ततः स विस्मयाविष्टो हृष्टरोमा धनञ्जयः ।
प्रणम्य शिरसा देवं कृताञ्जलिरभाषत ॥ १४ ॥

इसके बाद आश्चर्यसे युक्त रोमाञ्चित शरीरवाला अर्जुन परमात्माको शिरसे प्रणाम कर हाथ जोड़ कर बोले ॥ १४ ॥

"इहैकस्थं जगत्कृत्स्नं पश्याद्य सचराचरम्" इति भगवदाज्ञप्तमप्यनुभूतवानर्जुनः इत्याह—'**तत्रे**'ति । एकस्थम्—एकत्र स्थितं जगत्कृत्स्नं प्रविभक्तमनेकधा-देवपितृमनुष्यादिना-नाप्रकारैरपश्यद्देवदेवस्य-भगवतः । तत्र-विश्वरूपे शरीरे पाण्डवोऽर्जुनस्तदा विश्वरूपाश्चर्यदर्शन-दशायाम् । । १३ ॥

एवमद्भुतदर्शनेऽप्यर्जुनो न बिभयाञ्चकार, नापि नेत्रे सञ्चचार, नापि संभ्रमात्कर्तव्यम् विसस्मार, नापि तस्माद् देशादपससार, किं त्वतिधीरत्वात्तत्कालोचितमेव व्याजहार महति चित्तक्षोभेऽपीत्याह—'**ततः**' इति । ततः-तद्दर्शनादनन्तरं विस्मयेन-अद्भुतदर्शनप्रभावेनालौकिक-चित्तचमत्कारविशेषेणाऽऽविष्टः-व्याप्तः, अत एव हृष्टरोमा-पुलकितः सन् स प्रख्यातमहादेव-

---

'इहैकस्थं जगत् कृत्स्नं पश्याद्य सचराचरम्' इति । यहां एक स्थानमें स्थित चर और अचरके सहित समग्र संसारको देखो इस प्रकार पूर्वमें भगवान्‌से कहे गये वचनका अर्जुनने अनुभव किया यह कहते हैं—'तत्रैकस्थमिति' से । विश्वरूपके आश्चर्यदर्शनकी दशामें अर्जुनने एकत्र स्थित देव, पितृ, मनुष्य आदि प्रकारोंसे अनेकधा विभक्त (पृथग्भूत) सम्पूर्ण जगत्‌को भगवान् देवाधिदेवके विश्वरूप शरीरमें देखा ॥ १३ ॥

इस प्रकार अद्भुत दर्शनमें भी अर्जुन नहीं डरे और न नेत्रका संचार किया और न सम्भ्रमसे कर्तव्यको भूले और न उस देशसे ही हटे किन्तु अतिधीर होनेसे तत्काल के उचित व्यवहार किया अधिक चित्तमें क्षोभ होने पर भी बोले '**ततः**' इति से । इसके दर्शनके बाद आश्चर्यसे अर्थात् अद्भुत दर्शनसे उत्पन्न अलौकिक चित्त चमत्कार विशेषसे युक्त हुये अतएव रोमाञ्चित होकर प्रसिद्ध महादेवसंग्रामके प्रभाववाले

दो जलधाराओं से जिस प्रकार शोभायमान होगा । उसी प्रकार भगवान् नीलवक्षःस्थल शुभ्र मुक्तामाला से सुशोभित हैं । असम्भव वस्तु से किसी की उपमा देने से यह प्रतीत होता है कि वर्तमान पदार्थों से उपमा नहीं दी जा सकती अतः अनुपम में ही तात्पर्य है ।

अर्जुन उवाच

पश्यामि देवांस्तव देव देहे सर्वांस्तथा भूतविशेषसंघान् ।
ब्रह्माणमीशं कमलासनस्थमृषींश्च सर्वानुरगांश्च दिव्यान् ॥ १५ ॥

अर्जुन बोले हे देव आपके शरीरमें सभी देवताओं को स्थावर जङ्गम भूतविशेषके समूहोंको कमलके आसन पर बैठे हुये सबके ईश ब्रह्माको सब ऋषियोंको तथा सभी दिव्य सर्पोंको देखता हूँ ॥ १५ ॥

सङ्ग्रामादिप्रभावो धनंजयो युधिष्ठिरराजसूये, उत्तरगोग्रहे च सर्वान् वीरान् राज्ञो जित्वा धनमाहृतवानिति प्रथितमहापराक्रमोऽतिधीरः, साक्षादग्निरिति वा महातेजस्वित्वात् , देवम् तमेव विश्वरूपधरं नारायणं शिरसा भूमिलग्नेन प्रणम्य-प्रकर्षेण भक्तिश्रद्धातिशयेन नत्वा नमस्कृत्य कृताञ्जलिः-संपुटीकृतहस्तयुगः सन्नभाषत-उक्तवान् ।

अत्र विस्मयाख्यस्थायिभावस्यार्जुनगतस्याऽऽलम्बनविभावेन भगवता विश्वरूपेणोद्दीपनविभावेनासकृत्तद्दर्शनेनानुभावेन सात्त्विकरोमहर्षेण नमस्कारेणाञ्जलिकरणेन च व्यभिचारिणा चानुभावाक्षिप्तेन वा धृतिमतिहर्षवितर्कादिना परिपोषात्सवासनानां श्रोतॄणां तादृशः चित्तचमत्कारोऽपि तद्भेदानध्यवसायात्परिपोषं गतः परमानन्दास्वादरूपेणाद्भुतरसो भवतीति सूचितम् ॥ १४ ॥

यद्भगवता दर्शितं विश्वरूपं तद्भगवद्दत्तेन दिव्येन चक्षुषा सर्वलोकादृश्यमपि पश्याम्यहो मम भाग्यप्रकर्ष इति स्वानुभवमाविष्कुर्वन्नर्जुन उवाच **'पश्यामी'**ति । पश्यामि-चाक्षुष-

---

और युधिष्ठरके राजसूयमें और उत्तर गोग्रहणमें सब वीर राजाओंको जीतकर धन एकत्रित किया इस प्रकार विख्यात महापराक्रमी अतएव अतिधीर महातेजस्वी होनेसे साक्षात् अग्निरूप अर्जुन उस विश्वरूपधारी नारायण देवको भूमिस्पृष्ट शिरसे भक्ति श्रद्धातिशयसे नमस्कार कर दोनों हाथको सम्पुटित कर अर्थात् हाथ जोड़ कर बोले। यहाँ पर विस्मय नामक स्थायीभाव जो अर्जुन गत है उसके आलम्बन विभाव भगवान्, विश्वरूप रूपी उद्दीपन विभावरूप, बार-बार दर्शनरूप अनुभाव सात्त्विक रोमाञ्च, हर्षसे नमस्कार और अंजलिकरणरूप अनुभावसे आक्षिप्त धृति मति हर्ष वितर्कादि व्यभिचारिभावसे पुष्ट सवासन श्रोताओं का तादृश चित्त चमत्कार भी तद्भेदके न जाननेसे परिपुष्ट परमानन्द आस्वादरूपसे अद्भुत रस होता है यह सूचित किया ॥ १४ ॥

जो भगवान्ने विश्वरूप दिखलाया उस भगवानसे दिये हुये दिव्यचक्षुसे सब लोगोंसे अदृश्य भी देखता हूँ इत्यहो मेरे भाग्यका उदय है इस स्वानुभवका आविष्कार करते हुये अर्जुन बोले **'पश्यामी'ति** से।

अनेकबाहूदरवक्त्रनेत्रं पश्यामि त्वा सर्वतोऽनन्तरूपम्।
नान्तं न मध्यं न पुनस्तवाऽऽदिं पश्यामि विश्वेश्वर विश्वरूप ! ॥ १६ ॥

हे विश्वेश्वर विश्वरूप ! आपको अनेक हाथ अनेक उदर, अनेक मुख, अनेक नेत्रोंसे युक्त तथा सर्वत्र अनन्त रूपवाला देखता हूँ। आपका आदि मध्य और अन्त नहीं देखता हूँ ॥ १६ ॥

किरीटिनं गदिनं चक्रिणं च तेजोराशिं सर्वतो दीप्तिमन्तम्।
पश्यामि त्वां दुर्निरीक्ष्यं[1] समन्ताद्दीप्तानलार्कद्युतिमप्रमेयम् ॥ १७ ॥

मैं किरीट गदा एवं चक्र धारण किये हुये सब ओरसे दीप्तिमान् तेजका समूह एवं दुर्निरीक्ष्य अर्थात् दिव्य नेत्रके विना दर्शनके अयोग्य तथा प्रज्वलित अग्नि और सूर्यके प्रकाशके समान प्रकाशवाले अप्रमेय (अपरिच्छेद्य) आपको सब ओर देखता हूँ ॥ १७ ॥

ज्ञानविषयीकरोमि हे देव तव देहे विश्वरूपे देवान्वस्वादीन्सर्वान्। तथा भूतविशेषाणाम्-स्थावराणाम्, जङ्गमानां च नानासंस्थानानां संघान्-समूहान्, तथा ब्रह्माणम्-चतुर्मुखम्, ईशम्-ईशितारं सर्वेषां, कमलासनस्थं-पृथ्वीपद्ममध्ये मेरुकर्णिकासनस्थम्, भगवन्नाभिकमलासनस्थमिति वा। तथा--ऋषींश्च सर्वान् वसिष्ठादीन्ब्रह्मपुत्रान्, उरगांश्च दिव्यान्-अप्राकृतान्वासुकिप्रभृतीन् पश्यामीति सर्वत्रान्वयः ॥ १५ ॥

यत्र भगवद्देहे सर्वमिदं दृष्टवान्, तमेव विशिनष्टि--'**अनेके**'ति। बाहव उदराणि वक्त्राणि-नेत्राणि चानेकानि यस्य तमनेकबाहूदरवक्त्रनेत्रं पश्यामि त्वा-त्वाम् सर्वतः-सर्वत्रानन्तानि रूपाणि यस्येति, तम्। तव तु पुनर्नान्तम्-अवसानम्, न मध्यम्, नाप्यादिं पश्यामि, सर्वगतत्वात्। हे विश्वेश्वर-हे विश्वरूप संबोधनद्वयम्, अतिसंभ्रमात् ॥ १६ ॥

हे देव ! विश्वरूप आपके देहमें वसु आदि सबको देखता हूँ तथा स्थावर जंगम भूत विशेष नाना संस्थानवालों का समूह देखता हूँ तथा चतुर्मुख सबके ईश तथा कमलासनस्थ ब्रह्मा या पृथ्वीरूप कमलके मध्यमें मेरुकर्णिकासनस्थ भगवन्नाभिकमलासनस्थको देखता हूँ। तथा ब्रह्माके पुत्र वसिष्ठादि सब ऋषिओंको देखता हूँ अप्राकृत अतएव दिव्य वासुकि प्रभृति सर्पोंको देखता हूँ। 'पश्यामि'का सर्वत्र अन्वय है ॥ १५ ॥

जिस भगवान्के देहमें इस सबको अर्जुनने देखा उस शरीरका विशेषण देते है '**अनेकेति**' से। बाहु उदर मुख नेत्र अनेक हैं जिसमें उस अनेक बाहूदर वक्त्र नेत्रवाले आपको सर्वत्र देखता हूँ। अनन्त रूप है जिसका उसको देखता हूँ आपका न अन्त है और न मध्य है न आदि है क्योंकि आप सर्वगत हैं उसे देखता हूँ। हे विश्वेश्वर ! हे विश्वरूप यह सम्भ्रमसे दो सम्बोधन हैं ॥ ५६ ॥

१. दुर्निरीक्ष्यम् इति पा० पूना० पु०।

त्वमक्षरं परमं वेदितव्यं त्वमस्य विश्वस्य परं निधानम् ।
त्वमव्ययः शाश्वतधर्मगोप्ता सनातनस्त्वं पुरुषो मतो मे ॥ १८ ॥

मुमुक्षुओंके जानने योग्य परम ब्रह्म विश्वके उत्कृष्ट आश्रय अविनाशी सनातन धर्मके रक्षक और नित्य पुरुष आप ही हैं ऐसा मेरा मत है ॥ १८ ॥

तमेव विश्वरूपं भगवन्तं प्रकारान्तरेण विशिनष्टि—'**किरीटिनमि**'ति । किरीट-गदा-चक्रधारिणं च सर्वतो दीप्तिमन्तं तेजोराशिं च । अत एव दुर्निरीक्षम्-दिव्येन चक्षुषा विना निरीक्षितुमशक्यम् । सयकारपाठे दुःशब्दोऽपह्ववचनः । अनिरीक्ष्यमिति यावत् । दीप्तयोरनलार्कयोर्द्युतिरिव द्युतिर्यस्य, तम्-अप्रमेयम्-इत्थमयमिति परिच्छेत्तुमशक्यं त्वां समन्तात्-सर्वतः पश्यामि दिव्येन चक्षुषा । अतोऽधिकारिभेदाद् दुर्निरीक्षं पश्यामीति न विरोधः ॥ १७ ॥

एवं तवातर्क्यनिरतिशयैश्वर्यदर्शनादनुमिनोमि—'**त्वमक्षरमि**'ति । त्वमेवाक्षरं परमम्-ब्रह्म वेदितव्यं मुमुक्षुभिर्वेदान्तश्रवणादिना । त्वमेवास्य विश्वस्य परं-प्रकृष्टं निधीयतेऽस्मिन्निति निधानम्-आश्रयः । अत एव त्वमव्ययः-नित्यः । शाश्वतस्य-नित्यवेदप्रतिपाद्यतयाऽस्य धर्मस्य गोप्ता-पालयिता । 'शाश्वते'ति संबोधनं वा । तस्मिन्पक्षेऽव्ययी-विनाशरहितः । अत एव सनातनः-चिरंतनः पुरुषः-यः परमात्मा, स एव त्वं मे मतः-विदितोऽसि ॥ १८ ॥

उसी विश्वरूप भगवान्का प्रकारान्तरसे विशेषण कहते हैं, किरीट गदा-चक्रधारी सर्वतः प्रकाशमान तेजोराशि अतएव दुःखसे देखनेके योग्य दिव्य चक्षुके विना दर्शन करनेके अयोग्य दुर्निरीक्ष्य इस प्रकार पाठमें दुःस् शब्द अपह्लव वाची है । अनिरीक्ष्य यह फलितार्थ है । प्रदीप्त अग्नि और सूर्यकी दीप्तिके समान दीप्ति है जिसकी उस अप्रमेय अर्थात् इस प्रकारके ये हैं इस निश्चय करनेमें अशक्य आपको सब जगह दिव्य चक्षुसे देखता हूँ । अधिकारी भेदसे दुर्निरीक्ष रूप भी देखता हूँ इस प्रकार विरोध नहीं ॥ १७ ॥

इस प्रकार आपके अगम्य निरतिशय ऐश्वर्यके देखनेसे अनुमान करता हूँ कि मुमुक्षुओंसे वेदान्त-श्रवणादि द्वारा वेदितव्य ज्ञातव्य पर ब्रह्म आप ही हैं और आप ही इस संसारके परमोत्कृष्ट आश्रय हैं । अतएव आप अव्यय हैं नित्य वेद प्रतिपाद्य होनेसे शाश्वत सनातन धर्मके रक्षक हैं अर्थात् पालन करनेवाले हैं । अथवा शाश्वत यह सम्बोधन है । उस पक्षमें अव्यय विनाश रहित अतएव चिरन्तन पुरुष जो परमात्मा हैं वही आप हैं यह मेरा मत है ॥ १८ ॥

अनादिमध्यान्तमनन्तवीर्यमनन्तबाहुं शशिसूर्यनेत्रम् ।
पश्यामि त्वा दीप्तहुताशवक्त्रं स्वतेजसा विश्वमिदं तपन्तम् ॥ १९ ॥

हे भगवन् ! उत्पत्ति स्थिति और विनाशसे रहित अनन्त प्रभाववाले अनन्त बाहुवाले चन्द्र और सूर्य रूप नेत्रवाले प्रज्वलित अग्नि स्वरूप मुखवाले तथा अपने तेजसे विश्वको सन्तप्त करनेवाले आपको देखता हूँ ॥ १६ ॥

द्यावापृथिव्योरिदमन्तरं हि व्याप्तं त्वयैकेन दिशश्च सर्वाः ।
दृष्ट्वाऽद्भुतं रूपमुग्रं तवेदं लोकत्रयं प्रव्यथितं महात्मन् ॥ २० ॥

हे महात्मन् ! स्वर्ग और भूमिके बीचका आकाश तथा सम्पूर्ण दिशायें एक आपसे ही व्याप्त अर्थात् पूर्ण है। आपके भयङ्कर और विस्मयजनक इस रूपको देखकर तीनों लोक अत्यन्त भयभीत हो रहा है ॥ २० ॥

किञ्च—'**अनादि**' इति। आदिः-उत्पत्तिः, मध्यम्-स्थितिः, अन्तः-विनाशस्तद्रहितमनादिमध्यान्तम्। अनन्तं वीर्यं-प्रभावो यस्य, तम्। अनन्ता बाहवो यस्य, तम्। उपलक्षणमेतन्मुखादीनामपि। शशिसूर्यौ नेत्रे यस्य, तम्। दीप्तो हुताशो वक्त्रं यस्य, वक्त्रेषु यस्येति वा, तम्। स्वतेजसा विश्वमिदं तपन्तं-संतापयन्तं त्वा-त्वां पश्यामि ॥ १६ ॥

प्राकृतस्य भगवद्रूपस्य व्याप्तिमाह—'**द्यावापृथिव्योरि**'ति। द्यावापृथिव्योरिदमन्तरमन्तरिक्षं हि एव त्वयैवैकेन व्याप्तम्, दिशश्च सर्वा व्याप्ताः। दृष्ट्वाऽद्भुतम्-अत्यन्तविस्मयकरमिदमुग्रं-दुरधिगमं महातेजस्वित्वात्, तव रूपमुपलभ्य लोकत्रयं प्रव्यथितम्-अत्यन्तभीतं जातम् हे महात्मन् साधूनामभयदायक ! इतः परमिदमुपसंहरेत्यभिप्रायः ॥ २० ॥

और आदि उत्पत्ति स्थिति विनाश उससे रहित अनादिमध्यान्तवाले अनन्त प्रभाव है जिसका उसको, अनन्त बाहु हैं जिसको उसको अनन्तबाहु यह उपलक्षण है अनन्त मुख आदिका। शशि सूर्य-चन्द्र और सूर्य्य नेत्र हैं जिसके प्रदीप्त अग्नि मुख है जिसका अथवा प्रदीप्त अग्नि जिसके मुखमें है उसको अतएव अपने तेजसें इस समस्त संसारका संतापक आपको देखता हूँ ॥ १६ ॥

प्राकृत भगवान्‌के रूपकी व्याप्ति (व्यापकता) को कहते हैं आकाश और पृथ्वी (आकाश) के मध्यका अन्तरिक्ष (आकाश) विश्वरूप धारण करनेवाले एक आपसे व्याप्त है और सब दिशायें आपसे व्याप्त हैं यतः ततः आपका यह अतिविस्मयजनक उग्ररूपको देखकर तीनों लोक पीडित है अतः इस रूपका उपसंहार कीजिये। अक्षुद्र स्वभाव अतएव महात्मा आपका निर्दोष लोकपीडन उचित नहीं है इस आशयसे

अमी हि त्वां सुरसंघा विशन्ति केचिद्भीताः प्राञ्जलयो गृणन्ति ।
स्वस्तीत्युक्त्वा महर्षिसिद्धसङ्घाः स्तुवन्ति त्वां स्तुतिभिः पुष्कलाभिः ॥ २१ ॥

ये देवगण आपमें प्रविष्ट हो रहे हैं, और कोई भयभीत होकर हाथ जोड़े हुये आपकी स्तुति कर रहे हैं। जगत्‌का कल्याण हो ऐसा कहकर महर्षि नारदादि और सिद्धसमूह पूर्ण अर्थवाली स्तुतियोंसे आपका स्तवन कर रहे हैं ॥

रुद्रादित्या वसवो ये च साध्या विश्वेऽश्विनौ मरुतश्चोष्मपाश्च ।
गन्धर्वयक्षासुरसिद्धसङ्घा वीक्षन्ते त्वां विस्मिताश्चैव सर्वे ॥ २२ ॥

रुद्र, सूर्य, वसु, साध्यगण, विश्वदेव, अश्विनी कुमार दोनों, मरुद्गण, पितृगण, तथा गन्धर्व यक्ष राक्षस और सिद्धगण विस्मित हुये आपको देख रहे हैं ॥ २२ ॥

अधुना भूभारसंहारकारित्वमात्मनः प्रकटयन्तं भगवन्तं पश्यन्नाह—**'अमी'** इति । अमी हि सुरसंघाः-वस्वादिदेवगणा भूभारावतारार्थं मनुष्यरूपेणावतीर्णाः युध्यमानाः सन्तस्त्वा-त्वां विशन्ति-प्रविशन्तो दृश्यन्ते । एवमसुरसंघा इति पदच्छेदेन भूभारभूता दुर्योधनादयस्त्वाम् विशन्तीत्यपि वक्तव्यम् । एवमुभयोरपि सेनयोः केचिद्भीताः पलायनेऽप्यशक्ताः सन्तः प्राञ्जलयः गृणन्ति-स्तुवन्ति त्वाम् । एवं प्रत्युपस्थिते युद्ध उत्पातादिनिमित्तान्युपलक्ष्य स्वस्त्यस्तु सर्वस्य जगत इत्युक्त्वा महर्षिसिद्धसङ्घाः-नारदप्रभृतयः युद्धदर्शनार्थमागता विश्वविनाशपरिहाराय स्तुवन्ति त्वां स्तुतिभिः-गुणोत्कर्षप्रतिपादिकाभिर्वाग्भिः पुष्कलाभिः-परिपूर्णार्थाभिः ॥ २१ ॥

किं चान्यत्—**'रुद्रादित्याः'** इति । रुद्राश्चाऽऽदित्याश्च वसवः ये च साध्या नाम देवगणाः

हे महात्मन् ! यह सम्बोधन है । अथवा हे महात्मन् ! साधुओंके अभय देनेवाले इससे आगे इस रूपका उपसंहार कीजिये ॥ २० ॥

इस समय पृथ्वीके भारका नाशकारित्वको प्रगट करते हुये भगवानको देखते हुये कहते हैं । हे देव ! वे वसु आदि देवगण पृथ्वीके भार उतारनेके लिये मनुष्यरूपसे अवतीर्ण होकर युद्ध करते हुये आपमें प्रविष्ट होते हुये दिखलाई देते हैं । इसी प्रकार असुर सङ्घ इस पदच्छेदसे ये दुर्योधनादिक पृथ्वी भार भूत आपमें प्रविष्ट होते हैं यह भी कहना है । इस प्रकार दोनों सेनाओंमें भयभीत होकर कोई भागनेमें भी अशक्त होते हुये हाथ जोड़कर आपकी स्तुति करते हैं । एवं उपस्थित युद्धमें उत्पात निमित्तोंको देख सर्व जगत्‌का कल्याण हो यह कह कर महर्षि सिद्ध समुदाय नारद प्रभृति जो युद्धके दर्शनके लिये आए हैं विश्व-विनाशकी निवृत्तिके लिये गुणातिशयके प्रतिपादक परिपूर्ण वाक्योंसे आपकी स्तुति करते हैं ॥ २१ ॥

और अन्य रुद्र, आदित्य, वसु और साध्य नामक देवगण विश्वदेवा देवगण नासत्य दस्र उनचास

रूपं महत्ते बहुवक्त्रनेत्रं महाबाहो ! बहुबाहूरुपादम् ।
बहूदरं बहुदंष्ट्राकरालं दृष्ट्वा लोकाः प्रव्यथितास्तथाऽहम् ॥ २३ ॥

हे महाबाहो ! अनेक मुख और नेत्रवाला अनेक हाथ जंघा और पैरवाला अनेक पेटवाला अनेक दांतोंसे विकराल आपके बहुत बड़े रूपको देखकर सभी लोक और मैं भयसे पीड़ित हो रहा हूँ ॥ २३ ॥

नभःस्पृशं दीप्तमनेकवर्णं व्यात्ताननं दीप्तविशालनेत्रम् ।
दृष्ट्वा हि त्वां प्रव्यथितान्तरात्मा धृतिं न विन्दामि शमं च विष्णो ! ॥ २४ ॥

हे विष्णो ! आकाशव्यापी प्रकाशमान अनेक रूपवाले फैलाये हुये मुखसे युक्त और चमकीले विशाल नेत्रोंसे युक्त आपको देखकर भयभीत चित्तवाला मैं धैर्य और शान्तिका लाभ नहीं पा रहा हूँ ॥ २४ ॥

विश्वे-विश्व तुल्यविभक्तिकविश्वदेवशब्दाभ्यामुच्यमाना देवगणाः, अश्विनौ-नासत्य-दस्रौ मरुतः-एकोनपञ्चाशद्देवगणा ऊष्मपाश्च पितरो गन्धर्वाणां यक्षाणामसुराणां सिद्धानां च जातिभेदानाम् संघाः-समूहा वीक्षन्ते-पश्यन्ति त्वा-त्वाम् । तादृशाद्भुतदर्शनात्ते सर्व एव विस्मिताश्च-विस्मय-मलौकिकचमत्कारविशेषमापद्यन्ते च ॥ २२ ॥

लोकत्रयं प्रव्यथितमित्युक्तमुपसंहरति—**'रूपं महत्ते'** इति ।

हे महाबाहो ! ते तव रूपं दृष्ट्वा लोकाः-सर्वेऽपि प्राणिनः प्रव्यथिताः, तथाऽहम् प्रव्यथितो भयेन । कीदृशं ते रूपं महत्-अतिप्रमाणम्, बहूनि वक्त्राणि नेत्राणि च यस्मिंस्तत्, बहवो बाहव ऊरवः पादाश्च यस्मिंस्तत्, बहून्युदराणि यस्मिंस्तत्, बहुभिर्दंष्ट्राभिः करालम्-अतिभयानकं दृष्ट्वैव मत्सहिताः सर्वे लोका भयेन पीडिता इत्यर्थः ॥ २३ ॥

भयानकत्वमेव प्रपञ्चयति—**'नभःस्पृशम्'** इति । न केवलं प्रव्यथित एवाहं त्वाम्

वायुगण ऊष्मपा नामक पितर गन्धर्व यक्ष असुर सिद्ध इन जातियोंका समूह आपको देखते हैं इस अद्भुत दर्शनसे सब विस्मित हैं विस्मय-अलौकिक चमत्कार विशेष दिखलाते हैं ॥ २२ ॥

'लोकत्रयं प्रव्यथितम्' इसका उपसंहार करते हैं—**'रूपमिति'** से । हे महाबाहो ! आपके रूपको देखकर सब प्राणिगण पीडित हैं तथा भयसे मैं पीडित हूँ कैसा आपका रूप है अत्यन्त प्रमाण बहुत मुख और नेत्र हैं जिसमें बहुत ऊरु और पैर हैं जिसमें तथा बहुत उदर है जिसमें अनेक दाँतों से अति भयानक रूपको देखकर मेरे सहित सब प्राणी भयसे पीड़ित हैं ॥ २३ ॥

भयानकताका ही विस्तार करते हैं **'नभःस्पृशमि'ति** से । केवल आपको देखकर पीड़ित ही नहीं हैं

दंष्ट्राकरालानि च ते मुखानि दृष्ट्वैव कालानलसंनिभानि।
दिशो न जाने न लभे च शर्म प्रसीद देवेश ! जगन्निवास ! ॥ २५ ॥

हे देवेश ! दांतोंसे भयङ्कर और प्रलय कालकी आगके सदृश आपके मुखोंको देखकर दिशाओंको नहीं जानता हूँ न सुख प्राप्त कर रहा हूँ, हे जगन्निवास आप प्रसन्न हों ॥ २५ ॥

अमी च त्वां धृतराष्ट्रस्य पुत्राः सर्वे सहैवावनिपालसङ्घैः।
भीष्मो द्रोणः सूतपुत्रस्तथाऽसौ सहास्मदीयैरपि योधमुख्यैः ॥ २६ ॥

ये सभी धृतराष्ट्रके पुत्र राजाओंके समूहके साथ ही एवं भीष्म पितामह द्रोणाचार्य यथा सूतपुत्र वह कर्ण हमारे पक्षके भी मुख्य योद्धाओंके सहित (प्रवेश कर रहे हैं) ॥ २६ ॥

दृष्ट्वा, किं तु प्रव्यथितोऽन्तरात्मा-मनो यस्य, सोऽहं धृतिम्-धैर्यं देहेन्द्रियादिधारणसामर्थ्यं शमम् च-मनःप्रसादं न विन्दामि-न लभे हे विष्णो ! त्वां कीदृशं नभःस्पृशम्-अन्तरिक्षव्यापिनं दीप्तम्-प्रज्वलितमनेकवर्णं भयंकरनानासंस्थानयुक्तं व्यात्ताननं-विवृतमुखं दीप्तविशालनेत्रं-प्रज्वलित-विस्तीर्णचक्षुषं त्वां दृष्ट्वा हि एव प्रव्यथितान्तरात्माऽहं धृतिं शमं च न विन्दामीत्य-न्वयः ॥ २४ ॥

'दंष्ट्रे'ति । दंष्ट्राभिः करालानि-विकृतत्वेन भयंकराणि प्रलयकालानलसदृशानि च ते मुखानि दृष्ट्वैव, न तु तानि प्राप्य, भयवशेन दिशः पूर्वापरादिविवेकेन न जाने । अतो न लभे च शर्म-सुखं त्वद्रूपदर्शनेऽपि । अतो हे देवेश ! हे जगन्निवास ! प्रसीद-प्रसन्नो भव मां प्रति । यथा भयाभावेन त्वद्दर्शनजं सुखं प्राप्नुयामिति शेषः ॥ २५ ॥

किन्तु पीड़ितमना होकर देहेन्द्रियादिके धारणका सामर्थ्य धैर्य मनःप्रसाद रूप शम नहीं पाता हूँ हे विष्णो ! आप कैसे हैं ? आकाशव्यापी हैं तथा प्रज्वलित अनेक वर्ण भयंकर नाना संस्थान युक्त विवृत मुख दीप्त विशालनेत्र प्रज्वलित विस्तीर्ण नयन आपको देखकर पीडितात्मा मैं धृति और शम नहीं पाता हूँ ॥ २४ ॥

दाँतोंसे भयंकर प्रलयकाल अग्निके सदृश आपके मुखोंको देखकर ही न कि प्राप्त कर भयवश पूर्व-पश्चिम दिशाका विवेक नहीं रहा दिग्भेदका ज्ञान भी न रहा कारण आपके स्वरूप दर्शनमें भी सुख नहीं पाता हूँ, अतः हे देवेश ! हे जगन्निवास ! मेरे प्रति आप प्रसन्न हों जिससे भयके अभावसे आपके दर्शनसे जायमान सुखको पाऊँ ॥ २५ ॥

वक्त्राणि ते त्वरमाणा विशन्ति दंष्ट्राकरालानि भयानकानि।
केचिद्विलग्ना दशनान्तरेषु संदृश्यन्ते चूर्णितैरुत्तमाङ्गैः ॥ २७ ॥

आपके दांतोंसे विकराल और भयानक मुखोंमें वे पूर्वमें कथित अति शीघ्रतासे प्रवेश कर रहे हैं। कोई दांतोंके बीच लगे हुये चूर्णित शिरोंसे युक्त दीख पड़ रहे हैं ॥ २७ ॥

अस्माकं जयम्, परेषां पराजयश्च सर्वदा द्रष्टुमिष्टं पश्य मम देहे गुडाकेश ! यच्चान्यद् द्रष्टुमिच्छसीति भगवदादिष्टमधुना पश्यामीत्याह पञ्चभिः **'अमी चे'**ति । अमी च-धृतराष्ट्रस्य पुत्राः-दुर्योधनप्रभृतयः शतं सोदरा युयुत्सुं विना सर्वे त्वाम् त्वरमाणा विशन्तीत्यग्रेतनेनान्वयः । अतिभयसूचकत्वेन क्रियापदन्यूनत्वमत्र गुण एव । सहैवावनिपालानाम् शल्यादीनां राज्ञां संघैस्त्वां विशन्ति । न केवलं दुर्योधनादय एव विशन्ति, किं तु अजेयत्वेन सर्वैः संभावितोऽपि भीष्मः, द्रोणः, सूतपुत्रः कर्णः, तथाऽसौ सर्वदा मम विद्वेष्टा । सहास्मदीयैरपि परकीयैरिव धृष्टद्युम्नप्रभृतिभिर्योधमुख्यैस्त्वां विशन्तीति-अन्वयः ॥ २६ ॥

'वक्त्राणी'ति । अमी च धृतराष्ट्रपुत्रप्रभृतयः सर्वेऽपि ते-तव दंष्ट्राकरालानि-भयानकानि वक्त्राणि त्वरमाणा विशन्ति । तत्र च केचिच्चूर्णितैरुत्तमाङ्गैः-शिरोभिर्विशिष्टा दशनान्तरेषु विलग्नाः-विशेषेण संलग्ना दृश्यन्ते मया सम्यगसंदेहेन ॥ २७ ॥

अपना जय और शत्रुओंके पराजय जो [आपको] सदा देखनेमें इष्ट है हे गुडाकेश मेरे शरीरमें देखो। और जो कुछ देखना चाहते हो यह भगवान्‌से आदिष्ट कथितको इस समय देख रहा हूँ यह पाँच श्लोकोंसे कहते हैं—**'अमी चेति'** से। ये धृतराष्ट्रके पुत्र दुर्योधन प्रभृति सौ सोदर भाई युद्धकी इच्छाको त्याग कर जल्दी-जल्दी आपमें प्रविष्ट हो रहें हैं यह आगे के श्लोकसे अन्वित है। अतिभय सूचक होनेसे क्रिया पदकी न्यूनता गुण ही है। शल्यादि राजाओंके संघके साथ आपमें प्रविष्ट हो रहे हैं। केवल दुर्योधन आदि ही प्रविष्ट होते हैं यह बात नहीं है किन्तु सबोंसे अजेय माने हुय भीष्म, द्रोण, कर्ण और जो मेरे विद्वेषी हैं सो भी प्रविष्ट हैं। परकीयके समान मेरे सैनिक भी जो धृष्टद्युम्न प्रभृति मुख्य योद्धा हैं वे आपमें प्रविष्ट हो रहे हैं ॥ २६ ॥

धृतराष्ट्र पुत्र प्रभृति सब दांतोंसे भयानक आपके मुखमें अतिशीघ्र प्रविष्ट होते हैं उनमें चूर्णित शिरसे युक्त आपके दांतोंके मध्यमें लगे हुये मैं असन्दिग्ध रूपसे देखता हूँ ॥ २७ ॥

यथा नदीनां बहवोऽम्बुवेगाः समुद्रमेवाभिमुखा द्रवन्ति ।
तथा तवामी नरलोकवीरा विशन्ति वक्त्राण्यभितो ज्वलन्ति ॥ २८ ॥

जैसे नदियोंका बहुत जलका प्रवाह समुद्रकी ही ओर जाता है अर्थात् समुद्रमें प्रवेश करता है। वैसे ही वीर मनुष्य आपके प्रकाशमान मुखोंमें प्रवेश कर रहे हैं ॥ २८ ॥

यथा प्रदीप्तं ज्वलनं पतङ्गा विशन्ति नाशाय समृद्धवेगाः ।
तथैव नाशाय विशन्ति लोकास्तवापि वक्त्राणि समृद्धवेगाः ॥ २९ ॥

जैसे शलभ (कीट या कीड़ा) वेग युक्त होकर अपने नाशके लिये जलती हुई आगमें (दीपकाग्नि में) प्रवेश करते हैं। वैसे ही अति वेगसे युक्त वे सब लोग अपने नाशके लिये आपके मुखोंमें प्रवेश कर रहे हैं ॥ २९ ॥

राज्ञां भगवन्मुखप्रवेशने निदर्शनमाह—**'यथा नदीनाम्'** इति । यथा नदीनामनेकमार्गंप्रवृत्तानां बहवोऽम्बूनाम्-जलानां वेगाः-वेगवन्तः प्रवाहाः समुद्राभिमुखाः सन्तः समुद्रमेव द्रवन्ति-विशन्ति, तथा तवामी नरलोकवीराः विशन्ति वक्त्राण्यभितः-सर्वतो ज्वलन्ति । अभिविज्वलन्तीति वा पाठः ॥ २८ ॥

अबुद्धिपूर्वकप्रवेशे नदीवेगं दृष्टान्तमुक्त्वा, बुद्धिपूर्वकप्रवेशे दृष्टान्तमाह—**'यथा प्रदीप्तमि'**ति । विशन्ति नाशाय-मरणायैव, तथैव नाशाय विशन्ति लोकाः-एते दुर्योधनप्रभृतयः सर्वेऽपि तव वक्त्राणि समृद्धवेगा बुद्धिपूर्वमनायत्या ॥ २९ ॥

राजाओंके भगवान्के मुखप्रवेशमें दृष्टान्त कहते हैं—**'यथा नदीनामिति'** से । जिस प्रकार अनेक मार्ग प्रवृत्त अनेक जलोंका वेगवान् प्रवाह समुद्रके अभिमुख होकर समुद्रमें ही प्रविष्ट होते हैं तथा ये नरलोकके वीर आपके मुखमें सब तरहसे प्रविष्ट होते हैं आपका मुख कैसा है जो सब तरफसे धधक रहा है ॥ २८ ॥

अबुद्धि पूर्वक प्रवेश में नदीवेग दृष्टान्त कहकर, बुद्धिपूर्वक प्रवेशमें दृष्टान्त कहते हैं—**'यथा प्रदीप्तमि'ति** से । जैसे पतंग वेगवान होकर बुद्धिपूर्वक स्वनाशके लिये दीपाग्निमें प्रविष्ट होते हैं उसी तरह दुर्योधनप्रभृति ये लोक मरणके लिये ही आपमें प्रविष्ट होते हैं। ये सब वेगसे बुद्धिपूर्वकमें आपके मुखमें प्रविष्ट होते हैं ॥ २९ ॥

लेलिह्यसे ग्रसमानः समन्ताल्लोकान्समग्रान्वदनैर्ज्वलद्भिः ।
तेजोभिरापूर्य जगत्समग्रं भासस्तवोग्राः प्रतपन्ति विष्णो ! ॥ ३० ॥

समस्त लोगोंको प्रकाशमान मुखोंसे निगलते हुये सब ओरसे आस्वाद ले रहे हैं। हे विष्णो आपने तेजसे सम्पूर्ण जगत्को परिपूर्ण कर अपनी उग्र दीप्तिसे संतप्त कर रहे हैं ॥ ३० ॥

आख्याहि मे को भवानुग्ररूपो नमोऽस्तु ते देववर ! प्रसीद ।
विज्ञातुमिच्छामि भवन्तमाद्यं न हि प्रजानामि तव प्रवृत्तिम् ॥ ३१ ॥

हे देवश्रेष्ठ ! क्रूर आकृतिवाले आप कौन हैं, यह मुझसे कहिये, आपको नमस्कार है आप प्रसन्न हों। सर्व कारण आपको जानना चाहता हूँ, क्योंकि आपकी सभी चेष्टाओंको मैं नहीं जानता हूँ ॥ ३१ ॥

योद्धुकामानां राज्ञां भगवन्मुखप्रवेशप्रकारमुक्त्वा, तदा भगवतः, तद्भासां च प्रवृत्ति-प्रकारमाह—**'लेलिह्यसे'** इति । एवं वेगेन प्रविशतो लोकान्-दुर्योधनादीन् समग्रान्-सर्वान्ग्रसमानः-अन्तःप्रवेशयञ्ज्वलद्भिर्वदनैः समन्तात्-सर्वतस्त्वं लेलिह्यसे-आस्वादयसि तेजोभिः-भाभिरापूर्य जगत्समग्रं यस्मात्त्वं भाभिर्जगदापूरयसि, तस्मात्तवोग्राः-तीव्रा भासः-दीप्तयः प्रज्वलतो ज्वलन-स्येव प्रतपन्ति-संन्तापं जनयन्ति हे विष्णो-व्यापनशील ! ॥ ३० ॥

यस्मादेवम्, तस्मात्—**'आख्याहि'** इति । एवमुग्ररूपः-क्रूराकारः को भवानित्याख्याहि-कथय मे-मह्यमत्यन्तानुग्राह्याय । अत एव नमोऽस्तु ते-तुभ्यं सर्वगुरवे हे देववर ! प्रसीद-प्रसादम्-क्रौर्यत्यागं कुरु । विज्ञातुम् विशेषेण ज्ञातुमिच्छामि भवन्तमाद्यम्-सर्वकारणम् न हि-यस्मात्तव सखाऽपि सन्प्रजानामि तव प्रवृत्तिम्-चेष्टाम् ॥ ३१ ॥

युद्धकी इच्छा करनेवाले राजाओंका भगवान् मुखके प्रवेशका प्रकार कहकर उस समय भगवान् और उनकी दीप्तिकी प्रवृत्तिके प्रकार कहते हैं—**'लेलिह्यसेति'** से । इस प्रकार वेगसे प्रवेश करते हुये दुर्यो-धनादि समग्र लोकको ग्रास करते हुये अर्थात् भीतर प्रवेश कराते हुये प्रज्वलित मुखोंसे चारों तरफसे आप चबा रहे हैं तेजसे समस्त जगत्को पूर्ण करते हैं, इस कारण आपकी अतितीव्र दीप्तियाँ धधकते हुवे अग्निके समान संतप्त करते हैं हे विष्णो ! व्यापक शील ॥ ३० ॥

यस्मादेवं क्रूराकार आप कौन हैं सो कहिये—**'आख्याहीति'** से । अत्यन्त अनुग्रहके योग्य मुझसे अब अपने स्वरूपको बतलाइये । अतएव सबके गुरु आपको नमस्कार है । हे देववर ! प्रसन्न होकर इस क्रूर स्वरूपका त्याग करें । सबके आद्य कारण आप भगवान्के विशेष रूपसे जाननेकी इच्छा है जिस कारण आपका मित्र होकर भी आपकी चेष्टाको नहीं जानता हूँ ॥ ३१ ॥

श्रीभगवानुवाच

कालोऽस्मि लोकक्षयकृत्प्रवृद्धो लोकान्समाहर्तुमिह प्रवृत्तः ।
ऋतेऽपि त्वां न भविष्यन्ति सर्वे येऽवस्थिताः प्रत्यनीकेषु योधाः ॥ ३२ ॥

श्री भगवान् बोले ! हे अर्जुन ! मैं लोकोंका क्षय करनेवाला प्रचण्ड महाकाल हूँ, यहां लोगों-(दुर्योधनादि) कों भक्षण करनेके लिये प्रवृत्त (उद्यत) हुआ हूँ । विपक्षियोंकी सेनामें स्थित योद्धा गण तुम्हारे विना भी अर्थात् तुम्हारे युद्धसे विमुख होने पर भी नष्ट हो जायगें ॥ ३२ ॥

तस्मात्त्वमुत्तिष्ठ यशो लभस्व जित्वा शत्रून्भुङ्क्ष्व राज्यं समृद्धम् ।
मयैवैते निहताः पूर्वमेव निमित्तमात्रं भव सव्यसाचिन् ॥ ३३ ॥

इसलिये तुम युद्धके लिये खड़े हो जाओ कीर्तिका लाभ करो, शत्रुओंको जीतकर सम्पन्न राज्यका उपभोग करो । ये वीर मेरे द्वारा पहले ही मारे जा चुके हैं । हे सव्यसाचिन् ? अतः तुम निमित्तमात्र बन-जाओ ॥ ३३ ॥

एवमर्जुनेन प्रार्थितो यः स्वयम्, यदर्था च स्वप्रवृत्तिः' तत्सर्वं त्रिभिः श्लोकैः श्रीभगवानुवाच—**'कालोऽस्मी'त्यादिना** । कालः-क्रियाशक्त्युपहितः सर्वस्य संहर्ता परमेश्वरोऽस्मि-भवामीदानीं प्रवृद्धः-वृद्धिं गतः । यदर्थं प्रवृत्तः, तच्छृणु—लोकान्-दुर्योधनादीन्समाहर्तुम्-सम्यगाहर्तुम् भक्षयितुं प्रवृत्तोऽहमिह-अस्मिन्काले । मत्प्रवृत्तिं विना कथमेवं स्यादिति चेत् ? नेत्याह—**'ऋतेऽपीति'** । ऋतेऽपि त्वा-त्वामर्जुनं योद्धारं विनाऽपि-त्वद्व्यापारं विनाऽपि मद्व्यापारेणैव न भविष्यन्ति-विनङ्क्ष्यन्ति सर्वे भीष्म-द्रोण-कर्णप्रभृतयो योद्धुमनर्हत्वेन संभाविता अन्येऽपि येऽवस्थिताः प्रत्यनीकेषु-प्रतिपक्षसैन्येषु योधाः-योद्धारः सर्वेऽपि मया हतत्वादेव न भविष्यन्ति । तत्र तव व्यापारोऽकिंचित्कर इत्यर्थः ॥ ३२ ॥

इस प्रकार अर्जुनसे प्रार्थित जो स्वयं और जिसके लिये अपनी प्रवृत्ति है वह सब तीन श्लोकोंसे भगवान् कहते हैं-**'कालोऽस्मीत्या'दि** से । क्रिया शक्ति युक्त मैं काल हूँ, सबका नाश करनेवाला परमेश्वर हूँ, इस समय अपने स्वरूपको बढ़ाया हूँ, जिसके लिये प्रवृत्त हूँ, उसको सुनो—दुर्योधनादिको भक्षणके लिये इस कालमें मैं प्रवृत्त हूँ । मेरी प्रवृत्तिके विना इनका नाश कैसे होगा । हे अर्जुन तुमारे विना भी—तुम्हारे युद्ध व्यापारके विना भी मेरे व्यापारसे ये सब नष्ट होंगे । भीष्म द्रोण कर्ण प्रभृति जो किसीसे युद्ध करनेमें हारने वाले नहीं है अन्य जो योद्धागण शत्रु सैन्यमें खड़े हैं इन सबको में मार चुका हूँ, इस वास्ते ये न बचेगें, इसमें तुम्हारा व्यापार अकिञ्चित्कर है अर्थात् यह न समझो कि हम न मारेगें तो यह न मरेगें, इनको तो मैं मार ही चुका हूँ ॥ ३२ ॥

द्रोणं च भीष्मं च जयद्रथं च कर्णं तथाऽन्यानपि योधवीरान्।
मया हतांस्त्वं जहि मा व्यथिष्ठा युध्यस्व जेतासि रणे सपत्नान्॥ ३४॥

मुझसे निष्प्राण किये गये द्रोणाचार्य भीष्मपितामह कर्ण और जयद्रथ तथा दूसरे शूर वीरोंको तुम मारो दुःखी मत हो संग्राममें शत्रुओंको जीतोगे अतः युद्धकरो ॥ ३४ ॥

'तस्मादि'ति। यस्मादेवम्—तस्मात्त्वद्व्यापारमन्तरेणापि यस्मादेते विनङ्क्ष्यन्त्येव, तस्मात्त्वमुत्तिष्ठ-उद्युक्तो भव युद्धाय। देवैरपि दुर्जया भीष्मद्रोणादयोऽतिरथाः झटित्येवार्जुनेन निर्जिता इत्येवंभूतं यशो लभस्व। महद्भिः पुण्यैरेव हि यशो लभ्यते। अयत्नतश्च जित्वा शत्रून् दुर्योधनादीन्, भुङ्क्ष्व-स्वोपसर्जनत्वेन भोग्यतां प्रापय समृद्धं राज्यम्-अकण्टकम्। एते च तव शत्रवो मयैव कालात्मना निहताः-संहृतायुषस्त्वदीययुद्धात्पूर्वमेव केवलं तव यशोलाभाय रथान्न पातिताः। अतस्त्वं निमित्तमात्रम्-अर्जुनेनैते निर्जिता इति सार्वलौकिकव्यपदेशास्पदम् भव हे सव्यसाचिन्-सव्येन वामेन हस्तेनापि शरान्संचितुं संधातुं शीलं यस्य, तादृशस्य तव भीष्मद्रोणादिजयो नासंभावितः, तस्मात्त्वद्व्यापारानन्तरं मया रथात्पात्यमानेष्वेतेषु तवैव कर्तृत्वं लोकाः कल्पयिष्यन्तीत्यभिप्रायः॥ ३३॥

ननु द्रोणो ब्राह्मणोत्तमो धनुर्वेदाचार्यो मम गुरुर्विशेषेण च दिव्यास्त्रसंपन्नः, तथा भीष्मः स्वच्छन्दमृत्युर्दिव्यास्त्रसंपन्नश्च परशुरामेण द्वन्द्वयुद्धमुपगम्यापि न पराजितः, तथा यस्य

इस प्रकार यह दशा है, इस कारण तुम्हारे व्यापारके विना भी ये नष्ट होगें वचेगे नहीं अतः तुम युद्धके लिये खड़े हो जाओ देवताओंसे भी दुर्जय अर्थात् देवता जिनको नहीं जीत सकते हैं वे अतिरथ भीष्म द्रोणादि को अर्जुनने बड़ी जल्दी जीत लिया इस प्रकारके यशको पाओ। बड़े पुण्यसे यश मिलता है। अतः परिश्रमके विना दुर्योधनादि शत्रुको जीतकर राज्यका उपभोग करो। जो राज्य अकंटक तथा समृद्ध है। उन आपके शत्रुओंको कालात्मा मैं मार चुका हूँ, इनकी आयु समाप्त हो चुकी है, तुम्हारे युद्धके पूर्वमें ही ये मर चुके हैं, केवल तुम्हारे यशके लाभ के लिये रथसे गिराया नहीं है। अतः तुम निमित्तमात्र हो अतः अर्जुनसे ये जीते गये हैं इस प्रकार सब लोगोंके व्यवहारके आश्रय वनो। हे सव्यसाचिन्! सव्य-वाम हस्तसे शरोंका संधान करनेका स्वभाव है जिसका इस तरह (एवं भूत) सव्यसाची तुम्हारा भीष्म पर जय असम्भावित नहीं है अतः तुम्हारे व्यापारके वाद मेरे द्वारा रथसे इनको गिराये जाने पर लोग तुम ही को इनके मारने वाला समझेंगे यह अभिप्राय हैं॥ ३३॥

शङ्का—ब्राह्मणश्रेष्ठ तथा धनुर्वेदाचार्य मेरे गुरु दिव्य अस्त्रोंसे युक्त द्रोणाचार्य तथा स्वच्छन्द-इच्छावश

पिता वृद्धक्षत्रस्तपश्चरति मम पुत्रस्य शिरो यो भूमौ पातयिष्यति, तस्यापि शिरस्तत्कालं भूमौ पतिष्यतीति, स जयद्रथोऽपि जेतुमशक्यः, स्वयमपि महादेवाराधनपरो दिव्यास्त्रसंपन्नश्च । तथा कर्णोऽपि स्वयं सूर्यसमस्तदाराधनेन दिव्यास्त्रसंपन्नश्च वासवदत्तया चैकपुरुषघातिन्या मोघीकर्तुमशक्यया शक्त्या विशिष्टः, तथा कृपाश्वत्थामभूरिश्रवःप्रभृतयो महानुभावाः सर्वथा दुर्जया एव, एतेषु सत्सु कथं जित्वा शत्रून् राज्यं भोक्ष्ये, कथं वा यशो लप्स्य इत्याशङ्कामर्जुनस्यापनेतुमाह तदाशङ्काविषयान्नामभिः कथयन्--'**द्रोणं च**'ति । द्रोणादींस्त्वदाशङ्काविषयीभूतान् सर्वानेव योधवीरान्कालात्मना मया हतानेव त्वं जहि । हतानां हनने को वा परिश्रमः । अतो मा व्यथिष्ठाः कथमेवं शक्ष्यामीति व्यथां-भयनिमित्तां पीडां मा गाः, भयं त्यक्त्वा युध्यस्व, जेतासि-जेष्यस्यचिरेणैव रणे-सङ्ग्रामे सपत्नान्-सर्वानपि शत्रून् । अत्र द्रोणं च भीष्मं च जयद्रथञ्चेति चकारत्रयेण पूर्वोक्ताजेयत्वशङ्काऽनूद्यते । '**तथा**' शब्देन कर्णेऽपि । '**अन्यानपि योधवीरानि**'-त्यत्रापिशब्देन । तस्मात्कुतोऽपि स्वस्य पराजयम्, वधनिमित्तं पापञ्च मा शङ्किष्ठा इत्यभिप्रायः ।

'कथं भीष्ममहं संख्ये द्रोणं च मधुसूदन ।
इषुभिः प्रतियोत्स्यामि पूजार्हौ' २-४ इत्यत्रेव,
अत्रापि समुदायान्वयानन्तरं प्रत्येकान्वयः द्रष्टव्यः ।। ३४ ।।

मृत्यु वाली दिव्यास्त्रोंसे सम्पन्न परशुरामके साथ द्वन्द्व युद्ध करके भी जो पराजित न हुये सो भीष्म तथा वृद्ध क्षत्रिय जिसके पिता तप करते हैं जो मेरे पुत्रका शिर भूमिमें गिरावेगा उसका भी शिर उसी समय भूमिमें गिरेगा इस कामनासे तप करते हैं वह जयद्रथ जीतनेके योग्य नहीं है और स्वयं भी जयद्रथ महादेवजीके आराधनमें तत्पर और दिव्यास्त्र संयुक्त है तथा सूर्य सम स्वयं कर्ण भी सूर्यके आराधनमें दिव्यास्त्रसे सम्पन्न और इन्द्रसे मिली हुई एक पुरुषका निपात करने वाली, निष्फल करनेमें अशक्य शक्तिसे विशिष्ट हैं तथा कृपाचार्य अश्वत्थामा, भूरिश्रवा प्रभृति महाप्रभावशाली सर्वथा दुर्जय ही हैं इनके रहते शत्रुको जीतकर राज्य कैसे भोगेंगे कैसे वा यश पावेंगे । इस अर्जुनकी आशंकाको निवृत्त करनेके लिये कहते हैं । जिन जिनमें आशंका है उनका नाम लेकर तुम्हारी आशंकाके विषय द्रोण आदि सब वीर योद्धा कालात्मस्वरूप मुझसे हत हैं यह मान कर उनको तुम मारो । हतके हननमें मृतके मारनेमें क्या परिश्रम है अतः इनको कैसे मारेंगे इस भय निमित्तक पीड़ाको मत प्राप्त करो, भयका त्यागकर युद्ध करो । थोड़े कालमें संग्राममें सब शत्रुओंको जीतोगे । यहाँ पर '**द्रोणश्च भीष्मश्च जयद्रथञ्चेति**' तीनों चकारोंसे पूर्वोक्त अजेयत्व शंकाका अनुवाद है एवं 'तथा' शब्दसे कर्णमें भी अजेयत्व शङ्काका अनुवाद है । एवं '**अन्यानपि योधवीरान्**' यहाँ पर '**अपि**' शब्दसे उक्त शंकाका अनुवाद है । इस कारण किसीसे भी अपने

सञ्जय उवाच

एतच्छ्रुत्वा वचनं केशवस्य कृतांजलिर्वेपमानः किरीटी।
नमस्कृत्वा भूय एवाऽऽह कृष्णं सगद्गदं भीतभीतः प्रणम्य ॥ ३५ ॥

संजय बोले, भगवान् केशवके इस वचनको सुनकर मुकुटधारी अर्जुन हाथ जोड़े हुये तथा कांपते हुये नमस्कार करके अत्यन्त भयभीत पुनः प्रणाम करके गद्गद अर्थात् सकम्पत्वादि वाग्विकारसे युक्त होकर बोले ॥ ३५ ॥

द्रोण-भीष्म-जयद्रथ-कर्णेषु जयाशाविषयेषु हतेषु निराश्रयो दुर्योधनो हत एवेत्यनुसंधाय जयाशां परित्यज्य यदि धृतराष्ट्रः संधिं कुर्यात्, तदा शान्तिरुभयेषां भवेदित्यभिप्रायवांस्ततः किं वृत्तमित्यपेक्षायामाह—'**एतच्छ्रुत्वे**'ति । एतत्-पूर्वोक्तं केशवस्य वचनं श्रुत्वा कृताञ्जलिः किरीटी-इन्द्रदत्तकिरीटः परमवीरत्वेन प्रसिद्धो वेपमानः परमाश्चर्यदर्शनजनितेन संभ्रमेण कम्पमानोऽर्जुनः कृष्णम्-भक्ताघकर्षणं भगवन्तं नमस्कृत्वा-नमस्कृत्य भूयः-पुनरप्याह-उक्तवान्सगद्गदम्-भयेन हर्षेण चाश्रुपूर्णनेत्रत्वे सति कफरुद्धकण्ठतया वाचो मन्दत्व-सकम्पत्वादिर्विकारः सगद्गदः, तद्युक्तं यथा स्यात्, भीतभीतः-अतिशयेन भीतः सन्पूर्वं नमस्कृत्य पुनरपि प्रणम्यात्यन्तनम्रः भूत्वाऽऽहेति संबन्धः ॥ ३५ ॥

पराजय तथा वधनिमित्तक पापकी शंका मत करो यह अभिप्राय है। **'कथं भीष्ममहं संख्ये द्रोणं च मधूसूदन'** इसके समान यहाँ भी समुदायान्वयके अनन्तर प्रत्येकान्वय समझना ॥ ३४ ॥

द्रोण, भीष्म, जयद्रथ, कर्ण में दुर्योधनकी विशेष जयाशा है इनके हत होने पर निराश्रय दुर्योधन हतके समान अपनेको समझकर जयाशाका परित्याग कर यदि सन्धि करे तो दोनों कौरव पाण्डवोंमें शान्ति हो इस अभिप्रायवाले धृतराष्ट्रने पूंछा—तब क्या हुआ, संजय बोले—पूर्वोक्त (केशव) भगवान्के वचनको सुनकर हाथ जोड़कर इन्द्रसे दत्त किरीटधारी परमप्रसिद्ध वीर अर्जुन परमाश्चर्यके दर्शनसे जन्य सम्भ्रमसे कम्पमान भक्तोंके पापको खींचनेवाले कृष्णभगवान्का नमस्कार कर फिर बोले—भयसे हर्षसे अश्रुपूर्ण नेत्र है जिसका एवंभूत तथा कफसे कण्ठसे प्रतिबद्ध होनेसे मन्दत्व सकम्पत्वादि वाग्विकार गद्गद है तद्युक्त होकर अतिशय भयभीत होकर पहले नमस्कार कर फिर भी प्रणाम कर अत्यन्त नम्र होकर बोले ॥ ३५ ॥

अर्जुन उवाच

स्थाने हृषीकेश ! तव प्रकीर्त्या जगत्प्रहृष्यत्यनुरज्यते च ।
रक्षांसि भीतानि दिशो द्रवन्ति सर्वे नमस्यन्ति च सिद्धसंघाः ॥ ३६ ॥

अर्जुन बोले हे हृषीकेश ! आपके कीर्तनसे संसार हर्ष प्राप्त करता है तथा आपके गुणोंमें अनुरक्त होता है तथा भयभीत राक्षस लोग दिशाओंमें भागते हैं और सिद्धोंका समूह नमस्कार करता है यह सब युक्त है अर्थात् उचित है ॥ ३६ ॥

एकादशभिः——अर्जुन उवाच **'स्थाने'इत्यादिना** । 'स्थाने' इत्यव्ययं युक्तमित्यर्थे । हे हृषीकेश-सर्वेन्द्रियप्रवर्तक यतस्त्वमेवम्-अत्यन्ताद्भुतप्रभावः, भक्तवत्सलश्च । ततस्तव प्रकीर्त्या प्रकृष्टया कीर्त्या-निरतिशयप्राशस्त्यस्य कीर्तनेन, श्रवणेन च न केवलमहमेव प्रहृष्यामि, किंतु सर्वमेव जगच्चेतनमात्रं रक्षो विरोधि प्रहृष्यति-प्रकृष्टं हर्षमाप्नोतीति यत्, तत् स्थाने-युक्तमेवेत्यर्थः । तथा सर्वं जगदनुरज्यते च-तद्विषयमनुरागमुपैतीति च यत्, तदपि युक्तमेव । तथा रक्षांसि भीतानि-भयाविष्टानि सन्ति दिशो द्रवन्ति-गच्छन्ति सर्वासु दिक्षु पलायन्त इति यत् ; तदपि युक्तमेव । तथा सर्वे सिद्धानां कपिलादीनां संघाः-नमस्यन्ति चेति यत्, तदपि युक्तमेव । सर्वत्र **'तव प्रकीर्त्ये'**त्यस्यान्वयः, **'स्थाने'** इत्यस्य च । अयं श्लोको रक्षोघ्नमन्त्रत्वेन मन्त्रशास्त्रे प्रसिद्धः । [स च नारायणाष्टाक्षर-सुदर्शनास्त्रमन्त्राभ्यां संपुटितो ज्ञेय इति रहस्यम्] ॥ ३६ ॥

ग्यारह श्लोकोंसे अर्जुन कहते हैं **'स्थाने 'इत्यादिना** से । स्थाने यह सप्तम्यन्त प्रतिरूपक अव्यय है इसका युक्त अर्थ है । हे हृषीकेश ! सर्वेन्द्रिय प्रवर्तक ! क्योंकि आप अद्भुत प्रभाव वाले और इस प्रकारके भक्त वत्सल हैं इसीसे आपकी प्रकृष्ट कीर्ति अर्थात् निरनिशय प्राशस्त्यके कीर्तन श्रवणसे केवल मैं ही प्रकृष्ट आनन्द प्राप्त नहीं करूँगा किन्तु चेतनमात्र सब जगत् जो राक्षसों विरोधी हैं वे सभी प्रकृष्ट हर्षको पाते हैं यह युक्त ही है तथा सम्पूर्ण जगत् आपमें अनुरागी है यह भी ठीक ही है । तथा राक्षस भयसे छोड़कर दिशाओंमें भागते हैं अर्थात् सब दिशाओंमें भागते हैं यह भी ठीक ही है । तथा सब कपिल आदि सिद्धोंका समुदाय आपको नमस्कार करता है यह भी ठीक ही है । **'तव प्रकीर्त्या'** और **'स्थाने'** इसका सब जगह अन्वय है । यह श्लोक मन्त्र [तन्त्र] शास्त्रमें रक्षोघ्न मन्त्ररूपसे प्रसिद्ध है । [वह मन्त्र नारायणाष्टाक्षर और सुदर्शनास्त्र मन्त्रसे संपुटित समझना यह रहस्य है] ॥ ३६ ॥

कस्माच्च ते न नमेरन्महात्मन्गरीयसे ब्रह्मणोऽप्यादिकर्त्रे।
अनन्त देवेश! जगन्निवास! त्वमक्षरं सदसत्तत्परं यत्॥ ३७॥

हे महात्मन्, हे अनन्त, हे देवेश, हे जगदाश्रय, आप ब्रह्माके जनक और ब्रह्मासे भी श्रेष्ठ व्यक्त और अव्यक्त रूपात्मक उससे भी पर जो अक्षर ब्रह्म है वह आप हैं इसलिये क्यों नहीं आपको नमस्कार करें? ॥ ३७ ॥

भगवतो हर्षादिविषयत्वे हेतुमाह—'**कस्मादि**'ति । कस्माच्च हेतोस्ते-तुभ्यं न नमेरन्न नमस्कुर्युः सिद्धसंघाः सर्वेऽपि हे महात्मन्-परमोदारचित्त! हे अनन्त-सर्वपरिच्छेदशून्य! हे देवेश! हिरण्यगर्भादीनामपि देवानां नियन्तः! हे जगन्निवास-सर्वाश्रय! तुभ्यम्, कीदृशाय? ब्रह्मणोऽपि गरीयसे-गुरुतरायाऽऽदिकर्त्रे-ब्रह्मणोऽऽपि जनकाय। नियन्तृत्वम्, उपदेष्टृत्वम्, जनकत्वमित्यादिरेकैकोऽपि हेतुर्नमस्कार्यताप्रयोजकः, किं पुनर्महात्मत्वानन्तत्वजगन्निवासत्वा-दिनानाकल्याणगुणसमुच्चित इत्यनाश्चर्यतासूचनार्थं नमस्कारस्य। 'कस्माच्चे'ति वाशब्दार्थः चकारः । किं च सत्-विधिमुखेन प्रतीयमानमस्तीति, असत्-निषेधमुखेन प्रतीयमानम्-नास्तीति । अथवा सद्-व्यक्तम्, असत्-अव्यक्तं त्वमेव । तथा तत्परम्-ताभ्यां सदसद्भ्यां परं मूलकारणं यदक्षरं ब्रह्म, तदपि त्वमेव । त्वद्भिन्नं किमपि नास्तीत्यर्थः । '**तत्परं यदि**'त्यत्र यच्छब्दात्प्राक्चकारमपि केचित्पठन्ति । एतैर्हेतुभिस्त्वां सर्वे नमस्यन्तीति न किमपि चित्र-मित्यर्थः ॥ ३७ ॥

भगवान्‌के हर्ष आदिका विषय होनेमें कारण कहते हैं—'**कस्माच्चे'ति** से। सिद्धसङ्घ मेरा क्यों नमस्कार नहीं करेगें। इसमें हेतु कहते हैं—हे महात्मन्-परमोदारचित्त! हे अनन्त-त्रिविधपरिच्छेदशून्य! हे देवेश! हिरण्यगर्भादि देवताओंके भी नियन्ता! हे जगन्निवास! सर्वाश्रय ब्रह्मासे भी गुरुतर ब्रह्माके भी कर्ता आपके लिये क्यों न नमस्कार करें। नियन्तृत्व, उपदेष्टृत्व और जनकत्व इत्यादि एकैक भी नमस्कार्यताका प्रयोजक हेतु है महात्मत्व, जगन्निवासत्वादि नाना कल्याण गुण युक्त आप हैं फिर नमस्कार क्यों न करें। नमस्कार करनेमें आश्चर्य नहीं। वाशब्दके अर्थमें यहाँ चकार है। किञ्च विधिमुखेन अस्ति इति प्रतीयमान सत् है निषेधमुखेन नास्ति इति प्रतीयमान असत् है। अथवा व्यक्त प्रत्यक्ष सत् है अव्यक्त अस्फुट [परोक्ष] असत् है सो आप ही हैं तथा सदसद् दोनोंसे पर मूल कारण जो अक्षर ब्रह्म है सो भी आप ही हैं। आपसे भिन्न कुछ भी नहीं है। "**तत्परं यत्**" यहाँ पर यत्शब्दसे पूर्वमें चकार भी कोई पढ़ते हैं इन हेतुओंसे सब आपका नमस्कार करते हैं इसमें आश्चर्य क्या? ॥ ३७ ॥

त्वमादिदेवः पुरुषः पुराणस्त्वमस्य विश्वस्य परं निधानम् ।
वेत्ताऽसि वेद्यं च परं च धाम त्वया ततं विश्वमनन्तरूप ॥ ३८ ॥

हे अनन्तरूप ! आप पुराण पुरुष तथा आदिदेव हैं, आप संसारके परम आश्रय हैं, आप सर्वज्ञ वेद्य (जानने योग्य) एवं परम धाम हैं, आपसे संसार व्याप्त है ॥ ३८ ॥

वायुर्यमोऽग्निर्वरुणः शशाङ्कः प्रजापतिस्त्वं प्रपितामहश्च ।
नमो नमस्तेऽस्तु सहस्रकृत्वः पुनश्च भूयोऽपि नमो नमस्ते ॥ ३९ ॥

आप वायु, यमराज, अग्नि, वरुण, चन्द्रमा, ब्रह्मा और उनके पिता हैं, आपको हजारों वार नमस्कार है और वार-वार नमस्कार है ॥ ३९ ॥

भक्त्युद्रेकात्पुनरपि स्तौति—'**त्वमादिदेवः**' इति । त्वमादिदेवः जगतः, सर्वहेतुत्वात् । पुरुषः-पूरयिता, पुराणः-अनादिः, त्वमस्य विश्वस्य परं निधानं लयस्थानत्वान्निधीयते सर्वमस्मिन् इति । एवं सृष्टिप्रलयस्थानत्वेनोपादानत्वमुक्त्वा, सर्वज्ञत्वेन प्रधानं व्यावर्तयन्निमित्ततामाह—'**वेत्ते**'**ति** । वेत्ता-वेदिता सर्वस्यासि । द्वैतापत्तिं वारयति यच्च वेद्यम्, तदपि त्वमेवासि, वेदनरूपे वेदितरि परमार्थसंवन्धाभावेन सर्वस्य वेद्यस्य कल्पितत्वात् । अत एव परं च धाम-यत्सच्चिदानन्दघनमविद्यातत्कार्यनिर्मुक्तं विष्णोः परमं पदम्, तदपि त्वमेवासि । त्वया सद्रूपेण, स्फुरणरूपेण च कारणेन ततम्-व्याप्तमिदं स्वतः सत्तास्फूर्तिशून्यं विश्वं कार्यं मायिकसंबन्धेनैव स्थितिकाले हे अनन्तरूप-अपरिच्छिन्नस्वरूप ॥ ३८ ॥

भक्तिकी वृद्धिसे फिर भी स्तुति करते हैं '**त्वमादिदेवः**' **इति** से । संसारके आदि देव आप हैं क्योंकि आप ही सवके हेतु हैं आप ही पूरण करनेवाले पुरुष हैं और अनादि हैं और लय स्थान होनेसे सव निहित (स्थित) होता है जिसमें वह निधान हैं विश्वके निधान आप हैं । इस प्रकार सृष्टि और प्रलयके स्थान कहनेसे उपादानत्व कह कर सर्वज्ञत्वसे प्रधान (प्रकृति) की व्यावृत्ति कराते हुये निमित्तकारणत्व कहते हैं । सवके वेत्ता जाननेवाले आप हैं । द्वैतकी आपत्तिके वारणके लिये आप ही वेद्य जाननेके योग्य हैं । और वेत्ता ज्ञाता हैं यह कहते हैं । वेदनज्ञानरूप वेदितामें वास्तविक धर्म नहीं है क्योंकि सब वेद्य वेत्तामें कल्पित है । अतएव सच्चिदानन्द घन अविद्या और उसके कार्यसे शून्य विष्णुका परम पद-धाम आप ही हैं । सद्रूप स्फुरणरूप और कारणरूप आपसे यह सव संसार व्याप्त है स्वतःसत्तास्फूर्तिसे शून्य सम्पूर्ण कार्य स्थितिके कालमें मायिक सम्बन्ध से है । हे अपरिच्छिन्न ! अनन्त रूप ॥ ३८ ॥

नमः पुरस्तादथ पृष्ठतस्ते नमोऽस्तु ते सर्वत एव सर्व ! ।
अनन्तवीर्यामितविक्रमस्त्वं सर्वं समाप्नोषि ततोऽसि सर्वः ॥ ४० ॥

आपको आगेसे पीछेसे सब ओरसे नमस्कार है, हे सर्वात्मन् ! अनन्त प्रभाव एवं असीम पराक्रमवाले आप सम्पूर्ण संसारको व्याप्त किये हुये हैं। अतः आप सर्वरूप हैं ॥ ४० ॥

'वायुरि'ति । वायुर्यमोऽग्निर्वरुणः शशाङ्कः । सूर्यादीनामप्युपलक्षणमेतत् । प्रजापतिः-विराड् हिरण्यगर्भश्च, प्रपितामहश्च-पितामहस्य हिरण्यगर्भस्यापि पिता च त्वम् । यस्मादेवम् सर्वदेवात्मकत्वात्त्वमेव सर्वैर्नमस्कार्योऽसि । तस्मान्ममापि वराकस्य नमो नमस्ते-तुभ्यमस्तु सहस्रकृत्वः, पुनश्च भूयोऽपि-पुनरपि नमो नमस्ते । भक्तिश्रद्धातिशयेन नमस्कारेष्वलंप्रत्ययाभावोऽनया नमस्कारावृत्त्या सूच्यते ॥ ३९ ॥

'नमः' इति । तुभ्यं पुरस्तात्-अग्रभागे नमोऽस्तु । तुभ्यं पुरो नमः स्तादिति वा । अथ-शब्दः समुच्चये । पृष्ठतोऽपि तुभ्यं नमः स्यात् । नमोऽस्तु ते-तुभ्यं सर्वतएव-सर्वासु दिक्षु स्थिताय हे सर्व ! वीर्यं-शारीरबलं विक्रमः । शिक्षा-शस्त्रप्रयोगकौशलम् । 'एकं वीर्याधिकं मन्ये उतैकं शिक्षयाऽधिकम्' इत्युक्तेर्भीमदुर्योधनयोरन्येषु चैकैकं व्यवस्थितम् । त्वं तु अनन्तवीर्यश्चामितविक्रमश्चेति समस्तमेकं पदम् । अनन्तवीर्येति संबोधनं वा । सर्वं-समस्तं जगत्समा-

किञ्च वायु यम अग्नि वरुण और चन्द्रमा यह सूर्यादिके भी उपलक्षण हैं। प्रजापति कश्यपादि हिरण्यगर्भान्त, पितामह, हिरण्यगर्भके भी पिता आप हैं। अतः आप सर्वात्मक हैं इससे आप ही सबसे नमस्कार्य हैं। मेरे गरीबका भी हजार वार फिर भी अत्यधिक नमस्कार है। भक्ति और श्रद्धाकी अधिकतासे नमस्कार पूरा हो गया यह निश्चयका अभाव नमस्कारकी आवृत्तिसे सूचित होता है ॥ ३९ ॥

'नम इति' से । आपके लिये पुरस्तात् अग्रभागमें नमस्कार है। अथवा पूर्व दिशामें तद्रूपसे स्थित आपको नमस्कार है। आपके पृष्ठ भागमें नमस्कार है। हे सर्वात्मक ! सर्वतः चारों दिग्में नमस्कार है अथवा पुरस्तात् कर्मानुष्ठानके आदिमें पृष्ठतः कर्म समाप्तिमें सर्वतः कर्म मध्यमें भी आपको नमस्कार है। इस अर्थमें **'कर्मणां'** का अध्याहार करना पड़ता है अध्याहार दोष है और सर्वतः को संकोचमें प्रमाण भी नहीं इसके सूचनार्थ अनास्थामें वा है। अथशब्द समुच्चयके अर्थमें है। वीर्य-शरीर बल विक्रम, शिक्षा-शस्त्र प्रयोग नैपुण्य "एकं वीर्याधिकं मन्ये उतैकं शिक्षयाधिकम्" इस उक्तिसे भीम और दुर्योधनमें एकैक व्यवस्थित था अर्थात् किसीमें शरीर बल अधिक होता है जैसे भीममें था, किसीमें शिक्षा वल अधिक होता है जैसे भीमकी अपेक्षा दुर्योधनमें अधिक था, आप तो अनन्तवीर्य और अपरिमित विक्रम शाली है अनन्तवीर्यामित-

सखेति मत्वा प्रसभं यदुक्तं हे कृष्ण ! हे यादव ! हे सखेति ।
अजानता महिमानं तवेदं मया प्रमादात्प्रणयेन वाऽपि ॥ ४१ ॥

आपको समानवयस्क मानकर आपकी इस विश्वरूपात्मक महिमाको या विश्वरूप और महिमाको न जानते हुये मैंने प्रमाद या स्नेहसे हे कृष्ण, हे यादव, हे सखा, ऐसा हठसे कहा ॥ ४१ ॥

यच्चावहासार्थमसत्कृतोऽसि विहारशय्यासनभोजनेषु ।
एकोऽथवाऽप्यच्युत ! तत्समक्षं तत्क्षामये त्वामहमप्रमेयम् ॥ ४२ ॥

हे अच्युत ! जों परिहासके लिये खेल, शय्या (रूईका बिछावन) बैठनेमें तथा भोजनमें अकेले अथवा मित्रोंके समाने आप अपमानित किये गये हैं, उस अपराधको अचिन्त्य प्रभाववाले आपसे क्षमा कराता हूँ ॥ ४२ ॥

प्नोषि-सम्यगेकेन सद्रूपेणाऽऽप्नोषि सर्वात्मना व्याप्नोषि । ततः-तस्मात्सर्वोऽसि, त्वदतिरिक्तम् किमपि नास्तीत्यर्थः ॥ ४० ॥

यतोऽहं त्वन्माहात्म्यापरिज्ञानादपराधानजस्रमकार्षम्, ततः परमकारुणिकं त्वां प्रणम्य अपराधक्षमां कारयामीत्याह द्वाभ्याम्––'**सखे**'तीत्यादिना । त्वं मम सखा-समानवया इति मत्वा प्रसभं स्वोत्कर्षख्यापनरूपेणाभिभवेन यदुक्तं मया । तवेदं विश्वरूपम्, तथा महिमानम्-ऐश्वर्यातिशयमजानता । पुंलिङ्गपाठ इमं विश्वरूपात्मकं महिमानमजानता प्रमादात्-चित्तविक्षेपात्प्रणयेन-स्नेहेन वाऽपि, किमुक्तमित्याह––हे कृष्ण ! हे यादव ! हे सखेति ॥ ४१ ॥

विक्रम यह समस्त एक पद है । अथवा अनन्तवीर्य यह सम्बोधन है । सम्पूर्ण जगत्को सर्वात्मा एक आप सद्रूपसे व्याप्त किये हैं इस कारण आप सब हैं आपसे अतिरिक्त कुछ नहीं यह अर्थ है ॥ ४० ॥

आपके माहात्म्य ज्ञानके अभावसे मैंने वार बार अपराध किया है उससे परम कारुणिक आपको प्रणाम कर अपराध क्षमा कराते हैं—यह दो श्लोकोंसे कहते हैं—'**सखेत्यादि**' से । आप हमारे समान अवस्थाके मित्र हैं यह मानकर वलात् अपने उत्कर्ष ज्ञापन रूप अभिभव (तिरस्कार) से जो कहा है वह आपके उस विश्वरूप तथा ऐश्वर्यातिशय महिमा न जानकर (कहा) 'इमम्' यह 'पुलिङ्ग पाठमें विश्वात्मक महिमाको न जानता हुआ चित्त विक्षेपरूप प्रमादसे अथवा स्नेहसे जो कहा सो क्या कहा यह कहते हैं—हे कृष्ण ! हे यादव ! हे सखे ! इति ॥ ४१ ॥

पिताऽसि लोकस्य चराचरस्य त्वमस्य पूज्यश्च गुरुर्गरीयान् ।

न त्वत्समोऽस्त्यभ्यधिकः कुतोऽन्यो लोकत्रयेऽप्यप्रतिमप्रभाव ! ॥ ४३ ॥

आप इस स्थावर जङ्गम लोकके पिता हैं, पूज्य एवं गुरु हैं अतएव सब प्रकारसे अतिश्रेष्ठ हैं। हे अनुपम प्रभाव ! तीनों लोकमें भी आपके समान दूसरा कोई नहीं है, अधिक की सम्भावना कैसे हो सकती है ॥ ४३ ॥

यच्चावहासार्थम्——परिहासार्थं विहारशय्यासनभोजनेषु विहारः-क्रीडा, व्यायामो वा । शय्या-तूलिकाद्यास्तरणविशेषः । आसनम्-सिंहासनादि, भोजनम्-बहूनां पङ्क्तावशनम्, तेषु विषय-भूतेषु असत्कृतोऽसि-मया परिभूतोऽसि एकः सखीन्विहाय रहसि स्थितो वा त्वम् । अथवा तत्समक्षं-तेषां-सखीनां परिहसतां समक्षं वा, हे अच्युत ! सर्वदा निर्विकार ! तत्सर्वं वचन-रूपम्-असत्करणरूपं चापराधजातं क्षामये-क्षामयामि त्वामप्रमेयमचिन्त्यप्रभावमचिन्त्यप्रभावेण निर्विकारेण च परमकारुणिकेन भगवता त्वन्माहात्म्यानभिज्ञस्य ममापराधाः क्षन्तव्याः इत्यर्थः ॥ ४२ ॥

अचिन्त्यप्रभावतामेव प्रपञ्चयति——**'पिताऽसी'**ति । अस्य चराचरस्य लोकस्य पिता-जनकस्त्वमसि, पूज्यश्चासि, सर्वेश्वरत्वात् । गुरुश्चासि शास्त्रोपदेष्टा । अतः सर्वैः प्रकारैर्गरीयान्-गुरुतरोऽसि । अत एव न त्वत्समोऽस्ति, अभ्यधिकः कुतोऽन्यो लोकत्रयेऽपि । हे अप्रतिम-प्रभाव ! यस्य समोऽपि नास्ति, द्वितीयस्य परमेश्वरस्याभावात्, तस्याधिकोऽन्यः कुतः स्यात्, सर्वथा न संभाव्यत एवेत्यर्थः ॥ ४३ ॥

परिहासके लिये विहार शय्या आसन और भोजनमें विहार-क्रीड़ा खेल अथवा व्यायाम कसरत शय्या-पलंग पर रूईके विशेष विछावन । आसन-सिंहासन आदि, भोजन बहुतोंकी पक्तिमें खाना इन विषयों-में जो मैंने आपका असतकार किया मित्रोंको छोड़ आप अकेले एकान्तमें बैठे हैं अथवा परिहासवाले मित्रोंके सामने तथा परोक्षमें जो असत्कार किया है हे अच्युत, सदा निर्विकार उन सब असत्काररूप वचन और अपराधसमूहको, अचिन्त्यप्रभाववाले आपसे क्षमा कराते हैं अचिन्त्य प्रभाव निर्विकार परम दयावान् भगवान् आपके माहात्म्यको नहीं समझते हुवे मेरे अपराधको क्षमा करें यह अर्थ है ॥ ४२ ॥

अचिन्त्य प्रभावताको ही विस्तृत करते हैं **'पिताऽसि'** इति से। इस स्थावर जंगम लोकके आप पिता हैं और अति पूज्य हैं क्योंकि आप सर्वेश्वर हैं । गुरु हैं शास्त्रके उपदेश करनेवाले हैं अतः सब प्रकारसे बड़े हैं अतएव आपके बराबर कोई नहीं है । आपसे अधिक दूसरा लोकत्रयमें कौन हो सकता है । हे अप्रतिम

तस्मात्प्रणम्य प्रणिधाय कायं प्रसादये त्वामहमीशमीड्यम् ।
पितेव पुत्रस्य सखेव सख्युः प्रियः प्रियायाऽर्हसि देव ! सोढुम् ॥ ४४ ॥

अतः मैं दण्डवत् प्रणाम करके स्तुतिके योग्य आप ईश्वरको प्रसन्न होनेके लिये प्रार्थना करता हूँ। हे देव ! पुत्रके अपराधको जैसे पिता, मित्रके अपराधको जैसे मित्र और प्रिया स्त्रीके अपराधको जैसे पति क्षमा करता है उसी प्रकार मेरे अपराधोंको क्षमा करनेके लिये आप समर्थ हैं ॥ ४४ ॥

अदृष्टपूर्वं हृषितोऽस्मि दृष्ट्वा भयेन च प्रव्यथितं मनो मे ।
तदेव मे दर्शय देव ! रूपं प्रसीद देवेश ! जगन्निवास ! ॥ ४५ ॥

हैं देव ! पूर्वमें कभी नहीं देखे हुये आपके इस रूपको देखकर हर्षित हो रहा हूँ, और भयसे मेरा मन व्याकुल हो रहा है। अतः प्राचीन प्रिय रूप ही दिखलावें, हे जगदाधार, हे देवेश, आप प्रसन्न होइये ॥४५॥

यस्मादेवम्—'**तस्मात् प्रणम्य**' इति । तस्मात्प्रणम्य-नमस्कृत्य त्वां प्रणिधाय-प्रकर्षेण नीचैर्धृत्वा कायम् । दण्डवद् भूमौ पतित्वेति यावत् । प्रसादये त्वामीशमीड्यम्-सर्वस्तुत्यमहमपराधी । अतो हे देव ! पितेव पुत्रस्यापराधं सखेव सख्युरपराधं प्रियः ! पतिरिव पतिव्रतायाः अपराधम्, ममापराधं त्वं सोढुम्-क्षन्तुमर्हसि अनन्यशरणत्वान्मम । प्रियायाऽर्हसीत्यत्र इवशब्दलोपः, संधिश्च च्छान्दसः ॥ ४४ ॥

एवमपराधक्षमां प्रार्थ्य, पुनः प्राग्रूपदर्शनं विश्वरूपोपसंहारेण प्रार्थयते द्वाभ्याम्—'**अदृष्टपूर्वमि**'ति । कदाऽप्यदृष्टपूर्वम्-पूर्वमदृष्टं विश्वरूपं दृष्ट्वा हृषितः-हृष्टोऽस्मि । तद्विकृतरूपदर्शनजेन भयेन च प्रव्यथितं-व्याकुलीकृतं मनो मे । अतस्तदेव-प्राचीनमेव-मम प्राणापेक्षयाऽपि

प्रभाव ! जिसके समान दूसरा नहीं है क्योंकि दो परमेश्वर नहीं हैं उससे अधिक अन्य कैसे हो सकता है सर्वथा असम्भाव्य ही है यह अर्थ है ॥ ४३ ॥

जिस कारण आप इस प्रकारके हैं इसलिये अपराधी मैं आपको प्रणाम कर अर्थात् शरीर को दण्डके समान भूमिमें गिराकर (दण्डवत् कर) स्तुत्य सर्वेश्वर सर्वस्तुत्य आपको प्रसन्न करता हूँ। अतः हे देव-हे देवेश ! पुत्रका अपराध जैसे पिता क्षमा करता है प्रिय मित्रका अपराध प्रिय मित्र, पतिव्रता स्त्रीका अपराध पतिके समान आप मेरे अपराधोंको क्षमा करनेके योग्य हैं क्योंकि मेरा दूसरा शरण नहीं है 'प्रियाया अर्हसि' यहाँ पर इव शब्दका लोप है और छान्दस सन्धि है ॥ ४४ ॥

इस प्रकार अपराधके क्षमाकी प्रार्थना कर पुनः पूर्व रूपके उपसंहारके द्वारा दो श्लोकोंसे प्रार्थना करते हैं—'**अदृष्टपूर्वमिति**' से । जो कदापि दृष्ट नहीं उस अदृष्ट विश्वरूपको देखकर हर्षित हुआ हूँ

किरीटिनं गदिनं चक्रहस्तमिच्छामि त्वां द्रष्टुमहं तथैव।
तेनैव रूपेण चतुर्भुजेन सहस्रबाहो! भव विश्वमूर्ते!॥ ४६॥

मैं मुकुट और गदा धारण किये हुये हाथमें चक्र लिये हुये पहले जैसा आपको देखना चाहता हूँ। इसलिये हे विश्वमूर्ते, हे सहस्रबाहो उसी चतुर्भुज रूपसे युक्त आप हों॥ ४६॥

श्रीभगवानुवाच

मया प्रसन्नेन तवार्जुनेदं रूपं परं दर्शितमात्मयोगात्।
तेजोमयं विश्वमनन्तमाद्यं यन्मे त्वदन्येन न दृष्टपूर्वम्॥ ४७॥

श्रीभगवान् बोले, हे अर्जुन! प्रसन्न हुये हमने अपने सामर्थ्यसे यह विश्वरूप श्रेष्ठरूप तुमको दिखलाया। मेरा तेजोमय समस्त अनन्त और प्रथम रूप जिसको तुमसे अन्य किसीने नहीं देखा है॥४७॥

प्रियं रूपं मे दर्शय हे देव-हे देवेश! हे जगन्निवास! प्रसीद-प्राग्रूपदर्शनरूपं प्रसादम् मे कुरु॥ ४५॥

तदेव रूपं विवृणोति—'**किरीटिनमि**'ति। किरीटवन्तं गदावन्तं चक्रहस्तं च त्वाम् द्रष्टुमिच्छाम्यहं तथैव-पूर्ववदेव। अतस्तेनैव रूपेण-चतुर्भुजेन वसुदेवात्मजत्वेन भव। इदानीम् हे सहस्रबाहो! हे विश्वमूर्ते। उपसंहृत्य विश्वरूपं, पूर्वरूपेणैव प्रकटो भवेत्यर्थः। एतेन सर्वदा चतुर्भुजादिरूपमर्जुनेन भगवतो दृश्यते इत्युक्तम्॥ ४६॥

एवमर्जुनेन प्रसादितो भयबाधितमर्जुनमुपलभ्योपसंहृत्य विश्वरूपमुचितेन वचनेन तमाश्वासयंस्त्रिभिः—श्रीभगवानुवाच—'**मये**'त्यादिना। हे अर्जुन! मा भैषीः। यतो मया

और विकृतरूपदर्शनसे उत्पन्न भयसे मेरा मन व्याकुल है अतः वही प्राचीन मेरे प्राणकी अपेक्षासे भी प्रिय रूप मुझे दिखाइये। हे देव-हे देवेश! हे जगन्निवास प्रसन्न होओ प्राचीन रूपका दर्शनरूप प्रसाद मुझ पर करो॥ ४५॥

पूर्वरूपका विवरण करते हैं—'**किरीटिनमि'ति** से। किरीटवान्, गदावान् चक्रहस्त आपको मैं पूर्ववत् देखना चाहता हूँ अतः वसुदेवपुत्रात्मक चतुर्भुजरूपसे आप हों इस समय आप हजार बाहुवाले हैं। हे विश्वमूर्ते! विश्वरूपका उपसंहारकर पूर्व रूपसे ही प्रकट होओ यह अर्थ है। इससे अर्जुन भगवान्का चतुर्भुजादि रूप ही सदा देखते हैं यह कहा॥ ४६॥

इस प्रकार अर्जुनसे प्रसन्न किये हुये भयसे पीड़ित अर्जुनको समझाकर विश्वरूपका उपसंहारकर उचित वचनसे अर्जुनको आश्वासन देते हुये तीन श्लोकोंसे भगवान् बोले—'**मयेत्यादि**' से। हे अर्जुन! मत डरो

न वेदयज्ञाध्ययनैर्न दानैर्न च क्रियाभिर्न तपोभिरुग्रैः ।
एवंरूपः शक्य अहं नृलोके द्रष्टुं त्वदन्येन कुरुप्रवीर ! ॥ ४८ ॥

हे अर्जुन ! मनुष्य लोकमें इस प्रकार विश्वरूप वाला मैं न वेदसे और न यज्ञके अध्ययनसे न दानोंसे न क्रियाओं (अग्निहोत्रादि) से न दुष्कर तपसे और तुमसे अन्यके द्वारा नहीं देखा जा सकता हूँ ॥ ४८ ॥

प्रसन्नेन-त्वद्विषयकृपातिशयवतेदं-विश्वरूपात्मकं परं श्रेष्ठं रूपं तव दर्शितम्, आत्मयोगात्-असाधारणान्निजसामर्थ्यात् । परत्वं विवृणोति—तेजोमयं-तेजःप्रचुरं विश्वं समस्तमनन्तमाद्यञ्च यन्मम रूपम् , त्वदन्येन केनापि न दृष्टपूर्वम्-पूर्वं न दृष्टम् ॥ ४७ ॥

एतद्रूपदर्शनात्मकमतिदुर्लभं मत्प्रसादं लब्ध्वा कृतार्थ एवासि त्वमित्याह—'**न वेदयज्ञे**'ति । वेदानां चतुर्णामपि अध्ययनैः-अक्षरग्रहणरूपैः, तथा मीमांसाकल्पसूत्रादिद्वारा यज्ञानां-वेदबोधितकर्मणामध्ययनैः-अर्थविचाररूपैर्वेदयज्ञाध्ययनैः, दानैः-तुलापुरुषादिभिः । क्रियाभिः-अग्निहोत्रादिश्रौतकर्मभिः, तपोभिः-कृच्छ्रचान्द्रायणादिभिरुग्रैः-कायेन्द्रियशोषकत्वेन दुष्करैरेवंरूपोऽहं न शक्यो नृलोके-मनुष्यलोके द्रष्टुं त्वदन्येन मदनुग्रहहीनेन । हे कुरुप्रवीर ! शक्योऽहमिति वक्तव्ये विसर्गलोपश्छान्दसः । प्रत्येकं नकाराभ्यासो निषेधदार्ढ्याय । न च क्रियाभिरित्यत्र चकारादनुक्तसाधनान्तरसमुच्चयः ॥ ४८ ॥

प्रसन्न होकर तुम्हारे ऊपर अति दया कर अतिश्रेष्ठ विश्वरूपात्मक रूप असाधारण अपने सामर्थ्यसे तुमको दिखलाया विश्वात्मक रूपमें परत्वका विवरण करते हैं—तेजःप्रचुर समस्त अनन्त और आद्य मेरा रूप जो कि दूसरेने पूर्वमें नहीं देखा है ॥ ४७ ॥

इस स्वरूपके दर्शनरूप अतिदुर्लभ मेरा प्रसाद पाकर तुम कृतार्थ ही हो यह कहते हैं—'**न वेदयज्ञैरि'ति** से । चारों वेदोंके अक्षर ग्रहण रूप अध्ययनसे, तथा मीमांसा कल्पसूत्रादिके द्वारा यज्ञोंका-वेद बोधित कर्मोंका अध्ययनसे अर्थ विचार रूप वेद यज्ञाध्ययनसे तुला पुरुषादि दानसे अग्नि होमादि श्रौत क्रियाओंसे कठिन कृच्छ्र चान्द्रायणादि तपोंमें जो शरीरेन्द्रिय शोषक होनेसे दुष्कर हैं इन साधनाओंसे एवं रूप मैं मनुष्य लोकमें अनुग्रह हीन मेरी कृपादृष्टिके विना तुमसे अन्य कोई देख नहीं सकता । हे कुरु प्रवीर ! 'शक्योऽहम्' ऐसा कहना उचित है किन्तु यहां विसर्ग लोप छान्दस है । प्रत्येकमें नकारका पुनः कथन निषेधदृढ़ताके लिये है 'न च क्रियाभिः' यहाँ चकारसे अनुक्त कारणान्तरका समुच्चय है ॥ ४८ ॥

मा ते व्यथा मा च विमूढभावो दृष्ट्वा रूपं घोरमीदृङ्ममेदम् ।
व्यपेतभीः प्रीतमनाः पुनस्त्वं तदेव मे रूपमिदं प्रपश्य ॥ ४९ ॥

मेरे इस ऐसे भयंकर रूपको देखकर तुमको भयनिमित्तक पीड़ा तथा व्याकुलता न हो । और निर्भय प्रसन्न मन वाले तुम मेरे उस रूपको पुनः देखो ॥ ४९ ॥

संजय उवाच

इत्यर्जुनं वासुदेवस्तथोक्त्वा स्वकं रूपं दर्शयामास भूयः ।
आश्वासयामास च भीतमेनं भूत्वा पुनः सौम्यवपुर्महात्मा ॥ ५० ॥

संजय बोले ! वासुदेवजी ने अर्जुनसे इस प्रकार कह कर अपना चतुर्भुज रूप दिखलाया । फिर भयभीत अर्जुनको परम दयालु भगवान्‌ने दयामूर्ति होकर सान्त्वना दी ॥ ५० ॥

एवं त्वदनुग्रहार्थमाविर्भूतेन रूपेणानेन चेत्तवोद्वेगः, तर्हि—'**मा ते व्यथे**'ति । इदम् घोरम्-ईदृगनेकबाह्वादियुक्तत्वेन भयंकरं मम रूपं दृष्ट्वा स्थितस्य ते-तव या व्यथा-भयनिमित्ता पीडा, सा मा भूत् । तथा मद्रूपदर्शनेऽपि यो विमूढभावः-व्याकुलचित्तत्वमपरितोषः, सोऽपि मा भूत्, किं तु व्यपेतभीः-अपगतभयः प्रीतमनाश्च सन्पुनस्त्वं तदेव-चतुर्भुजं वासुदेवत्वादि-विशिष्टं त्वया सदा पूर्वदृष्टं रूपमिदं-विश्वरूपोपसंहारेण प्रकटीक्रियमाणं प्रपश्य-प्रकर्षेण भयराहित्येन संतोषेण च पश्य ॥ ४९ ॥

'**इती**'ति । वासुदेवोऽर्जुनमिति प्रागुक्तमुक्त्वा यथा पूर्वमासीत्, तथा स्वकं रूपं-किरीटमकरकुण्डलगदाचक्रादियुक्तं चतुर्भुजं श्रीवत्स-कौस्तुभ-वनमाला-पीताम्बरादिशोभितं दर्शयामास, भूयः-पुनराश्वासयामास च भीतमेनमर्जुनं भूत्वा पुनः पूर्ववत्सौम्यवपुः-अनुग्रशरीरः महात्मा-परमकारुणिकः सर्वेश्वरः सर्वज्ञ इत्यादिकल्याणगुणाकरः ॥ ५० ॥

इस प्रकार तुम्हारे अनुग्रहके लिये आविष्कृत इस रूपसे यदि तुमको उद्वेग है '**मा ते**' से । तो ईदृक अनेक बाह्वादि युक्त होनेसे भयंकर मेरे रूपको देखकर स्थित तुमको भय निमित्तक पीड़ा न हो तथा मेरे रूपके देखने पर भी जो व्याकुल चित्तत्व है अर्थात् अपरितोष है सो भी मत हो किन्तु विगतभय प्रसन्न चित्त होकर फिर वही तुम चतुर्भुज वासुदेवत्वादि विशिष्ट सदा तुम्हारा देखा हुआ रूप इस विश्वरूपका उपसंहार कर प्रकट कर रहा हूँ । भयरहित और सन्तोषसे उसीको देखो ॥ ४९ ॥

भगवान् वासुदेव अर्जुनके प्रति प्रागुक्त कहकर जैसे पहले थे वैसा अपना रूप किरीट मकर कुण्डल गदा चक्रादिसे युक्त चतुर्भुज श्रीवत्स कौस्तुभ वनमाला और पीताम्बर धारणसे शोभित रूप दिखलाया

दृष्ट्वेदं मानुषं रूपं तव सौम्यं जनार्दन ।
इदानीमस्मि संवृत्तः सचेताः प्रकृतिं गतः ॥ ५१ ॥

हे जनार्दन ! आपके इस शान्त मानवरूपको देखकर इस समय मैं अनाकुल (शान्त) चित्तवाला हो गया हूँ और प्रकृतिस्थ हो गया हूँ ॥ ५१ ॥

श्रीभगवानुवाच

सुदुर्दर्शमिदं रूपं दृष्टवानसि यन्मम ।
देवा अप्यस्य रूपस्य नित्यं दर्शनकाङ्क्षिणः ॥ ५२ ॥

श्रीभगवान् बोले ! मेरे जो इस विश्वरूप रूपको तुमने देखा है वह देखने में अशक्य है अर्थात् उसका दर्शन अत्यन्त दुर्लभ है, देवता लोग भी इस रूपके दर्शनके लिये सदा अभिलाषी (लालायित) रहते हैं ॥ ५२ ॥

ततो निर्भयः सन् अर्जुन उवाच—'**दृष्ट्वेदं मानुषमि**'ति । इदानीं सचेताः-भयकृत-व्यामोहाभावेनाव्याकुलचित्तः संवृत्तोऽस्मि । तथा प्रकृतिम्-भयकृतव्यथाराहित्येन स्वास्थ्यम् गतोऽस्मि । स्पष्टमन्यत् ॥ ५१ ॥

स्वकृतस्यानुग्रहस्यातिदुर्लभत्वं दर्शयंश्चतुर्भिः श्लोकैः श्रीभगवानुवाच—'**सुदुर्दर्शमि**'ति । मम यद्रूपमिदानीं त्वं दृष्टवानसि, इदं विश्वरूपं सुदुर्दर्शम्-अत्यन्तं द्रष्टुमशक्यम् । यतो देवाः अप्यस्य रूपस्य नित्यम्-सर्वदा दर्शनकाङ्क्षिणः । न तु त्वमिव पूर्वं दृष्टवन्तः, न वाऽग्रे द्रक्ष्यन्तीत्यभिप्रायः, दर्शनाकाङ्क्षायां नित्यत्वोक्तेः ॥ ५२ ॥

और भयभीत अर्जुनको आश्वासन दिया । पूर्ववत् सौम्य शरीर महात्मा परमकारुणिक सर्वेश्वर सर्वज्ञ इत्यादि कल्याण गुणाकर हुए ॥ ५० ॥

उसके बाद भयरहित अर्जुन बोले—इस समय भयकृत मोह निवृत्त होनेसे अव्याकुल चित्त अतएव सचेता मैं हुआ हूँ तथा भयकृत पीड़ा रहित होनेसे प्रकृति-स्वास्थ्य प्राप्त हूँ । और स्पष्ट है ॥ ५१ ॥

अपने किये अनुग्रहमें अति दुर्लभत्व दिखलाते हुए चार श्लोकोंसे भगवान् बोले—जिस मेरे स्वरूपको इस समय तुमने देखा है यह विश्वरूप देखनेको अत्यन्त अशक्य है । जिस कारण देवता गण भी सदा दर्शन चाहते हैं परन्तु तुम्हारे समान पूर्वमें नहीं देखा और न आगे देखेगें यह अभिप्राय है । क्योंकि दर्शनाकांक्षामें नित्यत्व कहा है विषयसिद्धि इच्छाकी निवर्तिका है क्योंकि देखा हो तो फिर देखनेकी आकाक्षा नहीं होती ॥ ५२ ॥

नाहं वेदैर्न तपसा न दानेन न चेज्यया ।
शक्य एवंविधो द्रष्टुं दृष्टवानसि मां यथा ॥ ५३ ॥

विश्वरूपधारी मैं न वेदोंसे न तपसे न दानसे और न यज्ञसे देखा जा सकता हूँ जैसा तुमने मुझे देखा है ॥ ५३ ॥

भक्त्या त्वनन्यया शक्य अहमेवंविधोऽर्जुन ! ।
ज्ञातुं द्रष्टुं च तत्त्वेन प्रवेष्टुं च परंतप ! ॥ ५४ ॥

हे परन्तप–हे अर्जुन ! दिव्यरूपधारी मैं केवल अनन्य भक्तिसे ही देखा और जाना तथा एकीभावसे प्राप्त किया जा सकता हूँ ॥ ५४ ॥

कस्माद् देवा एतद्रूपं न दृष्टवन्तः, न वा द्रक्ष्यन्ति मद्भक्तिशून्यत्वादित्याह––'**नाहं वेदैरि**'ति । न वेदयज्ञाध्ययनैरित्यादिना गतार्थः श्लोकः परमदुर्लभत्वख्यापनायाऽभ्यस्तः ॥५३॥

यदि वेदतपोदानेज्याभिर्द्रष्टुमशक्यस्त्वम्, तर्हि केनोपायेन द्रष्टुं शक्योऽसीत्यत आह–– '**भक्त्ये**'ति । साधनान्तरव्यावृत्त्यर्थस्तुशब्दः । भक्त्यैवानन्यया-मदेकनिष्ठया-निरतिशयप्रीत्यैवं-विधः-दिव्यरूपधरोऽहं ज्ञातुं शक्यः शास्त्रतः । हे अर्जुन ! । शक्य अहमिति च्छान्दसो विसर्ग-लोपः पूर्ववत् । न केवलं शास्त्रतो ज्ञातुं शक्यः, अनन्यया भक्त्या किं तु तत्त्वेन द्रष्टुं च; स्वरूपेण साक्षात्कर्तुं च शक्यो वेदान्तवाक्यश्रवण-मनन-निदिध्यासनपरिपाकेण । ततश्च स्वरूपसाक्षात्कारादविद्यातत्कार्यनिवृत्तौ तत्त्वेन प्रवेष्टुं च-मद्रूपतयैवाऽऽप्तुं चाहं शक्यः । हे परंतप ! अज्ञानशत्रुदमनेति प्रवेशयोग्यतां सूचयति ॥ ५४ ॥

प्रश्न—क्यों ? इस रूपको देवगण नहीं देखा और न देखेंगे ?

उत्तर—वे मेरी भक्तिसे शून्य हैं यह कहते हैं—'**न वेदयज्ञाध्ययनैरि**'**त्यादि** पूर्वोक्त श्लोकसे यह श्लोक गतार्थ है किन्तु विश्वरूपके अति दुर्लभत्व बताने [ख्यापन] के लिये फिर पढ़ा है ॥ ५३ ॥

यदि वेद तप दान यज्ञोंसे आप देखनेके योग्य नहीं है तो किस उपायसे आप देखनेके योग्य हैं इस पर कहते हैं—'**भक्त्येत्यादि**' से । साधनान्तर व्यावृत्तिके लिये तु शब्द है । हे अर्जुन ! निरतिशय प्रीति मेरे एक में निष्ठा अनन्य भक्ति ही से दिव्यरूपधारी पूर्वोक्तस्वरूपवाला मैं जाननेके योग्य हूँ । वह भी शास्त्रसे मैं जाननेके योग्य हूँ । '**शक्य अहम्**' यहाँ छान्दस विसर्गलोप पूर्ववत् है । केवल शास्त्र ही से जाननेके योग्य नहीं हूँ किन्तु अनन्य भक्तिसे यथार्थ रूपसे देखने योग्य हूँ और वेदान्तवाक्यके श्रवण मनन निदिध्यासन परिपाकसे साक्षात्कार करनेके योग्य हूँ । उससे स्वरूप साक्षात्कार होनेके बाद अविद्यासे तत्कार्य निवृत्ति

मत्कर्मकृन्मत्परमो मद्भक्तः सङ्गवर्जितः ।
निर्वैरः सर्वभूतेषु यः स मामेति पाण्डव ! ॥ ५५ ॥

इति श्रीमद्भगवद्गीतासूपनिषत्सु ब्रह्मविद्यायां योगशास्त्रे श्रीकृष्णार्जुनसंवादे विभूतियोगो नाम एकादशोऽध्यायः ॥ ११ ॥

हे पाण्डव ! जो मेरे लिये कर्म करनेवाला मेरे परायण मेरा भक्त वस्तुकी इच्छासे रहित सब प्राणियोंमें द्वेष शून्य है वह मुझे प्राप्त करता है ॥ ५५ ॥

ग्यारहवाँ अध्याय समाप्त ।

अधुना सर्वस्य गीताशास्त्रस्य सारभूतोऽर्थो निःश्रेयसार्थिनामनुष्ठानाय पुञ्जीकृत्य उच्यते—'**मत्कर्मकृदि**'ति । मदर्थं कर्मं वेदविहितं करोतीति मत्कर्मकृत् । स्वर्गादिकामनायाम् सत्यां कथमेवमिति ? नेत्याह । मत्परमः-अहमेव परमः प्राप्तव्यत्वेन निश्चितः, न तु स्वर्गादिर्यस्य, सः । अतएव मत्प्राप्त्याशया मद्भक्तः-सर्वैः प्रकारैर्मम भजनपरः । पुत्रादिषु स्नेहे सति कथमेवं स्यादिति ? नेत्याह—'**संगे**'ति । सङ्गवर्जितः-बाह्यवस्तुस्पृहाशून्यः । शत्रुषु द्वेषे सति

होने पर यथार्थतः मेरे स्वरूपसे ही प्रवेश करने और प्राप्त करनेमें मैं समर्थ हूँ । हे परंतप-अज्ञानशत्रुदमन ! यह प्रवेश योग्यताका सूचन करता है ॥ ५४ ॥

इस समय सम्पूर्ण गीता शास्त्रका निचोड़ अर्थ मोक्षार्थियोंके अनुष्ठानके लिए एकत्र करते हैं वेद-विहित कर्म मेरे लिये जो करता है वह मत्कर्मकृत् है ।

शंका—स्वर्गादि कामना होनेसे ऐसा कैसे हो सकता है ?

समाधान—'नेत्याह'—ऐसा नहीं है इस पर कहते हैं—मत्परमः, मैं ही परम प्राप्तव्य हूँ स्वर्गादि नहीं जिसको सो मत्परम है अतएव मत्प्राप्तिकी आशासे मेरे प्रेमी सब प्रकारसे मेरे भजनमें लीन ।

शंका—पुत्रादिमें स्नेह होनेसे यह कैसे होगा ?

समाधान—ऐसा नहीं है इसपर कहते हैं संग वर्जित-बाह्य वस्तुके चाहसे शून्य ।

कथमेवं स्यादिति ? नेत्याह—'**निर्वैरः**' इति । निर्वैरः-सर्वभूतेषु-अपकारिष्वपि द्वेषशून्यो यः, सः । मामेत्यभेदेन । हे पाण्डव ! अयमर्थस्त्वया ज्ञातुमिष्टः, मयोपदिष्टः, नातः परं किंचित्कर्तव्यमस्तीत्यर्थः ॥ ५५ ॥

दृशः कर्मभूतं हि यत्तच्च विश्वं स्वयं रूप्यते नान्यतः तच्च रूपम् ।
जगद्यः स्वभासा निरस्यात्मरूपं ददावादरात्काशिराजं भजे तम् ॥ २ ॥

इति श्रीमत्परमहंस-परिव्राजकाचार्य-श्रीविश्वेश्वरसरस्वतीपूज्यपादशिष्यश्रीमधुसूदन-सरस्वतीविरचितायां श्रीमद्भगवद्गीतागूढार्थदीपिकायां विश्वरूपदर्शननिरूपणम्-नामैकादशोऽध्यायः ॥ ११ ॥

शंका—शत्रुओंमें द्वेष होने पर यह कैसे होगा ?

समाधान—ऐसा नहीं है इसपर कहते हैं— निर्वैर अपकारिओंमें भी जो द्वेषसे शून्य है। 'माम्' इस अभेदसे हे पाण्डव ! वह अपनेसे अभिन्न मुझको पाता है यह अर्थ तुमको जानना इष्ट है और मैं उपदेश दिया इससे परे कुछ कर्तव्य नहीं है यह अर्थ है ॥ ५५ ॥

अर्थ—नेत्रका कर्मभूत जो है वह विश्व स्वयं जाना जाता है वह रूप दूसरेसे नहीं जाना जाता। जो अपने तेजसे जगत्का निरास कर आत्मरूपको आदरसे दिया उन काशिराजका मैं भजन करता हूँ ॥ इति ॥

इस प्रकार म० म० पं० प्रवर श्रीहरिहरकृपालुद्विवेदिकृत गीता मधुसूदनीके
भाषा अनुवाद का ग्यारहवाँ अध्याय समाप्त हुआ।

अथ द्वादशोऽध्यायः

अर्जुन उवाच

एवं सततयुक्ता ये भक्तास्त्वां पर्युपासते ।
ये चाप्यक्षरमव्यक्तं तेषां के योगवित्तमाः ? ॥ १ ॥

अर्जुन बोले ! हे श्रीकृष्ण ! इस प्रकार जो निरन्तर ईश्वरार्पित कर्म करनेवाले भक्त गण आपका चिन्तन करते हैं, और जो निर्गुण और निराकार आपका चिन्तन करते हैं उनमें श्रेष्ठ योगविद् अर्थात् योगी कौन हैं ॥ १ ॥

पूर्वाध्यायान्ते--

'मत्कर्मकृन्मत्परमो मद्भक्तः सङ्गवर्जितः । निर्वैरः सर्वभूतेषु यः स मामेति पाण्डव ॥'

इत्युक्तम् । तत्र मच्छब्दार्थे संदेहः-किं निराकारमेव सर्वस्वरूपं वस्तु मच्छब्देनोक्तम् भगवता, किं वा साकारमिति । उभयत्रापि प्रयोगदर्शनात् ।

'बहूनां जन्मनामन्ते ज्ञानवान्मां प्रपद्यते । वासुदेवः सर्वमिति स महात्मा सुदुर्लभः ॥'

इत्यादौ निराकारं वस्तु व्यपदिष्टम् । विश्वरूपदर्शनानन्तरं च--

'नाहं वेदैर्न तपसा न दानेन न चेज्यया । शक्य एवंविधो द्रष्टुं दृष्टवानसि मां यथा ॥'

इति साकारं वस्तु । उभयोश्च भगवदुपदेशयोरधिकारिभेदेनैव व्यवस्थया भवितव्यम्,

---

पूर्वाध्यायके अन्तमें 'मत्कर्मकृत् मत्परमः' इत्यादि कहा है उसमें मत् शब्दके अर्थमें सन्देह है कि क्या निराकार ही सर्व स्वरूप वस्तु मत् शब्दसे भगवान्ने कहा है या साकार, क्योंकि साकार और निराकार दोनोमें मत् शब्दका प्रयोग पाया जाता है ।

जैसे—'बहूनां जन्मनामन्ते ज्ञानवान् मां प्रपद्यते । वासुदेवः सर्वमिति स महात्मा सुदुर्लभः ।'

यहाँ पर निराकार वस्तुका मत् शब्दसे व्यवहार है और विश्वरूप दर्शनके बाद—

'नाहं वेदैर्न तपसा न दानेन न चेज्यया। शक्य एवंविधो द्रष्टुं दृष्ट वानसि मां यथा'

यहाँ साकार वस्तु मत् शब्दसे व्यवहृत है । दोनों भगवान्ने उपदेशोमें अधिकार भेदसे व्यवस्था होनी चाहिये अन्यथा परस्पर विरोध होगा । ऐसी परिस्थितिमें मुमुक्षु मैं निराकार वस्तुका

श्रीभगवानुवाच

मय्यावेश्य मनो ये मां नित्ययुक्ता उपासते।
श्रद्धया परयोपेतास्ते मे युक्ततमा मताः॥ २॥

श्री भगवान् बोले ! जो एकाग्रबुद्धिसे मेरे लिये कर्म करनेवाले द्वेष रहित भक्तजन मुझमें ही मन लगाकर परम श्रद्धासे युक्त होकर मेरा चिन्तन भजन करते हैं वे ही श्रेष्ठ योगी अभिमत हैं॥ २॥

अन्यथा विरोधात्। तत्रैवं सति मया मुमुक्षुणा किं निराकारमेव वस्तु चिन्तनोयम्, किं वा साकारमिति स्वाधिकारनिश्चयाय सगुणनिर्गुणविद्ययोर्विशेषबुभुत्सया अर्जुन उवाच—**'एवं सततयुक्ताः'** इति। एवम्-मत्कर्मकृदित्याद्यनन्तरोक्तप्रकारेण सततयुक्ताः-नैरन्तर्येण भगवत्कर्मादौ सावधानतया प्रवृत्ता भक्ताः साकारवस्त्वेकशरणाः सन्तस्त्वामेवंविधं साकारं ये पर्युपासते-सततं चिन्तयन्ति। ये चापि सर्वतो विरक्तास्त्यक्तसर्वकर्माणोऽक्षरं न क्षरत्यश्नुते वेत्यक्षरम्। "एतद्वै तदक्षरं गार्गि! ब्राह्मणा अभिवदन्त्यस्थूलमनण्वह्रस्वमदीर्घम्" इत्यादिश्रुतिप्रतिषिद्ध-सर्वोपाधिरहितं निर्गुणं ब्रह्म। अतएवाऽव्यक्तम्-सर्वकरणागोचरं निराकारं त्वां पर्युपासते, तेषा-मुभयेषां मध्ये के योगवित्तमाः-अतिशयेन योगविदः, योगम्-समाधिं विन्दन्ति, विदन्तीति वा योगविद उभयेऽपि। तेषां मध्ये के श्रेष्ठा योगिनः। केषां ज्ञानं मयाऽनुसरणीय-मित्यर्थः॥ १॥

तत्र सर्वज्ञो भगवानर्जुनस्य सगुणविद्यायामेवाधिकारं पश्यंस्तं प्रति तां विधास्यति,

---

चिन्तन करूँ किं वा साकारका इस प्रकार स्वाधिकारके निर्णयार्थ सगुण और निर्गुण विद्याके विशेष जाननेकी इच्छासे अर्जुन बोले—**'एवं सततयुक्ताः'** इत्यादि से। पूर्वोक्त प्रकारसे निरन्तर भगवान्के कर्ममें सावधान होकर व्यापृत मेरा भक्त साकार वस्तुके एक शरण प्राप्त होकर एवंविध साकार आपकी जो निरन्तर उपासना करते हैं और जो सबसे विरक्त अतएव असक्त सर्व कर्म अर्थात् सब कर्मोंको त्यागकर 'एतद् वै तदक्षरम्' इत्यादि श्रुत्युक्त सर्वोपाधि रहित निर्गुण अक्षर ब्रह्मका चिन्तन करते हैं अतएव अव्यक्त सकलेन्द्रियोंके अविषय निराकार आपकी उपासना करते हैं इन दोनोंके मध्यमें कौन अतिशयसे योगवेत्ता समाधि पानेवाले हैं। यद्यपि दोनों योगविद हैं परन्तु इनमें श्रेष्ठ कौन है किनके ज्ञानका मैं अनुसरण करूँ यह अर्थ है॥ १॥

वहाँ सर्वज्ञ भगवान् सगुण ब्रह्मविद्यामें ही अर्जुनका अधिकार देखते हुए अर्जुनके प्रति सगुण ब्रह्म

ये त्वक्षरमनिर्देश्यमव्यक्तं पर्युपासते ।
सर्वत्रगमचिन्त्यं च कूटस्थमचलं ध्रुवम् ॥ ३ ॥
संनियम्येन्द्रियग्रामं सर्वत्र समबुद्धयः ।
ते प्राप्नुवन्ति मामेव सर्वभूतहिते रताः ॥ ४ ॥

जो पुरुष इन्द्रिय समूहको नियन्त्रितकर सर्वत्र समान बुद्धिवाला सब प्राणियोंके हितमें प्रवृत्त रहनेवाला शब्द व्यवहारके अयोग्य, जाति गुण क्रियासे रहित, सर्वव्यापी, मनोवृत्तिका अविषय, कूटस्थ अर्थात् अज्ञान और उसके कार्यका अधिष्ठान, विकार रहित और नित्य निर्गुण ब्रह्मकी उपासना करते हैं वे मुझको ही प्राप्त करते हैं ॥ ३–४ ॥

यथाधिकारं तारतम्योपेतानि च साधनानि । अतः प्रथमं साकारब्रह्मविद्यां प्ररोचयितुम् स्तुवन्प्रथमाः श्रेष्ठा इत्युत्तरं श्रीभगवानुवाच **'मयी'**ति । मयि-भगवति वासुदेवे परमेश्वरे सगुणे ब्रह्मणि मन आवेश्य-अनन्यशरणतया, निरतिशयप्रियतया च प्रवेश्य हिङ्गुलरङ्ग इव (जतु) तन्मयं कृत्वा ये मां सर्वयोगेश्वराणामीश्वरं सर्वज्ञं समस्तकल्याणगुणनिलयं साकारम् नित्ययुक्ताः-सततोद्युक्ताः श्रद्धया परया-प्रकृष्टया सात्त्विक्योपेताः सन्त उपासते-सदा चिन्तयन्ति, ते युक्ततमा मे-मम मताः-अभिप्रेताः । ते हि सदा मदासक्तचित्ततया मामेव विषयान्तरविमुखा-श्चिन्तयन्तोऽहोरात्राण्यतिवाहयन्ति । अतस्त एव युक्ततमा मताः-अभिमताः ॥ २ ॥

विद्याका ही विधान करेंगे क्योंकि साधन अधिकारके अनुसार उत्तम और मध्यम होते हैं । अतः पहले साकार ब्रह्म विद्याकी प्रशंसा करते हुए पहला श्रेष्ठ है यह उत्तर भगवान्‌ने कहा—**'मयीति'** से । वासुदेव सगुण परमेश्वर ब्रह्म रूप मुझमें मन लगाकर अनन्य शरणसे तथा निरतिशय प्रीतिसे मनका प्रवेशकर हिंगुल[1] रङ्गके समान जो जन्तु क्षुद्र कीट दूसरे कीड़ेको अपने खोतेमें रखकर अपने स्वरूपका बना लेता है तथा जो अपना मन मेरे अनुरूप वना लेता है सब योगेश्वरोंके ईश्वर सर्वज्ञ समस्त कल्याणगुणाकर साकार सतत युक्त होकर प्रकृष्ट श्रद्धासे युक्त हो सात्त्विकभावसे प्राप्त हो उपासना करते हैं वे सदा चिन्तन करते हैं वही युक्ततम मुझको अभिप्रेत हैं । वे सदा मेरेमें आसक्त चित्त होकर विषयान्तरसे विमुख होकर मेरी चिन्तना ही करते हुए दिन और रात्रि विताते हैं अतः वे ही युक्ततम अभिप्रेत हैं ॥ २ ॥

१. जन्तु पाठमें जैसे हिंगुल हांगके रंगके समान रंगका कीट इस रंगके कीटको अपने खोतेमें लाकर उसको इतना दवाता है कि वह कीट दवानेवाले कीटको तन्मय होकर देखता है और ध्यान करता है । निरन्तर इस प्रकार करनेसे कुछ कालमें तद्रूप हो जाता है उसी प्रकार निरन्तर ब्रह्म ध्यानसे ब्रह्म हो जाता है ।

निर्गुणब्रह्मविदपेक्षया सगुणब्रह्मविदां कोऽतिशयः, येन त एव युक्ततमास्तवाभिमताः इत्यपेक्षायाम्, तमतिशयं वक्तुं तन्निरूपकान्निर्गुणब्रह्मविदः प्रस्तौति द्वाभ्याम्—**'ये त्वक्षरमनिर्देश्यमि'**ति । येऽक्षरं मामुपासते, तेऽपि मामेव प्राप्नुवन्तीति द्वितीयगतेनान्वयः । पूर्वेभ्यः वैलक्षण्यद्योतनाय तुशब्दः । अक्षरं-निर्विशेषं ब्रह्म वाचक्नवीब्राह्मणे प्रसिद्धम् । तस्य समर्पणाय सप्त विशेषणानि । अनिर्देश्यम्-शब्देन व्यपदेष्टुमशक्यम्, यतोऽव्यक्तम्-शब्दप्रवृत्तिनिमित्तैर्जाति-गुण-क्रिया-संबन्धै रहितम् । जातिम्, गुणम्, क्रियाम्, सम्बन्धं वा द्वारीकृत्य शब्दप्रवृत्तेः, निर्विशेषे प्रवृत्त्ययोगात् । कुतो जात्यादिराहित्यम् ? अत आह—**'सर्वत्रगमि'**ति । सर्वत्रगम्-सर्वव्यापि सर्वकारणम्, अतो जात्यादिशून्यम्, परिच्छिन्नस्य कार्यस्यैव जात्यादियोगदर्शनात्, आकाशादीनामपि कार्यत्वाभ्युपगमाच्च । अत एवाचिन्त्यम्-शब्दवृत्तेरिव मनोवृत्तेरपि न विषयः, तस्या अपि परिच्छिन्नविषयत्वात् । 'यतो वाचो निवर्तन्ते, अप्राप्य मनसा सह" तै० उ० २-९-इति श्रुतेः । तर्हि कथं "तं त्वौपनिषदं पुरुषं पृच्छामि" इति, "दृश्यते त्वग्र्यया बुद्ध्या" का० उ० १-३-१२ इति च श्रुतिः ? "शास्त्रयोनित्वात्" इति सूत्रं च १-१-३ ?

निर्गुण ब्रह्मवेत्ताकी अपेक्षासे सगुण ब्रह्मवेत्तामें क्या विशेष है जिससे वे ही युक्ततम आपको अभिप्रेत हैं इस अपेक्षामें उस अतिशय-विशेषको कहनेके लिए निर्गुण ब्रह्म वेत्ताका दो श्लोकोंसे प्रस्ताव करते हैं—**'ये त्वक्षरमनिर्देश्यमिति'** से । जो अक्षरात्मक मेरी उपासना करते हैं वे भी मुझको ही प्राप्त करते हैं इसका द्वितीय श्लोकके साथ अन्वय है । पूर्वोक्तसे वैलक्षण्य द्योतनके लिये 'तु' शब्द है । निर्विशेष अक्षरात्मक ब्रह्म वाचक्नवी ब्राह्मणमें प्रसिद्ध है उसके समर्पणके लिये सात विशेषण हैं । अनिर्देश्य-शब्दसे व्यवहार करनेके अयोग्य, उसमें हेतु कहते हैं 'अव्यक्तम्' शब्दकी प्रवृत्तिका निमित्त जाति, गुण, क्रिया, सम्बन्धसे रहित, जाति गुण क्रिया सम्बन्धके द्वारा शब्दकी प्रवृत्ति होती है सो निर्विशेष ब्रह्ममें उक्त निमित्तोंके न रहनेसे प्रवृत्ति नहीं ।

प्रश्न—क्यों ? जात्यादिसे रहित है ?

उत्तर—सर्वव्यापी सबका कारण, अतः जात्यादिसे शून्य माना जाता है परिच्छिन्न कार्यमें ही जात्यादिका योग देखा गया है आकाशादि भी कार्य ही माने गये हैं । अतएव अचिंत्य हैं शब्द प्रवृत्तिके समान मनोवृत्तिका भी विषय नहीं है क्योंकि वह भी परिच्छिन्नविषयक ही होती है । 'यतो वाचो निवर्तन्ते, अप्राप्य मनसा सह' यह श्रुति भी है ।

शङ्का—यदि आत्मा-निर्गुण ब्रह्म उक्त वृत्तिका विषय नहीं है तो उस औपनिषद पुरुषको पूँछता हूँ—जो श्रेष्ठ बुद्धिसे देखा जाता है यह श्रुति, तथा 'शास्त्रयोनित्वात्' यह वेदान्तसूत्र भी कैसे संगत होगा ?

उच्यते—अविद्याकल्पितसंबन्धेन शब्दजन्यायां बुद्धिवृत्तौ चरमायां परमानन्दबोधरूपे शुद्धे वस्तुनि प्रतिबिम्बितेऽविद्या-तत्कार्ययोः कल्पितयोर्निवृत्त्युपपत्तेरुपचारेण विषयत्वाभिधानात् । अतस्तत्र कल्पितमविद्यासंबन्धं प्रतिपादयितुमाह—'**कूटस्थमि**'ति । कूटस्थम्-यन्मिथ्याभूतं सत्यतया प्रतीयते, तत्कूटमिति लौकैरुच्यते, यथा-कूटकार्षापणः, कूटसाक्षित्वमित्यादौ । अज्ञानपि मायाख्यं सह कार्यप्रपञ्चेन मिथ्याभूतमपि लौकिकैः सत्यतया प्रतीयमानं कूटम्, तस्मिन्नाध्यासिकेन संबन्धेनाधिष्ठानतया तिष्ठतोति कूटस्थम् । अज्ञानतत्कार्याधिष्ठानमित्यर्थः । एतेन सर्वानुपपत्तिपरिहारः कृतः ।

अतएव सर्वविकाराणामविद्याकल्पितत्वात्तदधिष्ठानं साक्षिचैतन्यं निर्विकारमित्याह—'**अचलमि**'ति । अचलम्-चलनम्-विकारः । तद्रहितं अचलत्वादेव ध्रुवम्-अपरिणामि नित्यम् । एतादृशं शुद्धं ब्रह्म मां पर्युपासते-श्रवणेन प्रमाणगतामसंभावनामपोह्य, मननेन च प्रमेयगताम्, अनन्तरं विपरीतभावनानिवृत्तये ध्यायन्ति-विजातीयप्रत्ययतिरस्कारेण तैलधारावदविच्छिन्नसंमानप्रत्ययप्रवाहेण निदिध्यासनसंज्ञकेन ध्यानेन विषयीकुर्वन्तीत्यर्थः ।। ३ ।।

कथं पुनर्विषयेन्द्रिसंयोगे सति विजातीयप्रत्ययतिरस्कारः ? अत आह—

समाधान—अविद्यासे कल्पितसम्बन्धसे शब्दजन्य अन्तिम बुद्धिकी वृत्तिमें परमानन्द बोधरूप शुद्ध वस्तुमें प्रतिविम्बित होने पर कल्पित अविद्या तत्कार्योंकी निवृत्ति होती है औपचारिक विषयत्वका कथन है। अतः उसमें कल्पित अविद्या सम्बन्ध कहते हैं—'**कूटस्थम्**' इससे । जो मिथ्याभूत पदार्थ सत्यतया प्रतीत होता है वह लोकमें कूट कहा जाता है जैसे 'कूटकार्षापण', 'कूटसाक्षी' इत्यादि प्रसिद्ध है। मायाख्य अज्ञान भी मिथ्याभूत कार्यप्रपञ्चके साथ लोकमें सत्यतया प्रतीयमान है अतएव कूट है उसमें आध्यासिक सम्बन्धसे आश्रय रूपसे स्थित कूटस्थ अज्ञान तत्कार्यका अधिष्ठान है यह अर्थ है। इससे सब अनुपपत्तिओंका परिहार किया गया अतएव सब विकारोंको अविद्या कल्पित होनेसे उनका अधिष्ठान साक्षिचैतन्य निर्विकार है, यह कहते हैं—'**अचलम्**' इससे । अचलम्-चलनम्-विकारः, तद्रहित अचल होनेसे ध्रुव-अपरिणामी नित्य एतादृश शुद्ध ब्रह्म स्वरूप मुझको जोउपासना करते हैं श्रवणसे प्रमाणगत असम्भावनाकी निवृत्ति कर और मननसे प्रमेयगत असम्भावनाकी निवृत्तिकर विपरीत भावनाकी निवृत्तिके लिये ध्यानका स्वरूप कहते हैं विजातीय प्रत्ययका (ज्ञानका) निवारण कर तैलधाराके समान·अविच्छिन्न समान ज्ञानके प्रवाह रूप निदिध्यासन संज्ञक ध्यानका विषय करते हैं यह अर्थ है ॥ ३ ॥

कैसे फिर विषयेन्द्रिय संयोग रहनेपर विजातीय ज्ञानका तिरस्कार होता है इस शङ्कासे कहते हैं—

क्लेशोऽधिकतरस्तेषामव्यक्तासक्तचेतसाम् ।
अव्यक्ता हि गतिर्दुःखं देहवद्भिरवाप्यते ॥ ५ ॥

निराकार ब्रह्ममें आसक्त चित्तवालोंको उपासनामें क्लेश अधिक होता है, क्योंकि देहधारियोंसे गन्तव्य अक्षर ब्रह्म दुःखसे मिलता है ॥ ५ ॥

'**संनियम्ये**'ति । संनियम्य-स्वविषयेभ्य उपसंहृत्येन्द्रियग्रामम्-करणसमुदायम् । एतेन शमदमादिसंपत्तिरुक्ता । विषयभोगवासनायां सत्यां कुत इन्द्रियाणां ततो निवृत्तिः ? तत्राऽऽह—'**सर्वत्रे**'ति । सर्वत्र विषये समा तुल्या हर्षविषादाभ्यां रागद्वेषाभ्यां च रहिता मतिर्येषाम्, सम्यग्ज्ञानेन तत्कारणस्याज्ञानस्यापनीतत्वात्, विषयेषु दोषदर्शनाभ्यासेन स्पृहाया निरसनाच्च ते सर्वत्र समबुद्धयः । एतेन वशीकारसंज्ञा वैराग्यमुक्तम् । अत एव सर्वत्राऽऽत्मदृष्ट्या हिंसाकारणद्वेषरहितत्वात्सर्वभूतहिते रताः । "अभयं सर्वभूतेभ्यो मत्तः स्वाहा" इति मन्त्रेण दत्तसर्वभूताभयदक्षिणाः । कृतसंन्यासा इति यावत् । "अभयं सर्वभूतेभ्यो दत्त्वा संन्यासमाचरेत्" इति स्मृतेः । एवंविधाः सर्वसाधनसपन्नाः सन्तः स्वयं ब्रह्मभूता निर्विचिकित्सेन साक्षात्कारेण सर्वसाधनफलभूतेन मामक्षरं ब्रह्मैव ते प्राप्नुवन्ति । पूर्वमपि मद्रूपा एव सन्तोऽविद्यानिवृत्त्या मद्रूपा एव तिष्ठन्तीत्यर्थः । "ब्रह्मैव सन्ब्रह्माप्येति" "ब्रह्म वेद ब्रह्मैव भवति" इत्यादिश्रुतिभ्यः । इहापि च 'ज्ञानी त्वात्मैव मे मतमि'त्युक्तम् ॥ ४ ॥

'सन्नियम्ये'ति से । इन्द्रिय समूहको अपने विषयोंसे उपसंहार कर अर्थात् हटाकर करण समुदायको । इससें शम दमादि सम्पत्ति कहा । विषय भोग वासना रहने पर इन्द्रियोंकी उन विषयोंसे निवृत्ति कैसे होगी ? उसमें कहते हैं—**'सर्वत्रेति'** से । सब विषयोंमें समान हर्ष विषाद और राग द्वेषसे रहित मन है जिनका सम्यग्ज्ञानसे उसके कारण अज्ञानका अपनयन निवृत्ति होनेसे तद्विषयोंमें दोष दर्शनके अभ्याससे इच्छाकी निवृत्ति होनेसे सर्वत्र सम बुद्धि होती है । इससे वशीकार संज्ञा वैराग्य कहा गया । अतएव सर्वत्र आत्मदृष्टिसे हिंसाके कारण द्वेषसे रहित होनेसे सब भूतोंके हितमें निरत 'अभयं सर्वभूतेभ्यो मत्तः स्वाहा' इस मन्त्रसे सब भूतोंको अभय दक्षिणा देकर कृतसंन्यास अर्थात् संन्यास लेकर 'अभयं सर्वभूतेभ्यो दत्वा संन्यासमाचरेत्' यह स्मृति है ।

इस प्रकारके सब साधनोंसे सम्पन्न होते हुए वे स्वयं ब्रह्मस्वरूप असन्दिग्ध सब साधनोंके फलभूत साक्षात्कारसे मुझ अक्षर ब्रह्मको पाते हैं । पूर्वमें भी मेरे रूप ही हैं किन्तु अविद्यासे आवृत होनेसे उसी तरह प्रतीत नहीं होते अविद्या निवृत्तिके उत्तर मद्रूप ही रहते हैं यह अर्थ है । 'ब्रह्मैव सन् ब्रह्माप्येति,

ये तु सर्वाणि कर्माणि मयि संन्यस्य मत्पराः ।
अनन्येनैव योगेन मां ध्यायन्त उपासते ॥ ६ ॥

जो सभी कर्मोंका मुझमें समर्पण कर मुझमें परम प्रीति करता हुआ एकान्त भक्ति योगसे ध्यान करता हुआ मेरी उपासना करता है ॥ ६ ॥

इदानीमेतेभ्यः पूर्वेषामतिशयं दर्शयन्नाह—**'क्लेशोऽधिकतरः'** इति। पूर्वेषामपि विषयेभ्य आहृत्य सगुणे ब्रह्मणि मनआवेशे, सततं तत्कर्मपरायणत्वे च परश्रद्धोपेतत्वे च क्लेशोऽधिको भवत्येव, किं तु अव्यक्तासक्तचेतसाम्-निर्गुणब्रह्मचिन्तनपराणां तेषां पूर्वोक्त-साधनवतां क्लेशः-आयासोऽधिकतरः-अतिशयेनाधिकः, अत्र स्वयमेव हेतुमाह भगवान्—**'अव्यक्ता-हि गतिरि'ति** । हि यस्मादक्षरात्मकं गन्तव्यं फलभूतं ब्रह्म दुःखं यथा स्यात्, तथा कृच्छ्रेण देहवद्भिः-देहमानिभिरवाप्यते । सर्वकर्मसंन्यासं कृत्वा गुरुमुपसृत्य वेदान्तवाक्यानां तेन तेन विचारेण तत्तद्भ्रमनिराकरणे महान्प्रयासः प्रत्यक्षसिद्धः, ततः 'क्लेशोऽधिकतरस्तेषामि'त्युक्तम् । यद्यप्येकमेव फलम्, तथाऽपि ये दुष्करेणोपायेन प्राप्नुवन्ति, तदपेक्षया सुकरेणोपायेन प्राप्नुवन्तो भवन्ति श्रेष्ठा इत्यभिप्रायः ॥ ५ ॥

ननु फलैक्ये क्लेशाल्पत्वाधिक्याभ्यामुत्कर्ष-निकर्षौ स्याताम् , तदेव तु नास्ति निर्गुण-

---

ब्रह्म वेद ब्रह्मैव भवति' इत्यादि श्रुतियोंसे और यहाँ भी 'ज्ञानी त्वात्मैव मे मतम्' यह स्पष्ट कहा है इससे भी ज्ञानी ब्रह्मरूप ही रहते हैं ॥ ४ ॥

इस समय इनसे पूर्वमें विशेष दिखलाते हुए कहते हैं—**'क्लेशोऽधिकतरः'** इससे । पूर्व लोगोंका भी मन विषयोंसे हटा कर सगुण ब्रह्ममें प्रवेश करने पर सतत तत्कर्म परायण होने पर उत्कृष्ट श्रद्धा युक्त होनेसे अधिक क्लेश होता ही है, किन्तु अव्यक्तासक्तचित्त अर्थात् निर्गुण ब्रह्म चिन्तन पर उन पूर्वोक्त साधनसे युक्तोंको क्लेश-आयास परिश्रम अधिकतर = अत्यधिक होता है, इसमें भगवान् अपनेसे ही कारण कहते हैं **'अव्यक्ता हि गतिः'** इससे । हि यस्मात् = जिस लिए कि अव्यक्त गति अक्षरात्मक गन्तव्य फलभूत ब्रह्मरूप गति क्लेशसे देहाभिमानी शरीरियोंको दुःखसे मिलती है सर्व कर्मका संन्यास कर गुरुके समीप जाकर वेदान्त वाक्योंका उन उन विचारोंसे तत्तद् भ्रम निराकरण करनेमें बड़ा परिश्रम प्रत्यक्ष सिद्ध है इसीसे उनका क्लेश अधिकतर कहा गया है । यद्यपि दोनोंका प्राप्य फल एक ही है तथापि दुष्कर उपायसे जो फल पाते हैं वही सुकर उपायसे प्राप्त करनेवाले उनसे श्रेष्ठ माने जाते हैं यह अभिप्राय है ॥ ५ ॥

शङ्का—फल एक होनेपर क्लेशके अल्पत्व और आधिक्यसे उत्कर्ष और अपकर्ष हो वही तो निर्गुण

ब्रह्मविदां हि फलमविद्या-तत्कार्यनिवृत्त्या निर्विशेषपरमानन्दबोधब्रह्मरूपता, सगुणब्रह्मविदा-न्त्वधिष्ठानप्रमाया अभावेनाविद्यानिवृत्त्यभावादैश्वर्यविशेषः कार्यब्रह्मलोकगतानां फलम् , अतः फलाधिक्यार्थमायासाधिक्यं न न्यूनतामापादयतीति चेत् ? न । सगुणोपासनया निरस्तसर्वप्र-तिबन्धानां विना गुरूपदेशम्, विना च श्रवण-मनन-निदिध्यासनाद्यावृत्तिक्लेशम् , स्वयमाविर्भूतेन वेदान्तवाक्येनेश्वरप्रसादसहकृतेन तत्त्वज्ञानोदयादविद्यातत्कार्यनिवृत्त्या ब्रह्मलोक एवैश्वर्यं भोगान्ते निर्गुणब्रह्मविद्याफलपरमकैवल्योपपत्तेः । "स एतस्माज्जीवघनात्परात्परं पुरिशयम् पुरुषमीक्षते" प्र० उ० ५-५ इति श्रुतेः । स प्राप्तहिरण्यगर्भैश्वर्यो भोगान्त एतस्माज्जीवघनात्-सर्वजीवसमष्टिरूपात्पराच्छ्रेष्ठाद्धिरण्यगर्भात्परं-विलक्षणं श्रेष्ठं च पुरिशयं-स्वहृदयगुहानिविष्टम् पुरुषम्-पूर्णं प्रत्यगभिन्नमद्वितीयं परमात्मानमीक्षते-स्वयमाविर्भूतेन वेदान्तप्रमाणेन साक्षात्करोति, तावता च मुक्तो भवतीत्यर्थः । तथा च विनाऽपि प्रागुक्तक्लेशेन सगुणब्रह्मविदामी-श्वरप्रसादेन निर्गुणब्रह्मविद्याफलप्राप्तिरितीममर्थमाह द्वाभ्याम्—**'ये तु'** इत्यादिना । तुशब्द उक्ताशङ्कानिवृत्त्यर्थः । ये सर्वाणि कर्माणि मयि संन्यस्य-सगुणे वासुदेवे

ब्रह्मवेत्ताओंको नहीं है अविद्या और उसके कार्यकी निवृत्तिसे निर्विशेष परमानन्द बोध ब्रह्मरूपता फल है, सगुण ब्रह्मवेत्ताओंका अधिष्ठान प्रमाके अभावसे अविद्याकी निवृत्ति न होनेसे कार्यब्रह्मलोककी प्राप्ति करने-वालोंका ऐश्वर्य विशेष फल है इससे फलाधिक्यार्थ आयासका आधिक्य न्यूनताका आपादक नहीं है ?

इसका निराकरण करते हैं—**'नेति'** से । सगुण ब्रह्मोपसनासे निवृत्त सब प्रतिबन्धोंको गुरुके उपदेशके विना श्रवण मनन निदिध्यासनादिकी आवृत्तिके क्लेशके विना ईश्वरके प्रसादसे सहकृत वेदान्तवाक्यके द्वारा स्वयं तत्त्वज्ञानका उदय होता है उससे अविद्या और उसके तत्कार्यकी निवृत्ति होनेसे ब्रह्म लोकमें ऐश्वर्य भोगनेके बाद निर्गुण ब्रह्म विद्याका फल परम कैवल्य होता है । 'स एतस्माज्जीवघनात् परात् परम् पुरिशयं पुरुषमीक्षते' इस श्रुतिसे सगुण ब्रह्मका उपासक हिरण्यगर्भके ऐश्वर्यको प्राप्तकर भोगके अन्तमें इस जीव घन अर्थात् सब जीवके समष्टिरूपसे पर विलक्षण और श्रेष्ठ अर्थात् हिरण्यगर्भसे पर श्रेष्ठ पुरिशय-अपनी हृदय-गुहामें-निविष्ट-स्थित-पुरुषको-प्रत्यगभिन्न अद्वितीय परमात्माको देखता है स्वयं प्रादुर्भूत वेदान्त प्रमाणसे साक्षात्कार करता है उसीसे मुक्त होता है । इस तरह पहले कहे हुए क्लेशके विना भी सगुण ब्रह्म वेत्ताको ईश्वर प्रसादसे निर्गुण ब्रह्म विद्याफलकी प्राप्ति होती है यही अर्थ दो श्लोकोंसे कहते हैं—**'ये तु सर्वाणि'** इत्यादिसे ।

तुशब्द उक्त शङ्का निवृत्तिके लिये है । जो लोग सब कर्मोंको संन्यास कर सगुण वासुदेव मुझमें

तेषामहं समुद्धर्ता मृत्युसंसारसागरात्।
भवामि न चिरात्पार्थ ! मय्यावेशितचेतसाम् ॥ ७ ॥

हे अर्जुन ! मेरेमें चित्त लगानेवाले उन भक्तोंका मृत्युरूप संसार सागरसे शीघ्र ही उद्धार करनेवाला हूँ ॥ ७ ॥

समर्प्य मत्पराः-अहं भगवान्वासुदेव एव परः प्रकृष्टः प्रीतिविषयो येषाम् , ते तथा सन्तः-अनन्येनैव योगेन न विद्यते मां भगवन्तं मुक्त्वाऽन्यदालम्बनं यस्य, तादृशेनैव योगेन समाधिनैकान्तभक्तियोगापरनाम्ना मां-भगवन्तं वासुदेवं सकलसौन्दर्यसारनिधानमानन्दघनविग्रहम् द्विभुजं चतुर्भुजं वा समस्तजनमनोमोहिनीं मुरलीमतिमनोहरैः सप्तभिः स्वरैरापूरयन्तं वा दंरकमलकौमोदकीरथाङ्गसङ्गिपाणिपल्लवं वा नरसिंहराघवादिरूपं वा यथादर्शितविश्वरूपं वा ध्यायन्तः-चिन्तयन्त उपासते-समानाकारमविच्छिन्नं चित्तवृत्तिप्रवाहं संतन्वते, समीपवर्तितयाऽऽसते, तिष्ठन्ति वा। तेषाम्-मय्यावेशितचेतसां मयि यथोक्त आवेशितमेकाग्रतया प्रवेशितम् चेतो यैः, तेषामहं सततोपासितो भगवान्मृत्युसंसारसागरात्-मृत्युयुक्तो यः संसारः-मिथ्याज्ञानतत्कार्यप्रपञ्चः, स एव सागर इव दुरुत्तरस्तस्मात्समुद्धर्ता-सम्यगनायासेनोदूर्ध्वे सर्वबाधावधिभूते शुद्धे ब्रह्मणि धर्ता धारयिता ज्ञानावष्टम्भदानेन भवामि, नचिरात्क्षिप्रमेव-तस्मिन्नेव जन्मनि। हे पार्थेति संबोधनमाश्वानार्थम् ॥ ६-७ ॥

समर्पण कर मत्पर=मैं भगवान् वासुदेव ही पर प्रकृष्ट प्रीति विषय हूँ जिन लोगोंको वे मत्पर हैं। वैसा होते हुए अनन्य योगसे ही अर्थात्-नहीं है मुझ भगवान्को छोड़कर दूसरा आधार जिसके वैसे ही समाधिसे दूसरे नामवाले एकान्त भक्तियोगसे भगवान् वासुदेव मुझको सकल सुन्दरताका सार, आश्रय आनन्द घन स्वरूप दो भुजवाले अथवा चतुर्भुज समस्त जन मनोंकी मोहिनी मुरलीको अति मनोहर सात स्वरोंसे पूर्ण करते हुए कमल-कौमोदकी-गदा-चक्रसे संयुक्त है पाणि पल्लव जिसका, अथवा नृसिंह स्वरूप वा परम दयालु सुन्दरसे सुन्दर रघुनन्दनरूप वराहादिरूपवान् वा, पूर्वमें दिखाये गये विश्वरूपवाले आपका चिन्तन करते हुए उपासना करते हैं अर्थात् अविच्छिन्न लगातार समानाकार चित्तवृत्ति करते हैं उन मेरे में प्रविष्ट चित्तोंसे युक्त यथोक्तमें आवेशित एकाग्रतासे प्रविष्ट किया है चित्तको जिनने उनसे निरन्तर उपासित मैं भगवान् मृत्यु संसार समुद्रसे अर्थात् मृत्युयुक्त जो संसार मिथ्या ज्ञान तत्कार्य प्रपञ्च वही समुद्रके समान दुस्तर है उससे अनायास ही उद्धार करता हूँ अर्थात् उत् ऊर्ध्व सब बाधाके अवधिभूत शुद्ध ब्रह्ममें धारण करानेवाला होता हूँ। अतिशीघ्र उसी जन्ममें, हे पार्थ ! यह सम्बोधन आश्वासनार्थ है ॥ ६ ॥ ७ ॥

मय्येव मन आधत्स्व मयि बुद्धिं निवेशय ।
निवसिष्यसि मय्येव अत ऊर्ध्वं न संशयः ॥ ८ ॥

हे अर्जुन ! तुम मेरे सगुण रूपमें ही मनको लगाओ और मुझमें बुद्धि लगाओ अर्थात् चिन्तन करो, इसके बाद मुझमें ही निवास करोगे इसमें कुछ सन्देह नहीं है ॥ ८ ॥

अथ चित्तं समधातुं न शक्नोषि मयि स्थिरम् ।
अभ्यासयोगेन ततो मामिच्छाऽऽप्तुं धनञ्जय ! ॥ ९ ॥

हे धनञ्जय ! यदि मुझमें चित्तको स्थिर समाहित करनेमें असमर्थ हो तब अभ्यास योगसे मुझको प्राप्त करनेकी इच्छा करो ॥ ९ ॥

तदेवमियता प्रबन्धेन सगुणोपासनां स्तुत्वा, इदानीमतिरिक्तसाधनं विधत्ते—**'मय्येवे'**ति । मय्येव-सगुणे ब्रह्मणि मनः संकल्पविकल्पात्मकमाधत्स्व-स्थापय । सर्वा मनोवृत्तीः मद्विषया एव कुरु । एवकारानुषङ्गेण मय्येव बुद्धिम्-अध्यवसायलक्षणां निवेशय, सर्वा बुद्धिवृत्तीर्मद्विषया एव कुरु । विषयान्तरपरित्यागेन सर्वदा मां चिन्तयेत्यर्थः । ततः किं स्यादित्यत आह—**'निवसिष्यती'**ति । निवसिष्यसि-निवत्स्यसि लब्धज्ञानः सन्मदात्मना मय्येव शुद्धे ब्रह्मण्येवात ऊर्ध्वम्-एतद्देहान्ते । न संशयः-नात्र प्रतिबन्धशङ्का कर्तव्येत्यर्थः । **'एव, अतः, ऊर्ध्वमि'**त्यत्र सन्ध्यभावः श्लोकपूरणार्थः ॥ ८ ॥

इस प्रकार इतने प्रबन्धसे सगुणोपासनाओंकी स्तुति कर इस समय अतिरिक्त साधनका विधान करते हैं—**'मय्येवेति'** से । सगुण युक्त मुझ ब्रह्ममें ही संकल्प विकल्पात्मक मनको लगाओ अर्थात् स्थित करो मद्विषयक ही सब मनोवृत्तियोंको करो, एवकारका आगे भी सम्बन्ध कर मेरे ये ही अध्यवसाय लक्षण बुद्धिका निवेश करो अर्थात् सब बुद्धिवृत्तियोंको विषयान्तरसे परित्याग कर मद्विषयक ही चिन्तन करो—यह अर्थ है ।

शङ्का—इससे क्या होगा ?

समाधान—समीचीन ज्ञानका लाभ कर मत्स्वरूपसे शुद्ध ब्रह्मयुक्त मुझमें ही निवास करोगे इसके ऊपर एतद्देहावसानमें, संशय नहीं । इसमें प्रतिबन्ध विघ्नकी शंका नहीं करना चाहिए । इस तरह **'एव, अतः ऊद्र्ध्वं'** यहां सवर्णदीर्घरूप सन्धिका अभाव श्लोक पूर्तिके लिये किया गया है अन्यथा एक अक्षर कम होनेसे छन्दोभङ्ग होगा ॥ ८ ॥

अभ्यासेऽप्यसमर्थोऽसि मत्कर्मपरमो भव ।
मदर्थमपि कर्माणि कुर्वन् सिद्धिमवाप्स्यसि ॥ १० ॥

यदि अभ्यासमें भी असमर्थ हो तब तुम मेरी प्रीतिके लिये कर्म करनेमें तत्पर हो, मेरे लिये कर्मोंका भी अनुष्ठान करनेवाले तुम सिद्धि प्राप्त करोगे ॥ १० ॥

इदानीं सगुणब्रह्मध्यानाशक्तानामशक्तितारतम्येन प्रथमं प्रतिमादौ बाह्ये भगवद्ध्यानाभ्यासः, तदशक्तौ भागवतधर्मानुष्ठानम् , तदशक्तौ सर्वकर्मफलत्याग इति त्रीणि साधनानि त्रिभिः श्लोकैर्विधत्ते—'**अथेत्या**'दिना । अथ-पक्षान्तरे । स्थिरं यथा स्यात्तथा चित्तं समाधातुम् मयि न शक्नोषि चेत्, तत एकस्मिन्प्रतिमादावालम्बने सर्वतः समाहृत्य चेतसः पुनः पुनः स्थापनमभ्यासः, तत्पूर्वको योगः समाधिः, तेनाभ्यासयोगेन मामाप्तुमिच्छ-यतस्व । हे धनञ्जयेति । बहून् शत्रूञ्जित्वा धनमाहृतवानसि राजसूयाद्यर्थम्, एकं मनःशत्रुं जित्वा तत्त्वज्ञानधनमाहरिष्यसीति, न तवाऽऽश्चर्यमिति संबोधनार्थः ॥ ९ ॥

'**अभ्यासेऽपी'ति** । मत्प्रीणनार्थं कर्म मत्कर्म-श्रवण-कीर्तनादिभागवतधर्मः, तत्परमः-तदेकनिष्ठो भव । अभ्यासासामर्थ्ये मदर्थं-भागवतधर्मसंज्ञकानि कर्माण्यपि कुर्वन्सिद्धिम्-ब्रह्मभावलक्षणां सत्त्वशुद्धिज्ञानोत्पत्तिद्वारेणावाप्स्यसि ॥ १० ॥

इस समय सगुण ब्रह्मध्यानमें असमर्थोंको शक्तिके अनुसार पहले वाह्य प्रतिमादिमें भगवान्के ध्यानका अभ्यास करना चाहिए उसमें यदि समर्थ नहीं तो भागवतधर्मानुष्ठान करें उसमें भी समर्थ न हों तो सब कर्मफलोंका त्याग करे इन तीन साधनोंका तीन श्लोकोंसे विधान करते हैं—'**अथ**' इत्यादिसे । अथ-पक्षान्तरमें है । मेरेमें स्थिर चित्त करनेमें यदि समर्थ नहीं होते हो तो एक प्रतिमादिक आलम्बनमें सब जगहसे चित्तको हटाकर पुनः उस प्रतिमामें स्थापनका अभ्यास तत्पूर्वक योग रूप समाधि है उससे अभ्यासयोगसे मेरी प्राप्तिकी इच्छा करो और यत्न करो । हे धनंजय ! अनेक शत्रुओंको जीतकर धन एकत्रित किया है राजसूयादिके लिये जिसने ऐसा तुम एक मन शत्रुको जीतकर तत्त्वज्ञान रूप धन इकट्ठा करोगे, तुमको यह आश्चर्य नहीं हो यह सम्बोधनका भाव है ॥ ९ ॥

'**अभ्यासेऽपी'ति** से । मेरी प्रसन्नताके लिये जो कर्म है वह मत्कर्म है श्रवण कीर्तनादि भागवतधर्म, तत्परम अर्थात् तदेकनिष्ठ हो । अभ्यास करनेका सामर्थ्य न हो तो मदर्थ भागवतधर्मसंज्ञक कर्मोंको करते हुए ब्रह्मभाव लक्षण सिद्धिको अन्तःकरण शुद्धि तथा ज्ञानोत्पत्तिके द्वारा पाओगे ॥ १० ॥

अथैतदप्यशक्तोऽसि कर्तुं मद्योगमाश्रितः ।
सर्वकर्मफलत्यागं ततः कुरु यतात्मवान् ॥ ११ ॥

यदि इसके करनेमें भी असमर्थ हो तब एकमात्र मेरे शरणका आश्रयणकर जितेन्द्रिय तुम सर्वकर्मोंके फलका त्याग करो ॥ ११ ॥

श्रेयो हि ज्ञानमभ्यासाज्ज्ञानाद्ध्यानं विशिष्यते ।
ध्यानात्कर्मफलत्यागस्त्यागाच्छान्तिरनन्तरम् ॥ १२ ॥

अभ्याससे ज्ञान उत्तम है, ज्ञानसे ध्यान अत्युत्तम है, ध्यानसे कर्मफलका त्याग श्रेष्ठ है, त्यागके बाद संसारकी निवृत्ति हो जाती है ॥ १२ ॥

'अथेति' । अथ-बहिर्विषयाकृष्टचेतस्त्वादेतन्मत्कर्मपरत्वमपि कर्तुं न शक्नोषि, ततः मद्योगम्-मदेकशरणत्वमाश्रितः मयि सर्वकर्मसमर्पणं मद्योगः, तं वाऽऽश्रितः सन् यतात्मवान्-यतः-संयतसर्वेन्द्रिय आत्मवान्विवेकी च सन् सर्वकर्मफलत्यागं कुरु-फलाभिसंधिं त्यजेत्यर्थः ॥ ११ ॥

इदानीमत्रैव साधनविधानपर्यवसानादिमं सर्वकर्मफलत्यागं स्तौति—**'श्रेयः'** इत्यादिना । श्रेयः-प्रशस्यतरं हि एव ज्ञानम्-शब्दयुक्तिभ्यामात्मनिश्चयः, अभ्यासात्-ज्ञानार्थश्रवणाभ्यासात्, ज्ञानाच्छ्रवणमननपरिनिष्पन्नादपि ध्यानम्-निदिध्यासनसंज्ञं विशिष्यते-अतिशयितं भवति, साक्षात्काराव्यवहितहेतुत्वात् । तदेवं सर्वसाधनश्रेष्ठं ध्यानम्, ततोऽप्यतिशयितत्वेनाज्ञकृतः कर्मफलत्यागः स्तूयते । 'ध्यानात्कर्मफलत्यागो विशिष्यते' इत्यनुषज्यते । त्यागात्-नियतचित्तेन

अथवा बाह्य वस्तुसे आकृष्ट चित्त होनेके कारण यह मत्कर्म परत्व भी यदि नहीं कर सकते हो तो मद्योग मदेकशरणत्वमें आकर अथवा मेरेमें सब कर्मोंका समर्पण मद्योग, है उसके आश्रित होकर मेरे लिये भगवद्धर्म संज्ञक कर्मोंको करो । सर्वेन्द्रियोंको आत्मवशमें करते हुए आत्मवान् अर्थात् विवेकी होकर सब कर्मोंका फल कामनाओंका त्याग करो ॥ ११ ॥

इस समय यहीं पर साधन विधानोंके पर्यवसान समाप्तिसे इस सब कर्मफलके त्यागकी स्तुति करते-हैं—**'श्रेयः'** इत्यादिसे । शब्द और युक्तियोंसे आत्म निश्चय श्रेष्ठ है । अभ्याससे अर्थात् ज्ञानार्थ श्रवणाभ्याससे ज्ञान-श्रवण मनन निष्पन्न ज्ञानसे भी ध्यान निदिध्यासन संज्ञक विशिष्ट है अर्थात् उत्कृष्ट है क्योंकि आत्माके साक्षात्कारका अव्यवहित (व्यवधान रहित) हेतु है । इस प्रकार सब साधनोंमें श्रेष्ठ ध्यान है उससे भी अतिशय श्रेष्ठ अज्ञकृत-अज्ञानीसे किये गये कर्मके फल त्यागका स्तुति है । ध्यानसे कर्मके फलका

अद्वेष्टा सर्वभूतानां मैत्रः करुण एव च।
निर्ममो निरहङ्कारः समदुःखसुखः क्षमी ॥ १३ ॥

जो सब प्राणियोंसे द्वेष न करनेवाला मित्रता से युक्त दयावान् ममता रहित अहङ्कार रहित सुख और दुःखकी प्राप्तिमें समान और क्षमाशील है ॥ १३ ॥

पुंसा कृतात्सर्वकर्मफलत्यागाच्छान्तिः-उपशमः सहेतुकस्य संसारस्यानन्तरम्-अव्यवधानेन, न तु कालान्तरमपेक्षते । अत्र--

"यदा सर्वे प्रमुच्यन्ते कामा येऽस्य हृदि श्रिताः ।
अथ मर्त्योऽमृतो भवत्यत्र ब्रह्म समश्नुते ॥"

इत्यादिश्रुतिषु, 'प्रजहाति यदा कामान्सर्वान्' इत्यादिस्थितप्रज्ञलक्षणेषु च सर्वकामत्यागस्यामृतत्वसाधनत्वमवगतम् , कर्मफलानि च-कामाः, तत्त्यागोऽपि कामत्यागत्वसामान्यात् सर्वकामत्यागफलेन स्तूयते, यथाऽगस्त्येन ब्राह्मणेन समुद्रः पीत इति, यथा वा जामदग्न्येन ब्राह्मणेन निःक्षत्रा पृथिवी कृतेति ब्राह्मणत्वसामान्यादिदानीन्तना अपि ब्राह्मणा अपरिमेयपराक्रमत्वेन स्तूयन्ते तद्वत् ॥ १२ ॥

तदेवं मन्दमधिकारिणं प्रत्यतिदुष्करत्वेनाक्षरोपासननिन्दया सुकरं सगुणोपासनम् विधाय, अशक्तितारतम्यानुवादेनान्यान्यपि साधनानि विदधौ भगवान्वासुदेवः । कथं नु नाम

त्याग विशिष्ट है इसका सम्बन्ध है। त्यागसे नियत चित्तवाले पुरुषसे कृत सर्वकर्मफलके त्यागसे सहेतुक संसारकी अनन्तर-अव्यवधानसे शान्ति कालान्तरकी अपेक्षा रूप व्यवधान नहीं। यहां पर (यदा सर्वे प्रमुच्यन्ते कामा येऽस्य हृदि श्रिताः। अथ मर्त्योऽमृतो भवत्यत्र ब्रह्म समश्नुते) इत्यादि श्रुतियोंमें तथा 'प्रजहाति यदा कामान् सर्वान्' इत्यादि स्थितप्रज्ञ लक्षणमें सर्व काम त्यागका अमृतत्व साधनत्व अवगत है अर्थात् मोक्षसाधनत्व निश्चित है, कर्मफल काम हैं उनका त्याग भी कामत्यागत्व सामान्यसे सर्व कर्म त्यागके फल रूपसे स्तुत किया जाता है, जैसे अगस्त्य ब्राह्मणने समुद्रको पिया अथवा जैसे जामदग्न्य ब्राह्मण परशुरामने क्षत्रिय शून्य पृथ्वी की, ब्राह्मणत्व सामान्यसे आधुनिक भी ब्राह्मण अमित पराक्रम शाली रूपसे उसी तरह स्तुत होते हैं ॥ १२ ॥

इस प्रकार मन्दाधिकारीके प्रति अतिकठिन अक्षरोपासनकी निन्दासे सुलभ सगुणोपासनका विधान कर अशक्तिके तारतम्यके अनुवादसे अन्यान्य साधनोंका भी विधान वासुदेव भगवान्ने किया। कैसे सब

सर्वप्रतिबन्धरहितः सन्नुत्तमाधिकारितया फलभूतायामक्षरविद्यायामवतरेदित्यभिप्रायेण, साधनविधानस्य फलार्थत्वात् । तदुक्तम्––

"निर्विशेषं परं ब्रह्म साक्षात्कर्तुमनीश्वराः ।
ये मन्दास्तेऽनुकम्प्यन्ते सविशेषनिरूपणैः ।।
वशीकृते मनस्येषां सगुणब्रह्मशीलनात् ।
तदेवाऽऽविर्भवेत्साक्षादपेतोपाधिकल्पनम् ।।" क० त० पृ० १९२ इति ।।

भगवता पतञ्जलिना चोक्तं––'समाधिसिद्धिरीश्वरप्रणिधानात्' २-४५ इति । 'ततः प्रत्यक्चेतनाधिगमोऽप्यन्तरायाभावश्च' १-२९ इति च । तत इतीश्वरप्रणिधानादित्यर्थः । तदेवमक्षरोपासननिन्दा सगुणोपासनस्तुतये, न तु हेयतया, उदितहोमविधावनुदितहोमनिन्दावत्, **'न हि निन्दा निन्द्यं निन्दितुं प्रवर्तते, अपि तु विधेयं स्तोतुम्'** इति न्यायात् । तस्मादक्षरोपासका एव परमार्थतो योगवित्तमाः ।

"प्रियो हि ज्ञानिनोऽत्यर्थमहं स च मम प्रियः ।
उदाराः सर्व एवैते ज्ञानी त्वात्मैव मे मतम् ।।"

इत्यादिना पुनः पुनः प्रशस्ततमतयोक्ताः, तेषामेव ज्ञानम्-धर्मजातञ्चानुसरणीयम-

---

प्रतिवन्धोंसे रहित उत्तमाधिकारी होनेसे फल भूत अक्षर विद्यामें उतरें इस अभिप्रायसे । साधनके विधान फलके लिये है । ऐसा कहा है—

"निर्विशेषं परं ब्रह्म साक्षात् कर्तुमनीश्वराः । ये मन्दास्तेऽनुकम्प्यन्ते सविशेषनिरूपणैः ।
वशीकृते मनस्येषां सगुणब्रह्मशीलनात् । तदेवाविर्भवेत् साक्षादपेतोपाधिकल्पनम् ।।"

अर्थ—जो मन्दाधिकारी निर्विशेष पर ब्रह्मको साक्षात्कार करनेमें असमर्थ हैं वे मन्द सगुण ब्रह्म निरूपणसे अनुगृहीत होते हैं इनके मन सगुण ब्रह्मोपासनसे वशी भूत होनेपर निरुपाधिक वही ब्रह्म साक्षात् आविर्भूत होता है। भगवान् पतञ्जलिने भी कहा है—**'समाधिसिद्धिरीश्वरप्रणिधानात्' इति । ततः-प्रत्यक् चेतनाधिगमोऽप्यन्तरायाभावश्च'** इति च । ततः–ईश्वर प्रणिधानसे यह अर्थ है। इस प्रकार अक्षरोपासनका निन्दा सगुणोपासनकी स्तुतिके लिए है त्यागनेके लिये निन्दा नहीं हैं उदित होमविधिमें अनुदित-होमनिन्दाकी तरह, निन्दा निन्द्यकी निन्दाके लिए प्रवृत्त नहीं होती किन्तु विधेयकी स्तुतिके लिये । इसलिए अक्षरोपासक ही यथार्थतः योगवित्तम हैं ।

"प्रियो हि ज्ञानिनोऽत्यर्थमहं स च मम प्रियः । उदाराः सर्व एवैते ज्ञानी त्वात्मैव मे मतम् ।।"

इत्यादिसे पुनः पुनः श्रेष्ठतमरूपसे जो कहे गये हैं उन्हींके ज्ञान और धर्म समूह का अधिकार प्राप्तकर

सन्तुष्टः सततं योगी यतात्मा दृढनिश्चयः ।
मय्यर्पितमनोबुद्धिर्यो मद्भक्तः स मे प्रियः ॥ १४ ॥

लाभ और अलाभमें सदा सन्तुष्ट, सदा समाहित चित्त, सदा जितेन्द्रिय, सदा स्थिर निश्चयवाला, मुझ वासुदेवमें मन और बुद्धिको अर्पित करनेवाला जो भक्त है वह मेरा प्रिय है ॥ १४ ॥

धिकारमासाद्य त्वयेत्यर्जुनं बुबोधयिषुः परमहितैषी भगवानभेददर्शिनः कृतकृत्यानक्षरोपासकान् प्रस्तौति सप्तभिः—'**अद्वेष्टा सर्वभूतानामि**'ति । सर्वाणि भूतान्यात्मत्वेन पश्यन्नात्मनो दुःखहेतावपि प्रतिकूलबुद्ध्यभावान्न द्वेष्टा सर्वभूतानाम् । किन्तु मैत्रः, मैत्री-स्निग्धता तद्वान् । यतः करुणः। करुणा दुःखितेषु दया तद्वान्सर्वभूताभयदाता । परमहंसपरिव्राजक इत्यर्थः । निर्ममः-देहेऽपि ममेति-प्रत्ययरहितः । निरहङ्कारः-वृत्तस्वाध्यायादिकृताहङ्कारान्निष्क्रान्तः । द्वेषरागयोरप्रवर्तकत्वेन समे दुःखसुखे यस्य सः । अत एव क्षमी आक्रोशन-ताडनादिनाऽपि न विक्रियामापद्यते ॥ १३ ॥

'**सन्तुष्टः**' इति । तस्यैव विशेषणान्तराणि । सततम्—शरीरस्थितिकारणस्य लाभेऽलाभे च संतुष्टः-उत्पन्नालंप्रत्ययः । तथा गुणवल्लाभे विपर्यये च । '**सततमि**'ति सर्वत्र सम्बध्यते । योगी-समाहितचित्तः । यतात्मा-संयतशरीरेन्द्रियादिसङ्घातः । दृढः-कुतार्किकैरभिभवितुमशक्यतया स्थिरो निश्चयोऽहमस्म्यकर्त्रभोक्तृसच्चिदानन्दाद्वितीयं ब्रह्मेत्यध्यवसायो यस्य,

तुमको अनुसरण करना चाहिए यह अर्जुनको समझानेकी इच्छासे परम हितैषी भगवान् ब्रह्माभेददर्शी कृतकृत्य अक्षरोपासकोंकी सात श्लोकोंसे स्तुति करते हैं—'**अद्वेष्टा**' इत्यादिसे । जो सब भूतोंको स्वात्मत्वेन अर्थात् अपने आत्मासे अभिन्न देखते हैं आत्माके दुःख हेतुमें भी प्रतिकूल बुद्धि न होनेसे सर्व भूतोंसे द्वेष नहीं करते किन्तु मैत्री स्निग्धता तद्युक्त होते हैं । और दुःखियोंमें करुण हैं—दुःखियोंमें करुणा-दया तद्युक्त होते हैं सब भूतोंके अभयदाता परमहंस परिव्राजक निर्मम देहमें भी यह मेरा है इस ज्ञानसे रहित हैं । अहङ्कार शून्य-आचरण और स्वाध्यायादिसे जन्य अहंकार शून्य । रागद्वेष दोनोंके अप्रवर्त्तक होनेसे सुख दुःख बराबर है जिसको एवंभूत अक्षरोपासक अतएव सभी डाटने मारनेसे भी विकारको नहीं प्राप्त होता है ॥ १३ ॥

'**सन्तुष्टः**' इत्यादि । उसीका विशेषणान्तर है । हर समय शरीरकी स्थितिके कारणके लाभ और अलाभमें सन्तुष्ट-उत्पन्न अलंप्रत्यय है अर्थात् यह बहुत है इस ज्ञानसे युक्त, तथा गुणयुक्त-भिक्षा आदिविषयके लाभमें और निर्गुणविषयके लाभमें सन्तुष्ट, '**सततम्**' इसका सब जगह सम्बन्ध होता है। योगी-समाहित-चित्त । यतात्मा-नियन्त्रित शरीरेन्द्रियादिका समुदाय । दृढ़—कुतार्किकोंसे विचलित न हो सकने वाला स्थिर,

यस्मान्नोद्विजते लोको लोकान्नोद्विजते च यः।
हर्षामर्षभयोद्वेगैर्मुक्तो यः स च मे प्रियः॥ १५॥

जिससे कोई भी प्राणी उद्विग्न नहीं होता है, और स्वयं भी किसी प्राणीसे उद्विग्न नहीं होता है, हर्ष, अमर्ष, (दूसरेकी उन्नतिका सहन न करना) भय, और उद्वेग (व्याकुलता) से रहित जो है वह मेरा प्रिय है॥ १५॥

स दृढनिश्चयः। स्थितप्रज्ञ इत्यर्थः। मयि-भगवति वासुदेवे शुद्धे ब्रह्मणि अर्पितमनोबुद्धिः-समर्पितान्तःकरणः ईदृशो यो मद्भक्तः शुद्धाक्षरब्रह्मवित्, स मे प्रियः, सदात्मत्वात्॥ १४॥

पुनस्तस्य विशेषणानि—'**यस्मादि**'त्यादि। यस्मात्-सर्वभूताभयदायिनः संन्यासिनः हेतोर्नोद्विजते-न सन्तप्यते लोकः-यः कश्चिदपि जनः, तथा लोकान्निरपराधोद्वेजनैकव्रतात्खल-जनान्नोद्विजते च यः, अद्वैतदर्शित्वात्, परमकारुणिकत्वेन क्षमाशीलत्वाच्च। किञ्च हर्षः-स्वस्य प्रियलाभे रोमाञ्चाश्रुपातादिहेतुरानन्दाभिव्यञ्जकश्चित्तवृत्तिविशेषः, अमर्षः-परोत्कर्षासहनरूपः चित्तवृत्तिविशेषः, भयम्-व्याघ्रादिदर्शनाधीनश्चित्तवृत्तिविशेषस्त्रासः, उद्वेगः-एकाकी कथं विजने सर्वपरिग्रहशून्यो जीविष्यामीत्येवंविधो व्याकुलतारूपश्चित्तवृत्तिविशेषः, तैर्हर्षामर्षभयोद्वेगैर्मुक्तः यः, अद्वैतदर्शितया तदयोग्यत्वेन तैरेव स्वयं परित्यक्तः, न तु तेषां त्यागाय स्वयं व्यापृत इति यावत्। तेन मद्भक्तः इत्यनुकृष्यते। ईदृशो मद्भक्तो यः, स मे प्रिय इति पूर्ववत्॥ १५॥

निश्चय मैं हूँ अकर्त्ता अभोक्ता सच्चिदानन्द अद्वितीय ब्रह्म यह ज्ञान है जिसका वह दृढ़निश्चय है। स्थिर प्रज्ञ है यह अर्थ है। मुझ भगवान् वासुदेव शुद्ध ब्रह्ममें मनोबुद्धिको समर्पितकरनेवाला शुद्धाक्षर ब्रह्मका वेत्ता है वह मेरे आत्मा होनेसे मेरा प्रिय है॥ १४॥

फिर उसीके विशेषणान्तर '**यस्मात्**' इत्यादिसे कहते हैं। जिस कारणसे सब भूतोंके अभयदायी संन्यासीसे कोई भी उद्वेग नहीं करता अर्थात् कोई भी मनुष्य संतप्त नहीं होता उसी प्रकार निरपराधियों को उद्वेग देनेका स्वभाव है जिसका उस खल जनसे जो अद्वैतदर्शी होनेसे स्वयं उद्वेग नहीं करता क्योंकि परम दयावान् और क्षमाशील होनेसे। और अपने प्रियको लाभ होनेपर रोमाञ्च अश्रुपात आदि होनेके हेतु आनन्दका अभिव्यञ्जक चित्तवृत्तिविशेष हर्ष, दूसरेके उत्कर्षका असहनरूप चित्तवृत्तिविशेष अमर्ष= क्रोध, व्याघ्रादि दर्शनाधीन चित्तवृत्ति विशेष त्रास=भय, उद्वेग अकेले वनमें सब साधनोंसे शून्य कैसे जीवेगें एवंविध व्याकुलतारूप चित्तवृत्ति विशेष, इन हर्ष और अमर्ष भय उद्वगोंसे मुक्त होकर अद्वैतदर्शी होनेके कारण उसके अयोग्य होनेसे उनसे स्वयं परित्यक्त न तु उनके त्यागके लिये स्वयं व्यापारी ऐसा

अनपेक्षः शुचिर्दक्ष उदासीनो गतव्यथः ।
सर्वारम्भपरित्यागी यो मद्भक्तः स मे प्रियः ॥ १६ ॥

जो भोगमें भी निस्पृह, पवित्र, दक्ष (और उदासीन, पीड़ारहित और ऐहिक पारलौकिक कर्मोंका त्याग करनेवाला मेरा भक्त है वह मेरा प्रिय है ॥ १६ ॥

यो न हृष्यति न द्वेष्टि न शोचति न काङ्क्षति ।
शुभाशुभपरित्यागी भक्तिमान्यः स मे प्रियः ॥ १७ ॥

जो इष्टकी प्राप्तिमें प्रसन्न नहीं होता, अनिष्ट प्राप्तिमें द्वेष न करे, इष्टके वियोगमें शोक न करे, इष्टकी अभिलाषा न करे, और शुभाशुभ कर्मोंका परित्याग करनेवाला जो मेरा भक्त है वह मेरा प्रिय है ॥ १७ ॥

'अनपेक्षः' इति । किञ्च—निरपेक्षः-सर्वेषु भोगोपकरणेषु यदृच्छोपनीतेष्वपि निःस्पृहः । शुचिः-बाह्याभ्यन्तरशौचसंपन्नः । दक्षः-उपस्थितेषु ज्ञातव्येषु कर्तव्येषु च सद्य एव ज्ञातुं कर्तुं च समर्थः । उदासीनः-न कस्यचिन्मित्रादेः पक्षं भजते यः । गतव्यथः-परैस्ताड्यमानस्यापि गता-नोत्पन्ना व्यथा पीडा यस्य सः । उत्पन्नायामपि व्यथायामपकर्तृष्वनपकर्तृत्वं क्षमित्वम् । व्यथाकारणेषु सत्स्वप्यनुत्पन्नव्यथत्वं गतव्यथत्वमिति भेदः । ऐहिकामुष्मिकफलानि सर्वाणि कर्माणि सर्वारम्भाः, तान्परित्यक्तुं शीलं यस्य, स सर्वारम्भपरित्यागी संन्यासी यो मद्भक्तः, सः मे प्रियः ॥ १६ ॥

'यो न हृष्यती'ति । किञ्च 'समदुःखसुखः' इत्येतद्विवृणोति—यो न हृष्य-

---

तात्पर्य है । उक्त चकारसे मद्भक्तका सम्बन्ध है । ऐसा मेरा भक्त जो है वह मेरा प्रिय है यह पहलेके समान है ॥ १५ ॥

और भी—अपनेसे आये हुए भी सभी भोगके साधनोंमें जो निस्पृह है, तथा बाहर और भीतरसे शौच सम्पन्न-पवित्र है । प्राप्त और ज्ञातव्य कर्तव्यमें उसी समय करने और जाननेमें जो समर्थ है वह दक्ष = कुशल है । उदासीन वह है जो किसी मित्रादिकोंका पक्षपात नहीं करता । दूसरेसे ताड़ित मारे जाने पर भी नहीं उत्पन्न हुई है व्यथा = पीड़ा जिसको वह गतव्यथ है । पीड़ा उत्पन्न होनेपर भी अपकारियोंमें अपकार नहीं करना क्षमित्व है, व्यथाके कारण रहने पर भी उसको पीड़ा नहीं उत्पन्न होना गतव्यथत्व है यह दोनोंमें यह भेद है । ऐहिक तथा पारलौकिक फलवाले सबकर्म आरम्भ है उनका परित्याग करनेका स्वभाव है जिसका वह सर्वारम्भपरित्यागी संन्यासी जो मेरा भक्त है वह मुझको प्रिय है ॥ १६ ॥

और भी—**'समदुःखसुखः'** इसका विवरण करते हैं-**'यो न हृष्यती'**दित्या से । जो इष्ट प्राप्तिमें प्रसन्न

समः शत्रौ च मित्रे च तथा मानापमानयोः ।

शीतोष्णसुखदुःखेषु समः सङ्गविवर्जितः ॥ १८ ॥

जो शत्रु और मित्रमें समान हो, उसी प्रकार मान और अपमानमें समान हो, शीत और उष्ण सुख और दुःखमें समान हो तथा हर्षविषादसे शून्य हो ॥ १८ ॥

तुल्यनिन्दास्तुतिर्मौनी संतुष्टो येन केनचित् ।

अनिकेतः स्थिरमतिर्भक्तिमान्मे प्रियो नरः ॥ १९ ॥

निन्दा और स्तुतिमें समभाव रखनेवाला, नियन्त्रित वाणीवाला, प्रयत्नके विना जिस किसी प्राप्त वस्तुसे सन्तुष्ट, निश्चित निवाससे रहित और स्थिर बुद्धिवाला जो मेरा भक्त है वह मेरा प्रिय है ॥ १९ ॥

तीष्टप्राप्तौ, न द्वेष्टि अनिष्टप्राप्तौ, न शोचति प्राप्तेष्टवियोगे, न काङ्क्षति अप्राप्तेष्टसंयोगे । सर्वारम्भपरित्यागीत्येतद्विवृणोति—'**शुभाशुभे**'ति । शुभाशुभे-सुखसाधन-दुःखसाधने कर्मणी परित्यक्तुं शीलमस्येति शुभाशुभपरित्यागी भक्तिमान्यः, स मे प्रियः ॥ १७ ॥

'**समः**' इति । किञ्च—पूर्वस्यैव प्रपञ्चः । सङ्गविवर्जितः-चेतनाचेतनसर्वविषयशोभनाध्यासरहितः । सर्वदा हर्षविषादशून्य इत्यर्थः । अन्यत् स्पष्टम् ॥ १८ ॥

'**तुल्यनिन्दा**' इति । किञ्च—निन्दा-दोषकथनम् , स्तुतिः-गुणकथनम् , ते दुःखसुखाजनकतया तुल्ये यस्य सः । तथा मौनी-संयतवाक् । ननु शरीरयात्रानिर्वाहाय वाग्व्यापारः-अपेक्षित एव । नेत्याह—'**संतुष्टो येन केनचित्**' । स्वप्रयत्नमन्तरेणैव बलवत्प्रारब्धकर्मोपनीतेन शरीरस्थितिहेतुमात्रेणाशनादिना संतुष्टः-निवृत्तस्पृहः । किञ्च—अनिकेतः-नियतनिवासरहितः ।

न हो और अनिष्ट प्राप्तिमें द्वेष न करे, प्राप्त इष्टके वियोगसे शोक न करे, अप्राप्त इष्टकी प्राप्तिकी इच्छा न करे । सर्वारम्भपरित्यागी इसका विवरण करते हैं-'**शुभाशुभे**'ति से । शुभाशुभ-सुखसाधन और दुःखसाधन कर्मोंको परित्याग करनेका स्वभाव है जिसका वह शुभाशुभ परित्यागी मेरा भक्त मुझको प्रिय है ॥ १७ ॥

पुनः पूर्व ही का प्रपञ्च करते हैं । '**समः**' इति से । संग रहित अर्थात् चेतनाचेतन सब विषयोंमें शोभन अध्याससे रहित । हर समय हर्ष विषादसे शून्य यह अर्थ है । शेष अर्थ स्पष्ट है ॥ १८ ॥

और भी—**तुल्यनिन्दा**' से । निन्दा-दोषकथन, स्तुति-गुणकथन, ये दोनों दुःख और सुखके उत्पादक न होनेके कारण तुल्य हैं जिसको वह । तथा मौनी-नियन्त्रितवाक् ।

शङ्का—नियन्त्रितवाग् कैसे होगा ? शरीरयात्रा निर्वाहके लिये वाग्व्यापार तो अपेक्षित है ही ।

समाधान—करते हैं नहीं 'सन्तुष्टो येन केनचित्'से जिस किसीसे सन्तुष्टअर्थात् जो अपने प्रयत्नके बिना ही बलवान् प्राचीन प्रारब्ध कर्मसे प्राप्त शरीरकी स्थितिमें हेतु मात्र भोजनादिसे विगतेच्छ सन्तुष्ट और

ये तु धर्म्यामृतमिदं यथोक्तं पर्युपासते ।
श्रद्दधाना मत्परमा भक्तास्तेऽतीव मे प्रियाः ॥ २० ॥

इति श्रीमद्भगवद्गीतासूपनिषत्सु ब्रह्मविद्यायां योगशास्त्रे श्रीकृष्णार्जुनसंवादे
भक्तियोगो नाम द्वादशोऽध्यायः ॥ १२ ॥

मुझमें श्रद्धा रखनेवाले, भगवान् वासुदेव ही परम प्राप्तव्य हैं जिनके वे मत्परायण भक्त, 'अद्वेष्टा सर्वभूतानाम्' इत्यादिसे कथित धर्मरूपी अमृतका जो अनुष्ठान करते हैं वे मुझे अत्यन्त प्रिय हैं ॥ २० ॥

बारहवाँ अध्याय समाप्त ।

स्थिरा-परमार्थवस्तुविषया मतिर्यस्य, स स्थिरमतिः । ईदृशो यो भक्तिमान्, स मे प्रियो नरः । **अत्र पुनः पुनर्भक्तेरुपादानं भक्तिरेवापवर्गस्य पुष्कलं कारणमिति द्रढयितुम्** ॥ १९ ॥

'अद्वेष्टे'त्यादिनाऽक्षरोपासकादीनां जीवन्मुक्तानां संन्यासिनां लक्षणभूतं स्वभावसिद्धम् धर्मजातमुक्तम् । यथोक्तं वार्तिके—

"उत्पन्नात्मावबोधस्य ह्यद्वेष्टृत्वादयो गुणाः ।
अयत्नतो भवन्त्येव न तु साधनरूपिणः ॥" इति ॥

एतदेव च पुरा स्थितप्रज्ञलक्षणरूपेणाभिहितम् । तददिं धर्मजातं प्रयत्नेन संपाद्यमानम्

अनिकेत = निश्चित निवास स्थानसे रहित । स्थिर परमार्थ वस्तु विषयके बुद्धि है जिसकी वह स्थिरमति हैं । ऐसा जो भक्तिमान् है वह मुझको प्रिय है । यहां पर वारम्बार भक्तिका ग्रहण है इसलिये भक्ति ही मोक्षका पूर्ण कारण है यह दृढ़ होता है ॥ १९ ॥

'अद्वेष्टा' इत्यादिसे अक्षरोपासकादि जीवन्मुक्त संन्यासियोंका लक्षणभूत स्वभावसिद्ध धर्म समुदाय फल कहा गया है, जो वार्तिकमें कहा है—

"उत्पन्नात्मावबोधस्य अद्वेष्टृत्वादयो गुणाः । अयत्नतो भवन्त्येव न तु साधनरूपिणः ॥"

अर्थ—आत्मज्ञान होने पर विना प्रयत्नके अद्वेष्टृत्वादि गुण स्वयं होते ही हैं साधनरूपी नहीं हैं अर्थात्

मुमुक्षोर्मोक्षसाधनं भवतीति प्रतिपादयन्नुपसंहरति—**'ये तु'** इत्यादिना। ये तु-संन्यासिनः मुमुक्षवो धर्म्यामृतम्, धर्मरूपममृतम्-अमृतत्वसाधनत्वात्, अमृतवदास्वाद्यत्वाद्वा, इदम्-यथोक्तम्—'अद्वेष्टा सर्वभूतानामि'त्यादिना प्रतिपादितं पर्युपासते-अनुतिष्ठन्ति प्रयत्नेन श्रद्दधानाः सन्तः मत्परमाः-अहं भगवानक्षरात्मा वासुदेव एव परमः प्राप्तव्यो निरतिशया गतिर्येषाम्, ते मत्परमाः भक्ता मां निरुपाधिकं ब्रह्म भजमानास्तेऽतीव मे प्रियाः। 'प्रियो हि ज्ञानिनोऽत्यर्थमहं स च मम प्रियः' इति पूर्वसूचितस्यायमुपसंहारः। यस्माद्धर्म्यामृतमिदं श्रद्धयाऽनुतिष्ठन्भगवतः विष्णोः परमेश्वरस्यातीव प्रियो भवति। तस्मादिदं ज्ञानवतः स्वभावसिद्धतया लक्षणमपि मुमुक्षुणाऽऽत्मतत्त्वजिज्ञासुनाऽऽत्मज्ञानोपायत्वेन यत्नादनुष्ठेयं विष्णोः परमं पदं जिगमिषुणेति-वाक्यार्थः। तदेवं सोपाधिकब्रह्माभिध्यानपरिपाकान्निरुपाधिकं ब्रह्मानुसंदधानस्याद्वेष्टृत्वादि-धर्मविशिष्टस्य मुख्यस्याधिकारिणः श्रवण-मनन-निदिध्यासनान्यावर्तयतो वेदान्तवाक्यार्थ-तत्त्वसाक्षात्कारसंभवात्, ततो मुक्त्युपपत्तेर्मुक्तिहेतुवेदान्तमहावाक्यार्थान्वययोग्यस्तत्पदार्थः अनुसंधेय इति मध्यमेन षट्केन सिद्धम्॥ २०॥

अन्यथा सिद्ध हैं। ये ही पूर्वमें स्थितप्रज्ञ लक्षणरूपसे कहा है यह धर्मसमुदाय प्रयत्नसे सम्पाद्यमान मुमुक्षुके मोक्षका साधन होता है इसका प्रतिपादन करते हुए उपसंहार करते हैं—**'ये तु'** इत्यादिसे। जो मुमुक्षु संन्यासी धर्मरूप जो अमृत अर्थात् अमृतत्व साधन अथवा अमृतकी तरह आस्वादयुक्त जो उक्त धर्म पूर्वमें 'अद्वेष्टा-सर्वभूतानाम्' इत्यादिसे कहा है श्रद्धा पूर्वक इसका जो अनुष्ठान करता है परिश्रम तप श्रद्धासे अक्षरात्मा भगवान् वासुदेव ही परम प्राप्तव्य अथवा निरतिशय गति है जिनके वे मत्परम भक्त मुझ निरुपाधिक ब्रह्मका भजन करते हैं वे मुझको अधिक प्रिय हैं। 'प्रियो हि ज्ञानिनोऽत्यर्थमहं स च मम प्रियः' इस पूर्व सूचितका यह उपसंहार है। जिससे उस धर्मयुक्त अमृतका श्रद्धासे अनुष्ठान करता हुआ परमेश्वर भगवान् विष्णुका अत्यन्त प्रिय होता है इसलिए ज्ञानवान्का स्वतः सिद्ध उस लक्षणका भगवान् विष्णुके परम पदमें जाने की इच्छा रखनेवाले आत्मतत्त्वजिज्ञासु मुमुक्षुको आत्म ज्ञानोपाय रूपसे परम प्रयत्नसे अनुष्ठान करना चाहिये विष्णुके परम पदमें जो जिगमिषु है यह वाक्यार्थ है। इस प्रकार सोपाधिक ब्रह्मध्यानके परिपाकसे निरुपाधिक ब्रह्मका अनुचिन्तन करनेवाला अद्वेष्टृत्वादि धर्म विशिष्ट मुख्याधिकारी श्रवण मनन निदिध्यासनका आवर्तन करता हुआ वेदान्त वाक्यार्थतत्त्वके साक्षात्कार होनेसे मुक्तिको प्राप्त करता है। मुक्ति हेतु वेदान्त महावाक्यार्थान्वयके योग्य तत्पदार्थ चिन्तनीय है यह मध्यम छह अध्यायोंसे सिद्ध है॥ २०॥

जीवन्मुक्तेर्निर्विकल्पाद्विशिष्टा निष्ठोक्ताऽतोऽजेन भक्तेर्वरिष्ठा ।
तत्रानन्दाब्धौ कृता मे प्रतिष्ठा येनातस्तं काशिराजं भजेऽहम् ॥ २ ॥

इति श्रीमत्परमहंस-परिव्राजकाचार्य-श्रीविश्वेश्वरसरस्वतीपूज्यपादशिष्यश्रीमधुसूदन-सरस्वतीविरचितायां श्रीमद्भगवद्गीतागूढार्थदीपिकायां भक्तियोगविवरण-निरूपणं नाम द्वादशोऽध्यायः ॥ १२ ॥

अर्थ— भगवान्‌ने निर्विकल्प जीवन मुक्तिसे भक्ति निष्ठा श्रेष्ठा कहा है उस आनन्द समुद्रमें जिसने मेरी स्थिति किया है उस काशिराज गुरुका भजन करता हूँ ।

इस प्रकार म० म० पं० प्रवर श्रीहरिहरकृपालुद्विवेदिकृत गीता मधुसूदनीके भाषा अनुवाद का बारहवाँ अध्याय समाप्त हुआ ।

इति उपासनाषट्कं द्वितीयम्
संपूर्णम्

ज्ञानषट्कमारभ्यते

अथ त्रयोदशोऽध्यायः

श्रीभगवानुवाच

इदं शरीरं कौन्तेय ! क्षेत्रमित्यभिधीयते ।
एतद्यो वेत्ति तं प्राहुः क्षेत्रज्ञ इति तद्विदः ॥ १ ॥

श्री भगवान् बोले—हे अर्जुन ! यह शरीर क्षेत्र कहा जाता है, इस क्षेत्रको जो जानता है उसको [क्षेत्रज्ञ] ऐसा क्षेत्र क्षेत्रज्ञके भेदके जाननेवाले कहते हैं ॥ १ ॥

ध्यानाभ्यासवशीकृतेन मनसा तन्निर्गुणं निष्क्रियम्
ज्योतिः किंचन योगिनो यदि परं पश्यन्ति पश्यन्तु ते ।
अस्माकं तु तदेव लोचनचमत्काराय भूयाच्चिरम्
कालिन्दीपुलिनोदरे किमपि यन्नीलं महो धावति ॥ १ ॥

प्रथम-मध्यमषट्कयोस्तत्त्वंपदार्थावुक्तौ, उत्तरस्तु षट्को वाक्यार्थनिष्ठः सम्यग्धी-

---

अर्थ—'प्रत्ययैकतानता ध्यानम्, तत्र स्थितौ यत्नोऽभ्यासः' इन योगसूत्रोंसे निर्दिष्ट पूर्वव्याख्यात ध्यानाभ्याससे स्ववशीकृत मन द्वारा वह निर्गुण-गुणातीत क्रिया रहित स्वयं प्रकाश चैतन्यात्मरूप किसी ज्योतिको यदि योगिजन सर्वोत्कृष्ट देखते हैं तो वे देखें उनसे हमको कुछ कहना नहीं है, किन्तु मेरे नेत्र चमत्कारके लिये 'आनन्दसन्दोहोद्रेकार्थ' वही यमुनाजीके किनारे जो अवाङ्मनसगोचर कोई श्याम तेज दौड़ता है वह हो अर्थात् मेरा नेत्र श्रीकृष्णचन्द्रके दर्शनार्थ ही लोलुप है। इससे भगवान् श्रीवासुदेवमें भक्ति प्रेमातिशय दिखलाया दोनोंका ऐक्य ध्वनित होता है ।

प्रथम और मध्यम छह अध्यायोंसे तत्त्वंपदार्थ-ब्रह्म जीव कहा । उत्तर छ अध्यायोंका समुदाय जो **'तत्त्वमसि'** एतद्वाक्यार्थनिष्ठ समीचीन ज्ञान प्रधान है उसका अब प्रारम्भ करते हैं।

---

१. अत्रादौ अर्जुन उवाच—

'प्रकृतिं पुरुषञ्चैव क्षेत्रं क्षेत्रज्ञमेव च । एतद्वेदितुमिच्छामि ज्ञानं ज्ञेयञ्च केशव' ॥ १ ॥

इति श्लोकं केचित् पठन्ति, स च भाष्यकारादिभिरव्याख्यातत्वान्निर्मूल इत्युपेक्षणीयः । इति ।

प्रधानोऽधुनाऽऽरभ्यते । तत्र—"तेषामहं समुद्धर्ता मृत्युसंसारसागरात् । भवामि" इति प्रागुक्तम् । नचात्माज्ञानलक्षणान्मृत्योरात्मज्ञानं विनोद्धरणं संभवति । अतो यादृशेनाऽऽत्मज्ञानेन मृत्युसंसारनिवृत्तिः, येन च तत्त्वज्ञानेन युक्ता अद्वेष्टृत्वादिगुणशालिनः संन्यासिनः प्राग्व्याख्याताः, तदात्मतत्त्वज्ञानं वक्तव्यम् । तच्चाद्वितीयेन परमात्मना सह जीवस्याभेदमेव विषयीकरोति । तद्भेदभ्रमहेतुकत्वात्सर्वानर्थस्य । तत्र जीवानां संसारिणां प्रतिक्षेत्रं भिन्नानामसंसारिणैकेन परमात्मना कथमभेदः स्यादित्याशङ्कायां संसारस्य, भिन्नत्वस्य चाविद्याकल्पितानात्मधर्मत्वान्न जीवस्य संसारित्वम्, भिन्नत्वं चेति वचनीयम् । तदर्थं देहेन्द्रियान्तःकरणेभ्यः क्षेत्रेभ्यो विवेकेन क्षेत्रज्ञः पुरुषो जीवः प्रतिक्षेत्रमेक एव निर्विकार इति प्रतिपादनाय क्षेत्रक्षेत्रज्ञविवेकः क्रियतेऽस्मिन्नध्याये । तत्र ये द्वे प्रकृती भूम्यादिक्षेत्ररूपतया, जीवरूपक्षेत्रज्ञतया चापरपरशब्दवाच्ये सप्तमाध्याये सूचिते । तद्विवेकेन तत्त्वं निरूपयिष्यन् श्रीभगवानुवाच—'इदमि'ति । इदम्-इन्द्रियान्तःकरणसहितं भोगायतनं शरीरं हे कौन्तेय ! क्षेत्रमित्यभिधीयते । सस्यस्येवास्मिन्नसकृत्कर्मणः फलस्य निर्वृत्तेः । एतद्यो वेत्ति-अहं ममेत्यभिमन्यते, तं क्षेत्रज्ञ इति प्राहुः, कृषीवलवत्तत्फलभोक्तृत्वात् । तद्विदः-क्षेत्रक्षेत्रज्ञयोर्विवेकविदः । अत्र चाभिधीयत इति

उसमें **'तेषामहमि'**त्यादि पूर्वमें कहा गया है। अनात्मज्ञानस्वरूप मृत्युसे उद्धार आत्मज्ञानके विना नहीं हो सकता । अतएव 'तरति शोकमात्मवित्' यह श्रुतिका उद्घोष है इस कारणसे जिस आत्मज्ञान से मृत्युशील संसारकी निवृत्ति और जिस तत्त्वज्ञानसे युक्त अद्वेष्टृत्वादि गुणवान् संन्यासी जो पूर्वमें कहे गये हैं उस आत्मतत्त्वज्ञानको कहना है । वह ज्ञान अद्वितीय परमात्माके साथ जीवके अभेद—'ऐक्य' को ही विषय करता है क्योंकि जीवब्रह्मका भेद भ्रममूलक ही सब अनर्थ है । संसारका मूल उक्त भेदभ्रमका निवर्तक उक्त अभेद निश्चय ही है । जीव संसारी और प्रति शरीर भिन्न है और परमात्मा असंसारी एक है फिर इन दोनोंका अभेद-ऐक्य कैसे हो सकता है ? ऐसी शंका होनेपर संसार और भेद अविद्याकल्पित होनेसे आत्माके धर्म नहीं है अतएव जीवमें संसारित्व और भिन्नत्व निराकरणीय हैं । इसके लिये देह इन्द्रिय और अन्तःकरणरूप क्षेत्रसे विवेक कर क्षेत्रज्ञ पुरुष जीव प्रत्येक शरीरमें एक ही विकार शून्य है इसके प्रतिपादनके लिये इस अध्यायमें क्षेत्र क्षेत्रज्ञका विवेचन करते हैं । उसमें जो दो प्रकृति पृथिव्यादि क्षेत्ररूपसे और जीव क्षेत्रज्ञ रूपसे अपर पर शब्दसे सप्तम अध्यायमें कही गयी है उसके विवेचनसे तत्त्वनिरूपण करनेवाले भगवान् बोले—**'इदमिति'** से । हे अर्जुन ! यह इन्द्रिय और अन्तःकरण सहित भोगायतन शरीर को सस्यके समान इसमें वार वार कर्मफलके होनेसे क्षेत्र यह कहा जाता है । यह मैं और यह मेरा जो समझता है उसे क्षेत्रज्ञ कहते हैं—कृषीवल-किसान खेती करनेवालेके समान उसके फलको

क्षेत्रज्ञं चापि मां विद्धि सर्वक्षेत्रेषु भारत ! ।
क्षेत्रक्षेत्रज्ञयोर्ज्ञानं यत्तज्ज्ञानं मतं मम ॥ २ ॥

हे अर्जुन ! सब क्षेत्रों में क्षेत्रज्ञ मुझको जानो । क्षेत्र और क्षेत्रज्ञका जो ज्ञान है वही मोक्षसाधनज्ञान है, ऐसा मेरा मत है ॥ २ ॥

कर्मणि प्रयोगेण क्षेत्रस्य जडत्वात्कर्मत्वम्, क्षेत्रज्ञशब्दे च द्वितीयां विनैव इतिशब्दमाहरन्स्वप्रकाशत्वात्कर्मत्वाभावमभिप्रैति । तत्रापि क्षेत्रं यैः कैश्चिदप्यभिधीयते, न तत्र कर्तृगतविशेषापेक्षा । क्षेत्रज्ञं तु कर्मत्वमन्तरेणैव विवेकिन एवाऽऽहुः स्थूलदृशामगोचरत्वादिति कथयितुम् विलक्षणवचनव्यक्त्या, एकत्र कर्तृपदोपादानेन च निर्दीशति भगवान् ॥ १ ॥

एवं देहेन्द्रियादिविलक्षणं स्वप्रकाशं क्षेत्रज्ञमभिधाय, तस्य पारमार्थिकं रूप [तत्त्व] मादाय संसारिणः परमात्मनैक्यमाह—**'क्षेत्रज्ञमि'**ति । सर्वक्षेत्रेषु य एकः क्षेत्रज्ञः स्वप्रकाशचैतन्यरूपः नित्यो विभुश्च, तमविद्याध्यारोपितकर्तृत्वभोक्तृत्वादिसंसारधर्मं क्षेत्रज्ञमाविद्यकरूपपरित्यागेन माम्-ईश्वरमसंसारिणमद्वितीयब्रह्मानन्दरूपं विद्धि-जानीहि हे भारत ! । एवं च क्षेत्रं मायाकल्पितं मिथ्या । क्षेत्रज्ञश्च परमार्थसत्यस्तद्भ्रमाधिष्ठानमिति क्षेत्रक्षेत्रज्ञयोर्यज्ज्ञानम्, तदेव

भोगनेसे । तद्विदः—अर्थात् क्षेत्र और क्षेत्रज्ञका विशेष दर्शी । यहाँ पर अभिधीयतेमें कर्ममें लकार होनेसे कर्मप्रत्ययान्त उक्तप्रयोगसे क्षेत्र शरीर जड़ है अतएव कर्म है, क्षेत्रज्ञ शब्दमें द्वितीया विभक्तिके विना ही इति शब्दके समभिव्याहारसे प्रयोगसे स्वप्रकाश होनेसे कर्मत्वाभाव अभिप्रेत है । तात्पर्य यह है कि आत्मा विषयी और असङ्ग होनेसे ज्ञानविषयत्वेन कर्म नहीं हो सकता । क्षेत्रको कोई भी कह सकते हैं क्योंकि वह स्थूल बुद्धियोंका विषय है इसमें विशिष्ट कर्ताकी अपेक्षा नहीं क्षेत्रज्ञको तो कर्मत्वके विना विवेकी ही कह-सकते अविवेकियोंसे जाननेके योग्य नहीं है । क्षेत्रकथनमें कर्ताका निर्देश नहीं है 'अभिधीयते'से तृतीयान्त जिस किसी साधारण मनुष्य कर्ताका अध्याहार होता है, द्वितीय क्षेत्रज्ञ कथनमें तद्विदःसे विशिष्ट तद्वेत्ता पुरुष कर्ताका प्रथमा बहुवचनान्तसे निर्देश है, इसलिये भगवान्का तात्पर्य आत्माके स्वप्रकाशमें है यह स्पष्ट अभिव्यक्त होता है ॥ १ ॥

इस प्रकार देहेन्द्रियादिसे विलक्षण स्वप्रकाश क्षेत्रज्ञको कहकर उसका यथार्थस्वरूप असंसारी वास्तविक बंधशून्य परमात्माके साथ ऐक्य कहते हैं **'क्षेत्रज्ञमि'**त्यादिसे । हे भारत ! सब क्षेत्रोंमें जो एक क्षेत्रज्ञ है स्वप्रकाशचैतन्यरूप नित्य और विभु उस अविद्यासे आरोपित कर्तृत्व भोक्तृत्वादि संसार धर्मसे विशिष्ट क्षेत्रको आरोपित अविद्यारूपके परित्यागसे असंसारी ईश्वर अद्वितीय ब्रह्मानन्दरूप मुझको जानो । इस प्रकार क्षेत्रको माया कल्पित मिथ्या मानो । क्षेत्रज्ञको परमार्थ सत्य समझो क्षेत्रभ्रमका अधिष्ठान

तत्क्षेत्रं यच्च यादृक्च यद्विकारि यतश्च यत् ।
स च यो यत्प्रभावश्च तत्समासेन मे शृणु ॥ ३ ॥

वह क्षेत्र, जो है, जैसा है, जिन इन्द्रिय विकारोंसे युक्त है, जिससे जो हुआ है, तथा वह क्षेत्रज्ञ, जो उपाधिसे शक्तिवाला है, उस क्षेत्रज्ञके वास्तविक स्वरूपको संक्षेपसे मुझसे सुनो ॥ ३ ॥

मोक्षसाधनत्वाज्ज्ञानमविद्याविरोधि प्रकाशरूपं मम मतम्, अन्यत्तु अज्ञानमेव, तदविरोधित्वादित्यभिप्रायः । अत्र जीवेश्वरयोराविद्यको भेदः, पारमार्थिकस्त्वभेद इत्यत्र युक्तयो भाष्यकृद्भिर्वर्णिताः । अस्माभिस्तु ग्रन्थविस्तरभयात्, प्रागेव बहुधोक्तत्वाच्च नोपन्यस्ताः ॥ २ ॥

संक्षेपेणोक्तमर्थं विवरीतुमारभते—'**तत्क्षेत्रमि**'ति । तदिदं शरीरमिति प्रागुक्तं जडवर्गरूपं क्षेत्रं यच्च स्वरूपेण जड-दृश्य-परिच्छिन्नादिस्वभावं यादृक्चेच्छादिधर्मकं यद्विकारियैरिन्द्रियादिविकारैर्युक्तम् । यतश्च कारणाद्यत्कार्यमुत्पद्यत इति शेषः । अथवा यतः-प्रकृतिपुरुषसंयोगाद्भवति । '**यदि**'ति यैः स्थावरजङ्गमादिभेदैर्भिन्नमित्यर्थः । अत्रानियमेन चकारप्रयोगात्सर्वसमुच्चयो द्रष्टव्यः । स च क्षेत्रज्ञो यः स्वरूपतः स्वप्रकाशचैतन्यानन्दस्वभावः । यत्प्रभावश्च-ये प्रभावा उपाधिकृताः शक्तयो यस्य, तत्-क्षेत्रक्षेत्रज्ञयाथात्म्यं सर्वविशेषणविशिष्टम् समासेन-संक्षेपेण मे-मम वचनाच्छृणु श्रुत्वाऽवधारयेत्यर्थः ॥ ३ ॥

क्षेत्रज्ञ हैं यह क्षेत्रक्षेत्रज्ञका जो ज्ञान वही मोक्ष हेतु होनेसे अविद्याका विरोधि प्रकाशरूप ज्ञान मुझको अभिमत है इससे अतिरिक्त ज्ञान तो अज्ञान ही है क्योंकि वह अविद्याविरोधी नहीं है यह अभिप्राय है। यहाँ जीव और ईश्वरका भेद आविद्यक है वास्तविक तो अभेद ही है इसमें युक्तियां भाष्यकारने कही हैं, हमने ग्रन्थके विस्तार भयसे और पूर्वमें वहुत प्रकारसे कहा भी है अतः उनका पुनः उल्लेख नहीं किया। ग्रन्थकारके कथनानुसार हम भी भाष्योक्त युक्तियोंका अनुवाद छोड़ते हैं ॥ २ ॥

संक्षेपसे उक्तार्थके विवरणका आरम्भ करते हैं '**तत्क्षेत्रम्**' इत्यादिसे। वही यह शरीरजो पहले कहा है वह जडवर्गरूप क्षेत्र जो स्वरूपसे जड़, दृश्य, परिच्छिन्न आदि स्वभाववाला यादृक्-जैसा इच्छादिधर्मवाला यद्विकारि-जिन इन्द्रियादि विकारोंसे युक्त जिस कारणसे जो कार्य उत्पन्न होता है, 'उत्पद्यते' श्लोकमें नहीं है इसलिये शेषः कहा अर्थात् अध्याहार करना चाहिये। अथवा जिस प्रकृति पुरुष संयोगसे होता है; जिन स्थावर वृक्षादि है जंगम मनुष्यादि है इन भेदोंसे भिन्न। यहां 'यच्च यादृक् च' इत्यादि कतिपयपदोंके वाद चकार है 'क्षेत्र-क्षेत्रज्ञयोः' इत्यादिमें चकार नहीं है अतः अनियम है। अनियत चकारसे सवका समुच्चय जानना। वह क्षेत्रज्ञ जो स्वरूपतः स्वप्रकाश चैतन्यानन्दस्वभाव है जो प्रभाव उपाधिकृत-

ऋषिभिर्बहुधा गीतं छन्दोभिर्विविधैः पृथक्।
ब्रह्मसूत्रपदैश्चैव हेतुमद्भिर्विनिश्चितैः ॥ ४ ॥

ऋषियोंने इसका अनेक प्रकारसे कथन किया है, नित्य, नैमित्तिक, काम्य कर्मोंके बोधक ऋगादि मन्त्रों और ब्राह्मण ग्रन्थोंसे अनेक प्रकारसे पृथक् निरूपण किया गया है, तथा युक्तिपूर्ण निश्चित अर्थके प्रतिपादक ब्रह्मसूत्र अर्थात् ब्रह्मके तटस्थ लक्षण बोधक उपनिषद् वाक्य तथा पद अर्थात् स्वरूप लक्षण बोधक उपनिषद् वाक्यके द्वारा निरूपण किया गया है ॥ ४ ॥

कैर्विस्तरेणोक्तस्यायं संक्षेप इत्यपेक्षायां श्रोतृबुद्धिप्ररोचनार्थं स्तुवन्नाह—'**ऋषिभिरि**'ति । ऋषिभिः-वसिष्ठादिभिर्योगशास्त्रेषु धारणा-ध्यानविषयत्वेन बहुधा गीतम्-निरूपितम् । एतेन योगशास्त्रप्रतिपाद्यत्वमुक्तम् । विविधैः-नित्य-नैमित्तिक-काम्यकर्मादिविषयैश्छन्दोभिः-ऋगादिमन्त्रैर्ब्राह्मणैश्च पृथक्-विवेकतो गीतम् । एतेन कर्मकाण्डप्रतिपाद्यत्वमुक्तम् ।

ब्रह्मसूत्रपदैश्चैव-ब्रह्म सूत्र्यते-सूच्यते किंचिद् व्यवधानेन प्रतिपाद्यत एभिरिति ब्रह्म-सूत्राणि-"यतो वा इमानि भूतानि जायन्ते, येन जातानि जीवन्ति, यत्प्रयन्त्यभिसंविशन्ति" इत्यादीनि तटस्थलक्षणपराण्युपनिषद्वाक्यानि । तथा पद्यते-ब्रह्म साक्षात्प्रतिपाद्यत एभिरिति पदानि स्वरूपलक्षणपराणि-"सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्म" इत्यादीनि । तैर्ब्रह्मसूत्रैः, पदैश्च हेतुमद्भिः

शक्ति है जिसकी उस क्षेत्र क्षेत्रज्ञके याथात्म्यको जो सब विशेषणोंसे युक्त है संक्षेपसे मुझसे सुनो और सुनकर निश्चय करो यह अर्थ है ॥ ३ ॥

प्रश्न—किसने विस्तारसे कहा है जिसका यह संक्षेप है इस प्रकारकी अपेक्षामें श्रोताकी बुद्धिमें उत्साहार्थ स्तुति करते हुए कहते हैं—'**ऋषिभिः**' इत्यादिसे । ऋषि वसिष्ठादिकोंने योगशास्त्रोंमें धारणा ध्यानके विषय द्वारा अनेक प्रकारसे निरूपण किया है । इससे इसमें योगशास्त्र प्रतिपाद्यत्व कहा । विविध नित्य, नैमित्तिक, काम्य कर्मादि विषयसे छन्द-ऋगादि मन्त्र एवं ब्राह्मणोंसे अलग-अलग विचारपूर्वक निरूपण किया है । इससे कर्मकाण्ड प्रतिपाद्यत्व कहा । 'ब्रह्मसूत्रपदैश्चैव' यहाँ ब्रह्म सूत्र्यते सूच्यते किञ्चित् व्यवधानेन प्रतिपाद्यते एभिः इति ब्रह्मसूत्राणि 'यतो वा इमानि भूतानि जायन्ते, येन जातानि जीवन्ति, यत् प्रयन्त्यभिसम्विशन्ति' इत्यादि तटस्थलक्षणपरक उपनिषद् वाक्य ब्रह्मसूत्र है ।

अर्थात्—जिससे वे भूत [कार्यमात्र] उत्पन्न होते हैं जिससे उत्पन्न होकर जीते हैं और नष्ट होते हुए जिसमें तिरोहित होते हैं इत्यादि ब्रह्मके तटस्थ लक्षण बतानेवाले उपनिषद् वाक्य ब्रह्मसूत्रसे विवक्षित हैं ।

संसारके जन्म, स्थिति तथा भंगका हेतु और उपादान दोनों ब्रह्म ही है यह ब्रह्मका तटस्थ लक्षण है । 'सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्म' यह ब्रह्मका स्वरूप लक्षण है जो आगे कहते हैं । तथा पद्यते ब्रह्म साक्षात् 'प्रतिपाद्यते

महाभूतान्यहङ्कारो बुद्धिरव्यक्तमेव च ।
इन्द्रियाणि दशैकं च पञ्च चेन्द्रियगोचराः ॥ ५ ॥

पांच महाभूत (पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, आकाश) अहङ्कार, बुद्धि, प्रकृति, दश इन्द्रियां, एक मन, पाँच इन्द्रियोंके पांच विषय (रूप, रस, गन्ध, स्पर्श, और शब्द) ॥ ५ ॥

"सदेव सोम्येदमग्र आसीदेकमेवाद्वितीयम्" इत्युपक्रम्य "तद्धैके आहुरसदेवेदमग्र आसीदेकमेवाद्वितीयम्, तस्मादसतः सज्जायेत" इति नास्तिकमतमुपन्यस्य "कुतस्तु खलु सोम्यैवं स्यादिति होवाच कथमसतः सज्जायेत ? इत्यादियुक्तीः प्रतिपादयद्भिर्विनिश्चितैः-उपक्रमोपसंहारैकवाक्यतया संदेहशून्यार्थप्रतिपादकैर्बहुधा गीतं च । एतेन ज्ञानकाण्डप्रतिपाद्यत्वमुक्तम् । एवमेतैरतिविस्तरेणोक्तं क्षेत्रक्षेत्रज्ञयाथात्म्यं संक्षेपेण तुभ्यं कथयिष्यामि तच्छृणिवत्यर्थः ।

अथवा ब्रह्मसूत्राणि तानि पदानि चेति कर्मधारयः । तत्र विद्यासूत्राणि-"आत्मेत्येवोपासीत" बृ० उ० १-४-७- इत्यादीनि, अविद्यासूत्राणि-"न स वेद यथा पशुः" बृ० उ० १-४-१० इत्यादीनि, तैर्गीतमिति ॥ ४ ॥

एवं प्ररोचितायार्जुनाय क्षेत्रस्वरूपं तावदाह द्वाभ्याम्——**'महाभूतानी'त्यादिना ।** महान्ति भूतानि-भूम्यादीनि पञ्च । अहङ्कारः-तत्कारणभूतोऽभिमानलक्षणः । बुद्धिः-

एभिः' इति पदानि-स्वरूपलक्षणपराणि 'सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्म' इत्यादीनि । इसका अर्थ—साक्षात् प्रतिपादन किया जाय ब्रह्म जिनसे वे पद हैं जैसे सत्य आदि ये शब्द साक्षात् ब्रह्मके बोधक हैं । हेतुमद्भिः 'सदेव सोम्येदमग्र आसीद्, एकमेवाद्वितीयम्, इस उपक्रमका 'तद्धैके आहुः, असदेवेदमग्र आसीद्, एकमेवाद्वितीयम् तस्मात् असतः सज्जायेत' इस नास्तिक मतका उपन्यासकर हे सौम्य ! कैसे ऐसा हो सकता है यह कहा । 'कथमसतः सज्जायेत' इत्यादि युक्तियोंका प्रतिपादन करते हुए निश्चित-उपक्रमोपसंहारैकवाक्यसे संदेह रहित अर्थ प्रतिपादक' पदोंसे अनेक प्रकारसे निरूपण किया गया है । इससे ज्ञानकाण्ड प्रतिपाद्यत्व कहा ।

इस प्रकार इनसे विस्तारसे पूर्वोक्त क्षेत्र क्षेत्रज्ञके तत्त्वको संक्षेपसे तुमसे कहूँगा उसको सुनो यह अर्थ है ।

अथवा ब्रह्मसूत्राणि च तानि पदानि यह कर्मधारय समास है । उसमें विद्यासूत्र 'आत्मेत्येव उपासीत' इत्यादि, अविद्यासूत्र 'न स वेद यथा पशुः' इत्यादि इनसे अनेक प्रकार निरूपण किया गया है ॥ ४ ॥

इस प्रकार प्रोत्साहित अर्जुनको दो श्लोकोंसे क्षेत्रका स्वरूप कहते हैं—**'महाभूतानी'त्यादि** से । महाभूत भूम्यादि पांच, अहङ्कार-तत्कारणभूत अभिमान रूप । बुद्धि-अध्यवसाय रूप महत्तत्व अहङ्कारका

अहङ्कारकारणं महत्तत्त्वमध्यवसायलक्षणम् । अव्यक्तम्-तत्कारणं सत्त्वरजस्तमोगुणात्मकम् प्रधानं सर्वकारणम्, न कस्यापि कार्यम् । एवकारः प्रकृत्यवधारणार्थः । एतावत्येवाष्टधा प्रकृतिः । चशब्दो भेदसमुच्चयार्थः । तदेवं सांख्यमतेन व्याख्यातम् ।

औपनिषदानां तु अव्यक्तम्-अव्याकृतमनिर्वचनीयं मायाख्या पारमेश्वरी शक्तिः, 'मम माया दुरत्यये' त्युक्तम् । बुद्धिः-सर्गादौ सद्विषयमीक्षणम् । अहङ्कारः-ईक्षणानन्तरमहं बहु स्यामिति संकल्पः । ततः आकाशादिक्रमेण पञ्चभूतोत्पत्तिरिति । न ह्यव्यक्तमहदहङ्काराः सांख्यसिद्धा औपनिषदैरुपगम्यन्ते, अशब्दत्वादिहेतुभिरिति स्थितम् ।

"मायां तु प्रकृतिं विद्यान्मायिनं तु महेश्वरम्" श्वे० ४-१० ।

"ते ध्यानयोगानुगता अपश्यन्देवात्मशक्तिं स्वगुणैर्निगूढाम्" श्वे० १-३ ॥

इति श्रुतिप्रतिपादितमव्यक्तम् । "तदैक्षत" इतीक्षणरूपा बुद्धिः । "बहु स्यां प्रजायेय" इति बहुभवनसंकल्परूपोऽहङ्कारः । "तस्माद्वा एतस्मादात्मन आकाशः संभूतः, आकाशाद्वायुः, वायोरग्निः, अग्नेरापः, अद्भ्यः पृथिवी" तै० ३-२-१ इति पञ्चभूतानि श्रौतानि । अयमेव पक्षः साधीयान् । इन्द्रियाणि दशैकं च श्रोत्रत्वक्चक्षूरसनघ्राणाख्यानि पञ्च बुद्धीन्द्रियाणि,

---

कारण, इसका कारण सत्त्वरजोगुणात्मक अव्यक्त प्रधान यह सबका कारण ही है, किसीका कार्य नहीं । एवकार प्रकृतिके निश्चयार्थक है । इतनी ही आठ प्रकारकी प्रकृति है, च भेद समुच्चयार्थ है । इस प्रकार सांख्यमतसे व्याख्यान किया ।

वेदान्ती लोगोंका व्याख्यान करते हैं—अव्यक्त-अव्याकृत अनिर्वचनीय माया नामकी परमेश्वर की शक्ति 'मम माया दुरत्यया' से जो कही गई है । बुद्धि सर्गादिमें सद्विषयक ईक्षण है । देखनेके बाद 'अहं बहु स्याम्' मैं बहुत होऊँगा यह संकल्प अहंकार है । इन्हींसे आकाशादि क्रमसे आत्मासे आकाश, आकाशसे वायु, वायु से अग्नि, अग्नि से जल-जल से पृथिवी इस प्रकार पांच महाभूतोंकी उत्पत्ति है । अव्यक्त महदहंकार जो सांख्यप्रसिद्ध हैं उनको वेदान्ती नहीं मानते अशब्दत्वादि हेतुसे निराकरण पूर्वमें स्थित है ।

'मायां तु प्रकृतिं विद्यान्मायिनं तु महेश्वरम् ।'

'ते ध्यानयोगानुगता अपश्यन् देवात्मशक्तिं स्वगुणैर्निगूढाम् ॥'

इस श्रुतिसे प्रतिपादित अव्यक्त है, 'तदैक्षत' यह ईक्षणरूपा बुद्धि 'बहु स्यां प्रजायेय' यह बहु भवन संकल्परूप अहंकार, 'तस्माद् वा एतस्माद् आत्मन आकाशः संभूतः, आकाशाद् वायुः, वायोरग्निः, अग्नेरापः, अद्भ्यः पृथ्वी, ये पाँच महाभूत वैदिक हैं यही पक्ष श्रेष्ठ है । इन्द्रियाँ दश एक और ग्यारह श्रोत्र त्वक् चक्षु

इच्छा द्वेषः सुखं दुःखं संघातश्चेतना धृतिः ।
एतत्क्षेत्रं समासेन सविकारमुदाहृतम् ॥ ६ ॥

इच्छा, द्वेष, सुख, दुःख, शरीर, ज्ञान, धारणके लिये प्रयत्न, उत्पत्ति स्थिति आदि विकार सहित यह सब क्षेत्र है, ऐसा संक्षेपसे कहा गया है ॥ ६ ॥

वाक्पाणिपादपायूपस्थाख्यानि पञ्च कर्मेन्द्रियाणीति । तानि, एकं च मनः-संकल्पविकल्पात्मकम्, पञ्च चेन्द्रियगोचराः-शब्द-स्पर्श-रूप-रस-गन्धाः, ते बुद्धीन्द्रियाणां ज्ञाप्यत्वेन विषयाः, कर्मेन्द्रियाणां तु कार्यत्वेन । तान्येतानि सांख्याश्चतुर्विंशतितत्त्वान्याचक्षते ॥ ५ ॥

इच्छेति । इच्छा-सुखे, तत्साधने चेदं मे भूयादिति स्पृहात्मा चित्तवृत्तिः, काम इति, राग इति चोच्यते । द्वेषः-दुःखे तत्साधने चेदं मे मा भूदिति स्पृहाविरोधिनी चित्तवृत्तिः, क्रोध इति, ईर्ष्येति चोच्यते । सुखम्-निरुपाधीच्छाविषयीभूता धर्मासाधारणकारणिका चित्तवृत्तिः परमात्मसुखव्यञ्जिका । दुःखं निरुपाधिद्वेषविषयीभूता चित्तवृत्तिरधर्मासाधारणकारणिका । संघातः-पञ्चमहाभूतपरिणामः सेन्द्रियं शरीरम् । चेतना-स्वरूपज्ञानव्यञ्जिका प्रमाणासाधारण-कारणिका चित्तवृत्तिर्ज्ञानाख्या । धृतिः-अवसन्नानां देहेन्द्रियाणामवष्टम्भहेतुः प्रयत्नः ।

रसना घ्राण ये पाँच ज्ञानेन्द्रियां हैं, वाक्, पाणि, पाद, पायु, उपस्थ ये पाँच कर्मेन्द्रियाँ हैं, ये दश हुए, संकल्प-विकल्पात्मक एक मन है, ज्ञानेन्द्रियोंके विषय पांच हैं शब्द स्पर्श रूप रस गंध ये ज्ञानेन्द्रियोंके ज्ञाप्य विषय हैं और कर्मेन्द्रियोंके कार्यरूप वचन आदान विहार उत्सर्ग और आनन्द ये पाँच विषय हैं । इन्हींको सांख्यशास्त्रकार चौबीस तत्त्व कहते हैं ॥ ५ ॥

अब जिनको वैशेषिक आत्माका गुण कहते हैं वे भी इच्छादि क्षेत्रके धर्म हैं क्षेत्रज्ञके नहीं यह ऐसा भगवान् कहते हैं—**'इच्छे'**त्यादिसे । इच्छा सुख और उसके साधन यह मुझको हो ऐसी स्पृहारूप चित्तवृत्ति-विशेष है, इसको काम और राग भी कहते हैं । द्वेष-दुःख और उसके साधन ये हमको कभी न हो इस स्पृहाकी विरोधिनी चित्तवृत्ति है इसको क्रोध और ईर्ष्या भी कहते हैं । सुख उपाधि रहित इच्छा विषयी-भूत और धर्मके असाधारण कारण है, जिसका ऐसी परमात्मसुखका प्रकाश करनेवाली चित्तवृत्ति वास्त-विक सुख है ।

भाव यह है कि इच्छा दो प्रकारकी होती है एक सोपाधिक दूसरी निरुपाधिक पहिली अन्यकी इच्छाके अधीन इच्छा है, जो सुख चाहता है वह सुखके साधन द्रव्यादिको चाहता है क्योंकि इसके विना वैषयिक सुख नहीं हो सकता अतः सुखेच्छाधीन द्रव्यादि की इच्छा है, जो विषयसुख नहीं चाहता वह द्रव्यादि भी नहीं चाहता जैसे—वीतराग मुमुक्षु, अतः द्रव्यादिकी इच्छा सुखेच्छाधीन होनेसे सोपाधिक इच्छा-

उपलक्षणमेतदिच्छादिग्रहणं सर्वान्तःकरणधर्माणाम् । तथाच श्रुतिः—"कामः संकल्पः-विचिकित्सा श्रद्धाऽश्रद्धा धृतिरधृतिर्ह्रीर्धीर्भीरित्येतत्सर्वं मन एव" बृ० उ० १-५-३ इति

कही जाती है । द्वितीय सुखेच्छा निरुपाधिक इच्छा है क्योंकि यह अन्येच्छानधीन इच्छा है, सुख स्वयं पुरुषार्थ–पुरुषोंसे अर्थ्यमान है अतः अन्यकी इच्छाके अधीन इच्छाका विषय नहीं है 'धर्म है असाधारण कारण' जिसका इससे धर्मसे ही सुख होता है अन्यथा नहीं, सुख ब्रह्मस्वरूप है "सत्यं ज्ञानमानन्दं ब्रह्म" यह श्रुति है यथा 'एतस्यैवानन्दस्य अन्यानि भूतानि मात्रामुपजीवन्ति' ४-३-३२ इत्यादिवचनोंके अनुसार ब्रह्म सुख जन्य ही नहीं फिर धर्म असाधारण कारण कैसे हो सकता है ? इस शंकाकी निवृत्तिके लिये **'अभिव्य-ञ्जिका'** कहा अर्थात् धर्मासाधारणकारणका जो तत्तद्विषयक मनोवृत्ति उससे विषय सेवन दशामें परमा-नन्दमात्रा-लेशकी अभिव्यक्ति होती है साधारण जनता उसको विषयगत मान कर विषयजन्य सुख समझती है इत्यादि अन्यत्र विस्तृत है ।

निरुपाधि द्वेषविषयीभूत अधर्म है असाधारण कारण जिसका एवंभूत चित्तवृत्ति दुःख है। अधर्मसे दुःख होता है एक ही विषयसे किसीको सुख होता है किसीको दुःख इसमें असाधारण कारण धर्म और अधर्म ही है । जैसे मणि जिसको मिली उसको सुख होता है जिसको नहीं मिली उसको उससे दुःख होता है । पुण्यवान्को ही मणि मिलती है पापीको नहीं अतः यहां व्यञ्जिका नहीं कहा, दुःख वृत्तिरूप होनेसे जन्य ही है ।

संघात-पंच महाभूतोंका परिणाम जैसे इन्द्रियोंके सहित शरीर । यद्यपि तार्किक चातुर्भौतिक ही अर्थात् पृथिवी जल तेज वायु इन चार भूतोंसे बनी हुई शरीर मानते हैं तथापि अन्य लोग पांचभौतिक मानते हैं । अतएव भक्त शिरोमणि **श्रीतुलसीदासजीने** कहा है—

'क्षिति जल पावक गगन समीरा । पंचरचित यह अधम शरीरा ॥'

चेतना-स्वरूपज्ञानको प्रकाश करनेवाली प्रमाणासाधारणकारण अर्थात् प्रमाण है असाधारण कारण जिसका ऐसी ज्ञानरूप चित्तवृत्ति चेतना चैतन्य ब्रह्मस्वरूप है वही मुख्य ज्ञानशब्दार्थ है । "सत्यं ज्ञानमनन्तम् ब्रह्म" यह श्रुति भी इसी अर्थको अपनाती है किन्तु वह क्षेत्र जडात्मक नहीं हो सकता इसलिये ज्ञान यहां वृत्यात्मक गौण ही का ग्रहण इष्ट है । अतः ज्ञानावच्छेदक वृत्तिरूप प्रमाणोंसे उत्पन्न अतएव यथार्थ वस्तु स्वरूपका निर्णायक जो है वह यहां विवक्षित है । **प्रमाणेत्यादि** विशेषणसे ज्ञानाभास संशय विपर्ययकी व्यावृत्ति होती है क्योंकि वे वस्तुतत्त्वके ज्ञापक नहीं है । धृति-गिरे शरीरेन्द्रियोंके पुनः उठानेमें अथवा गिरते हुए उनको रोकनेका हेतु आन्तर प्रयत्न है ।

यह उपलक्षण है सब अन्तःकरणके धर्मोंका । ऐसी ही श्रुतिसे प्रतीति होती है "कामः संकल्पः विचिकित्सा श्रद्धाऽश्रद्धा धृतिरधृतिर्ह्रीर्धीर्भीरित्येतत्सर्वं मन एव" । इस श्रुतिमें तो ये सब मन है ऐसा-

'मृद्घटः' इतिवदुपादानाभेदेन कार्याणां कामादीनां मनोधर्मत्वमाह 'एतदि'ति । एतत्-परिदृश्यमानं सर्वं महाभूतादि धृत्यन्तं जडं क्षेत्रज्ञेन साक्षिणाऽवभास्यमानत्वात् तदनात्मकं क्षेत्रम्-भास्यमचेतनं समासेनोदाहृतम्-उक्तम् ।

ननु शरीरेन्द्रियसंघात एव चेतनः क्षेत्रज्ञ इति लोकायतिकाः, चेतना क्षणिकं ज्ञानमेवाऽऽत्मेति सुगताः, इच्छा-द्वेष-प्रयत्न-सुख-दुःख-ज्ञानान्यात्मनो लिङ्गमिति नैयायिकाः, तत्कथम् क्षेत्रमेवैतत्सर्वमिति ? तत्राऽऽह—**'सविकारमि'ति** । विकारः-जन्मादिर्नाशान्तः परिणामो नैरुक्तैः पठितः, तत्सहितं सविकारमिदं महाभूतादि धृत्यन्तम् । अतो न विकारः साक्षी, स्वोत्पत्ति-विनाशयोः स्वेन द्रष्टुमशक्यत्वात् । अन्येषामपि स्वधर्माणां स्वदर्शनमन्तरेण दर्शनानुपपत्तेः, स्वेनैव स्वदर्शने च कर्तृकर्मविरोधान्निर्विकार एव सर्वविकारसाक्षी ।

कहा है आप तद्विरुद्ध मनोधर्म कैसे कहते हैं ? इस शंकासे कहते हैं—'मृद्घटः, इत्यादि । मट्टीसे घड़ा बनता है मट्टी कारण है घड़ा कार्य है दोनोंके कार्य कारणका अभेद मानकर अभेदका श्रुतिमें व्यवहार है परन्तु लोकमें मृद्धर्म घट है यह जैसे भेदविवक्षासे व्यवहार होता है वैसे ही इच्छादि मनका धर्म है यह व्यवहार गीतामें किया गया है । यह अनुभूयमान-अनुभव किये जानेवाले सब महाभूतादि धृतिपर्यन्त जड है क्षेत्रज्ञ साक्षीसे प्रकाशमान होनेसे तदनात्मक (क्षेत्रज्ञके स्वरूपसे अतिरिक्त जो स्वरूप तदात्मक) क्षेत्र भास्य प्रकाश्य और अचेतनको संक्षेपसे कहा ।

यहां चार्वाक शंका करता है—**'ननु'** से । शरीर और इन्द्रियका समुदाय चेतन हैं वही क्षेत्रज्ञ है तद-तिरिक्त नहीं, क्योंकि उससे अतिरिक्तका प्रत्यक्ष नहीं होता । अवयवशः शरीरेन्द्रियोंका विभाग करने पर भी इनसे अतिरिक्त कोई नहीं देख पड़ता जिसको साक्षी कह सकें । चेतना क्षणिक ज्ञान ही आत्मा हैं यह बौद्ध-मत है । 'इच्छा-द्वेष-प्रयत्न-सुख-दुःख-ज्ञानान्यात्मनो लिङ्गम्' यह श्रीगौतममुनिका सूत्र है । इच्छादि आत्माके ज्ञापक लिङ्ग है । वात्स्यायन भाष्यादिमें इसका अर्थ अच्छे ढंगसे बताया गया है । यहां इसके अर्थ लिखनेसे ग्रन्थ वढ़ जायगा अतएव मूलकारने भी इसका अर्थ नहीं किया अतः मैं भी छोड़ता हूँ । तव कैसे कहते हैं कि यह सब क्षेत्र ही है इस शंकासे कहते हैं—**'सविकारम्'** इससे । विकार-जन्मसे लेकर नाशपर्यन्त जो निरुक्तकारने कहा है उसके सहित यह सविकार महाभूतादि धृत्यन्त है इस कारणसे अपने विकारका साक्षी नहीं होता । वह अपनी उत्पत्ति तथा विनाशको अपनेसे देख नहीं सकता । यह तो स्पष्ट है कि जो उत्पत्तिसे पहले तथा विनाशके अनन्तर रहेगा वही उसका द्रष्टा साक्षी होगा अन्य नहीं, अपनी उत्पत्तिके पूर्व तथा अपने विनाशके उत्तर जव अपनी ही स्थिति नहीं तव साक्षी होनेकी क्या संभावना ? और जो इच्छादि स्वधर्म है इनका भी साक्षी नहीं हो सकता—कारण ये मेरे धर्म हैं यह ज्ञान तव होगा जब अपनेको भी देखेगा धर्मीके ज्ञानके विना धर्म विशिष्ट धर्मीका ज्ञान होना असंभव ही है । घटके विना देखे घटका नील यह

अमानित्वमदम्भित्वमहिंसा क्षान्तिरार्जवम् ।
आचार्योपासनं शौचं स्थैर्यमात्मविनिग्रहः ॥ ७ ॥

आत्मप्रशंसाका अभाव, कपटका अभाव, अहिंसा, सहनशीलता, सरलता, ज्ञानोपदेशककी सेवा, शुद्धि, स्थिरता और देहेन्द्रियादिकोंका निरोध ॥ ७ ॥

तदुक्तम्—

"नर्ते स्याद्विक्रियां दुःखी साक्षिता का विकारिणः ।
धीविक्रियासहस्राणां साक्ष्यतोऽहमविक्रियः ॥" इति ।

तेन विकारित्वमेव क्षेत्रचिह्नम् , न तु परिगणनमित्यर्थः ॥ ६ ॥

एवं क्षेत्रं प्रतिपाद्य, तत्साक्षिणं क्षेत्रज्ञं क्षेत्राद्विवेकेन विस्तरात्प्रतिपादयितुं तज्ज्ञान-योग्यत्वायाऽमानित्वादिसाधनान्याह—'ज्ञेयं यत्तदि'त्यतः प्राक्तनैः पञ्चभिः—**अमानित्वमित्या-दिना** । विद्यमानैरविद्यमानैर्वा गुणैरात्मनः श्लाघनं मानित्वम् , लाभ-पूजा-ख्यात्यर्थं स्वधर्म-प्रकटीकरणं दम्भित्वम्, कायवाङ्मनोभिः प्राणिनां पीडनं हिंसा, तेषां वर्जनम्-अमानित्वमदम्भि-

धर्म है यह ज्ञान किसको होता है ? यदि कहो कि अपनेसे अपनेको देखकर कहेगा कि ये मेरे धर्म हैं तो कर्तृ कर्म विरोध होगा । एक ही एक क्रियाका कर्ता तथा कर्म नहीं हो सकता । कैसा भी खेलाड़ी हो तो भी अपने कन्धे पर आप सवार नहीं हो सकता क्योंकि चढ़ना रूपी क्रियाका यदि आप ही कर्ता हैं तो कर्म नहीं होता, यह लिखा भी है "नहि सुशिक्षितोऽपि नटवटुः स्वस्कन्धमारोहति" इति खण्डनखण्डखाद्यमें । अतः विकार रहित ही सब विकारोंका साक्षी होता है । वह कहा है ।

'नर्ते स्याद्विक्रियां दुःखी साक्षिता का विकारिणः ।
धीविक्रियासहस्राणां साक्ष्यतोऽहमविक्रियः' ॥ इति ।

विकारोंके विना कोई दुःखी नहीं होता और उक्त न्यायसे विकारीमें साक्षिता कहा । सैकड़ों हजारों ज्ञान विकारोंका साक्षी मैं हूँ इस कारण मैं निर्विकार हूँ, इससे विकारित्व ही क्षेत्रका लक्षण है इच्छादि-धृत्यन्त ही क्षेत्र है यह परिगणन नहीं है किन्तु पूर्वोक्त उपलक्षण ही है ॥ ६ ॥

इस प्रकार क्षेत्रका प्रतिपादनकर क्षेत्रज्ञ क्षेत्रसे भिन्न है इस विवेचनके लिये क्षेत्रसे क्षेत्रज्ञका विशेष-रूपसे प्रतिपादन आवश्यक है, प्रतिपादन तभी सफल होगा जब उससे जन्यज्ञानोत्पत्तिकी योग्यता श्रोतामें हो, उसकी योग्यता सहेतुक है अतः उसके उपायभूत अमानित्वादि कहते हैं—**'ज्ञेयं यत्तदि'-**त्यादि से । पूर्वपठित पांच श्लोकोंसे । वर्तमान या अवर्तमान गुणोंसे अपनी प्रशंसा श्लाघन मानित्व है, लाभ प्रतिष्ठा तथा आत्मप्रसिद्धिके लिये अपने धर्मोंका प्रकाशन दम्भित्व है, शरीर वाणी और मनसे प्राणियोंका

इन्द्रियार्थेषु वैराग्यमनहङ्कार एव च।
जन्ममृत्युजराव्याधिदुःखदोषानुदर्शनम् ॥ ८ ॥

शब्दादि विषयोंमें निस्पृहता, अहंकारका अभाव तथा जन्म, मृत्यु, जरा, रोगमें दुःखरूप दोषोंका दर्शन ॥ ८ ॥

त्वमहिंसेत्युक्तम् । परापराधे चित्तविकारहेतौ प्राप्तेऽपि निर्विकारचित्ततया तदपराधसहनम्-क्षान्तिः, आर्जवम्-अकौटिल्यम्-यथाहृदयं व्यवहरणम् । परप्रतारणाराहित्यमिति यावत् । आचार्यो मोक्षसाधनस्योपदेष्टाऽत्र विवक्षितः, न तु मनूक्त उपनीयाध्यापकः । तस्य शुश्रूषानमस्कारादिप्रयोगेण सेवनमाचार्योपासनम् । शौचं बाह्यम्-कायमलानां मृज्जलाभ्यां क्षालनम् । आभ्यन्तरं च मनोमलानां रागादीनां विषयदोषदर्शनरूपप्रतिपक्षभावनयाऽपनयनम् । स्थैर्यम्-मोक्षसाधने प्रवृत्तस्यानेकविधविघ्नप्राप्तावपि तदपरित्यागेन पुनः पुनर्यत्नाधिक्यम् । आत्म-विनिग्रहः-आत्मनः-देहेन्द्रियसंघातस्य स्वभावप्राप्तां मोक्षप्रतिकूले प्रवृत्तिं निरुध्य, मोक्षसाधन एव व्यवस्थापनम् ॥ ७ ॥

पीडन हिंसा है उनका छोड़ना अमानित्व अदम्भित्व अहिंसा यह कहा है । दूसरेके अपराध रूप चित्तके विकारका हेतु प्राप्त होनेपर भी निर्विकार चित्तसे उसके अपराधको सहना क्षमा है, आर्जव-ऋजुभाव अकौटिल्य जैसे हृदयमें हो वैसा ही व्यवहार करना दूसरेको धोखा न देना नदी तीरमें कोई फल नहीं है यह जानकर भी किसी फलार्थीके प्रति यह न कहना नदी तीरपर पांच फल हैं । आचार्य मोक्षकारणका उपदेशक यहां विवक्षित है ।

'उपनीय तु यः शिष्यं वेदमध्यापयेद् द्विजः ।
सकल्पं सरहस्यं च तमाचार्यं प्रचक्षते ॥'

इस मनुवचनके अनुसार जो उपनयनपूर्वक कल्प और रहस्यके साथ वेद पढ़ाता है वह आचार्य कहाता है यह उक्त श्लोकका अर्थ है । किन्तु यहां यह विवक्षित नहीं है । उस आचार्यकी शुश्रूषा नमस्कार आदिके अनुष्ठान द्वारा सेवा ही उपासना है, शौच शरीरके बाहरके मलोंको मट्टी जलसे छोड़ाना [धोना] भीतरके जो मनोमल हैं रागादि उनका शब्दादि विषयोंके दोष दर्शनसे-प्रतिपक्षभावनासे-वैराग्यभावनासे दूर करना । स्थैर्य मोक्षोपायज्ञानमें प्रवृत्त पुरुषका बहुविध बाधाओंके आनेपर भी उसको न त्याग कर पुनः पुनः प्रयासकी अधिकता । आत्मविनिग्रह आत्मासे प्रकृतमें देहेन्द्रियादिका समूह विवक्षित हैं चैतन्यात्मा नहीं, अतः उक्त संघातकी स्वतः प्राप्त मोक्षविरोधीमें प्रवृत्तिको रोककर मोक्षोपायमें ही व्यवस्थित करना आत्मविनिग्रह है ॥ ७ ॥

असक्तिरनभिष्वङ्गः पुत्रदारगृहादिषु ।
नित्यं च समचित्तत्वमिष्टानिष्टोपपत्तिषु ॥ ९ ॥

पुत्र, स्त्री, गृह, आदिमें प्रेम तथा अतिशय प्रेम न होना । इष्ट और अनिष्टकी प्राप्तिमें सदा समान चित्त रहना ॥ ९ ॥

'इन्द्रियार्थेषु' इति । किञ्च—इन्द्रियार्थेषु-दृष्टेषु, आनुश्रविकेषु वा भोगेषु रागविरोधि-न्यस्पृहात्मिका चित्तवृत्तिर्वैराग्यम् । आत्मश्लाघनाभावेऽपि मनसि प्रादुर्भूतोऽहं सर्वोत्कृष्ट इति गर्वोऽहङ्कारः, तदभावोऽनहङ्कारः । अयोगव्यवच्छेदार्थं एवकारः । समुच्चयार्थश्चकारः । तेन अमानित्वादीनां विंशतिसंख्याकानां समुच्चितो योग एव ज्ञानमिति प्रोक्तम्, न त्वेकस्याप्यभावः इत्यर्थः । जन्मनः-गर्भवासयोनिद्वारा निस्सरणरूपस्य, मृत्योः-सर्वमर्मच्छेदनरूपस्य, जरायाः-प्रज्ञाशक्तितेजोनिरोधपरपरिभवादिरूपायाः, व्याधीनाम्-ज्वरातिसारादिरूपाणाम् । दुःखानाम्, इष्टवियोगानिष्टसंयोगजानामध्यात्माधिभूताधिदैवनिमित्तानाम् , दोषस्य-वात-पित्त-श्लेष्ममल-मूत्रादिपरिपूर्णत्वेन कायजुगुप्सितत्वस्य चानुदर्शनम्-पुनः पुनरालोचनम् । जन्मादिदुःखान्तेषु दोषस्यानुदर्शनम्, जन्मादिव्याध्यन्तेषु दुःखरूपदोषस्यानुदर्शनमिति वा । इदं च विषयवैराग्य-हेतुत्वेनाऽऽत्मदर्शनस्योपकरोति ॥ ८ ॥

'इन्द्रियार्थेष्वि'ति से । और भी—इन्द्रिय गोचर शब्दादि विषयोंमें अथवा दिव्य और अदिव्य भेदसे भोग दो प्रकारके हैं उन भोगोंमें अर्थात् ऐहलौकिक पारलौकिक भोगोंमें जो रागविरोधिनी अलिप्सात्मिका वृत्ति है वह वैराग्य है । आत्मश्लाघा न होनेपर भी मनमें उत्पन्न मैं सबसे बड़ा हूँ यह गर्व अहंकार है । एवकार अयो-गव्यवच्छेदार्थसम्बन्धके अभावकी निवृत्तिके लिये है, चकार समुच्चयार्थ है, इससे जो अमानित्वादि बीस पूर्वमें कहे हैं उनसे समुच्चित तत् समुदाय योग है यदि उनमें एकका भी अभाव होगा तो योग न होगा यह भाव है । जन्मादिमें दोषदर्शन कहते हैं—जन्म गर्भस्थित शिशुका योनिद्वारा बाहर निकलना है, सब मर्मस्थानोंका छेदन मृत्यु है, बुद्धिशक्ति तेजका निरोध और दूसरोंसे अनादर रूप है, ज्वर अतिसार आदि व्याधि है, इष्टके वियोग अनिष्टके संयोगसे उत्पन्न होनेवाला दुःख है, जो आध्यात्मिक आधिभौतिक आधिदैविक भेदसे तीन प्रकारका है, दोष दर्शन-वात पित्त कफ मल मूत्रादिसे भरा रहनेसे शरीरमें घृणाका दर्शन-बार-बार उसकी भावना, जन्मसे लेकर दुःख पर्यन्त पदार्थोंमें दुःखरूप दोषका दर्शन अथवा जन्मादि व्याधि पर्यन्त पदार्थोंमें दुःखरूप दोषका अनुसन्धान यह भी अर्थ है । यह विषयवैराग्यका हेतु है इसलिये आत्मदर्शनका उपकारी है । विषय लोलुप मन आत्मदर्शनके योग्य नहीं अतः तदर्थ विषयसे वैराग्य आवश्यक है ॥ ८ ॥

मयि चानन्ययोगेन भक्तिरव्यभिचारिणी ।
विविक्तदेशसेवित्वमरतिर्जनसंसदि ॥ १० ॥

मेरेमें सर्वोत्कृष्टभावसे अचल प्रीति, शुद्ध देशका सेवन और जनसमूहसे विमुखता ॥ १० ॥

'असक्तिरि'ति । किञ्च—सक्तिर्ममेदमित्येतावन्मात्रेण प्रीतिः, अभिष्वङ्गस्त्वहमेवायमित्यनन्यत्वभावनया प्रीत्यतिशयः, अन्यस्मिन्सुखिनि वाऽहमेव सुखी दुःखी चेति, तद्राहित्यमसक्तिरनभिष्वङ्ग इति चोक्तम्। कुत्र सक्त्यभिष्वङ्गौ वर्जनीयौ ? अत आह—**'पुत्रदारगृहादिष्वि'ति ।** पुत्रेषु, दारेषु, गृहेषु, आदिग्रहणादन्येष्वपि भृत्यादिषु सर्वेषु स्नेहविषयेष्वित्यर्थः । नित्यं च-सर्वदा च समचित्तत्वम्-हर्षविषादशून्यमनस्त्वम्, इष्टानिष्टोपपत्तिषु-उपपत्तिः-प्राप्तिः । इष्टोपपत्तिषु हर्षाभावः, अनिष्टोपपत्तिषु विषादाभाव इत्यर्थः । चः समुच्चये ॥ ९ ॥

'मयि चानन्ये'ति । किञ्च—मयि च-भगवति वासुदेवे परमेश्वरे भक्तिः-सर्वोत्कृष्टत्वज्ञानपूर्विका प्रीतिः । अनन्ययोगेन-नान्यो भगवतो वासुदेवात्परोऽस्ति, अतः स एव नो गतिरित्येवं निश्चयेनाव्यभिचारिणी-केनापि प्रतिकूलेन हेतुना निवारयितुमशक्या, साऽपि ज्ञानहेतुः ।

"प्रीतिर्न यावन्मयि वासुदेवे न मुच्यते देहयोगेन तावत्" इत्युक्तेः ।

'असक्तिरिति' से । और भी—सक्ति अर्थात् यह मेरा है इतनेसे ही गुणादिकी अपेक्षाके विना प्रीति, सक्तिसे अभिष्वंग विलक्षण है यह स्फुट करते हैं—मैं ही यह हूँ यह अपनेसे अभिन्नकी भावनाकर जो प्रीतिका अतिशय है वह अभिष्वंग है दूसरेको सुखी या दुःखी देखकर मैं ही सुखी दुःखी हूँ इसका अभाव असक्ति अनभिष्वंग है असक्ति और अनभिष्वंगका स्वरूप भेद कह चुके हैं । कहां सक्ति और अभिष्वंग त्याज्य है यह कहते हैं—**पुत्रदारगृहादिमें**—पुत्रोंमें स्त्रियोंमें गृहोंमें आदि शब्द जो मूल श्लोकमें है उसका अर्थ भृत्यादिकोंमें । नित्य-बराबर आनन्द तथा विषाद में शून्यचित्तता इष्ट अनिष्टकी उपपत्ति—प्राप्ति, इष्टप्राप्तिमें हर्षका अभाव अनिष्ट प्राप्तिमें विषादका अभाव यह अर्थ है । चकार समुच्चय अर्थमें है ॥ ९ ॥

'मयिचेति' से । और भी—मुझ भगवान् वासुदेव परमेश्वरमें भक्ति—सबसे बड़े प्रभावशाली हैं, ऐसी ज्ञानपूर्वक प्रीति भक्ति है । अपकृष्ट आलम्बनमें अतिशय प्रीति अनुराग है । स्त्रीमें पुत्रमें अनुरक्त है यही लोकमें कहा जाता है स्त्री पुत्रमें भक्ति है यह व्यवहार नहीं होता मातृभक्त पितृभक्त ईश्वरभक्त इत्यादि व्यवहार होता है इसलिये उत्कृष्ट पदका प्रयोग है । उत्कृष्टपद सापेक्ष है लोकमें किसीसे कोई उत्कृष्ट है किन्तु ईश्वरमें यह निरपेक्ष है सबसे उत्कृष्ट परमात्मा है । भगवान् वासुदेवसे पर दूसरा कोई नहीं है अतः वही मेरी गति है इस प्रकारके निश्चयसे अव्यभिचरित अर्थात् किसी विरोधी हेतुसे दूर करनेमें जो अयोग्य है । वह भी ज्ञानका कारण है । अर्थ—प्रीति जब तक मुझ भगवान् वासुदेवमें नहीं होती तबतक देहसे वियुक्त नहीं होता है

अध्यात्मज्ञाननित्यत्वं तत्त्वज्ञानार्थदर्शनम् ।
एतज्ज्ञानमिति प्रोक्तमज्ञानं यदतोऽन्यथा ॥ ११ ॥

आत्मा और अनात्मा के विवेक ज्ञानमें निष्ठा, तत्त्वज्ञानार्थ (मोक्ष) का आलोचन यह सब ज्ञान कहा गया है इसके विपरीत जो है वह अज्ञान है ॥ ११ ॥

विविक्तः-स्वभावतः, संस्कारतो वा शुद्धोऽशुचिभिः सर्पव्याघ्रादिभिश्च रहितः सुरधुनीपुलिनादिश्चित्तप्रसादकरो देशः, तत्सेवनशीलत्वम्-विविक्तदेशसेवित्वम् । तथा च श्रुतिः—

"समे शुचौ शर्करा-वह्नि-वालुकाविवर्जिते शब्दजलाश्रयादिभिः ।
मनोनुकूले न तु चक्षुपीडने गुहानिवाताश्रयणे न (प्र)योजयेत्" श्वे. उ.२-१० इति ॥

जनानाम्-आत्मज्ञानविमुखानां विषयभोगलम्पटोपदेशकानां संसदि-समवाये तत्त्वज्ञानप्रतिकूलायामरतिः-अरमणम्, साधूनां तु संसदि तत्त्वज्ञानानुकूलायां रतिरुचितैव । तथा चोक्तम्—

"सङ्गस्सर्वात्मना हेयः स चेत्त्यक्तुं न शक्यते ।
स सद्भिः सह कर्तव्यः सतां सङ्गो हि भेजषम् ॥" इति ॥ १० ॥

'अध्यात्मे'ति । किञ्च—अध्यात्मज्ञानम्-आत्मानमधिकृत्य प्रवृत्तमात्मानात्मविवेक-

---

संयोग मिथ्याज्ञानहेतुक है वियोग तत्त्वज्ञाननिमित्तक है । शरीर रहने पर भी तत्त्वज्ञानी जिसका निवृत्त है शरीराध्यास वह अशरीरी कहाता है 'विविक्तौ पूतविजनौ' इस कोशसे प्रकृतमें उक्त शब्द पवित्रपरक है। पवित्र दो प्रकारका है स्वभावसे अथ च संरकारसे दोनों प्रकारका पवित्र यहां ग्राह्य है अत उभयतः शुद्ध अपूत सांप व्याघ्र आदिसे रहित पवित्र गङ्गाजीका तीर जो चित्तको प्रसन्न करनेवाला है वह देश एतद्देशसेवनशीलत्व अर्थात् विविक्तदेशसेवित्व है । तथा च श्रुतिः—इस अर्थका संवादिका श्रुति यह है—

'समे शुचौ शर्करावह्निवालुकाविवर्जिते शब्दजलाश्रयादिभिः ।
मनोऽनुकूले न तु चक्षुपीडने गुहानिवाताश्रयणेन [प्र]योजयेत् ॥' इति ।

आत्मज्ञानशून्य जो विषयभोगकी लंपटता-तत्परताके उपदेशक हैं उनकी सभामें जो तत्त्वज्ञानके विरोधिनी है उसमें अनुरागका अभाव अरति है, साधुओंकी सभामें जो तत्त्वज्ञानके अनुकूल-उपकारक है उसमें अनुराग तो उचित ही है। सो कहा भी है—

'संगः सर्वात्मना हेयः स चेत् त्यक्तुं न शक्यते ।
स सद्भिः सह कर्तव्यः सतां संगो हि भेषजम् ॥' इति ॥ १० ॥

और भी—आत्माका अधिकार-प्रस्ताव कर प्रवृत्त जो आत्मा और अनात्माका समीचीनज्ञान वह

ज्ञेयं यत्तत्प्रवक्ष्यामि यज्ज्ञात्वाऽमृतमश्नुते ।
अनादिमत्परं ब्रह्म न सत्तन्नासदुच्यते ॥ १२ ॥

जिसको जानकर पुरुष संसारसे मुक्त हो जाता है उस ज्ञेय अर्थात् जानने योग्यको भली प्रकारसे कहूँगा। वह अनादि निर्विशेष ब्रह्म न सत् और न असत् कहा जाता है ॥ १२ ॥

ज्ञानमध्यात्मज्ञानम्, तस्मिन्नित्यत्वम्-तत्रैव निष्ठावत्त्वम्। विवेकनिष्ठो हि वाक्यार्थज्ञानसमर्थः भवति। तत्त्वज्ञानस्य 'अहं ब्रह्मास्मी'ति साक्षात्कारस्य वेदान्तवाक्यकरणकस्याऽमानित्वादि-सर्वसाधनपरिपाकफलस्यार्थः-प्रयोजनमविद्या-तत्कार्यात्मकनिखिलदुःखनिवृत्तिरूपः परमानन्दा-त्मावाप्तिरूपश्च मोक्षः, तस्य दर्शनम्-आलोचनम्। तत्त्वज्ञानफलालोचने हि तत्साधने प्रवृत्तिः स्यात्। एतदमानित्वादि तत्त्वज्ञानार्थदर्शनान्तं विंशतिसंख्याकं ज्ञानमिति प्रोक्तम्, ज्ञानार्थ-त्वात्। अतोऽन्यथा-अस्माद्विपरीतं मानित्वादि यत्, तदज्ञानमिति प्रोक्तम्, ज्ञानविरोधि-त्वात्। तस्मादज्ञानपरित्यागेन ज्ञानमेवोपादेयमिति भावः ॥ ११ ॥

एभिः साधनैर्ज्ञानशब्दितैः किं ज्ञेयमित्यपेक्षायामाह––**'ज्ञेयं यत्तदि'**त्यादिषड्भिः। यज्ज्ञेयं मुमुक्षुणा, तत्प्रवक्ष्यामि-प्रकर्षेण स्पष्टतया वक्ष्यामि। श्रोतुरभिमुखीकरणाय फलेन स्तुवन्नाह––यद्वक्ष्यमाणं ज्ञेयं ज्ञात्वा अमृतम्-अमृतत्वमश्नुते। संसारान्मुच्यत इत्यर्थः।

अध्यात्मज्ञान है, उसमें नित्यत्व उसीमें निष्ठावत्त्व भी है। विवेकनिष्ठ ही वाक्यार्थज्ञान समर्थ होता है। तत्त्वज्ञान-मैं ब्रह्म हूँ यह प्रत्यक्ष जो वेदान्त वाक्यसे 'अहं ब्रह्मास्मि' इससे उत्पन्न होता है और पूर्वोक्त अमानित्वादि सब साधनोंके परिपाकका फल है उसका अर्थ-प्रयोजन अविद्या तत्कार्यात्मक सम्पूर्ण दुःख-निवृत्तिरूप परमानन्द ब्रह्मप्राप्तिरूप मोक्ष है उसका दर्शन अनुभव। तत्त्वज्ञानफलके आलोचन-ज्ञानसे मोक्षसाधनमें प्रवृत्ति होगी। ये अमानित्वादि तत्त्वज्ञानार्थदर्शनान्त ये बीस संख्यायुक्त ज्ञान कह जाते हैं क्योंकि ये ज्ञानार्थ हैं। इससे विपरीत जो मानित्वादि है वह सब अज्ञान है कारण वे ज्ञानविरोधी हैं जैसे सुरविरोधी असुर कहाते हैं वैसे ही ज्ञान विरोधी अज्ञान है। यहाँ विरोधार्थक नञ्समास है अतः अज्ञानका परित्यागकर ज्ञान ही का ग्रहण करना चाहिये यह अभिप्राय है ॥ ११ ॥

ज्ञानशब्दसे प्रतिपाद्य इन साधनोंसे क्या ज्ञेय है इस अपेक्षामें कहते हैं–**'ज्ञेयं यत्तदि'**त्यादि छः श्लोकोंसे। जो मुमुक्षुजनोंसे ज्ञेय है उसको कहेंगे। 'वक्ष्यामि' न कहकर 'प्रवक्ष्यामि' कहा यहाँ प्रशब्दार्थको स्फुट करते हैं, प्रकर्ष प्रकृतमें स्पष्टता है स्वाभाविक प्रकर्ष तो भगवान्के वाक्यमें सब जगह है ही, श्रोताको सम्मुख करनेके लिये फलसे स्तुति करते हुए भगवान् बोले—जिस वक्ष्यमाण ज्ञेयको जानकर अधिकारी मोक्षफल

किं तत्? अनादिमत्, आदिमन्न भवतीत्यनादिमत्। परम्-निरतिशयं ब्रह्म सर्वतोऽनवच्छिन्नम् परमात्मवस्तु। अत्रानादीत्येतावतैव बहुव्रीहिणाऽर्थलाभेऽप्यतिशायने, नित्ययोगे वा मतुपः प्रयोगः। 'अनादी'ति च 'मत्परमि'ति च पदं केचिदिच्छन्ति। मत्-सगुणाद् ब्रह्मणः परम्-निर्विशेषरूपं ब्रह्मेत्यर्थः। अहं वासुदेवाख्या परा शक्तिर्यस्येति त्वपव्याख्यानम्, निर्विशेषस्य ब्रह्मणः प्रतिपाद्यत्वेन, तत्र शक्तिमत्त्वस्यावक्तव्यत्वात्। निर्विशेषत्वमेवाऽऽह—**'न सत्तन्नासदुच्यते'** इति। विधिमुखेन प्रमाणस्य विषयः सच्छब्देनोच्यते। निषेधमुखेन प्रमाणस्य विषयस्त्वसच्छब्देन। इदं तु तदुभयविलक्षणम्, निर्विशेषत्वात्, स्वप्रकाशचैतन्यरूपत्वाच्च, "यतो वाचः

पाता है संसारसे मुक्त होता है यह अर्थ है। वह क्या है? आदिमान् जो न हो वह अनादिमान् है 'न आदिर्यस्य सः' यह बहुव्रीहि समास नहीं है किन्तु आदिरस्ति अस्य इति आदिमान्, न आदिमान् अनादिमान् तत्पुरुष है। यद्यपि दोनों समासोंमें अर्थका भेद नहीं है तथापि मतुप्का ग्रहण और दोनों वृत्तियोंका मानना व्यर्थ है क्योंकि बहुव्रीहिसे मतुप्के अर्थका लाभ हो जाता है। लाघवानुसार फिर बहुव्रीहि समास ही मानना ठीक है। कर्मधारय माननेसे मतुप् करनेसे कर्मधारयसमास और तद्धित इस प्रकार दो वृत्ति माननी पड़ती है जिससे गौरव है इस शङ्काका उत्तर मूलकार आगे देते हैं। परं निरतिशय ब्रह्म सबसे अनवच्छिन्न जो परमात्म वस्तु है। उक्त शङ्काका उत्तर देते हैं—**'बहुव्रीहिणे'ति** से। यद्यपि बहुव्रीहिसमाससे उक्तार्थ लाभ होता है और उक्तरीतिसे लाघव भी है अतएव "न कर्मधारयान्मत्वर्थीयो बहुव्रीहिश्चेत्तदर्थप्रतिपत्तिकरः" यह प्रामाणिकोक्ति है। अर्थ—कर्मधारयसे मत्वर्थीय प्रत्यय न करना यदि उस अर्थमें बहुव्रीहि हो सके। यद्यपि यह निषेध उक्त प्रयोगमें असाधुत्व बोधनार्थ नहीं है। अतएव 'असुब्वतः' यह महाभाष्य प्रयोग उपपन्न होता है तथापि लाघवार्थ है। यहाँ पर मत्वर्थीय प्रत्ययसे अधिक-अर्थ (विशेषकी) प्रतीति होती है जो बहुव्रीहि से नहीं हो सकती इसीको स्फुट करते हैं—**'अतिशायने, नित्ययोगे वा मतुपः प्रयोगः'** इससे।

"भूमनिन्दाप्रशंसासु नित्ययोगेऽतिशायने। सम्बन्धेऽस्ति विवक्षायां भवन्ति मतुबादयः॥" इति।

'अनादि च, मत्परं च' यह पृथक् पृथक् पद है ऐसा जो मानते हैं उनके यहां उक्त शंकाका अवसर ही नहीं है। मत्परंका अर्थ कहते हैं—**'मत्-सगुण'** इत्यादिसे। 'मुझ सगुण ब्रह्मसे पर निर्विशेषरूप ब्रह्म' यह अर्थ है, किन्तु यह अर्थ विवक्षित नहीं क्योंकि श्रीकृष्ण ही परब्रह्म हैं तदतिरिक्त पर कोई है ही नहीं। दूसरेके व्याख्यानमें दूषण देते हैं—**'अहम्'** इससे। भाव यह है कि 'मत्परं' से निर्विशेष ब्रह्म प्रतिपिपादयिषित है मैं वासुदेवाख्य परा शक्ति हूँ जिसका यह अर्थ मूलोक्त बहुव्रीहिसे प्रतीत होता है ऐसा मानने पर मत्पर-शक्तिविशिष्ट होगा तो निर्विशेष नहीं होगा और निर्विशेष ही का प्रतिपादन इष्ट है इसलिये यह अपकृष्ट व्याख्यान है। निर्विशेषत्व ही मत्परसे कहते हैं—**'न सत्तन्नासदुच्यते'** इससे। विधिमुखसे प्रमाणका विषय सत् शब्दसे कहलाता है जैसे घटको प्रत्यक्षसे देखकर है घट यह लोग कहते हैं। निषेधमुखसे

निवर्तन्ते अप्राप्य मनसा सह" इत्यादिश्रुतेः। यस्मात्तद् ब्रह्म न सत्-भावत्वाश्रयः, नासत्-अभावत्वाश्रयः, अतो नोच्यते केनापि शब्देन मुख्यया वृत्त्या, शब्दप्रवृत्तिहेतूनां तत्रासंभवात्। तद्यथा गौरश्व इति वा जातितः, पचति पठतीति वा क्रियातः, शुक्लः कृष्ण इति वा गुणतः, धनी गोमानिति वा संबन्धतोऽर्थं प्रत्याययति शब्दः। अत्र क्रिया-गुण-संबन्धेभ्यो विलक्षणः सर्वोऽपि धर्मो जातिरूपः, उपाधिरूपो वा जातिपदेन संगृहीतः। यदृच्छाशब्दोऽपि डित्थ-डवित्थादिर्यं कंचिद्धर्मम्, स्वात्मानं वा प्रवृत्तिं निमित्तीकृत्य प्रवर्तत इति, सोऽपि जातिशब्दः। एवमाकाशशब्दोऽपि तार्किकाणां शब्दाश्रयत्वादिरूपं यं कंचिद्धर्मं पुरस्कृत्य प्रवर्तते। स्वमते तु पृथिव्यादिवदाकाशव्यक्तीनां जन्यानामनेकत्वादाकाशत्वमपि जातिरेवेति, सोऽपि जातिशब्दः। आकाशातिरिक्ता च दिङ्नास्त्येव, कालश्च नेश्वरादतिरिच्यते, अतिरेके वा दिक्कालशब्दावप्युपाधिविशेषप्रवृत्तिनिमित्तकाविति जातिशब्दावेव, तस्मात्प्रवृत्तिनिमित्तचातुर्विध्याच्चतुर्विधः एव शब्दः।

प्रमाणके विषयको असत् शब्दसे लोग व्यवहार करते हैं जैसे प्रत्यक्ष या अनुपलब्धिसे घटाभावको देखकर 'घटोऽत्र नास्ति' घट यहां नहीं है इत्यादि व्यवहार लोगोंका होता है। यह तो इन दोनोंसे विलक्षण है क्योंकि निर्विशेष स्वप्रकाश और चैतन्यस्वरूप है "यतो वाचो निवर्तन्ते, अप्राप्य मनसा सह" इत्यादि श्रुति उक्त अर्थमें प्रमाण है। जिस कारणसे वह ब्रह्म सत् नहीं है भावभूतधर्मका आश्रय नहीं है और न असत् अभावत्वाश्रय ही है अतः शक्तिसे-किसी शब्दकी मुख्य वृत्ति शक्तिसे वह नहीं कहा जाता है क्योंकि शब्द-प्रवृत्तिका हेतु जात्यादि उसमें नहीं है। जैसे गौ और अश्वमें गोत्व अश्वत्व जातिके द्वारा गौ और अश्व-शब्दसे कहे जाते हैं उक्त अर्थमें गवादिशब्दकी प्रवृत्तिका हेतु गोत्वादि जाति है, पचति पठतिका प्रवृत्ति-निमित्त पाक पाठादि क्रिया है। शुक्लः कृष्णः यहां शुक्लादि गुण है, धनी गोमान् यहां धनादि सम्बन्ध निमित्त है। यहां क्रिया-गुण-सम्बन्धसे विलक्षण सब धर्म जातिरूप किंवा उपाधिरूप जो हैं सबका जाति शब्दसे संग्रह है। यदृच्छाशब्द भी डित्थत्वादि जिस किसी धर्मका अथवा स्वस्वरूपका आश्रयण कर तदर्था-भिधानमें प्रवृत्त होता है इसलिये वह भी जाति शब्द है अर्थात् गवादि समशील है। इसी प्रकार आकाश-शब्द भी नैयायिकादिके मतमें शब्दाश्रयत्वादिरूप धर्मको प्रवृत्तिनिमित्त मानकर आकाशाभिधानमें प्रवृत्त होता है। अपने वेदान्तीमतमें पृथिव्यादिके समान आकाश भी जन्य होनेसे अनेक है अतः आकाशत्व भी जाति है क्योंकि 'व्यक्तेरभेदस्तुल्यत्वं संकरोऽथाऽनवस्थितिः' इत्यादि जातिबाधक व्यक्तिका अभेद नहीं किन्तु उसका भेद ही है। इस हेतुसे वह भी जाति शब्द ही है। आकाशसे अतिरिक्त दिक् है ही नहीं, काल ईश्वरसे अतिरिक्त नहीं है, अतिरिक्त है तो दिक् और काल शब्दका उपाधिविशेष प्रवृत्तिनिमित्त हैं। अतः वे दोनों जातिशब्द ही हैं। प्रवृत्तिनिमित्त चार प्रकारके हैं अतः तद्भेदसे चार प्रकारके शब्द हैं।

सर्वतःपाणिपादं तत्सर्वतोऽक्षिशिरोमुखम् ।
सर्वतःश्रुतिमल्लोके सर्वमावृत्य तिष्ठति ॥ १३ ॥

वह ज्ञेय, देहमें हाथ पैर, आंख, शिर, मुख, और कानको अपने-अपने व्यापारमें प्रवृत्त करानेवाला है सब अचेतनको व्याप्तकर रहता है ॥ १३ ॥

तत्र "न सत्तन्नासत्" इति जातिनिषेधः क्रिया-गुण-संबन्धानामपि निषेधोपलक्षणार्थः । "एकमेवाद्वितीयम्" इति जातिनिषेधः, तस्या अनेकव्यक्तिवृत्तेरेकस्मिन्नसंभवात् । "निर्गुणम्-निष्क्रियं शान्तम्" इति गुण-क्रिया-संबन्धानां क्रमेण निषेधः । "असङ्गो ह्ययं पुरुषः" इति च । "अथात आदेशो नेति नेति" इति च सर्वनिषेधः, तस्माद् ब्रह्म न केनचिच्छब्देनोच्यत इति युक्तम् । तर्हि कथं प्रवक्ष्यामीत्युक्तम् ? कथं वा "शास्त्रयोनित्वात्" इति सूत्रम् ? यथाकथंचिल्लक्षणया शब्देन प्रतिपादनादिति गृहाण । प्रतिपादनप्रकारश्च "आश्चर्यवत्पश्यति कश्चिदेनम्" इत्यत्र व्याख्यातः । विस्तरस्तु भाष्ये द्रष्टव्यः ॥ १२ ॥

एवं निरुपाधिकस्य ब्रह्मणः सच्छब्दप्रत्ययाविषयत्वादसत्त्वाशङ्कायां नासदित्यनेनापास्तायामपि, विस्तरेण तदाशङ्कानिवृत्त्यर्थं सर्वप्राणिकरणोपाधिद्वारेण चेतनक्षेत्रज्ञरूपतया तदस्तित्वं प्रतिपादयन्नाह—**'सर्वतः'** इत्यादिना ।

सर्वतः-सर्वेषु देहेषु पाणयः पादाश्चाचेतनाः स्वस्वव्यापारेषु प्रवर्तनीयाः यस्य चेतनस्य

'न सत्तन्नासदित्यादि'का जातिनिषेध क्रिया-गुण-सम्बन्धके निषेधका उपलक्षण है । 'एकमेवाद्वितीयम्' इससे जातिका निषेध है । अद्वितीय ब्रह्ममें उक्त वचनके अनुसार और प्रयोजनाभावसे जाति नहीं मानी जाती क्योंकि जाति अनुगमके लिये अनेकमें ही मानी जाती है, इस हेतुसे एकमें उसका असम्भव स्पष्ट है । "निर्गुणं निष्क्रियं शान्तम्" इससे गुण-क्रिया-संबन्धोंका क्रमसे निषेध है । यह पुरुष असङ्ग है कहीं नहीं है इससे सबका निषेध है ।

उपसंहार करते हैं—**'तस्मात्'** से । ब्रह्म किसी शब्दसे नहीं कहा जाता यह कहना युक्तियुक्त है तब फिर प्रवक्ष्यामि स्पष्ट कहेंगे यह भगवान्‌ने कैसे कहा और 'शास्त्रयोनित्वात्' यह वेदान्त सूत्र ही कैसे संगत होगा ? एवं "तं त्वौपनिषदं पुरुषं पृच्छामि" यह भी कैसे ? मुख्यवृत्तिसे शब्द द्वारा प्रतिपाद्य ब्रह्म नहीं है यह पूर्वमें कहा है किसी प्रकार लक्षणावृत्तिसे शब्दसे बोध्य ब्रह्म है, यही उत्तर लो, प्रतिपादन प्रकार 'आश्चर्यवत्पश्यति कश्चिदेनम्' यहां पर कहा है । विस्तार भाष्यमें देखना ॥ १२ ॥

इस प्रकार निरुपाधिक ब्रह्म सत् शब्दप्रतीतिका विषय नहीं इस कथनसे शुद्धकी असत्त्व शंका नासत्से निवारित की गई फिर भी विस्तारसे उसके असत्त्वकी शंका निवृत्तिके लिये सब प्राणियोंके करण-इन्द्रियरूप उपाधिके द्वारा चेतन क्षेत्रज्ञरूपसे उसके अस्तित्वके प्रतिपादनार्थ कहते हैं—**'सर्वतः'** इससे ।

सर्वेन्द्रियगुणाभासं सर्वेन्द्रियविवर्जितम् ।
असक्तं सर्वभृच्चैव निर्गुणं गुणभोक्तृ च ॥ १४ ॥

उन उन इन्द्रियोंके विषयरूपसे भासमानके समान सबके सम्बन्धोंसे रहित सब कल्पित वस्तुओंका धारण करनेवाला वस्तुतः निर्गुण तथा गुणों (सुख-दुःख, मोह) का भोक्ता है ॥ १४ ॥

क्षेत्रज्ञस्य, तत् सर्वतःपाणिपादं ज्ञेयं ब्रह्म । सर्वाचेतनप्रवृत्तीनां चेतनाधिष्ठानपूर्वकत्वात्तस्मिन् क्षेत्रज्ञे चेतने ब्रह्मणि ज्ञेये सर्वाचेतनवर्गप्रवृत्तिहेतौ नास्ति नास्तिताशङ्केत्यर्थः । एवं सर्वतः- अक्षीणि शिरांसि मुखानि च यस्य प्रवर्तनीयानि सन्ति, तत् सर्वतोक्षिशिरोमुखम् । एवम्- सर्वतः श्रुतयः-श्रवणेन्द्रियाणि यस्य प्रवर्तनीयत्वेन सन्ति, तत् सर्वतःश्रुतिमत् । लोके सर्वप्राणि- निकाये एकमेव नित्यं विभु च । सर्वमचेतनवर्गमावृत्य स्वसत्तया, स्फूर्त्या चाऽऽध्यासिकेन संबन्धेन व्याप्य तिष्ठति-निर्विकारमेव स्थितिं लभते, न तु स्वाध्यस्तस्य जडप्रपञ्चस्य दोषेण गुणेन वाऽणुमात्रेणापि संबध्यत इत्यर्थः । यथा च सर्वेषु देहेष्वेकमेव चेतनं नित्यं विभु च, न प्रतिदेहं भिन्नम् , तथा प्रपञ्चितं प्राक् ॥ १३ ॥

"अध्यारोपापवादाभ्यां निष्प्रपञ्चं प्रपञ्च्यते" इति न्यायमनुसृत्य सर्वप्रपञ्चाध्यारो-

---

सब शरीरोंमें हाथ पांव अचेतन अपने-अपने व्यापारमें लगाते हैं क्योंकि चेतन व्यापारके विना अचेतनमें कार्यानुकूल व्यापार नहीं होता । विना घोड़के रथ नहीं चलता । जिस चेतन क्षेत्रज्ञका प्रवर्तनीय सब हाथ पांव हैं वह ज्ञेय ब्रह्म है । सब अचेतनप्रवृत्तियाँ चेतना अधिष्ठानपूर्वक होती हैं । उस क्षेत्रज्ञ चेतन ज्ञेय तथा सब अचेतन प्रवृत्तिमें हेतुभूत ब्रह्म नहीं है यह शङ्का नहीं है यह अर्थ है । इसी प्रकार सब नेत्र सब शिर सब मुख जिसके प्रेरणीय हैं वह 'सर्वतोऽक्षिशिरोमुख' है । एवं सर्वतः सब श्रोत्रेन्द्रियाँ जिसके प्रवर्तनीय हैं वह सर्वतः श्रुतिमान् है । सर्वप्राणिसमुदायमें एक ही नित्य विभु सब अचेतनवर्गको आवृत कर अपनी सत्तासे, स्फुरणसे आध्यासिक-आविद्यिक सम्बन्धसे व्याप्त कर स्थित है निर्विकार ही स्थितिका लाभ करता है। अपनेमें अध्यस्त जो जड़प्रपंच है वह स्वस्थितिका लाभ नहीं करता जड़ अशुद्ध प्रपंचके अध्याससे ब्रह्म भी अशुद्ध हो जायगा इस शङ्काका परिहार करते हैं—**'दोषेणे'त्यादि** से । अध्यस्तके गुण वा दोष थोड़ा भी अधिष्ठानमें नहीं आता । मरुभूमिमें जलका अध्यास होंने पर भी उक्त भूमि थोड़ी भी गीली नहीं होती। जिस प्रकार सब शरीरमें एक ही चेतन नित्य और विभु है प्रतिशरीरमें भिन्न नहीं है उस प्रकार पूर्वमें विस्तारसे कहा है ॥ १३ ॥

अध्यारोप और अपवादसे निष्प्रपञ्च-सर्गातीत ब्रह्मका प्रपञ्च है इस न्यायका अनुसरण कर सकल-

बहिरन्तश्च भूतानामचरं चरमेव च।
सूक्ष्मत्वात्तदविज्ञेयं दूरस्थं चान्तिके च तत्॥ १५॥

वह चल और अचल सब भूतोंके बाहर और भीतर है, वह सूक्ष्म होनेसे अज्ञेय है, और वह दूर और समीप में स्थित है॥ १५॥

पेण **'अनादिमत्परं ब्रह्मे'**ति व्याख्यातम्। अधुना तदपवादेन **'न सत्तन्नासदुच्यत'** इति व्याख्यातुमारभते निरुपाधिस्वरूपज्ञानाय—**'सर्वेन्द्रिये'**त्यादिना। परमार्थतः सर्वेन्द्रियविवर्जितम्-तन्मायया सर्वेन्द्रियगुणाभासम्-सर्वेषां बहिष्करणानाम्-श्रोत्रादीनाम्, अन्तःकरणयोश्च बुद्धिमनसोर्गुणैः-अध्यवसाय-संकल्प-श्रवण-वचनादिभिस्तत्तद्विषयरूपतयाऽवभासत इव, सर्वेन्द्रियव्यापारैर्व्यापृतमिव तज्ज्ञेयं ब्रह्म, "ध्यायतीव लेलायतीव" इति श्रुतेः। अत्र ध्यानं बुद्धीन्द्रियव्यापारोपलक्षणम्। लेलायनम्-चलनं कर्मेन्द्रियव्यापारोपलक्षणार्थम्।

तथा परमार्थतोऽसक्तम्-सर्वसंबन्धशून्यमेव, मायया सर्वभृच्च-सदात्मना सर्वं कल्पितम् धारयति पोषयतीति च सर्वभृत्, निरधिष्ठानभ्रमायोगात्। तथा परमार्थतो निर्गुणम्-सत्त्वरजस्तमोगुणरहितमेव, गुणभोक्तृ च-गुणानां सत्त्वरजस्तमसां शब्दादिद्वारा सुखदुःखमोहाकारेण परिणतानां भोक्तृ-उपलब्धृ च, तत् ज्ञेयं ब्रह्मेत्यर्थः॥ १४॥

संसारके अध्यारोपसे **'अनादिमत्परं ब्रह्म'** इसका व्याख्यान किया। इस समय उसके अपवाद (निरास) द्वारा **"न सत्तन्नासदुच्यते"** इसकी व्याख्याका आरम्भ सकलोपाधिशून्यस्वरूपके ज्ञानके लिये करते हैं। **'सर्वेन्द्रिय'** इत्यादिसे। वस्तुतः सब इन्द्रियोंसे रहित भी उसकी मायासे सर्वेन्द्रियगुणाभास—'बाह्येन्द्रिय[1] श्रोत्रादि और अन्तःकरण-बुद्धि मनके गुणोंसे निश्चयात्मकबुद्धि, संकल्प वचन और श्रवणादिसे उनके विषयरूपसे भासमानके समान सब इन्द्रियव्यापारोंसे व्यापारवान्के समान वह ज्ञेय ब्रह्म भासता है "ध्यायतीव लेलायतीव' इस श्रुतिसे सिद्ध है। अर्थ—ध्यान करता हुआ चेष्टा करता हुआके समान। यहां ध्यान ज्ञानेन्द्रिय व्यापारका उपलक्षण है। लेलायन-चलन कर्मेन्द्रियोंके व्यापारका उपलक्षण है तथा वस्तुतः असक्त-सर्वसम्बन्धशून्य ही मायासे सबका आश्रय सब कल्पितोंको सद्रूपसे धारण करता है घटादि ब्रह्ममें कल्पित हैं ब्रह्मकी सत्तासे ही 'घटोऽस्ति यह व्यवहार होता है। अधिष्ठान सत्तासे अतिरिक्त अध्यस्तकी सत्ता नहीं है इस तात्पर्यसे कहते हैं 'सदात्मना सर्वं धारयति' धारण व पोषण करता है सर्वभृत् सब कल्पितोंका आश्रय है अधिष्ठानके विना अध्यास नहीं होता। ब्रह्मसे अतिरिक्त अधिष्ठान नहीं है परमार्थ सत् ही अधिष्ठान

१. बुद्धिमनकी अपेक्षासे श्रोत्रादि भी बाह्य करण है इस तात्पर्यसे बाह्येन्द्रिय कहा है।

अविभक्तं च भूतेषु विभक्तमिव च स्थितम् ।
भूतभर्तृ च तज्ज्ञेयं ग्रसिष्णु प्रभविष्णु च ॥ १६ ॥

सभी प्राणियों में अभिन्न और भिन्न के समान स्थित हैं। वह भूतोंका पालन करनेवाला नाश करनेवाला तथा उत्पन्न करनेवाला है ॥ १६ ॥

भूतानाम्-भवनधर्माणां सर्वेषां कार्याणां कल्पितानामकल्पितमधिष्ठानमेकमेव बहिरन्तश्च रज्जुरिव स्वकल्पितानां सर्पधारादीनां सर्वात्मना व्यापकमित्यर्थः। अत एवाचरम्-स्थावरम्, चरञ्च-जङ्गमं भूतजातम्, तदेव अधिष्ठानात्मकत्वात्। कल्पितानां न ततः किंचिदतिरिच्यत इत्यर्थः।

एवं सर्वात्मकत्वेऽपि सूक्ष्मत्वात्, रूपादिहीनत्वात्, तदविज्ञेयम्-इदमेवमिति स्पष्टज्ञानार्हम् न भवति। अत एवाऽऽत्मज्ञानसाधनशून्यानां वर्षसहस्रकोटयाऽप्यप्राप्यत्वाद् दूरस्थं च-योजनलक्षकोटयन्तरितमिव तत्। ज्ञानसाधनसंपन्नानां तु अन्तिके च-तदत्यन्ताव्यवहितमेव, आत्मत्वात्। 'दूरात्सुदूरे तदिहान्तिके च पश्यत्स्विहैव निहितं गुहायाम्'' इत्यादिश्रुतिभ्यः ॥ १५ ॥

यदुक्तमेकमेव सर्वमावृत्य तिष्ठतीति, तद्विवृणोति प्रतिदेहमात्मभेदवादिनां निरासाय—**'अविभक्तमि'**त्यादिना। भूतेषु-सर्वप्राणिषु अविभक्तम्-अभिन्नमेकमेव तत्, न तु प्रतिदेहम्

माना जाता है तथा वस्तुतः निर्गुण सत्त्वरजस्तमोगुणसे रहित ही गुणोंका भोक्ता है सत्त्वरजस्तमोगुण शब्दादि द्वारा जो सुखदुःखमोह रूपसे परिणत है उनका द्रष्टा ज्ञेय ब्रह्म है यह अर्थ है ॥ १४ ॥

भूत-उत्पत्तिधर्मवाले अन्य सब जन्य जो कल्पित हैं उनका अकल्पित-परमार्थसत्य अधिष्ठान एक ही है बाहर भीतर जैसे रज्जु (रस्सी) स्वकल्पित सर्पकी धारा भूछिद्र आदिका सर्वात्मना-सब तरहसे व्यापक है। अतएव अचर-स्थावर स्थिर चर-जंगम गतिशील भूतजात वही है; क्योंकि अध्यस्त अधिष्ठानात्मक होता है। कल्पितोंका अधिष्ठानसे अतिरिक्त अपना कुछ नहीं है। इस तरह सर्वात्मक होने पर भी अतिसूक्ष्मतासे रूपादिके अभावसे वह अविज्ञेय है यह ऐसा ही है इस प्रकार स्पष्ट ज्ञान योग्य नहीं है। अतएव आत्मज्ञानके साधनसे रहित पुरुषोंको हजारों करोड़ों वर्षोंसे भी अप्राप्य होनेके कारण दूरस्थ-लाख करोड योजनसे व्यवहितके समान वह है। योजन चार कोशका होता है। ज्ञानसाधनसामग्रीसे युक्तोंको तो समीपमें है अत्यन्त अव्यवहित वह है क्योंकि स्वात्मस्वरूप है आत्मा से अभिन्न है। "दूरात् सुदूरे तदिहान्तिके च पश्यत्स्विहैव निहितं गुहायाम्" इत्यादि श्रुतियाँ इस अर्थ में प्रमाण हैं ॥ १५ ॥

जो कहा कि एक ही सबका आवरण कर स्थित है उसका विवरण करते हैं—हर एक शरीरों में आत्मा भिन्न है सब शरीरों में एक ही आत्मा नहीं है इस मतके खण्डनार्थ विवरण है—**'अविभक्तमि'-त्यादि** से। भूतोंमें-सब प्राणियोंमें अविभक्त अभिन्न एक ही वह है प्रतिशरीर भिन्न नहीं क्योंकि आकाशके

ज्योतिषामपि तज्ज्योतिस्तमसः परमुच्यते ।
ज्ञानं ज्ञेयं ज्ञानगम्यं हृदि सर्वस्य धिष्ठितम् ॥ १७ ॥

प्रकाशकोंका भी प्रकाशक जड़वर्गोंसे असम्बद्ध, ज्ञानरूप; जाननेके योग्य, ज्ञानके हेतुसे प्राप्य और सभीके हृदयमें स्थित है ॥ १७ ॥

भिन्नम्, व्योमवत्सर्वव्यापकत्वात् । तथाऽपि देहतादात्म्येन प्रतीयमानत्वात्प्रतिदेहं विभक्तमिव च स्थितम् । औपाधिकत्वेनापारमार्थिको व्योम्नीव तत्र भेदावभास इत्यर्थः । ननु भवतु क्षेत्रज्ञः सर्वव्यापक एकः, ब्रह्म तु जगत्कारणं ततो भिन्नमेवेति, नेत्याह—**'भूतभर्तृ चे'ति** । भूतभर्तृ-भूतानि सर्वाणि स्थितिकाले बिभर्तीति, तथा प्रलयकाले ग्रसिष्णु-ग्रसनशीलम्, उत्पत्तिकाले प्रभविष्णु च-प्रभवनशीलं सर्वस्य । यथा रज्ज्वादिः सर्पादिर्मायाकल्पितस्य । तस्माद्यज्जगतः स्थितिलयोत्पत्तिकारणं ब्रह्म, तदेव क्षेत्रज्ञं प्रतिदेहमेकं ज्ञेयम्, न ततोऽन्यदित्यर्थः ॥ १६ ॥

ननु सर्वत्र विद्यमानमपि तन्नोपलभ्यते चेत् ? तर्हि जडमेव स्यात्, न स्यात् । स्वयंज्योतिषोऽपि तस्य रूपादिहीनत्वेनेन्द्रियाद्यग्राह्यत्वोपपत्तेरित्याह—**'ज्योतिषामपी'त्यादिना** ।

समान सबका व्यापक है । जैसे घट मठादिमें एक ही आकाश है वैसे सब शरीरमें एक ही आत्मा है तथापि देहके अभेदसे प्रतीयमान होनेके कारण आत्मा प्रतिशरीर भिन्न है ऐसा प्रतीत होता है "अहं गौरः कृशः स्थूलः" इत्यादि प्रतीतियाँ लोकमें प्रसिद्ध हैं गौरत्वादि शरीर धर्म है आत्माके धर्म नहीं है शरीर द्वारा आत्मामें व्यवहार होता है । धर्मीके तादात्म्याध्यास [अभेदाध्यास]के विना धर्मका विनिमय-विपर्यय नहीं होता । अतः शरीराभेदाध्यासनिबन्धन गौरादिके समान भेदका भान है । वस्तुतः वह एक ही है प्रतिशरीर भिन्न नहीं है । भेदभान सोपाधिक स्फटिकमें आरुण्य रक्तताके भानके समान मिथ्या है । घटाकाश मठाकाशसे भिन्न है इस प्रतीतिका विषय घट मठ भेद है आकाशके भेद इन भिन्न भिन्न उपाधियोंसे प्रतीत-होता है । अच्छा तो क्षेत्रज्ञ सर्वव्यापक एक हो, संसारका कारण तो ब्रह्म जीवसे भिन्न ही है ऐसा नहीं है इस पर कहते हैं **'भूतभर्तृचे'त्यादि** से । सब भूतोंका धारण और पोषणका कर्ता है एवं प्रलयकालमें सबका निगलने वाला है उत्पत्ति कालसे उत्पादक है तदात्मना सबका उत्पत्तिशील है जैसे रज्जुमें मायासे सर्पादिकी कल्पना होती है एवं मायासे ब्रह्म ये सब भूतोंकी कल्पना होती है अतः जो उस संसारकी स्थिति लय और उत्पत्तिका कारण है वही उसे क्षेत्रज्ञ है उससे भिन्न नहीं । यह अर्थ है ॥ १६ ॥

यदि सब जगह रहने पर भी देख नहीं पड़ता तो वह जड ही होगा, आत्मा-उक्त ब्रह्म स्वयं प्रकाश है ऐसा आप मानते हैं फिर ज्ञान क्यों नहीं होता ? इसका उत्तर है जड़ तो नहीं, स्वयं प्रकाश होने पर भी वह रूपादि रहित होनेसे चक्षुका गोचर न हीं यह कहते हैं—**'ज्योतिषामि'**त्यादि से । वह ज्ञेय ब्रह्म प्रकाशमान

तज्ज्ञेयं ब्रह्म ज्योतिषाम्-अवभासकानामादित्यादीनाम् , बुद्ध्यादीनां च बाह्यानामान्तराणामपि ज्योतिः-अवभासकम्, चैतन्यज्योतिषो जडज्योतिरवभा सकत्वोपपत्तेः । "येन सूर्यस्तपति तेजसेद्धः" तै० ब्रा० १२-९-७ "तस्य भासा सर्वमिदं विभाति" इत्यादिश्रुतिभ्यश्च । वक्ष्यति च––"यदादित्यगतं तेजः" इत्यादि । स्वयं जडत्वाऽभावेऽपि जडसंसृष्टं स्यादिति नेत्याह––'**तमसः**' इति । तमसः-जडवर्गात्परम्-अविद्यातत्कार्याभ्यामपारमार्थिकाभ्यामसंस्पृष्टम् पारमार्थिकं तद् ब्रह्म, सदसतोः संबन्धायोगात् । उच्यते "अक्षरात्परतः परः" इत्यादिश्रुतिभिः, ब्रह्मवादिभिश्च । तदुक्तम्––"निःसङ्गस्य ससङ्गेन कूटस्थस्य विकारिणा ।

आत्मनोऽनात्मना योगो वास्तवो नोपपद्यते ॥"

"आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्" इति श्रुतेश्च । 'आदित्यवर्णमि'ति स्वभाने प्रकाशान्तरानपेक्षम् । सर्वस्य प्रकाशकमित्यर्थः । यस्मात्तत्स्वयंज्योतिः, जडासंस्पृष्टम्-अत एव तज्ज्ञानम् प्रमाणजन्यचेतोवृत्त्यभिव्यक्तसंविद्रूपम् । अत एव तदेव ज्ञेयम्-ज्ञातुमर्हम्, अज्ञातत्वात्, जडस्य-

---

आदित्यादि ज्योतियों तथा बुद्ध्यादि बाह्य और भीतरके ज्योतियोंकी ज्योति-भासक है सूर्य चन्द्रादि ज्योतियोंका भासक ब्रह्मज्योति है "येन सूर्यः तपति तेजसेद्धः" जिस तेजसे दीप्त सूर्य तपता है यह उक्त श्रुतिका अर्थ है । 'तस्य भासा सर्वमिदं विभाति' यह सब उसीके तेजसे प्रकाशित है । इन श्रुतियोंसे उक्तार्थ सिद्ध होता है । आगे कहेगें 'यदादित्यगतं तेजः' इत्यादि । स्वयं जड न होने पर भी जडसे संयुक्त होगा यह नहीं ऐसा कहते हैं 'तमसः परम्' इत्यादिसे तमसे जड समूह विवक्षित है । उससे यह अविद्या और अविद्याके-कार्योंसे जो अपारमार्थिक है इनसे असंवद्ध क्योंकि वह पारमार्थिक है ब्रह्म है इसमें हेतु यह है कि सत्-वर्तमान असत्-अवर्तमान इनका सम्बन्ध नहीं हो सकता वर्तमानोंका ही सम्बन्ध सब जगह देखा गया है । "अक्षरात्परतः परः' इत्यादि श्रुतियों और ब्रह्मवादियोंने इस विषयको कहा है । और भी कहा है—

'निःसंगस्य ससंगेन कूटस्थस्य विकारिणा ।
आत्मनोऽनात्मना योगो वास्तवो नोपपद्यते ॥'

'आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्' इत्यादि श्रुति हैं । आदित्यवर्णसे अपने प्रकाशमें प्रकाशान्तरकी अपेक्षा न कर सबका भासक यह तात्पर्य है जिससे वह स्वयं ज्योति और जडसे असंबद्ध हैं । अतएव ज्ञान है प्रत्यक्षादि प्रमाणोंसे उत्पन्न परोक्षापरोक्षात्मक चित्तवृत्तिसे अभिव्यक्त चैतन्यात्मक-संवित्स्वरूप अतएव बुद्धि ही ज्ञेय-ज्ञात करनेके योग्य हैं क्योंकि वह अज्ञात है और ज्ञान करनेके योग्य है, जड़ ज्ञान करनेके

इति क्षेत्रं तथा ज्ञानं ज्ञेयं चोक्तं समासतः ।
मद्भक्त एतद्विज्ञाय मद्भावायोपपद्यते ॥ १८ ॥

इस प्रकार क्षेत्र, ज्ञान तथा ज्ञेय (परब्रह्म) का स्वरूप संक्षेपसे कहा । मेरा भक्त इसको जानकर मोक्षको प्राप्त करने के योग्य होता है ॥ १८ ॥

ज्ञातत्वाभावेन ज्ञातुमनर्हत्वात् । कथं तर्हि सर्वैर्न ज्ञायते, तत्राऽऽह—**'ज्ञाने'**ति । ज्ञानगम्यम्-पूर्वोक्तेनाऽमानित्वादिना तत्त्वज्ञानार्थदर्शनान्तेन साधनकलापेन ज्ञानहेतुतया ज्ञानशब्दितेन गम्यम्-प्राप्यम् । न तु तद्विनेत्यर्थः । ननु साधनेन गम्यं चेत् ? तत्किं देशान्तरव्यवहितम् ? नेत्याह—**'हृदीति'** । हृदि सर्वस्य विष्ठितं-सर्वस्य प्राणिजातस्य हृदि-बुद्धौ धिष्ठितं सर्वत्र सामान्येन-स्थितमपि, विशेषरूपेण तत्र स्थितम्-अभिव्यक्तं जीवरूपेणाऽन्तर्यामिरूपेण च सौरं तेज इव आदर्शसूर्यकान्तादौ । अव्यवहितमेव वस्तुतो भ्रान्त्या व्यवहितमिव सर्वभ्रमकारणाज्ञाननिवृत्त्या प्राप्यत इवेत्यर्थः ॥ १७ ॥

उक्तं क्षेत्रादिकमधिकारिणम्, फलं च वदन्नुपसंहरति—**'इति क्षेत्रमि'त्यादिना** । इति-अनेन पूर्वोक्तेन प्रकारेण क्षेत्रं-महाभूतादि धृत्यन्तम्, तथा ज्ञानम्-अमानित्वादि तत्त्वज्ञानार्थदर्शनान्तम्, ज्ञेयश्चानादिमत्परं ब्रह्म धिष्ठितमित्यन्तं श्रुतिभ्यः स्मृतिभ्यश्चाऽऽकृष्य त्रयमपि मन्दबुद्ध्यनुग्रहाय

योग्य नहीं तब क्यों नहीं सबको ज्ञात होता है इसमें कारण कहते हैं—**'ज्ञानगम्यम्'** से । पूर्वोक्त अमानित्वादिसे लेकर दर्शनान्त जो तत्त्वज्ञानके हेतु कहे हैं उनसे गम्य है उनके विना नहीं । यद्यपि अमानित्वादि ज्ञान स्वरूप नहीं फिर भी ज्ञानार्थ होनेसे ज्ञान शब्दसे कहे गये हैं । यदि हेतुसे प्राप्य है तो देशान्तर व्यवहित है क्या ? नहीं यह कहते हैं—**'सर्वस्य धिष्ठितम्'** से । सब प्राणी समूहोंके हृदयोंमें धिष्ठित सबकी बुद्धिमें सामान्यरूपसे स्थित भी विशेषरूपसे बुद्धिमें स्थित है । जीवरूपसे अन्तर्यामिरूपसे बुद्धिमें अभिव्यक्त होता है । जैसे सूर्यका तेज सर्वत्र रहता है परन्तु दर्पण सूर्यकान्तमणिमें अभिव्यक्त होता है ढेले आदिमें नहीं । तत्त्वतः व्यवहित नहीं वह भ्रमसे व्यवहितके समान प्रतीत होता है । सब भ्रमोंका कारण जो अज्ञान है उसकी निवृत्तिसे प्राप्त होता है अप्राप्तकी प्राप्ति नहीं किन्तु प्राप्त ही की प्राप्ति है इस तात्पर्यसे प्राप्त इव कहा यह अर्थ है ॥ १७ ॥

उक्त क्षेत्रादि अधिकारी और फल कहते हुए उपसंहार करते हैं—**'इति क्षेत्रमि'त्यादि** से । इस पूर्वोक्त प्रकारसे महाभूतादि धृत्यन्त क्षेत्र तथा ज्ञान अमानित्वादि तत्त्वज्ञानार्थदर्शनान्त ज्ञान 'अनादिमत्परं ब्रह्म धिष्ठित' एतत्पर्यन्त ज्ञेय इन तीनोंको श्रुतियोंमें और स्मृतियोंसे लेकर अल्प बुद्धियों पर दया कर संक्षेपसे

प्रकृतिं पुरुषं चैव विद्ध्यनादी उभावपि।
विकारांश्च गुणांश्चैव विद्धि प्रकृतिसंभवान्॥ १९॥

प्रकृति और पुरुष इन दोनोंको अनादि समझो। पञ्च महाभूत आदि विकार तथा सुख दुःख मोहरूप-गुणोंको प्रकृतिसे उत्पन्न हुआ जानो॥ १९॥

मया संक्षेपेणोक्तम्। एतावानेव हि सर्वो वेदार्थः, गीतार्थश्च। अस्मिंश्च पूर्वाध्यायोक्तलक्षणः मद्भक्त एवाधिकारीत्याह—'**मद्भक्तः**' इति। मयि-भगवति वासुदेवे परमगुरौ समर्पितसर्वात्मभावो मदेकशरणः स एतत्-यथोक्तं क्षेत्रम्, ज्ञानम्, ज्ञेयञ्च विज्ञाय-विवेकेन विदित्वा मद्भावाय सर्वानर्थशून्यपरमानन्दभावाय मोक्षायोपपद्यते-मोक्षं प्राप्तुं योग्यो भवति।

"यस्य देवे परा भक्तिर्यथा देवे तथा गुरौ।
तस्यैते कथिता ह्यर्थाः प्रकाशन्ते महात्मनः॥" इति श्रुतेः॥

तस्मात्सर्वदा मदेकशरणः सन्नात्मज्ञानसाधनान्येव परमपुरुषार्थलिप्सुरनुवर्तेत तुच्छविषयभोगस्पृहां हित्वेत्यभिप्रायः॥ १८॥

तदनेन ग्रन्थेन '**तत्क्षेत्रं यच्च यादृक्चे**'त्येतद्व्याख्यातम्। इदानीं "**यद्विकारि यतश्च यत्**" "**स च यो यत्प्रभावश्च**" इत्येतावद्व्याख्यातव्यम्। तत्र प्रकृतिपुरुषयोः संसारहेतुत्वकथनेन

मैंने कहा। इतना ही संपूर्ण वेदका अर्थ और गीताका अर्थ है। इसमें पूर्वाध्यायमें उक्त मेरा भक्त ही अधिकारी है यह कहते हैं—'**मद्भक्तः' इति** से। मेरा भक्त मुझ भगवान् वासुदेव परम गुरुमें अर्पण किया है सर्वात्मभाव-सर्वस्व जिसने मैं ही एक शरण हूँ जिसका वह भक्त जैसा कहा है क्षेत्र ज्ञान और ज्ञेय विवेकसे समझकर मद्भाव मेरा भाव सब दुःखोंसे रहित परम आनन्दभाव जो मोक्ष उसको पाता है—मोक्ष प्राप्तिके योग्य होता है।

"यस्य देवे परा भक्तिः यथा देवे तथा गुरौ।
तस्यैते कथिता ह्यर्थाः प्रकाशन्ते महात्मनः॥"

यह श्रुति है। जिसकी देवतामें उत्कृष्ट भक्ति है और जैसी भक्ति देवतामें हो वैसी ही भक्ति श्रीगुरुदेवमें हो उस महात्मा पुण्यात्माको ही कथित अर्थका भान होता है। '**तस्मादि'ति** से उपसंहार करते हैं सदा मदेकशरण होकर परम पुरुषार्थ मोक्ष लाभकी इच्छावान् आत्मज्ञानके साधनोंकी ही अनुवृत्ति सदा तत्पर ही रहना चाहिये क्षुद्रभोगकी वाञ्छाको छोड़कर यह अभिप्राय है॥ १८॥

इस ग्रन्थसे वह क्षेत्र जो है जैसा है इसका व्याख्यान किया। इस समय '**यद्विकारि यतश्च यत्, स च यो यत्प्रभावश्च**' इसका व्याख्यान करना है। प्रकृति पुरुष ये दोनों संसारके हेतु हैं इस कथनसे '**यद्विकारि**

'यद्विकारि यतश्च यदिति' **'प्रकृतिमि'**त्यादि द्वाभ्यां प्रपञ्च्यते। **'स च यो यत्प्रभावश्चे'**ति तु 'पुरुषः' इत्यादिद्वाभ्यामिति विवेकः। तत्र सप्तम ईश्वरस्य द्वे प्रकृती परापरे क्षेत्रक्षेत्रज्ञलक्षणे उपन्यस्यैतद्योनीनि भूतानीत्युक्तम्, तत्रापरा प्रकृतिः क्षेत्रलक्षणा, परा तु जीवलक्षणेति तयोरनादित्वमुक्त्वा, तदुभययोनित्वं भूतानामुच्यते—**'प्रकृतिमि'त्यादिना।** प्रकृतिः-मायाख्या त्रिगुणात्मिका पारमेश्वरी शक्तिः क्षेत्रलक्षणा, या प्रागपरा प्रकृतिरित्युक्ता। या तु परा प्रकृतिर्जीवाख्या प्रागुक्ता, स इह पुरुष इत्युक्त इति, न पूर्वापरविरोधः। प्रकृतिं पुरुषं चोभावपि अनादी एव विद्धि, न विद्यत आदिः कारणं ययोस्तौ। तथा प्रकृतेरनादित्वम्, सर्व-

यतश्च यत्' यह प्रकृतिमित्यादि दो श्लोकोंसे विस्तारपूर्वक कहते हैं—**'स च यो यत्प्रभावश्च'** इसका पुरुष इत्यादि दो श्लोकोंसे वर्णन है यह विवेक है। सप्तममें ईश्वरकी परापर भेदसे दो प्रकृतियां जो क्षेत्र क्षेत्रज्ञ स्वरूप हैं उनका उपन्यास कर **'एतद्योनीनि भूतानि'** यह कहा। उनमें अपरा प्रकृति क्षेत्रस्वरूपा, परा तो जीवस्वरूपा इन दोनोंमें अनादित्व कहकर भूतोंकी ये दोनों योनियां कहते हैं—**'प्रकृतिम्'** इससे। प्रकृति-माया सत्त्वरजस्तम एतद्गुणत्रयात्मक पारमेश्वरी क्षेत्रस्वरूप शक्ति जो अपरा प्रकृति कही गई है। जो परा प्रकृति जीव स्वरूप पूर्वमें कहा है वह यहाँ पुरुष है यह कहा है, अतः पूर्वोत्तर ग्रन्थका विरोध नहीं है। प्रकृति और पुरुष इन दोनोंको अनादि ही जानो; नहीं है आदिः-कारण जिन दोनोंका वे अनादि हैं। संपूर्ण संसारका कारण होनेसे प्रकृति अनादि है। यदि वह भी कारणसे सापेक्ष होगा तो अनवस्था होगी। अर्थात् प्रकृतिका जो कारण होगा सो भी अपने कारण की अपेक्षा करेगा फिर वह भी कारण कारणान्तरसे सापेक्ष होगा इस प्रकार अनवस्था होगी यदि अनवस्था परिहारके लिये किसी कारणको कारणसे निरपेक्ष मानना अन्ततः आवश्यक है तो दो चार सीढ़ी चढ़ना व्यर्थ है, प्रकृति को ही अन्तिम कारण कारणान्तरसे निरपेक्ष मानिये। धर्माधर्मसे पुरुष भी अनादि माना जाता है। धर्माधर्मके विना पुरुषका जन्म-शरीर संबन्ध नहीं हो सकता शरीर सम्बन्धके विना धर्म और अधर्म नहीं हो सकते क्योंकि ये शरीर वाक् मन इन तीनोंसे होते हैं। न्यायाचार्य **श्रीगौतममुनिने** स्पष्ट कहा है—'प्रवृत्तिर्वाग्बुद्धिशरीरारम्भः' १-१-१७ इति। बुद्धिशब्दसे मनका ग्रहण है। बुद्धिकी तीन वृत्तियां हैं संकल्प अध्यवसाय और अहङ्कार। प्रवृत्तिसे धर्माधर्मफलकप्रवृत्ति यहाँ विवक्षित है, अतः इनके विना धर्माधर्मादि नहीं हो सकते। अनवस्था अन्योन्याश्रय आदिका उपलक्षण है। यदि वर्तमान शरीरसे वर्तमान धर्माधर्म मानें और वर्तमान धर्माधर्मसे वर्तमान शरीर मानें तो अन्योन्याश्रय स्पष्ट है। दोनोंमें किसीकी उत्पत्ति न होगी। जैसे बीजके विना वृक्ष नहीं होता और वृक्षके विना बीज नहीं होता और दोनों है, इसलिये अनादि मानकर जिस बीजसे जो वृक्ष हुआ वह बीज दूसरे वृक्षसे हुआ दूसरा वृक्ष पूर्व बीजसे हुआ बीज भी अपनेसे पूर्व वृक्षसे हुआ इस प्रकार बीज वृक्षका प्रवाह अनादि है। प्रथम कौन हुआ ? यह प्रश्न नहीं उठता अनादि कहनेसे आदिका अभाव ही सिद्ध होता है आदि और प्रथम एक ही है। एवं धर्माधर्म और शरीर इनका प्रवाह भी बीज वृक्षवत् अनादि है।

जगत्कारणत्वात् । तस्या अपि कारणसापेक्षत्वे, अनवस्थाप्रसङ्गात् पुरुषस्यानादित्वम् । तद्धर्माधर्मप्रयुक्तत्वात् कृत्स्नस्य जगतः, जातस्य हर्ष-शोक-भयसंप्रतिपत्तेः, अन्यथा कृतहान्यकृताभ्यागमप्रसङ्गात् । यतः प्रकृतिरनादिः, अतस्तस्या भूतयोनित्वमुक्तं प्रागुपपद्यत इत्याह—'विकारांश्चे'ति । विकारांश्च-षोडश पञ्च महाभूतानि, एकादशेन्द्रियाणि च, गुणांश्च-सत्त्वरजस्तमोरूपान्सुखदुःखमोहान्प्रकृतिसंभवानेव-प्रकृतिकारणकानेव विद्धि-जानीहि ॥ १९ ॥

पूर्व पूर्व धर्माधर्मसे उत्तरोत्तर शरीर तथा पूर्व पूर्व शरीरसे उत्तरोत्तर धर्माधर्म होते हैं शरीर और धर्माधर्मका प्रवाह अनादि है । उक्त अनादित्व आत्मानादित्वके विना नहीं हो सकता क्योंकि धर्म और अधर्म आत्माश्रित हैं । आश्रयके अनादित्वके विना आश्रित अनादि नहीं हो सकता और जातमात्रका अदृष्ट हर्ष शोक और भयका हेतु है । अननुभूतभयादि-हर्ष भय आदिका अनुभव नहीं किया हुआ बालकको जो हर्ष विषादादि होता है जिससे कभी हँसता है कभी रोता है सो अकारणसे या दृष्ट कारणसे नहीं है किन्तु जन्मान्तरमें अनुभूतभयादिके स्मरण हेतुसे है । जन्मान्तरमें भी ये बाल स्वभाव होते हैं, वे भी उक्त पूर्व हेतुओंसे ही होते हैं । अतः इनसे भी अनादित्व स्पष्ट है अन्यथा अनादि न मानने पर कृत की हानि और अकृतका अभ्यागम होगा ।

भाव यह है कि "नाभुक्तं क्षीयते कर्म कल्पकोटिशतैरपि' इसके अनुसार फल देकर ही कर्म नष्ट होता है, विना फल भोगादिके ये सैकड़ों कल्प तक कर्म बना ही रहता है अपने फलदानके अवसर तक प्रतीक्षा करता रहता है । यदि आत्मा अनादि न माना जाय किन्तु प्रतिजन्म शरीरवत् नवीन माना जाय तो इस जन्ममें जो कर्म किये हैं उन सबका इस जन्ममें तो भोग हो नहीं सकता, कारण तात्कालिक फलप्रदानोन्मुख कर्मान्तर ये कर्म प्रतिबद्ध है । उसके भुक्त होने पर यदि बलवत्कर्मान्तर रहेगें तो वे ही प्रतिबन्धक होंगें । इस प्रकार वर्तमान कर्मोंके फलके भोगकी अवधि जन्मान्तरमें भी जाती हुई अनेक जन्म तक जाती है । 'संभवानेकविंशतिमि'त्यादि वचन इसमें प्रमाण है अतः आत्माको भी अनादि मानना आवश्यक है । अन्यकृत कर्मका अन्यके उपयोगसे नाश नहीं होता यही कृतकर्मकी फलभोगके विना हानि है। अकृताभ्यागम है गर्भस्थ एवं गर्भसे निकलनेके बाद जो सुखदुःखादि प्राणीको होते हैं वे पूर्व जन्मके किये कर्मोंके ही फल हैं क्योंकि वर्तमान जन्ममें अशक्त होनेसे कोई कर्म ही नहीं कर सकता । जातमात्रको सुख किसीको दुःख होता है यह तो अनुभवसिद्ध है फिर यह अकारण नहीं हो सकता अन्यथा मुक्तमें भी दुःखादि प्रसक्ति हो जायगी । लोगोंकी जन्मान्तर फलप्रद शुभाशुभ कर्मोंमें प्रवृत्ति न होगी । जन्मान्तरीय सुखप्राप्ति और दुःखपरिहारके लिये प्रवृत्ति होती है अतः आत्मा अनादि है यह मानना आवश्यक है । जिससे प्रकृति अनादि है अतः उसमें भूतयोनित्व जो पूर्वमें कहा है सो ठीक होता है यह कहते हैं । सोलह विकार-पञ्चमहाभूत पृथिव्यादि आकाशान्त, इग्यारह इन्द्रियाँ-चक्षुरादि पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ वागादि पाँच कर्मेन्द्रियाँ और एक मन ये सोलह हुए, गुण-सत्त्वरजस्तमःस्वरूप सुखदुःख मोह प्रकृतिसे होते हैं ऐसा समझो । प्रकृति ही विकारोंका कारण है यह जानो—॥ १९ ॥

कार्यकरणकर्तृत्वे हेतुः प्रकृतिरुच्यते ।
पुरुषः सुखदुःखानां भोक्तृत्वे हेतुरुच्यते ॥ २० ॥

कार्य और करण (इन्द्रिय) के परिणामका हेतु प्रकृति कही जाती है । सुख दुःखके भोगमें हेतु पुरुष कहा जाता है ॥ २० ॥

पुरुषः प्रकृतिस्थो हि भुङ्क्ते प्रकृतिजान् गुणान् ।
कारणं गुणसङ्गोऽस्य सदसद्योनिजन्मसु ॥ २१ ॥

मायामें अध्यस्त पुरुष प्रकृतिसे उत्पन्न गुणों का भोग करता है । गुणों का सम्वन्ध जीवके सत् और असत् योनियोंमें जन्म लेनेका कारण है ॥ २१ ॥

विकाराणां प्रकृतिसंभवत्वं विवेचयन्, पुरुषस्य संसारहेतुत्वं दर्शयति—**'कार्ये'ति** । कार्यम्-शरीरं करणानीन्द्रियाणि तत्स्थानि त्रयोदश, देहारम्भकाणि भूतानि, विषयाश्चेह कार्यग्रहणेन गृह्यन्ते । गुणाश्च सुख-दुःख-मोहात्मकाः करणाश्रयत्वात्करणग्रहणेन गृह्यन्ते । तेषाम् कार्यकरणानां कर्तृत्वे-तदाकारपरिणामे हेतुः-कारणं प्रकृतिरुच्यते महर्षिभिः । कार्यकारणेति दीर्घपाठेऽपि स एवार्थः । एवं प्रकृतेः संसारकारणत्वं व्याख्याय, पुरुषस्यापि यादृशं तत्, तदाह—**'पुरुषः'** इति । पुरुषः-क्षेत्रज्ञः परा प्रकृतिरिति प्राग्व्याख्यातः । सुखदुःखानाम्-सुख-दुःखमोहानां भोग्यानां सर्वेषामपि भोक्तृत्वे-वृत्त्युपरक्तोपलम्भे हेतुरुच्यते ॥ २० ॥

यत्पुरुषस्य सुखदुःखभोक्तृत्वं संसारित्वमित्युक्तम्, तस्य किं निमित्तमित्युच्यते—

विकार प्रकृतिसे होते हैं इसकी विवेचना करते हुए पुरुषमें संसारका कारणत्व दिखलाते हैं—**'कार्ये'ति** से । कार्य शरीर, करण उसमें स्थित इन्द्रियाँ देहस्थ तेरह, देहके आरम्भक भूत और गन्धादि विषय कार्यके ग्रहणसे गृहीत होते हैं । सुख दुःख मोह रूप गुण करणमें रहते हैं इसलिये करणग्रहणसे इनका भी ग्रहण होता है । इन कार्यकारणोंके कर्तृत्वमें अर्थात् तदाकार परिणाममें हेतु कारण महर्षियोंने प्रकृतिको कहा है । कार्यकरण इस करणके स्थानमें 'कारण' यह पाठ यदि है तो भी अर्थ वही है जो करण पाठमें कहा है । इस प्रकार प्रकृति संसारका कारण है यह व्याख्यान कर पुरुषमें जैसा है उसको कहते हैं—**'पुरुषेति'** से । **'पुरुषः क्षेत्रज्ञः परा प्रकृतिरि'ति** यह पूर्वमें कह चुके हैं । वह सुखदुःखों अर्थात् भोग्य सुख दुःख मोहोंका सबके भोक्तृत्वमें हेतु कहा जाता है । आत्मा यद्यपि भोक्ता नहीं है तथापि 'अहं भोक्ता' इत्याकारक जो मनोवृत्ति होती है तदुपरक्त-उससे रूषित विषयके उपलम्भ-प्रत्यक्षका कारण कहा गया है ॥ २० ॥

जो पुरुषमें सुख दुःख भोक्तृत्वरूप संसारित्व कहा है उसमें क्या हेतु है यह कहते हैं—

उपद्रष्टाऽनुमन्ता च भर्ता भोक्ता महेश्वरः ।
परमात्मेति चाप्युक्तो देहेऽस्मिन्पुरुषः परः ॥ २२ ॥

देहमें स्थित प्रकृतिके गुणों से परे अर्थात् रहित पुरुष साक्षी अनुमन्ता धारण पोषण करनेवाला भोग करनेवाला महान् ईश्वर और परमात्मा ऐसा कहा गया है ॥ २२ ॥

'पुरुषः' इत्यादिना । प्रकृतिः-माया तां मिथ्यैव तादात्म्येनोपगतः प्रकृतिस्थो हि-एव पुरुषः भुङ्क्ते-उपलभते प्रकृतिजान् गुणान् , अतः प्रकृतिजगुणोपलम्भहेतुषु सदसद्योनिजन्मसु-सद्योनयः देवाद्याः, तेषु हि सात्त्विकमिष्टं फलं भुज्यते । असद्योनयः-पश्वाद्याः, तेषु हि तामसमनिष्टम् फलं भुज्यते । सदसद्योनयः-धर्माधर्ममिश्रत्वाद्ब्राह्मणाद्या मनुष्याः, तेषु हि राजसं मिश्रं फलम् भुज्यते । अतस्तत्रास्य पुरुषस्य गुणसङ्गः-सत्त्वरजस्तमोगुणात्मकप्रकृतितादात्म्याभिमान एव कारणम् । न त्वसङ्गस्य तस्य स्वतः संसार इत्यर्थः ।

अथवा गुणसङ्गः-गुणेषु शब्दादिषु सुखदुःखमोहात्मकेषु सङ्गः-अभिलाषः काम इति यावत् । स एवास्य सदसद्योनिजन्मसु कारणम्, "स[1] यथाकामो भवति, तत्क्रतुर्भवति, यत्क्रतुः भवति, तत्कर्म कुरुते, यत्कर्म कुरुते, तदभिसंपद्यते" बृ० उ० ४-४-५ इति श्रुतेः । अस्मिन्नपि पक्षे मूलकारणत्वेन प्रकृतितादात्म्याभिमानो द्रष्टव्यः ॥ २१ ॥

'प्रकृति' । माया मिथ्याभूत उस प्रकृतिका तादात्म्यसे अध्यास कर प्रकृतिस्थ ही पुरुष प्रकृतिसे उत्पन्न गुणोंका भोक्ता उपलम्भ करता है अतः प्रकृतिसे उत्पन्न जो गुण उनके उपलब्धिके हेतु सत् और असत् योनियाँ है । देवादि सत्योनियाँ हैं । उनमें सत्त्वगुणोत्पन्न सुख फलको भोगते हैं । असत् योनि पशु पक्षी आदि है । उनमें तामस दुःख फलको भोगते हैं, सत् और असत् योनि ब्राह्मण क्षत्रियादि मनुष्य है क्योंकि वे धर्माधर्म दोनोंसे युक्त हैं । इनमें राजस दुःखसे युक्त सुख फलको भोगते हैं । इस कारण उसमें इस पुरुषके गुण संगमें सत्त्वरजस्तमएतद्गुणत्रयात्मक प्रकृतितादात्म्याभिमान ही कारण है । असंग आत्मा स्वतः संसारी नहीं है ।

अथवा 'गुणसंगः' गुण शब्द स्पर्शादि विषय जो सुख दुःख मोहात्मक है उनमें संग अभिलाषा स्पृहा वही इस पुरुषके सदसद्योनिमें जन्म लेनेका कारण हैं । 'स यथाकामो भवति, तत्क्रतुर्भवति, यत्क्रतुः भवति, तत्कर्म कुरुते, तदभिसंपद्यते' यह श्रुति है । इस पक्षमें भी मूलकारण प्रकृतितादात्म्याभिमान ही समझना ॥ २१ ॥

---

१. अर्थ—वह जैसी कामनावाला होता है, वैसा ही संकल्पवाला होता है । जैसा संकल्प करता है वैसा कर्म करता है, और जैसा कर्म करता है, वैसा ही बन जाता [फल पाता] है ।

तदेवं प्रकृतिमिथ्यातादात्म्यात्पुरुषस्य संसारः, न स्वरूपेणेत्युक्तम्। कीदृशं पुनस्तस्य स्वरूपम्, यत्र न संभवति संसार इत्याकाङ्क्षायाम्, तस्य स्वरूपं साक्षान्निर्दिशन्नाह—**'उपद्रष्टे'त्यादिना**। अस्मिन्-प्रकृतिपरिणामे देहे जीवरूपेण वर्तमानोऽपि पुरुषः परः-प्रकृति-गुणासंस्पृष्टः परमार्थतोऽसंसारी स्वेन रूपेणेत्यर्थः। यत उपद्रष्टा-यथर्त्विग्यजमानेषु यज्ञकर्मव्यापृतेषु तत्समीपस्थोऽन्यः स्वयमव्यापृतो यज्ञविद्याकुशलत्वादृत्विग्यजमानव्यापारगुणदोषाणामीक्षिता, तद्वत्कार्यकरणव्यापारेषु स्वयमव्यापृतो विलक्षणस्तेषां कार्यकरणानां सव्यापाराणाम् समीपस्थो द्रष्टा, न तु कर्ता पुरुषः, "स यत्तत्र किंचित्पश्यति, अनन्वागतस्तेन भवति, असङ्गो ह्ययं पुरुषः" बृ० उ० ४-३-१५ इति श्रुतेः।

अथवा देहचक्षुर्मनोबुद्ध्यात्मसु दृश्येषु मध्ये बाह्यान्देहादीनपेक्ष्याऽत्यव्यवहितः द्रष्टाऽऽत्मा पुरुष उपद्रष्टा, उपशब्दस्य सामीप्यार्थत्वात्, तस्य चाव्यवधानरूपस्य प्रत्यगात्मन्येव पर्यवसानात्। अनुमन्ता च-कार्यकरणप्रवृत्तिषु स्वयमप्रवृत्तोऽपि प्रवृत्त इव संनिधिमात्रेण तदनुकूलत्वादनुमन्ता।

इस प्रकार मिथ्याप्रकृतितादात्म्याध्याससे पुरुषको संसार है, स्वरूपसे नहीं यह कहा। पुरुषका स्वरूप फिर कैसा है जिसमें संसारका संभव नहीं इस जिज्ञासासे उसके स्वरूपका साक्षान्निर्देश करते हुए कहते हैं—**'उपद्रष्टे'ति** से। इस प्रकृतिके परिणामस्वरूप देहमें जीवस्वरूपसे वर्तमान भी पुरुष पर अर्थात् प्रकृतिके गुणोंसे अस्पृष्ट-अछूत वस्तुतः अपने स्वरूपसे असंसारी है अतः उपद्रष्टा है इसमें—**'यथे'ति** से। जैसे ऋत्विग्-ऋतुकालयाजी अध्वर्यु, होता, ब्रह्मा, उद्गाता तथा यजमान ये लोग यज्ञमें अपने कार्यको करते हैं इनके सन्निधिमें खड़ा स्वयं यागव्यापारसे शून्य यागविधानका जाननेवाला होनेसे ऋत्विग् और यजमानके व्यापारके गुण दोषोंका समीक्षण करता है। जहाँ त्रुटि होती है वहाँ 'ऐसा करना चाहिये' इत्याद्युपदेशसे उसका परिहार [प्रायश्चित्त] करता है उसी प्रकार शरीरेन्द्रिय व्यापारमें स्वयं व्यापार रहित भी सव्यापार व्यापारवान् देहेन्द्रियोंके समीपमें स्थित उनसे विलक्षण केवल द्रष्टा है पुरुष कर्ता नहीं, 'स यत्किंचित्पश्यति, अनन्वागतस्तेन भवति, 'असंगो ह्ययं पुरुषः' ऐसी श्रुति है।

अथवा देह चक्षु मन बुद्धि आत्मा इन दृश्योंके मध्यमें बाह्य देहादिकी अपेक्षा अत्यन्त व्यवधानशून्य द्रष्टा आत्मा पुरुष उपद्रष्टा है उपशब्दका सामीप्य अर्थ है। अव्यवहित सामीप्य प्रत्यगात्मामें ही निश्चित है। अनुमन्ता भी आत्मा है देहेन्द्रियादि प्रवृत्तियोंमें स्वयं प्रवृत्त न होने पर भी समीपस्थ होनेसे प्रवृत्तके समान अनुकूल होनेसे अनुमन्ता है।

---

१. अर्थ—वह वहां जो कुछ देखता है उससे वह संबद्ध नहीं होता है अर्थात् उससे उसका कोई सम्बन्ध नहीं होता क्योंकि यह पुरुष असंग है।

य एवं वेत्ति पुरुषं प्रकृतिं च गुणैः सह।
सर्वथा वर्तमानोऽपि न स भूयोऽभिजायते ॥ २३ ॥

जो इस प्रकार पुरुष और विकारोंके साथ प्रकृतिको जानता है, वह विधिका उल्लंघन करनेवाला भी पुनर्जन्म नहीं लेता ॥ २३ ॥

अथवा स्वव्यापारेषु प्रवृत्तान्देहेन्द्रियादीन्न निवारयति कदाचिदपि तत्साक्षिभूतः पुरुष इत्यनुमन्ता, " साक्षी चेता:" श्वे० उ० ६-११ इति श्रुतेः । भर्ता-देहेन्द्रियमनोबुद्धीनाम् संहतानां चैतन्याभासविशिष्टानां स्वसत्तया, स्फुरणेन च धारयिता, पोषयिता च। भोक्ता-बुद्धेः सुख-दुःख-मोहात्मकान्प्रत्ययान्स्वरूपचैतन्येन प्रकाशयतीति निर्विकार एवोपलब्धा। महेश्वरः सर्वात्मत्वात्, स्वतन्त्रत्वाच्च महानीश्वरश्चेति महेश्वरः-परमात्मा देहादिबुद्धयन्तानाम-विद्ययाऽऽत्मत्वेन कल्पितानां परमः-प्रकृष्ट उपद्रष्टृत्वादिपूर्वोक्तविशेषणविशिष्ट आत्मा परमात्मा, इति अनेन शब्देनापि उक्तः-कथितः श्रुतौ । चकारादुपद्रष्टेत्यादिशब्दैरपि स एव पुरुषः परः "उत्तमः पुरुषस्त्वन्यः परमात्मेत्युदाहृतः" इत्यग्रेऽपि वक्ष्यते ॥ २२ ॥

अथवा अपने व्यापारमें लगे देहेन्द्रियादिको किसी समय रोकता नहीं क्योंकि उनका साक्षी है पुरुष, 'अनुमन्ता इसमें प्रमाण चेताः' साक्षी यह श्रुति है। देह इन्द्रिय मन और बुद्धि जो चैतन्याभासविशिष्ट चित्तप्रतिफलित चैतन्यविशिष्ट-सहित है स्वसत्ता और स्फुरणसे धारण पोषण करनेवाला है अतः भर्ता है। 'डु भृञ् धारणपोषणयोः' इस धातुपाठके अनुसार यहाँ दोनों अर्थ विवक्षित हैं। भोक्ताकी बुद्धि-अन्तःकरणकी विषय सम्पर्कसे जो सुख-दुःख मोहात्मक वृत्तियाँ होती है स्वरूपभूत चैतन्यसे उनका प्रकाशक अविकारी ज्ञात है। यदि उक्त वृत्तियाँ आत्मामें हो तो वह भोक्ता हो सकता है पर ऐसा माननेसे वह विकारी हो जायगा जो अद्वैत-वेदान्तियोंको इष्ट नहीं। महेश्वर स्वतन्त्र और सबका आत्मा होनेसे महान् ईश्वर परमात्मा है। शरीरादि अन्तःकरणान्त जो अविद्याकलिपत अचेतन हैं उससे परम-उत्कृष्ट उपद्रष्टा इत्यादि पूर्वोक्त विशेषणविशिष्ट आत्मा जो परमात्मा इस शब्दसे भी कहा गया है श्रुतिमें चकारसे उपद्रष्टा इत्यादि शब्दसे भी कहा गया है वही पुरुष पर है 'उत्तमः पुरुषस्त्वन्यः परमात्मेत्युदाहृतः' यह आगे भी कहेंगे ॥ २२ ॥

(१. अर्थ—जो समतल तथा पवित्र कंकड़ अग्नि और वालूकासे तथा शब्द जल आश्रयादिसे रहित मनके अनुकूल और नेत्रोंको पीड़ित नहीं करनेवाले हों उस गुहा या वायुशून्य स्थानमें योगाभ्यास करें।

२. अर्थ—संगको सर्वथा त्यागना चाहिए उसे यदि सर्वात्मना न त्याग सके तो सत्पुरुषोंके साथ ही संग करना चाहिए। क्योंकि सत्पुरुषका संग ही औषध है।) यह दोनों टिप्पणीयां २१७ पृष्ठ में समझना चाहिए।

ध्यानेनाऽऽत्मनि पश्यन्ति केचिदात्मानमात्मना ।
अन्ये सांख्येन योगेन कर्मयोगेन चापरे ॥ २४ ॥

कोई ध्यानसे परमात्माको हृदयमें देखते हैं, कोई अन्तःकरणसे आत्माको देखते हैं, दूसरे सांख्ययोग अर्थात् वेदान्त वाक्यके विचारसे उत्पन्न चिन्तनसे तथा अन्य लोग फल कामनासे रहित कर्मसे देखते हैं ॥ २४ ॥

तदेवं **'स च यो यत्प्रभावश्चे'ति** व्याख्यातम् , इदानीं 'यज्ज्ञात्वाऽमृतमश्नुते' इत्युक्तमुपसंहरति—**'य एवमि'त्यादिना** । य एवम्-उक्तेन प्रकारेण वेत्ति-पुरुषम्-अयमहमस्मीति-साक्षात्करोति, प्रकृतिं चाविद्यां गुणैः-स्वविकारैः सह मिथ्याभूतामात्मविद्यया बाधितां वेत्ति निवृत्ते ममाऽज्ञान-तत्कार्ये इति, स सर्वथा प्रारब्धकर्मवशादिन्द्रवद्विधिमतिक्रम्य वर्तमानोऽपि भूयो न जायते-पतितेऽस्मिन्विद्वच्छरीरे, पुनर्देहग्रहणं न करोति । अविद्यायां विद्यया नाशितायाम् तत्कार्यासंभवस्य बहुधोक्तत्वात् । "तदधिगमे उत्तरपूर्वाघयोरश्लेषविनाशौ तद्व्यपदेशात्' ४-१-१३ इति न्यायात् । अपिशब्दाद्विधिमनतिक्रम्य वर्तमानः स्ववृत्तस्थो भूयो न जायत इति, किमु वक्तव्यमित्यभिप्रायः ॥ २३ ॥

अत्राऽऽत्मदर्शने साधनविकल्पा इमे कथ्यन्ते—**'ध्यानेने'त्यादिना** । इह हि-चतुर्विधाः

इस प्रकार **'स च यो यत्प्रभावश्च'** इसका व्याख्यान हो गया । इस समय 'यज्ज्ञात्वाऽमृतमश्नुते' इस उक्त का उपसंहार करते हैं—**'य एवमिति'** से । उक्त प्रकारसे जो यह पुरुष मैं ही हूँ यह प्रत्यक्ष करता है उससे भिन्न अपनेको नहीं देखता स्वविकारोंके साथ मिथ्याभूत प्रकृतिको आत्मज्ञानसे बाधित देखता है अर्थात् मेरे अज्ञान तत्कार्य निवृत्त हो गये वह सब प्रकारसे प्रारब्ध कर्मके वश इन्द्र के समान वर्णाश्रम-विधिका उल्लंघन कर तद्विपरीताचरण करके भी फिर शरीरान्तरमें नहीं उत्पन्न होता । ज्ञानीको इस शरीरके पतन होने पर भी शरीर का ग्रहण नहीं होता । विद्यासे अविद्याके ध्वंस होने पर फिर अविद्याके कार्यका सम्भव नहीं है यह अनेक बार कह चुके हैं । इसमें "तदधिगमे' इत्यादि वेदान्तसूत्र-न्याय भी है । अपिशब्दसे विधिका उल्लंघन न कर वर्तमान अपने स्ववर्णाश्रम धर्ममें निष्ठावान् शरीरान्तर का ग्रहण नहीं करता । इसमें कहना ही क्या है यह भाव है ॥ २३ ॥

आत्मप्रत्यक्षमें ये कारणके विकल्प कहते हैं—इस लोकमें चार प्रकारके मनुष्य हैं कोई उत्तम है,

---

१. अर्थ—इस आत्मतत्त्वका ज्ञान होनेपर भावी पुण्य पापका अश्लेष संसर्ग नहीं होता है तथा पूर्वकृत पुण्य-पाप नष्ट हो जाते हैं ।

जनाः-केचिदुत्तमाः, केचिन्मध्यमाः, केचिन्मन्दाः, केचिन्मन्दतराः-इति। तत्रोत्तमानामात्मज्ञानसाधनमाह--'**ध्यानेन**-विजातीयप्रत्ययानन्तरितेन सजातीयप्रत्ययप्रवाहेण श्रवणमननफलभूतेनाऽऽत्मचिन्तनेन निदिध्यासनशब्दोदितेनाऽऽत्मनि-बुद्धौ पश्यन्ति-साक्षात्कुर्वन्ति-आत्मानम्-प्रत्यक्चेतनमात्मना-ध्यानसंस्कृतेनान्तःकरणेन केचिदुत्तमा योगिनः। मध्यमानामात्मज्ञानसाधनमाह--'**अन्ये' इति।** अन्ये-मध्यमाः सांख्येन योगेन निदिध्यासनपूर्वभाविना श्रवणमननरूपेण नित्यानित्यविवेकादिपूर्वकेणेमे-गुणत्रयपरिणामा अनात्मानः सर्वे मिथ्याभूताः, तत्साक्षिभूतो नित्यो विभुर्निर्विकारः सत्यः समस्तजडसंबन्धशून्यः आत्माऽहमित्येवं वेदान्तवाक्यविचारजन्येन चिन्तनेन, पश्यन्त्यात्मानमात्मनीति वर्तते। ध्यानोत्पत्तिद्वारेणेत्यर्थः। मन्दानाम् ज्ञानसाधनमाह--'**कर्मयोगेने**'ति। कर्मयोगेन-ईश्वरार्पणबुद्धया क्रियमाणेन फलाभिसंधिरहितेन तत्तद्वर्णाश्रमोचितेन वेदविहितेन कर्मकलापेन चापरे मन्दाः, पश्यन्त्यात्मानमात्मनीति वर्तते। सत्त्वशुद्धया श्रवण-मनन-ध्यानोत्पत्तिद्वारेणेत्यर्थः॥ २४॥

कोई मध्यम है, कोई मन्द है, कोई मन्दतर, अर्थात् अतिमन्द। उनमें उत्तमोंके ज्ञानोपायको कहते हैं—'**ध्यानेन**' इति से। प्रत्ययैकतानरूप अर्थात् भिन्नविषयक ज्ञानसे व्यवधानरहित जो सजातीय ज्ञानधारावदविच्छिन्न गृहीतविषयक ज्ञानधारा जो श्रवण मननका फलभूत आत्मचिन्तन-निदिध्यासन है। उससे बुद्धिमें आत्माको देखते हैं। आत्मा प्रत्यक्चेतन ध्यानसंस्कृत अन्तःकरणसे कोई उत्तम योगी उक्त चेतनको देखते हैं। मध्यमोंके लिये ज्ञानोपाय कहते हैं—'**अन्ये त्विति**' से। अन्य-मध्यम सांख्यसे योगसे जो निदिध्यासनसे पहले होते हैं अर्थात् निदिध्यासनके कारण श्रवण मनन जो नित्यानित्यवस्तुविवेकपूर्वक है ये तीनों गुणोंके परिणामस्वरूप आत्मासे भिन्न सब मिथ्या है। इनका साक्षी नित्य विभु और विकाररहित सत्य सम्पूर्ण जड़ जातीयोंके सम्बन्धसे शून्य आत्मा 'मैं हूँ' इस प्रकार वेदान्तवाक्यविचारसे उत्पन्न ज्ञानसे आत्मामें आत्माको देखते हैं। यहाँ भी आत्माकी अनुवृत्ति है। ध्यानोत्पत्ति द्वारा आत्मदर्शन करते हैं। साक्षात् नहीं 'ते ध्यानयोगानुगता अपश्यन्' इत्यादि श्रुतिका उक्तार्थमें ही स्वरस है। मन्दोंके ज्ञानसाधन कहते हैं—'**कर्मयोगेनेति**' से। कर्मसे ईश्वरार्पणबुद्धि प्रकृतमें विवक्षित है, फलकामनाशून्य वेदविहित तत्तद्वर्णाश्रमानुकूल उक्त बुद्धयात्मक कर्मयोग-कर्मसमुदायसे अपर-मन्द लोग आत्मामें आत्माको देखते हैं। 'आत्मानमात्मनि' की यहाँ भी अनुवृत्ति है। अन्तःकरणशुद्धिसे श्रवण मनन निदिध्यासनोत्पत्तिद्वारा देखते हैं यह अर्थ है। श्रवण मनन निदिध्यासन सर्वत्र अपेक्षित हैं॥ २४॥

अन्ये त्वेवमजानन्तः श्रुत्वाऽन्येभ्य उपासते ।
तेऽपि चातितरन्त्येव मृत्युं श्रुतिपरायणाः ॥ २५ ॥

कोई पूर्वोक्त प्रकारसे आत्माको नहीं जाननेवाले भी दूसरे तत्त्वज्ञसे सुनकर उपासना करते हैं, गुरुके उपदेश सुननेमें तत्पर वे भी संसारको पार कर जाते हैं ॥ २५ ॥

यावत्संजायते किंचित्सत्त्वं स्थावर-जङ्गमम् ।
क्षेत्र-क्षेत्रज्ञसंयोगात्तद्विद्धि भरतर्षभ ! ॥ २६ ॥

हे अर्जुन ! जो कुछ भी स्थावर जङ्गम रूप वस्तु उत्पन्न होती है, उसको क्षेत्र क्षेत्रज्ञके द्वारा उत्पन्न जानो ॥ २६ ॥

मन्दतराणां ज्ञानसाधनमाह—**'अन्यत्वि'**त्यादिना । अन्ये तु-मन्दतराः, तुशब्दः पूर्वश्लोकोक्तत्रिविधाधिकारिवैलक्षण्यद्योतनार्थः । एषूपायेष्वन्यतरेणाप्येवं यथोक्तमात्मानमजानन्तोऽन्येभ्यः-कारुणिकेभ्य आचार्येभ्यः श्रुत्वेदमेवं चिन्तयतेत्युक्ता उपासते-श्रद्दधानाः सन्तश्चिन्तयन्ति, तेऽपि चातितरन्त्येव मृत्युम्-संसारं श्रुतिपरायणाः-स्वयं विचारासमर्था अपि श्रद्दधानतया गुरूपदेशश्रवणमात्रपरायणाः । तेऽपीत्यपिशब्दात् ये स्वयं विचारसमर्थाः, ते मृत्युमतितरन्तीति, किमु वक्तव्यमित्यभिप्रायः ॥ २५ ॥

संसारस्याऽऽविद्यकत्वाद्विद्यया मोक्ष उपपद्यत इति, एतस्यार्थस्यावधारणाय संसारतन्निवर्तकज्ञानयोः प्रपञ्चः क्रियते यावदध्यायसमाप्ति । तत्र 'कारणं गुणसङ्गोऽस्य सदसद्योनिजन्मसु' इत्येतत्प्रागुक्तं विवृणोति—**'यावदि'**त्यादिना । यावत्किमपि सत्त्वं वस्तु संजायते-

---

अतिमन्दोंके लिये ज्ञानोपाय कहते हैं–**'अन्य इति'** से-। 'तु' शब्द पूर्वश्लोकमें कथित तीन प्रकारके अधिकारियोंसे वैलक्षण्य सूचनके लिये हैं। अतिमन्द इन उपायोंमें से किसी उपायसे भी जो आत्माको जान नहीं सकते हैं अन्य दयालु आचार्योंसे सुनकर इस प्रकार चिन्तन करो इससे कथित प्रेरित हो उपासना करते हैं–जो श्रद्धापूर्वक निरन्तर चिन्तन करते हैं वे भी श्रुतिपरायण, स्वयं विचारनेमें अशक्त भी श्रद्धायुक्त होकर गुरुके उपदेशके श्रवणपरायण मृत्युरूप संसार को तरते हैं। 'तेऽपि' यहाँ अपिशब्द से जो स्वयं विचारनेमें निपुण हैं वे मृत्युको तरते हैं इसमें कहना ही क्या है ? ॥ २५ ॥

संसार अविद्या कल्पित है आत्मज्ञानरूप विद्यासे इसकी निवृत्ति होती है इस अर्थको हृदयंगम करनेकेलिये संसार और संसारनिवर्तक ज्ञानका विस्तार अध्यायसमाप्तिपर्यन्त करते हैं। उसमें 'कारण गुणसंगोऽस्य सदसद्योनिजन्मसु' इस प्रागुक्तको विशेषरूपसे विवरण करते हैं—**'यावदिति'** से। जितने कोई भी

समं सर्वेषु भूतेषु तिष्ठन्तं परमेश्वरम् ।
विनश्यत्स्वविनश्यन्तं यः पश्यति स पश्यति ॥ २७ ॥

नष्ट होते हुये सब भूतोंमें समभावसे स्थित अविनाशी आत्माको (परमेश्वरको) जो देखता है वही देखता है ॥ २७ ॥

स्थावरम्, जङ्गमं वा, तत्सर्वं क्षेत्रक्षेत्रज्ञसंयोगात्-अविद्या-तत्कार्यात्मकं जडमनिर्वचनीयम् सदसत्त्वं दृश्यजातं क्षेत्रम् , तद्विलक्षणं तद्भासकं स्वप्रकाशपरमार्थसच्चैतन्यमसङ्गोदासीनम् निर्धर्मकमद्वितीयं क्षेत्रज्ञम्, तयोः संयोगः मायावशादितरेतराविवेकनिमित्तो मिथ्यातादात्म्याध्यासः सत्यानृतमिथुनीकरणात्मकः, तस्मादेव संजायते तत्सर्वं कार्यजातमिति विद्धि हे भरतर्षभ !, अतः स्वरूपाज्ञाननिबन्धनः संसारः स्वरूपज्ञानाद्विनंष्टुमर्हति स्वप्नादिवदित्यभिप्रायः ॥ २६ ॥

एवं संसारमविद्यात्मकमुक्त्वा, तन्निवर्तकविद्याकथनाय 'य एवं वेत्ति पुरुषम्' इति प्रागुक्तं विवृणोति—**'सममि'त्यादिना** । सर्वेषु भूतेषु-भवनधर्मकेषु स्थावर-जङ्गमात्मकेषु प्राणिषु अनेकविधजन्मादिपरिणामशीलतया गुणप्रधानभावापत्त्या च विषमेषु, अतएव चञ्चलेषु प्रति-

---

स्थावर-स्थिर वृक्षादि, जंगम-गतिशील प्राणी उत्पन्न होते हैं वे सब क्षेत्र, क्षेत्रज्ञके संयोगसे अविद्या और उसके कार्यस्वरूप जड़ अनिर्वचनीय सदसत्त्व जिसके सत्त्व या असत्त्वका निर्वचन नहीं हो सकता 'यदि सत् स्यात्, न बाध्येत, यदि असत्स्यात्, प्रत्यक्षतया न भासेत, बाध्यते, प्रत्यक्षतया भासते च, तस्मान्न सत्, नासत्, किन्तु उभयविलक्षणमनिर्वचनीयम्' दृश्यमात्र इससे विलक्षण अनिर्वचनीय दृश्यमात्रका भासक स्वप्रकाश-परप्रकाश की अपेक्षा नहीं करनेवाला प्रकाश परमार्थ सत् चैतन्य निस्संग उदासीन सकलधर्मातीत अद्वितीय सजातीय-विजातीय-स्वगतद्वितीयशून्य क्षेत्रज्ञ है । उन क्षेत्रक्षेत्रज्ञोंका संयोग मायिक-परस्पर विवेकके अभावनिबन्धन 'सत्य अनृत' सच्चा झूठा एतदुभय रूप है । उसीसे यह सब कार्य समूह उत्पन्न होता है यह जानो । हे भरतर्षभ ! भरतश्रेष्ठ ! । अतः स्वस्वरूपाज्ञान मूलक संसार, स्वरूपज्ञानसे-असन्दिग्धाविपर्यस्त स्वरूपसाक्षात्कारसे विनाशके योग्य है, जैसे स्वाप्निक पदार्थजात जागरावस्थामें विनाशी हैं क्योंकि वे अज्ञान निमित्तक हैं जागर ज्ञानसे उनके निमित्तका नाश होनेपर नैमित्तिक स्वाप्निक पदार्थोंका नाश होता है उसी प्रकार प्रकृतमें भी समझना-यह भाव है ॥ २६ ॥

निकृष्ट तमोगुणके वृत्त कार्य निद्रा आलस्य आदिमें स्थित जो हैं वे अधः नीचे पश्वादि योनिमें उत्पन्न होते हैं। किसी समय सात्त्विकके राजस भी जघन्यगुणवृत्तस्थ होते हैं पर वे पश्वादि योनिमें नहीं होते । अतः उनकी व्यावृत्तिके लिए 'तामसाः' यह विशेषण है । अर्थात् सदा तमःप्रधान जो है वे पश्वादि योनि में उत्पन्न होते हैं किसी समय जो तमःप्रधान हैं सदा नहीं वो निकृष्ट योनिमें नहीं उत्पन्न होंते क्योंकि वे सदा तमःप्रधान नहीं हैं यह अभिप्राय है ॥ १८ ॥

इस अध्यायमें कहनेके लिए तीन अर्थ प्रस्तुत हैं उनमें क्षेत्र-क्षेत्रज्ञ इन दोनोंका संयोग ईश्वराधीन और कौन गुण है कैसे वे बाँधते हैं ये दोनों विषयको कह चुके हैं। अब गुणोंसे कैसे छुटकारा मिलता है ? मुक्तका क्या लक्षण है। यह कहना बाकी है उनमें गुण मिथ्याज्ञानस्वरूप है अतः समीचीन ज्ञानसे गुणोंसे मुक्ति होती है यह कहते हैं—**'नान्यं'** इत्यादिसे । **गुणेभ्यः** कार्य शरीरादि, इन्द्रिय और विषय, भोग्यवस्तुजात इन तीनों आकारोंसे परिणत जो तीन इनसे भिन्न कर्ताको विचार निपुण द्रष्टा न जब नहीं देखता है विचारके अनन्तर नहीं देखता किन्तु गुण ही अन्तःकरणके समान वाह्यकरण शरीर विषयके स्वरूपको प्राप्तकर सब कर्मोंको गुण ही करता ऐसा देखता है । उन उन

गुणानेतानतीत्य त्रीन् देही देहसमुद्भवान् ।
जन्ममृत्युजरादुःखैर्विमुक्तोऽमृतमश्नुते ॥ २० ॥

देही पुरुष देहकी उत्पत्तिके कारणभूत इन सत्त्व रजः तम तीनों गुणोंको अतिक्रमणकर जन्म मृत्यु जरा और दुःखसे रहित होकर अमरत्व प्राप्त करता है ॥ २० ॥

अर्जुन उवाच

कैर्लिङ्गैस्त्रीन् गुणानेतानतीतो भवति ! ।
किमाचारः कथं चैतांस्त्रीन् गुणानतिवर्तते ॥ २१ ॥

अर्जुन बोले ! हे प्रभो ! तीनों गुणोंका अतिक्रमण करनेवाला किन चिह्नोंसे युक्त होता है, उसका आचरण क्या होता है और कैसे इन तीनों गुणोंका अतिक्रमण करता है ॥ २१ ॥

गुणतत्कार्यसंस्पृष्टं तद्भासकमादित्यमिव जल-तत्कम्पाद्यसंस्पृष्टं निर्विकारं सर्वसाक्षिणम् सर्वत्र समं क्षेत्रज्ञमेकं वेत्ति । मद्भावम्-मद्रूपतां स द्रष्टाऽधिगच्छति ॥ १९ ॥

कथमधिगच्छतीत्युच्यते—'**गुणानेतानि**'ति । गुणानेतान्-मायात्मकांस्त्रीन् सत्वरजस्त-मोनाम्नः देहसमुद्भवान्-देहोत्पत्तिबीजभूतान् अतीत्य-जीवन्नेव तत्त्वज्ञानेन बाधित्वा जन्ममृ-त्युजरादुःखैः-जन्मना मृत्युना जरया दुःखैश्चाध्यात्मिकादिभिर्मायामयैर्विमुक्तो जीवन्नेव तत्संबंध-शून्यः सन् विद्वान् अमृतम्-मोक्षं मद्भावमश्नुते-प्राप्नोति ॥ २० ॥

अवस्था-शरीराद्यवस्थामें परिणत गुणोंसे अलग गुण तत्कार्य जड़वर्गसे असम्बद्ध (अछूत) किन्तु उसका प्रकाश जल और उसके कंपादिसे असंबद्ध आदित्य (सूर्य) के समान सब विकारोंसे रहित सबका साक्षी सबमें सम, एकरस, क्षेत्रज्ञको जो जानता है वह द्रष्टा मद्भाव मेरी स्वरूपताको प्राप्त करता है मुक्त होता है ॥ १९ ॥

कैसे प्राप्त करता है यह कहते हैं—'**गुणानिति**' से । मायिक सत्त्व रज तम एतन्नामक जो तीनों गुण हैं ये शरीरोत्पत्तिके बीज निदान हैं, जीता हुआ विद्वान् देही उक्त इन तीनों गुणोंका अतिक्रमण कर जन्म मृत्यु जरा दुःखोंसे मुक्त होता है । जन्म मृत्यु जराके दुःखोंसे मुक्त होता है यह किसी को अर्थ प्रतीत न हो इसलिए 'जन्म च मृत्युश्च' इत्यादि इतरेतरद्वन्द्व समासका निर्देश है । जरान्तका दुःखके साथ षष्ठीतत्पुरुष नहीं है, क्योंकि षष्ठीतत्पुरुष मानने से जन्मादिके दुःखसे मुक्त होता है इतने ही अर्थका लाभ होगा, आध्यात्मिक आधिभौतिक आधिदैविक दुःखोंका संग्रह न होगा इसलिए द्वन्द्वसमासका निर्देश किया है । उक्त सब मायामय है वास्तविक नहीं इनसे मुक्त होकर आत्मतत्त्व ज्ञानसे जीवित रहकर भी उसके सम्बन्धसे रहित अन्तमें देहपातोत्तर मद्भाव मोक्ष पाता है ॥ २० ॥

श्रीभगवानुवाच

प्रकाशं च प्रवृत्तिं च मोहमेव च पाण्डव ! ।
न द्वेष्टि संप्रवृत्तानि न निवृत्तानि काङ्क्षति ॥ २२ ॥

श्री भगवान् बोले ! हे अर्जुन जो आविर्भूत हुये—जो सत्वकार्य प्रकाश, रजः कार्यप्रवृत्ति, तमः कार्य-मोह में द्वेष नहीं करता और निवृत्त हुये प्रकाशादिकी इच्छा नहीं करता ॥ २२ ॥

गुणानेतानतीत्य जीवन्नेवामृतमश्नुत इत्येतच्छ्रुत्वा गुणातीतस्य लक्षणं च, आचारं च गुणातीतत्वोपायं च सम्यग्बुभुत्समानः अर्जुन उवाच—'कैर्लिंगैरि'ति । एतान् गुणानतीतो यः, स कैर्लिङ्गैर्विशिष्टो भवति । यैर्लिङ्गैः स ज्ञातुं शक्यः, तानि मे ब्रूहीत्येकः प्रश्नः । प्रभुत्वाद्भृत्यदुःखम् भगवतैव निवारणीयमिति सूचयन् संबोधयति **'प्रभो' इति** । क आचारोऽस्येति किमाचारः । किं यथेष्टचेष्टः, किं वा नियन्त्रित इति द्वितीयः-प्रश्नः । कथं च-केन च प्रकारेण एताँस्त्रीन् गुणानतिवर्तते-अतिक्रामतीति गुणातीतत्वोपायः क इति तृतीयः प्रश्नः ॥ २१ ॥

'स्थितप्रज्ञस्य का भाषा' इत्यादिना पृष्टमपि 'प्रजहाति यदा कामान्' इत्यादिना दत्तोत्तरमपि, पुनः प्रकारान्तरेण बुभुत्समानः पृच्छतीत्यवधाय, प्रकारान्तरेण तस्य लक्षणादिकं पञ्चभिः श्लोकैः—भगवान् उवाचेति । यस्तावत् कैर्लिंगैः युक्तो गुणातीतो भवतीति प्रश्नः, तस्योत्तरं शृणु—प्रकाशं च-सत्त्वकार्यम्, प्रवृत्तिं च-रजः कार्यं, मोहं च-तमः कार्यम् । उपलक्षणमेतत् ।

'गुणानेतानतीत्य जीवन्नेवाऽमृतत्वमश्नुते' यह सुनकर गुणातीतका लक्षण आचरण गुणातीतत्वका उपाय इनके पर्यायज्ञानेच्छावान् अच्छे प्रकारसे जानने की इच्छासे अर्जुन बोले-इन गुणोंसे परे जो है वह किन चिह्नोंसे युक्त होता है अर्थात् किन चिह्नोंसे जाना जा सकता है यह मुझसे कहिये यह एक प्रश्न है। प्रभु होनेसे सेवकके दुःखको भगवान् ही दूर करते हैं यह सूचित करते हुए 'प्रभो' यह सम्बोधन देते हैं। किमाचारमें बहुव्रीहि समास को स्फुट करते हैं—**'क आचारोऽस्य'** इत्यादि। मनमानी चेष्टा करता है? अथवा नियत चेष्टावान् होता है यह दूसरा प्रश्न है। किस प्रकारसे इन तीनों गुणोंका अतिक्रमण करता है। गुणातीतत्वका उपाय कौन है यह तीसरा प्रश्न है ॥ २१ ॥

'स्थितप्रज्ञस्य का भाषा' इत्यादिसे पृष्ट और **'प्रजहाति यदा कामान्'** इत्यादिसे कृतसमाधान-उत्तर दिये जाने पर भी फिर प्रकारान्तरसे जिज्ञासु अर्जुन है यह जानकर प्रकारान्तरसे उसके लक्षणादिको पाँच श्लोकोंसे भगवान् कहते हैं—प्रथम गुणातीत किन चिह्नोंसे युक्त होता है ? इस प्रथम प्रश्नका उत्तर सुनो—प्रकाश सत्त्वगुण का कार्य, प्रवृत्ति रजोगुणका कार्य, मोह तमोगुणका कार्य है। प्रकाशादि उपलक्षण है—

उदासीनवदासीनो गुणैर्यो न विचाल्यते ।
गुणा वर्तन्त इत्येव योऽवतिष्ठति नेङ्गते ॥ २३ ॥

जो उदासीनके समान स्वस्वरूपमें अवस्थित है सुख दुःख आदिके आकारमें परिणत गुणोंसे विचलित नहीं होता गुण ही परस्पर बरतते हैं ऐसा निश्चय कर स्वरूपमें स्थित रहता है तथा चलायमान नहीं होता ॥ २३ ॥

सर्वाण्यपि गुणकार्याणि यथायथं संप्रवृत्तानि-स्वसामग्रीवशादुद्भूतानि सन्ति दुःखरूपाण्यपि दुःखबुद्धया यो न द्वेष्टि । तथा विनाशसामग्रीवशान्निवृत्तानि तानि सुखरूपाण्यपि सन्ति सुख-बुद्धया न काङ्क्षति-न कामयते, स्वप्नवन्मिथ्यात्वनिश्चयात् । एतादृशरागद्वेषशून्यो यः, सः गुणातीत उच्यत इति चतुर्थश्लोकगतेनान्वयः । इदं च स्वात्मप्रत्यक्षं लक्षणं स्वार्थमेव, न परार्थम् । न हि स्वाश्रितौ द्वेष-तदभावौ, राग-तदभावौ च परः प्रत्येतुमर्हति ॥ २२ ॥

एवं लक्षणमुक्त्वा, गुणातीतः किमाचार इति द्वितीयप्रश्नस्य प्रतिवचनमाह त्रिभिः— **'उदासीनवदि'**ति । यथोदासीनो द्वयोर्विवदमानयोः कस्यचित् पक्षमभजमानो न रज्यति, न वा द्वेष्टि, तथाऽयमात्मविद्रागद्वेषशून्यतया स्वस्वरूप एवासीनो गुणैः-सुखदुःखाद्याकारपरिणतैर्यो न-

---

सब गुण कार्य जैसे जैसे प्रवृत्त हैं हो रहे हैं और अपनी अपनी कारण सामग्रीसे उत्पन्न हैं दुःखरूप भी हैं तो भी दुःखदृष्टिसे जो द्वेष नहीं करता तथा विनाशसामग्रीसे निवृत्त सुखरूप भी सुखदृष्टिसे जो न चाहे, क्योंकि स्वाप्निकके समान उनमें मिथ्यात्वका निश्चय है ऐसा राग द्वेष रहित जो है वह गुणातीत कहा जाता है । यह चौथे श्लोकमें **'गुणातीतः स उच्यते'** से जो कहे हैं उसके साथ अन्वय है । यह अपनेसे प्रत्यक्ष यह लक्षण स्वार्थ-अपने लिये है दूसरोंके लिए नहीं । लक्षण दो प्रकारके होते हैं—एक स्वार्थ, दूसरा परार्थ । स्वानुभवैकगम्य स्वार्थ हैं, भूख पियास लगने पर खाना पीना हितकर है वे अपने में अपने ही से ज्ञात होते हैं दूसरेसे साक्षात् नहीं । परार्थ गन्धवती पृथिवी यहाँ गन्ध परार्थ भी है क्योंकि उसका प्रत्यक्ष सबको होता है यहाँ राग द्वेष आत्मगत है अतः आत्ममानस प्रत्यक्षसे जाने जाते हैं । तदभाव भी 'येनेन्द्रि-येण यस्य प्रत्यक्षम्, तेन तदभावप्रत्यक्षम्' अर्थात् जिस इन्द्रियसे जिस गुणका प्रत्यक्ष होता है उसी इन्द्रियसे उस गुणके अभावका भी प्रत्यक्ष होता है । इस न्यायसे स्वगतरागाद्यभाव स्वमानसगम्य है दूसरा इसके रागाद्यभावका प्रत्यक्ष नहीं कर सकता ॥ २२ ॥

इस प्रकार लक्षण कह कर गुणातीत कीदृश व्यवहारवान् है इस द्वितीय प्रश्नका प्रत्युत्तर **'उदासीने'**त्यादि तीन श्लोकोंसे देते हैं—जैसे किसी दो के आपसमें विवाद करने पर उदासीन (पुरुष) किसीके पक्ष का आश्रयण नहीं करता हुआ न राग करता है अथवा न द्वेष करता है, उसी प्रकार आत्मवित् राग द्वेषसे

समदुःखसुखः स्वस्थः समलोष्टाश्मकाञ्चनः ।
तुल्यप्रियाप्रियो धीरस्तुल्यनिन्दात्मसंस्तुतिः ॥ २४ ॥

जो आत्मामें स्थित सुख दुःखमें समान मिट्टी पत्थल और सुवर्णको समान समझनेवाला, सुख और दुःखके साधनमें समान बुद्धिवाला धीर और अपनी निन्दास्तुति में समभाव रखनेवाला है ।। २४ ।।

विचाल्यते-न प्रच्याव्यते स्वरूपावस्थानात् , किंतु गुणा एवैते देहेन्द्रियविषयाकारपरिणताः परस्परस्मिन् वर्तन्ते । ममत्वादित्यस्येवैतत् सर्वभासकस्य न केनाऽपि भास्यधर्मेण संबन्धः । स्वप्नवन्मायामात्रश्चायं भास्यप्रपञ्चो जडः, स्वयंज्योतिः-स्वभावस्त्वहं परमार्थसत्यो निर्विकारो द्वैतशून्यश्चेत्येवं निश्चित्य यः स्वरूपेऽवतिष्ठति-अवतिष्ठते । **'यो नु तिष्ठति'** इति वा पाठः, तत्र नुः पृथक्कार्यः । नेङ्गते-न तु व्याप्रियते कुत्रचित् । **'गुणातीतः स उच्यते'** इति तृतीयगतेनान्वयः ।। २३ ।।

शून्य होनेके कारण स्वस्वरूपमें ही रह कर सुखःदुखाद्याकारपरिणत गुणोंसे जो विचलित (प्रच्युत) नहीं होता है स्वरूपावस्थान होनेसे किन्तु ये गुण ही देहेन्द्रिय विषयाकार परिणत होकर परस्पर उसमें रहते हैं । मेंरे यहां तो सूर्यके समान इस सर्वभासकका किसी भी भास्यधर्मके साथ सम्वन्ध नहीं है । स्वप्नके समान मायामात्र यह विश्वप्रपंच जड़ है, स्वयंज्योतिःस्वभाव मैं तो परमार्थ सत्य निर्विकार द्वैतशून्य हूँ ऐसा निश्चय कर जो स्वरूपमें अवस्थित रहता है कहीं पर भी विचलित नहीं होता है वह गुणातीत-कहलाता है ।

'यो नु तिष्ठति' ऐसा यदि पाठ है तो नुको अलग कर देना, तिष्ठति के साथ स्वयंका ही संबन्ध ईप्सित है, नुका नहीं । नु के सम्वन्व काटने पर अनुष्ठानकी प्रतीति होती है वह शरीरादिसे साध्य है । 'नेङ्गते' से यहाँ उसका प्रतिषेध है अतः नु को पृथक् करना ही ठीक है । पाठान्तर माननेका भाव यह है कि **'समवप्रविभ्यस्स्थः'** इस भगवान् श्री पाणिनि आचार्यके सूत्रसे अवपूर्वक 'स्था' धातुसे आत्मनेपदका विधान है अतः 'अवतिष्ठते' यह पाठ शुद्ध है परन्तु ऐसा करने पर छन्दो भंग दोष होगा । अनुष्टुप् छन्दमें पाँचवाँ अक्षर लघु रहता है यह नियम है छन्दोभंग दोष सर्वसाधारणको प्रतीत होता है आत्मनेपद होना चाहिये यह भान अभ्यासशील वैयाकरणको ही होगा इस हेतु छन्दोभङ्ग भयसे परस्मैपदका ही प्रयोग किया है **'नेङ्गते'** जो किसीमें व्यापार नहीं करता वह गुणातीत कहा जाता है **'गुणातीतः स उच्यते'** इस द्वितीय श्लोक गत चतुर्थ चरण के साथ संबन्ध है ।। २३ ।।

मानापमानयोस्तुल्यस्तुल्यो मित्रारिपक्षयोः ।
सर्वारम्भपरित्यागी गुणातीतः स उच्यते ॥ २५ ॥

जो मान-अपमानमें समान है मित्र और शत्रुपक्षमें समभाव रखता है, सभी कर्मोंका परित्याग करनेवाला है वह गुणातीत कहा जाता है ॥ २५ ॥

'समे'ति । समे दुःखसुखे द्वेषरागशून्यतयाऽनात्मधर्मतयाऽनृततया च यस्य, स समदुःखसुखः । कस्मात् एवम्, यस्मात् स्वस्थः-स्वस्मिन्नात्मन्येव स्थितः, द्वैतदर्शनशून्यत्वात् । अतएव समानि-हेयोपादेयभावरहितानि लोष्टाश्मकाञ्चनानि यस्य, स तथा । लोष्टः-पांसुपिण्डः, अतएव तुल्ये प्रियाप्रिये सुखदुःखसाधने यस्य हितसाधनत्वाहितसाधनत्वबुद्धिविषयत्वाभावेनोपेक्षणीयत्वात् । धीरः-धृतिमान् वा । अतएव तुल्ये-निन्दात्मसंस्तुती दोषकीर्तने यस्य, स गुणातीत उच्यत इति द्वितीयगतेनान्वयः ॥ २४ ॥

'मानापमानयोरि'ति । मानः-सत्कारः आदरापरपर्यायः अपमानः-तिरस्कारोऽनादरापरपर्यायः । तयोस्तुल्यः-हर्षविषादशून्यः । निन्दास्तुती शब्दरूपे, मानापमानौ तु शब्दमन्तरेणापि कायमनोव्यापारविशेषाविति भेदः । अत्र पकारवकारयोः पाठविकल्पेऽप्यर्थः स एव । तुल्यो मित्रपक्षस्येवारिपक्षस्यापि द्वेषाविषयः । स्वयं तयोरनुग्रहनिग्रहशून्य इति वा । सर्वारम्भ-

'समदुःखसुख'में विग्रह दिखलाते हैं—'**सम**' से । द्वेष राग शून्य होनेसे-आत्मधर्म न होनेसे एवं असत्य [अनृत] होनेसे तुल्य है दुःख सुख जिसका वह 'समदुःखसुख' कहलाता है ।

प्रश्न—ऐसा कैसे ?

उत्तर—क्योंकि स्वस्थ द्वैत दर्शन न होनेसे अपनेमें ही स्थित है । अतएव समान हेयोपादेयरहित है लोष्ट ढेला अश्म-पत्थर, काञ्चन-सोना, जिसका वह 'समलोष्टाश्मकाञ्चन' कहलाता है (लोष्ट (पाँसुपिण्ड है) अतएव बराबर है प्रियाप्रिय-सुःख दुःख-साधन जिसका वह; हितसाधनत्व अहितसाधनत्व बुद्धिविषय होनेसे धीर-बुद्धिमान् अथवा धैर्यवान् है अतएव तुल्य है निन्दा संस्तुति दोषकीर्तन जिसका वह गुणातीत कहलाता है यह '**गुणातीतः स उच्यते**' इस द्वितीय श्लोकके साथ सम्बन्ध है ॥ २४ ॥

मान सम्मान इसका दूसरा पर्याय आदर है । अपमान तिरस्कार इसका दूसरा पर्याय अनादर है । मानापमान लोकमें प्रसिद्ध है इन तीनोंमें तुल्य, मानमें हर्ष नहीं अपमानमें विषाद न करनेवाला ही, निन्दा स्तुति ये दोनों शब्दात्मक हैं । प्रशंसावाक्य स्तुति है कुत्सावाक्य निन्दा है, मान और अपमान शब्द प्रयोगके विना भी काय मनके व्यापारसे होते हैं वाग् व्यापारसे होनेवाला मान-अपमान स्तुति निन्दा ही में अन्तर्भूत हो जाते हैं । इसलिए वाग् व्यापार न कहकर शरीर और मनका व्यापार कहा । शब्दात्मक तथा क्रियात्मक-

मां च योऽव्यभिचारेण भक्तियोगेन सेवते ।
स गुणान् समतीत्यैतान् ब्रह्मभूयाय कल्पते ॥ २६ ॥

जो पुरुष परम प्रेमरूप भक्तियोगके द्वारा मुझको भजता है वह इन तीनों गुणोंका अच्छी प्रकारसे अतिक्रमण कर ब्रह्ममें एकीभावके लिये समर्थ होता है ॥ २६ ॥

परित्यागी-आरभ्यन्त इत्यारम्भाः-कर्माणि तान् सर्वान् परित्यक्तुं शीलं यस्य, स तथा । देहयात्रामात्रव्यतिरेकेण सर्वकर्मपरित्यागीत्यर्थः । **'उदासीनवदासीनः'** इत्याद्युक्तप्रकाराचारो गुणातीतः स उच्यते । यदुक्तमुपेक्षकत्वादि, तद्विद्योदयात्पूर्वं यत्नसाध्यं विद्याधिकारिणा साधनत्वेनानुष्ठेयम्, उत्पन्नायां तु विद्यायां जीवन्मुक्तस्य गुणातीतस्योक्तं धर्मजातमयत्नसिद्धं लक्षणत्वेन तिष्ठतीत्यर्थः ॥ २५ ॥

अधुना कथमेतान् गुणानतिवर्तते इति तृतीयप्रश्नस्य प्रतिवचनमाह—**'माञ्चे'ति** । चस्त्वर्थः । मामेव-ईश्वरं नारायणं सर्वभूतान्तर्यामिणं मायया क्षेत्रज्ञतामागतं परमानन्दघनम् भगवन्तं वासुदेवमव्यभिचारेण-परमप्रेमलक्षणेन भक्तियोगेन द्वादशाध्यायोक्तेन यः सेवते-सदा चिन्तयति, स मद्भक्तः एतान् प्रागुक्तान् गुणान् समतीत्य-सम्यगतिक्रम्य-अद्वैतदर्शनेन बाधित्वा

भेदसे दोनों भिन्न हैं। अपमान अवमान जो पाठभेद हो पर अर्थ एक ही है। पकार वकार भेदसे अर्थ भेद नहीं । मित्र वर्गके द्वेषका जैसे अविषय अभूमि है वैसे शत्रु पक्षके द्वेषका विषय न हो अथवा दोनोंके उपकार तथा दण्डसे शून्य । आरंभ शब्द कर्मपरक है, इसको व्युत्पत्तिसे दिखलाते हैं–'आरभ्यन्त' इत्यादिसे । नित्य नैमित्तिक काम्य विहित प्रतिषिद्ध कर्मोंका परित्यागी शरीरयात्रा-जीवननिर्वाह मात्रके अतिरिक्त जो कर्म है उन सबका त्यागी हो जीवनोपयोगी कर्मोंको करना अदृष्ट बलसे प्राप्त है उसका त्याग नहीं हो सकता । उदासीनके समान स्थिर रहे इत्यादि प्रकारका जिसका आचरण है वह गुणातीत कहा जाता है। जो उपेक्षकत्वादि कहा है वह ज्ञानोत्पत्तिसे पूर्व प्रयत्न साध्य है । अतः विद्याधिकारीको विद्योत्पत्तिका हेतु जानकर परिश्रमसे इसका अनुष्ठान करना चाहिये । अन्यथा विद्योत्पत्ति ही न होगी । विद्या उत्पन्न होनेपर जीवन्मुक्त गुणातीत का उक्त धर्मसमुदाय श्रमके विना ही स्वतः सिद्ध लक्षण रूपसे रहता हैं यह अर्थ है ॥ २५ ॥

इस समय कैसे इन गुणोंका लंघन करता है इस तृतीय प्रश्नका उत्तर कहते हैं—**'मां** चेति'से । जो साधक मुमुक्षु जन मुझ प्रत्यगात्मा परमानन्दघन भगवान् वासुदेव अव्यभिचरित अतिप्रेमलक्षण भक्तियोगसे बारहवें अध्यायमें जो प्रकार कहा गया है उस प्रकारसे मेरी उपासना करता है सदा मेरा चिन्तन करता है।

ब्रह्मणो हि प्रतिष्ठाऽहममृतस्याव्ययस्य च।
शाश्वतस्य च धर्मस्य सुखस्यैकान्तिकस्य च ॥ २७ ॥

इति श्रीमद्भगवद्गीतासूपनिषत्सु ब्रह्मविद्यायां योगशास्त्रे श्रीकृष्णार्जुनसंवादे गुणत्रयविभागयोगो नाम चतुर्दशोऽध्यायः ॥ १४ ॥

अविनाशी, अविकारी, अक्षीण, ज्ञाननिष्ठासे प्राप्त होनेवाला, और अव्यभिचारी सुखस्वरूप ब्रह्मकी अन्तिम सीमा मैं ही हूँ ॥ २७ ॥

चौदहवाँ अध्याय समाप्त।

ब्रह्मभूयाय-ब्रह्मभवनाय मोक्षाय कल्पते-समर्थो भवति। सर्वदा भगवच्चिन्तनमेव गुणातीतत्वोपाय इत्यर्थः ॥ २६ ॥

अत्र हेतुमाह---**'ब्रह्मणो ही'ति**। ब्रह्मणः-तत्पदवाच्यस्य सोपाधिकस्य जगदुत्पत्ति-स्थिति-लयहेतोः प्रतिष्ठा-पारमार्थिकं निर्विकल्पकं सच्चिदानन्दात्मकं निरुपाधिकं तत्पदलक्ष्यमहम्-निर्विकल्पको वासुदेवः। प्रतितिष्ठत्यत्रेति प्रतिष्ठा-कल्पितरूपरहितमकल्पितं रूपम्। अतः यो मामनुपाधिकं ब्रह्म सेवते, स ब्रह्मभूयाय कल्पत इति युक्तमेव। कीदृशस्य **'ब्रह्मणः प्रतिष्ठाऽहम्'** इत्याकाङ्क्षायां विशेषणानि---अमृतस्य-विनाशरहितस्य अव्ययस्य-विपरिणाम-

---

वह मेरा भक्त इन गुणोंका भली भाँति अतिक्रम कर-द्वैतदर्शनको अद्वैतदर्शनसे बाधकर ब्रह्मभाव-मोक्षके पानेमें समर्थ होता है। सदा भगवान्‌का चिन्तन ही गुणातीतत्वका उपाय है ॥ २६ ॥

इसमें हेतु कहते हैं—**'ब्रह्मणो हीति' से**। **ॐतत्सत्** ये ब्रह्मके अतिप्रिय वाचक शब्द हैं। 'तत्त्वमसि' इत्यादि श्रुति में ब्रह्मबोध तात्पर्यसे तच्छब्दका प्रयोग है तदनुसार तत्पदवाच्य सोपाधिक जो जगत्‌के जन्म स्थिति भंगका हेतु है उसकी प्रतिष्ठा पारमार्थिक निर्विकल्प सच्चिदानन्दात्मक मायाद्युपाधिशून्य अतएव तत्पदका लक्ष्यार्थ निर्विकल्पक वासुदेव मैं हूँ। प्रतिष्ठाका अर्थ स्फुट करते हैं—कल्पित रूपसे रहित-अकल्पित-स्वरूप। अतः जो अनुपाधिक मुझ ब्रह्मकी सेवा करता है वह मोक्ष पानेके लिए समर्थ होता है वह ठीक ही है। कीदृश ब्रह्मकी मैं प्रतिष्ठा हूँ इस जिज्ञासासे कहते हैं—अमृतका-विनाशशून्यका अव्यय-परिणाम रहित

रहितस्य च शाश्वतस्य-अपक्षयरहितस्य च धर्मस्य-ज्ञाननिष्ठालक्षणधर्मप्राप्यस्य, सुखस्य-परमानन्दरूपस्य। सुखस्य विषयेन्द्रियसंयोगजत्वं वारयति—ऐकान्तिकस्य-अव्यभिचारिणः सर्वस्मिन् देशे काले च विद्यमानस्य। ऐकान्तिकसुखरूपस्येत्यर्थः। एतादृशस्य ब्रह्मणो यस्मादहं वास्तवस्वरूपम्। तस्माद् मद्भक्तः संसारान्मुच्यत इति भावः। तथा चोक्तं ब्रह्मणा भगवन्तं श्रीकृष्णं प्रति—

'एकस्त्वमात्मा पुरुषः पुराणः सत्यः स्वयंज्योतिरनन्त आद्यः।
नित्योऽक्षरोऽजस्रसुखो निरञ्जनः पूर्णोऽद्वयो मुक्त उपाधितोऽमृतः' भा० १०-१४-२३ ॥ इति।

सर्वोपाधिशून्य आत्मा ब्रह्म त्वमित्यर्थः।

शुकेनाऽपि स्तुतिमन्तरेणैवोक्तम्—

'सर्वेषामेव वस्तूनां भावार्थो भवति स्थितः।
तस्याऽपि भगवान् कृष्णः किमतद्वस्तु रूप्यताम् ॥' इति।

धर्म, लक्षण व स्वरूप त्रिविध परिणामरहितका शाश्वत-अपचय-ह्रास रहितका धर्मशब्द-ज्ञान निष्ठालक्षण धर्म प्राप्य परक है कर्म काण्डोक्त धर्म परक यहाँ धर्म शब्द नहीं है अन्यथा स्वर्गादिवत् मोक्ष भी कर्म फल होनेसे अनित्य हो जायगा। परमानन्दस्वरूपका सुख विषयेन्द्रिय संयोगसे जो वैषयिक सुख होता है उसकी व्यावृत्तिके लिए ऐकान्तिक-अव्यभिचारी वैषयिक सुख व्यभिचारी होता है, ग्रीष्म कालमें चन्दन सुखद होता है शीत-कालमें नहीं, शीत कालमें सूर्यातप-धूप सुखद होता है ग्रीष्मकालमें नहीं, ब्रह्मसुख ऐसा नहीं जो कभी सुख स्वरूप न हो व्यापक होनेसे सब देश कालमें रहता है ऐसे ब्रह्मका जिस कारण मैं वास्तविकस्वरूप हूँ उस कारणसे मेरा भक्त मुक्त होता है। यही बात ब्रह्मा ने भगवान् श्रीकृष्णके प्रति कहा है—

'एकस्त्वमात्मा पुरुषः पुराणः सत्यः स्वयं ज्योतिरनन्त आद्यः।
नित्योऽक्षरोऽजस्रसुखो निरञ्जनः पूर्णोऽव्ययो मुक्त उपाधितोऽमृतः।' इति।

अखिलोपाधिरहित आत्मा ब्रह्म आप ही हैं यह उक्त श्लोकका तात्पर्यार्थ है। स्तुतिके विना शुकदेव जीने भी कहा है—स्तावक वाक्यका स्वार्थ प्रमाण नहीं होता अतः 'स्तुतिमन्तरेण' अर्थात् वास्तविकार्थ-निरूपण परक है—

'सर्वेषामेव वस्तूनां भावार्थो भवति स्थितः।
तस्याऽपि भगवान् कृष्णः किमतद्वस्तु रूप्यताम्।' इति।

सर्वेषामेव कार्यवस्तूनां भावार्थः-सत्तारूपः परमार्थो भवति, कार्याकारेण जायमाने सोपाधिके ब्रह्मणि स्थितः, कारणसत्तातिरिक्तायाः कार्यसत्ताया अनभ्युपगमात् । तस्यापि भगवतः कारणस्य सोपाधिकस्य ब्रह्मणो भावार्थः सत्तारूपोऽर्थो भगवान् कृष्णः, सोपाधिकस्य निरुपाधिके कल्पितत्वात्, कल्पितस्य चाधिष्ठानानतिरेकात्, भगवतः कृष्णस्य च सर्वकल्पनाधिष्ठानत्वेन परमार्थसत्यनिरुपाधिकब्रह्मरूपत्वात् । अतः 'किमतद्वस्तु' तस्माच्छ्रीकृष्णादन्यद्वस्तु पारमार्थिकं किं निरूप्यताम् ? तदेवैकं पारमार्थिकम् , नान्यत्किमपीत्यर्थः । तदेतदिहाऽप्युक्तम्—

'ब्रह्मणो हि प्रतिष्ठाऽहम्' इति ।

अथवा त्वद्भक्तस्त्वद्भावमाप्नोतु नाम ? कथं नु 'ब्रह्मभावाय कल्पते' ब्रह्मणः सकाशात्तवान्यत्वादित्याशङ्क्याह—**'ब्रह्मणो ही'ति** । ब्रह्मणः-परमात्मनः प्रतिष्ठा-पर्याप्तिरहमेव, न तु मद्भिन्नं ब्रह्मेत्यर्थः । तथाऽमृतस्य-अमृतत्वस्य-मोक्षस्य चाव्ययस्य-सर्वथानुच्छेद्यस्य च प्रतिष्ठा-अहमेव । मय्येव मोक्षः पर्यवसितः । मत्प्राप्तिरेव मोक्ष इत्यर्थः । शाश्वतस्य-नित्यमोक्षफलस्य धर्मस्य-ज्ञाननिष्ठालक्षणस्य च पर्याप्तिरहमेव । ज्ञाननिष्ठालक्षणो धर्मो मय्येव पर्यवसितः,

---

अर्थ—सब वस्तुओंकी सत्तारूप भावार्थ वस्तुतः कार्याकारसे उत्पद्यमान सोपाधिक ब्रह्ममें स्थित है क्योंकि कारण सत्तासे अतिरिक्त कार्यकी सत्ता नहीं मानी जाती । **'तदनन्यत्वमि'**त्यादि वेदान्तसूत्रसे कारणातिरिक्त कार्यका अभाव कहा है । यदि कार्य होता तो सत्ता भी मानी जाती, तत्तत्कार्याकार प्रतीयमान कारणकी अवस्था ही कार्य है । आतान वितान विशेषणविशिष्ट तन्तु समुदायही यह [पट] है तदतिरिक्त नहीं इत्यादि विस्तार अन्यत्र देखिये कार्यकारणरूपसे स्थित सोपाधिक ब्रह्मका सत्तारूप अर्थ भगवान् श्रीकृष्ण हैं क्योंकि सोपाधि-निरुपाधि ये कल्पित हैं । भाव यह है कि सब कार्य वस्तु, सोपाधिक ब्रह्मस्वरूप आपसे होते हैं अतः उनकी सत्ता सोपाधिक ब्रह्ममें ही है वे सोपाधि ब्रह्मसे अतिरिक्त नहीं । अखिल वस्तु कारणीभूत सोपाधिक ब्रह्मका कारण निरुपाधि ब्रह्म भगवान् श्रीकृष्ण आप ही हैं आपसे परे कोई नहीं हैं क्योंकि कल्पितके अधिष्ठान होनेसे परमार्थ सत्य निरुपाधि ब्रह्मस्वरूप आप हैं, अतः श्रीकृष्णसे भिन्न पारमार्थिक वस्तुका निरूपण क्या करें वही एक पारमार्थिक है अन्य कुछ भी नहीं पारमार्थिक है किन्तु कल्पित ही है । यह यहाँ भी कहा गया है—**'ब्रह्मणो हि प्रतिष्ठाऽहम्'** इत्यादि । अथवा आपका भक्त आपके भावको प्राप्त करे, मोक्षके लिये कैसे समर्थ होगा क्योंकि आप ब्रह्म भिन्न हैं यह शंका कर कहते हैं—**'ब्रह्मणः'** इति । ब्रह्म परमात्माकी प्रतिष्ठा पर्याप्ति चरम सीमा मैं हूँ मेरेमें ही मोक्षकी समाप्ति हैं मेरी प्राप्ति ही मोक्ष है तथा शाश्वत नित्य मोक्ष फलकी एवं ज्ञान निष्ठा लक्षण धर्मकी पर्याप्ति मैं हूँ । ज्ञाननिष्ठा लक्षणकी पर्याप्ति

न तेन मद्भिन्नं किञ्चित्प्राप्यमित्यर्थः । तथा ऐकान्तिकस्य सुखस्य च पर्याप्तिरहमेव, परमानन्दरूपत्वात् । न मद्भिन्नं किञ्चित्सुखं प्राप्यमस्तीत्यर्थः । तस्माद्युक्तमेवोक्तं 'मद्भक्तो ब्रह्मभूयाय कल्पते' इति ॥ २७ ॥

पराकृतनमद्बन्धं परं ब्रह्म नराकृति । सौन्दर्यसारसर्वस्वं वन्दे नन्दात्मजं महः ॥ २ ॥

इति श्रीमत्परमहंस-परिव्राजकाचार्य-श्रीविश्वेश्वरसरस्वतीपूज्यपादशिष्यश्रीमधुसूदन-
सरस्वतीविरचितायां श्रीभगवद्गीतागूढार्थदीपिकायां प्रकृतिगुणत्रय-
विभागयोगो नाम चतुर्दशोऽध्यायः ॥ १४ ॥

मोक्ष है, ज्ञाननिष्ठालक्षण धर्म मेरेमें ही पर्यवसित-परिसमाप्त है उससे मदन्य कुछ प्राप्य नहीं। तथा ऐकान्तिक अव्यभिचरित सुखकी पर्याप्ति मैं हूँ क्योंकि मैं परमानन्द स्वरूप हूँ मदतिरिक्त कोई सुख प्राप्य नहीं है यह अर्थ है ॥ २७ ॥

'पराकृते'त्यादि । पराकृतः निवारितः नमन् शिथिलीभवन् कल्पितसत्ताकत्वादतिभङ्गुरः बन्धो येन तत् । एतेन बन्धापाकरणे भगवतः श्रमाभावः सूचितः । नरस्य आकृतिरिव आकृतिः अवयवसंस्थानं यस्य तत्, एतेन सोपाधि ब्रह्मरूपत्वं तस्य सूचितम् । सौन्दर्यसारसर्वस्वं सारशब्देन मायिकसौन्दर्यव्यावृत्तिः क्रियते पारमार्थिकसौन्दर्यं ब्रह्मण्येव, कदाचिदपि तद्विकृतेरभावात् । 'महः' इत्यनेन तस्यैव निरुपाधि ब्रह्मरूपत्वं सूचितम् ॥ ईदृशं नन्दात्मजम्-नन्दनन्दनं श्रीकृष्णं वन्दे अहमिति भावः । 'वन्दे' इत्यनेन स्वकीया निरतिशया भक्तिः परस्मिन् पुंसि सूचिता ।

जिसने नमन् झुकते हुए बन्ध (संसार बन्ध) को निवृत्त किया मनुष्याकार सुन्दरताकी चरम सीमा, अति सुन्दर नन्दात्मज श्रीकृष्ण निरूपाधि सोपाधि ब्रह्मकी मैं वन्दना करता हूँ।

इस प्रकार म० म० पं० प्रवर श्रीहरिहरकृपालुद्विवेदिविरचित गीता मधुसूदनीके
चौदहवाँ अध्याय का भाषा अनुवाद समाप्त हुआ।

अथ पञ्चदशोऽध्यायः

श्रीभगवानुवाच

ऊर्ध्वमूलमधःशाखमश्वत्थं प्राहुरव्ययम् ।
छन्दांसि यस्य पर्णानि यस्तं वेद स वेदवित् ॥ १ ॥

श्री भगवान् बोले । हे अर्जुन ! ब्रह्म जिसका मूल (जड़) है, हिरण्यगर्भ आदि जिसकी शाखायें हैं, वेद जिसके पत्ते हैं, उस संसाररूप पीपल वृक्षको श्रुति स्मृतियां अनादि अनन्त कहती हैं, उसको जो जानता है वह वेदका जाननेवाला है ॥ १ ॥

॥ श्रीकृष्णाय गीतामृतदुहे नमः ॥

पूर्वाध्याये भगवता संसारबन्धहेतून् गुणान् व्याख्याय, तेषामत्ययेन ब्रह्मभावो मोक्षः मद्भजनेन लभ्यत इत्युक्तम्—

'मां च योऽव्यभिचारेण भक्तियोगेन सेवते ।
स गुणान्समतीत्यैतान् ब्रह्मभूयाय कल्पते ॥' इति ।

तत्र मनुष्यस्य तव भक्तियोगेन कथं ब्रह्मभाव इत्याकाङ्क्षायाम् , स्वस्य ब्रह्मरूपताज्ञापनाय सूत्रभूतोऽयं श्लोको भगवतोक्तः——

'ब्रह्मणो हि प्रतिष्ठाऽहममृतस्याव्ययस्य च ।
शाश्वतस्य च धर्मस्य सुखस्यैकान्तिकस्य च ॥' इति ।

अस्य सूत्रस्य वृत्तिस्थानीयोऽयं पञ्चदशोऽध्याय आरभ्यते । भगवतः श्रीकृष्णस्य हि तत्त्वं ज्ञात्वा तत्प्रेमभजनेन गुणातीतः सन् ब्रह्मभावं कथमाप्नुयाल्लोक इति ।

पूर्वाध्यायमें संसारके बन्धन हेतु गुणोंकी व्याख्याकर उनके विनाश करनेसे मोक्ष मिलता है यह भगवान्ने कहा—**'मां च योऽव्यभिचारेण'** इत्यादि मूलमें देखिये । मनुष्यको आपके भक्ति योगसे कैसे मोक्ष होगा ? इस जिज्ञासासे अपनेमें ब्रह्मस्वरूपता जनानेके लिए सूत्र रूप यह श्लोक भगवान् ने कहा—**'ब्रह्मणो हि प्रतिष्ठाऽहम्'** इत्यादि ।

तत्र 'ब्रह्मणो हि प्रतिष्ठाऽहम्' इत्यादि भगवद्वचनमाकर्ण्य मम तुल्यो मनुष्योऽयं कथमेवं वदतीति, विस्मयाविष्टमप्रतिमया लज्जया च किञ्चिदपि प्रष्टुमशक्नुवन्तमर्जुनमालक्ष्य कृपया स्वस्वरूपम् विवक्षुः——**'श्रीभगवानुवाचे'**ति । तत्र विरक्तस्यैव संसाराद् भगवत्तत्त्वज्ञानेऽधिकारो नान्यथेति, पूर्वाध्यायोक्तं परमेश्वराधीनप्रकृतिपुरुषसंयोगकार्यं संसारं वृक्षरूपकल्पनया वर्णयति वैराग्याय, प्रस्तुतगुणातीतत्वोपायत्वात्तस्य । **'ऊर्ध्वमूलमि'**ति । ऊर्ध्वम्-उत्कृष्टं कारणं स्वप्रकाशपरमानन्द-रूपत्वेन नित्यत्वेन च ब्रह्म । अथवा ऊर्ध्वं सर्वसंसारबाधेऽप्यबाधितं सर्वसंसारभ्रमाधिष्ठानं ब्रह्म, तदेव मायया मूलमस्येत्यूर्ध्वमूलम् । 'अधः' इत्यर्वाचीनाः कार्योपाधयो हिरण्यगर्भाद्या गृह्यन्ते । ते नानादिक्प्रसृतत्वाच्छाखा इव शाखा अस्येत्यधःशाखम् । आशु विनाशित्वेन न श्वोऽपि स्थातेति विश्वासानर्हमश्वत्थं मायामयं संसारवृक्षमव्ययम्-अनाद्यनन्तदेहादिसन्तानाश्रयमात्मज्ञान-मन्तरेणानुच्छेद्यमनन्तमव्ययमाहुः श्रुतयः स्मृतयश्च । श्रुतयस्तावद्——

'ऊर्ध्वमूलोऽवाक्शाख एषोऽश्वत्थः सनातनः ॥' २-६-१ । इत्याद्याः——

इस सूत्रका वृत्तिस्थानापन्न यह पन्द्रवाँ अध्याय कहा जाता है। भगवान् श्रीकृष्णके तत्त्वको जानकर उनके प्रेम और भजनसे गुणातीत होकर मोक्ष कैसे पावेंगे । उसमें 'ब्रह्मणो हि प्रतिष्ठाऽहम्' इत्यादि भगवान्के वाक्यको सुनकर यह मेरे समान मनुष्य हैं ऐसा कैसे कहता है इस कौतूहलसे आकुल भय और लज्जासे कुछ भी पूछनेमें अशक्त अर्जुनको समझकर दयासे स्वयं अपने स्वरूपको कहनेकी इच्छासे भगवान् बोले—इससे संसार सागरसे विरक्तका ही भगवान्के तत्त्वके ज्ञानमें अधिकार है प्रकारान्तरसे नहीं । अतः उस पूर्वाध्यायका चर्चित प्रकृति पुरुष संयोग स्वरूप कार्यको संसाररूप वृक्षकी कल्पना कर वैराग्य होनेके लिये वर्णन करते हैं, क्योंकि वह प्रस्तुत गुणातीतत्वका उपाय है । **'ऊदर्ध्वमूलमिति'** से । मूलसे कारण यहाँ विवक्षित है सो स्वप्रकाशानन्दस्वरूप होनेसे तथा नित्य होनेसे ब्रह्म है प्रधानादि नहीं । अथवा उत्तर सब संसारके बाध होनेपर भी अबाधित संसारका अधिष्ठान-आश्रय ब्रह्म ऊदर्ध्व है वही माया-द्वारा इस जगत्का मूल है अतः ऊदर्ध्वमूल है अधः-अर्वाचीन निचले कार्योपाधि हिरण्यगर्भादि जो हैं उनका ग्रहण हैं वे नाना दिशाओंमें फैले हैं अतः शाखा सदृश होनेसे शाखा है । वृक्षकी अनेक शाखायें जैसे अनेक दिशाओंमें फैली रहती हैं उसी प्रकार हिरण्यगर्भादिको भी शीघ्र विनाशी होनेसे श्वः (सवेरे) तक न रहेगा मिथ्या होनेसे तद्योग्य नहीं अतः न श्वस्तिष्ठति इति अश्वत्थ मायिक संसारवृक्षको अव्यय अनादि अनन्त शरीरादि सन्तानाश्रय आत्मज्ञानके विना अविनाश्य अनन्त अव्यय कहा है । किसने कहा इस आकांक्षा पूर्त्तिके लिये कहते हैं—श्रुतियाँ और स्मृतियाँ । प्रथम श्रुतियोंको देखिये **'ऊदर्ध्वमूलोऽवाक्शाखः एषोऽश्वत्थः सनातनः ?'** इत्यादि कठवल्लीमें पढ़ी है अथवा 'अर्वाक् निकृष्टः कार्योपाधिः महान् अहंकारः-

कठवल्लीषु पठिताः । अर्वाञ्चः-निकृष्टाः कार्योपाधयः, महदहङ्कारतन्मात्रादयो वा शाखा अस्येत्यवाक्शाख इति अधःशाखपदसमानार्थम्, सनातन इति अव्ययपदसमानार्थम् । स्मृतयश्च—

'अव्यक्तमूलप्रभवस्तस्यैवानुग्रहोत्थितः ।
बुद्धिस्कन्धमयश्चैव इन्द्रियान्तरकोटरः ।
'महाभूतविशाखश्च विषयैः पत्रवांस्तथा ।
धर्माधर्मसुपुष्पश्च सुखदुःखफलोदयः ।
आजीव्यः सर्वभूतानां ब्रह्मवृक्षः सनातनः ।
एतद् ब्रह्मवनं चैव ब्रह्माचरति साक्षिवत् ।
एतच्छित्त्वा च भित्त्वा च ज्ञानेन परमासिना ।
ततश्चात्मगतिं प्राप्य तस्मान्नावर्तते पुनः ॥' इत्यादयः ।

अव्यक्तम्-अव्याकृतं मायोपाधिकं ब्रह्म तदेव मूलम्-कारणम्, तस्मात्प्रभवो यस्य तथा । तस्यैव मूलस्याव्यक्तस्यानुग्रहादतिदृढत्वादुत्थितः-संवर्धितः । वृक्षस्य हि शाखाः स्कन्धादुद्भवन्ति । संसारस्य च बुद्धेः सकाशान्नानाविधाः परिणामा भवन्ति । तेन साधर्म्येण बुद्धिरेव

तन्मात्रा प्रभृति शाखा है इसकी अतः 'अर्वाक्शाखम्, 'अधःशाखपद' जो गीतामें हैं उसका समानार्थक अवाक्शाख शब्द है । अर्थात् दोनोंका एक हो अर्थ है । 'सनातन' यह अव्ययपदका समानार्थक है इन दोनोंका एक ही अर्थ है अतः उक्त गीतार्थको श्रुतियाँ कहती हैं यह जो कहा सो ठीक है । श्रुतियाँ अपौरुषेय होने से असंदिग्ध प्रमाण है इसलिये भगवदुक्त अर्थमें उनको संवाद अनुचित नहीं अब उक्तार्थक स्मृतियाँ कहते हैं—

'अव्यक्तमूलप्रभवः तस्यैवानुग्रहोत्थितः ।
बुद्धिस्कन्धमयश्चैव इन्द्रियान्तरकोटरः ॥' इत्यादि ।

अव्यक्त-रूपसे अविस्पष्ट व्यक्त प्रागवस्था मायाविशिष्ट ब्रह्म वही मूल कारण है उससे उत्पत्ति है जिसकी वह अव्यक्त प्रभव है । उसी अव्यक्तमूलके अतिदृढ़ अनुग्रहसे उत्थित ऊर्द्ध्वस्थित और अच्छी तरहसे बढ़ी वृक्षकी शाखायें स्कन्धसे होती हैं । 'अस्त्री प्रकाण्डं स्कन्धः स्यात् मूलाच्छाखावधिस्तरोः' इस प्रकार कोशसे जाना जाता है कि जहाँ से शाखायें निकलती हैं उसको स्कन्ध कहते हैं । और संसारकी बुद्धिसे नाना प्रकारके परिणाम होते हैं, इस साम्यसे बुद्धि ही स्कन्ध है । उक्तश्लोकमें बुद्धिमय स्कन्ध है ।

स्कन्धः, तन्मय-तत्प्रचुरोऽयम् । इन्द्रियाणामन्तराणि-छिद्राण्येव कोटराणि यस्य, स तथा । महान्ति भूतानि-आकाशादीनि पृथिव्यन्तानि विविधाः शाखा यस्य, विशाखः-स्तम्भो यस्येति वा । आजीव्यः-उपजीव्यः । ब्रह्मणा-परमात्मनाऽधिष्ठितो वृक्षो ब्रह्मवृक्षः । आत्मज्ञानं विना छेत्तुमशक्यतया सनातनः, एतत्-ब्रह्मवनम् । अस्य ब्रह्मणो जीवरूपस्य भोग्यं वननीयं संभजनीयमिति वनं ब्रह्म साक्षिवदाचरति । न त्वेतत् कृतेन लिप्यत इत्यर्थः । एतत्-ब्रह्मवनम् संसारवृक्षात्मकं छित्त्वा च भित्त्वा च 'अहं ब्रह्माऽस्मि' इत्यतिदृढज्ञानखड्गेन समूलं निकृत्येत्यर्थः । आत्मरूपां गतिं प्राप्य, तस्मादात्मरूपान्मोक्षान्नावर्तत इत्यर्थः, स्पष्टमितरत् । अत्र च गङ्गातरङ्गतुद्यमानोत्तुङ्गतत्तीरतिर्यङ्निपतितमर्धोन्मूलितं मारुतेन महान्तमश्वत्थमुपमानीकृत्य जीवन्तमियं रूपककल्पनेति द्रष्टव्यम् । तेन नोर्ध्वमूलत्वाधःशाखत्वाद्यनुपपत्तिः । यस्य मायामयस्याश्वत्थस्य छन्दांसि-छादनात्तत्त्ववस्तुप्रावरणात्, संसारवृक्षरक्षणाद्वा कर्मकाण्डानि

मयका अर्थ स्फुट करते हैं—'तत्प्रकृतवचने मयट्' पा० ५-४-२१ इस सूत्रसे प्राचुर्य-अधिकता रूप अर्थमें मयट् प्रत्यय है जैसे 'अन्नमयो यज्ञः' 'अन्नप्रचुरः' यह अर्थ होता है वैसे यहाँ भी बुद्धिमयका बुद्धिप्रचुर अर्थात् अधिक अर्थ है । इन्द्रियोंके मध्यमें जो छिद्र है वही कोटर 'निष्कुहः कोटरं वाता' इस कोशसे वृक्षोंमें जो छिद्र होते हैं वे कोटर कहलाते हैं, लोकमें खोंढर कहते हैं । जिसका ऐसा महाभूत आकाशादि पृथिवीपर्यन्त विविध प्रकार की शाखायें हैं जिसका । अथवा विशाख-स्तम्भ यह भी अर्थ है । आजीव्य उपजीव्य आश्रय ब्रह्म परमात्मासे अधिष्ठित आश्रित है अतः ब्रह्म वृक्ष है । आत्मप्रत्यक्षके विना छेदनके योग्य नहीं इसलिये सनातन कहा । यह ब्रह्म वन इस जीव ब्रह्मका भोगयोग्य भोग है 'वन संभक्तौ' से वन-वना है । अतः वन शब्दका अवयवार्थ कहते हैं—'संभजनीयम्' वनमें ब्रह्म साक्षीके समान विचरता है यह वनके गुण दोषसे लिप्त नहीं होता यह अर्थ है । यह वृक्षात्मक संसार ब्रह्मवनको छेदन भेदन कर 'मैं ब्रह्म हूँ' इस अतिदृढ़ ज्ञानरूपी तलवारसे मूलके सहित काटकर आत्मस्वरूप गतिको प्राप्तकर उस आत्मस्वरूप मोक्षसे फिर नहीं लौटता यह अर्थ है । 'न स पुनरावर्तते, न स पुनरावर्तते' इस निरुक्त श्रुतिका भी उक्तार्थमें ही तात्पर्य है । बाकी अर्थ स्पष्ट है, उसके व्याख्यानकी आवश्यकता नहीं ऊर्ध्वमूल आशुविनाशी पीपर वृक्ष कहाँ प्रसिद्ध है जिसका उपमान कर संसार वृक्षकी कल्पना की गई है इस आशंका से कहते हैं—**'गङ्गातरङ्गे'**ति । गंगा जी की ऊँची लहरोंसे भिद्यमान (कटता हुआ) ऊँचा तीर, नीचेके तीरमें जो प्रतिवर्ष डूबता है उसमें वृक्ष ही नहीं होते किन्तु झाऊ आदि होते हैं वे वृक्ष नहीं कहाते और न आदि अन्तरहित ही हैं वे प्रतिवर्ष विनश्वर हैं, तुद्यमान कहनेका तात्पर्य है तीर विना कटे छटे उसमें स्थित वृक्ष ऊर्ध्वमूल अधःशाख नहीं हो सकता अतः उक्त पद है । तिर्यक्का तात्पर्य है यदि वह वृक्ष सीधा नीचे गिर जायगा कुछ भी जड़ भूमिमें

ऋग्यजुस्सामलक्षणानि पर्णानीव पर्णानि यथा वृक्षस्यापि रक्षणार्थानि पर्णानि भवन्ति, तथा संसारवृक्षस्य परिरक्षणार्थानि कर्मकाण्डानि धर्माधर्मतद्धेतुफलप्रकाशनार्थत्वात्तेषाम् । यस्तम्-यथा व्याख्यातं समूलं संसारवृक्षं मायामयमश्वत्थं वेद-जानाति, स वेदवित् । कर्मब्रह्माख्यवेदार्थवित् स एवेत्यर्थः । संसारवृक्षस्य हि मूलं ब्रह्म, हिरण्यगर्भादयश्च जीवाः शाखास्थानीयाः । स च संसारवृक्षः स्वरूपेण विनश्वरः प्रवाहरूपेण चानन्तः । स च वेदोक्तैः कर्मभिः सिच्यते

न रहेगी तो वह गंगा जी की धारमें बह जायगा वृक्ष भी नष्ट हो जायगा अतः तिर्यक् निपतित कहा जो तीर भूमि जलप्रवाहसे आधी कट छट गई है आधी बची है उस पर स्थित वृक्ष तिरछाही गिरता है कारण जो जमीन बची है उसकी जड़ ऊपर नहीं होती वृक्ष हरा और कुछ वर्ष स्थाई रहता है। प्रबल वायु वेगके विना उक्त क्षतिग्रस्त भूमि पर वृक्ष स्थिर रहेगा गिरेगा नहीं इसलिये **'मारुतेनार्धोन्मूलितम्'** कहा। सूखे वृक्षके पत्ते झर जाते हैं और शाखा लोग काट लेते हैं अतः 'अधःशाखं छन्दांसि यस्य पर्णानि' इत्यादि विशेषण असंगत हो जायँगे इसलिये 'जीवन्तम्' कहा। वृक्षोंमें भी जीव रहता है यह तो भग्नक्षत-संरोहण और यमलार्जुनके दृष्टान्तसे अतिस्पष्ट है यह जानिये। इससे ऊर्ध्वमूलत्व अधःशाखत्वकी अनुपपत्तिसे अभाव नहीं उक्त प्रकारसे उपपत्ति हो गई। जिस मायिक पीपरका छद, यद्यपि 'पत्रं पलाशं छदनं दलं पर्णम्-छदः पुमान्' इस अमरकोशसे पत्तेका वाचक छद शब्द अकारान्त और पुँलिङ्ग है। 'गायत्री प्रमुखं छन्दः' इस उक्त कोशसे सान्त और नपुंसक छन्दस्शब्द गायत्री उष्णिगनुष्टुब् बृहती इत्यादि वैदिक छन्दोंका वाचक छन्दस् शब्द छदशब्दसे भिन्न है। प्रकृतमें छन्दस् शब्द है छद नहीं फिर पर्णका लाभ कैसे होता है ? इस जिज्ञासासे कहते हैं—**'छादना'**दित्यादि। छादनसे-तत्त्ववस्तुके आवरणसे वा संसारवृक्षके संरक्षणसे छन्दः-शब्द यहाँ ऋग्यजुःसामादि परक है। जैसे पत्तोंसे वृक्षकी रक्षा होती है वैसे उक्त छन्दसे संसार वृक्षकी रक्षा होती है इस हेतु 'पर्णानीव पर्णानि' पर्णके सदृश होनेसे धर्माधर्मतद्धेतुफलप्रकाशनार्थ कर्मकाण्ड छन्द है। छन्दः शब्द यौगिकार्थपरक है रूढ्यर्थपरक नहीं जो यथाव्याख्यान यथाकथित समूल उस मायिक अश्वत्थको जानता है वह वेदवित् है। यहाँ पर कोई कहते हैं कि 'ऊर्ध्वमूलम् अधःशाखं'। मिथ्या भूत जल प्रतिबिम्बित वृक्ष फिर फिर देख पड़ता है इसलिये अव्यय कहा है। अथवा ऐन्द्रजालिक (जादूगर) ऐसा वृक्ष दिखलाता है जो ऊर्ध्वमूल अधःशाख देख पड़ता है संसार वृक्षको मिथ्या बोधनार्थ मिथ्या सिद्ध पदार्थको ही उपमान करना ठीक है। यह तो अद्वैत तत्त्व नहीं है फिर इसका ज्ञाता वेदवित् कैसे ? ठीक है कर्मकाण्ड वेदका वेत्ता वही है उपनिषद्रूप वेदका वेत्ता नहीं, संसार वृक्षका मूल ब्रह्म है हिरण्यगर्भादि जीव शाखास्थानापन्न है वह संसारवृक्ष स्वरूपसे विनाशी है प्रवाहरूपसे अन्त रहित है वह वैदिक कर्मोंसे सींचा जाता है ब्रह्म साक्षात्कारसे उसका छेदन विनाश किया जाता है इतना ही वेदका

अधश्चोर्ध्वं प्रसृतास्तस्य शाखाः गुणप्रवृद्धा विषयप्रवालाः ।
अधश्च मूलान्यनुसंततानि कर्मानुबन्धीनि मनुष्यलोके ॥ २ ॥

उस संसार वृक्षकी तीनों गुणोंसे प्रवृद्ध शब्दादि विषयरूप पल्लव वाली शाखायें नीचे ऊपर (पश्वादि योनि एवं देवादियोनिमें फैली हुई हैं तथा मनुष्य देहमें धर्माधर्म स्वरूप कर्मोंको उत्पन्न करनेवाला रागद्वेषादिकी वासनारूप मूल नीचे ऊपर दोनों स्थानोंमें व्याप्त है ॥ २ ॥

ब्रह्मज्ञानेन च छिद्यत इत्येतावानेव हि वेदार्थः । यश्च वेदार्थवित्, स एव सर्वविदिति समूल-वृक्षज्ञानं स्तौति––**'स वेदविदि'**ति ॥ १ ॥

तस्यैव संसारवृक्षस्यावयवसंबन्धिन्यपरा कल्पनोच्यते––**'अधश्चोर्ध्वमि'**नि । पूर्वम्-हिरण्यगर्भादयः कार्योपाधयो जीवाः शाखास्थानीयत्वेनोक्ताः, इदानीं तु तद्गतो विशेषः उच्यते । तेषु ये कपूय चरणाः-दुष्कृतिनस्तेऽधः-पश्वादियोनिषु प्रसृताः-विस्तारं गताः । ये तु रमणीयचरणाः-सुकृतिनः, ते ऊर्ध्वम्-देवादियोनिषु प्रसृताः अतोऽधश्च मनुष्यत्वादारभ्याविरञ्चि-पर्यन्तम् , ऊर्ध्वं च तस्मादेवारभ्य सत्यलोकपर्यन्तं प्रसृतास्तस्य संसारवृक्षस्य शाखाः । कीदृश्यस्ताः ? गुणैः-सत्त्वरजस्तमोभिर्देहेन्द्रियविषयाकारपरिणतैर्जलसेचनैरिव प्रवृद्धाः-स्थूली-भूताः । किंच विषयाः-शब्दादयः प्रवालाः पल्लवा इव संसारवृक्षशाखानां ताः तथा शाखा-

---

अर्थ है जो वेदार्थवित् है सर्ववेत्ता सर्वज्ञ है । इस प्रकार मूलके सहित वृक्षके ज्ञानकी प्रशंसा करते हैं— **'स वेदवित्'** से ॥ १ ॥

उस संसार वृक्षकी दूसरी कल्पना करते हैं––जिसमें और वृक्षके अवयवोंकी कल्पना है । **'अधः'**-शाखेत्यादिसे पूर्वकी कल्पनामें हिरण्यगर्भादि जो कार्योपाधि जीव है शाखास्थानापन्न कहे गये हैं इस समय उनमें विशेष कहते हैं—उनसे जिनका अशुभाचरण है निकृष्टकर्माचरण है वे पश्वादियोनिमें पड़कर बढ़ते हैं और जिसका शुभाचरण है वे पुण्यवान् हैं वे ऊर्द्ध्व देवादि योनियोंमें विस्तृत होते हैं इस कारण मनुष्यलोकसे लेकर विरिञ्चिलोक (कार्य ब्रह्मलोक) पर्यन्त ऊर्द्ध्व देश, वहाँसे लेकर सत्यलोक पर्यन्त फैला है । संसार वृक्षकी शाखा (डार) कैसी है ? सत्त्व रज तमोरूप गुणोंसे जो कि शरीरेन्द्रियविषयाकार परिणत है, जलसे सिक्तके समान बढ़े हैं स्थूल हैं ।

जलसे वृक्षको सींचनेसे उसकी डारें बढ़ती हैं यह लोकमें प्रसिद्ध है, बढ़ी है का अर्थ मोटी है यह स्वाभाविक अर्थ है इसके संग्रहके लिए 'स्थूलीभूताः' कहा है ।

किंच—विषय-शब्दस्पर्शादि प्रवाल (पत्ते) के समान है । जिन संसाररूपी वृक्षकी शाखाओंमें वे

न रूपमस्येह तथोपलभ्यते नान्तो न चादिर्न च संप्रतिष्ठा ।
अश्वत्थमेनं सुविरूढमूलमसङ्गशस्त्रेण दृढेन छित्त्वा ॥ ३ ॥

इस संसार वृक्षका पूर्व वर्णित रूप, संसारी मनुष्योंसे नहीं प्राप्त होता है । और न आदि न अन्त न स्थिति उपलब्ध होती है । बद्धमूल इस पीपल वृक्षको दृढ़ असङ्ग शस्त्रसे काटकर ॥ ३ ॥

अस्थानीयाभिरिन्द्रियवृत्तिभिः संबन्धात्, रागाधिष्ठानत्वाच्च । किञ्च अधश्च चशब्दादूर्ध्वं च मूलान्यवान्तराणि तत्तद्भोगजनितरागद्वेषादिवासनालक्षणानि मूलानीव धर्माधर्मप्रवृत्तिकारकाणि तस्य संसारवृक्षस्यानुसन्ततानि-अनुस्यूतानि । मुख्यं तु मूलं ब्रह्मैवेति न दोषः । कीदृशान्यवान्तरमूलानि ? कर्म धर्माधर्मलक्षणमनुबन्धुम्-पश्चाज्जनयितुं शीलं येषाम्, तानि कर्मानुबन्धीनि । कुत्र ? मनुष्यलोके-मनुष्यश्चासौ लोकश्चेत्यधिकृतो ब्राह्मण्यादिविशिष्टो देहो मनुष्यलोकः, तस्मिन् बाहुल्येन कर्मानुबन्धीनि । मनुष्याणां हि कर्माधिकारः प्रसिद्धः ॥ २ ॥

विषयरूप पत्ता है शाखाके अग्रभाग अग्रावयवस्थानापन्न इन्द्रियवृत्तियोंके संबंधसे रागके आश्रय होनेसे भी लाल है । शाखाका अग्रिम भाग लाल होता है । संसार वृक्षकी शाखामें लालिमा कहते हैं–रागात्मक इन्द्रिय वृत्तियाँ रजोगुण प्राधान्यसे लाल हैं वे ही उक्त वृक्षकी शाखाके अग्रावयव हैं उनके सम्बन्धसे और रागके आश्रय प्रसिद्ध है । और भी—अधः (नीचे) और चशब्दसे ऊपर मूल जड़ें अवान्तर अवयव जडोंमें भी जवाड़े होती हैं जो बड़ी जड़से उत्पन्न होती हैं, प्रकृतमें शब्दादि विषयभोगसे उत्पन्न संस्कार मूलके समान हैं वे ही धर्माधर्ममें प्रवृत्तिके कारण हैं उस संसार वृक्षके सर्वत्र अनुस्यूत सबमें गुथे हैं, मुख्य मूल ब्रह्म ही है अतः ब्रह्मसे संसार होता है इसमें दोष नहीं । उपमूल अन्य भी हैं किन्तु मुख्य मूल ब्रह्म ही है ? कैसे हैं अवान्तर-मूल कर्मानुवन्धीनि कर्म—धर्माधर्मस्वरूपको पीछे उत्पन्न करनेका स्वभाव है जिनका कर्मोंसे वासना, वासनाओंसे कर्म इस रीतिसे अविच्छिन्न धारावाला यह संसार वृक्ष है । कहाँ कर्मानुवन्धि है ? मनुष्य लोकमें । षष्ठीतत्पुरुषकी व्यावृत्तिके लिये कर्मधारय समास कहते हैं—**'मनुष्यश्चासौ लोकश्च'** इति 'लोकस्तु भुवने जने' इस कोशके अनुसार लोक भुवन और जन दोनोंका वाची है भुवनार्थक मानें तो मनुष्य लोकमें पश्वादि भी हैं वे कर्मानुबन्धी नहीं हैं, इसलिये जनार्थक लोकका ग्रहण है तो भी अपशूद्रादि अनधिकृत मनुष्यकी व्यावृत्ति नहीं हुई उनमें भी कर्मानुबन्धित्व नहीं है अतः **'अधिकृत'** इत्यादि कहा । ब्राह्मणत्वादि-विशिष्ट देह मनुष्यलोक है उसमें प्रायः उनमें कर्मानुबन्धित्व है क्योंकि मनुष्योंको कर्माधिकार प्रसिद्ध है ॥ २ ॥

यस्त्वयं संसारवृक्षो वर्णितः—'न रूपमस्येहे'ति । इह-संसारे स्थितैः प्राणिभिरस्य-संसारवृक्षस्य यथावर्णितमूर्ध्वमूलत्वादि तथा-तेन प्रकारेण रूपं नोपलभ्यते स्वप्नमरीच्युदक-मायागन्धर्वनगरवन्मृषात्वेन दृष्टनष्टस्वरूपत्वात् तस्य । अतएव तस्यान्तः-अवसानं नोपलभ्यते । एतावता कालेन समाप्तिं गमिष्यतीति अपर्यन्तत्वात् । न चास्यादिरुपलभ्यते, इत आरभ्य प्रवृत्त इति अनादित्वात् । न च संप्रतिष्ठा-स्थितिर्मध्यमस्योपलभ्यते । आद्यन्तप्रतियोगिकत्वा-त्तस्य । यस्मादेवंभूतोऽयं संसारवृक्षो दुरुच्छेदः, सर्वानर्थकरश्च । तस्मात् अनाद्यज्ञानेन सुविरूढ-मूलम्-अत्यन्तवद्धमूलं प्रागुक्तमश्वत्थमेनम् असङ्गशस्त्रेण-सङ्गः स्पृहा असङ्गः सङ्गविरोधि वैराग्यं-पुत्रवित्तलोकैषणात्यागरूपम्, तदेव शस्त्रम्, रागद्वेषमयसंसारविरोधित्वात् । तेनासङ्ग-शस्त्रेण दृढेन परमात्मज्ञानौत्सुक्यदृढीकृतेन पुनः पुनर्विवेकाभ्यासनिशितेन छित्त्वा-समूलमुद्धृत्य वैराग्यशमदमादिसंपत्त्या सर्वकर्मसंन्यासं कृत्वेत्येतत् ।। ३ ।।

इस संसार वृक्षका जैसा 'ऊर्ध्वमूलमधःशाखम्' इत्यादिरूपसे वर्णन किया है । इस संसारमें स्थित लोगोंको इस संसार वृक्षका कथितरूप उस रूपसे प्रतीत नहीं होता, क्योंकि स्वप्न मरीचि उदक—मरुभूमिमें सूर्यकी किरणमें प्रतीयमान जल मृगतृष्णा, गन्धर्वनगर, रस्सीमें सर्प, शुक्तिमें चाँदीके समान मिथ्या होनेसे देखनेके बाद ही उसका स्वरूप नष्ट हो जाता है । उसके अभाव होनेसे उसका ज्ञान कैसे हो ? अतएव प्रातिभासिक पदार्थ प्रतिभामात्र शरीर कहाते हैं । जबतक भान है तब तक उनकी स्थिति है अनन्तर नहीं, अतएव उसका अन्त (समाप्ति) भी नहीं ज्ञात होती । इतने कालसे यह समाप्त हो जायगा यह भी नहीं जाना जाता क्योंकि अनवधि होनेसे समाप्ति हुई नहीं तो वह कैसे जानी जाय । और न इसके आदिका ही ज्ञान है; यहाँ से यह चला है क्योंकि अनादि है आदि है ही नहीं तो उसके अज्ञानमें आश्चर्य ही क्या ? । एवं संप्रतिष्ठा मध्यकी स्थितिका भी ज्ञान नहीं. क्योंकि मध्य सप्रतियोगिक—सापेक्ष है आदि अन्तरूप प्रतियोगी प्रतिसम्बन्धीके ज्ञान होने पर तदवधिवाले मध्यका ज्ञान होता है अन्यथा नहीं । जिस कारण ऐसा यह संसार वृक्ष दुरुच्छेद दुःखसे नाश करनेके योग्य है और सब प्रकारके दुःखोंका देनेवाला है । अनादि अज्ञानका देनेवाला है । अनादि अज्ञान आत्माके यथार्थ अनुभव न होनेसे वद्धमूल-अतिपुष्टमूल पूर्वोक्त अश्वत्थ वृक्षको असंग—वैराग्य संग वाञ्छा तद्विरोधी असंग वैराग्य ही है । पुत्र वित्त लौकैषणाका त्याग वैराग्य है वही शस्त्र है, क्योंकि रागद्वेषमय संसार है तद्विरोधी वैराग्य है उस दृढ अतिपुष्ट परमात्माभि-मुख्यनिश्चयसे दृढ़ किये हुये फिर फिर विवेकके अभ्याससे तीक्ष्णधारवाले उक्त शस्त्रसे मूलके सहित उक्त वृक्षको काटकर वैराग्य शमदमादि तत्त्वज्ञान साधन संपत्तिसे सब कर्मोका संन्यास कर ।। ३ ।।

ततः पदं तत्परिमार्गितव्यं यस्मिन्गता न निवर्तन्ति भूयः।
तमेव चाद्यं पुरुषं प्रपद्ये यतः प्रवृत्तिः प्रसृता पुराणी ॥ ४ ॥

उसके बाद उस वैष्णव पदका अन्वेषण करना चाहिये, जिस पदमें प्रविष्ट हुये पुरुष संसारमें पुनः नहीं लौटते, और जिससे (परमात्मासे) अनादि मायामय संसार वृक्ष फैला हुआ है, उस आदि पुरुषके शरण में हूँ ॥ ४ ॥

'ततः' इति । ततो गुरुमुपसृत्य ततोऽश्वत्थादूर्ध्वं व्यवस्थितं तद्वैष्णवं पदं वेदान्तवाक्य-विचारेण परिमार्गितव्यम्-मार्गयितव्यमन्वेष्टव्यम् , 'सोऽन्वेष्टव्यः, स विजिज्ञासितव्यः' इति श्रुतेः । तत्पदं श्रवणादिना ज्ञातव्यमित्यर्थः । किं तत्पदम् ? यस्मिन् पदे गताः-प्रविष्टाः ज्ञानेन न निवर्तन्ति-नावर्तन्ते भूयः-पुनः संसाराय। कथं तत् परिमार्गितव्यमित्याह—**'तमेवे'ति ।** यः पदशब्देनोक्तः, तमेव चाद्यम्-आदौ भवं पुरुषम्-येनेदं सर्वं पूर्णम्, तं पुरिषु, पूर्षु वा शया नंप्रपद्ये-शरणं गतोऽस्मीत्येवं तदेकशरणतया तदन्वेष्टव्यमित्यर्थः । तं कं पुरुषम्, यतः-यस्मात् पुरुषात् प्रवृत्तिः-मायामयसंसारवृक्षप्रवृत्तिः पुराणी-चिरंतन्यनादिरेषा प्रसृता निःसृतैन्द्रजालिकादिव मायाहस्त्यादि, तं पुरुषं प्रपद्य इत्यन्वयः ॥ ४ ॥

तदनन्तर गुरुदेवके समीप जाकर उस पीपर वृक्षसे ऊपर स्थित वह वैष्णव पद-परमात्माका स्थान 'पदं व्यवसितत्राणस्थानलक्ष्माङ्घ्रिवस्तुषु' इस कोशके अनुसार यहाँ पद स्थानपरक है। वेदान्त-उपनिषद् वाक्यके विचारसे उस पदकी खोज करना, क्योंकि श्रुति ऐसा ही कहती है 'सोऽन्वेष्टव्यः, स विजिज्ञा-सितव्यः' इति। उस पदको श्रवण-मननादिसे जानना। कौन वह पद है जिस स्थानमें ज्ञानसे गये पुरुष फिर संसारके लिए नहीं लौटते हैं ? कैसे उसका अन्वेषण करें ? यह कहते हैं—जो पद शब्दसे कहा गया है उसीसे आद्यकी व्युत्पत्ति है—आदिमें भव स्थित आद्य है आद्य पुरुषको जिससे यह सब सम्पूर्ण है उस पुरुषके शरणमें प्राप्त होता हूँ। पुरुषकी व्युत्पत्ति दिखलाते हैं—**'पुरिषु, पूर्षु वा शयानम्'** आरामसे स्थित इस प्रकार तदेकशरण होकर उसका अन्वेषण करना। उस किस पुरुषका अन्वेषण करे ?—यतः जिस पुरुषसे इस मायिक संसार वृक्षकी प्रवृत्ति पुरानी अनादि फैली है उसीसे निकली है, जैसे ऐन्द्रजालिकसे मायामय हस्ती आदि निकलते हैं ऐसे उस पुरुषकी शरणमें प्राप्त होता हूँ ॥ ४ ॥

निर्मानमोहा जितसङ्गदोषा अध्यात्मनित्या विनिवृत्तकामाः ।
द्वन्द्वैर्विमुक्ताः सुखदुःखसंज्ञैर्गच्छन्त्यमूढाः पदमव्ययं तत् ॥ ५ ॥

अहङ्कार और अविवेकसे रहित, राग-द्वेषसे वर्जित, परमात्म-स्वरूपके विचारमें तत्पर, विषय-भोगसे निवृत्त, सुखदुःखात्मक शीतोष्ण क्षुत् पिपासा आदिसे मुक्त, आत्मज्ञानी उस अव्यय पदको प्राप्त करते हैं ॥ ५ ॥

परिमार्गणपूर्वकं वैष्णवं पदं गच्छतामङ्गान्तराण्याह—'निर्मानमोहाः' इति । मानः-अहङ्कारो गर्वः, मोहः-अविवेकः, विपर्ययो वा, ताभ्यां निष्क्रान्ता निर्मानमोहाः, तौ निर्गतौ येभ्यस्ते वा । तथा अहङ्काराविवेकाभ्यां रहिता इति यावत् । जितसङ्गदोषाः प्रियाप्रिय-सन्निधावपि रागद्वेषवर्जिता इति यावत् । अध्यात्मनित्याः-परमात्मस्वरूपालोचनतत्पराः । विनिवृत्तकामाः-विशेषतः-निरवशेषेन निवृत्ताः कामाः-विषयभोगा येषाम्, ते । विवेकवैराग्यद्वारा त्यक्तसर्वकर्माण इत्यर्थः । द्वन्द्वैः-शीतोष्णक्षुत्पिपासादिभिः सुखदुःखसंज्ञैः सुखदुःखहेतुत्वात् सुखदुःखनामकैः । 'सुखदुःखसङ्गैः' इति पाठान्तरे सुखदुःखाभ्यां सङ्गः-संबन्धो येषाम्, तैः सुखदुःखसङ्गैः द्वन्द्वैर्विमुक्ताः-परित्यक्ता अमूढाः-वेदान्तप्रमाणसंजातसम्यग्ज्ञाननिवारितात्मा-ज्ञानाः अव्ययम्-यथोक्तं पदं गच्छन्ति ॥ ५ ॥

अन्वेषण पूर्वक वैष्णव पद जानेवालोंके अन्य अंग भी कहते हैं—मान-अहङ्कार गर्व, मोह अविवेक अथवा भ्रम अविवेकमें नञर्थ विरोध और अभाव दोनों होता है । अन्तिम पक्षके तात्पर्यसे विवेकाभाव, प्रथम पक्षके तात्पर्यसे विपर्यय कहा । विपर्यय-मिथ्या ज्ञान है इन दोनोंसे निकले निर्मानमोह कहे जाते हैं, अथवा मान मोह दोनों निकल गये हैं जिस पुरुषसे वे पुरुष निर्मानमोह हैं । प्रथम पक्षसे द्वितीय पक्ष स्फुट है । अहङ्कार और अविवेकसे शून्य, 'जितसंगदोषाः' इष्टानिष्टके सामीप्यमें भी रागद्वेष शून्य । परमात्मस्वरूपके विचारमें तत्पर 'वि नि' दोनों उपसर्गोंके अर्थ यहाँ विवक्षित हैं इसके स्पष्टार्थके लिये विशेषतः निरवशेषेण कहा है, उभयथा निवृत्त है विषयोंका भोग जिसके वे विवेक वैराग्य द्वारा संपूर्ण कर्मके त्यागी—भूख पियास सरदी गरमी आदि द्वन्द्वों जो सुखदुःख संज्ञक हैं उनसे रहित । द्वन्द्वोंकी सुख-दुःख संज्ञा नहीं है, किन्तु वे सुखदुःखके कारण हैं यहाँ सुखदुःखके हेतु है इसलिये उनकी सुखदुःख संज्ञा कही गई है । यदि 'सुखदुःखसङ्गैः' यह पाठ है तो सुखदुःखोंसे सम्बन्ध है जिनका वे उन सुखदुःख सम्बन्धी द्वन्द्वोंसे रहित अमूढ़ वेदान्तप्रमाण समुत्पन्न यथार्थात्मज्ञानसे दूर किया है आत्माज्ञानको जिन लोगोंने वे अमूढ़ अव्यय उस यथोक्त पदको जाते हैं ॥ ५ ॥

न तद्भासयते सूर्यो न शशाङ्को न पावकः ।
यद्गत्वा न निवर्तन्ते तद्धाम परमं मम ॥ ६ ॥

जिस परम पदको सूर्य चन्द्रमा और अग्नि प्रकाशित नहीं कर सकते, तथा जिस पदमें जाकर पुनः संसारमें नहीं लौटते हैं वह मेरा परम धाम है ॥ ६ ॥

तदेव गन्तव्यं पदं विशिनष्टि—**'न तद्भासयते'** इति । यद्वैष्णवं पदं गत्वा योगिनो न निवर्तन्ते, तत्पदं सर्वविभासनशक्तिमानपि सूर्यो न भासयते । सूर्यास्तमयेऽपि चन्द्रो भासकः दृष्ट इत्याशङ्क्याह—**'न शशाङ्कः'** इति । सूर्यचन्द्रमसोरुभयोरप्यस्तमयेऽग्निः प्रकाशको दृष्ट इत्याशङ्क्याह—**'न पावकः'** इति । 'भासयते' इत्युभयत्राऽप्यनुषज्यते । कुतः सूर्यादीनां तत्र प्रकाशनासामर्थ्यम् ? इत्यत आह—**'तदि'**ति । तद्धाम-ज्योतिः-स्वयंप्रकाशमादित्यादिसकलजडज्योतिरवभासकं परम्-प्रकृष्टं मम विष्णोः स्वरूपात्मकं पदम् । न हि यो यद्भास्यः, स स्वभासकं तम् भासयितुमीष्टे । तथा च श्रुतिः—

'न तत्र सूर्यो भाति न चन्द्रतारकं नेमा विद्युतो भान्ति कुतोऽयमग्निः ।
तमेव भान्तमनुभाति सर्वं तस्य भासा सर्वमिदं विभाति ॥'
मु० उ० २-२-१० इति ।

उस गन्तव्यको विशेषणोंसे विशिष्ट पदान्तरकी अपेक्षासे अति उत्तम दिखलाते हैं—जिस वैष्णव पदमें योगिजन जाकर नहीं लौटते उस पदको सर्वपदार्थके प्रकाशनशक्तिसे विशिष्ट भी सूर्य भगवान् प्रकाशित नहीं कर पाते, सूर्यके अस्त होनेपर चन्द्रमा भी प्रकाशक देखे गये हैं संभव है वह प्रकाशक हो इस आशंकासे कहते हैं—**'न शशाङ्कः'** इति । चन्द्रमा भी उसको प्रकाशित नहीं कर सकते । अच्छा तो सूर्य, चन्द्रमा दोनोंके अस्त होनेपर अग्नि प्रकाशित करेगी इस आशङ्कासे कहते हैं यह अग्नि प्रकाशित नहीं कर सकती है । 'भासयते' का सम्बन्ध शशाङ्क और पावक दोनोंके साथ है । क्यों सूर्यादिकमें उसके प्रकाशनकी शक्ति नहीं है । उसका उत्तर देते हैं—वह धाम ज्योति है स्वयं प्रकाश है प्रकाशान्तरसे प्रकाश्य नहीं । आदित्यादिसम्पूर्ण जड़ ज्योतियोंका प्रकाशक अतएव सबसे उत्तम मुझ विष्णुका स्वरूप भूत पद है, मेरे स्वरूपसे भिन्न नहीं अन्यथा स्वप्रकाशकत्व नित्यत्वकी उपपत्ति न हो सकेगी जो जिसका भास्य-प्रकाश्य है वह उसका प्रकाशक नहीं हो सकता,—यथा प्रदीपसे प्रकाश्य घटादि प्रदीपके प्रकाशक नहीं होते उसी प्रकार जड़ सूर्यादि ज्योतिका भासक उक्त पद, उस ज्योतिका भास्य नहीं हो सकता । श्रुति भी ऐसा ही कहती है—**'न तत्र'** इत्यादि ऊपर देखिये ।

ममैवांशो जीवलोके जीवभूतः सनातनः ।
मनःषष्ठानीन्द्रियाणि प्रकृतिस्थानि कर्षति ॥ ७ ॥

संसारमें मेरा ही सनातन (नित्य) माया कल्पित अंश जीव है, वह अज्ञानमें स्थित छठें मनके साथ पांचों इन्द्रियोंको आविर्भूत करता है ॥ ७ ॥

एतेन-तत्पदं वेद्यम्, न वा ? आद्ये वेद्यभिन्नवेदितृसापेक्षत्वेन द्वैतापत्तिः, द्वितीये त्वपुरुषार्थत्वापत्तिरित्यपास्तम् , अवेद्यत्वे सत्यपि स्वयमपरोक्षत्वात् । तत्रावेद्यत्वं सूर्याद्यभास्यत्वेनात्रोक्तम् , सर्वभासकत्वेन तु स्वयमपरोक्षत्वं 'यदादित्यगतं तेजः, इत्यत्र वक्ष्यति । एवमुमाभ्यां श्लोकाभ्यां श्रुतेर्दलद्वयं व्याख्यातमिति द्रष्टव्यम् ॥ ६ ॥

ननु 'यद्गत्वा न निर्वतन्ते' इत्युक्तम् , यदि गच्छन्ति, तर्ह्यावर्तन्त एव स्वर्गवत् ।

इससे यह किसीकी शंका परास्त हुई । शंका यह है कि स्वयंप्रकाश उक्त पद वेद्य है या नहीं । प्रथम पक्षमें वेद्य स्वभिन्न वेदिताकी अपेक्षा करता है । यथा—वेद्य घटादि उससे भिन्न पुरुषकी अपेक्षा करता है । वेदिताके विना किससे वेद्य होगा वेदिताके ज्ञानका विषय वेद्य कहाता है । उसी प्रकार उक्त पद स्वभिन्न वेदिताकी अपेक्षा करेगा ऐसी परिस्थितिमें यदि दूसरा वेदिता माना जाय तो द्वैतापत्ति होगी अद्वैत ब्रह्मकी सिद्धि ही नष्ट हो जायगी तो अद्वैतियोंको अपसिद्धान्त दोष होगा । द्वितीय पक्षमें मोक्ष अपुरुषार्थ हो जायगा ज्ञात ही सुख और दुःखाभाव पुरुषार्थ है इसीका पुरुष प्रार्थना करता है **'पुरुषैरर्थ्यमान'** ही पुरुषार्थ है । उक्त शंकाके परास्त होनेका कारण यह है कि उक्त सुख और दुःखाभाव जड़ है अतः वे स्वभिन्न वेदिताकी अपेक्षा ही से वेद्य हो सकते हैं अन्यथा नहीं । यह पद अवेद्य होनेपर भी स्वयं प्रत्यक्ष है, सूर्यादि ज्योतिसे भासित नहीं होता इसलिये अवेद्य कहा है । सर्वभासक होनेसे स्वयं तो प्रत्यक्ष ही है इसके **'यदादित्यगतम् तेजः'** इत्यादिसे भगवान् स्वयं आगे कहेंगे । भाव यह है कि अप्रकाशमान सुख और दुःखोंका अभाव पुरुषार्थ नहीं है उक्त सुखादि जड़ात्मक है, अतः वे प्रकाशान्तर सापेक्ष हैं । उक्त पद स्वयं [1]प्रकाश है अतः इसको प्रकाशकान्तरकी अपेक्षा नहीं जो स्वतः प्रकाश नहीं उसको ही परापेक्षा है अतः उक्त शंका निर्मूल है । इस प्रकार दोनों श्लोकोंसे श्रुतिका दोनों भाग व्याख्यात हुआ । **'न तद् भासयते'** **'यदादित्यगतं'** तेजः' इस श्लोकद्वयसे श्रुतिका भाग **'न तद्भासयते सूर्यः' इत्यादि** से । द्वितीय भाग **भाग 'तमेव भान्तमनुभाति' इत्यादि** से व्याख्यात हुआ यह जानना ॥ ६ ॥

'यद् गत्वा न निवर्तन्ते' इत्यादि कहा है, उसमें शंका यह है कि यदि जाते हैं तो अवश्य लौटते भी हैं

---

१. चित्सुखाचार्यजीने स्वयंप्रकाशत्वका जो लक्षण किया है, उसीका श्रुति-स्मृतिरूप उपष्टम्भक द्वारा यह विश्लेषण है, यह समझना ।

अथ नावर्तन्ते ? तर्हि न गच्छन्ति, तेन 'गत्वा' इति 'न निवर्तन्त' इति च परस्परविरुद्धम् ।

'सर्वे क्षयान्ता निचयाः पतनान्ताः समुच्छ्रयाः ।
संयोगा विप्रयोगान्ता मरणान्तं हि जीवितम् ।' इति हि—

वा० रा० अयो० अ० १०५ श्लो० १०६ ।

शास्त्रे, लोके च प्रसिद्धम् । अनात्मप्राप्तिः पुनरावृत्तिपर्यवसाना, न त्वात्मप्राप्तिरिति चेत् ? न । सुषुप्तौ 'सता सौम्य ! तदा संपन्नो भवति' छा० उ० ६-८-१ इति श्रुतिप्रतिपादिताया अप्यात्मप्राप्तेः पुनरावृत्तिपर्यन्तत्वदर्शनात् । अन्यथा सुषुप्तस्य मुक्तत्वेन पुनरुत्थानं न स्यात् । तस्मादात्मप्राप्तौ 'गत्वा' इति नोपपद्यते । तस्यौपचारिकत्वेऽप्यनिवृत्तिः नोपपद्यत इत्येवं प्राप्ते——

ब्रूमः——गन्तुर्जीवस्य गन्तव्यब्रह्माभिन्नत्वाद् 'गत्वा' इत्यौपचारिकम्, अज्ञानमात्रव्यवहितस्य तस्य ज्ञानमात्रेणैव प्राप्तिव्यपदेशात् । यदि ब्रह्मणः प्रतिबिम्बो जीवः, तदा यथा जलप्र-

---

स्वर्गके समान यदि स्वर्गमें जाते हैं तो जितना पुण्योपभोग होगा उतने काल तक रह कर 'यावत्संपातमुषित्वा, अभ्याशोह,—रमणीयचरणा रमणीयां योनिमापद्यन्ते' इस श्रुतिके अनुसार मनुष्य लोकमें पुनः आवृत्ति होती है, तद्वत्संयोगा विप्रयोगान्ताः' इस नियमके अनुकूल भक्तोंकी भी आवृत्ति आवश्यक है यदि नहीं लौटते यही सिद्धान्त है तो नहीं जाते हैं यही सिद्ध होता है, जाते हैं लौटते नहीं यह विरुद्ध है अतएव 'सर्वे क्षयान्ताः निचयाः' इत्यादि श्लोक ऊपर देखिये । उक्त श्लोकार्थ शास्त्र लोकमें प्रसिद्ध है । यदि यह कहिये कि अनात्म-आत्मभिन्नकी प्राप्ति पुनरावृत्ति नियत है आत्मप्राप्ति नहीं यह भी ठीक नहीं, सुषुप्तिमें 'सता सोम्य' यह ! 'तदा सम्पन्नो भवति' इति श्रुतिबोधिता आत्मप्राप्ति पुनरावृत्ति सहित पाई जाती है । यदि स्वापकालिक आत्मप्राप्तिसे पुरुष न लौटे-प्रबुद्धावस्थामें न आवे तो उसको मुक्त मानना चाहिये फिर उसका उत्थान नहीं होगा । इस प्रकार पशु-पक्षियोंकी भी अनायास मुक्ति हो जायगी पर ऐसा होता कहाँ है । सोया हुआ प्राणी नियमसे उठता ही है अतः आत्मप्राप्तिमें 'गत्वा' यह सर्वका उपपत्ति शून्य है । यदि 'गत्वा' यह औपचारिक (लाक्षणिक) है तो भी अनिवृत्तिकी उपपत्ति नहीं होती प्रत्युत उक्त न्यायसे निवृत्तिकी ही उपपत्ति है इस स्थितिमें **'ब्रूम'** से समाधान कहते हैं—गन्ता जीव गन्तव्य ब्रह्मसे अभिन्न है तो 'गत्वा' कैसे कहा—अप्राप्तकी प्राप्ति गमन है, यह गन्ता गन्तव्यके भेद ही में होता है अभेदमें नहीं, अन्यथा 'स्वं गच्छति' यह भी प्रयोग हो जायगा अज्ञान मात्रसे व्यवहित ज्ञानसे अज्ञान निवृत्त होनेपर औपचारिक प्राप्तिका व्यवहार होता है । यथा ग्रीवास्थ भूषण अज्ञातदशामें अप्राप्त प्रतीत होता है, ज्ञात दशामें प्राप्तके समान मानकर उक्त भूषण पाया यह औपचारिक प्राप्तिका व्यवहार होता है अज्ञान दशामें भी तो प्राप्त

तिबिम्बितसूर्यस्य जलापाये बिम्बभूतसूर्यगमनं ततो नावृत्तिश्च, यदि च बुद्धयवच्छिन्नः ब्रह्मभागो जीवः, तदा यथा घटाकाशस्य घटापाये महाकाशं प्रति गमनम् , ततो नावृत्तिश्च, तथा जीवस्याऽप्युपाध्यपाये निरुपाधिस्वरूपगमनम् , ततो नावृत्तिश्चेत्युपचाराद्रुच्यते। एकस्वरूपत्वाद्भेदभ्रमस्य चोपाधिनिवृत्त्या निवृत्तेः, सुषुप्तौ तु अज्ञाने-स्वकारणे भावना-कर्म-पूर्वप्रज्ञासहितस्यान्तःकरणस्य जीवोपाधेः सूक्ष्मरूपेणावस्थानात्, तत एवाज्ञानात्पुनरुद्भवः संभवति। ज्ञानादज्ञाननिवृत्तौ तु कारणाभावात् कुतः कार्योदयः स्यात् ? अज्ञानप्रभवत्वादन्तः-करणाद्युपाधीनाम् । तस्माज्जीवस्य 'अहं ब्रह्माऽस्मि' इति वेदान्तवाक्यजन्यसाक्षात्कारात् 'अहं न ब्रह्म' इत्यज्ञाननिवृत्तिर्गत्वेत्युच्यते। निवृत्तस्य चानाद्यज्ञानस्य पुनरुत्थानाभावेन तत्कार्यसंसाराभावो न 'निवर्तन्ते' इत्युच्यत इति, न कोऽपि विरोधः। जीवस्य तु पारमार्थिकम् स्वरूपं ब्रह्मैवेत्यसकृदावेदितम् ।

ही था अप्राप्त नहीं। इसी प्रकार अज्ञानावृत ब्रह्म अप्राप्त सा प्रतीत होता है ज्ञानसे अज्ञानकी निवृत्ति होनेपर प्राप्तके समान प्रतीत होता है अतः प्राप्ति औपचारिक है। वास्तविक प्राप्ति पुनरावृत्ति नियत है औपचारिक नहीं यह निष्कर्ष है। जीव ब्रह्ममें दो वाद प्रसिद्ध है बिम्बप्रतिबिम्बवाद और अवच्छेदवाद। प्रथम वाद लेकर समाधान करते हैं—अविद्यामें ब्रह्मका प्रतिबिम्ब जीव है, बिम्ब ब्रह्म है इस आदि पक्षमें जलमें प्रतिबिम्बित सूर्य, जलमें सूर्यका प्रतिबिम्बित सूर्य ही है भिन्न नहीं बिम्बप्रतिबिम्बाभेद ही का सिद्धान्त है इस भावसे प्रतिबिम्बित सूर्य कहा—सूर्यका प्रतिबिम्ब ऐसा नहीं कहा। हां तो जलके न रहने पर बिम्बभूत सूर्यमें प्रतिबिम्बका गमन होता है किन्तु उससे उसकी पुनः आवृत्ति नहीं होती। द्वितीय अवच्छेद पक्षमें समाधान करते हैं—यदि बुद्धयवच्छिन्न ब्रह्मका अंश जीव है तो जैसे घटाकाशका घटनाश कालमें घटाकाशका महाकाशमें गमन होता है किन्तु उससे उसकी पुनः आवृत्ति नहीं होती, तथा जीवका उपाधिनाश होनेपर निरुपाधि स्वरूपमें गमन होता है उससे आवृत्ति नहीं होती अतः औपचारिक गति कहते हैं। दोनों एक है, उपाधिहेतुक भेदका भान नाम था उपाधिकी निवृत्तिसे भेदभ्रमकी निवृत्ति होती है, सुषुप्तिमें भावना, कर्म, पूर्वप्रज्ञा सहित अन्तःकरण जो जीवकी उपाधि है अन्तःकरणावच्छिन्न चैतन्य जीव है, अनेक जीववाद इसीसे माना जाता है। अन्तःकरणके भेदसे प्रतिशरीरमें जीव भिन्न है अवच्छेदक भेदसे अवच्छेद्यका भी भेद होता है उसका स्वकारणीभूत अज्ञानमें सूक्ष्मरूपसे अवस्थानात्मक लय होनेसे उसी अन्तःकरणके कारण अज्ञानसे जीवोपाधिकी उत्पत्ति होती है। इसीसे पुनरुत्थान प्रबोधावस्थामें जीवका होता है आत्मानुभवसे मूलाज्ञानकी निवृत्ति होनेपर जीवोपाधि अज्ञानका अभाव होनेसे कारणके अभावसे कार्यका भी अभाव होता है इस न्यायसे फिर अन्तःकरणका उत्पादन नहीं होता इससे मुक्त जीव की पुनः आवृत्ति नहीं होती। अन्तःकरणादि उपाधियाँ अज्ञान ही से उत्पन्न होती है अतः 'तत्त्वमसि'

तदेतत् सर्वं प्रतिपाद्यत उत्तरेण ग्रन्थेन। तत्र जीवस्य ब्रह्मरूपत्वादज्ञाननिवृत्त्या तत्स्वरूपं प्राप्तस्य ततो न प्रच्युतिरिति प्रतिपाद्यते--**'ममैवांशः'** इति श्लोकार्धेन। सुषुप्तौ तु सर्वकार्यसंस्कारसहिताज्ञानसत्त्वात्ततः पुनः संसारो जीवस्येति **'मनः षष्ठानि'** इति श्लोकार्धेन प्रतिपाद्यते। ततस्तस्य वस्तुतोऽसंसारिणोऽपि मायया संसारं प्राप्तस्य मन्दमतिभिर्देहतादात्म्यं प्रापितस्य देहाद्व्यतिरेकः प्रतिपाद्यते--**'शरीरमि'**त्यादिना श्लोकार्धेन। **'श्रोत्रं चक्षुः'** इत्यादिना तु यथायथं स्वविषयेष्विन्द्रियाणां प्रवर्तकस्य तस्य तेभ्यो व्यतिरेकः प्रतिपाद्यते। एवं देहेन्द्रियादिविलक्षणमुत्क्रान्त्यादिसमये स्वात्मरूपत्वात् किमिति सर्वे न पश्यन्तीत्याशङ्कायां विषयविक्षिप्तचित्तादर्शनयोग्यमपि तं न पश्यन्तीत्युत्तरमुच्यते-- **'उत्क्रामन्तमि'**त्यादिना श्लोकेन। तं ज्ञानचक्षुषः पश्यन्तीति विवृतं **'यतन्तो योगिनः'** इति श्लोकार्धेन। 'विमूढा नानुपश्यन्ती' त्येतद्विवृतं--**'यतन्तोऽपी'**ति श्लोकार्धेनेति **पञ्चानाम्** श्लोकानां सङ्गतिः।

'अहं ब्रह्माऽस्मि' इत्यादि वेदान्त वाक्य जन्य जीवब्रह्माभेद साक्षात्कारसे 'अहं न ब्रह्म' इत्याकारक जीवके अज्ञानकी निवृत्ति ही 'गत्वा' से कही जाती है। तत्त्वज्ञानसे निवृत्त अनादि अज्ञानका पुनः उत्थान न होनेसे तत्कार्य संसाराभावकी निवृत्ति नहीं होती किन्तु सदा संसाराभाव ही रहता है। इस प्रकार कोई दोष नहीं है। जीवका वास्तविक स्वरूप ब्रह्म ही है यह अनेक बार कह चुके हैं यह सव अगले ग्रन्थसे कहते हैं। उसमें जीव ब्रह्मस्वरूप है अज्ञानकी निवृत्तिसे ब्रह्मस्वरूप प्राप्त जीवका फिर उससे पतन नहीं होता यह कहते हैं—**'ममैवांशः'** इस श्लोकार्धसे। सुषुप्तिमें अखिल कार्यसंस्कारसहित अज्ञानके रहनेसे फिर जीवको संसार होता है यह 'मनः षष्ठानि' इस श्लोकार्धसे कहते हैं वस्तुतः असंसारी जीवका मायासे संसारप्राप्ति होती है। मन्दबुद्धि जनता 'अहं गौरः कृशः इत्यादि बुद्धिसे देहके तादात्म्यका उसमें अभ्यास करती है अतः देहादिसे भिन्न जीव है इस व्यतिरेक—भेदका प्रतिपादन **'शरीरम्'** इत्यादि श्लोकार्धसे करते हैं। **'श्रोत्रं चक्षुरित्यादि'** से। यथायोग्य स्वस्व विषयोंमें इन्द्रियोंके प्रेरकका शरीरेन्द्रियादिसे भेद है इसका प्रतिपादन करते हैं। इसी प्रकार देहेन्द्रियादिविलक्षण उत्क्रान्त्यादिकालमें स्वात्म स्वरूप होनेसे क्यों नहीं सब देखते हैं, इस आकांक्षासे विषयोंके चिन्तनसे व्याकुल चित्तसे दर्शनके योग्य भी उसको नहीं लोग देखते यह उत्तर कहा जाता है **'उत्क्रामन्तम्'** इत्यादि श्लोकसे। ज्ञान दृष्टि वाले उसको देखते हैं इसका विवरण किया है **'यतन्तो योगिनः'** इत्यादि श्लोकार्धं से। 'विमूढा नाऽनुपश्यन्ति' इसका विवरण किया है **'यतन्तोऽपि'** इस श्लोकार्द्धसे, इस प्रकार पाचों श्लोकोंकी संगति है।

इदानीमक्षराणि व्याख्यास्यामः—'**ममैवांशः**' इति। ममैव-परमात्मनोंऽशः-निरंश-स्याऽपि मायया कल्पितः सूर्यस्येव जले नभस इव च घटे, मृषाभेदवानंश इवांशो जीवलोके-संसारे। स च प्राणधारणोपाधिना जीवभूतः कर्ता भोक्ता संसारीति मृषैव प्रसिद्धिमुपागतः सनातनः-नित्यः, उपाधिपरिच्छेदेऽपि वस्तुतः परमात्मस्वरूपत्वात्। अतो ज्ञानादज्ञाननिवृत्त्या स्वस्वरूपं ब्रह्म प्राप्य ततो न निवर्तन्त इति युक्तम्। एवंभूतोऽपि सुषुप्तात् कथमावर्तते इत्याह—'**मनः**' इति। मनः षष्ठं येषाम्, तानि श्रोत्र-त्वक्-चक्षू-रसन-घ्राणाख्यानि पञ्च इन्द्रियाणि-इन्द्रस्यात्मनो विषयोपलब्धिकरणतया लिङ्गानि जाग्रत्स्वप्नभोगजनकर्मक्षये प्रकृति-स्थानि-प्रकृतावज्ञाने सूक्ष्मरूपेण स्थितानि पुनर्जाग्रद्भोगजनककर्मोदये भोगार्थं कर्षति कूर्मोऽङ्गानीव प्रकृतेरज्ञानादाकर्षति-विषयग्रहणयोग्यतयाविर्भावयतीत्यर्थः। अतो ज्ञानादनावृत्तावप्यज्ञानादावृत्तिर्नानुपपन्नेति भावः॥ ७॥

अब अक्षरोंका व्याख्यान करेंगे। मेरा ही परमात्माका अंश, यद्यपि परमात्मा निरंश है। अन्यथा सावयवत्वसे अनित्य हो जायगा और अद्वैत-श्रुतिका विरोध भी होगा, तथापि जैसे मायासे कल्पित सूर्यका जलमें, आकाशका घटादिमें, अंशकी कल्पना होती है वैसे यहाँ भी समझना। प्रतिबिम्बवादमें प्रथम उदाहरण है। अवच्छेद वादमें द्वितीय उदाहरण है। प्रथममें सूर्य सावयव हैं उनमें वास्तविक अंशांशिभाव हैं, द्वितीय पक्षमें ब्रह्मके समान आकाश भी निरवयव है अतः घटाकाश महाकाश कल्पित अंश है। मिथ्या भेदवान् अंश इव अंश है संसारमें। वह अंश प्राणधारणोपाधिसे जीव कहाता है। 'जीव प्राणधारणे' इस धातुसे भी प्राणधारण जीवकी उपाधि प्रतीत होती है कर्ता भोक्ता संसारी यह मिथ्या प्रतीति है। सनातन नित्य तथा उपाधिपरिच्छिन्न होनेपर भी वस्तुतः परमात्मस्वरूप है। अतः ज्ञानसे अज्ञानकी निवृत्ति होनेपर स्वरूप ब्रह्मको प्राप्तकर उससे निवृत्त नहीं होता यह युक्तियुक्त है। ईदृश भी सुषुप्तसे कैसे लौटता है यह कहते हैं—मन है छठां इन्द्रिय जिनमें वे श्रोत्र त्वक् चक्षु रसन घ्राणनामक पाँचो इन्द्रियाँ, इन्द्र रूप आत्माके विषयकी प्राप्तिमें साधन होनेसे चिह्न हैं, जागर और स्वप्नकालिक भोग जनक अदृष्टके नाश होनेसे अविद्यामें सूक्ष्म रूपसे स्थित इन्द्रियोंको जाग्रत् कालिक भोगके संपादक अदृष्टके उदय होनेपर भोगार्थ जीव खींचता है, जैसे कछुआ अपनेमें संकोचित अंगों को अपने शरीरसे वाहर निकालता है वैसे अज्ञान अर्थात् प्रकृति रूप उपादान कारणसे उक्त इन्द्रियोंको जीव खींचता है, विषयग्रहणके योग्य प्रादुर्भूत करता है। कारणावस्थापन्न इन्द्रियाँ विषयग्रहण योग्य नहीं है अतः कार्यकारणसे सम्पन्न करता है, अतः ज्ञानसे अनावृत्ति होनेपर भी अज्ञानसे आवृत्ति होनेमें कोई अनुपपत्ति नहीं यह तात्पर्य है॥ ७॥

शरीरं यदवाप्नोति यच्चाऽप्युत्क्रामतीश्वरः ।
गृहीत्वैतानि संयाति वायुर्गन्धानिवाशयात् ॥ ८ ॥

देह और इन्द्रियोंका स्वामी जीव जब शरीरसे बाहर निकलता है तव मनके साथ पांचों इन्द्रियोंको खींचता है और पूर्वोक्त इन्द्रियोंको लेकर पूर्व शरीरसे दूसरे शरीरको प्राप्त करता है ॥ ८ ॥

कस्मिन् काले कर्षतीत्युच्यते––**'शरीरं यदवाप्नोती'ति** । यत्-यदा उत्क्रामति-बहिर्निर्गच्छति ईश्वरः-देहेन्द्रियसङ्घातस्य स्वामी जीवः, तदा यतो देहादुत्क्रामति, ततो मनःषष्ठानीन्द्रियाणि कर्षतीति द्वितीयपादस्य प्रथममन्वयः, उत्क्रमणोत्तरभावित्वाद्गमनस्य । न केवलम् कर्षत्येव, किन्तु यत्-यदा च पूर्वस्माच्छरीरान्तरमवाप्नौति, तदैतानि मनःषष्टानीन्द्रियाणि गृहीत्वा संयात्यपि-सम्यक् पुनरागमनराहित्येन गच्छत्यपि शरीरे सत्येवेन्द्रियग्रहणे दृष्टान्तः, आशयात्-कुसुमादेः स्थानात् गन्धान्-गन्धात्मकान् सूक्ष्मानंशान् गृहीत्वा यथा वायुर्याति, तद्वत् ॥ ८ ॥

किस कालमें खींचता है यह कहते हैं—**'शरीरं यदवाप्नोति'** से । जब ऊपर निकलता है अर्थात् शरीरसे बाहर निकलता है ।

'इभ्य आढ्यो धनी स्वामी त्वीश्वरः पतिरीशिता ।'

इस अमरकोशसे ईश्वर शब्द यहाँ स्वामिपरक है । देहेन्द्रिसमुदायका स्वामी जीव जिस देहसे निकलता उस देहमें मन है छठाँ जिनमें उन मन सहित उक्त पाँचों इन्द्रियोंको खींचता है, इस प्रकार द्वितीयपादका प्रथम अन्वय है उत्क्रमणके बाद गमन होगा केवल खींचता ही नहीं किन्तु जब पूर्वं शरीरसे शरीरान्तर पाता है तब षष्ठ मनःसहित उक्त पाँचो इन्द्रियोंको लेकर जाता है । 'सं' उपसर्गके द्योत्य अर्थको स्फुट करते हैं—**'पुनरेति'** से । पुनरागमनसे रहित फिर उस शरीरमें कभी नहीं आवेगा शरीर रहते इन्द्रिय ग्रहणमें दृष्टान्त, है आशय अर्थात् स्थान कुसुमादिसे गन्ध लेकर वायु जैसे जाता है न्याय मतमें गुण गुणीका समवाय सम्वन्ध है, स्वमतमें तादात्म्य सम्बन्ध है दोनों मतोंमें गुणी द्रव्यसे गुण गन्ध अलग नहीं हो सकता फिर वायु गन्धमात्रको लेकर कैसे जायगा ? इस आशंकासे कहते हैं—**'गन्धात्मकान्'** इति से । गन्धाश्रय सूक्ष्म कुसुमाद्यवयवको लेकर यह भाव है अतएव कस्तूरी कर्पूरादिको यत्नसे लोग रखते हैं क्योंकि गन्धके साथ द्रव्य भी निकल जाता है । कुछ दिनमें सब निकल जाता है खाली पात्र रह जाता है । ऐसा संभव नहीं कि केवल गन्ध निकल जाय और तदाश्रय द्रव्य कर्पूरादि रह जाय । निर्गन्ध कर्पूरादि कही नहीं पाये-गये हैं उसी प्रकार प्रकृतमें समझना चाहिये ॥ ८ ॥

श्रोत्रं चक्षुः स्पर्शनं च रसनं घ्राणमेव च ।

अधिष्ठाय मनश्चायं विषयानुपसेवते ॥ ९ ॥

यह जीवात्मा कान, आँख त्वक् जिह्वा नासिका और मनका आश्रयण कर विषयोंका भोग करता है ॥ ९ ॥

उत्क्रामन्तं स्थितं वापि भुञ्जानं वा गुणान्वितम् ।

विमूढा नाऽनुपश्यन्ति पश्यन्ति ज्ञानचक्षुषः ॥ १० ॥

अज्ञानी जन शरीर छोड़कर बाहर जाते हुये अथवा शरीरमें स्थित अथवा विषयोंका उपभोग करते-हुये तीनों गुणोंसे युक्त जीवको नहीं जानते हैं किन्तु ज्ञानी लोग जानते हैं ॥ १० ॥

तान्येवेन्द्रियाणि दर्शयन् यदर्थं गृहीत्वा गच्छति, तदाह—**'श्रोत्रं चक्षुरि'**ति । **'श्रोत्रम् चक्षुः, स्पर्शनं च, रसनम्, घ्राणमेव च'** चकारात् कर्मेन्द्रियाणि प्राणं च, मनश्च, षष्ठमधिष्ठायैव-आश्रित्यैव विषयान् शब्दादीनयं जीव उपसेवते-भुङ्क्ते ॥ ९ ॥

'उत्क्रामन्तमि'ति । एवं देहगतं दर्शनयोग्यमपि देहात् उत्क्रान्तम्-देहान्तरं गच्छन्तम् पूर्वस्मात् स्थितं वाऽपि, तस्मिन्नेव देहे भुञ्जानं वा शब्दादीन् विषयान् गुणान्वितम्-सुखदुःख-मोहात्मकैर्गुणैरन्वितम् । एवं सर्वास्ववस्थासु दर्शनयोग्यमप्येनं विमूढाः-दृष्टादृष्टविषयभोगवा-सनाकृष्टचेतस्तयाऽऽत्मानात्मविवेकायोग्या नाऽनुपश्यन्ति । अहो ! कष्टं वर्तत इत्यज्ञाननुक्रोशति भगवान् । ये तु प्रमाणजनितज्ञानचक्षुषो विवेकिनः, त एव पश्यन्ति ॥ १० ॥

वे फिर कौन हैं किस लिये उनको लेकर जाता है इस आकांक्षासे कहते हैं—**'श्रोत्रमि'त्या**दि से । उन इन्द्रियोंको दिखलाते हुए जिसके लिये लेकर जाता है उस अर्थको कहते हैं—श्रोत्रादिसे । देखिये उक्त पाँच ज्ञानेन्द्रिय, चकारसे पाँच कर्मेन्द्रिय प्राण और मन इनका आश्रयण करके ही शरीरस्थ जीव शब्दादि विषयोंका उपभोग करता है ॥ ९ ॥

इस प्रकार देहस्थित दर्शनयोग्य भी पूर्वोपात्त देहसे देहान्तर जाते हुए पूर्व शरीरमें ही रह कर भोजन करते हुए सुख दुःख मोह गुणोंसे युक्त सब अवस्थाओंमें दर्शनयोग्य भी इसको विमूढ नहीं देख पाते इसमें कारण कहते हैं—दृष्ट-लौकिक अदृष्ट-पारलौकिक विषय-दिव्य-अदिव्य शब्दादि तथा भोगवासनासे समाकृष्ट विकल है चित्त जिनका वे विमूढ हैं अतएव आत्मा और अनात्माके विवेकमें वास्तविक तत्तत्स्वरूप निश्चय करनेमें सर्वथा अयोग्य हैं अतः नहीं देखते हैं 'अहो' से आश्चर्य प्रगट करते हैं, कष्टसे खेद सूचित करते हैं । अथवा कष्टसे दुःखद आश्चर्य होता है । प्रकृतमें दुःखद आश्चर्य है,

यतन्तो योगिनश्चैनं पश्यन्त्यात्मन्यवस्थितम् ।
यतन्तोऽप्यकृतात्मानो नैनं पश्यन्त्यचेतसः ॥ ११ ॥

प्रयत्नशील योगीजन बुद्धिमें प्रतिविम्बित जीवको देखते हैं, अशुद्ध हृदयवाले अविवेकीजन प्रयत्न करने पर भी इसको नहीं जानते (देखते) हैं ॥ ११ ॥

यदादित्यगतं तेजो जगद्भासयतेऽखिलम् ।
यच्चन्द्रमसि यच्चाग्नौ तत्तेजो विद्धि मामकम् ॥ १२ ॥

जो सूर्यमें स्थित तेज सम्पूर्ण विश्वको प्रकाशित करता है, जो चन्द्रमामें और अग्निमें तेज स्थित है उसे मेरा ही तेज समझो ॥ १२ ॥

'पश्यन्ति ज्ञानचक्षुषः' इत्येतद्विवृणोति—'यतन्तो योगिनः' इति । आत्मनि-स्वबुद्धौ अवस्थितम्-प्रतिफलितमेनमात्मानं यतन्तः-ध्यानादिभिः प्रयतमाना योगिन एव पश्यन्ति । चोऽवधारणे । **यतमान अप्यकृतात्मानः**-यज्ञादिभिरशोधितान्तःकरणाः, अत एवाचेतसः-विवेकशून्या नैनं पश्यन्तीति **'मूढा नानुपश्यन्ती'**त्येतद्विवरणम् ॥ ११ ॥

इदानीं यत् पदं सर्वविभासनक्षमा अप्यादित्यादयो भासयितुं न क्षमन्ते, यत्प्राप्ताश्च मुमुक्षवो न पुनः संसाराय प्रवर्तन्ते, यस्य च पदस्योपाधिभेदमनुविधीयमाना जीवा घटाकाशादय इवाकाशस्य कल्पितांशाः मृषैव संसारमनुभवन्ति, तस्य पदस्य सर्वात्मत्व-सर्वव्यवहारास्पदत्वप्रदर्शनेन **'ब्रह्मणो हि प्रतिष्ठाऽहम्'** इति प्रागुक्तं विवरीतुं चतुर्भिः श्लोकैरात्मनो विभूति-

---

इस प्रकार भगवान् अज्ञों पर अनुकम्पा करते हैं अर्थात् उनके प्रति करुणा प्रकाश करते हैं। जो वेदान्त-प्रमाणजन्य ज्ञाननेत्र वाले विवेकी हैं वे ही देखते है ॥ १० ॥

'ज्ञानचक्षुषः' इसका विवरण करते हैं—**'यतन्तो योगिनः'** इतिसे । आत्मशब्द यहाँ बुद्धि परक है, स्वबुद्धिमें प्रतिबिंबित इस आत्माको ध्यानादिसे प्रयत्न परायण योगिजन ही देखे है। 'च' अवधारणमें है। प्रयत्नशील भी जो अकृतात्मा-यज्ञादिसे असंस्कृतान्तःकरण हैं अतएव अविद्यमान चित्त अर्थात् असंस्कृत चित्त हैं अतएव विवेक रहित हैं वे नहीं इसको देखते यह **'मूढा नानुपश्यन्ति'** का विवरण है ॥ ११ ॥

इस समय सर्वप्रकाशन शक्तिसंपन्न आदित्यादि ज्योति भी तत्पदके प्रकाशनमें समर्थ नहीं है और जिस पदको प्राप्त मुमुक्षु पुनः संसारके लिये नहीं आते जिसपदके उपाधिभेदका अनुसरण करनेवाले जीव, घटाकाश महाकाशका जैसा अंश है वैसा ही जीव ब्रह्मका अंश है अतएव मिथ्या ही संसारका अनुभव करता है। वह पद सबका आत्मा है और सब व्यवहारोंका आश्रय है, इस कथनसे **'ब्रह्मणो हि प्रतिष्ठाऽहम्'**

संक्षेपमाह भगवान्—**'यदादित्यगतं तेजः'** इति । **'न तत्र सूर्यो भाति न चन्द्रतारकं नेमा विद्युतो भान्ति कुतोऽयमग्निः ।'** इति श्रुत्यर्धं प्राग्व्याख्यातम्—**'न तद्भासयते सूर्यः'** इत्यादिना ।

'तमेव भान्तमनुभाति सर्वं तस्य भासा सर्वमिदं विभाति' ।

इति श्रुत्यर्धमनेन व्याख्यायते—यदादित्यगतं तेजः-चैतन्यात्मकं ज्योतिः, यच्चन्द्रमसि यच्चाग्नौ स्थितं तेजो जगदखिलमवभासयते, तत्तेजो मामकम्-मदीयं विद्धि । यद्यपि स्थावर-जङ्गमेषु समानं चैतन्यात्मकं ज्योतिः, तथापि सत्त्वोत्कर्षेणाऽऽदित्यादीनामुत्कर्षात्तत्रैवाविस्तराम् चैतन्यज्योतिरिति, तैर्विशेष्यते—**'यदादित्यगतमि'**त्यादि । यथा तुल्येऽपि मुखसंनिधाने काष्ठ-कुड्यादौ न मुखमाविर्भवति, आदर्शादौ च स्वच्छे, स्वच्छतरे च तारतम्येनाविर्भवति, तद्वत् । **'यदादित्यगतं तेज'** इत्युक्त्वा पुनः **'तत्तेजोविद्धिमामकमिति'** तेजोग्रहणात् यदादित्यादिगते तेजः-प्रकाशः परप्रकाशसमर्थम् सितभास्वरं रूपं जगदखिलरूपवद्वस्तु अवभासयते । एवम् यच्चन्द्रमसि यच्चाग्नौ जगदवभासकं तेजः, तन्मामकं विद्धीति विभूतिकथनाय द्वितीयोऽप्यर्थः द्रष्टव्यः, अन्यथा 'तन्मामकं विद्धी'त्येतावत् ब्रूयात् तेजोग्रहणमन्तरेणैवेति भावः ॥ १२ ॥

इस पूर्वोक्तके विवरणार्थ चार श्लोकोंसे अपने ऐश्वर्यका संक्षेप कहते हैं भगवान्—**'न तत्र सूर्यो भाति'** इत्यादि श्रुतिका पूर्वमें व्याख्यान किया है **'न तद्भासयते सूर्यः'** इत्यादिसे। **'तमेव भान्तम्'**इत्यादि श्रुतिके अर्धभागका इससे व्याख्यान करते हैं—जो सूर्यगत चैतन्यस्वरूप ज्योति जो अग्निमें स्थित तेज संपूर्ण जगत्को प्रकाशित करता है उस तेजको मेरा जानो । यद्यपि चराचरमें चैतन्य स्वरूप ज्योति तुल्य है तथापि सत्त्वगुणके आधिक्यसे आदित्यादिमें उत्कृष्ट है अतः उसके उत्कर्षसे उन्हींमें आविर्भूत ज्योति है इस हेतुसे उन्हींसे विशेषित करते हैं—**'यदादित्यगतमि'**त्यादि से । जैसे समान सन्निधानमें भी भित्ति और काठमें मुखका आविर्भाव-प्रतिविम्ब नहीं पड़ता स्वच्छ आदर्श दर्पणमें एवं अतिस्वच्छ आदर्शमें आदर्शके उत्कर्ष-अपकर्षसे प्रतिबिम्बमें उत्कर्ष-अपकर्ष अनुभव सिद्ध है, वैसे **'यदादित्यगतम्'** इत्यादि कहकर फिर **'तत् तेजो विद्धि मामकम्'** इसमें तेजके कथनसे जो सूर्यप्रकाशके प्रकाशसमर्थ शुक्लभास्वररूप संपूर्णरूपविशिष्ट वस्तुको प्रकाशित करता है, गन्धादि भी जगत्में हैं उनका भासक सूर्यका प्रकाश नहीं । केवल चाक्षुषप्रत्यक्षमें प्रकाश सहकारी कारण है, इन्द्रियान्तरसे विषयान्तरके प्रकाशमें नहीं । फिर जगत्प्रकाशक सूर्यप्रकाश कैसे कहा इस शंकासे रूपवद्वस्तु उद्भूतरूपवद्वस्तुका प्रकाशक सौरालोक है अनुद्भूत रूपवान्का प्रकाशक न होनेपर भी क्षति नहीं, जो चन्द्रमामें जो अग्निमें उद्भूत रूपवद्वस्तु प्रकाशक तेज है वह तेज मेरा समझो । इस प्रकार विभूति कथनार्थ द्वितीय भी अर्थ जानना, अन्यथा तेज न कह कर वह मेरा जानो इतना ही कहते द्वितीय तेजका ग्रहण द्वितीय अर्थके लिये है यह तात्पर्य है ॥ १२ ॥

गामाविश्य च भूतानि धारयाम्यहमोजसा ।
पुष्णामि चौषधीः सर्वाः सोमो भूत्वा रसात्मकः ॥ १३ ॥

मैं पृथ्वीमें देवतारूपसे प्रविष्ट होकर अपने बलसे पृथ्वीमें आश्रित वस्तुओंको धारण करता हूँ तथा रसात्मक चन्द्रमा होकर सभी औषधियोंका पोषण करता हूँ ॥ १३ ॥

अहं वैश्वानरो भूत्वा प्राणिनां देहमाश्रितः ।
प्राणापानसमायुक्तः पचाम्यन्नं चतुर्विधम् ॥ १४ ॥

मैं वैश्वानर (अग्नि) होकर प्राणियोंके देहमें स्थित हुआ प्राण और अपान वायुसे उद्दीप्त होकर चार प्रकारके अन्न (भक्ष्य, भोज्य, लेह्य, चोष्य) को पचाता हूँ ॥ १४ ॥

किञ्च गाम्-पृथिवीं पृथिवीदेवतारूपेणाविश्य ओजसा-निजेन बलेन पृथिवीं धूलिमुष्टि-तुल्यां दृढीकृत्य भूतानि-पृथिव्याधेयानि वस्तून्यहमेव धारयामि, अन्यथा पृथिवी सिकतामुष्टि-वद्विशीर्येत, अधो निमज्जेद्वा, 'येन द्यौरुग्रा पृथिवीं दृढे'ति मन्त्रवर्णात्। 'स दाधार पृथिवीम्' इति च हिरण्यगर्भभावापन्नं भगवन्तमेवाह । किं च रसात्मकः-सर्वरसस्वभावः सोमो भूत्वा ओषधीः सर्वाः-व्रीहियवाद्याः पृथिव्यां जाताः अहमेव पुष्णामि-पुष्टिमतीस्स्वादुमतीश्च करोमि ॥ १३ ॥

'अहमि'ति । किंच अहमीश्वर एव वैश्वानरः-जाठरोऽग्निर्भूत्वा 'अयमग्निर्वैश्वानरो यः, अयमन्तः पुरुषे, येनेदमन्नं पच्यते' इत्यादिश्रुतिप्रतिपादितः सन् प्राणिनां सर्वेषां देहमाश्रितः-अन्तःप्रविष्टः प्राणापानाभ्यां तदुद्दीपकाभ्यां संयुक्तः-संधुक्षितः सन् पचामि-पक्तिं नयामि प्राणिभिः-

---

और भी पृथिवी देवता रूपसे पृथिवीमें प्रविष्ट होकर अपने बलसे स्वापेक्षासे मुट्ठी भर धूलिके समान पृथिवीको दृढ़कर पृथिवीके आश्रित वस्तुओंको मैं ही धारण करता हूँ अन्यथा पृथिवी बालूके समान छितरा जाती वा नीचे डूब जाती । 'येन द्यौरुग्रा पृथिवी च दृढा' यह मन्त्रवर्ण उक्तार्थक है । 'स दाधार पृथिवीम्' यह भी हिरण्यगर्भस्वरूपापन्न भगवान्‌को ही कहता है । और भी रसात्मक जलात्मक 'रसो जलं रसो हर्षः' यह अनेकार्थ मञ्जरी कोश है । सोम चन्द्र होकर व्रीहि (धान) जवा आदि ओषधी 'ओषध्यः फलपाकान्ताः' इस अमरकोशसे जो फल पकने पर सूख जाते हैं वे ओषधी हैं जो औषधि पृथिवीमें उत्पन्न होती हैं उनको मैं ही पुष्ट करता हूँ पुष्टियुक्त स्वादयुक्त करता हूँ ॥ १३ ॥

और भी—मैं ईश्वर ही जाठराग्नि पेटकी पित्तात्मक अग्नि होकर 'अयमग्निर्वैश्वानरः' इत्यादि श्रुति-कथित सब प्राणियोंके शरीरमें अन्तः प्रविष्ट (भीतर घुसकर) उक्त अग्निका उत्तेजक प्राणापानोंसे संधुक्षित

सर्वस्य चाहं हृदि संनिविष्टो मत्तः स्मृतिर्ज्ञानमपोहनं च ।
वेदैश्च सर्वैरहमेव वेद्यो वेदान्तकृद्वेदविदेव चाहम् ॥ १५ ॥

मैं सभी प्राणियोंके आत्मरूपसे हृदयमें स्थित हूँ, मुझसे ही स्मरण, ज्ञान और इनका विनाश होता है।

सभी वेदोंसे मैं ही जानने योग्य हूँ तथा वेदान्तका कर्ता और वेदोंका ज्ञाता मैं हूँ ॥ १५ ॥

भुक्तमन्नं चतुर्विधम्-भक्ष्यम् , भोज्यम्, लेह्यम्, चोष्यं चेति । तत्र यद्दन्तैरवखण्ड्यावखण्ड्य भक्ष्यतेऽपूपादि, तद्भक्ष्यम्, चर्व्यमिति चोच्यते। यत्तु केवलं जिह्वया विलोड्य निगीर्यते, सूपौदनादि, तद्भोज्यम् । यत्तु जिह्वायां निक्षिप्य रसास्वादेन निगीर्यते किंचिद्द्रवीभूतगुडरसालशिखरिण्यादि, तल्लेह्यम् , यत्तु दन्तैर्निष्पीड्य रसांशं निगीर्यावशिष्टं त्यज्यते । यथेक्षुदण्डादि, तच्चोष्यमिति भेदः । भोक्ता यः, सोऽग्निर्वैश्वानरः, यद्भोज्यमन्नम्, स सोमः, तदेतदुभयमग्नीषोमौ सर्वमिति ध्यायतोऽन्नदोषलेपयो न भवतीत्यपि द्रष्टव्यम् ॥ १४ ॥

'सर्वस्य चे'ति । किं च सर्वस्य-ब्रह्मादिस्थावरान्तस्य प्राणिजातस्याहमात्मा सन् हृदि-बुद्धौ संनिविष्टः 'स एष इह प्रविष्टः' बृ० उ० १-३-७१ इति श्रुतेः, 'अनेन जीवेनात्मनानुप्रविश्य नामरूपे व्याकरवाणि' छा० उ० ६-२-२ इति च । अतो मत्तः-आत्मन एव हेतोः

(संदीपित) 'धुक्ष् संदीपने क्लेशने' जीवनार्थक धातुसे संपूर्वकसे 'संधुक्षितः' बना है । जैसे व्यजनादि वायुसे भौमाग्नि प्रज्वलित होता है वैसे औदर्य अग्नि प्राणापानोंसे प्रज्वलित होता है उनसे प्रज्वलित होकर अन्नको पचाता हूँ ।

प्राणियोंसे भोजन किया हुआ अन्न चार प्रकारका होता है—भक्ष्य, भोज्य, लेह्य, चोष्य भेदसे । जो दाँतोंसे चबाकर खाया जाता वह भक्ष्य है जैसे मालपुआ आदि, वही चर्व्य भी कहा जाता है । जो केवल जीभसे डोलाकर घूँटा जाता है वह दाल भात आदि सो भोज्य हैं । जो केवल जीभ पर रखकर रसास्वाद पूर्वक घूँटा जाता है जैसे द्रवीभूत गुड आमका रस, शिखरिणी [शर्बतविशेष]आदि वह लेह्य है । जो दाँतोंसे दबाकर रसभागको पीकर बाकी बचेका त्याग करते हैं वह चोष्य है, जैसे ऊख, इनमें निगरण सामान्य है । भोक्ता जो है वह अग्नि वैश्वानर है जो भोज्य अन्न है वह सोम है ये दोनों अग्निसोम ही सब है इस प्रकार ध्यान करनेवालोंको अन्न दोषका संपर्क नहीं होता यह समझना ॥ १४ ॥

और भी—सब प्राणि समुदाय जो ब्रह्मासे लेकर वृक्षादि पर्यन्त हैं उनमें आत्मा होकर बुद्धिमें मैं प्रतिबिम्बरूपसे स्थित हूँ **'स एष इह प्रविष्टः'** यह श्रुति है । तथा **'अनेन जीवेनात्मनाऽनुप्रविश्य नामरूपे व्याकरवाणि'** यह श्रुति उक्तार्थबोधिका है । मुझ आत्मस्वरूप हेतुसे प्राणिसमूहका यथा योग्य स्मरण

द्वाविमौ पुरुषौ लोके क्षरश्चाक्षर एव च।
क्षरः सर्वाणि भूतानि कूटस्थोऽक्षर उच्यते ॥ १६ ॥

संसारमें विनाशी और अविनाशी दो प्रकारके पुरुष हैं। समस्त कार्य समुदाय क्षर और कूटस्थ-अक्षर कहा जाता है ॥ १६ ॥

प्राणिजातस्य यथाऽनुरूपं स्मृतिः-एतज्जन्मनि पूर्वानुभूतार्थविषया वृत्तिः, योगिनां च जन्मान्तरानुभूतार्थविषयाऽपि। तथा मत्त एव ज्ञानम्-विषयेन्द्रियसंयोगजं भवति, योगिनां च देशकालविप्रकृष्टविषयमपि। एवं काम-क्रोध-शोकादिव्याकुलचेतसामपोहनं च-स्मृतिज्ञानयोरपायश्च मत्त एव भवति।

एवं स्वस्य जीवरूपतामुक्त्वा, ब्रह्मरूपतामाह—**'वेदैश्चे'ति**। वेदैश्च सर्वैरिन्द्रादिदेवताप्रकाशकैरपि अहमेव वेद्यः, सर्वात्मत्वात्।

'इन्द्रं मित्रं वरुणमग्निमाहुरथो दिव्यः स सुपर्णो गरुत्मान्
एकं सद्विप्रा बहुधा वन्दत्यग्निं यमं मातरिश्वानमाहुः।' इति मन्त्रवर्णात्।

'एष उह्येव सर्वे देवाः' १-४-६ इति च श्रुतेः। वेदान्तकृत्-वेदान्तार्थसंप्रदायप्रवर्तको वेदव्यासादिरूपेण। न केवलमेतावदेव, वेदविदेव चाहम्-कर्मकाण्डोपासनाकाण्डज्ञानकाण्डात्मकमन्त्रब्राह्मणरूपसर्ववेदार्थविचाहमेव। अतः साधूक्तम्—**'ब्रह्मणो हि प्रतिष्ठाऽहम्'** इत्यादि ॥ १५ ॥

इस जन्ममें पूर्वमें अनुभूतविषयकी वृत्तिरूप होता है योगियोंको अनेक जन्मान्तरानुभूतार्थविषयकी वृत्ति स्मरण होता है। तथा मुझसे विषयेन्द्रिय संयोगोत्पन्न ज्ञान होता है योगियोंको देश काल व्यवहित पदार्थोंका ज्ञान होता है उनके ज्ञानमें विषयेन्द्रिय सन्निकर्षका नियम नहीं अतीतानागत व्यवहित विप्रकृष्टका भी उनको ज्ञान होता है। इसी प्रकार काम क्रोध शोक आदिसे व्यग्रचित्तोंको स्मृति और ज्ञानका अभाव है मुझसे ही होता है।

इस रीतिसे अपनेमें जीवरूपता कह कर ब्रह्मरूपता कहते हैं—इन्द्रादि बोधक मन्त्रोंसे मैं ही वेद्य हूँ क्योंकि मैं सबका आत्मा हूँ। 'इन्द्रं मित्रमि'त्यादि श्रुति मूलमें देखिये। वेदान्तकृत् वेदान्तार्थके सम्प्रदाय **गुरु** शिष्यपरंपरा इसका व्यासादिरूप प्रवर्त्तक मैं हूँ, केवल इतना ही नहीं वेदका वेत्ता भी मैं ही हूँ। कर्मकाण्ड उपासनाकाण्ड ज्ञानकाण्ड तथा मन्त्र ब्राह्मण रूप सब वेदोंका वेत्ता मैं ही हूँ अन्य सर्ववेदार्थवित् नहीं है किन्तु कुछ अंशोंको जानते हैं अतः ठीक कहा है—**'ब्रह्मणो हि प्रतिष्ठाऽहम्'** इत्यादि ॥ १५ ॥

एवं सोपाधिकमात्मानमुक्त्वा, क्षराक्षरशब्दवाच्यकार्यकारणोपाधिद्वयवियोगेन निरुपाधिकं शुद्धात्मानं प्रतिपादयति कृपया भगवानर्जुनाय त्रिभिः श्लोकैः—**'द्वाविमौ' इति।** द्वाविमौ-पृथग्राशीकृतौ पुरुषौ पुरुषोपाधित्वेन पुरुषशब्दव्यपदेश्यौ, लोके-संसारे। कौता-वित्याह—**'क्षरश्चाक्षर एव चे'ति।** 'क्षरश्चाक्षर एव च। क्षरतीति क्षरः-विनाशी कार्यराशिरेकः पुरुषः, न क्षरतीत्यक्षरः-विनाशरहितः क्षराख्यस्य पुरुषस्योत्पत्तिबीजं भगवतो मायाशक्तिः द्वितीयः पुरुषः। तौ पुरुषौ व्याचष्टे स्वयमेव भगवान्—**'क्षरः सर्वाणि भूतानि'।** समस्तम् कार्यजातमित्यर्थः। कूटस्थः-कूटो यथार्थवस्त्वाच्छादनेनायथार्थवस्तुप्रकाशनम्, वञ्चनम्, मायेत्यनर्थान्तरम्। तेनावरणविक्षेपशक्तिद्वयरूपेण स्थितः कूटस्थः भगवान् मायाशक्तिरूपः कारणोपाधिः संसारबीजत्वेनानन्त्यादक्षर उच्यते। केचित्तु क्षरशब्देनाचेतनवर्गमुक्त्वा, **'कूटस्थोऽक्षरः उच्यते'** इत्यनेन जीवमाहुः। तन्न सम्यक्। क्षेत्रज्ञस्यैवेह पुरुषोत्तमत्वेन प्रतिपाद्यत्वात्। तस्मात् क्षराक्षरशब्दाभ्यां कार्यकारणोपाधी उभावपि जडावेवोच्येते इत्येव युक्तम्॥ १६॥

इस प्रकार सोपाधिक आत्माका स्वरूप कहकर क्षर अक्षर शब्दोंसे वाच्य कार्य कारण उपाधिसे रहित निरुपाधि शुद्ध आत्माका प्रतिपादन दयासे भगवान् अर्जुनके प्रति तीन श्लोकोंसे करते हैं **'द्वाविमौ'** इति। क्षर अक्षर उपाधिसे दो श्रेणीमें विभक्त पुरुष को कहते हैं उक्त दोनों पुरुषकी उपाधि होनेसे पुरुषपदसे क्षर अक्षरका व्यवहार है। संसारमें वे कौन हैं यह कहते हैं—क्षर और अक्षर, क्षर-विनश्वर कार्यराशि प्रथम। अक्षर अविनाशी, क्षर नामक पुरुषकी उत्पत्तिका कारण भगवान्की मायाशक्ति दूसरा पुरुष है दोनों पुरुषोंकी व्याख्या भगवान् स्वयं करते हैं। कार्यसमुदाय सब क्षर है। यथार्थं वस्तुको छिपाकर अयथार्थ वस्तुका प्रकाशन कूट है वंचना माया ये सब पर्याय हैं भिन्नार्थक नहीं आवरणशक्ति और विक्षेपशक्तिरूपसे रूपान्तरसे दिखलाया जाता है। लौकिकमायामें भी ये दोनों शक्तियाँ पायी जाती हैं, कूटस्थ भगवान् मायाशक्तिरूप कारणोपाधि जगत्के हेतु होनेसे अनन्त हैं अतः अक्षर कहा जाता है।

कोई कहते हैं कि क्षरशब्दसे अचेतनराशिको कहकर 'कूटस्थोऽक्षर उच्यते' से जीवको कहते हैं वह ठीक नहीं क्योंकि क्षेत्रज्ञको पुरुषोत्तम कहा है अन्यथा **'क्षेत्रज्ञं चापि मां विद्धि'** इससे **'उत्तमः पुरुषस्त्वन्यः'** इसका विरोध हो जायगा **'तस्मात्'** से उपसंहार करते हैं क्षराक्षरशब्दसे कार्यकारणोपाधि दोनों जड़ ही कहे गये हैं यही ठीक है॥ १६॥

उत्तमः पुरुषस्त्वन्यः परमात्मेत्युदाहृतः ।
यो लोकत्रयमाविश्य बिभर्त्यव्यय ईश्वरः ॥ १७ ॥

क्षर और अक्षरसे उत्तम पुरुष अन्य है, जो परमात्मा कहा गया है, जो अविनाशी परमेश्वर लोकत्रयको अधिष्ठित कर धारण और पोषण करता है ॥ १७ ॥

यस्मात्क्षरमतीतोऽहमक्षरादपि चोत्तमः ।
अतोऽस्मि लोके वेदे च प्रथितः पुरुषोत्तमः ॥ १८ ॥

क्योंकि मैं मायामय संसार वृक्षसे अतीत अर्थात् पर हूँ, अक्षर (अव्याकृतमाया) से भी उत्तम हूँ। अतः लोक और वेदमें पुरुषोत्तम नाम से विख्यात हूँ ॥ १८ ॥

आभ्यां क्षराक्षराभ्यां विलक्षणः क्षराक्षरोपाधिद्वयदोषेणास्पृष्टो नित्यशुद्धबुद्धमुक्तस्वभावः—'**उत्तमः पुरुषः**' **इति** । उत्तमः-उत्कृष्टतमः पुरुषस्त्वन्यः-अन्य एव अत्यन्तविलक्षणः आभ्यां क्षराक्षराभ्यां जडराशिभ्याम्, उभयभासकस्तृतीयश्चेतनराशिरित्यर्थः । परमात्मेत्युदाहृतः—अन्नमय-प्राणमय-मनोमय-विज्ञानमयानन्दमयेभ्यः पञ्चभ्योऽविद्याकल्पितात्मभ्यः परमप्रकृष्टः-अकल्पितो 'ब्रह्मपुच्छं प्रतिष्ठे' (तै० उ० २-५) त्युक्त आत्मा च सर्वभूतानां प्रत्यक्चेतनः इत्यतः परमात्मेत्युक्तो वेदान्तेषु । यः परमात्मा लोकत्रयम्-भूर्भुवःस्वराख्यम् । सर्वं जगदिति-यावत् । आविश्य-स्वकीयया मायाशक्त्याऽधिष्ठाय बिभर्ति-सत्तास्फूर्तिप्रदानेन धारयति, पोषयति च । कीदृशः ? अव्ययः-सर्वविकारशून्यः ईश्वरः-सर्वस्य नियन्ता नारायणः स उत्तमः पुरुषः परमात्मेत्युदाहृत इत्यन्वयः, '**स उत्तमः पुरुषः**' इति श्रुतेः ॥ १७ ॥

इन दोनों क्षराक्षरोंसे विलक्षण उक्त दोनों उपाधियोंसे असंबद्ध नित्य-शुद्ध-बुद्ध-मुक्तस्वभाव उत्तम इति । उत्तम पुरुष तो दूसरा ही है इनसे अत्यन्त विलक्षण क्षराक्षरोभयप्रकाशक तीसरा चेतनराशि '**परमात्मेत्युदाहृतः**' अन्नमय, प्राणमय, मनोमय, विज्ञानमय, आनन्दमय, इन पाँचों कोशोंसे अति उत्तम-अकल्पित हैं। उक्त पाँचो कल्पित हैं 'ब्रह्मपुच्छं प्रतिष्ठा' इससे उक्त सब भूतोंका आत्मा प्रत्यक् चेतन है इस कारणसे परमात्मा कहा जाता है वेदान्तमें। उक्त शब्दसे व्यवहृत है भूर्भुवः स्वः सम्पूर्ण विश्व अपनी मायासे अधिष्ठित कर सत्त्वस्फूर्ति प्रदानसे धारण और पोषण करता है। कैसा है अव्यय सब विकारोंसे रहित 'ईश्वरः' सबका नियामक नारायण वह उत्तम पुरुष परमात्मा कहा गया है, यह अन्वय है 'स उत्तमः पुरुषः' यह श्रुति है ॥ १७ ॥

इदानीं यथाव्याख्यातेश्वरस्य क्षराक्षरविलक्षणस्य पुरुषोत्तम इत्येतत्प्रसिद्धनामनिर्वचनेन ईदृशः परमेश्वरोऽहमेवेत्यात्मानं दर्शयति भगवान्—**'ब्रह्मणो हि प्रतिष्ठाऽहम्**, **'तद्धाम परमं मम'** इत्यादिप्रागुक्तनिजमहिमनिर्धारणाय **'यस्मात् क्षरमि'**ति । यस्मात् क्षरम्-कार्यत्वेन विनाशिनं मायामयं संसारवृक्षमश्वत्थाख्यमतीतः-अतिक्रान्तोऽहं परमेश्वरः अक्षरादपि-मायाख्यादव्याकृतात् 'अक्षरात् परतः परः' इति पञ्चम्यन्ताक्षरपदेन श्रुत्या प्रतिपादितात् संसारवृक्षबीजभूतात् सर्वकारणादपि चोत्तमः-उत्कृष्टतमः अतः क्षराक्षराभ्यां पुरुषोपाधिभ्यामध्यासेन पुरुषपदव्यपदेश्याभ्यामुत्तमत्वादस्मि-भवामि, लोके वेदे च 'प्रथितः प्रख्यातः पुरुषोत्तमः' इति। 'स उत्तमः पुरुषः' इति वेद उदाहृत एव, लोके च कविकाव्यादौ 'हरिर्यथैकः पुरुषोत्तमः स्मृतः' इत्यादिप्रसिद्धम् ।

कारुण्यतो नरवदाचरतः परार्थान्
पार्थाय बोधितवतो निजमीश्वरत्वम् ।
सच्चित्सुखैकवपुषः पुरुषोत्तमस्य
नारायणस्य महिमा न हि मानमेति ॥ १ ॥

'केचिन्निगृह्य करणानि विसृज्य भोग-
मास्थाय योगममलात्मधियो यतन्ते ।
नारायणस्य महिमानमनन्तपार-
मास्वादयन्नमृतसारमहं तु मुक्तः ॥ २ ॥

इस समय उक्त व्याख्यानके अनुसार क्षर और अक्षरसे विलक्षण पुरुषोत्तम मैं ही हूँ इस प्रकार अपनेको भगवान् दिखलाते हैं—**'ब्रह्मणो हि प्रतिष्ठाऽहम्' 'तद्धाम परमं मम'** इत्यादिसे पूर्व कथित अपनी महिमाके निश्चयार्थ **'क्षरमि'**ति से । यतः क्षर कार्यत्वसे विनश्वर, मायिक संसारवृक्षका अतिक्रमकारी मैं परमेश्वर हूँ अव्याकृत मायारूप अक्षर जो क्षरका बीज है उससे ऊपर हूँ पञ्चम्यन्त अक्षर शब्दसे श्रुति द्वारा वर्णित संसारवृक्षका बीज भूत सर्वकारणसे उत्तम श्रेष्ठ हूँ । अतः पुरुषोपाधिभूत क्षराक्षर जो अध्याससे पुरुष पदसे व्यवहार्य है उससे उत्तम लोक और वेदमें प्रसिद्ध परमेश्वर मैं हूँ, वेदमें **'स उत्तमः पुरुषः'** यह श्रुतिमें कहा है । लोकमें जैसे रघुवंशमें **'हरिर्यथैकः पुरुषोत्तमः स्मृतः'** इत्यादि प्रसिद्ध है ।

कारुण्यतो नरवदाचरतः परार्थान् पार्थाय बोधितवतो निजमीश्वरत्वम् ।
सच्चित्सुखैकवपुषः पुरुषोत्तमस्य नारायणस्य महिमा नहि मानमेति ॥ १ ॥

यो मामेवमसंमूढो जानाति पुरुषोत्तमम् ।
स सर्वविद्भजति मां सर्वभावेन भारत ! ॥ १९ ॥

हे भारत ! जो तत्त्वसे जाननेवाला पुरुष इस प्रकार मुझको पुरुषोत्तम जानता है, वह सर्वज्ञ पुरुष सभी प्रकारसे मुझको भजता है ॥ १९ ॥

एवं नामनिर्वचनज्ञाने फलमाह---**'यो मामि'ति** । यो मामीश्वरम् , एवं-यथोक्तनाम-निर्वचनेन असंमूढः मनुष्य एवायं कश्चित् कृष्ण इति संमोहवर्जितः जानात्ययमीश्वर एवेति पुरुषोत्तमं प्राग्व्याख्यातं स मां भजति-सेवते, सर्ववित्-मां सर्वात्मानं वेत्तीति, स एव सर्वज्ञः सर्वभावेन प्रेमलक्षणेन भक्तियोगेन हे भारत !

अतो यदुक्तम्---**'मां च योऽव्यभिचारेण भक्तियोगेन सेवते ।**
स गुणान् समतीत्यैतान् ब्रह्मभूयाय कल्पते ॥' इति, तदुपपन्नम् ,
यच्चोक्तम् **'ब्रह्मणो हि प्रतिष्ठाहम्'** इति, तदप्युपपन्नतरम् ।

केचिन्निगृह्य करणानि विसृज्य भोगमास्थाय योगममलात्मधियो यतन्ते ।
नारायणस्य महिमानमनन्तपारमास्वादयन्नमृतसारमहन्तु मुक्तः ॥ २ ॥

प्रथम श्लोकका संक्षिप्त अर्थ यह है---दयासे मनुष्यके समान परार्थ आचरणशील अर्जुनके लिये अपनेमें ईश्वरत्वबोधन करनेवाले ही सत् चित् सुखैकशरीर पुरुषोत्तम नारायण आपकी महिमा प्रमाणका विषय नहीं है अप्रमेय आपकी महिमा है। द्वितीयका संक्षेपार्थ---कोई कोई योगपरायण इन्द्रियोंका तिग्रहकर भोगका त्याग कर शुद्धात्मज्ञानवान् योगका आश्रयण कर मुक्तिके लिये प्रयास करते हैं। मैं तो जिसका अन्त और पार नहीं अमृतका सार नारायणकी महिमाका स्वाद लेता हुआ मुक्त हूँ। ये दोनों श्लोक इनके ही विरचित प्रतीत होते हैं।

इस प्रकार नाम निर्वचनमें फल कहते हैं---**'यो मामिति'** से। उक्त नाम निर्वचनसे अमूढ़-मूढ़भिन्न अर्थात् मनुष्य ही कोई यह कृष्ण है इत्याकारक मोहरहित यह ईश्वर ही है यह जानता है वह प्रागुक्त पुरुषोत्तम यह है इस प्रकार भक्तिसे मेरी सेवा करता है वह सर्ववित् भी है मुझ सर्वात्माको जानता है वही सर्वज्ञ है सर्वभाव सबमें मेरा भाव जान कर सबमें प्रेम करता है अतः सर्वभाव प्रेमलक्षणसे हे भारत ! भजता है अतः जो कहा **'मां च योऽव्यभिचारेण'** इत्यादि वह ठीक हुआ जो **'ब्रह्मणो हि प्रतिष्ठाऽहम्'** कहा वह भी ठीक हुआ।

इति गुह्यतमं शास्त्रमिदमुक्तं मयानघ !।
एतद्बुद्ध्वा बुद्धिमान् स्यात्कृतकृत्यश्च भारत !॥ २० ॥

इति श्रीमद्भगवद्गीतासूपनिषत्सु ब्रह्मविद्यायां योगशास्त्रे श्रीकृष्णार्जुनसंवादे
पुरुषोत्तमयोगो नाम पञ्चदशोऽध्यायः ॥ १५ ॥

हे पापरहित ! मैंने इस प्रकार इस रहस्यमय शास्त्रको कहा है, हे भारत ! इसको जानकर मनुष्य आत्मज्ञानवान् और कृतकृत्य हो जाता है ॥ २० ॥

पन्द्रहवाँ अध्याय समाप्त ।

चिदानन्दाकारं जलदरुचि सारं श्रुतिगिराम्
व्रजस्त्रीणां हारं भवजलधिपारं कृतधियाम्
विहन्तुं भूभारं विदधदवतारं मुहुरहो
महो वारं वारं भजत कुशलारम्भकृतिनः ॥ १९ ॥

चिदान्दाकारमित्यादिका अर्थ—हे शुभकारि सज्जनों ! महत्तेजका बारंबार भजन करो। कैसा तेज है चित् चैतन्य आनन्द एतदात्मक केवल चित् प्रकाशस्वरूप है पर सुखादि स्वरूप न होनेसे अपुरुषार्थ हो जायगा इस लिये आनन्द कहा। केवल आनन्द अप्रकाश माननेसे पुरुषार्थ नहीं अतः चित् कहा। दोनों पृथक् माननेमें द्वैतापत्ति होगी अतः आकारक कहा सच्चिदानन्दात्मक अखण्डतेज जलदरुचि जल भरा मेघ श्याम होता है श्यामकान्ति अतः मेघ न कहकर जलद कहा। यद्यपि उक्ताखण्ड तेज निरुपाधि ब्रह्म-स्वरूप है उसमें नीलरुचि यह विशेषण उचित नहीं तथापि वही सोपाधि मायासे होता है यह **'विदधदव-तारं'**से स्पष्ट होगा। 'श्रुतिगिरां सारम्-वेदसर्वस्वं' यह दोनों विशेषण हैं एक वाच्यत्वेन, दूसरा लक्षणादिसे। 'व्रजस्त्रीणां हारं' व्रजस्त्रियोंके हृदयहारी भक्तोंके संसारसागरके पार अवतार लेनेका प्रयोजन कहते हैं— भूमिभारको नष्ट करनेके लिए **'विदधदवतारं'** कृतावतारं करुणातिशय सूचनार्थ मुहुः-पुनः पुनः। 'यदा यदा हि धर्मस्य' इत्यादि स्वोक्तिसे भी असकृत् अवतार लेना स्पष्ट ही है धर्मरक्षणादि भगवान्को अतिप्रिय है इसपर आश्चर्य सूचनार्थ **'अहो'**यह अव्यय है इति ॥ १९ ॥

इदानीमध्यायार्थं स्तुवन्नुपसंहरति—'**इति गुह्यतममि**'ति । इति-अनेन प्रकारेण गुह्यतमम्-रहस्यतमं संपूर्णं शास्त्रमेव सक्षेपेणेदमस्मिन्नध्याये मयोक्तं हे अनघ-अव्यसन ! एतद्बुद्ध्वाऽन्योपि यः कश्चिद् बुद्धिमान्-आत्मज्ञानवान् स्यात् , कृतं सर्वं कृत्यं येन, न पुनः कृत्यान्तरं यस्यास्ति, स कृतकृत्यश्च स्यात् । विशिष्टजन्मप्रसूतेन ब्राह्मणेन यत्कर्तव्यं तत्सर्वं भगवत्तत्वे विदिते कृतं भवेत्, न त्वन्यथा कर्तव्यं परिसमाप्यते कस्यचिदित्यभिप्रायः । हे भारत ! त्वं तु महाकुलप्रसूतः स्वयं च व्यसनरहित इति कुलगुणेन चैतत् बुद्ध्वा कृतकृत्यः-भविष्यसीति किमु वक्तव्यमित्यभिप्रायः ॥ २० ॥

वंशीविभूषितकरान्नवनीरदाभात् पीताम्बरादरुणबिम्वफलाधरोष्ठात् ॥
पूर्णेन्दुसुन्दरमुखादरविन्दनेत्रात् कृष्णात्परं किमपि तत्त्वमहं न जाने ॥ १ ॥

सदा सदानन्दपदे निमग्नं मनो मनोभावमपाकरोति ।
गतागतायाः समपास्य सद्यः परापरातीतमुपैति तत्त्वम् ॥ २ ॥

इस समय स्तुतिपूर्वक अध्यायके अर्थका उपसंहार करते हैं-'**इति**' गुह्यतममित्यादि से । इस रीतिसे अतिगोप्य सम्पूर्ण शास्त्र ही संक्षेपसे इस अध्यायमें मैंने कहा हे अनघ अव्यसन ! । अघं दुःखव्यसनयोः' इस हैमकोशके अनुसार अनघका अर्थ अव्वसन कहा हैं यह जानकर दूसरा भी जो कोई आत्मज्ञानी होगा तथा कृतकृत्य होगा सब कर्तव्योंको जिसने कर लिया है फिर कोई कर्तव्य बाकी नहीं रहा वह कृतकृत्य कहाता है । अच्छे कुलमें उत्पन्न ब्राह्मणका जो कर्तव्य है वह सब भगवान्के तत्त्व जाननेपर सम्पादित हो जाता है अन्यथा विना भगवत्तत्त्व जाने किसीका कर्तव्य समाप्त नहीं होता यह भाव हैं । हे भारत ! तुम तो बड़े जानकर कुलमें जन्म लिये हो स्वयं व्यसनसे रहित हो इस प्रकार कुलके गुणसे और निजके गुणसे इसको कृतकृत्य होओगे इसमें क्या कहना है यह भाव है ॥ २० ॥

श्लोकार्थ—वंशीसे विभूषित हाथ वाले नवीनमेघके समान कान्तिवाले पीताम्बर पहने हुए, लाल बिम्व[कुन्दुरु]फलके समान अधरोष्ठ वाले, पूर्ण चन्द्रके समान सुन्दर मुखवाले कमलके समान नेत्र वाले श्रीकृष्णसे पर कोई भी तत्त्व मैं नहीं जानता हूँ ॥ १ ॥

अर्थ—सर्वदा सदानन्द (परमेश्वर) के पदमें निमग्न मन, मनोभावको दूर करता है, गये हुए और आये बुएको अच्छी प्रकारसे दूर कर तत्क्षण पर और अपरसे अतीत तत्त्वको प्राप्त करता है ॥ २ ॥

शैवाः सौराश्च गाणेशा वैष्णवा शक्तिपूजकाः ।
भवन्ति यन्मयाः सर्वे सोऽहमस्मि परः शिवः ॥ ३ ॥

प्रमाणतोऽपि निर्णीतं कृष्णमाहात्म्यमद्भुतम् ।
न शक्नुवन्ति ये सोढुं ते मूढा निरयं गताः ॥ ४ ॥

इति श्रीमत्परमहंस-परिव्राजकाचार्य-श्रीविश्वेश्वरसरस्वतीपूज्यपादशिष्यश्रीमधुसूदन-सरस्वतीविरचितायां श्रीभगवद्गीतागूढार्थदीपिकायां पुरुषोत्तम-योगो नाम पञ्चदशोऽध्यायः ॥ १५ ॥

शैव—शङ्करोपासक, सौर—सूर्योपासक, गाणेश—गणेशोपासक, वैष्णव—विष्णुपासक, शक्ति (दुर्गा आदि) के पूजक, सब लोग यन्मय होते हैं, वही पर शिव मैं हूँ ॥ ३ ॥

प्रमाणके द्वारा भी निर्णीत अद्भुत श्रीकृष्णका माहात्म्य सहन करनेमें जो समर्थ नहीं होते हैं वे मूढ़ नरकगामी होते हैं ॥ ४ ॥

इस प्रकार म० म० पं० प्रवर श्रीहरिहरकृपालुद्विवेदिकृत गीता मधुसूदनीके पन्द्रहवाँ अध्याय का भाषा अनुवाद समाप्त हुआ ।

अथ षोडशोऽध्यायः

श्रीभगवानुवाच

अभयं सत्त्वसंशुद्धिर्ज्ञानयोगव्यवस्थितिः ।
दानं दमश्च यज्ञश्च स्वाध्यायस्तप आर्जवम् ॥ १ ॥

श्री भगवान् बोले ! हे भारत ! दैवी सम्पत्का अनुसरण कर उत्पन्न हुये पुरुषमें ये धर्म होते हैं जो इस प्रकार हैं, भयराहित्य, अन्तःकरणकी शुद्धि, आत्मतत्त्वका बोध और उसको स्वानुभवमें स्थिर करना योग है इसमें निष्ठा, दान, इन्द्रिय दमन, यज्ञ, वेदाध्ययन, तप, नम्रता, ॥ १ ॥

॥ श्रीकृष्णाय गीतामृतदुहे नमः ॥

अनन्तराध्याये—

'अधश्च मूलान्यनुसन्ततानि कर्मानुबन्धीनि मनुष्यलोके ।'

इत्यत्र मनुष्यदेहे प्राग्भवीयकर्मानुसारेण व्यज्यमाना वासनाः संसारस्यावान्तरमूलत्वेनोक्ताः, ताश्च दैव्यासुरी राक्षसी चेति प्राणिनां प्रकृतयो नवमेऽध्याये सूचिताः । तत्र वेदबोधितकर्मात्मज्ञानोपायानुष्ठानप्रवृत्तिहेतुः सात्त्विकी शुभा वासना दैवी प्रकृतिरित्युच्यते । एवं वैदिकनिषेधातिक्रमेण स्वभावसिद्धरागद्वेषानुसारिसर्वानर्थप्रवृत्तिहेतुभूता राजसी तामसी चाशुभवासनाऽऽसुरी राक्षसी च प्रकृतिरुच्यते । तत्र च विषयभोगप्राधान्येन रागप्राबल्यादासुरीत्वम्, हिंसाप्राधान्येन द्वेषप्राबल्याद् राक्षसीत्वमिति विवेकः ।

पूर्वाध्याय में—

'अधश्च मूलान्यनुसन्ततानि कर्मानुबन्धीनि मनुष्यलोके ।'

यहाँ पर मनुष्य शरीरमें पूर्वजन्मार्जित कर्मके अनुसार अभिव्यक्त होती हुई वासना संस्कारविशेष संसारके अवान्तर मूलरूपसे कही हुई वे दैवी आसुरी राक्षसी ये प्राणियोंकी प्रकृतियाँ नवम अध्यायमें कहीं गई हैं । उनमें कर्मकाण्ड ज्ञानकाण्ड उभयात्मक वेदसे जो कर्मानुष्ठान और आत्मज्ञानोपायानुष्ठान क्रमशः कर्म काण्डसे बोधित कर्मानुष्ठान, ज्ञानकाण्डसे बोधित ज्ञानोपायानुष्ठान इनकी प्रवृत्तिका कारण जो सात्त्विक शुभ वासना है यह दैवी प्रकृति कही जाती है । इसी प्रकार वैदिक निषेधके अतिक्रमणसे स्वाभाविक रागद्वेषादिके अनुरूप सब अनर्थोंकी प्रवृत्तिका कारण राजसी और तामसी अशुभवासना आसुरी तथा

संप्रति तु शास्त्रानुसारेण तद्विहितप्रवृत्तिहेतुभूता सात्त्विकी शुभवासना दैवी संपत्, शास्त्रातिक्रमेण तन्निषिद्धविषयप्रवृत्तिहेतुभूताराजसी तामसी चाशुभवासना । राक्षस्यासुर्योरेकीकरणेनासुरी संपदिति द्वैराश्येन शुभाशुभवासनाभेदः 'द्वया ह प्राजापत्या देवाश्चासुराश्च' बृ०उ० १-३-१ इत्यादिश्रुतिप्रसिद्धः । शुभानामादानाय, अशुभानां हानाय च प्रतिपादयितुं षोडशोऽध्याय आरभ्यते ।

तत्रादौ श्लोकत्रयेणाद्यां दैवीं संपदं श्रीभगवानुवाच **'अभयं सत्वे'**ति । शास्त्रोपदिष्टेऽर्थे सन्देहं विनाऽनुष्ठाननिष्ठत्वम् , एकाकी सर्वपरिग्रहशून्यः कथं जीविष्यामीति भयराहित्यम् वाऽभयम् । सत्त्वस्य-अन्तःकरणस्य शुद्धिः-निर्मलता तस्याः सम्यक्त्वा भगवत्तत्त्वस्फूर्तियोग्यता सत्त्वसंशुद्धिः, परवञ्चन-मायानृतादिपरिवर्जनं वा । परस्य व्याजेन वशीकरणं परवञ्चनम् हृदयेऽन्यथाकृत्वा बहिरन्यथा व्यवहरणं माया, अयथादृष्टकथनमनृतमित्यादि । ज्ञानम्-शास्त्रादात्मतत्त्वस्यावगमः, चित्तैकाग्रतया तस्य स्वानुभवारूढत्वं योगः, तयोर्व्यवस्थितिः-सर्वदा तन्निष्ठता ज्ञानयोगव्यवस्थितिः ।

राक्षसी प्रकृति कही जाती है । उसमें विषयभोगकी प्रधानतासे रागकी प्रबलतासे आसुरीत्व और हिंसाकी प्रधानतासे द्वेषकी प्रबलतासे राक्षसीत्व है यह विवेक है । इस समय तो शास्त्रके अनुसार शास्त्रीय कर्म-प्रवृत्तिहेतु सात्त्विकी शुभवासना दैवी संपत्, शास्त्रका उल्लंघन कर शास्त्रनिषिद्ध विषयोंमें प्रवृत्तिकी कारणीभूत राजसी तामसी अशुभवासना राक्षसी आसुरीको एक श्रेणीमें मानकर आसुरी संपत् है । इस हेतु दो राशियोंमें जो वासनाका भेद 'द्वया ह प्राजापत्या दैवाश्च असुराश्च' इत्यादि श्रुति प्रसिद्ध है, उनमें शुभवासनाओंके ग्रहणके लिये अशुभवासनाओंके त्यागके लिये उन दोनोंके प्रतिपादनार्थ सोलहवाँ अध्यायका आरम्भ करते हैं । उनमें प्रथम ग्राह्य दैवी संपत् तीन श्लोकोंसे भगवान् कहते हैं—**'अभयं सत्त्वेति'**से । शास्त्र-विहित अर्थमें संशयरहित अनुष्ठान श्रद्धा अथवा अकेला सब उपकरणोंको छोड़कर असहाय कैसे जियेंगे इस भयका अभाव अभय है । अधिकारीके भेदसे अभयका भेद है । कर्मीके लिये प्रथम और संन्यासीके लिये द्वितीय अभय है । सत्त्व संशुद्धि सत्त्व अन्तःकरण उसकी समीचीन शुद्धि मलराहित्य । समुपसर्गके अर्थको स्फुट करते हैं—भगवत्तत्त्व स्फूर्ति योग्यता शुद्धिमें समीचीनता है, शुद्ध सत्त्व गुणोपचित मनमें भगवान्‌के अद्वैतानन्दघनस्वरूपका स्फुरण (प्रकाश) होता है, अन्यथा नहीं । वह वञ्चनादिशून्यत्वसे भी अन्तःकरण शुद्ध होता है, अतः वह भी साधनावस्थामें अपेक्षित है । संन्यासीके लिये प्रथम शुद्धि है क्योंकि वह पर-वञ्चनादिसे स्वयं निवृत्त है, कर्मीको द्वितीय अनुष्ठेय है । परवञ्चन परकीय वस्तुको कपटसे अपने अधीन करना है, मनमें दूसरा रखकर उसके विरुद्ध व्यवहार करना माया है । जैसा नहीं देखा वैसा कहना मिथ्या झूठ बोलना अनृत है, ज्ञान शास्त्र और आचार्यसे आत्मतत्त्वका बोध, चित्तकी एकाग्रतासे श्रुत आत्मतत्त्व

यदा तु अभयम्-सर्वभूताभयदानसङ्कल्पपालनम् । एतच्चान्येषामपि परमहंसधर्माणामुपलक्षणम् । सत्त्वसंशुद्धिः-श्रवणादिपरिपाकेणान्तःकरणस्यासंभावना-विपरीतभावनादिमलराहित्यम् , ज्ञानम्-आत्मसाक्षात्कारः, योगः-मनोनाश-वासनाक्षयानुकूलः पुरुषप्रयत्नः, ताभ्याम् विशिष्टा संसारिविलक्षणाऽवस्थितिः जीवन्मुक्तिः-ज्ञानयोगव्यवस्थितिरित्येवं व्याख्यायते, तदा फलभूतैव दैवी संपदियं द्रष्टव्या । भगवद्भक्ति विनान्तःकरणसंशुद्धेरयोगात्, तया साऽपि कथिता ।

'महात्मानस्तु मां पार्थ ! दैवीं प्रकृतिमाश्रिताः ।
भजन्त्यनन्यमनसो ज्ञात्वा भूतादिमव्ययम् ॥'

इति नवमे दैव्यां संपदि भगवद्भक्तेरुक्तत्वाच्च । भगवद्भक्तेरतिश्रेष्ठत्वादभयादिभिः सह पाठो न कृत इति द्रष्टव्यम् ।

को स्वानुभवमें स्थिर करना योग है, इन दोनों ज्ञान और योगोंकी व्यवस्था सदा तत्परायणता-तदेकतानता ज्ञानयोगव्यवस्थिति है ।

'यदा तु' से अर्थान्तर कहते हैं । **'अभयम्'** इत्यादिसे **'अभयं सर्वभूतेभ्यो दत्त्वा सन्यासमाचरेत् ।'** इस वचनके अनुसार सब भूतोंकों-प्राणियोंको अभयदानका संकल्पकर संन्यास लेने पर उसका पालन अभय है । यह अन्य परमहंस धर्मोंका उपलक्षण है । सत्त्वसंशुद्धि श्रवण मननादिके परिपाक (सुपरिणाम)से अन्तःकरणकी असंभावना विपरीतभावना मलिनता है । ब्रह्म तुम हो यह सुनते ही कहा—यह असंभव है कभी यह नहीं हो सकता, अद्वितीय ब्रह्म है इसका भाव सजातीय द्वितीयरहितमें समझकर ब्रह्मके बराबर का दूसरा नहीं है यह विपरीतभावना है, उक्त भावनायें जब तक मनमें रहती हैं तब तक मन शुद्ध नहीं, क्योंकि अद्वितीय अखण्ड जीवब्रह्माभेदका साक्षात्कार नहीं होता अतस्तद्राहित्य संशुद्धि है । ज्ञान-आत्माका प्रत्यक्ष, योग-मनोंनाश, और वासनाक्षयके अनुरूप पुरुषका व्यापार इन दोनों ज्ञान और योगोंकी विशेष रूपसे स्थिति संसारिविलक्षण अवस्थिति जीवन्मुक्ति ऐसा व्याख्यान किया जाय तो फलस्वरूप यह दैवी संपत् समझना । भगवान्की भक्तिके विना अन्तःकरणकी शुद्धि नहीं होती अतः उसकी शुद्धिसे तत्कारणीभूत भक्ति अर्थात् कही गई है । कार्यसे कारणका अनुमान अनुभव सिद्ध है केवल अर्थापत्तिलभ्य ही भक्ति नहीं है किन्तु—

'महात्मानस्तु मां पार्थ ! दैवीं प्रकृतिमाश्रिताः ।
भजन्त्यनन्यमनसो ज्ञात्वा भूतादिमव्ययम् ॥'

इस वचनसे नवम अध्यायमें दैवी सपद्में भगवद्भक्ति कही गई है । भक्तिका यहाँ निर्देश न करनेमें हेतु कहते हैं—भगवान्की भक्ति सबसे उत्तम है इसलिये अभयादिके साथ उसका पाठ नहीं किया अन्यथा-

महाभाग्यानां परमहंसानां फलभूतां दैवीं संपदमुक्त्वा, ततो न्यूनानां गृहस्थादीनाम् साधनभूतामाह—दानम्-स्वस्वत्वपरित्यागपूर्वकं परस्वत्वस्यापादनमन्नादीनां यथाशक्ति शास्त्रोक्तः संविभागः, दमः-बाह्येन्द्रियसंयमः ऋतुकालाद्यतिरिक्तकाले मैथुनाद्यभावः, चकारोऽनुक्तानां निवृत्तिलक्षणधर्माणां समुच्चयार्थः । यज्ञश्च श्रौतोऽग्निहोत्र-दर्शपूर्णमासादिः, स्मार्तः-देवयज्ञः, पितृयज्ञः, भूतयज्ञः, मनुष्ययज्ञ इति चतुर्विधः । ब्रह्मयज्ञस्य स्वाध्यायपदेन पृथगुक्तेः । चकारोऽनुक्तानां प्रवृत्तिलक्षणधर्माणां समुच्चयार्थः । एतत्त्रयं गृहस्थस्य । स्वाध्यायः- ब्रह्मयज्ञः अदृष्टार्थमृग्वेदाद्यध्ययनरूपः । यज्ञशब्देन पञ्चविधमहायज्ञोक्तिसंभवेऽपि, असाधारण्येन ब्रह्मचारिधर्मकत्वकथनार्थं पृथगुक्तम् । तपस्त्रिविधं शारीरादि सप्तदशे वक्ष्यमाणं वानप्रस्थस्यासाधारणः

भक्ति भी अभयादिके समान ही समझी जाती यह रहस्य समझना । महाभाग्यशाली परमहंसोंकी दैवी संपद को कह कर उनसे कम गृहस्थोंका साधनभूत संपत् कहते हैं—**'दानम्'** अपने पुरुषार्थसे अर्जित धनमें अपना स्वत्व होता है अतः अपने अन्नादिका सामर्थ्यानुसार यथाशक्ति शास्त्रविधिसे दूसरेको देना सुपात्रके दानमें फल है अपात्रके दानमें नहीं, पात्रापात्रका निर्णय शास्त्र ही से होता है । बाह्येन्द्रियोंका संयम दम है, ऋतु काल से अतिरिक्त कालमें स्त्रीसंभोगका अभाव, उपस्थका वाह्येन्द्रियोंमें गणना है । यह उपलक्षण है, इतर वाह्येन्द्रियोंका । 'ऋतौ भार्यामुपेयात्' इस वचनसे ऋतुकालमें उसका विधान है, न करनेसे प्रत्यवाय होगा, अतः अतिरिक्तका निर्देश है । चकार अनुक्त जो निवृत्ति लक्षण धर्म है उसके उपलक्षणार्थ है ।

यज्ञ, वैदिक अग्निहोत्र दर्शपौर्णमासादि, स्मार्त-देवयज्ञ, ऋषियज्ञ, पितृयज्ञ, भूतयज्ञ, ये चार हैं ।

प्रश्न—'पाठो होमश्चातिथीनां सपर्या तर्पणं बलिः ।

एते पञ्च महायज्ञाः·········

इस वचनके अनुसार स्मार्त यज्ञ पाँच हैं इनमें पाठको छोड़ चार ही स्मार्तयज्ञ कहनेका अभिप्राय क्या ?

उत्तर—स्वाध्याय नामक पाठका ब्रह्मयज्ञ शब्दसे पृथक् कहा है—**'स्वाध्यायस्तप आर्जवम्'** से । अतः पुनरुक्ति दोष परिहारार्थ स्मार्तयज्ञ चार ही कहा है तात्पर्य पाँचोंमें है । द्वितीय चकार प्रवृत्तिलक्षण धर्म जो यहाँ नहीं कहे गये उनके उपलक्षणार्थ हैं अर्थात् चकारसे उनका भी संग्रह है । ये तीनों गृहस्थके धर्म हैं । स्वाध्यायको ब्रह्मयज्ञ कहते हैं, यह केवल अदृष्टार्थ है, ऋग्वेदाद्यध्ययनरूप यज्ञ पंचविध यज्ञ कहनेसे इसके लाभका संभव था फिर भी स्वाध्याय ब्रह्मचारीका असाधारण धर्म है अतः तन्मात्रवृत्तिसे निर्देश है यह ब्रह्मचारीका ही धर्म है केवल गृहस्थ ही का नहीं एतदर्थ अलग उक्ति है । तप तीन प्रकारका है, सत्रहवें अध्यायमें **'शारीरं तपः'** कहेंगे, ये वानप्रस्थके असाधारण धर्म हैं । इस प्रकार चारों आश्रमोंके असाधारण-

अहिंसा सत्यमक्रोधस्त्यागः शान्तिरपैशुनम् ।
दया भूतेष्वलोलुप्त्वं मार्दवं ह्रीरचापलम् ॥ २ ॥

अहिंसा, सत्य, क्रोधाभाव, त्याग, शान्ति, दूसरेके दोषोंका न कहना, प्राणियों पर दया, लोलुपतासे राहित्य, कोमलता, लज्जा और अचञ्चलता ॥ २ ॥

धर्मः । एवं चतुर्णामाश्रमाणामसाधारणान् धर्मानुक्त्वा, चतुर्णां वर्णानामसाधारणधर्मानाह—आर्जवम्-अवक्रत्वं श्रद्दधानेषु श्रोतृषु स्वज्ञातार्थासंगोपनम् ॥ १ ॥

'अहिंसे'ति । प्राणिवृत्तिच्छेदो हिंसा, तदहेतुत्वमहिंसा सत्यम्-अनर्थाननुबन्धि यथाभूतार्थवचनम् । परैराक्रोशे, ताडने वा कृते सति प्राप्तो यः क्रोधः, तस्य तत्कालमुपशमनमक्रोधः, दानस्य प्रागुक्तेः, त्यागः-संन्यासः । दमस्य प्रागुक्तेः, शान्तिः-अन्तःकरणस्योपशमः, परस्मै परोक्षे परदोषप्रकाशनं पैशुनम्-तदभावोऽपैशुनम् । दया-भूतेषु दुःखितेष्वनुकम्पा । अलोलुप्त्वम्-इन्द्रियाणां विषयसन्निधानेऽप्यविक्रियत्वम् । मार्दवम्-अक्रूरत्वं वृथापूर्वपक्षादिकारिष्वपि

धर्मोंको कहकर चारों वर्णोंके असाधारणधर्मोंको कहते हैं—आर्जव, मृदुता, अकुटिलता इसको स्पष्ट कहते हैं—**'श्रद्दधानेषु'** से । श्रद्धायुक्त श्रोताओंके प्रति स्वज्ञात अर्थको नहीं छिपाना । श्रद्धारहितोंके प्रति छिपाना कुटिलता नहीं यह भाव है ॥ १ ॥

प्राणियोंकी जीविका का नाश करना हिंसा है, उपाय नाश उपेय नाशार्थ ही है भाष्यमें—**'अहिंसा-प्राणिनां पीडावर्जनम्'** लिखा है । साक्षात् हिंसाका अभाव लाभ दयासे हो ही जाता है तदहेतुत्व-जीविकानाशके हेतुत्वका अभाव प्रकृतमें अहिंसा है : सत्य अनर्थाजनक जैसा हुआ हो वैसा कहना यदि सच्चा कहनेमें वर्णियोंके वध होनेकी सम्भावना हो तो झूठ ही कहना ।

'वर्णिनां हि वधो यत्र तत्र साक्ष्यनृतं वदेत् ।'

यह धर्मशास्त्रका आदेश है अतः अनर्थाननुबन्धि कहा ।

'तत्र त्वाक्षारणा यः स्यादाक्रोशो मैथुनं प्रति ।'

इस अमरकोशके अनुसार परस्त्रीनिमित्तक परपुरुषके प्रति परपुरुषनिमित्तक स्त्रीके प्रति जो अनुचित कथन है वह आक्रोश है । ऐसे वाक्योंसे क्रोध होना स्वाभाविक ही है । अथवा पीटनेपर जो क्रोध होता है उसका उस कालमें शमन अक्रोध है । त्याग यहाँ संन्यासपरक है क्योंकि दानरूप त्याग पूर्वमें कह-चुके हैं । शान्ति अन्तःकरणका शमन परोक्षमें दूसरेके प्रति दूसरेके दोषोंको प्रकाशित करना पैशुन्य है उसका अभाव न प्रकाशित करना अपैशुन्य है । दुःखित प्राणियोंमें आदर दृष्टि दया प्रसिद्ध है । विषय प्राप्ति होनेपर भी इन्द्रियोंमें विकार न होना अलोलुपता है । मार्दव-अक्रूरत्व क्रुद्धत्वाभाव यद्यपि 'नृशंसो घातुकः

तेजः क्षमा धृतिः शौचमद्रोहो नातिमानिता ।
भवन्ति संपदं दैवीमभिजातस्य भारत ! ॥ ३ ॥

तेज, क्षमा, धैर्य, शुद्धता और अद्रोह पूज्योंमें नम्रता यह सब नो भारत (अर्जुन) दैवी संपदा को प्राप्त हुए पुरुषका लक्षण हैं ॥ ३ ॥

शिष्यादिष्वप्रियभाषणादिव्यतिरेकेण बोधयितृत्वम् । ह्रीः-अकार्यप्रवृत्त्यारम्भे तत्प्रतिबन्धिका लोकलज्जा । अचापलम्-प्रयोजनं विनाऽपि वाक्पाण्यादिव्यापारयितृत्वं चापलम्, तदभावः । आर्जवादयोऽचापलान्ता ब्राह्मणस्यासाधारणाधर्माः ॥ २ ॥

'तेजः' इति । तेजः-प्रागल्भ्यं स्त्रीबालकादिभिर्मूढैरनभिभाव्यत्वम् । क्षमा-सत्यपि सामर्थ्ये परिभवहेतुं प्रति क्रोधस्यानुत्पत्तिः । धृतिः-देहेन्द्रियेष्ववसादं प्राप्तेष्वपि तदुत्तंभकः प्रयत्नविशेषः । येनोत्तम्भितानि करणानि, शरीरं च नावसीदन्ति । एतत्त्रयं क्षत्रियस्यासाधारणम् । शौचमाभ्यन्तरमर्थप्रयोगादौ मायानृतादिराहित्यम्, न तु मृज्जलादिजनितं बाह्यमत्र ग्राह्यम्, तस्य शरीरशुद्धिरूपतया बाह्यत्वेनान्तःकरणवासनाशोधकत्वाभावात् (वासनात्वाभावात्) । तद्वासनानामेव सात्त्विकादिभेदभिन्नानां दैवासुर्यादिसम्पद्रूपत्वेनात्र प्रतिपिपादयिषितत्वात् स्वाध्यायादिवत्केन-

क्रूरः' इस कोशसे क्रूरशब्द परद्रोहकारी का वाचक है, तथापि यहाँ जिस अर्थके तात्पर्यमें उक्त शब्दका प्रयोग हुआ है उसको स्पष्ट करते हैं—व्यर्थ पूर्वपक्ष करनेवाले शिष्योंके ऊपर भी कटुशब्दोक्तिके विना ही बोधन करना अक्रूरत्व है । ह्री-निन्दितकार्यकी प्रवृत्तिके आरम्भमें तत्प्रतिबन्धक लोकलज्जा । अचापल विना प्रयोजन वाक्पाणिपादादिका व्यापार करना चापल है उसका अभाव अचापल है । **'न कुर्याच्च वृथा-चेष्टाम्'** इत्यादि मानववाक्यमें उक्त चेष्टाका निषेध है । आर्जवसे लेकर अचापलान्त ब्राह्मणके असाधारण धर्म हैं ॥ २ ॥

तेजः-प्रागल्भ्य मूर्खजनोंसे परिभव करनेकी योग्यताका अभाव सामर्थ्य रहने पर भी तिरस्कार कारणके प्रति क्रोधकी अनुत्पत्ति, धृति शरीरेन्द्रियादिके गिरने पर भी उनके उठानेका प्रयत्न विशेष जिससे आकृष्ट शरीरादि गिरते नहीं ये तीनों क्षत्रियके असाधारण धर्म हैं । शौच, भीतरका द्रव्यादिके लेन-देनमें माया-कपट छल आदिसे शून्यत्व, मिट्टी जलादिसे उत्पन्न जो बाह्य मलका क्षालन है यहां विवक्षित नहीं है क्योंकि वह शरीरशुद्धि स्वरूप होनेसे बाहरका है, अतः अन्तःकरणकी वासनाओंका शोधक वह नहीं हो सकता । सात्त्विक राजसादिसे भिन्न तद्वासनाओंका ही दैवी आसुरी आदि सम्पत्रूपसे यहाँ प्रतिपादन इष्ट है । भाष्य स्वरसे दोनों यहाँ विवक्षित है । बाह्यशौचका प्रतिषेध भाष्य विरुद्ध है इस शंकासे कहते हैं—**'स्वाध्याये'**ति । जैसे स्वाध्याय वाणीसे साध्य होनेसे बाह्य है फिर भी वासना रूपसे उसका

दम्भो दर्पोऽभिमानश्च क्रोधः पारुष्यमेव च ।
अज्ञानं चाभिजातस्य पार्थ ! संपदमासुरीम् ॥ ४ ॥

हे अर्जुन ! आसुरी सम्पत्को लक्ष्यकर उत्पन्न हुये पुरुषमें पाखण्ड, अहङ्कार, अपनेमें अतिपूज्यत्व-बुद्धि, क्रोध, रूक्षभाषण शीलता और अज्ञान ये सब दोष होते हैं ॥ ४ ॥

चिद्रूपेण वासनारूपत्वे तदप्यादेयमेव । द्रोहः-परजिघांसया शस्त्रग्रहणादि, तदभावोऽद्रोहः । एतद्द्वयं वैश्यस्यासाधारणम् । अत्यर्थं मानिता-आत्मनि पूज्यत्वातिशयभावना-अतिमानिता, तदभावः-नातिमानिता-पूज्येषु नम्रता । अयं शूद्रस्यासाधारणो धर्मः । **'तमेतं वेदानुवचनेन ब्राह्मणाः विविदिषन्ति यज्ञेन, दानेन, तपसाऽनाशकेन'** इत्यादिश्रुत्या विविदिषौपयिकतया विनियुक्ताः असाधारणाः, साधारणाश्च वर्णाश्रमधर्मा इहोपलक्ष्यन्ते । एते धर्मा भवन्ति-निष्पद्यन्ते, दैवीम्-शुद्धसत्त्वमयीं संपदम्-वासनासन्ततिं शरीराम्भकाले पुण्यकर्मभिरभिव्यक्ताभभिलक्ष्य जातस्य पुरुषस्य **'तं विद्याकर्मणी समन्वारभेते, पूर्वप्रज्ञा च,** बृ० उ० ४-४-२ **पुण्यः पुण्येन कर्मणा भवति, पापः पापेन'** ४-४-५ इत्यादिश्रुतिभ्यः । हे भारत ! इति संबोधयन् शुद्धवंशोद्भवत्वेन पूतत्वात् त्वमेतादृशधर्मयोग्याऽसीति सूचयति ।। ३ ।।

आदेयत्वेन दैवीं संपदमुक्त्वा, इदानीं हेयत्वेनासुरीं संपदमेकेन श्लोकेन सङ्क्षिप्याह—**'दम्भो दर्पः'** इति । दम्भः-धार्मिकतयात्मनः ख्यापनम्, तदेव धर्मध्वजित्वम् । दर्पः-धनस्वजना-

---

ग्रहण है, वैसे शौच भी किसी रूपसे वासनारूप होनेसे बाह्य शौच भी ग्राह्य ही है । द्रोह दूसरेके मारनेके लिये लाठी, तलवार आदिका हाथमें लेना तदभाव अद्रोह है । ये दोनों वैश्योंके असाधारण धर्म हैं । अतिमानिता अपनेमें पूज्यत्वातिशय भावना हम सबसे अधिक पूज्य हैं यह धारणा अतिमानिता है, उसका अभाव नातिमानिता पूज्योंमें नम्रता यह फलित अर्थ है यह शूद्रका असाधारण धर्म है । **'तमेतं वेदानुवचनेने'**त्यादि श्रुतिसे ज्ञानेच्छामें उपकारितया विनियुक्त असाधारण और साधारण धर्म यहाँ उपलक्षणतया विवक्षित है । शरीरारंभके समय प्राचीन पुण्यकर्मोंसे अभिव्यक्त शुद्धसत्त्वमयी वासना सन्तानरूप दैवी सम्पद्को अभिमुख कर उत्पन्न पुरुषको ये धर्म स्वभावतः होते हैं । 'तं विद्या-कर्मणी समन्वारभेते पूर्वप्रज्ञा च, पुण्यः पुण्येन कर्मणा' इत्यादि श्रुतियोंसे यह अर्थ प्रतीत होता है । हे भारत ! यह सम्बोधन करते हुए शुद्धवंशमें उत्पन्न होनेसे तुम इन धर्मोंके योग्य हो यह सूचित करते हैं ।। ३ ।।

ग्राह्य दैवीसंपत्को कहकर इस समय त्याज्य आसुरीसंपत्को एक श्लोकसे संक्षेपकर कहते हैं—दंभ अपनेको धार्मिक प्रकाश करना, यही धर्मध्वजित्व है, दर्प-धन परिवार निमित्तक दूसरेकी अवहेलना का-

दैवी संपद्विमोक्षाय निबन्धायासुरी मता ।
मा शुचः संपदं दैवीमभिजातोऽसि पाण्डव ! ॥ ५ ॥

दैवी सम्पद् मोक्षके लिये और आसुरी सम्पद् बन्धन के लिये है ॥ हे पाण्डव ! तुम दैवी सम्पत्का अनुसरण कर उत्पन्न हुये हो अतः शोक मत करो ॥ ५ ॥

दिनिमित्तो महदवधीरणाहेतुर्गर्वविशेषः । अभिमानः-आत्मन्यत्यन्तपूज्यत्वातिशयाध्यारोपः । **'देवाश्च वा असुराश्चोभये प्राजापत्या पस्पृधिरे, ततोऽसुरा अभिमानेनैव कस्मिन्नु वयं जुहुवामेति, स्वेष्वेवास्येषु जुह्वतश्चेरुः, तेऽतिमानेनैव पराबभूवुः, तस्मान्नातिमन्येत, पराभवस्य ह्येतन्मुखम्, यदतिमानः'** ११-१-८-१ इति शतपथश्रुत्युक्तः । क्रोधः-स्वपरापकारप्रवृत्तिहेतुरभिज्वलनात्मकोऽन्तःकरणवृत्तिविशेषः । पारुष्यम्-प्रत्यक्षरूक्षवदनशीलत्वम् । चकारोऽनुक्तानां भावभूतानाम् चापलादिदोषाणां समुच्चयार्थः । अज्ञानम्-कर्तव्याकर्तव्यादिविषयविवेकाभावः । चशब्दोऽनुक्तानामभावभूतानामधृत्यादिदोषाणां समुच्चयार्थः । आसुरीम्-असुररमणहेतुभूतां रजस्तमोमयीम् संपदमशुभवासनासन्ततिं शरीरारम्भकाले पापकर्मभिरभिव्यक्तामभिलक्ष्य जातस्य कुपुरुषस्य दम्भाद्या अज्ञानान्ता दोषा एव भवन्ति, न त्वभयाद्या गुणा इत्यर्थः । हे पार्थ ! इति संबोधयन् विशुद्धमातृकत्वेन तदयोग्यत्वं सूचयति ॥ ४ ॥

'दैवी संपद्' इति । अनयोः संपदोः फलविभागोऽभिधीयते—यस्य वर्णस्य, यस्याश्रमस्य च

कारण अभिमानविशेष, अभिमान अपनेमें अतिपूज्यत्वभाव **'देवाश्च वा असुराश्चोभये प्राजापत्याः'** इत्यादि मूलस्थ श्रुतिमें प्रसिद्ध है । क्रोध अपने परायेके अपकार करनेकी प्रवृत्तिका कारण मनका अभिज्वलनात्मक वृत्तिविशेष, क्रुद्धपुरुष अपना शिर फोड़ता है दूसरेका भी, यह लोकमें प्रसिद्ध है । पारुष्य सामने परुष शब्द कथनस्वभाव, चकार अनुक्त भावभूत चापलादि दोषोंका समुच्चायक है । अज्ञान कृत्याकृत्य विवेकाभाव, च शब्द अनुक्त अभावस्वरूप अधृत्यादि दोषोंके समुच्चयार्थ है । देहारंभ समयमें पापकर्मोंसे अभिव्यक्त रजस्तमोमयी अतएव असुररमणकारणीभूत आसुरी वासनासन्ततिरूप सम्पत्को अभिमुखकर उत्पन्न असत्पुरुषके दंभादि अज्ञानान्त दोष ही होते हैं, अभयादि गुण नहीं यह अर्थ है । हे पार्थ ! इस सम्बोधनसे तुम पवित्र पृथामातासे उत्पन्न हो अतः उन दोषोंके योग्य तुम नहीं हो यह सूचित करते हैं ॥ ४ ॥

इन दोनों संपदोंके फलविभागको कहते हैं—जिस वर्णकी जिस आश्रमकी विहित फलकामनारहित

द्वौ भूतसर्गौ लोकेऽस्मिन् दैव आसुर एव च।
दैवो विस्तरशः प्रोक्त आसुरं पार्थ! मे शृणु॥ ६॥

हे अर्जुन ! इस लोकमें दो प्रकारकी मनुष्योंकी सृष्टि है एक दैव, दूसरी आसुर ! दैव सृष्टिका विस्तारसे वर्णन कहा गया आसुर सृष्टिका वर्णन मुझसे सुनो ॥ ६ ॥

या विहिता सात्त्विकी फलाभिसन्धिरहिता क्रिया, सा तस्य दैवी सम्पत्, सा सत्त्वशुद्धिभगवद्भक्तिर्ज्ञानयोगस्थितिपर्यन्ता सती संसारबन्धनाद्विमोक्षाय-कैवल्याय भवति। अतः सैवोपादेया-श्रेयोऽर्थिभिः। या तु यस्य शास्त्रनिषिद्धा फलाभिसन्धिपूर्वा साहङ्कारा च राजसी तामसी क्रिया, तस्य सा सर्वाऽप्यासुरी सम्पत्। अतो राक्षस्यपि तदन्तर्भूतैव। सा निबन्धाय-नियताय संसारबन्धाय मता-संमता शास्त्राणां तदनुसारिणां च। अतः सा हेयैव श्रेयोऽर्थिभिरित्यर्थः।

तत्रैवं सत्यहं कया संपदा युक्त इति संदिहानमर्जुनमाश्वासयति भगवान्—**'मा शुचः'** इति। अहमासुर्या सम्पदा युक्त इति शङ्कया शोकम्-अनुतापं मा कार्षीः। दैवीम्-संपदमभिलक्ष्य जातोऽसि-प्रागर्जितकल्याणः, भाविकल्याणश्च त्वमसि हे पाण्डव ! पाण्डुपुत्रेष्वन्येष्वपि दैवी संपत्प्रसिद्धा, किं पुनस्त्वयीति भावः ॥ ५ ॥

ननु भवतु राक्षसी प्रकृतिरासुर्यामन्तर्भूता, शास्त्रनिषिद्धक्रियोन्मुखत्वेन सामान्यात्।

जो क्रिया वह उसकी दैवीसंपत् है, वह सत्त्वशुद्धि भगवद्भक्ति ज्ञानयोगस्थितिपर्यन्त रहती हुई संसारबन्धसे मुक्त होनेके लिये होती है यही संपद् मोक्षका उपाय है, अतः कल्याणार्थियोंको इसीका ग्रहण करना चाहिए। जो जिसके लिये शास्त्रसे निषिद्ध है फलकामना सहित साहङ्कार राक्षसी तामसी क्रिया वह उसकी सब आसुरी संपत् है। राक्षसी भी आसुरीके अन्तर्गत ही है। वह संसारबन्धके लिये नियत है इससे संसाररूपी बन्ध सुनिश्चित है इसमें शास्त्र और तदनुयायिओंकी सम्मति है अतः कल्याण कामुकोंसे यह हेय ही है।

ऐसी परिस्थितिमें मैं किस संपत्से युक्त हूँ इस प्रकार संदिग्ध अर्जुनको भगवान् आश्वासन (ढाढस) देते हैं—**'मा'** से। मैं आसुरी संपत्से युक्त हूँ इस शंकासे शोक मत करो दैवीसंपत्को अभिमुख कर तुम उत्पन्न हुए हो पूर्वजन्ममें तुमने धर्म किया है, अगले जन्ममें भी तुम्हारा कल्याण होगा। हे पाण्डव ! इस सम्बोधनसे दूसरे पाण्डुपुत्रोंमें दैवीसंपत् प्रसिद्ध है तुममें क्या कहना है यह अभिप्राय सूचित होता है ॥ ५ ॥

अच्छा आसुरीप्रकृतिमें राक्षसीप्रकृतिका अन्तर्भाव हो क्योंकि शास्त्रप्रतिषिद्धक्रियामें उन्मुखत्व

कामोपभोगप्राधान्य-प्राणिहिंसाप्राधान्याभ्यां क्वचिद्भेदेन व्यपदेशोपपत्तेः, मानुषी तु प्रकृतिस्तृतीया पृथगस्ति, **'त्रयाः प्राजापत्याः प्रजापतौ पितरि ब्रह्मचर्यमूषुर्देवाः, मनुष्याः, असुराः'** बृ० उ० ५-२ इति श्रुतेः। अतः सोऽपि हेयकोटावुपादेयकोटौ वा वक्तव्येत्यत आह—**'द्वौ भूतसर्गौ' इति**। अस्मिल्लोके-सर्वस्मिन्नपि संसारमार्गे द्वौ द्विप्रकारावेव भूतसर्गौ-मनुष्यसर्गौ भवतः, कौ तौ ? दैवः, आसुरश्च, न तु राक्षसो मानुषो वाऽधिकः सर्गोऽस्तीत्यर्थः। यो यदा मनुष्यः शास्त्रसंस्कारप्राबल्येन स्वभावसिद्धौ रागद्वेषावभिभूय धर्मपरायणो भवति, स तदा देवः। यदा तु स्वभावसिद्धरागद्वेषप्राबल्येन शास्त्रसंस्कारमभिभूयाऽधर्मपरायणो भवति, स तदाऽसुर इति द्वैविध्योपपत्तेः। न हि धर्माधर्माभ्यां तृतीया कोटिरस्ति। तथा च श्रूयते—'द्वया ह प्राजापत्या देवाश्चासुराश्च, ततः कानीयसा एव देवाः, ज्यायसा असुराः' बृ०उ० १-३-१ इति। दम-दान-दयाविधिपरे तु वाक्ये 'त्रयाः प्राजापत्याः' इत्यादौ दम-दान-दयारहिता मनुष्या असुरा एव सन्तः केनचित्साधर्म्येण देवा मनुष्या असुरा इत्युपचर्यन्त इति, नाधिक्यावकाशः। एकेनैव 'द' इत्यक्षरेण प्रजापतिना दमरहितान्मनुष्यान्प्रति दमोपदेशः

सामान्यधर्म राक्षसी आसुरी दोनोंमें समान है शास्त्रनिषिद्धकर्म करनेमें दोनों प्रकृतियोंकी स्वभावतः प्रवृत्ति होती है कामोपभोगका प्राधान्य और हिंसाके प्राधान्यसे दोनोंमें कहीं भेदव्यवहार है। विषयोपभोग प्रधान आसुरी प्रकृति है। हिंसाप्रधान राक्षसी प्रकृति है, मानुषी प्रकृति तीसरी अलग है। **'त्रया ह प्राजापत्याः प्रजापतौ पितरि ब्रह्मचर्यमूषुः, देवाः, मनुष्याः, असुराः'** यह श्रुति तीसरी प्रकृतिमें प्रमाण है, अतः वह भी त्याज्यकोटिमें अथवा ग्राह्यकोटिमें है इसका विवेक भी करना चाहिये इस हेतुसे कहते हैं—इस संसारमें दो प्रकारके ही भूतसर्ग मनुष्यसर्ग हैं, अधिक नहीं एक दैव दूसरा आसुर। राक्षस या मानुष अधिक सर्ग नहीं है। दैव और आसुरमें ही उक्त दोनोंका अन्तर्भाव है, जो मनुष्य जिस समय शास्त्रवासनाकी प्रबलतासे स्वाभाविक राग द्वेषको दबाकर धर्ममें तत्पर होता है वह उस समयमें दैव है, और जिस समय स्वाभाविक रागद्वेषकी प्रवलतासे शास्त्रसंस्कारको दावकर अधर्मपरायण होता है वह उस समय आसुर है, इस रीतिसे दो प्रकारकी उत्पत्ति है धर्माधर्मसे, तीसरी कोटि नहीं है। धार्मिक अधार्मिक दो प्रकारके मनुष्य हैं। समय भेदसे धार्मिक किसी कालमें अधार्मिक और अधार्मिक कालान्तरमें धार्मिक हो जाते हैं फिर भी कोटि दो ही रहती है तीसरी कोटि नहीं। श्रुतिसे भी ऐसा ही सुना जाता है **'द्वया ह प्राजापत्याः देवाश्च असुराश्च'** इत्यादि। **दम-दान दयाविधि** परक वाक्यमें 'त्रया ह प्राजापत्याः' इत्यादिमें दम-दान-दया रहित मनुष्य असुर ही होतेहुए किसी साधर्म्यसे देवाः, मनुष्याः,असुराः इस प्रकार गौणीवृत्तिसे कहे जाते हैं आधिक्यका अवसर नहीं। एक ही 'द' इस अक्षरसे ब्रह्माने दमरहित मनुष्योंके प्रति दमका उपदेश दिया, दानरहितके प्रति

प्रवृत्तिं च निवृत्तिं च जना न विदुरासुराः ।
न शौचं नापि चाचारो न सत्यं तेषु विद्यते ॥ ७ ॥

आसुर स्वभाव वाले धर्म और अधर्म तथा धर्माधर्मबोधक शास्त्रको नहीं जानते और उनमें बाह्याभ्यन्तरकी पवित्रता, शास्त्रोक्त आचरण तथा सत्य भाषण नहीं रहता ॥ ७ ॥

कृतः, दानरहितान् प्रति दानोपदेशः, दयारहितान् प्रति दयोपदेशः, न तु विजातीया एव देवासुरमनुष्या इह विवक्षिताः, मनुष्याधिकारत्वाच्छास्त्रस्य । तथा चान्ते उपसंहरति—'तदेतदेवैषा दैवी वागनुवदति स्तनयित्नुर्ददद इति' दाम्यत, दत्त, दयध्वमिति, तदेतत्त्रयं शिक्षेद्दमम्, दानम्, दयामिः ५-२-३ति । तस्माद्राक्षसी मानुषी च प्रकृतिरासुर्यामेवान्तर्भवतीति युक्तमुक्तं **'द्वौ भूतसर्गावि'**ति ।

तत्र-दैवो भूतसर्गो मया त्वां प्रति विस्तरशः-विस्तरप्रकारैः प्रोक्तः स्थितप्रज्ञलक्षणे द्वितीये, भक्तिलक्षणे द्वादशे, ज्ञानलक्षणे त्रयोदशे, गुणातीतलक्षणे चतुर्दशे, इह च 'अभयम्' इत्यादिना । इदानीमासुरं भूतसर्गं मे-मद्वचनैर्विस्तरशः प्रतिपाद्यमानं त्वं शृणु-हानार्थमवधारय, सम्यक्तया ज्ञातस्य हि परिवर्जनं शक्यते कर्तुमिति । हे पार्थेति संबन्धसूचनेनानुपेक्षणीयताम् दर्शयति ॥ ६ ॥

वर्जनीयामासुरीं संपदं प्राणिविशेषणतया **'तानहमि'**त्यतः प्राक्तनैर्द्वादशभिः श्लोकैः-

---

दानका उपदेश दिया, दयारहितोंके प्रति दयाका उपदेश दिया । विजातीय विलक्षण देव असुर और मनुष्य यहाँ विवक्षित नहीं, क्योंकि शास्त्रमें मनुष्यका ही अधिकार है । ऐसा ही अन्तमें उपसंहार करते हैं—**'तदेतदेवैषा दैवी वागनुवदति स्तनयित्नुर्ददद'** इति दाम्यत, दत्त, दयध्वम् इति । अतः राक्षसी मानुषी प्रकृति आसुरीमें ही अन्तर्गत होती है इस प्रकार ठीक ही कहा—दो भूतसर्ग है इति । उनमें दैव भूतसर्ग तुमसे मैंने विस्तारसे कहा—स्थितप्रज्ञलक्षण द्वितीय अध्यायमें, भक्तिलक्षण बारहवें अध्यायमें, ज्ञानलक्षण तेरहवें अध्यायमें, गुणातीतलक्षण चौदहवें अध्यायमें, और यहाँ भी 'अभयम्' इत्यादिसे कहा है । अब आसुर भूतसर्ग जिसका विस्तारसे प्रतिपादन मैं करता हूँ उसको तुम सुनो और सुनकर उसके त्यागका निश्चय करो । अच्छे प्रकारसे पूर्ण ज्ञात वस्तुका ही ठीक त्याग हो सकता है । पार्थ ! इस सम्बोधनसे स्वसम्बन्धसूचन द्वारा तुम उपेक्षणीय नहीं हो किन्तु अपेक्षणीय हो यह दिखलाते हैं ॥ ६ ॥

मनुष्यमें विशेषण द्वारा वर्जनीय संपत्का **'तानहं द्विषतः क्रूरान्'** इससे पूर्वपठित बारह श्लोकोंसे

असत्यमप्रतिष्ठं ते जगदाहुरनीश्वरम् ।
अपरस्परसंभूतं किमन्यत्कामहैतुकम् ॥ ८ ॥

वे (आसुरी प्रकृतिवाले) असत्य (वेदादि प्रामाण्य से सिद्ध ब्रह्मरूपत्वसे रहित, धर्माधर्मव्यवस्थापक हेतुसे रहित ईश्वरके विना ही उत्पन्न, परस्पर संयोगसे उत्पन्न कामसे अतिरिक्त कोई कारण नहीं है ऐसा जगत्को कहते हैं ॥ ८ ॥

विवृणोति—'प्रवृत्तिं चे'ति । प्रवृत्तिम्-प्रवृत्तिविषयं धर्मम्, चकारात्तत्प्रतिपादकं विधिवाक्यं च । एवं निवृत्तिम्-निवृत्तिविषयमधर्मम् , चकारात्तत्प्रतिपादकं निषेधवाक्यं च असुरस्वभावाः जना न जानन्ति । अतस्तेषु न द्विविधं शौचम् , नाप्याचारो मन्वादिभिरुक्तः । न सत्यं च-प्रिय-हित-यथार्थभाषणं विद्यते । सत्यशौचयोराचारान्तर्भावेऽपि, ब्राह्मणपरिव्राजकन्यायेन पृथगुपादानम् । अशौचाः-अनाचाराः अनृतवादिनो ह्यसुरा मायाविनः प्रसिद्धाः ॥ ७ ॥

ननु धर्माधर्मयोः प्रवृत्तिनिवृत्तिविषययोः प्रतिपादकं वेदाख्यं प्रमाणमस्ति निर्दोषम्-भगवदाज्ञारूपं सर्वलोकप्रसिद्धम् , तदुपजीवीनि च स्मृतिपुराणेतिहासादीनि सन्ति, तत्कथम्

विवरण करतेहैं —आसुरीसंपत्के ये कर्म हैं ऐसा कहनेसे विशेष्यविधया उक्त संपत्का विवरण होता, पर ऐसा न कहकर तद्युक्त पुरुषके ये कर्म हैं ऐसा कहा इससे पुरुषमें विशेषणीभूत उक्त संपत्का विवरण स्पष्ट है। ऐसा ही कहना ठीक है क्योंकि कर्म साक्षात् पुरुषोंमें ही है कर्म उक्त संपत्प्रयुक्त है, अन्यथा सर्व-पुरुषोंमें वे पाये जाते । वक्ष्यमाण चिह्नोंसे उक्त संपत्का ज्ञान होता है । प्रवृत्तिपदका धर्म विषय हैं विषयका विषयीमें लक्षणा है अतः धर्म कहा । धर्म और तत्प्रतिपादक विधिवाक्य 'यजेत स्वर्गकामः' इत्यादि । इसी प्रकार निवृत्ति विषय अधर्म चकारसे तत्प्रतिपादक निषेध वाक्य 'सुरां न पिबेत्' इत्यादि आसुर स्वभावके लोग नहीं जानते, अतः उनमें उक्त द्विविध शौच नहीं होता और न मनु आदि महर्षि प्रोक्त आचार ही रहता है न सत्य ही रहता है । सत्य यहाँ प्रिय हित यथार्थ भाषणपरक है । मुनि मनुका वचन है—

'सत्यं ब्रूयात् प्रियं ब्रूयात् न ब्रूयात्सत्यमप्रियम् ।
प्रियं च नानृतं ब्रूयात् एष धर्मः सनातनः ॥' अ. श्लो.

शौच और सत्यका आचारमें ही अन्तर्भाव है, अतः आचार निषेधसे ही उक्त दोनोंका निषेध सिद्ध है फिर विशेषरूपसे निषेध ब्राह्मणपरिव्राजकन्यायसे है । यह ब्राह्मण परिव्राजक है ऐसा कहनेपर ब्राह्मण ही ब्राह्मणका लाभ सिद्ध है पुनः उसका कथन आदरार्थ है । प्रकृतमें भी वैसा ही समझना । अशौच-शौच रहित आचारशून्य मिथ्यावादी कपटी असुर होते हैं यह प्रसिद्ध है ॥ ७ ॥

प्रवृत्तिविषय धर्म, निवृत्तिविषय अधर्म, इन दोनोंका प्रतिपादक भगवदाज्ञारूप निर्दोष वेद प्रमाण

प्रवृत्ति-निवृत्ति-तत्प्रमाणाद्यज्ञानम् ? ज्ञाने वा आज्ञोल्लङ्घिनां शासितरि भगवति सति कथम् तदननुष्ठानेन शौचाचारादिरहितत्वम् ? दुष्टानां शासितुर्भगवतोऽपि लोकवेदप्रसिद्धत्वादत आह—'**असत्यमि**'ति । सत्यम्-अबाधिततात्पर्यविषयं तत्त्वावेदकं वेदाख्यं प्रमाणम् , तदुपजीवि-पुराणादि च नास्ति यत्र, तदसत्यम् , वेदस्वरूपस्य प्रत्यक्षसिद्धत्वेऽपि तत्प्रामाण्यानभ्युपगमा-द्विशिष्टाभावः, अतएव नास्ति धर्माधर्मरूपः प्रतिष्ठा-व्यवस्था हेतुर्यस्य, तदप्रतिष्ठम् । तथा नास्ति शुभाशुभयोः कर्मणोः फलदातेश्वरो नियन्ता यस्य, तदनीश्वरम्, ते आसुरा जगदाहुः बलवत्पापप्रतिबन्धाद्वेदस्य प्रामाण्यं ते न मन्यन्ते । ततश्च तद्बोधितयोर्धर्माधर्मयोरीश्वरस्य चानङ्गीकाराद्यथेष्टाचरणेन ते पुरुषार्थभ्रष्टा इत्यर्थः । शास्त्रैकसमधिगम्यधर्माधर्मसहायेन प्रकृत्य-

---

सर्वजन प्रसिद्ध है, और वेदमूलक स्मृति, पुराण, इतिहासादि है फिर कैसे प्रवृत्ति और निवृत्ति उनके प्रमाणोंका ज्ञान आसुरोंको नहीं है ? वेदादि प्रमाणोंसे जैसे जैसे देवोंको प्रवृत्त्यादि ज्ञान होता है वैसे असुरोंको क्यों नहीं होता '**श्रुतिस्मृती ममैवाज्ञे**' इत्यादिसे वेद भगवदाज्ञारूप है इसमें विवाद नहीं । वेद अपौरुषेय है यह मीमांसक मत है, इसके अनुसार भ्रमप्रमादादि पौरुषेय दोषोंका वेदमें संभव ही नहीं, उक्त दोष पौरुषेय वाक्य ही में होते हैं शब्दमें साक्षात् कोई दोष नहीं । ईश्वर प्रणीत वेद है यह तार्किकादि मत है इस मतमें भी ईश्वर सर्वज्ञ सर्वशक्तिमान् भ्रमप्रमादादिशून्य नित्य यथार्थ ज्ञानवान् परम आप्त है, अतः उसके वाक्यमें उक्त दोषोंकी संभावना नहीं । अशक्त असर्वज्ञ पुरुषवाक्यमें ही उक्त दोष पाये जाते हैं । यदि ज्ञान है तो आज्ञाका उल्लंघन कारियोंके शासक आपके रहने पर प्रवृत्त्यादिका अनुष्ठानादि न कर शौचाचारादि आसुर कैसे हुए ? आप दुष्ट जनोंके शासक हैं यह लोक वेदसे प्रसिद्ध है । इस शंकासे कहते हैं—'**असत्यमि**' त्यादि । 'न बाधितः तात्पर्यविषयो यस्य' जिस वाक्यके तात्पर्यके विषयीभूत अर्थ बाधित न हो वह वाक्य प्रमाण है । वेद एवंभूत होनेसे प्रमाणहै यही तत्त्वावेदक है अखण्डवाक्यार्थके संग्रहके लिये तत्त्वावेदकत्वरूप प्रामाण्य माना जाता है । अथवा तार्किकादिक मतसे '**अबाधिते**'त्यादि है । मीमांसक मतसे तत्त्वावेद-कत्व है । वेद एवं वेदमूलक स्मृति पुराणादि प्रमाण नहीं है जिसमें वह असत्य है, यद्यपि शब्दात्मक वेद सर्वलोक प्रत्यक्षसे सिद्ध हैं, तथापि उसका प्रामाण्य लाभ अशक्य है वेदमें प्रामाण्य नहीं है लौकिक वाक्यके समान यह भी अप्रमाण है । प्रामाण्यविशिष्ट वेद नहीं है विशेषणीभूत प्रामाण्यके अभावसे प्रामाण्य-विशिष्ट वेदका अभाव वे मानते हैं, जैसे जहाँ पुरुष हैं किन्तु दण्ड नहीं लिये हैं वहाँ दण्डी पुरुष नहीं है यह कहा जाता है, तद्वत्प्रकृतमें भी समझना । अतएव नहीं है धर्माधर्ममें प्रतिष्ठा व्यवस्था हेतु जिसका वह अप्रतिष्ठ है, इसी प्रकार नहीं है पुण्य-पाप कर्मोंके फलदायक नियामक ईश्वर जिसमें वह अनीश्वर एवंभूत संसार है ऐसा आसुर लोग कहते हैं । बलवान् पापके प्रतिबन्धसे वेदमें प्रामाण्य वे नहीं मानते इस कारणसे वेदप्रतिपादित पुण्य-पाप तथा ईश्वर नहीं मानते । स्वेच्छाचारसे वे धर्मादि पुरुषार्थसे गिर जाते हैं ।

एतां दृष्टिमवष्टभ्य नष्टात्मानोऽल्पबुद्धयः।
प्रभवन्त्युग्रकर्माणः क्षयाय जगतोऽहिताः ॥ ९ ॥

इस नास्तिक दृष्टिका अवलम्बन कर परलोकसाधनकी बुद्धिसे रहित मन्द बुद्धिवाले हिंसक और सज्जनोंके विरोधी जगत्के विनाशके लिये उत्पन्न होते हैं ॥ ९ ॥

धिष्ठात्रा परमेश्वरेण रहितं जगदिष्यते चेत् ? कारणाभावात्कथं तदुत्पत्तिरित्याशङ्क्याह—'**अपरस्परसंभूतमि**'ति। कामप्रयुक्तयोस्त्रीपुंसयोरन्योन्यसंयोगात् संभूतं जगत् कामहैतुकम्-कामहेतुकमेव कामहैतुकम्-कामातिरिक्तकारणशून्यम्।

ननु धर्माद्यप्यस्ति कारणम्, नेत्याह—'**किमन्यदि**'ति। किमन्यत्-अन्यददृष्टं कारणम् किमस्ति। नास्त्येवेत्यर्थः। अदृष्टाङ्गीकारेऽपि क्वचिद् गत्वा स्वभावे पर्यवसानात् स्वाभाविकमेव जगद्वैचित्र्यमस्तु, दृष्टे संभवत्यदृष्टकल्पनानवकाशात्। अतः काम एव प्राणिनां कारणम्, नान्यददृष्टेश्वरादीत्याहुरिति, लौकायतिकदृष्टिरियम् ॥ ८ ॥

इयं दृष्टिः शास्त्रीयदृष्टिवदिष्टैवेत्याशङ्क्याह—'**एतां दृष्टिमि**'ति। एताम्-प्रागुक्तां लौकायतिकदृष्टिमवष्टभ्य—आलंब्य नष्टात्मानः-भ्रष्टपरलोकसाधनाः अल्पबुद्धयः-दृष्टमात्रोद्देशप्रवृत्त-

---

शास्त्रसे ही जाननेके योग्य पुण्य-पाप तथा एतत्सहकृत ईश्वर जो प्रकृतिका अधिष्ठाता है इससे रहित जगत् यदि मानते हैं तो यही जगत्का कारण है इनके विना जगद्रूप कार्य ही कैसे होगा ? क्योंकि कारणके विना कार्य नहीं होता यह सर्वसम्मत मार्ग है इस शंकासे कहते हैं—**अपरस्परसंभूतम्**। पर अपर ये दोनों शब्द अन्यार्थक हैं कामवश स्त्री पुरुषके परस्पर सम्बन्धसे उत्पन्न जो काम वही हेतु है जिसका। यह कामहेतुक जगत् है, काम ही संसारका कारण है ईश्वर नहीं, कामसे अतिरिक्त कोई कारण नहीं है,

धर्मादि कारण हैं नहीं अन्यथा जगद्वैलक्षण्य का भंग हो जायगा इससे कहते हैं—'**किमन्यत्**'।

प्रश्न—क्या अदृष्ट कारण है ?

उत्तर—नहीं कुछ नहीं, अदृष्ट मानने पर भी आगे चलकर स्वभावमें ही पर्यवसान होगा, अतः स्वाभाविक ही जगत्का वैलक्षण्य रहे दृष्ट कारणसे कार्यका सम्भव होने पर अदृष्ट कारणकी कल्पनाका अवकाश ही नहीं, अतः काम ही प्राणियोंका कारण है ईश्वरादि नहीं यह आसुर लोग कहते हैं—यह चार्वाकदर्शन है ॥ ८ ॥

यह दर्शन भी शास्त्रीय दर्शनके समान इष्ट ही है इस आशंकासे कहते हैं—'**एतामि**'ति से। पूर्वोक्त चार्वाकदर्शनका आश्रयण कर परलोकके साधनोंको छोड़कर कम समझवाले दृष्ट फलमात्रके लिये जो

काममाश्रित्य दुष्पूरं दम्भमानमदान्विताः।
मोहाद् गृहीत्वाऽसद्ग्राहान् प्रवर्तन्तेऽशुचिव्रताः ॥ १० ॥

कपट, मान और मद (गर्व) से युक्त वाममार्गी नास्तिकजन अपूरणीय कामनाओंका आश्रयण कर अविवेकके कारण अशुभ निश्चयोंको लेकर प्रवृत्त होते हैं (ऐसे लोग नरकगामी होते हैं यह अग्रिम श्लोकसे अन्वित है) ॥ १० ॥

मतयः उग्रकर्माणः-हिंस्राः अहिताः-शत्रवो जगतः-प्राणिजातस्य क्षयाय व्याघ्रसर्पादिरूपेण प्रभवन्ति-उत्पद्यन्ते । तस्मादियं दृष्टिरत्यन्ताधोगतिहेतुतया सर्वात्मना श्रेयोऽर्थिभिरवहेयै-वेत्यर्थः ॥ ९ ॥

ते च यदा केनचित्कर्मणा मनुष्ययोनिमापद्यन्ते, तदाह—'**काममि'ति** । कामम्-तत्तद्दृष्टविषयाभिलाषं दुष्पूरम्-पूरयितुमशक्यं दम्भेनाधार्मिकत्वेऽपि धार्मिकत्वख्यापनेन मानेन-अपूज्यत्वेऽपि पूज्यत्वख्यापनेन मदेन-उत्कर्षराहित्येऽप्युत्कर्षविशेषाध्यारोपेण महदवधीरणा-हेतुनाऽन्विताः असद्ग्राहान्-अशुभनिश्चयान्-अनेन मन्त्रेणेमां देवतामाराध्य कामिनीनामा-कर्षणं करिष्यामः, अनेन मन्त्रेणेमां देवतामाराध्य महानिधीन् साधयिष्याम इत्यादिदुराग्रह-रूपान् मोहात्-अविवेकात् गृहीत्वा न तु शास्त्रात् अशुचिव्रताः-अशुचीनि श्मशानादिदेशोच्छिष्ट-त्वाद्यवस्थाद्यशौचसापेक्षाणि वामागमाद्युपदिष्टानि व्रतानि येषाम्, तेऽशुचिव्रताः प्रवर्तन्ते

प्रवृत्ति उस बुद्धि वाले हिंसक होते हैं। अतएव संसारके वैरी प्राणिसमुदायके क्षयार्थ व्याघ्रसर्परूपसे उत्पन्न होते हैं। अतः यह दर्शन अत्यन्त अधोगतिका कारण होनेसे कल्याण कामुकोंसे हेय ही है यह अर्थ है ॥ ९ ॥

वे यदि किसी कर्मसे मनुष्ययोनि पाते हैं तब उनका दुराचार कहते हैं—यथेष्ट स्वेच्छानुसार पूर्वानुभूत शब्दादिविषयक काम जो पूरा करनेमें अशक्य है, वस्तुतः अधार्मिक होने पर भी दंभसे धार्मिकत्व ज्ञापनसे, मानसे वस्तुतः सत्कारके अयोग्य है फिर भी पूज्यत्व प्रख्यापनसे, मद से ।

'मदो रेतसि कस्तूर्यां गर्वे हर्षेभदानयोः'

इस मेदिनी कोशसे मद शब्द यहाँ गर्व परक है। उत्कर्ष रहित होने पर भी गर्वसे अपनेमें उत्कर्षके आरोपसे, बड़ी अवज्ञाके हेतुसे युक्त, 'योन्याशय' इस मन्त्रसे इस देवताकी उपासना करके स्त्रियोंका आकर्षण-अपने समीपमें लावेंगे, फिर इस मन्त्रसे इस देवताको सन्तुष्ट कर महानिधि बड़े द्रव्यके खजानोंको प्राप्त करेंगे, मूर्खतासे, शास्त्रोंसे नहीं इन दुराग्रहोंका ग्रहणकर श्मशानादि अपवित्र देश और अपवित्रता-सापेक्ष उच्छिष्ट रहना जो वाम मार्गमें मद्य मांसादि सेवन विहित है वे ही व्रत हैं जिनके वे अशुचिव्रत

चिन्तामपरिमेयां च प्रलयान्तामुपाश्रिताः ।
कामोपभोगपरमा एतावदिति निश्चिताः ॥ ११ ॥

जीवनपर्यन्त असीम चिन्तामें निमग्न, रूपादि विषयोंके भोगमें तत्पर, इतना (दृष्टमात्र) ही सुख है ऐसे निश्चय करनेवाले हैं ॥ ११ ॥

यत्र कुत्राऽप्यवैदिके दृष्टफले क्षुद्रदेवताराधनादाविति शेषः । एतादृशाः **'पतन्ति नरकेऽशुचौ'** इत्यग्रिमेणान्वयः ॥ १० ॥

तानेव पुनर्विशिनष्टि--**'चिन्तामपरिमेयाश्चे'ति ।** चिन्ताम्-आत्मीययोगक्षेमोपायालोचनात्मिकाम् । अपरिमेयाम्-अपरिमेयविषयत्वात् परिमातुमशक्यां प्रलयः-मरणमेवान्तो यस्याः, तां प्रलयान्तां यावज्जीवमनुवर्तमानामिति यावत् । न केवलमशुचिव्रताः प्रवर्तन्ते, किं त्वेतादृशीम् चिन्तां चोपाश्रिता इति समुच्चयार्थश्चकारः । सदानन्तचिन्तापरा अपि न कदाचित्पारलौकिकचिन्तायुताः, किं तु कामोपभोगपरमाः--काम्यन्त इति कामाः-दृष्टाः शब्दादयो विषयाः, तदुप-

---

जिस किसी अवैदिक कर्ममें प्रवृत्त होते हैं जो दृष्टफलक कर्म हैं अर्थात् जिनका फल वर्तमान जन्ममें होता है उन्हींमें प्रवृत्त होते हैं शरीरान्तरसे भोगयोग्य फलके हेतु कर्ममें नहीं ।

'क्षुद्रो दरिद्रे कृपणे निकृष्टेऽल्पनृशंसयोः'

इस हेमचन्द्र कोशके अनुसार क्षुद्र शब्द निकृष्ट परक है । निकृष्ट देवताके उपासनादि कर्ममें वे प्रवृत्त होते हैं यह शेष अर्थ है । ऐसे लोग अपवित्र मूत्र पुरीषादि युक्त नरकमें पड़ते हैं यह आगेके श्लोकसे अन्वित है ॥ १० ॥

उन्हींको फिर विशेषरूपसे कहते हैं—**'चिन्ताम्'** से । अलब्धका लाभ योग है, लब्धका परिपालन क्षेम है, अपने योगक्षेमोपायके पर्यालोचनात्मक इस सुखसाधनका कैसे लाभ होगा ? उसकी रक्षा कैसे होगी ? इत्यादि अपरिमेय-इयत्तावधारणके अयोग्य क्योंकि चिन्ताके विषय असंख्य हैं अतः तद्द्वारा चिन्ता भी असंख्य होनेसे स्पष्ट ही अपरिमेय है । प्रलय मरण है अवसान जिसका, एवं मरणान्त जब तक जीवन रहेगा तब तक चिन्ता रहेगी शरीरके अन्तके साथ चिन्ताका अन्त होगा, इस प्रकारकी चिन्ताका आश्रयण किये हुये रहते हैं । केवल अशुचिव्रत ही प्रवृत्त होते हैं इतना ही नहीं किन्तु ईदृश चिन्तासे युक्त रहते हैं । चिन्ता समुच्चयार्थ चकार है । सतत अनन्त चिन्तानिमग्न होकर कभी परलोककी चिन्ता नहीं करते । काम शब्द अभिलाषमें रूढ़ है उसका उपभोगके साथ अन्वय करना ठीक नहीं इस अभिप्रायसे 'काम्यन्ते' इस व्युत्पत्तिसे उक्त शब्दका यौगिक अर्थ शब्दादि उपभोगके योग्य विषय है ये सभी दिव्यादिव्य भेदसे दो

आशापाशशतैर्बद्धाः कामक्रोधपरायणाः ।
ईहन्ते कामभोगार्थमन्यायेनार्थसञ्चयान् ॥ १२ ॥

अनेक आशा रूप जालोंसे बंधे हुये काम और क्रोधवाले विषयभोगके लिये अन्यायसे धनके संग्रहकी चेष्टा करते हैं ॥ १२ ॥

भोग एव परमः पुरुषार्थो न धर्मादिर्येषां ते । तथा पारलौकिकमुत्तमं सुखं कुतो न कामयन्ते ? तत्राह—एतावद्-दृष्टमेव सुखं नान्यदेतच्छरीरवियोगे भोग्यं सुखमस्ति, एतत्कायातिरिक्तस्य भोक्तुरभावादिति निश्चिताः-एवं निश्चयवन्तः । तथा च बार्हस्पत्यं सूत्रम्—**'चैतन्यविशिष्टः कायः-पुरुषः, काम एवैकः पुरुषार्थः-इति च** ॥ ११ ॥

ते-ईदृशाः—**'आशापाशशतैर्बद्धाः' इति ।** अशक्योपायार्थविषयाः, अनवगतोपायार्थाः-विषया वा प्रार्थना आशाः, ता एव पाशा इव बन्धनहेतुत्वात् पाशाः, तेषां शतैः समूहैर्बद्धा इव श्रेयसः प्रच्याव्येतस्तत आकृष्य नीयमानाः कामक्रोधौ परमयनम्-आश्रयो येषाम्, ते कामक्रोध-

---

प्रकारके हैं दिव्यकी व्यावृत्तिके लिये 'दृष्ट' यह विशेषण है । तथा च दृष्ट शब्दादिविषयका सेवन ही परम सर्वोत्तम पुरुषार्थ है जिनका धर्मादि उनका पुरुषार्थ नहीं है । उत्तम पारलौकिक सुख स्वर्गकी कामना क्यों नहीं करते इस जिज्ञासासे कहते हैं—इतना ही जितना प्रत्यक्ष है वह सुख है दूसरा स्वर्गादि है ही नहीं इस शरीरके न रहने पर दूसरा भोग्य सुख है ही नहीं क्योंकि इस शरीरसे भिन्न भोक्ता नहीं है तो भोग्य सुख कहाँ ? ईदृश निश्चवान् वे हैं । ऐसा ही वृहस्पतिप्रोक्त सूत्र है—**'चैतन्यविशिष्टः कायः पुरुषः'** है **'काम एवैकः पुरुषार्थः'** इति । चैतन्यविशिष्ट शरीर ही पुरुष है, चैतन्य ज्ञानगुण है जो शरीरेन्द्रियादि समुदायसे उत्पन्न होता है जैसे अनेक द्रव्यसम्वन्धसे मादक गुण उत्पन्न होता है और द्रव्य नाशके साथ नष्ट होता है, वैसे ही प्रकृतिमें चैतन्य है । वेदान्तियोंके सम्मत चैतन्य ब्रह्म पुरुष नहीं उक्त ब्रह्म प्रमाण सिद्ध नहीं प्रत्यक्षसे अतिरिक्त प्रमाण नहीं किन्तु आभास है । काम ही एक पुरुषार्थ है मोक्षादि नहीं । अतएव—

'यावज्जीवेत्सुखं जीवेदृणं कृत्वा घृतं पिवत् । भस्मीभूतस्य देहस्य पुनरागमनं कुतः ॥'

यह उनका सिद्धान्त है । अर्थ स्पष्ट है ॥ ११ ॥

ऐसे असुर **'आशापाश इति'** से । अशक्य हैं करने योग्य उपाय साधन नहीं है जिस अर्थका तादृश अर्थ जैसे सुधालय चन्द्रमण्डलको हाथमें लेनेका कोई लौकिक उपाय साध्य नहीं, अथवा ज्ञात उपाय नहीं है जिस अर्थका तादृश अर्थ जैसे लोहेको सोना बनानेकी जड़ी ज्ञात नहीं है फिर इतने लोहेको सोना बनावे इसकी आशा-अनवगतोपायार्थविषयक आशा है यही पाशवन्धन रज्जुके समान है क्योंकि आशा भी वन्धनका हेतु है अतएव पाश है । इनके समूहसे वँधेके तुल्य कल्याण मार्गसे गिराकर इधर उधर नीयमान काम

इदमद्य मया लब्धमिमं प्राप्स्ये मनोरथम् ।
इदमस्तीदमपि मे भविष्यति पुनर्धनम् ॥ १३ ॥

उन पुरुषों के विचार ये हैं—आज मैंने इसे पाया इस मनोरथको पाऊँगा, यह मेरे पास है और फिर अधिक धन पाऊँगा ॥ १३ ॥

असौ मया हतः शत्रुर्हनिष्ये चापरानपि ।
ईश्वरोऽहमहं भोगी सिद्धोऽहं बलवान् सुखी ॥ १४ ॥

मेरे द्वारा वह शत्रु मारा गया दूसरे शत्रुओं को भी मैं मारूँगा, मैं पूर्ण सामर्थ्यवान् हूँ, भोगके साधनोंसे सम्पन्न, सहायकोंसे पूर्ण स्वयं बलवान् और नीरोग हूँ ॥ १४ ॥

परायणाः। स्त्रीव्यतिकराभिलाष-परानिष्टाभिलाषाभ्यां सदा परिगृहीता इति यावत् । ईहन्ते-कर्तुम् चेष्टन्ते कामभोगार्थम्, न तु धमर्थिम्, अन्यायेन परस्वहरणादिना अर्थसञ्चयान्-धनराशीन् । **'सञ्चयानि'**ति । बहुवचनेन धनप्राप्तावपि तत्तृष्णानुवृत्तेर्विषयप्राप्तिवर्धमानतृष्णात्वरूपो लोभः दर्शितः ॥ १२ ॥

तेषामीदृशी धनतृष्णानुवृत्तिः मनोराज्यकथनेन विवृणोति—**'इदमद्ये'**ति । इदं-धनम् , अतः-इदानीमनेनोपायेन मया लब्धम् , इदं तदन्यत् मनोरथं-मनस्तुष्टिकरं शीघ्रमेव प्राप्स्ये इदं पुरेव सञ्चितं मम गृहेऽस्ति, इदमपि बहुतरं भविष्यत्यागामिनि संवत्सरे पुनर्धनम् । एवम् धनतृष्णाकुलाः पतन्ति नरकेऽशुचावित्यग्रिमेणान्वयः ॥ १३ ॥

क्रोध परम अयन आश्रय है जिनका वे काम क्रोध तत्पर स्त्री संभोगेच्छा और पर अनर्थेच्छाओंसे सदा युक्त कामभोगार्थ नहीं अभ्याससे परकीय द्रव्यादिका छल बलादिसे हरण अन्याय है, इससे धनराशिके संचय करनेकी चेष्टा करते हैं। **'संचयान्'** इस द्वितीया बहुवचनान्तसे धन पर्याप्त होने पर भी धनतृष्णाकी अनुवृत्तिसे विषयकी प्राप्ति होनेपर भी बढ़ती हुई तृष्णारूप लोभ दिखलाया। विषयप्राप्तिसे अनिवर्त्य तृष्णा ही लोभ है ॥ १२ ॥

उन असुरोंके धनलोभकी अनुवृत्तिका मनोराज्यप्रदर्शनद्वारा विवरण करते हैं—**'इदमद्ये'**ति से। इस समय यह धन इस उपायसे मैंने पा लिया उससे भिन्न मनके सन्तोषप्रद काम शीघ्र पायेंगे यह तो पहले ही से संचित मेरे घरमें है यह धन भी अगले वर्ष बहुत बढ़ जायगा इस प्रकार धनलोभसे आकुल होकर अशुचि नरकमें पड़ते हैं इसका अगलेके साथ अन्वय है ॥ १३ ॥

आढ्योऽभिजनवानस्मि कोऽन्योऽस्ति सदृशो मया ।
यक्ष्ये दास्यामि मोदिष्य इत्यज्ञानविमोहिताः ॥ १५ ॥

धनी कुलीन मैं हूँ मेरे समान दूसरा कौन है यज्ञ करूँगा, दान करूँगा आनन्द करूँगा इस प्रकार अज्ञानसे मोहित रहते हैं ॥ १५ ॥

एवं लोभं प्रपञ्च्य, तदभिप्रायकथनेनैव तेषां क्रोधं प्रपञ्चयति—**'असौ मये'ति** । असौ-देवदत्तनामा मया हतः शत्रुः-अतिदुर्जयः । अत इदानीमनायासेन हनिष्ये च हनिष्यामि अपरान् सर्वानपि शत्रून् । न कोऽपि मत्सकाशाज्जीविष्यतीत्यपेरर्थः । चकारान्न केवलं हनिष्यामि तान् , किं तु तेषां दारधनादिकमपि ग्रहीष्यामीत्यभिप्रायः । कुतस्तवैतादृशं सामर्थ्यं त्वत्तुल्यानां त्वदधिकानाम् वा शत्रूणां संभवादित्यत आह—**'ईश्वरोऽहमि'ति** । ईश्वरोऽहं न केवलं मानुषः, येन मत्तुल्यः, अधिको वा कश्चित् स्यात् । किमेते करिष्यन्ति वराकाः, सर्वथा नास्ति मत्तुल्यः कश्चिदित्यनेनाभिप्रायेण ईश्वरत्वं विवृणोति—**'अहमि'त्यादि** । यस्मादहं भोगी-सर्वैर्भोगोपकरणैरुपेतः, सिद्धोऽहं-पुत्रभृत्यादिभिः सहायैः सम्पन्नः, स्वतोऽपि बलवान्-अत्योजस्वी सुखी-सर्वथा नीरोगः ॥ १४ ॥

ननु धनेन, कुलेन वा कश्चित्त्वत्तुल्यः स्यादित्यत आह—**'आढ्यः' इति** । आढ्यः-धनी, अभिजनवान्-कुलीनोऽप्यहमेवास्मि, अतः कोऽन्योऽस्ति सदृशो मया । न कोऽपीत्यर्थः । यागेन,

---

इस प्रकार लोभका विस्तार कर उनके अभिप्रायके कथनसे उनके क्रोधका विस्तार करते हैं—**'असौ मये'ति** । अतिश्रमसे भी जीतनेके अयोग्य इस देवदत्त नामक शत्रुको मैंने जीत लिया इस हेतु विना परिश्रम और सब शत्रुओंको मारेंगे मेरे समक्ष कोई जीने न पावेगा यह 'अपि' का अर्थ है । चकारसे केवल मारेंगे यही नहीं किन्तु उनके धन और स्त्रियोंको ले लेंगे यह अभिप्राय है । कहाँसे ऐसी शक्ति तुममें आई तुम्हारे समान कि वा तुमसे अधिक भी शत्रुओंका सम्भव है इस शंकासे कहते हैं—मैं ईश्वर हूँ न कि केवल मनुष्य ही जिससे मेरे समान वा अधिक कोई हो वे विचारे गरीव क्या करेंगे ? सब प्रकारसे मेरे सदृश कोई नहीं है, अधिक को क्या सम्भावना इससे ईश्वरत्वका विवरण करते हैं—जिससे मैं भोगवान् हूँ, सब भोग-साधन सामग्रीसे युक्त हूँ, सिद्ध हूँ, लड़के नौकर सहायकोंसे सम्पन्न हूँ अपनेसे भी बलवान् हूँ, तेजस्वी सुखी निरामय रोग रहित हूँ ॥ १४ ॥

धनसे अथवा कुलसे कोई समान होगा इससे कहते हैं—**'आढ्य इति'** से । धनी कुलीन मैं ही हूँ, कौन

अनेकचित्तविभ्रान्ता मोहजालसमावृताः ।
प्रसक्ताः कामभोगेषु पतन्ति नरकेऽशुचौ ॥ १६ ॥

चित्तके अनेक दुष्ट संकल्पसे भ्रान्त मोहरूपी जालमें फंसे हुये विषयोंके भोगमें आसक्त हुये आसुरी वृत्तिवाले अपवित्र नरकमें गिरते हैं ॥ १६ ॥

आत्मसम्भाविताः स्तब्धा धनमानमदान्विताः ।
यजन्ते नामयज्ञैस्ते दम्भेनाविधिपूर्वकम् ॥ १७ ॥

वे अपनेको अपने मनसे ही पूज्य माननेवाले, अविनीत, धनके कारणसे जो मान और उस कारणसे होनेवाला जो मद इन दोनोंसे युक्त हुये पाखण्डसे नाममात्रके यज्ञोंसे अविधिपूर्वक (शास्त्रविधिका उल्लंघन कर) यजन करते हैं ॥ १७ ॥

दानेन वा कश्चित्तुल्यः स्यादित्यत आह--'**यक्ष्ये**' **इति** । यक्ष्ये-यागेनाप्यन्यानभिभविष्यामि, दास्यामि-धनं स्तावकेभ्यः, नटादिभ्यश्च । ततश्च मोदिष्ये-मोदं हर्षं लप्स्ये नर्तक्यादिभिः सहेत्येवमज्ञानेन-अविवेकेन विमोहिताः-विविधं मोहं-भ्रमपरम्परां प्रापिताः ॥ १५ ॥

उक्तप्रकारैरनेकैश्चित्तैस्तत्तद्दुष्टसंकल्पैर्विविधं भ्रान्ताः, यतो मोहजालसमावृताः-मोहः-हिताहितवस्तुविवेकासामर्थ्यं तदेव जालम्-आवरणात्मकत्वेन बन्धहेतुत्वात्, तेन सम्यगावृताः-सर्वतो वेष्टिताः । मत्स्या इव सूत्रमयेन जालेन परवशीकृता इत्यर्थः । अत एव स्वानिष्टसाधनेष्वपि कामभोगेषु प्रसक्ताः-सर्वथा तदेकपराः प्रतिक्षणमुपचीयमानकल्मषाः पतन्ति नरके-वैतरण्यादौ-अशुचौ-विण्मूत्रश्लेष्मादिपूर्णे ॥ १६ ॥

दूसरा मेरे सदृश है कोई नहीं । यागसे अथवा दानसे कोई समान होगा ? इससे कहते हैं '**यक्ष्ये**' । यागसे दूसरोंको दवा देंगे स्तुति करने वाले नट विट आदिकोंको धन देंगे इसीसे आनन्द पावेंगे नाचनेवालोंके साथ, इस विवेकाभावसे नाना प्रकारकी भ्रान्ति परम्पराको प्राप्त होते हैं ॥ १५ ॥

इस प्रकार अनेक दूषित संकल्पशील वहु चित्तोंसे अनेक प्रकारसे भ्रान्त यतः मोहरूपीजालसे परतन्त्र, मोह इष्टानिष्टवस्तुविवेचनशक्तिशून्यत्व वही जाल है गतिरोधक होनेसे बन्धनका कारण है उससे चारों तरफसे बँधे हैं, सूतकी जालसे प्रतिरुद्ध पराधीन मत्स्य के समान परवश आसुर हैं अतएव अपने दुःखके हेतु कामभोगोंमें ही प्रवृत्त रहते हैं । पराधीन पुरुष शूलीपर भी चढ़ता ही है, सदा कामभोगोंमें तत्पर रहनेसे हर एक क्षणोंमें वढ़ते हुए पापोंसे युक्त मूत्र पुरीष कफादिसे भरे अपवित्र नरकमें पड़ते हैं ॥ १६ ॥

अहंकारं बलं दर्पं कामं क्रोधं च संश्रिताः ।
मामात्मपरदेहेषु प्रद्विषन्तोऽभ्यसूयकाः ॥ १८ ॥

वे अहङ्कार, बल, तिरस्कार, काम (अभिलाषा) और क्रोध आदिका आश्रयण करनेवाले, अपने और अन्यके शरीरमें रहनेवाले मुझसे द्वेष करते हुये गुरुजनोंके कारुण्य आदि गुणोंमें प्रतारणा (वञ्चना) दोषका आरोप करते हैं ॥ १८ ॥

ननु तेषामपि केषाञ्चिद्वैदिके कर्मणि यागदानादौ प्रवृत्तिदर्शनात्, अयुक्तं नरके पतनमिति, नेत्याह—**'आत्मसम्भाविताः'** इति। सर्वगुणविशिष्टा वयमित्यात्मनैव सम्भाविताः-पूज्यताम् प्रापिताः । न तु साधुभिः कैश्चित् । स्तब्धाः-अनम्राः । यतो धन-मान-मदान्विताः धननिमित्तः-यो मान आत्मनि पूज्यत्वातिशयाध्यासः, तन्निमित्तश्च यो मदः परस्मिन् गुर्वादावप्यपूज्यत्वाभिमानः, ताभ्यामन्वितास्ते नामयज्ञैः-नाममात्रैर्यज्ञैर्न तात्त्विकैः, दीक्षितः सोमयाजीत्यादिनाममात्रसंपादकैर्वा, यज्ञैरविधिपूर्वकम्-विहिताङ्गेतिकर्तव्यतारहितैर्दम्भेन धर्मध्वजितया, न तु श्रद्धया यजन्ते । अतस्तत्फलभाजो न भवन्तीत्यर्थः ॥ १७ ॥

यक्ष्ये दास्यामीत्यादिसंकल्पेन दम्भाहङ्कारादिप्रधानेन प्रवृत्तानामासुराणां बहिरङ्ग-

---

उनमें भी किसीकी वैदिक यागदानमें प्रवृत्ति पायी जाती है तो यह कहना ठीक नहीं कि उनका नरकमें पतन होता है, यदि यह कहें तो उसका उत्तर कहते हैं—**'नेत्यादि'** से । हमलोग सर्वगुणोंसे युक्त हैं इस प्रकार अपनेसे ही अन्य सज्जनोंसे नहीं अपनेको पूज्य माने हैं अतएव अविनीत यतः धनमान और मदसे मत्त धनहेतुक जो मान अपनेमें पूज्यत्वातिशयका आरोप तन्निबन्धन जो मद अन्य गुरुजनादिमें अपूज्यत्वाभिमान इन दोनोंसे विशिष्ट वे नामयज्ञ नाममात्र है, दर्शपौर्णमास यज्ञ है, सोमयज्ञ है, यह नाममात्र ही है वास्तविक उक्त याग नहीं, उसमें दीक्षित अथवा सोमयाजी है यह कहलानेके लिये तत्फलप्राप्तिके लिये नहीं क्योंकि उनका इनमें विश्वास ही नहीं है अतएव अविधिपुरस्सर जैसे शास्त्रसे तत्तद् यागोंमें अङ्ग-इतिकर्त्तव्यता आदिका विधान है वैसे अङ्गादिकोंसे शून्य केवल दम्भसे धर्मध्वजिभावसे अश्रद्धासे यज्ञ नहीं करते इसीसे तत्फलभागी नहीं होते यह अर्थ है । **'अश्रद्धया हुतं दत्तम्'** इत्यादि वचनसे श्रद्धारहित पुरुष सविधि कर्मानुष्ठान करने पर भी तत्फलभागी नहीं होता क्योंकि उस कृतको अकृत ही शास्त्र कहता है । जब स्वरूपसे ही अकृत हुआ तब फलाशा दूर ही रहती है केवल श्रद्धा वैगुण्यसे फलाभाव जाना जाता है तो अङ्गादि वैकल्य और श्रद्धा वैकल्य दोनों रहने पर फलाभाव कैमुतिकन्याय सिद्ध है ॥ १७ ॥

'यक्ष्ये दास्यामि' यज्ञ करेंगे, दान करेंगे इत्यादि संकल्पसे दम्भ अहङ्कार की प्रधानता से प्रवृत्त

साधनमपि यागदानादिकं कर्म न सिध्यति, अन्तरङ्गसाधनं तु ज्ञान-वैराग्य-भगवद्भजनादि तेषां दूरापास्तमेवेत्याह—'**अहङ्कारमि**'ति । अहमभिमानरूपो योऽहङ्कारः, स सर्वसाधारणः । एतैस्त्वारोपितैर्गुणैरात्मनो महत्त्वाभिमानम्-अहङ्कारं तथा बलम्-परपरिभवनिमित्तं शरीरगतसामर्थ्यविशेषम्, दर्पम्-परावधीरणारूपं गुरुनृपाद्यतिक्रमकारणम् चित्तदोषविशेषम् , कामम्-इष्टविषयाभिलाषम्, क्रोधम्-अनिष्टविषयद्वेषम्, चकारात्पर-गुणासहिष्णुत्वरूपं मात्सर्यम् । एवमन्यांश्च महतो दोषान् संश्रिताः । एतादृशा अपि पतितास्तव भक्त्या पूताः सन्तो नरके न पतिष्यन्तीति चेत् ? नेत्याह—'**मामि**'ति । माम्-ईश्वरं भगवन्तमात्मपरदेहेषु-आत्मनां तेषामासुराणां, परेषां च तत्पुत्रभार्यादीनां देहेषु प्रेमास्पदेषु तत्तद्बुद्धिकर्मसाक्षितया सन्तमतिप्रेमास्पदमपि दुर्दैवपरिपाकात्प्रद्विषन्त ईश्वरस्य मम शासनम्-श्रुतिस्मृतिरूपं तदुक्तार्थानुष्ठानपराङ्मुखतया तदतिवर्तनं मे प्रद्वेषः, तं कुर्वन्तः । नृपाद्याज्ञालङ्घनमेव हि तत्प्रद्वेष इति प्रसिद्धं लोके । ननु गुर्वादयः कथं तान्नानुशासति ? तत्राऽऽह—'**अभ्यसूयकाः**' इति । अभ्यसूयकाः-गुर्वादीनां वैदिकमार्गस्थानां कारुण्यादिगुणेषु प्रतारणादिदोषारोपकाः । अतस्ते सर्वसाधनशून्या नरक एव पतन्तीत्यर्थः ।

असुरोंका बहिरङ्ग ज्ञानसाधन याग दानादि कर्म नहीं सिद्ध होता है तो अन्तरङ्गसाधन ज्ञान वैराग्य और भगवद्भजन आदि दूर हीसे निवृत्त हैं यह कहते हैं—'**अहङ्कारमि'ति** से । मैं हूँ यह अभिमानरूप अहङ्कार सबको है अतः सर्वसाधारण है इनसे आरोपित गुणोंसे अपनेमें महत्व (बड़प्पन) का अभिमान अहङ्कार है । तथा बल-दूसरेके तिरस्कार करनेका हेतु शरीरवृत्ति शक्तिविशेष, दर्प-दूसरेका अवज्ञानरूप, गुरुदेव, राजा आदिका अतिक्रम करनेका कारण चित्तदोषविशेष, काम-ईप्सित विषयका अभिलाष, क्रोध-अनिष्ट विषयमें द्वेष प्रसिद्ध ही है, च से दूसरेके गुणोंकी असहिष्णतारूप मात्सर्य, इसी प्रकार अन्य बड़े दोषोंका आश्रय । ऐसे भी पतित आपकी भक्तिसे पवित्र होकर नरकमें न पड़ेंगे किन्तु अवश्य पड़ेंगे इसमें कारण कहते हैं—मुझ भगवान्को अपने असुरोंके देहमें पराये उनके प्रेमाश्रय पुत्रदारादि देहोंमें तत्तद्ज्ञानकर्म साक्षिरूपसे वर्तमान अति प्रेमाश्रयका दुर्भाग्यवश द्वेष करते हुए मुझ ईश्वरका श्रुतिस्मृतिरूप जो शासन तदुक्तार्थके अनुष्ठान बहिर्मुख होनेसे श्रुत्याद्युक्त अर्थका उल्लंघन ही मेरा प्रद्वेष है उसको कहते हैं—**राजाज्ञाका उल्लंघन राजाके साथ द्वेष है वह असहयोग सत्याग्रहादि शब्दसे लोकमें प्रसिद्ध है ।**

प्रश्न—गुरुदेवादि उनको क्यों नहीं उपदेश देते ?

उत्तर कहते हैं-'**अभ्यसूकाः इति**' से । वे वैदिक मार्गके परिशीलनशील गुरुजनोंके अभ्यसूयक होते हैं । उनके दयादि गुणोंमें परवञ्चनादि दोषोंका आरोप करते हैं, अतः वे सब साधनोंसे रिक्त (असहाय) नरकमें ही पड़ते हैं यह अर्थ है ।

मामात्मपरदेहेष्वित्यस्यापरा व्याख्या—स्वदेहेषु, परदेहेषु च चिदंशेन स्थितं माम् प्रद्विषन्तो यजन्ते। दम्भयज्ञेषु श्रद्धाया अभावाद्दीक्षादिनाऽऽत्मनो वृथैव पीडा भवति। तथा पश्वादीनामप्यविधिना हिंसया चैतन्यद्रोहमात्रमवशिष्यत इति।

अपरा व्याख्या—आत्मदेहे जीवानाविष्टे भगवल्लीलाविग्रहे वासुदेवादिसमाख्ये मनुष्यत्वादिभ्रमान्मां प्रद्विषन्तः। तथा परदेहेषु-भक्तदेहेषु प्रह्लादादिसमाख्येषु सर्वदाऽऽविर्भूतम् मां प्रद्विषन्त इति योजना। उक्तं हि नवमे—

"अवजानन्ति मां मूढा मानुषीं तनुमाश्रितम्।
परं भावमजानन्तो मम भूतमहेश्वरम्॥
मोघाशा मोघकर्माणो मोघज्ञाना विचेतसः।
राक्षसीमासुरीं चैव प्रकृतिं मोहिनीं श्रिताः॥" इति।

"अव्यक्तं व्यक्तिमापन्नं मन्यन्ते मामबुद्धयः" इति चान्यत्र, तथा च भजनीये द्वेषान्न भक्त्या पूतता तेषां संभवतीत्यर्थः॥ १८॥

'मामात्मे'त्यादिकी दूसरी व्याख्या करते हैं—अपना शरीर तथा अन्यके शरीरमें चिदंशसे स्थित मेरा द्वेष करते हुए याग करते हैं, क्योंकि दम्भयज्ञमें श्रद्धा तो रहती ही नहीं आत्मामें व्यर्थ दुःख होता हैं, तथा पशुयागमें अविधि पशुहिंसासे चैतन्यके साथ द्रोह करना ही हाथमें रहेगा।

'यज्ञार्थे पशवः सृष्टाः स्वयमेव स्वयम्भुवा।' से पशुसृष्टिका मनु भगवान्‌ने प्रयोजन कह कर हिंसासे प्रत्यवाय होगा इस तटस्थ शंकाका उत्तर दिया है। **'तस्माद् यज्ञे वधोऽवधः'** से। इस वचनसे स्पष्ट है कि यागमें सविधि हिंसामें दोष नहीं किन्तु अविधि हिंसामें 'न हिंस्यात्' इत्यादि श्रुत्यतिक्रम प्रयुक्त दोष अवश्य है।

अन्य [दूसरी] व्याख्या-आत्मदेह जीवानाश्रित किन्तु ईश्वराश्रित वासुदेव नामक भगवान्‌के लीलादेहमें मनुष्यत्वादि भ्रान्तिसे मेरा प्रद्वेष करते हैं, तथा पर देह मद्भक्त प्रह्लादादिकोंमें सर्वदा आविर्भूत अभिव्यक्त मुझसे द्वेष करते हैं यह योजना समझना। नवम अध्यायमें कहा है—**'अवजानन्ति मां मूढा मानुषीं तनुमाश्रितम्।'** इत्यादि ऊपर देखिये। **अव्यक्तमित्यादि** भी अन्यत्र है। तथा च उक्त शंकाका उत्तर यह है कि भजनीय आराध्य भगवान्‌के द्वेषसे उनमें भक्तिसे पवित्रता ही नहीं वास्तविक भक्ति ही नहीं तो तज्जन्य पूतताकी उनमें क्या सम्भावना ?॥ १८॥

तानहं द्विषतः क्रूरान् संसारेषु नराधमान् ।
क्षिपाम्यजस्रमशुभानासुरीष्वेव योनिषु ॥ १९ ॥

मैं उन सन्मार्गविरोधियों और मुझसे तथा साधुजनोंसे द्वेष करनेवाले क्रुर नराधमोंको बारंबार नरक जानेके मार्ग मैं (संसारमें) गिराता हूँ। यहांसे नरक भोग करनेके बाद सूकर आदि आसुरी योनियों में उन्हें गिराता हूँ ॥ १९ ॥

तेषां त्वत्कृपया कदाचिन्निस्तारः स्यादिति, नेन्याह—'तानि'ति । तान्-सन्मार्गप्रतिपक्षभूतान्द्विषतः-साधून् मां च क्रूरान् हिंसापरानतो नराधमान्-अतिनिन्दितान्, अजस्रम्-संततमशुभान्-अशुभकर्मकारिणोऽहं सर्वकर्मफलदातेश्वरः संसारेष्वेव नरकसंसरणमार्गेषु क्षिपामि-पातयामि । नरकगताश्चाऽऽसुरीष्वेव-अतिक्रूरासु व्याघ्रसर्पादियोनिषु तत्तत्कर्मवासनानुसारेण क्षिपामीत्यनुषज्यते । एतादृशेषु द्रोहिषु नास्ति ममेश्वरस्य कृपेत्यर्थः । तथा च श्रुतिः—'तद्य इह कपूयचरणा अभ्याशो ह यत्ते कपूयां योनिमापद्येरन्-श्वयोनिं वा, सूकरयोनिं वा चण्डालयोनिं वा' छा० ५-१०-७ इति । कपूयचरणाः-कुत्सितकर्माणोऽभ्याशो ह-शीघ्रमेव कपूयाम्-कुत्सितां योनिमापद्यन्त इति श्रुतेरर्थः । अत एव पूर्वपूर्वकर्मानुसारित्वान्नेश्वरस्य

आपकी कृपासे कभी उनका उद्धार नहीं होगा यह कहते हैं—**'तानिति'** से । उन सन्मार्ग विरोधी साधुओंके ओर मेरे द्वेषी क्रूरोंको जो हिंसा तत्पर अत एव मनुष्यों में अधम (नीच) तथा अतिनिन्दित हैं उन अशुभ कर्मकारियों को सब कर्मों का फलदाता मैं ईश्वर संसारमें ही जो नरकमें जानेकी राह है उसमें डालता हूँ । पाप कर्म संसारमें ही होता है अतः संसार नरक जानेकी राह है । यहाँ उत्पन्न होकर पाप करनेसे नरकमें पड़ते हैं । नरक भोगनेके बाद अतिक्रूर हिंसक आसुरी सर्प व्याघ्र आदि योनिमें तत्तद्वासनाके अनुसार डालता हूँ । 'क्षिपामि' का यहाँ सम्वन्ध है । ऐसे द्रोहियोंमें मुझ ईश्वरकी कृपा नहीं है । वासनानुसार योनि मिलती है इसमें श्रुति प्रमाण है, तथापि—'तद्य इह कपूयचरणा अभ्याशो ह यत्ते कपूयाम् योनिमापद्येरन् श्वयोनिं वा सूकरयोनिं वा चाण्डालयोनिं वा' इति ।

'कपूयकुत्सितावद्यखेटगर्ह्याणकाः समाः'

इस अमरकोशसे कपूय कुत्सितका वाची है, चरण शब्द आचरणपरक है। कुत्सित अर्थ है, 'अभ्याशो ह' का शीघ्र ही अर्थ है, तथा च कुत्सिताचारवान् शीघ्र ही कुत्सित योनि 'कुत्ता' की योनि सूकर की योनि किम्वा चाण्डाल की योनि पाते हैं यह श्रुतिका अर्थ है। पूर्व पूर्व कर्मके अनुसार उत्तम मध्यम निकृष्ट योनि मिलती है, अतः ईश्वरमें वैषम्य नैर्घृण्य दोष नहीं आता ऐसा ही वेदान्त सूत्र है—

वैषम्यम् , नैर्घृण्यं वा । तथा च पारमर्षं सूत्रं "वैषम्यनैर्घृण्ये न सापेक्षत्वात्तथा हि दर्शयति" २-१-३४ इति । एवं च पापकर्माण्येव तेषां कारयति भगवान् , तेषु तद्बीजसत्त्वात् । कारुणिकत्वेऽपि तानि न नाशयति, तन्नाशकपुण्योपचयाभावात् , पुण्योपचयं न कारयति, तेषामयोग्यत्वात् ! न हीश्वरः पाषाणेषु यवाङ्कुरान् करोति । ईश्वरत्वादयोग्यस्यापि योग्यताम् संपादयितुं शक्नोतीति चेत् ? शक्नोत्येव सत्यसंकल्पत्वात्, यदि संकल्पयेत्, न तु संकल्पयति, आज्ञालङ्घिषु स्वभक्तद्रोहिषु दुरात्मस्वप्रसन्नत्वात् । अत एव श्रूयते—"एष उ ह्येव साधु कर्म कारयति तं यमुन्निनीषते. एष उ एवासाधु कर्म कारयति तम्, यमधो निनीषते" कौ० ब्रा० ३-९ इति । येषु प्रसादकारणमस्त्याज्ञापालनादि । तेषु प्रसीदति । येषु तु तद्वैपरीत्यम् , तेषु न प्रसीदति, सति कारणे कार्यम् , कारणाभावे कार्याभाव इति, किमत्र वैषम्यम् । "परात्तु तच्छ्रुतेः" २-३-४३ इति न्यायाच्च । अन्ततो गत्वा किंचिद्वैषम्यापादने महामायत्वाददोषः ।। १९ ।।

'वैषम्यनैर्घृण्ये न सापेक्षत्वात्तथा हि दर्शयति' इति । तथा च पूर्व कर्मकी वासना ही उनसे पाप कर्म कराती है क्योंकि उनमें बीजरूपसे वह है भगवान् कारुणिक दयावान् हैं, फिर भी वीज रूपसे उनमें उत्थित वासनाओंको नष्ट नहीं करते ।

प्रश्न—क्यों ?

उत्तर—उनका नाशक पुण्य कर्म ही है यह उनमें नहीं है, पुण्य सञ्चय उनसे नहीं कराते कारण वे अयोग्य हैं। ईश्वर पाषाण (पत्थर) से यवका अंकुर नहीं कराते क्योंकि वह उसमें अयोग्य है। ईश्वरमें भी योग्यताको उत्पत्ति कर सकते हैं अत एव—

'मूकं करोति वाचालं पङ्गुं लङ्घयते गिरिम् ।'

इत्यादि वचन संगत होते हैं, ईश्वर सत्य संकल्प हैं, अतः कर सकते हैं इसमें सन्देह नहीं परन्तु ईश्वर ऐसा संकल्प ही नहीं करते हैं इसमें हेतु है आज्ञातिक्रमकारित्व निजभक्तद्रोहित्व दुरात्मत्वविशिष्टमें प्रसन्नत्वाभाव, अत एव श्रुति है—'एष उ ह्येव साधु कर्म कारयति यमुन्निनीषते, एष उ एवासाधु कर्म कारयति यमधो निनीषत' इति । जिनमें प्रसन्नता का कारण आज्ञाका पालनादि है उनमें प्रसन्न होते हैं, जिनमें अप्रसन्नताका उक्त कारण है उनमें नहीं प्रसन्न होते, कारण रहने पर कार्य होता है कारणके अभावसे कार्यका अभाव रहता है इसमें क्या वैषम्य है ? 'परातु तच्छ्रुतेः' इस न्यायसे भी वैषम्य नहीं है। आखिर कुछ वैषम्य की आपत्ति करने पर भी महामायी ईश्वर में कुछ दोष नहीं । दोषादि सब मिथ्या है मायावश कोई वैषम्यादिका आपादान करता है ।। १९ ।।

आसुरीं योनिमापन्ना मूढा जन्मनि जन्मनि ।
मामप्राप्यैव कौन्तेय ! ततो यान्त्यधमां गतिम् ॥ २० ॥

हे कौन्तेय ! जन्म जन्मान्तरमें आसुरी योनिको प्राप्त हुये मूढ जन मुझको बिना प्राप्त किये ही उत्तरोत्तर निकृष्ट योनियों में जाते हैं ॥ २० ॥

ननु तेषामपि क्रमेण बहूनां जन्मनामन्ते श्रेयो भविष्यति, नेत्याह--**'आसुरीमि'**ति । ये कदाचिदासुरीं योनिमापन्नाः, ते जन्मनि जन्मनि-प्रतिजन्म मूढाः-तमोबहुलत्वेनाविवेकिनः, ततः-तस्मादपि यान्त्यधमां गतिम्-निकृष्टतमां गतिम् । 'मामप्राप्ये'ति न मत्प्राप्तौ काचिदाशङ्काऽप्यस्ति । अतो मदुपदिष्टं वेदमार्गमप्राप्येत्यर्थः । एवकारस्तिर्यक्स्थावरादिषु वेदमार्गप्राप्तिस्वरूपायोग्यतां दर्शयति । तेनात्यन्ततमोबहुलत्वेन वेदमार्गप्राप्तिस्वरूपायोग्या भूत्वा पूर्वपूर्वनिकृष्टयोनितो निकृष्टतमामधमां योनिमुत्तरोत्तरं गच्छन्तीत्यर्थः । हे कौन्तेय ! इति निजसंबन्धकथनेन त्वमितो निस्तीर्ण इति सूचयति । यस्मादेकदाऽऽसुरीं योनिमापन्नानामुत्तरोत्तरं निकृष्टतरनिकृष्टतमयोनिलाभः, न तु तत्प्रतीकारसामर्थ्यमत्यन्ततमोबहुलत्वात् , तस्माद्यावन्मनुष्यदेहलाभोऽस्ति, तावन्महताऽपि प्रयत्नेनाऽऽसुर्याः संपदः परमकष्टतमायाः परिहाराय त्वरयैव यथाशक्ति दैवी संपदनुष्ठेया श्रेयोऽर्थिभिः ।

उनका भी बहुत जन्मके अनन्तर क्रमसे कल्याण होगा, नहीं होगा जो कभी आसुरी योनि पा गये हैं वे जन्म जन्ममें तमोगुणी होनेसे अविवेकी उससे भी अधिक अधोगति पाते हैं । मुझको न पाकर मेरी प्राप्तिमें तो शंका ही नहीं क्योंकि मत्प्राप्तिके अन्तरङ्ग वहिरङ्ग कोई साधन उनमें नहीं है प्रत्युत प्रतिकूल साधन सम्पन्न है अतः 'मामप्राप्य' का 'मुझसे उपदिष्ट वेदमार्ग न पाकर' यह अर्थ है । एवकारसे निरर्थक स्थावरादिमें वेदमार्गस्वरूप योग्यत्वाभाव दिखलाते हैं, इससे अत्यधिक तमोगुणी होनेसे वेदमार्ग प्राप्तिके स्वरूपयोग्य न होकर पूर्व पूर्व अधम योनिसे भी अत्यधिक अधमयोनि आगे पाते हैं । हे कौन्तेय ! इस सम्वोधनसे स्वसम्वन्ध सूचनद्वारा तुम इससे पार हो यह सूचन करते हैं । एक समय आसुरीयोनि प्राप्तोंको आगे निकृष्ट (खराबसे खराब) योनिका लाभ होता है; आगेकी अतिनिकृष्टयोनिके परिहार करनेकी शक्ति पूर्व निकृष्टयोनि प्राप्तमें नहीं क्योंकि अत्यन्ततमोगुणविशिष्ट निकृष्टयोनि प्राप्त है । वेदादि प्रामाण्य उनको इष्ट नहीं यह पूर्वमें कह चुके हैं, अतः जबतक मनुष्यशरीर है तबतक बड़े श्रमसे कष्टकर आसुरी सम्पत्के परिहार करनेके लिये अतिशीघ्र दैवीं संपत्का अनुष्ठान कल्याण कामुकोंको करना चाहिये ।

त्रिविधं नरकस्येदं द्वारं नाशनमात्मनः ।
कामः क्रोधस्तथा लोभस्तस्मादेतत्त्रयं त्यजेत् ॥ २१ ॥

काम, क्रोध और लोभ ये तीनों नरकप्राप्तिके तीन प्रकारके साधन और आत्माके नाश करनेवाले अर्थात् अधम योनि प्राप्त करानेवाले हैं इसलिये इन तीनोंका त्याग करना चाहिये ॥ २१ ॥

अन्यथा तिर्यगादिदेहप्राप्तौ साधनानुष्ठानायोग्यत्वान्न कदाऽपि निस्तारोऽस्तीति, महत्संकटमापद्येतेति समुदायार्थः । तदुक्तम्——

"इहैव नरकव्याधेश्चिकित्सां न करोति यः ।
गत्वा निरौषधं स्थानं सरुजः किं करिष्यति ॥" इति ॥ २० ॥

नन्वासुरी सम्पदनन्तभेदवती कथं पुरुषायुषेणापि परिहर्तुं शक्येतेत्याशङ्क्य, तां संक्षिप्याऽऽह——'त्रिविधमि'ति । इदं त्रिविधम्-त्रिप्रकारं नरकस्य प्राप्तौ द्वारम्-साधनं सर्वस्याः आसुर्याः संपदो मूलभूतमात्मनो नाशनम्-सर्वपुरुषार्थायोग्यतासंपादनेनात्यन्ताधमयोनिप्रापकम् । किं तदित्यत आह——'**कामः क्रोधस्तथा लोभः**' इति । प्राग्व्याख्यातम् । यस्मादेतत् त्रयमेव

अन्यथा पशुपक्ष्यादि शरीर मिलनेपर वह किसी भी शुभ करने योग्य न होनेसे कभी उद्धार न होगा इस प्रकार बड़ा संकट उपस्थित होगा यह समुदायका अर्थ है । यही कहा है—

'इहैव नरकव्याधेश्चिकित्सां न करोति यः ।
गत्वा निरौषधं स्थानं सरुजः 'किं करिष्यति ? ॥' इति ॥ २० ॥

आसुरी संपत्का भेद असंख्य है अपनी आयु भरमें भी पुरुष कैसे परिहार कर सकता है ? इयत्ताका निश्चय हो तो सम्भव था कि कोई पुण्यवान् पुरुष यदि उक्त संपत् स्वल्पभेदवाली होती तो यत्न करने पर परिहार कर सकता किन्तु यदि अनन्त रहें तो अनेक जन्ममें भी परिहार न होगा पुरुषकी आयु तो अति-स्वल्प है इस आशंकासे उसका संक्षेपकर कहते हैं—ये तीन नरक प्राप्तिमें द्वार हैं—प्रथम द्वारमें प्रवेश होता तदनन्तर गृहमें गृहप्रवेशमें द्वार कारण है सब आसुरीसंपत्के ये ही मूल जड़ हैं आत्माके नाशक,

प्रश्न—आत्मा नित्य हैं उसका नाश कैसे होगा ?

उत्तर—ठीक है सब पुरुषार्थकी अयोग्यता सम्पादनदारा अत्यन्त अधमयोनिका प्रापक है यह भावार्थ है । वे तीन कौन है ? काम, क्रोध और लोभ इनका व्याख्यान पूर्वमें हो चुका है । जिस हेतुसे ये तीन ही सब दुःखके निदान हैं अतः इन तीनोंका त्याग करना, इन तीनोंके त्यागसे आसुरीसंपत्का त्याग सिद्ध होता है । इन तीनोंका त्याग इस प्रकार करना—उत्पन्न कामादिका विवेकसे, यद्यपि कामादि उत्पन्न हुए तथापि

एतैर्विमुक्तः कौन्तेय ! तमोद्वारैस्त्रिभिर्नरः ।
आचरत्यात्मनः श्रेयस्ततो याति परां गतिम् ॥ २२ ॥

हे कौन्तेय ! इन तीन नरकसाधनोंसे छूटा हुआ मनुष्य अपने कल्याणके लिये आचरण करता है इसके बाद परम गति अर्थात् मोक्षको प्राप्त करता है ॥ २२ ॥

यः शास्त्रविधिमुत्सृज्य वर्तते कामकारतः ।
न स सिद्धिमवाप्नोति न सुखं न परां गतिम् ॥ २३ ॥

जो मनुष्य शास्त्रविधिका त्याग कर अपनी इच्छामात्रसे विधि और निषेधका आचरण करता है वह न चित्तकी शुद्धि न ऐहिक सुख और न स्वर्ग या मोक्ष ही प्राप्त करता है ॥ २३ ॥

सर्वानर्थमूलम् , तस्मादेतत्त्रयं त्यजेत् । एतत्त्रयत्यागेनैव सर्वाऽप्यासुरी संपत् त्यक्ता भवति । एतत्त्रयत्यागश्चोत्पन्नस्य विवेकेन कार्यप्रतिबन्धः, ततः परं चानुत्पत्तिरिति द्रष्टव्यम् ॥ २१ ॥

एतत्त्रयं त्यजतः किं स्यादिति ? तत्राऽऽह—'**एतैरि**'ति । एतैः-कामक्रोधलोभैस्त्रिभिः तमोद्वारैः-नरकसाधनैर्विमुक्तः-विरहितः पुरुष आचरत्यात्मनः श्रेयः-यद्धितं वेदबोधितम् हे कौन्तेय ! पूर्वं हि कामादिप्रतिबद्धः श्रेयो नाऽऽचरति, येन पुरुषार्थः सिध्येत् । अश्रेयश्च आचरति येन निरयपातः स्यात्, अधुना तत्प्रतिबन्धरहितः सन्नश्रेयो नाऽऽचरति, श्रेयश्च आचरति, तत ऐहिकं सुखमनुभूय, सम्यग्धीद्वारा याति परां गतिम्-मोक्षम् ॥ २२ ॥

यस्मादश्रेयोनाचरणस्य, श्रेय आचरणस्य च शास्त्रमेव निमित्तम् , तयोः शास्त्रैकगम्यत्वात्, तस्मात्—'**यः शास्त्रविधिमि**'ति । शिष्यते-अनुशिष्यतेऽपूर्वोऽर्थो बोध्यतेऽनेनेति शास्त्रम्-

---

यावत् तत्कार्य नहीं होता तावदुत्पन्न भी अनुत्पन्न सा ही रहता है और कामादि कार्य द्वारा अनर्थहेतु है स्वरूपसे नहीं, इस तात्पर्यसे कहते हैं—उत्पन्न कामादिके कार्योंको विवेकसे रोकना ही कामादिका रोकना त्याग है, अनुत्पन्नकी उत्पत्तिका अभाव अनुत्पत्ति है यही त्याग समझना ॥ २१ ॥

इन तीनोंके त्यागीको क्या होगा ? यह कहते हैं—काम, क्रोध, लोभ इन तीनों नरकसाधन तमोद्वारोंसे रहित अपने कल्याणका आचरण करता है, जो कि हित वेदविहित है । हे कौन्तेय ! पहले कामादिसे प्रतिरुद्ध पुरुष कल्याण कर्म नहीं करता जिससे पुरुषार्थ सिद्ध हो, पाप करता है जिससे नरकपात होता है । इस समय उक्त प्रतिबन्धसे रहित कल्याण कर्म करता है पाप कर्म नहीं अतः इस लोकके सुखका अनुभव कर समीचीन ज्ञान द्वारा उत्तम गति (मोक्ष) पाता है ॥ २२ ॥

यतः पापके अनाचरण और पुण्यके आचरणका शास्त्र ही निमित्त है क्योंकि पुण्य पाप शास्त्रैकवेद्य है।

तस्माच्छास्त्रं प्रमाणं ते कार्याकार्यव्यवस्थितौ ।
ज्ञात्वा शास्त्रविधानोक्तं कर्म कर्तुमिहार्हसि ॥ २४ ॥

इति श्रीमद्भगवद्गीतासूपनिषत्सु ब्रह्मविद्यायां योगशास्त्रे श्रीकृष्णार्जुनसंवादे
दैवासुरसंपद्विभागयोगो नाम षोडशोऽध्यायः ॥ १६ ॥

इसलिये कर्तव्य और अकर्तव्यके विषयमें तुम्हारे लिये शास्त्र ही प्रमाण है, अतः संसारमें शास्त्रीय वचनोंसे कहे गये कर्मको जानकर तुम कर्म करनेके योग्य हो ॥ २४ ॥

सोलहवाँ अध्याय समाप्त ।

वेदः, तदुपजीवि स्मृतिपुराणादि च, तत्संबन्धी विधिः-लिङादिशब्दः 'कुर्यात्, न कुर्यादि'त्येवम् प्रवर्तना-निवर्तनात्मकः कर्तव्याकर्तव्यज्ञानहेतुर्विधिनिषेधाख्यः, तं शास्त्रविधिम्, विधिनिषेधातिरिक्तमपि ब्रह्मप्रतिपादकं शास्त्रमस्तीति सूचयितुं विधिशब्दः । उत्सृज्य-अश्रद्धया परित्यज्य कामकारतः स्वेच्छामात्रेण वर्तते, विहितमपि नाऽऽचरति, निषिद्धमप्याचरति यः, स सिद्धिम् पुरुषार्थप्राप्तियोग्यतामन्तःकरणशुद्धिं कर्माणि कुर्वन्नपि नाऽऽप्नोति, न सुखम्-ऐहिकम्; नापि पराम्-प्रकृष्टां गतिम् स्वर्गम्, मोक्षं वा ॥ २३ ॥

प्रमाणान्तरके ये विषय नहीं हैं, अत एव इनका नाम अदृष्ट है। 'शास्त्र' शब्द यहाँ वेदपरक हैं, इस अर्थको स्पष्ट करनेके लिये 'शिष्यते' इत्यादि व्युत्पत्तिका प्रदर्शन है। अपूर्व यह कथन अज्ञातज्ञापकत्वरूप प्रामाण्यके रक्षार्थ और स्मृत्यादिके व्यावृत्त्यर्थ है। स्मृत्यादि वेदज्ञातार्थज्ञापक होनेसे प्रकृत शास्त्र शब्दार्थ नहीं है तब स्मार्त अर्थानुष्ठान कैसे प्रामाणिक समझा जायगा ? अतस्तदुपजीवि कहा। वेद भी विधि-मन्त्र-नामधेय-निषेध-अर्थवाद भेदसे। सब साक्षाद्धर्मादि में प्रमाण नहीं इसलिये विधिनिषेधवाक्य **'कुर्यान्न कुर्यात्'** इत्यादि प्रवर्तना निवर्तनात्मक वेद साक्षाद्धर्मादि प्रमा, मन्त्रादि तद्द्वारा स्मृत्यादि तन्मूलकत्वेन उक्तमें प्रमाण है यह विवेक है। तथा च कर्तव्याकर्तव्य बोधक विधिनिषेधात्मक शास्त्र है। विधिनिषेधात्मक शास्त्रसे अतिरिक्त भी ब्रह्म प्रतिपादक शास्त्र है, इसके सूचनार्थं विधिशब्द है। अश्रद्धासे शास्त्रविधिका त्याग कर अपनी इच्छासे विहित नहीं करता अविहित भी करता है, वह कर्म करता हुआ भी मोक्षप्राप्ति योग्य अन्तःकरण शुद्धिको नहीं पाता है। ऐहिक सुख न परगति स्वर्ग या (मोक्ष) पाता है ॥ २३ ॥

यस्मादेवम्—'तस्मादि'ति । यस्माच्छास्त्रविमुखतया कामाधीनप्रवृत्तिरैहिकपारत्रिक-सर्वपुरुषार्थायोग्यः, तस्मात् ते-तव श्रेयोर्थिनः कार्याकार्यव्यवस्थितौ-किं कार्यम्, किमकार्यमिति विषये शास्त्रं वेद-तदुपजीविस्मृतिपुराणादिकमेव प्रमाणम्-बोधकम्, नान्यत्स्वोत्प्रेक्षा बुद्धवाक्या-दीत्यभिप्रायः । एवं चेह-कर्माधिकारभूमौ शास्त्रविधानेन कुर्यान्न कुर्यादित्येवंप्रवर्तनानिवर्तना-रूपेण वैदिकलिङादिपदेनोक्तम् कर्म विहितं प्रतिषिद्धं च ज्ञात्वा, निषिद्धं वर्जयन् विहितम् क्षत्रियस्य युद्धादिकर्म त्वं कर्तुमर्हसि । सत्त्वशुद्धिपर्यन्तमित्यर्थः । तदेवमस्मिन्नध्याये सर्वस्याः आसुर्याः संपदो मूलभूतान् सर्वाश्रेयःप्रापकान् सर्वश्रेयःप्रतिबन्धकान् महादोषान् कामक्रोधलो-भानपहाय श्रेयोऽर्थिना श्रद्दधानतया शास्त्रप्रवणेन तदुपदिष्टार्थानुष्ठानपरेण च भवितव्यमिति संपद्द्वयविभागप्रदर्शनमुखेन निर्धारितम् ॥ २४ ॥

इति श्रीमत्परमहंसपरिव्राजकाचार्य-श्रीविश्वेश्वरसरस्वतीपूज्यपादशिष्यश्रीमधुसूदन-
सरस्वतीविरचितायां श्रीभगवद्गीतागूढार्थदीपिकायां दैवासुरसंप-
द्विभागयोगो नाम षोडशोऽध्यायः ॥ १६ ॥

यतः एवं शास्त्रविधिरहित स्वेच्छाधीन प्रवृत्ति ऐहलौकिक पारलौकिक सब पुरुवार्थोंके अयोग्य है अतः कल्याणार्थी कर्तव्याकर्तव्य अवस्थामें क्या करना चाहिये क्या न करना चाहिये इस विषयमें शास्त्र वेद तदाश्रित स्मृति-पुराणादि ही तद्बोधक प्रमाण है दूसरा नहीं स्वबुद्धि बुद्धवाक्यादि धर्माधर्ममें प्रमाण नहीं यह अभिप्राय है । एवं इस कर्माधिकारभूमिमें शास्त्रीयविधानसे 'यह करो यह न करो' इस प्रवर्तक निवर्तकरूप वैदिक लिङादिपदसे उक्त-विहित निषिद्धकर्म जानकर निषिद्धका त्याग कर विहित क्षत्रियका अपना धर्म युद्धादि कर्म तुम करनेके योग्य हो अन्तःकरणशुद्धिपर्यन्त यह अर्थ है । इस प्रकार इस अध्यायमें सब आसुरीसंपत्का कारण सब अनर्थदायक और कल्याणप्रतिवन्धक महादोष काम, क्रोध, लोभोंका त्याग कर कल्याणार्थियोंको श्रद्धायुक्त शास्त्रप्रतिपाद्यार्थानुष्ठान तत्पर होना चाहिए यह दोनों संपदोंके विभाग प्रदर्शन द्वारा निश्चित किया ॥ २४ ॥

इस प्रकार म० म० पं० प्रवर श्रीहरिहरकृपालुद्विवेदिकृत गीता मधुसूदनीके
सोलहवाँ अध्याय का भाषा अनुवाद समाप्त हुआ ॥ १६ ॥

अथ सप्तदशोऽध्यायः

अर्जुन उवाच

ये शास्त्रविधिमुत्सृज्य यजन्ते श्रद्धयान्विताः ।
तेषां निष्ठा तु का कृष्ण ! सत्त्वमाहो रजस्तमः ॥ १ ॥

अर्जुन बोले ! हे कृष्ण ! जो आलस्यादिवश शास्त्रविधिकी उपेक्षा कर श्रद्धासे युक्त होकर यजन (देवताओंकी पूजा आदि) करते हैं, उनकी पूजनादि क्रिया की स्थिति कैसी है, क्या सात्त्विकी या राजसी या तामसी है ॥ १ ॥

॥ श्रीकृष्णाय गीतामृतदुहे नमः ॥

त्रिविधाः कर्मानुष्ठातारो भवन्ति—केचिच्छास्त्रविधिं ज्ञात्वापि, अश्रद्धया तमुत्सृज्य, कामकारमात्रेण यत्किंचिदनुतिष्ठन्ति, ते सर्वपुरुषार्थायोग्यत्वादसुराः । केचित्तु शास्त्रविधिम् ज्ञात्वा श्रद्दधानतया तदनुसारेणैव निषिद्धं वर्जयन्तो विहितमनुतिष्ठन्ति, ते सर्वपुरुषार्थयोग्यत्वाद् देवा इति पूर्वाध्यायान्ते सिद्धम् । ये तु शास्त्रीयं विधिमालस्यादिवशादुपेक्ष्य, श्रद्दधानतयेव वृद्धव्यवहारमात्रेण निषिद्धं वर्जयन्तो विहितमनुतिष्ठन्ति, ते शास्त्रीयविध्युपेक्षालक्षणेनासुरसाधर्म्येण श्रद्धापूर्वकानुष्ठानलक्षणेन च देवसाधर्म्येणान्विताः किमसुरेष्वन्तर्भवन्ति ? किं वा

कर्मानुष्ठान करनेवाले तीन प्रकारके होते हैं—कोई शास्त्रके विधानको जानकर भी अश्रद्धासे उसका त्याग कर स्वेच्छानुसार जो कुछ करते हैं वे सब पुरुषार्थोंके अयोग्य होनेसे आसुर हैं और कोई शास्त्रकी विधिको जानकर श्रद्धायुक्त होकर शास्त्रानुसार निषिद्ध कर्मका त्याग कर विहितका अनुष्ठान करते हैं वे सब पुरुषार्थोंके योग्य होनेसे देव हैं यह निष्कर्ष (निचोड़) पूर्वाध्यायके अन्तसे किया गया है । और जो जो आलस्यादिवश शास्त्रविधिकी उपेक्षाकर श्रद्धावान् हो वृद्धोंके व्यवहारमात्रसे निषिद्धका त्यागकर विहितका अनुष्ठान करते हैं, वे शास्त्रविधिकी उपेक्षारूप आसुरधर्मसे श्रद्धापूर्वक अनुष्ठानलक्षण देव साधर्म्यसे युक्त हो असुरोंमें आ जाते हैं या देवोंमें, क्योंकि दोनोंका धर्म पाया जाता है । एक कोटिका निश्चायक

श्रीभगवानुवाच

त्रिविधा भवति श्रद्धा देहिनां सा स्वभावजा ।
सात्त्विकी राजसी चैव तामसी चेति तां शृणु ॥ २ ॥

श्रीभगवान् बोले ! स्वभावसे उत्पन्न होनेवाली प्राणियोकी यहाँ श्रद्धा तीन प्रकार की है—सात्त्विकी, राजसी और नामसी इस प्रकार उसको सुनो ॥ २ ॥

देवेष्वित्युभयधर्मदर्शनादेककोटिनिश्चायकादर्शनाच्च सन्दिहानः—अर्जुन उवाच **'ये'** इति । ये पूर्वाध्याये न निर्णीताः, कोटिद्वयविलक्षणाः । ते देववच्छास्त्रानुसारिणः, किंतु शास्त्रविधिम् श्रुतिस्मृतिचोदनामुत्सृज्य आलस्यादिवशादनादृत्य नासुरवदश्रद्दधानाः, किं तु वृद्धव्यवहारानुसारेण श्रद्धयाऽन्विता यजन्ते-देवपूजादिकं कुर्वन्ति, तेषां तु शास्त्रविध्युपेक्षा-श्रद्धाभ्यां पूर्वनिश्चितदेवासुरविलक्षणानां निष्ठा का-कीदृशी तेषां शास्त्रविध्यनपेक्षा श्रद्धापूर्विका च सा यजनादिक्रियाव्यवस्थितिः हे कृष्ण भक्ताघकर्षण ! किं सत्त्वम्-सात्त्विकी । तथा सति सात्त्विकत्वात् ते देवाः । 'आहो' इति पक्षान्तरे । किं रजस्तमः-राजसी तामसी च । तथा सति राजसतामसत्वादसुरास्ते । सत्त्वमित्येका कोटिः, रजस्तम इत्यपरा कोटिरिति विभागज्ञापनायाऽऽहो शब्दः ॥ १ ॥

कोई दीखता नहीं इस प्रकार सन्दिग्ध अर्जुन बोले—**'ये'** इति से । कोटिद्वय देव असुरसे विलक्षण हैं अतएव पूर्वाध्यायसे उनका निर्णय नहीं हुआ है, वे देवके समान शास्त्रानुसारी नहीं हैं क्योंकि शास्त्रविधि श्रुतिस्मृतिप्रवर्तनादिका त्याग कर आलस्यादिवश अनादर कर आसुरके सदृश श्रद्धारहित होकर वृद्धव्यवहारसे श्रद्धायुक्त होकर यागादि करते हैं अर्थात् देवपूजादि करते हैं । उन शास्त्रविधिकी उपेक्षा और श्रद्धासे पूर्वमें निश्चित देव असुरोंसे विलक्षणोंकी निष्ठा कैसी है ? क्योंकि शास्त्रविधिका अनादर है अतः आसुरी कही जा सकती है, और श्रद्धापूर्वक होनेसे दैवी कही जा सकती है तीसरी उभयात्मक निष्ठा है नहीं, उभयधर्म रहनेसे एक कोटिके निर्णयमें कोई विनिगमक नहीं अतः उनकी यह यागादि क्रियाव्यवस्था कैसी है यह प्रश्न अर्जुनका है—हे कृष्ण ! भक्तोंके पापोंको दूर करने वाले, क्या वह सात्त्विकी है ? यदि ऐसी है तो वे सात्त्विक होनेसे देव हैं । 'आहो' यह अव्यय पक्षान्तर में है, अथवा राजसी तामसी है । सत्त्व एक कोटि है रज तम यह दूसरी कोटि है । 'आहो' अव्यय पक्षान्तरका द्योतक है अर्थात् उक्त कोटिद्वय विभागार्थ है ॥ १ ॥

ये शास्त्रविधिमुत्सृज्य श्रद्धया यजन्ते, ते श्रद्धाभेदाद्भिद्यन्ते । तत्र ये सात्त्विक्या श्रद्धयाऽन्विताः, ते देवाः शास्त्रोक्तसाधनेऽधिक्रियन्ते, तत्फलेन च युज्यन्ते । ये तु राजस्या, तामस्या च श्रद्धयाऽन्विताः, तेऽसुरा न शास्त्रीयसाधनेऽधिक्रियन्ते, न वा तत्फलेन युज्यन्त इति विवेकेनार्जुनस्य सन्देहमपनिनीषुः श्रद्धाभेदं श्रीभगवानुवाच--'त्रिविधे'ति । यया श्रद्धया अन्विताः शास्त्रविधिमुत्सृज्य यजन्ते, सा देहिनां स्वभावजा-जन्मान्तरकृतो धर्माधर्मादिशुभाशुभसंस्कार इदानींतनजन्मारम्भकः स्वभावः । स त्रिविधः-सात्त्विकः, राजसः, तामसश्चेति । तेन जनिता श्रद्धा त्रिविधा भवति--सात्त्विकी, राजसी, तामसी च, कारणानुरूपत्वात्कार्यस्य । या त्वारब्धे जन्मनि शास्त्रसंस्कारमात्रजा विदुषाम् , सा कारणैकरूपत्वादेकरूपा सात्त्विक्येव, न राजसी तामसी चेति प्रथमचकारार्थः । शास्त्रनिरपेक्षा तु प्राणिमात्रसाधारणी स्वभावजा । सैव स्वभावत्रैविध्यात्त्रिविधेत्येवकारार्थः । उक्तविधात्रयसमुच्चयार्थश्चरमश्चकारः । यतः प्राग्भवीयवासनाख्यस्वभावस्याभिभावकं शास्त्रीयं विवेकविज्ञानमनादृतशास्त्राणां देहिनाम् नास्ति, अतस्तेषां स्वभाववशात्त्रिधा भवन्तीं तां श्रद्धां शृणु । श्रुत्वा च देवासुरभावं स्वयमेव अवधारयेत्यर्थः ।। २ ।।

जो शास्त्रविधिका त्याग कर श्रद्धासे यज्ञ करते हैं वे श्रद्धाभेदसे भिन्न-भिन्न प्रकारके हैं उनमें जो सात्त्विक श्रद्धासे युक्त हैं वे देव हैं शास्त्रोक्त कर्मके अधिकारी हैं, अतः शास्त्रोक्त फल पाते हैं। जो राजसी तामसी श्रद्धासे युक्त हैं वे असुर हैं वे शास्त्रीय कर्मानुष्ठानके अधिकारी नहीं हैं अतएव तत्फलभागी नहीं होते । इस विवेकके द्वारा अर्जुनके सन्देहको दूर करनेकी इच्छासे भगवान् ने कहा कि श्रद्धा भेदको 'सुनो', इसका बहुव्यवहितके साथ सम्बन्ध है । शास्त्रविधिका त्याग कर जिस श्रद्धासे युक्त होकर देवपूजादि करते हैं वह देहधारियोंके स्वभावसे हुई है पूर्वजन्मोपार्जित पुण्यपाप संस्कार वर्तमान जन्मका आरम्भक स्वभाव है। वह तीन प्रकारका है—सात्त्विक राजस और तामस। उससे उत्पन्न श्रद्धा तीन प्रकारकी है—सात्त्विकी, राजसी, तामसी, कारणानुरूप कार्य होता है यह निर्विवाद है। यों तो वर्तमान जन्ममें शास्त्रीय संस्कारमात्रसे हुई विद्वानोंकी वह श्रद्धा शास्त्रसंस्काररूप कारणके एक होनेसे एकरूपा सात्त्विक ही होती है न राजसी न तामसी यह पहले चकारका अर्थ है । शास्त्रापेक्षारहित प्राणीमात्रकी साधारणी स्वभावजा है यही तीन प्रकारके स्वभावोंसे तीन प्रकारकी श्रद्धा है यह एवकारार्थ है। उक्त तीनों प्रकारोंके समुच्चयार्थ अन्तिम चकार है। यतः पूर्वजन्म वासनारूपस्वभावका दवानेवाला विवेक विज्ञानशास्त्रश्रद्धाशून्य द्रोहियोंको नहीं है इस कारण उनके स्वभावसे तीन प्रकारकी होती हुई श्रद्धाको सुनो, सुनकर देवासुर स्वभावका स्वयं निर्णय करो यह अर्थ है ।। २ ।।

सत्त्वानुरूपा सर्वस्य श्रद्धा भवति भारत ।
श्रद्धामयोऽयं पुरुषो यो यच्छ्रद्धः स एव सः ॥ ३ ॥

हे भारत ! सबकी श्रद्धा अपने-अपने अन्तःकरणके अनुसार होती है, यह पुरुष श्रद्धामय है, जिसकी जैसी सात्त्विकी, राजसी, तामसी श्रद्धा है वह उसी श्रद्धाका स्वरूप है ॥ ३ ॥

प्राग्भवीयान्तःकरणगतवासनारूपनिमित्तकारणवैचित्र्येण श्रद्धावैचित्र्यमुक्त्वा, तदुपादानकारणान्तःकरणवैचित्र्येणापि तद्वैचित्र्यमाह—**'सत्त्वानुरूपे'**ति । सत्त्वम्-प्रकाशशीलत्वात्-सत्त्वप्रधानत्रिगुणपञ्चीकृतपञ्चमहाभूतारब्धमन्तःकरणम् । तच्च क्वचिदुद्रिक्तसत्त्वमेव, यथा देवानाम् । क्वचिद्रजसाऽभिभूतसत्त्वम् । यथा यक्षादीनाम् । क्वचित्तमसाऽभिभूतसत्त्वम् यथा भूतप्रेतादीनाम्, मनुष्याणां तु प्रायेण व्यामिश्रमेव । तत्र शास्त्रीयविवेकज्ञानेनोद्भूतसत्त्वं रजस्तमसी अभिभूय क्रियते । शास्त्रीयविवेकविज्ञानशून्यस्य तु सर्वस्य प्राणिजातस्य सत्त्वानुरूपा श्रद्धा सत्त्ववैचित्र्याद्विचित्रा भवति, सत्त्वप्रधानेऽन्तःकरणे सात्त्विकी, रजःप्रधाने

पूर्वजन्मकी अन्तःकरणवासनारूप निमित्तकारणके भेदसे श्रद्धाभेद कह कर वासनासमवायिकारण अन्तःकरणके वैलक्षण्यसे भी श्रद्धावैलक्षण्य कहते हैं—**'सत्वानुरूपे'**त्यादि से । सत्त्व यद्यपि सत्त्वगुणका वाची है, अन्तःकरण त्रिगुणात्मक है केवल सत्त्वात्मक ही नहीं फिर सत्त्वसे अन्तःकरणका बोधन कैसे ? इस जिज्ञासासे कहते हैं—**'प्रकाशे'**ति । यद्यपि अन्तःकरण त्रिगुणात्मक है तथापि सत्त्वगुणप्रधान परिणाम अन्तःकरण है, रजस्तम स्वल्पमात्रामें रहते हैं । इसमें हेतु है—**'प्रकाशशीलत्वात्'** ।

'सत्त्वं लघुप्रकाशकमिष्टमुपष्टम्भकं चलं च रजः'

इत्यादि कारिकोक्त गुण सत्त्वादिके हैं । प्रकाश सत्त्व अन्तःकरण धर्म हैं, तमःप्रधान या रजःप्रधान मन हो तो प्रकाशक नहीं हो सकता प्रकाशक है अतः सत्त्वप्रधान होनेसे सत्त्वशब्दसे अन्तःकरणका व्यवहार युक्त ही है, प्रधाननिमित्तक व्यवहार सर्वत्र देखा जाता है । मन तार्किक मतानुसारि परमाणुस्वरूप नहीं अन्यथा तद्धर्म ज्ञानेच्छादिका प्रत्यक्ष नहीं होगा किन्तु मन सत्त्वप्रधान त्रिगुणात्मक तथा पञ्चीकृत पञ्चमहाभूतोंसे आरब्ध उत्पन्न है अपञ्चीकृत पञ्चमहाभूत उपभोगयोग्य नहीं अतः पञ्चीकृत पञ्चमहाभूत कहा । वह कहीं उपचित सत्त्वगुणक ही होता है अर्थात् रजस्तमको दवाकर सत्त्वप्रधान मनःपरिणाम होता है, जैसे देवताओंका कहीं रजोगुणसे दवा सत्त्व मन है, जैसे पश्वादिका कहीं तमसे अभिभूत सत्त्व मन है, जैसे पक्ष्यादिकोंका । कहीं तमसे तिरोहित सत्त्व मन हैं, जैसे प्रेतभूतादिका । मनुष्योंका मन तो प्रायः मिश्रित ही रहता है । उनमें शास्त्रीयविवेकज्ञानसे रजस्तमको दवाकर उपचित सत्त्व वाला मन होता है । शास्त्रीयविवेकज्ञानरहित सकल प्राणिमात्रकी सत्त्वानुगुण श्रद्धा होती है, सत्त्वके वैलक्षण्यसे श्रद्धाविलक्षण होती है ।

यजन्ते सात्त्विका देवान् यक्षरक्षांसि राजसाः ।
प्रेतान् भूतगणांश्चान्ये यजन्ते तामसा जनाः ॥ ४ ॥

सत्त्व प्रकृतिवाले देवताओं की पूजा करते हैं, रजोगुणवाले यक्ष और राक्षस की पूजा करते हैं, तमोगुणवाले प्रेतों और भूतगणोंकी पूजा करते हैं। अथवा वसुरुद्रादि देवताओं की पूजा करनेवाले सात्त्विक हैं, यक्ष-राक्षसों की पूजा करनेवाले राजस हैं, प्रेतों और भूतगणों की पूजा करनेवाले तामस हैं ॥ ४ ॥

तस्मिन् राजसी, तमःप्रधाने तु तस्मिंस्तामसीति । हे भारत-महाकुलप्रसूत, ज्ञाननिरत ! इति वा शुद्धसात्त्विकत्वं द्योतयति । यत्त्वया पृष्टं तेषां निष्ठा केति । तत्रोत्तरं शृणु—अयम् शास्त्रीयज्ञानशून्यः कर्माधिकृतः पुरुषस्त्रिगुणान्तःकरणसंपिण्डितः श्रद्धामयः प्राचुर्येणास्मिन् श्रद्धा प्रकृतेति 'तत्प्रकृतवचने मयट्', अन्नमयो यज्ञ इतिवत् । अतो यो यच्छ्रद्धः-सात्त्विकी राजसी तामसी वा श्रद्धा यस्य, स एव श्रद्धानुरूप एव स सात्त्विकः, राजसः, तामसो वा । श्रद्धयैव निष्ठा व्याख्यातेत्यभिप्रायः ॥ ३ ॥

श्रद्धा ज्ञाता सती निष्ठां ज्ञापयिष्यति, केनोपायेन सा ज्ञायतामित्यपेक्षिते देवपूजादि-कार्यलिङ्गेनानुमेयेत्याह—'**यजन्ते**' इति । जनाः-शास्त्रीयविवेकहीना ये स्वाभाविक्या श्रद्धया

सत्त्वप्रधान अन्तःकरणमें सात्त्विकी, रजःप्रधानमें राजसी, तमःप्रधानमें तामसी। हे भारत भरत महाकुलोत्पन्न ! अथवा 'भा' ज्ञान उसमें निरत यह अर्थ है। इससे शुद्ध सात्त्विकत्व को अभिव्यक्त करते हैं, जो तुमने पूछा कि उनकी निष्ठा कौन है ? उसका उत्तर सुनो—यह शास्त्रीयज्ञानसे पराङ्मुख कर्माधिकारी पुरुष त्रिगुणात्मक अन्तःकरणसे संयुक्त श्रद्धामय है, क्योंकि इसमें अधिकतासे श्रद्धा ही प्रस्तुत है। यद्यपि '**तत्प्रकृतवचने मयट्**' इस सूत्रसे विकार अर्थमें मयट् होता है, प्रकृतमें पुरुष श्रद्धाका विकार नहीं फिर श्रद्धामय कैसे ? इसका उत्तर देते हैं—प्राचुर्य अर्थमें भी मयट् होता है, जैसे 'अन्नमयो यज्ञः' यहाँ अन्नप्रचुर यज्ञ होता है यह अर्थ है, उसी प्रकार प्रकृतमें भी समझना। अतः जो जैसी श्रद्धावाला है अर्थात् सात्त्विकी, राजसी, तामसी जैसी श्रद्धा जिसकी है वह (श्रद्धानुगुण ही) सात्त्विक राजस तामस होता है श्रद्धा ही से निष्ठाकी व्याख्या हुई यह आशय है ॥ ३ ॥

जानी हुई श्रद्धा निष्ठाकी ज्ञापिका होगी, क्योंकि ज्ञात ही लिङ्ग साध्यका ज्ञापक होता है। श्रद्धा किस हेतुसे जानी जाय इसकी अपेक्षामें देवपूजादिरूप कार्य हेतुसे वह अनुमेय है। धूमसे जैसे अग्निका अनु-मान होता है वैसे उक्त श्रद्धासे निष्ठाका अनुमान होता है यह कहते हैं—शास्त्रीय विवेकसे शून्य मनुष्य जो

अशास्त्रविहितं घोरं तप्यन्ते ये तपो जनाः ।
दम्भाहंकारसंयुक्ताः कामरागबलान्विताः ॥ ५ ॥

जो मनुष्य कपट और अहङ्कारसे युक्त तथा विषयाभिलाष आसक्ति और बल अर्थात् अवश्य करूँगा एतद्रूप आग्रहसे अन्वित शास्त्रविधिसे रहित कठोर तप करते हैं, उनको आसुर स्वभाववाले जानो, आगेके श्लोकसे सम्बन्ध है ॥ ५ ॥

कर्षयन्तः शरीरस्थं भूतग्राममचेतसः ।
मां चैवान्तःशरीरस्थं तान् विद्ध्यासुरनिश्चयान् ॥ ६ ॥

जो विवेकशून्य देहेन्द्रियादि समुदायको और शरीरके भीतर स्थित मुझको कृश करनेवाले हैं उनको आसुर स्वभाववाले जानो ॥ ६ ॥

देवान्-वसुरुद्रादीन् सात्त्विकान् यजन्ते, तेऽन्ये सात्त्विका ज्ञेयाः, ये च यक्षान्-कुबेरादीन् रक्षांसि च-राक्षसान्नैर्ऋतिप्रभृतीन् राजसान् यजन्ते, तेऽन्ये राजसा ज्ञेयाः । ये च प्रेतान् विप्रादयः स्वधर्मात्प्रच्युता देहपातादूर्ध्वं वायवीयं देहमापन्नाः, उल्कामुखकटपूतनादिसंज्ञाः प्रेताः भवन्तीति मनूक्तान् पिशाचविशेषान् वा, भूतगणांश्च-सप्तमातृकादींश्च तामसान् यजन्ते, तेऽन्ये तामसा ज्ञेयाः । **'अन्ये'** इति पदं त्रिष्वपि वैलक्षण्यद्योतनाय संबध्यते ॥ ४ ॥

एवमनादृतशास्त्राणां सत्त्वादिनिष्ठा कार्यतो निर्णीता । तत्र केचिद्राजस-तामसा अपि प्राग्भवीयपुण्यपरिपाकात्सात्त्विका भूत्वा शास्त्रीयसाधनेऽधिक्रियन्ते । ये तु दुराग्रहेण, दुर्दैवपरिपाकप्राप्तदुर्जनसङ्गादिदोषेण च राजसतामसतां न मुञ्चन्ति, ते शास्त्रीयमार्गाद्भ्रष्टा असन्मा-

---

स्वतः उत्पन्न श्रद्धासे सत्त्वगुणप्रधान वसु रुद्रादि देवताओंकी पूजा करते हैं वे सात्त्विक हैं ऐसा समझना : और जो कुबेरादि तथा नैर्ऋति आदि राक्षसोंकी पूजा करते हैं वे राजस हैं, जो प्रेतकी पूजा करते हैं वे तामस हैं, प्रेतार्थको स्पष्ट करते हैं—**'विप्रादि'** से । ब्राह्मणक्षत्रियादि अपने धर्मसे च्युत (पतित) होकर मरनेके अनन्तर वायुकी शरीर प्राप्त कर उल्कामुख कटपूतनादि नामक प्रेत होते हैं । इस प्रकारसे मानवधर्मशास्त्रप्रोक्त प्रेतविशेषोंकी और भूतगणों और सप्तमातृकाओं तामसोंकी पूजा करते हैं, वे अन्य विलक्षण तामस हैं **'अन्य'** इस पदका तीनोंमें सम्बन्ध है प्रयोजन तीनोंमें वैलक्षण्य सूचना करना है ॥ ४ ॥

इस प्रकार शास्त्रविधिविमुखोंको सत्त्वादिनिष्ठा कार्योंसे निश्चित हुई । उनमें कोई राजस तामस भी पूर्वजन्मके पुण्यसुपाक प्रभावसे सात्त्विक होकर शास्त्रीय कर्ममें अधिकारी होते हैं, जो लोग दुराग्रहिलमानस दुर्दृष्टि दुर्विपाकसे और असज्जनसंसर्गादि दोषसे राजसत्व तामसत्व को नहीं छोड़ते हैं वे लोग शास्त्रसंमत-

र्गानुसरणेनेह लोके, परत्र च दुःखभागिन एवेत्याह द्वाभ्याम्—'अशास्त्रे'त्यादिना। अशास्त्रविहितम्-शास्त्रेण वेदेन प्रत्यक्षेण, अनुमितेन वा न विहितम्, अशास्त्रेण बुद्धाद्यागमेन बोधितं वा, घोरम्-परस्याऽऽत्मनः पीडाकरं तपः-तप्तशिलारोहणादि तप्यन्ते-कुर्वन्ति ये जनाः, दम्भः-धार्मिकत्वख्यापनम्-अहङ्कारः-अहमेव श्रेष्ठ इति दुरभिमानः-ताभ्यां सम्यग्युक्ताः, योगस्य सम्यक्त्वमनायासेन वियोगजननासामर्थ्यम्, कामे-काम्यमानविषये यो रागः, तन्निमित्तं बलम्-अत्युग्रदुःखसहनसामर्थ्यं, तेनान्विताः, कामः-विषयेऽभिलाषः, रागः-सदा तदभिनिविष्टत्वरूपः-अभिष्वङ्गः, बलम्-अवश्यमिदं साधयिष्यामीत्याग्रहः, तैरन्विता इति वा। अत एव च बलवद्दुःखदर्शनेऽप्यनिवर्तमानाः, कर्शयन्तः-कृशीकुर्वन्तो वृथोपवासादिना शरीरस्थं भूतग्रामम्-देहेन्द्रियसंघाताकारेण परिणतं पृथिव्यादिभूतसमुदायमचेतसः-विवेकशून्याः, मां चान्तःशरीरस्थम् भोक्तृरूपेण स्थितम्, भोग्यस्य शरीरस्य कृशीकरणेन कृशीकुर्वन्त एव। मामन्तर्यामित्वेन शरीरान्तःस्थितं-बुद्धि-तद्वृत्तिसाक्षिभूतमीश्वरमाज्ञालङ्घनेन कर्शयन्तः इति वा। तानैहिकसर्वभोगविमुखान् परत्र चाधमगतिभागिनः सर्वपुरुषार्थभ्रष्टानासुरनिश्चयान्-

मार्गसे च्युत होकर गर्हितपद्धतिका आश्रय कर इस लोकमें तथा परलोकमें दुःखभोगके भागी ही होते हैं, यह दो श्लोकोंसे कहते हैं—शास्त्र वेद और तन्मूलक महर्षिमन्वादिप्रणीत प्रामाणिक स्मृत्यादिसे विहित नहीं है। यह अर्थ नञ् प्रसज्यप्रतिषेधार्थक है यह मानकर कहा है। पर्युदासार्थक नञ् है इस पक्षमें 'न शास्त्रम् अशास्त्रम्-बुद्धादिवाक्यं तेन विहितम्-अशास्त्रविहितम्' घोर भयानक आत्मपीड़ाप्रद तप तप्त पत्थर पर चढ़ना आदि करते हैं। दम्भ अपनेको धार्मिक होनेकी घोषणा, अहङ्कार 'मैं ही उत्तम हूँ' यह दूषिताभिमान इन दोनोंसे संयुक्त काम्यकर्मके फलमें अनुराग निमित्तक जो अतिकठिन दुःखसहनशक्ति उससे विशिष्ट काम—काम्यविषयोंमें अभिलाषा, राग सतत तदाग्रह अभिष्वङ्ग, बल अवश्य इसको सिद्ध करेंगे यह दुरभिनिवेश उनसे अन्वित (युक्त) यह भी अर्थ होता है बौद्धोक्त तप्तशिलारोहणादि तात्पर्यसे प्रथम अर्थ है। प्रसज्यप्रतिषेधार्थक नञ् पक्षमें द्वितीय अर्थ है यह अभिप्राय है। अतएव प्रबल दुःख देखनेपर भी न मुड़नेवाले निष्फलं उपवासादिद्वारा देह एवं भूतसमुदाय अर्थात् शरीरेन्द्रिय समुदायाकारपरिणत पृथिव्यादि समुदायको दुर्बल करते हुए शरीरके भीतर भोक्तृरूपसे अन्तःस्थित मुझको कृश करते हैं। इस अभिप्रायसे 'य आत्मनि तिष्ठन्' इत्यादि श्रुतिसे यह जाना गया है कि सब जीवात्माओंका नियन्ता तदन्तःस्थित परमात्मा है इस आशय से कहते हैं—बुद्धि और तद्वृत्तियोंका साक्षीभूत ईश्वर फिर भी अवयवापचयत्वादिरूप कृशताका ईश्वरमें संभव नहीं इस आशयसे कहते हैं—'आज्ञालङ्घने'त्यादि। आज्ञा श्रुतिस्मृत्यादि उसके उल्लंघनसे आज्ञोल्लंघन ही प्रकृतमें कृशता है। उन इस लोकके सकल भोगोंसे पराङ्मुख परलोकमें

आहारस्त्वपि सर्वस्य त्रिविधो भवति प्रियः ।
यज्ञस्तपस्तथा दानं तेषां भेदमिमं शृणु ॥ ७ ॥

सबका प्रिय आहार भी तीन प्रकारका है । तथा यज्ञ, तप और दान भी तीन प्रकारके हैं, उनके इस भेदको सुनो ॥ ७ ॥

असुरो विपर्यासरूपो वेदार्थविरोधो निश्चयो येषाम्, तान् मनुष्यत्वेन प्रतीयमानानप्यसुरकार्यकारित्वादसुरान् विद्धि-जानीहि परिहरणाय । निश्चयस्याऽऽसुरत्वात्तत्पूर्विकाणां सर्वासामन्तःकरणवृत्तीनामासुरत्वम् । असुरत्वजातिरहितानां च मनुष्याणां कर्मणैवासुरत्वात् । 'तानसुरान् विद्धी'ति साक्षान्नोक्तमिति च द्रष्टव्यम् ॥ ५ ॥ ६ ॥

ये सात्त्विकाः, ते देवाः । ये तु राजसास्तामसाश्च ते विपर्यस्ततत्वादसुरा इति स्थिते, सात्त्विकानामादानाय, राजसतामसानां हानाय च, आहार-यज्ञ-तपो-दानानां त्रैविध्यमाह—**'आहारः'** इति । न केवलं श्रद्धैव त्रिविधा, आहारोऽपि सर्वस्य प्रियस्त्रिविध एवभवति, सर्वस्य त्रिगुणात्मकत्वेन चतुर्थ्या विधाया असम्भवात् । यथा दृष्टार्थ आहारस्त्रिविधः, तथा यज्ञतपोदानान्यदृष्टार्थान्यपि त्रिविधानि । तत्र "यज्ञं व्याख्यास्यामः, द्रव्यं देवता त्यागः"

अधोगतिभागी सर्वपुरुषार्थ धर्म अर्थ काम मोक्षसे भ्रष्ट आसुर निश्चय 'आसुर वेदार्थसे विपरीत निश्चय है जिनका वे केवल आकार अवयवसंस्थानसे मनुष्यत्वेन प्रतीत होते हैं, 'चञ्चापुरुषवत्' मनुष्य गुणशून्य आसुरकर्मकारी होनेसे असुर ही जानो, परिहारार्थ यह ज्ञानोपदेश है ग्रहणार्थ नहीं । निश्चयके आसुरत्व होनेसे तत्पूर्वक सम्पूर्ण अन्तःकरणकी वृत्तियोंमें आसुरत्व है असुरत्व जातिरहित मनुष्योंमें आचरणमें असुरत्व है साक्षात् नहीं अतः उनको असुर समझो यह साक्षात् नहीं कहा ॥ ५ ॥ ६ ॥

जो सात्त्विक हैं वे देव हैं जो राजस या तामस हैं वे विपरीत होनेसे असुर हैं 'न सुरः असुरः' सुर विरोधी असुर हैं, विरोध आचरणद्वारा समझना । इस स्थितिमें सात्त्विकोंके ग्रहणार्थ राजस तामसके त्यागके लिये आहार यज्ञ तप और दानोंमें तीन भेद कहते हैं—**'आहारः'** इति से । केवल श्रद्धा ही का भेद नहीं, सबका प्रिय आहार भी तीन ही प्रकारका होता है । अप्रिय आहार चौथा हो सकता है इस तटस्थाशङ्कासे कहते हैं—**'सर्वेति ।'** सब पदार्थ त्रिगुणात्म है, अतः चौथे प्रकारका आहार सम्भव नहीं, है जैसे दृष्टार्थ आहार है, आहार (भोजन) का अर्थ-प्रयोजन प्रत्यक्ष क्षुधाकी निवृत्ति है अतः दृष्टार्थ तीन प्रकारका है, वैसे अदृष्ट प्रयोजन यज्ञ, दान, तप इनका प्रयोजन शरीरान्तरसे भोगयोग्य स्वर्गादि सुखविशेष हैं इस हेतुसे अदृष्टार्थ है, कर्ताको इन प्रयोजनोंका कर्तृशरीरस्थ इन्द्रियोंसे प्रत्यक्ष नहीं । अदृष्टार्थक ये भी तीन प्रकारके हैं—तत्र 'यज्ञं

आयुःसत्त्वबलारोग्यसुखप्रीतिविवर्धनाः ।
रस्याः स्निग्धाः स्थिरा हृद्या आहाराः सात्त्विकप्रियाः ॥ ८ ॥

आयु, चित्तकी धीरता- सामर्थ्य, आरोग्य, सुख, अभिरुचि इनके बढ़ानेवाले और आस्वादयोग्य, चिकने, स्थिर, अपवित्रता आदि दोषों से शून्य, जो आहार है वह सात्त्विक पुरुषों को प्रिय है ॥ ८ ॥

का.श्रौ. सू. १-२-१-२ इति कल्पकारैर्देवतोद्देशेन द्रव्यत्यागो यज्ञ इति निरुक्तः । 'स च यजतिना जुहोतिना च चोदितत्वेन यागो होमश्चेति द्विविधः । 'तिष्ठद्धोमा वषट्कारप्रदानाः (प्रयोगान्ताः) याज्यापुरोऽनुवाक्यावन्तो यजतयः, १-२-३' उपविष्टहोमाः, स्वाहाकारप्रदानाः (प्रयोगान्ताः) जुहोतयः' १-२-४ इति कल्पकारैर्व्याख्यातो यज्ञशब्देनोक्तः । तपः-कायेन्द्रियशोषणम् कृच्छ्रचान्द्रायणादि । दानम्-परस्वत्वापत्तिफलकः स्वस्वत्वत्यागः । तेषामाहार-यज्ञ-तपो-दानानाम् सात्त्विक-राजस-तामसभेदं मया व्याख्यायमानमिमं शृणु ॥ ७ ॥

व्यख्यास्यामः, द्रव्यं-देवता-त्यागः' इति । कल्पकार कात्यायनादि महर्षियोंने विधिविहित आधारमें देवताको उद्देश कर विहित द्रव्यका त्याग याग है ऐसा कहा है । उनमें 'यजति' से और जुहोतिसे विहित याग होमके भेदसे दो प्रकारका याग है । दोनोंमें भेद कहते हैं—खड़ा होकर वषट्कारान्त

'स्वाहा देवहविर्दाने श्रौषट् वौषट् वषट् स्वधा'

इस अमरकोशसे ज्ञात होता है कि उक्त शब्दप्रयोग देवतोद्देश्यक द्रव्यदानके बोधक हैं, जैसे 'इदमिन्द्राय वौषट्' । इस प्रकार वषट्कारान्त याज्यापुरोऽनुवाक्या ये मन्त्रविशेष हैं एतद्युक्त जो होम किया जाता है वह याग हैं । बैठकर 'अग्नये स्वाहा' इस प्रकार स्वाहाकारान्त याज्यापुरोऽनुवाक्यारहित जो होम किया जाता, 'अग्निहोत्रं जुहोति' इत्यादिवाक्यसे विहित वह होम है । 'सोमेन यजेत' इत्यादि वाक्यसे विहित याग है, देवतोद्देश्यक द्रव्यत्याग दोनोंमें समान हैं उक्त प्रकार दोनोंमें विशेष है इससे दोनोंका पृथक्-पृथक् विधान कल्पकारोंसे कथित है, जिसका विवेचन कर चुके हैं । तप देहेन्द्रियोंको सुखानेवाला कृच्छ्रचान्द्रायणादि ये स्मृतियोंमें प्रसिद्ध हैं । दान परकीय स्वत्वोत्पत्तिजनक स्वस्वत्वत्याग, जिस दानसे अपना स्वत्व-निवृत्ति हो जाय और दूसरेका स्वत्व उत्पन्न हो जाय वह त्याग दान है जैसे ब्राह्मणको गौ देना, इससे गो में दाताका स्वत्वनिवृत्ति होता है और ब्राह्मणका स्वत्व उत्पन्न होता है । जिस त्याग में अपना स्वत्वनिवृत्त नहीं होता और दूसरेका स्वत्व उत्पन्न होता है वह उत्सर्ग कहाता है, जैसे तडागोत्सर्गादि । जिस त्यागमें अपना स्वत्वनिवृत्त होता है किसीका स्वत्व उत्पन्न नहीं होता वह प्रक्षेप है—'अरण्ये त्यजति' इत्यादि अन्यत्र विस्तार है । उन आहारयज्ञतपदानोंका सात्त्विक, राजस, तामस भेदोंकी जिसकी मैं व्याख्या कर रहा हूँ उसको सुनो ॥ ७ ॥

कट्वम्ललवणात्युष्णतीक्ष्णरूक्षविदाहिनः ।
आहारा राजसस्येष्टा दुःखशोकामयप्रदाः ॥ ९ ॥

अत्यन्त कटु निम्ब आदि, अत्यन्त खट्टा, अत्यन्त नमकीन, अत्यन्त गरम, अत्यन्त तीता मरिचादि, अत्यन्त रूक्ष कोदो, अत्यन्त विदाही राई, दुःख, शोक और रोगको देनेवाला आहार राजस पुरुषोंको प्रिय होता है ॥ ९ ॥

आहार-यज्ञ-तपो-दानानां भेदः पञ्चदशभिर्व्याख्यायते । तत्राऽऽहारभेदस्त्रिभिः–**'आयुरि'**-त्यादिभिराह । आयुः-चिरं जीवनम्, सत्त्वम्-चित्तधैर्यं बलवति दुखेऽपि निर्विकारत्वापादकम्, बलम्-शरीरसामर्थ्यं स्वोचिते कार्ये श्रमाभावप्रयोजकम्, आरोग्यम्-व्याध्यभावः, सुखं-भोजनानन्तराह्लादस्तृप्तिः, प्रीतिः-भोजनकालेऽनभिरुचिराहित्यमिच्छौत्कटचम्, तेषां विवर्धनाः विशेषेण वृद्धिहेतवः, रस्याः-आस्वाद्याः-मधुररसप्रधानाः, स्निग्धाः-सहजेनाऽऽगन्तुकेन वा स्नेहेन युक्ताः, स्थिराः-रसाद्यंशेन शरीरे चिरकालस्थायिनः, हृद्याः-हृदयङ्गमा दुर्गन्धाशुचित्वादिदृष्टादृष्टदोष-शून्याः, आहाराः-चर्व्य-चोष्य-लेह्य-पेयाः, सात्त्विकानां प्रियाः, एतैर्लिङ्गैः सात्त्विका ज्ञेयाः । सात्त्विकत्वमभिलषद्भिश्चैत आदेयाः इत्यर्थः ॥ ८ ॥

'कट्विति' । अतिशब्दः कट्वादिषु सप्तस्वपि योजनीयः, कटुः-तिक्तः, कटुरसस्य

आहार-यज्ञ-तप-दानोंका भेद पन्द्रह श्लोकोंसे कहते हैं । उनमें आहारका भेद तीन श्लोकोंसे कहते हैं– **'आयुरित्यादिभिः'** से । आयुः-दीर्घकालजीवन, सत्त्व चित्तधैर्य प्रबलदुःख आनेपर भी चित्तमें विकार न होना, बल शरीर सामर्थ्य अपने करने योग्य कार्यमें परिश्रमाभावहेतु आरोग्य-रोगाभाव । सुख भोजनके बाद आनन्द तृप्ति, प्रीति-भोजनके समय रुचि उत्कट भोजनविषयकेच्छा, उनकी विवर्धना विशेषरूपसे वृद्धिका कारण, रस्य आस्वादयोग्य मधुररसप्रधान स्निग्ध स्वाभाविक अथवा आगन्तुक स्नेहयुक्त 'चूर्णानां पिण्डीभावो हेतुर्गुणः स्नेहः' जिससे चूर्णोंका पिण्ड बन जाता है वह गुण स्नेह है, घृत जलादिमें यह स्वाभाविक है अन्यमें आगन्तुक है । स्थिर रस-रुधिर-मेदो-मज्जादिरूपसे शरीरमें अधिक दिन स्थायी हृद्य (हृदय प्रिय) दुर्गन्ध यह दृष्टदोष है । अशुचित्व, अपवित्रत्व, यह अदृष्टदोष है पवित्रत्वादि शास्त्रैकवेद्य है **'अशुद्धमिति चेन्न शब्दात्'** इस वेदान्त सूत्रमें स्पष्ट है । हृदयप्रिय इस प्रकारके आहार चबानेके योग्य लेह्य चोष्य पेय इनका परिचय पूर्वमें दे चुके हैं सात्त्विकोंको प्रिय है, इन चिह्नोंसे सात्त्विक समझना । सात्त्विकत्व जो सात्त्विक होता चाहता है उसको ये उक्त सात्त्विक ही ग्राह्य हैं ॥ ८ ॥

अति शब्दका कटु आदि सातोंमें सम्बन्ध करना । तीता कटु है क्योंकि कटुरसको तीक्ष्ण शब्दसे कह

यातयामं गतरसं पूति पर्युषितं च यत्।
उच्छिष्टमपि चामेध्यं भोजनं तामसप्रियम् ॥ १० ॥

तीन घंटेसे अधिक का बना हुआ अन्न, नीरस, दुर्गन्धयुक्त, वासी, जूठा और अपवित्र जो भोज्य पदार्थ है, वह तामसों को प्रिय है ॥ १० ॥

तीक्ष्णशब्देनोक्तत्वात् । तत्रातिकटुर्निम्बादिः । अत्यम्लातिलवणात्युष्णाः प्रसिद्धाः । अतितीक्ष्णो मरीचादिः, अतिरूक्षः-स्नेहशून्यः कङ्गुकोद्रवादिः, अतिविदाही-सन्तापको राजिकादिः । दुःखम्-तात्कालिकीं पीडां, शोकम्-पश्चाद्भावि दौर्मनस्यम्, आमयं रोगं च धातुवैषम्यद्वारा प्रददतीति तथाविधा आहारा राजसस्येष्टाः । एतैर्लिङ्गै राजसा ज्ञेयाः । सात्त्विकैश्चैते उपेक्षणीया इत्यर्थः ॥ ९ ॥

यातयामम्-अर्धपक्वम्, **'निर्वीर्यस्य गतरसपदेनोक्तत्वादि'**ति भाष्यम्, गतरसम्-विरसतां प्राप्तं शुष्कम् । यातयामं पक्वं सत्प्रहरादिव्यवहितमोदनादि शैत्यं प्राप्तम् । गतरसमुद्धतसारम्, मथितदुग्धादीत्यन्ये । पूति-दुर्गन्धम् । पर्युषितम्-पक्वं सद्रात्र्यन्तरितम् । चेतसस्तत्कालोन्मादकरम्

चुके हैं । उनमें अति कड़ुवा नीम आदि है, अति अम्ल जम्वीरी निम्बू इमली आदि, अतिलवण समुद्रजल, अति उष्ण मुखादि दाहक, अतितीक्ष्ण मरीचादि, अतिरूक्ष जिसमें स्वल्प भी स्नेह नहीं, जैसे कांकुनि कोदो इत्यादि । भोजनके वाद दौर्मनस्य चित्तकी अप्रसन्नतासे शोक होता है क्यों खाया अति सन्ताप देने वाली राई आदि । दुःख भोजन समयमें ही पीड़ाप्रद । रोग धातुवैषम्यके उत्पादन द्वारा रोगप्रद धातु कफ-वात पित्त इनकी सममात्रा रहनेसे शरीर नीरोग रहता है यह आयुर्वेदमें प्रसिद्ध है । ऐसे आहार राजसोंके प्रिय होते हैं इन चिह्नोंसे राजस जानना सात्त्विक जनोंके ये आहार त्याज्य हैं यह अर्थ है ॥ ९ ॥

यातयाम आधा पका 'यातः यामो यस्य स यातयामः' जिस ओदनके अनन्तर एक प्रहर बीत गया वह निर्वीर्य नीरस ओदन यातयामसे व्यावर्त्य नहीं उसकी व्यावृत्ति गत रससे ही सिद्ध है । ठण्ढे भातमें स्वाद नहीं यह अनुभव सिद्ध है ।

'अमी लसद्बाष्पमखण्डिताखिलं वियुक्तमन्योन्यममुक्तमार्दवम्'···

इस नैषधश्लोकमें 'लसद्बाष्प' यह विशेषण दिया है । गतरस सूखा यातयाम पकनेके बाद एक पहर बीतने पर शीतल भात, गतरस माखन निकाला दुग्धादि पूतिगन्ध दुर्गन्ध ।

'पूतिगन्धस्तु दुर्गन्धो विस्रं स्यादामगन्धि यत्'

इस अमरकोशसे पूतिशब्द पवित्रवाची नहीं किन्तु दुर्गन्धवाची है । पर्युषित (वासी) जिसके पकनेपर

धत्तूरादि समुच्चीयते । यदतिप्रसिद्धं दृष्टत्वेनोच्छिष्टम्-भुक्तावशिष्टम्, अमेध्यम्-अयज्ञार्हमशुचि-मांसादि। अपि चेति वैद्यकशास्त्रोक्तमपथ्यं समुच्चीयते । एतादृशं यद्भोजनम्-भोज्यम्, तत् तामसस्य प्रियं सात्त्विकैरतिदूरादुपेक्षणीयमित्यर्थः । एतादृशभोजनस्य दुःखशोकामयप्रदत्वमतिप्रसिद्धमिति कण्ठतो नोक्तम् । अत्र च क्रमेण रस्यादिवर्गः सात्त्विकः, कट्वादिवर्गो राजसः, यातयामादिवर्गस्तामस इत्युक्तमाहारवर्गत्रयम् । तत्र सात्त्विकवर्गविरोधित्वमितरवर्गद्वये द्रष्टव्यम् ।

तथा ह्यतिकटुत्वादिकं रस्यत्वविरोधि, तादृशस्यानास्वाद्यत्वात् । रूक्षत्वं स्निग्धत्वविरोधि, तीक्ष्णत्व-विदाहित्वे धातुपोषणविरोधित्वात्स्थिरत्वविरोधिनी । अत्युष्णत्वादिकम्-हृद्यत्वविरोधि, आमयप्रदत्वमायुःसत्त्वबलारोग्यविरोधि । दुःखशोकप्रदत्वं सुखप्रीतिविरोधि, एवं सात्त्विकवर्गविरोधित्वं राजसवर्गे स्पष्टम् ।

तथा तामसवर्गेऽपि गतरसत्व-यातयामत्व-पर्युषितत्वानि यथासम्भवं रस्यत्व-स्निग्धत्व-स्थिरत्वविरोधीनि, पूतित्वोच्छिष्टत्वामेध्यत्वानि हृद्यत्वविरोधीनि, आयुःसत्त्वादिविरोधित्वं तु स्पष्टमेव राजसवर्गे दृष्टविरोधमात्रम्, तामसवर्गे तु दृष्टादृष्टविरोध इत्यतिशयः ।। १० ।।

एक रात बीत गई हो वह चित्तके उन्मादक, धत्तूरका बीज आदि जो अतिदूषित लोकमें प्रसिद्ध है, उच्छिष्ट—भोंजनसे थालीमें वचा जूठा, अमेध्य-यज्ञके अयोग्य मांसादि। अपि च से वैद्यकशास्त्रप्रसिद्ध अपथ्यका समुच्चय है ऐसा भोजन-भोज्य तामसियोंके प्रिय है, सात्त्विकजनोंसे ये दूर ही से उपेक्षणीय हैं यह अर्थ है । ऐसे भोजनमें दुःखशोकामयप्रदत्व प्रसिद्ध है अतः कण्ठसे नहीं कहा । अज्ञात ज्ञापन ही शब्दका मुख्य प्रयोजन है यहाँपर क्रमसे रस्यादिवर्ग सात्त्विक है, कटु आदिवर्ग राजस हैं, यातयामगत रसादिवर्ग तामस है इस प्रकार आहारके तीनों वर्गोंको कहा । इसमें सात्त्विकवर्ग विरोधित्व राजस तामस वर्गोंमें है। तथा अतिकट्वादिक रसविरोधी ऐसा आस्वादके योग्य नहीं है रूक्षत्व स्निग्धत्वका विरोधी है तीक्ष्णत्व और विदाहित्व धातुपोषणविरोधी होनेसे स्थिरत्वके विरोधी उक्त दोनों हैं। अति उष्णत्वादि हृद्यत्वका विरोधी है, आमयप्रदत्व आयुः सत्त्वबल और आरोग्यका विरोधी है दुःखशोकप्रदत्व सुखप्रीतिविरोधी, इस प्रकार सात्त्पिकवर्गविरोधित्व राजसवर्ग में स्फुट है । तथा तामससर्गमें भी गतरसत्व यातयामत्व पर्युषितत्व यथासम्भव रस्यत्व स्निग्धत्व स्थिरत्वका विरोधी है । पूतित्व उच्छिष्टत्व और अमेध्यत्व हृद्यत्वविरोधी है। आयुः सत्त्वादिविरोधित्व तो स्पष्ट ही है । राजसवर्गमें दृष्टविरोधित्वमात्र है तामसवर्गोंमें दृष्टादृष्ट विरोध यह विशेष है अर्थात् राजसवर्गमें दृष्ट आयुरादि विरोधित्वमात्र है, तामसवर्गमें दृष्टविरोधित्वके अदृष्टधर्म विरोधित्व भी है। अमेध्यमांसादि भक्षणसे पाप होता है तद्द्वारा पुण्यका विरोधी है अतः साधुजनोंसे सर्वथा त्याज्य है यह भाव है ।। १० ।।

अफलाकांक्षिभिर्यज्ञो विधिदृष्टो य इज्यते ।
यष्टव्यमेवेति मनः समाधाय स सात्त्विकः ॥ ११ ॥

फलको नहीं चाहनेवाले पुरुषोंसे यज्ञ करना ही चाहिये ऐसा मनमें निश्चित कर शास्त्रानुमोदित जो यज्ञ किया जाता है वह सात्त्विक यज्ञ है ॥ ११ ॥

इदानीं क्रमप्राप्तं त्रिविधं यज्ञमाह त्रिभिः—'**अफले**'त्यादिना । अग्निहोत्र-दर्शपूर्णमास-चातुर्मास्य-पशुबन्ध-ज्योतिष्टोमादिर्यज्ञो द्विविधः-काम्यः, नित्यश्च । फलसंयोगेन चोदितः काम्यः-सर्वाङ्गोपसंहारेणैव मुख्यकल्पेनानुष्ठेयः, फलसंयोगं विना जीवनादिनिमित्तसंयोगेन चोदितः सर्वाङ्गोपसंहारासंभवे प्रतिनिध्याद्युपादानेनामुख्यकल्पेनाऽप्यनुष्ठेयो नित्यः । तत्र सर्वाङ्गोप-संहारासंभवेऽपि प्रतिनिधिमुपादायावश्यं यष्टव्यमेव प्रत्यवायपरिहाराय, आवश्यकजीवनादिनि-मित्तेन चोदितत्वादिति, मनः समाधाय-निश्चित्याऽफलाकाङ्क्षिभिरन्तःकरणशुद्धयर्थितया काम्यप्रयोगविमुखैर्विधिदृष्टः-यथाशास्त्रं निश्चितो यो यज्ञ इज्यते-अनुष्ठीयते, स यथाशास्त्रमन्तः-करणशुद्धयर्थमनुष्ठीयमानो नित्यप्रयोगः सात्त्विको ज्ञेयः ॥ ११ ॥

अब क्रमसे प्रायः तीन प्रकारके यज्ञोंको कहते हैं—अग्निहोत्र, दर्शपूर्णमास, चातुर्मास्य, पशुबन्ध, ज्योतिष्टोम आदि यज्ञ हैं । ये दो प्रकारके हैं—काम्य और नित्य, फलवद्वाक्यसे विहित काम्य है जैसे 'अग्निहोत्रं जुहुयात् स्वर्गकामः, उद्भिदा यजेत पशुकामः' इत्यादि । यह तो सब पूर्वोत्तर अङ्गोंके साथ मुख्य-कल्पसे अनुष्ठानके योग्य है किसी अङ्गके वैगुण्य (न होनेसे) होनेसे यज्ञ ही विगुण हो जायगा उसके करने से कुछ फल न होगा अतः उसका अनुष्ठान यथाविधि होना चाहिये । और जिस विधिवाक्यमें फलका निर्देश नहीं है, किन्तु जीवनादि निमित्तका उपादानमात्र है जैसे 'यावज्जीवमग्निहोत्रं जुहुयात्, यावज्जीवमधी-यीत' इत्यादि । इन वाक्यों में फल का निर्देश नहीं है, जीवन ही निमित्त है जीवनपर्यन्त अनुष्ठान करना चाहिये । इसका अनुष्ठान सब अङ्गोंके साथ न हो सके तो प्रतिनिधिद्वारा अमुख्यकल्पसे भी अनुष्ठान करना इसमें सर्वाङ्गोपसंहारासंभव होनेपर भी प्रतिनिधि लेकर याग करना ही चाहिये प्रत्यवाय परिहारके लिये आवश्यक जीवनादिनिमित्तसे विहित है अतः मनको एकाग्र कर-निश्चय करके फलकामनाशून्य होकर अन्तःकरणकी शुद्धिकी कामनासे काम्यप्रयोगसे पराङ्मुख होकर जैसी शास्त्रमें विधि पायी गई है वैसे निश्चित जो यज्ञ करता है वह शास्त्रानुसार अन्तःकरण शुद्धिके लिये क्रियमाण नित्य प्रयोग सात्त्विक है यह समझना ॥ ११ ॥

अभिसन्धाय तु फलं दम्भार्थमपि चैव यत् ।
इज्यते भरतश्रेष्ठ ! तं यज्ञं विद्धि राजसम् ॥ १२ ॥

हे भरतश्रेष्ठ ! जो यज्ञ फलके उद्देश्यसे और कपटाचरण के लिये ही किया जाता है उस यज्ञको तुम राजस समझो ॥ १२ ॥

विधिहीनमसृष्टान्नं मन्त्रहीनमदक्षिणम् ।
श्रद्धाविरहितं यज्ञं तामसं परिचक्षते ॥ १३ ॥

शास्त्रविधानसे विपरीत, अन्नदानसे रहित, स्वरसे और वर्णसे मन्त्रहीन विना दक्षिणा और श्रद्धाके जो यज्ञ किया जाता है उसको तामस यज्ञ कहते हैं ॥ १३ ॥

'अभिसन्धाये'ति । फलम् काम्यं स्वर्गादि अभिसन्धाय-उद्दिश्य, न त्वन्तःकरणशुद्धिम् । तुर्नित्यप्रयोगवैलक्षण्यसूचनार्थः । दम्भः-लोके धार्मिकत्वख्यापनम् , 'तदर्थम् , अपि, चैवे'ति विकल्पसमुच्चयाभ्यां त्रैविध्यसूचनार्थम् । पारलौकिकं फलमभिसन्धायैवादम्भार्थत्वेऽपि पारलौकिकफलाननुसन्धानेऽपि दम्भार्थमेवेति विकल्पेन द्वौ पक्षौ । पारलौकिकफलार्थमप्यैहिकलौकिकदम्भार्थमपीति समुच्चयेनैकः पक्षः । एवं दृष्टादृष्टफलाभिसंधिनाऽन्तःकरणशुद्धिमनुद्दिश्य यदिज्यते । यथाशास्त्रं यो यज्ञोऽनुष्टीयते, तं यज्ञं राजसं विद्धि हानाय, हे भरतश्रेष्ठेति योग्यत्वसूचनम् ॥ १२ ॥

'विधिहीनमि'ति । यथाशास्त्रबोधितविपरीतम्, अन्नदानहीनं स्वरतो वर्णतश्च मन्त्रहीनम् यथोक्तदक्षिणाहीनमृत्विग्द्वेषादिना श्रद्धारहितं तामसं यज्ञं परिचक्षते शिष्टाः । विधि-

---

फल—काम्य स्वर्गादिको लक्ष्यकर अन्तःकरणशुद्धिको नहीं, 'तु' शब्द नित्यप्रयोगसे वैलक्षण्यसूचनार्थ है । दम्भ-लोकमें धार्मिक ज्ञापन यह असकृद् व्याख्यात है । 'तदर्थम्, अपि चैव इति' यह विकल्पसमुच्चय त्रैविध्यज्ञापनार्थ है । परलोक भोगयोग्य स्वर्गादि फलको लक्ष्य करके ही दम्भार्थ भी परलोक फल के उद्देश्यसे नहीं, दम्भार्थ भी इस विकल्प से दो पक्ष है । परलोकस्थ स्वर्गादिफलार्थ भी लोकगत दम्भार्थ भी इस समुच्चयसे एक पक्ष है । एवं दृष्टादृष्टफलकामनासे अन्तःकरणशुद्धिको उद्देश्य न कर जो याग करते हैं यथाविधि यज्ञ करते हैं । उस यज्ञको राजस समझो, त्यागके लिये इसके ज्ञानकी अपेक्षा है । हे भरतश्रेष्ठ ! इस सम्बोधनसे ज्ञानयोग्यता अर्जुनमें सूचित की है ॥ १२ ॥

'विधिहीनमि'ति । शास्त्रसे जैसे विहित है उसके प्रतिकूल विधिसे सम्पन्न अन्नदान रहित स्वरसे हीन, वर्णसे हीन शास्त्रसे जैसी दक्षिणा विहित है वैसी दक्षिणासे रहित यज्ञव्यापृत ऋत्विजादिके वैरसे श्रद्धा-

देवद्विजगुरुप्राज्ञपूजनं शौचमार्जवम् ।
ब्रह्मचर्यमहिंसा च शारीरं तप उच्यते ॥ १४ ॥

देवता ब्राह्मण पिता माता और आचार्य तथा पण्डितोंकी पूजा (सेवा) पवित्रता विनम्रता ब्रह्मचर्य और अहिंसाको शारीरिक तप कहते हैं ॥ १४ ॥

हीनत्वाद्येकैकविशेषणः पञ्चविधः, सर्वविशेषणसमुच्चयेन चैकविधः इति षट् द्वित्रिचतुर्विशेषण-समुच्चयेन च बहवो भेदास्तामसयज्ञस्य ज्ञेयाः । राजसे यज्ञेऽन्तःकरणशुद्ध्यभावेऽपि फलोत्पा-दकमपूर्वमस्ति यथाशास्त्रमनुष्ठानात्, तामसे त्वयथाशास्त्रानुष्ठानान्न किमप्यपूर्वमस्ती-त्यतिशयः ॥ १३ ॥

क्रमप्राप्तस्य तपसः सात्त्विकादिभेदं कथयितुं शारीर-वाचिक-मानसभेदेन तस्य त्रैविध्य-माह त्रिभिः—'देवद्विजे'त्यादिना । देवाः-ब्रह्म-विष्णु-शिव-सूर्याग्नि-दुर्गादयः, द्विजाः-द्विजातयः ब्राह्मणाः, गुरवः-पितृमात्राचार्यादयः, प्राज्ञाः-पण्डिता विदितवेद-तदुपकरणार्थाः, तेषां पूजनम्-प्रणामशुश्रूषादि यथाशास्त्रम् । शौचम्-मृज्जलाभ्यां शरीरशोधनम्, आर्जवम्-अकौटिल्यम् । भाव-संशुद्धिशब्देन मानसे तपसि वक्ष्यति । शारीरं त्वार्जवं विहितप्रतिषिद्धयोरेकरूपप्रवृत्तिनिवृत्ति-शालित्वम्, ब्रह्मचर्यम्-निषिद्धमैथुननिवृत्तिः, अहिंसा-अशास्त्रीयप्राणिपीडनाभावः। चकारादस्ते-

---

रहित यज्ञको बड़े लोग तामस कहते हैं। विधिहीनत्वादिकोंमें एक-एक विशेषणसे विशिष्ट याग पाँच प्रकार का है। कोई विधिहीन ही है कोई अन्नहीन ही है इस प्रकार एकैकके भावसे यागमें पाँच भेद स्पष्ट ही है जिसमें सब विशेषण हैं व एक छठवाँ यज्ञ है, एकैक विशेषणसे और समुदित विशेषणसे छह प्रकारका याग कहा, किसीमें एक विशेषण है किसीमें दो, किसीमें तीन, किसीमें चार इस भेदसे तामसका अनेक भेद समझना। राजस यज्ञमें अन्तःकरणकी शुद्धि न होनेपर भी फलजनक अदृष्ट होता है क्योंकि शास्त्रविधिके अनुसार अनुष्ठान हुआ है तामसमें तो शास्त्रविधिके विपरीत अनुष्ठान होनेसे कुछ भी अदृष्ट धर्म नहीं यह विशेष है ॥ १३ ॥

क्रमप्राप्त तपका सात्त्विक राजस तामस कहनेके लिये शारीर वाचिक और मानसके भेदसे वह तीन प्रकारका है यह कहते हैं तीन श्लोकोंसे—देव-ब्रह्मा, विष्णु शिव, सूर्य, अग्नि, दुर्गादि। ब्राह्मण, गुरु—पिता माता आचार्यादि, प्राज्ञ पण्डित जो कि वेद वेदाङ्गके अर्थोंको जानते हैं उनका पूजन शास्त्राज्ञानुसार प्रणाम शुश्रूषादि, शौच मट्टी जलसे शरीर निर्मल करना, आर्जव .कौटिल्याभाव यह भावसंशुद्धिशब्दसे मानस तप में कहेंगे। शारीर आर्जव विधि और निषेधमें समानरूपसे प्रवृत्ति और निवृत्ति ब्रह्मचर्य-प्रतिषिद्ध स्त्रीसङ्ग-

अनुद्वेगकरं वाक्यं सत्यं प्रियहितं च यत् ।
स्वाध्यायाभ्यसनं चैव वाङ्मयं तप उच्यते ॥ १५ ॥

किसीको दुःख न देनेवाला, सत्य प्रिय, परिणाममें हितकारी जो वाक्यका प्रयोग वेदशास्त्रका अभ्यास इसको वाचिक तप कहते हैं ॥ १५ ॥

यापरिग्रहावपि । शारीरम्-शरीरप्रधानैः, कर्त्रादिभिः साध्यम् , न तु केवलेन शरोरेण । **'पञ्चैते तस्य हेतवः'** इति हि वक्ष्यति । इत्थं शारीरं तप उच्यते ॥ १४ ॥

'अनुद्वेगे'ति । अनुद्वेगकरम्-न कस्यचिद् दुःखकरं सत्यम्-प्रमाणमूलमबाधितार्थम् । प्रियम्-श्रोतुः तत्कालश्रुतिसुखं हितम्-परिणामे सुखकरम् । चकारो विशेषणानां समुच्चयार्थः । अनुद्वेगकरत्वादिविशेषणचतुष्टयेन विशिष्टम् , न त्वेकेनापि विशेषणेन न्यूनं यद्वाक्यम् । यथा शान्तो भव-वत्स, स्वाध्यायं योगं चानुतिष्ठ, तथा ते श्रेयो भविष्यतीत्यादि, तत् वाङ्मयम्-वाचिकं तपः शारीरवत् , स्वाध्यायाभ्यसनं-यथाविधि वेदाभ्यासश्च वाङ्मयं तप उच्यते । एवकारः प्राग्विशेषणसमुच्चयावधारणे व्याख्यातव्यः ॥ १५ ॥

न करना, अहिंसा शास्त्रविहितहिंसासे अतिरिक्त प्राणिहिंसाभाव, 'च' से चोरी न करना अधिकसञ्चय न करना इन दोनोंका भी ग्रहण है । शारीर केवल शरीरसाध्य विवक्षित नहीं किन्तु शरीरप्रधान कर्तादिसे साध्य जो हैं वह शरीरसे यहाँ विवक्षित हैं क्योंकि—

'अधिष्ठानं तथा कर्ता करणं च पृथग्विधम् ।
विविधाश्च पृथक् चेष्टा दैवं चैवात्र पञ्चमम् ॥' १८-१४.
'शरीरवाङ्मनोभिर्यत् कर्म प्रारभते नरः ।
न्याय्यं वा विपरीतं वा पञ्चैते तस्य हेतवः ॥' १८-१७.

यह आगे कहेंगे इस प्रकार शारीर तप कहाता है ॥ १४ ॥

शारीर तप कह कर वाक्प्रधान कर्तादिसे साध्य तप कहते हैं—**'अनुद्वेगे'**ति । किसी को दुःखदायी न हो ऐसा वाक्य सत्य प्रामाणिक जिसका अर्थ प्रमाणोंसे बाधित न हो, प्रिय-श्रोता को श्रवण कालमें श्रवणमें सुखकर हित जिसके परिणाममें सुख हो । चकार विशेषणके समुच्चयार्थ है अनुद्वेगकरत्वादि चारों विशेषणोंसे विशिष्ट एकविशेषणसे भी कम न हो जो वाक्य जैसे 'वच्चे ! शान्त रहो, पढ़ो और योग करो, इसीसे तुम्हारा कल्याण होगा, इत्यादि वाग्विन्यास वाचिक तप है शरीरके समान । वेदोंका अभ्यास यथाविधि (वेदोभ्यास) वाङ्मय तप है । एवकारका पूर्वमें विशेषणसमुच्चयावधारणके समय व्याख्यान हो चुका है ॥ १५ ॥

मनःप्रसादः सौम्यत्वं मौनमात्मविनिग्रहः ।
भावसंशुद्धिरित्येतत्तपो मानसमुच्यते ॥ १६ ॥

मनकी स्वच्छता, सर्वलोककी हितैषिता, मौन, मनोनिरोध और हृदयकी शुद्धिको मानस तप कहते हैं ॥ १६ ॥

श्रद्धया परया तप्तं तपस्तत्त्रिविधं नरैः ।
अफलाकांक्षिभिर्युक्तैः सात्त्विकं परिचक्षते ॥ १७ ॥

फलाभिसन्धिसे रहित और समाहित मनुष्योंसे उत्कृष्ट श्रद्धापूर्वक किये गये तीन प्रकारके तपको सात्त्विक तप कहते हैं ॥ १७ ॥

'मनःप्रसादः' इति । मनसः प्रसादः-स्वच्छता विषयचिन्ताव्याकुलत्वराहित्यम्, सौम्यत्वम्-सौमनस्यं सर्वलोकहितैषित्वं, प्रतिषिद्धाचिन्तनं च । मौनम्-मुनिभावः एकाग्रतयाऽऽत्मचिन्तनम्-निदिध्यासनाख्यम्, **'वाक्संयमहेतुर्मनःसंयमो मौनमि'**ति भाष्यम् । आत्मविनिग्रहः-आत्मनः मनसो विशेषेण सर्ववृत्तिनिग्रहो निरोधसमाधिरसंप्रज्ञातः । भावस्य-हृदयस्य शुद्धिः-कामक्रोध-लोभादिमलनिवृत्तिः, पुनरशुद्ध्युत्पादराहित्येन सम्यक्त्वेन विशिष्टा सा भावशुद्धिः । **'परैः सह व्यवहारकाले मायाराहित्यं से'**ति भाष्यम् , इत्येतत्-एवंप्रकारं तपो मानसमुच्यते ॥ १६ ॥

शारीर-वाचिक-मानसभेदेन त्रिविधस्योक्तस्य तपसः सात्त्विकादिभेदेन त्रैविध्यमिदानीम् दर्शयति त्रिभिः—**'श्रद्धये'**त्यादिना । तत्-पूर्वोक्तं त्रिविधं शारीरम्, वाचिकम्, मानसं च तपः

मनका प्रसाद प्रसन्नता विषयचिन्ताव्यग्रत्वाभाव है । सौम्यत्व सौमनस्य जो मुखादिप्रसादरूपकार्यसे प्रतीत होता है और सब लोगोंके हितका चिन्तन प्रतिषिद्धका अचिन्तन भी सौमनस्य है । मौनकी व्युत्पत्ति दिखलाते हैं—**'मुनिभावः'** इति । निदिध्यासनस्वरूप एकाग्रचित्तसे आत्माका चिन्तन, वाक्संयमहेतु मनः संयम मौन है यह भाष्य है । वाग्नियमन मौन है यह तो लोकमें प्रसिद्ध है, परन्तु यह वाक् तपमें आने लायक है मानस तपमें नहीं अतः भाष्यकारने कहा वाक्संयम मनःसंयम पूर्वक ही होता है अतः कार्य वाक्संयमसे कारण मनःसंयम कहा यह तो मानस है ही । आत्मविनिग्रह मनकी सब वृत्तियोंका निरोध असंप्रज्ञात समाधिभाव हृदयकी शुद्धि, काम क्रोध लोभ मदमोहादिरूपमलकी निवृत्ति पुनः अशुद्धि उत्पन्न न हो ऐसी शुद्धि ऐकान्तिक शुद्धि । इसी तात्पर्यसे भाष्यकारने कहा कि—**'परैर्व्यवहारकाले मायाराहित्यं सेति'** दूसरोंके साथ व्यवहार समयमें कपट न करना इस प्रकारका तप मानस कहाता है ॥ १६ ॥

शारीर वाचिक मानस भेदसे तीन प्रकारके उक्त तपका निरूपण हुआ फिर सात्त्विकादि भेदसे तीन प्रकार उसका कहते हैं इस समय तीन श्लोकोंसे—वह पूर्वोक्त शारीर वाचिक मानस तप श्रद्धा आस्तिक्य

सत्कारमानपूजार्थं तपो दम्भेन चैव यत् ।
क्रियते तदिह प्रोक्तं राजसं चलमध्रुवम् ॥ १८ ॥

सत्कार, मान, पूजा के लिये कपटसे ही जो तप किया जाता है वह अनिश्चित और अल्पकालिक फलवाला राजस तप कहा जाता है ॥ १८ ॥

मूढग्राहेणात्मनो यत्पीडया क्रियते तपः ।
परस्योत्सादनार्थं वा तत्तामसमुदाहृतम् ॥ १९ ॥

दुराग्रहसे शरीर और इन्द्रियोंको पीडा देकर अथवा दूसरेके विनाशके लिये जो तप किया जाता है वह तामस कहा गया है ॥ १९ ॥

श्रद्धया-आस्तिक्यबुद्धया परया-प्रकृष्टयाऽप्रामाण्यशङ्काकलङ्कशून्यया फलाभिसन्धिशून्यैर्युक्तैः-समाहितैः सिद्धयसिद्धयोर्निर्विकारैरधिकारिभिस्तप्तम्-अनुष्ठितं सात्त्विकं परिचक्षते शिष्टाः ॥ १७ ॥

'सत्कारे'ति । सत्कारः-साधुरयं तपस्वी ब्राह्मण इत्येवमविवेकिभिः क्रियमाणा स्तुतिः, मानः-प्रत्युत्थानाभिवादनादिः, पूजा-पादप्रक्षालनार्चनधनदानादिः, तदर्थं दम्भेनैव च केवलम्-धर्मध्वजित्वेनैव च, न त्वास्तिक्यबुद्धया यत्तपः क्रियते, तद्राजसं प्रोक्तं शिष्टैः, इह-अस्मिन्नेव लोके फलदम्, न पारलौकिकम्, चलम्-अत्यल्पकालस्थायिफलम् , अध्रुवम्-फलजनकतानियम-शून्यम् ॥ १८ ॥

'अस्ति परलोक इति बुद्धिर्यस्य स आस्तिकः' **'अस्ति नास्ति दिष्टं मतिः'** इस सूत्रसे ठक् होता है, **'ठस्येकः'** इससे इक् 'यस्येति च' से इकार लोप आस्तिकः, तस्य भाव आस्तिक्यं' उत्तम आस्तिक्य बुद्धिसे उत्तमत्व अप्रामाण्यशङ्कारूपी कलङ्कशून्यत्व है फलाकाँक्षाशून्य समाहित एकाग्रचित्त, सिद्धि और असिद्धिमें विकार-रहित पुरुषोंसे अनुष्ठान किये गये तपको सात्त्विक वड़े लोग कहते हैं ॥ १७ ॥

वहुत अच्छा यह तपस्वी ब्राह्मण है इस प्रकार विवेकरहित पुरुषोंसे क्रियमाण प्रशंसा सत्कार है, देखकर खड़ा होना प्रणाम करना आदि मान है, पूजा पैर धोना आदि एतदर्थ दम्भसे ही—धर्मध्वजित्वसे आस्तिक्यबुद्धिसे नहीं जो तप किया जाता है उसको राजस शिष्टलोग कहते हैं । इसी लोकमें वह फलप्रद है परलोकफल उसका कुछ भी नहीं, चल-थोड़े कालतक रहनेवाला फल रहता है अध्रुव अवश्य ही यह फल देगा इस नियमसे रहित है ॥ १८ ॥

दातव्यमिति यद्दानं दीयतेऽनुपकारिणे ।
देशे काले च पात्रे च तद्दानं सात्त्विकं स्मृतम् ॥ २० ॥

शास्त्रकी प्रेरणासे देना ही चाहिये इस बुद्धिसे देश और काल प्राप्त होने पर अनुपकारी पात्रको जो दान दिया जाय वह दान सात्त्विक माना गया है ॥ २० ॥

यत्तु प्रत्युपकारार्थं फलमुद्दिश्य वा पुनः ।
दीयते च परिक्लिष्टं तद्दानं राजसं स्मृतम् ॥ २१ ॥

प्रत्युपकारके लिये या दृष्ट और अदृष्ट फलके लिये और पश्चात्ताप (कैसे इतना व्यय हो गया एतद्रूप) जिसमें हो ऐसा दिया हुआ जो दान है वह राजस कहलाता है ॥ २१ ॥

'मूढे'ति । मूढग्राहेण-अविवेकातिशयकृतेन दुराग्रहेणाऽऽत्मनः-देहेन्द्रियसङ्घातस्य पीडया यत्तपः क्रियते, परस्योत्सादनार्थं वा-अन्यस्य विनाशार्थमभिचाररूपम्, तत्तामसमुदाहृतम् शिष्टैः ॥ १९ ॥

इदानीं क्रमप्राप्तस्य दानस्य त्रैविध्यं दर्शयति त्रिभिः—**'दातव्यमि'**त्यादिना । दातव्यमेव शास्त्रचोदनावशादित्येवं निश्चयेन, न तु फलाभिसन्धिना यद् दानं तुलापुरुषादि दीयतेऽनुपकारिणे-प्रत्युपकाराजनकाय देशे-पुण्ये कुरुक्षेत्रादौ काले च-पुण्ये सूर्योपरागादौ । पात्रे चेति चतुर्थ्यर्थे सप्तमी । कीदृशायानुपकारिणे दीयते पात्राय च विद्यातपोयुक्ताय । पात्रे-रक्षकायेति वा । विद्यातपोभ्यामात्मनो दातुश्च पालनक्षम एव प्रतिगृह्णीयादिति शास्त्रात् । तदेवंभूतम् दानं सात्त्विकं स्मृतम् ॥ २० ॥

मूढग्राह अविवेक प्रयुक्त दुराग्रह है इससे शरीरेन्द्रिय सङ्घातात्मक आत्माको पीड़ा देकर जो तप किया जाता है दूसरेको भगाने या मारनेके लिये मारणरूप वह तामस है ऐसा शिष्टोंने कहा है ॥ १९ ॥

अब क्रमप्राप्त दानका तीन भेद कहते हैं तीन श्लोकोंसे—देना ही चाहिये क्योंकि शास्त्रमें ऐसी विधि है इस निश्चयसे फलकी इच्छासे नहीं जो तुलापुरुषादि दान दिया जाता है अनुपकारीको जिससे कुछ भी उपकार होनेको भविष्यमें आशा नहीं, देश पुण्यक्षेत्र कुरुक्षेत्रादि पुण्यकाल सूर्यचन्द्रग्रहणादि पात्रमें सप्तमी चतुर्थीके अर्थमें है । कैसे अनुपकारीको दिया जाय तो—पात्राय, विद्वान् और तपस्वीको अथवा 'पाति रक्षति इति पाता तस्मै पात्रे' 'पा रक्षणे'से तृच् प्रत्यय है इस अर्थमें चतुर्थी ही है सप्तमी नहीं । विद्या और तपसे अपनी तथा दाताकी रक्षामें समर्थ ही प्रतिग्रह दान ले ऐसी शास्त्रकी विधि है इस प्रकारका दान सात्त्विक है ॥ २० ॥

अदेशकाले यद्दानमपात्रेभ्यश्च दीयते ।

असत्कृतमवज्ञातं तत्तामसमुदाहृतम् ॥ २२ ॥

अपवित्र देश और कालमें असत्कार और तिरस्कार पूर्वक अपात्र (आचारशून्य) को जो दान दिया जाता है वह तामस कहा जाता है ॥ २२ ॥

ॐ तत्सदिति निर्देशो ब्रह्मणस्त्रिविधः स्मृतः ।

ब्राह्मणास्तेन वेदाश्च यज्ञाश्च विहिताः पुरा ॥ २३ ॥

ज्ञानियोंने ब्रह्मका ॐ तत् सत् इस प्रकार तीन प्रकारका नाम कहा है, पहले नामसे ब्राह्मण वेद और यज्ञ बने हैं ॥ २३ ॥

'यत्त्वि'ति । प्रत्युपकारार्थम्-कालान्तरे मामयमुपकरिष्यतीत्येवं दृष्टार्थम् , फलं वा स्वर्गादिकमुद्दिश्य यत्पुनर्दानं सात्त्विकविलक्षणं दीयते, परिक्लिष्टं च-कथमेतावद्व्ययितमिति पश्चात्तापयुक्तं यथा भवत्येवं च यद् दीयते, तद् दानं राजसं स्मृतम् ।। २१ ।।

'अदेशे' इति । अदेशे स्वतो दुर्जनसंसर्गाद्वा पापहेतावशुचिस्थाने, अकाले पुण्यहेतुत्वेन अप्रसिद्धे यस्मिन् कस्मिंश्चित्, अशौचकाले वा, अपात्रेभ्यश्च-विद्यातपोरहितेभ्यो नटविटादिभ्यः यद्दानं दीयते, देशकालपात्रसंपत्तावपि असत्कृतं प्रियभाषण-पादप्रक्षालन-पूजादिसत्कारशून्यम-वज्ञातम्-पात्रपरिभवयुक्तं च तद् दानं तामसमुदाहृतम् ॥ २२ ॥

सात्त्विक दान कहकर राजस दान कहते हैं—**'यत्त्वि'ति** । इस समय न हो किन्तु कालान्तरमें यह उपकार करेगा इस बुद्धिसे दृष्टार्थ अथवा अदृष्ट स्वर्गादि फल हमको होगा इस बुद्धिसे वा जो सात्त्विकसे विलक्षण दान दिया जाता है दान देनेके अनन्तर क्यों इतना खर्च किया थोड़ा देनेसे भी काम चल जाता इत्यादि पश्चात्तापयुक्त जो दान वह दान राजस माना गया है ॥ २१ ॥

राजस दान कहकर तामस दान कहते हैं—**'अदेशे'**त्यादि । स्वभावतः अथवा दुष्टजनोंके सम्बन्धसे पापजनक अपवित्र स्थलमें अकाले अर्थात् पुण्यजनकत्वेन अप्रसिद्ध वा जिस किसी अपवित्रकालमें विद्या तपसे रहित अपात्र नटविटादिको जो दान दिया जाता है और देश काल पात्रकी प्राप्ति होनेपर भी असत्कारयुक्त प्रिय बोलना पैर धोना तथा पूजादिसत्कारसे रहित अनादर-पात्रतिरस्कारसहित जो दान वह तामस कहा गया है ॥ २२ ॥

तदेवमाहार-यज्ञ-तपो-दानानां त्रैविध्यकथनेन सात्त्विकानि तान्यादेयानि, राजस-तामसानि तु परिहर्तव्यानीत्युक्तम् । तत्राऽऽहारस्य दृष्टार्थत्वेन नास्त्यङ्गवैगुण्येन फलाभावशङ्का । यज्ञ-तपो-दानानां त्वदृष्टार्थानामङ्गवैगुण्यादपूर्वानुत्पत्तौ फलाभावः स्यादिति, सात्त्विकानामपि तेषामानर्थक्यं प्राप्तम्, प्रमादबहुलत्वादनुष्ठातृणाम्, अतस्तद्वैगुण्यपरिहाराय 'ओंतत्सदि'ति भगवन्नामोच्चारणरूपं सामान्यप्रायश्चित्तं परमकारुणिकतयोपदिशति भगवान्—'**ॐ तत्सदि'त्यादिना।** ओंतत्सदित्येवंरूपो ब्रह्मणः-परमात्मनो निर्देशः-निर्दिश्यतेऽनेनेति निर्देशः-प्रतिपादकशब्दः, नामेति यावत् । त्रिविधः-तिस्रो विधा अवयवा यस्य, स त्रिविधः स्मृतो वेदान्तविद्भिः । एकवचनात् त्र्यवयवमेकं नाम प्रणववत् । यस्मात्पूर्वैर्महर्षिभिरयं ब्रह्मणो निर्देशः स्मृतः, तस्मादिदानीन्तनैरपि स्मर्तव्य इति विधिरत्र कल्प्यते **'वषट्कर्तुः प्रथमभक्षः'** इत्यादिष्विव, **'वचनानि त्वपूर्व-**

इस प्रकार आहार, यज्ञ, तप, दानके तीन भेद कहनेसे सात्त्विक पूर्वोक्त ग्राह्य है, राजस और तामस हेय है यह कहा, इनमें आहार दृष्टार्थक है अतः इसमें अङ्गोंके वैगुण्यसे फल नहीं होगा यह शङ्का नहीं है। आहार से दृष्ट फल तृप्ति होती ही है, यज्ञ तप दान तो अदृष्टार्थ हैं। इनमें अङ्ग वैगुण्य होने पर अदृष्ट धर्म न होगा इससे उक्त कर्मोंसे फल नहीं होगा। इस प्रकार उक्त हेतुसे सात्त्विकोंका भी फल न होगा अतः उनमें अनर्थकत्व प्राप्त होता है, क्योंकि अनुष्ठान करनेवालोंमें भ्रम-प्रमाद-[1]विप्रलिप्सा-करणापाटवादि पौरुषेय दोष अनिवार्य हैं इस कारण उस वैगुण्यके परिहारार्थ 'ॐ तत्सत्' इतना भगवान्के नामोंका उच्चारणरूप जो साधारण प्रायश्चित्त है उसका परम दयासे भगवान् ओंतत्सत् इस प्रकारका उपदेश करते हैं—**'ओंतत्सदित्यादि'**से। ब्रह्म परमात्मा परब्रह्मका निर्देश है, निर्देश यहाँ नाम परक है। यह व्युत्पत्तिसे यौगिक अर्थ दिखलाते हैं—निर्दिश्यते इत्यादि। जैसे प्रणव ॐ यह ब्रह्मका नाम है, तद्वत् 'तत्सत्' ये भी ब्रह्मके नाम हैं तीन विधा प्रकार अवयव है जिसका वह त्रिविध है, तीन प्रकारका है ऐसा वेदान्तियोंका स्मरण है। निर्देशके एकवचनसे जैसे अ उ म इन अक्षरोंका समुदाय ॐ यह प्रणव एक ही नाम है अकारादि तीनों वर्ण पृथक् २ नाम नहीं है वैसे ॐ तत्सत् यह भी समुदाय एक ही पद है तीनों अलग-अलग नहीं। जिस कारण पूर्व महर्षियोंने यह ब्रह्मका निर्देश नाम है ऐसा स्मरण किया है, अतः आधुनिकोंको भी इसका स्मरण करना चाहिये इस प्रकार यहाँ विधि श्रुत नहीं है तो उसकी कल्पना करनी आवश्यक है। 'वषट्कर्तुः प्रथमभक्षः' यहाँ विधिकी श्रुति नहीं फिर भी विधिका अध्याहार कर प्राथम्यविशिष्ट भक्षणका विधान यहाँ माना गया है 'ऋत्विजो हविःशेषान् भक्षयन्ति' इस वाक्यसे भक्षणका विधान सिद्ध है, उक्तवाक्य विधायक नहीं हो सकता अप्राप्तकी विधि होती है भक्षण उक्तवाक्यसे प्राप्त ही है। अच्छा तो 'दध्ना जुहोति'के समान

१. विप्रलिप्सा-वञ्चना करणापाटव-इन्द्रियों का नैपुण्याभाव।

त्वादिति मी० द० ३-५-२१ न्यायात् । यज्ञ-दान-तपःक्रियासंयोगाच्चास्य तदवैगुण्यमेव फलम् नष्टाश्वदग्धरथवत्परस्पराकाङ्क्षया कल्प्यते ।

"प्रमादात्कुर्वतां कर्म प्रच्यवेताध्वरेषु यत् ।
स्मरणादेव तद्विष्णोः सम्पूर्णं स्यादिति श्रुतिः ॥' इति स्मृतेः ।

तथैव शिष्टाचाराच्च । ब्रह्मणो निर्देशः स्तूयते कर्मवैगुण्यपरिहारसामर्थ्य-

---

गुणविधायक मानिये । भक्षणको उद्देश्य कर प्राथम्यमात्रका विधान मानिये, 'वषट्कर्तुर्यो भक्षः, स प्रथमः' इति, ऐसा माननेसे एकप्रसरता-एकविशिष्टार्थोपस्थितिनियामकता । एकार्थीभाववादि वैयाकरणके मतसे ससस्तमें अवयवार्थ शक्तिसे अतिरिक्त विशिष्टार्थनिरूपित शक्ति है उससे प्राथम्यप्रकारक भक्षविशेष्यक उपस्थिति होती है उद्देश्य विधेयभावसे शाब्दबोधके प्रति पृथक्पदजन्य पृथगर्थोपस्थिति कारण है प्रकृतमें प्रथमश्चासौ भक्षश्च यह कर्मधारय समास है ।

'समासे खलु भिन्नैव शक्तिः पङ्कजशब्दवत्'

समास एकार्थीभावका उपलक्षक है इस सिद्धान्तके अनुसार प्राथम्यविशिष्ट भक्षणकी उपस्थिति है प्राथम्य और भक्षणकी अलग-अलग उपस्थिति नहीं, अतः भक्षोद्देश्यक प्राथम्यविधेयक बोध नहीं हो सकता किन्तु प्राथम्यविशिष्ट भक्षणका ही विधान है । यद्यपि केवल भक्ष उक्तवाक्यसे विहित है उसका केवल विधान नहीं हो सकता तथापि प्राथम्यविशिष्ट भक्षका विधान वचनान्तरसे नहीं प्राप्त है अतः विशिष्टार्थका विधायक है इसमें प्रमाण मीमांसासूत्र कहते हैं—**'वचनानि त्वपूर्वत्वात्, तस्मात् यथोपदेशं स्युः'** इति । वचनानि-'वषट्कर्तुः प्रथमभक्ष' इत्यादीनि वचनान्तराप्राप्त प्राथम्यविशिष्ट भक्षण विधायक है—उसमें हेतु कहते है अपूर्वत्वात्, अपूर्वार्थबोधकत्वात् तस्मात्-वचनान्तराप्राप्तत्वात्, जैसा उपदेश है अतः प्राथम्य-विशिष्टका विधायक है, प्रकृतमें विधि अश्रुत है तो भी अध्याहारसे विधायक ॐतत्सत् यह है, जैसे **'वषट्कर्तुः प्रथमभक्षः'**में विधिका अध्याहार है तद्वत्प्रकृतमें भी समझना । इतनेका ही प्रकृतमें उपयोग है, यज्ञ दान तप क्रियादिमें वैगुण्य परिहारके लिये इसका उच्चारण आवश्यक है, **'नष्टाश्वदग्धरथ'**न्यायसे मिथः आकाङ्क्षासे इनका सम्बन्ध होता है । जैसे एकका घोड़ा मर गया किन्तु रथ है दूसरेका रथ जल गया पर घोड़े बचे हैं ऐसी परिस्थितिमें घोड़े वालेको रथकी अपेक्षा है इस अपेक्षासे दोनों मिलकर रथसे अपने इष्ट स्थानको चले जाते हैं उसी प्रकार नाम निर्देशकों फलकी अपेक्षा है—यज्ञादिको वैगुण्य निरासकी अपेक्षा है इससे दोनों मिलकर सार्थक होते हैं अन्यथा दोनों व्यर्थ हो जायँगे ।

'प्रमादात्कुर्वतां कर्म प्रच्यवेताध्वरेषु यत् ।
स्मरणादेव तद्विष्णोः संपूर्णं स्यादिति श्रुतिः ॥'

यह स्मृति है, और ऐसा ही शिष्टाचार भी है । ब्रह्मके नामकी स्तुति करते हैं—कर्मवैगुण्यपरिहारकी

तस्मादोमित्युदाहृत्य यज्ञदानतपःक्रियाः ।
प्रवर्तन्ते विधानोक्ताः सततं ब्रह्मवादिनाम् ॥ २४ ॥

इसलिये ॐकारका उच्चारण कर वैदिकोंकी विधिशास्त्रसे विहित यज्ञ, दान, तप रूप क्रियायें सदा आरम्भ होती हैं ॥ २४ ॥

कथनाय । **'ब्राह्मणाः'** इति त्रैवर्णिकोपलक्षणम् । ब्राह्मणाद्याः कर्तारः, वेदाः-करणानि, यज्ञाः कर्माणि, तेन ब्रह्मणो निर्देशेन करणभूतेन पुरा विहिताः प्रजापतिना । यस्माद्यज्ञादिसृष्टिहेतुत्वेन तद्वैगुण्यपरिहारसमर्थो महाप्रभावोऽयं निर्देश इत्यर्थः ॥ २३ ॥

इदानीमकारोकारमकारव्याख्यानेन तत्समुदायोंकारव्याख्यानवदोंकार-तच्छब्द-सच्छब्दव्याख्यानेन तत्समुदायरूपं ब्रह्मणो निर्देशं स्तुत्यतिशयाय व्याख्यातुमारभते चतुर्भिः । तत्र प्रथममोंकारं व्याचष्टे—**'तस्मादि'त्यादिना ।** यस्मात् "ओमिति ब्रह्म" इत्यादिषु श्रुतिष्वोमिति ब्रह्मणो नाम प्रसिद्धम्, तस्मादोमित्युदाहृत्य-ओंकारोच्चारणानन्तरं विधानोक्ता-विधिशास्त्रबोधिता ब्रह्मवादिनां-वेदवादिनां यज्ञदानतपःक्रियाः सततं प्रवर्तन्ते-प्रकृष्टतया वैगुण्यराहित्येन वर्तन्ते । यस्यैकावयवोच्चारणादप्यवैगुण्यम्, किं पुनस्तस्य सर्वस्योच्चारणादिति स्तुत्यतिशयः ॥ २४ ॥

शक्ति कहनेके लिये । **'ब्राह्मणाः'** यह ब्राह्मण क्षत्रिय वैश्य इन तीनों वर्णोंका उपलक्षण है क्योंकि तीनों वर्णोंका वैदिक कर्मोंमें अधिकार है । ब्राह्मणादि कर्ता है, वेद करण है, यज्ञ कर्म है उस कारणभूत ब्रह्म-निर्देशसे पूर्वकालमें ब्रह्मासे विहित है, अतः यज्ञादिका कारण होनेसे यज्ञादिकोंके वैगुण्य दूर करनेमें समर्थ महाप्रभावशाली यह नाम है ॥ २३ ॥

इस समय अकार उकार मकारके व्याख्यानसे जैसे ॐकारका व्याख्यान है वैसे ही ॐकार तत् तथा सत् शब्दके व्याख्यानसे तत्समुदायरूप ब्रह्म निर्देशकी अतिस्तुतिके लिये व्याख्यानका आरम्भ करते हैं चार श्लोकोंसे—उनमें प्रथम ओंकारकी व्याख्या करते हैं अतः 'ॐमिति ब्रह्म' इत्यादि श्रुतियोंमें ॐ है । ब्रह्म नाम प्रसिद्ध ही है तस्मात् 'ओम्' इसका उच्चारण कर अनन्तर विधिशास्त्रविहित ब्रह्मवादियों तथा वेदवादियोंकी यज्ञ दान तपः रूप क्रिया शास्त्र विधिके अनुसार सदा होती हैं और वैगुण्यसे रहित होती हैं जिसके एक अवयवके उच्चारणसे वैगुण्याभाव होता है फिर उस समुदायके उच्चारणमें कहना ही क्या है इस प्रकार अतिस्तुति है ॥ २४ ॥

तदित्यनभिसन्धाय फलं यज्ञतपःक्रियाः ।
दानक्रियाश्च विविधाः क्रियन्ते मोक्षकाङ्क्षिभिः ॥ २५ ॥

मोक्षकी इच्छावाले फलेच्छा न कर नाना प्रकारकी यज्ञ तप और दान क्रियायोंका तत् इस नामका उच्चारण कर आरम्भ करते हैं ॥ २५ ॥

सद्भावे साधुभावे च सदित्येतत्प्रयुज्यते ।
प्रशस्ते कर्मणि तथा सच्छब्दः पार्थ ! युज्यते ॥ २६ ॥

हे पार्थ ! सद्भाव साधुभाव और मांगलिक कार्योंमें सत् शब्दका प्रयोग युक्त है ॥ २६ ॥

द्वितीयं तच्छब्दं व्याचष्टे--'तदि'त्यादिना । "तत्त्वमसि" इत्यादिश्रुतिप्रसिद्धं तदिति ब्रह्मणो नामोदाहृत्य-फलमनभिसंधायान्तःकरणशुद्धयर्थं यज्ञ-तपःक्रियाः, दानक्रियाश्च विविधाः मोक्षकाङ्क्षिभिः क्रियन्ते । तस्मादतिप्रशस्तमेतत् ॥ २५ ॥

तृतीयं सच्छब्दं व्याचष्टे द्वाभ्याम्--'सद्भावे'त्यादिना । **"सदेव सोम्येदमग्र आसीत्"** इत्यादिश्रुतिप्रसिद्धं सदित्येतद् ब्रह्मणो नाम सद्भावे-अविद्यमानत्वशङ्कायां विद्यमानत्वे, साधुभावे च-असाधुत्वशङ्कायां साधुत्वे च प्रयुज्यते शिष्टैः । तस्माद्वैगुण्यपरिहारेण यज्ञादेः साधुत्वम्, तत्फलस्य च विद्यमानत्वं कर्तुं क्षममेतदित्यर्थः । तथा सद्भाव-साधुभावयोरिव प्रशस्तेऽप्रतिबन्धेनाशु सुखजनके माङ्गलिके कर्मणि-विवाहादौ सच्छब्दो हे पार्थ ! युज्यते-प्रयुज्यते । तस्मादप्रतिबन्धेनाऽऽशुफलजनकत्वं वैगुण्यपरिहारेण यज्ञादेः समर्थमेतन्नामेति, प्रशस्ततरमेतदित्यर्थः ॥ २६ ॥

द्वितीय तच्छब्दका व्याख्यान करते हैं—'तत्त्वमसि' इत्यादि श्रुतिप्रसिद्ध तत् यह ब्रह्मका नाम है, इसका उच्चारण कर फलकी इच्छा न कर अन्तःकरणकी शुद्धिके लिए नाना प्रकार यज्ञ, तपःक्रिया दान क्रिया मोक्षकामनावान् करते हैं अतः यह वहुत अच्छा है ॥ २५ ॥

तीसरे सच्छब्दका व्याख्यान करते हैं दो श्लोकोंसे—**'सदेव सोम्येदमग्र आसीत्'** इत्यादि श्रुतिप्रसिद्ध 'सत्' यह ब्रह्मका नाम है। अविद्यमानत्वशंकामें विद्यमानत्वबोधनार्थ और असाधुत्वशंकामें साधुत्वबोधनार्थ शिष्टजन सच्छब्दका प्रयोग करते हैं। अतः वैराग्यपरिहारद्वारा यज्ञादिमें साधुत्व और उसके फलमें अस्तित्व करनेमें यह समर्थ है। हे पार्थ तथा सद्भाव-साधुभावके समान प्रशस्त और प्रतिबन्धाभाव पूर्वक शीघ्रफल सुखजनक माङ्गलिक विवाहादिकर्ममें सच्छब्दका प्रयोग होता है अतः प्रतिबन्ध रहित शीघ्रफलजनकत्वमें वैगुण्यपरिहारसे यह नाम समर्थ है इस हेतुसे यह वहुत अच्छा है यह अभिप्राय है ॥ २६ ॥

यज्ञे तपसि दाने च स्थितिः सदिति चोच्यते ।
कर्म चैव तदर्थीयं सदित्येवाभिधीयते ॥ २७ ॥

यज्ञ तप और दानमें जो स्थिति है उसको सत् ऐसा कहते हैं, और यज्ञ दान और तपरूप अर्थके अनुकूल कर्म भी सत् ही कहा जाता है ॥ २७ ॥

अश्रद्धया हुतं दत्तं तपस्तप्तं कृतं च यत् ।
असदित्युच्यते पार्थ ! न च तत्प्रेत्य नो इह ॥ २८ ॥

इति श्रीमद्भगवद्गीतासूपनिषत्सु ब्रह्मविद्यायां योगशास्त्रे श्रीकृष्णार्जुनसंवादे
श्रद्धात्रयविभागयोगो नाम सप्तदशोऽध्यायः ॥ १७ ॥

हे पार्थ ! श्रद्धाके विना हवन दान तप और अन्य स्तुति नमस्कार आदि क्रियायें असत् ऐसी कही जाती हैं, वह न परलोकमें न इस लोकमें फलदायक हैं ॥ २८ ॥

सत्रहवाँ अध्याय समाप्त ।

'यज्ञे' इति । यज्ञे तपसि दाने च या स्थितिः-तत्परतयाऽवस्थितिर्निष्ठा, साऽपि सदित्युच्यते विद्वद्भिः । कर्म चैव तदर्थीयं तेषु यज्ञदानतपोरूपेष्वर्थेषु भवं तदनुकूलमेव च कर्म । अथवा यस्य ब्रह्मणो नामेदं प्रस्तुतम्, तदेवार्थो विषयो यस्य, तत् तदर्थं शुद्धब्रह्मज्ञानं तदनुकूलम्-कर्म तदर्थीयं सदित्येवाभिधीयते । तस्मात्सदिति नाम कर्मवैगुण्यापनोदनसमर्थं प्रशस्ततरम् । यस्यैकैकोऽवयवोऽप्येतादृशः, किं वक्तव्यं तत्समुदायस्योंतत्सदिति निर्देशस्य माहात्म्यमिति संपिण्डितार्थः ॥ २७ ॥

यद्यालस्यादिना शास्त्रीयं विधिमुत्सृज्य श्रद्धानतयैव वृद्धव्यवहारमात्रेण यज्ञतपो-

---

यज्ञ दान और तपमें जो स्थिति निष्ठा श्रद्धापूर्वक अनुष्ठानपरता विद्वज्जन उसको भी सत् कहते हैं । कर्म जो तदर्थौपयिक यज्ञ दानादिके लिये तदर्थीय (यज्ञ, तप, दानार्थीय) अथवा जिसका तीनों नाम प्रकृत हैं तदर्थीय (ईश्वरार्थीय) भगवदर्पण बुद्धिसे अनुष्ठीयमान कर्म तदर्थीय सत् ही कहा जाता है अतः 'सत्' यह नाम कर्मवैगुण्यनिराकरणसमर्थ अतिप्रशस्त है । जिसका एक-एक अवयव कर्मवैगुण्य निराकरणमें समर्थ है फिर क्या कहना है तत्समुदाय **'ॐ तत्सत्'** इस ब्राह्मनिर्देशके महात्म्यके विषयमें यह समुदायार्थ है ॥२७॥

जो आलस्यादिवश शास्त्रीयविधिका त्यागकर श्रद्धायुक्त होकर वृद्ध व्यवहारके अनुसार यज्ञ तप

दानादि कुर्वतां प्रमादाद्वैगुण्ये प्राप्ते **'ओंतत्सदि'**ति ब्रह्मनिर्देशेन तत्परिहारः, तर्ह्यश्रद्दधानतया शास्त्रीयं विधिमुत्सृज्य कामकारेण यत्किंचिद्यज्ञादि कुर्वतामसुराणामपि तेनैव वैगुण्यपरिहारः स्यादिति, कृतं श्रद्धया सात्त्विकत्वहेतुभूतयेत्यत आह—**'अश्रद्धये'**ति । अश्रद्धया तद्धुतम्-हवनम् कृतमग्नौ, दत्तं यद्ब्राह्मणेभ्यः, यत् तपस्तप्तम्-यच्चान्यत्कर्म कृतं स्तुति-नमस्कारादि, तत्सर्वमश्रद्धया कृतम् , असत्-असाध्वित्युच्यते । अत **'ओंतत्सदि'**तिनिर्देशेन न तस्य साधुभावः शक्यते कर्तुम्, सर्वथा तदयोग्यत्वाच्छिलाया इवाङ्कुरः, तत्कस्मादसदिच्यते श्रृणु हे पार्थ !, चो हेतौ । यस्मात्तदश्रद्धाकृतं न प्रेत्य-परलोके फलति, विगुणत्वेनापूर्वाजनकत्वात् । नो इह-नापीह लोके यशः, साधुभिर्निन्दितत्वात् । अत ऐहिकामुष्मिकफलविकलत्वादश्रद्धाकृतस्य, सात्त्विक्या श्रद्धयैव सात्त्विकं यज्ञादि कुर्यादन्तःकरणशुद्धये । तादृशस्यैव श्रद्धापूर्वकस्य सात्त्विकस्य यज्ञादेः दैवाद्वैगुण्यशङ्कायां ब्रह्मणो नामनिर्देशेन साद्गुण्यं संपादनीयमिति परमार्थः । **'श्रद्धापूर्वकम-सात्त्विकमपि यज्ञादि विगुणं ब्रह्मणो नामनिर्देशेन सात्त्विकं सगुणं च संपादितं भवती'**ति **भाष्यम् ।** तदेवमस्मिन्नध्याय आलस्यादिनाऽनादृतशास्त्राणां श्रद्धापूर्वकं वृद्धव्यवहारमात्रेण

दानादि करते हैं उनके यज्ञादिमें वैगुण्यकी प्राप्ति होनेपर 'ओं तत्सत्' इस ब्रह्मनिर्देशसे उसका परिहार होता है तो अश्रद्धासे जो शास्त्रकी विधिका त्याग कर स्वेच्छासे जो यज्ञादिकर्म करते हैं उन असुरोंके यागादिकर्म भी उसी ब्रह्मनिर्देशसे वैगुण्यका परिहार जो जायगा फिर सात्त्विकत्वकारणीभूत श्रद्धा व्यर्थ ही है इस जिज्ञासासे कहते हैं—**'अश्रद्धये'त्यादि** । अश्रद्धासे जो अग्निमें हवन किया जाता है, ब्राह्मणोंको जो दिया जाता है, जो तप किया जाता है, अन्य भी प्रणाम स्तुत्यादिकर्म यह सब अश्रद्धासे कृत असत् (असाधु) कहा जाता है । ओं तत्सत् इस निर्देशसे उसमें साधुत्व नहीं कह सकते हैं, सर्वथा अपूर्वोत्पत्तिके अयोग्य है । पत्थरमें जैसे अङ्कुर नहीं होता क्योंकि अङ्कुरोत्पादनमें पत्थर अयोग्य है । तद्वत् । ऐसा क्यों असत् कहा जाता है सुनो हे पार्थ !, चकार हेतुमें है । यतः वह अश्रद्धासे कृत है अतः न परलोकमें फल देता है क्योंकि विगुण होनेसे अपूर्वका जनक नहीं है, न इस लोकमें यश ही उससे होता है कारण अच्छे लोग उसकी निन्दा ही करते हैं अतः इस लोक और परलोकके फलोंसे (बन्ध्य) बाँझ होनेसे अश्रद्धाकृतको अकृत ही समझना चाहिये । अन्तःकरणकी शुद्धिके लिये सात्त्विक श्रद्धासे सात्त्विक ही यागादि करना चाहिये वही श्रद्धापूर्वक सात्त्विकयज्ञादिमें दैवयोगसे वैगुण्यका सन्देह रहनेपर ब्रह्मके नाम निर्देशसे साद्गुण्य सर्वाङ्गपूर-णत्वका सम्पादन करना है यह वस्तुस्थिति है । श्रद्धापूर्वक असात्त्विक भी यागादि जो विगुण है ब्रह्मके नाम निर्देशसे सात्त्विक और सगुण होता है ऐसा भाष्यमें अर्थ है । उपसंहार करते हैं—**'तदेवम्'से** । इस

प्रवर्तमानानां शास्त्रानादरेणासुरसाधर्म्येण श्रद्धापूर्वकानुष्ठानेन च देवसाधर्म्येण किमसुरा अमी, देवा वेत्यर्जुनसंशयविषयाणां राजस-तामसश्रद्धापूर्वकं राजसतामसयज्ञादिकारिणोऽसुराः शास्त्रीयज्ञानसाधनानधिकारिणः, सात्त्विकश्रद्धापूर्वकं सात्त्विकयज्ञादिकारिणस्तु देवाः शास्त्रीयज्ञानसाधनाधिकारिण इति, श्रद्धात्रैविध्यप्रदर्शनमुखेनाऽऽहारादित्रैविध्यप्रदर्शनेन भगवता निर्णयः कृत इति सिद्धम् ॥ २८ ॥

इति श्रीमत्परमहंसपरिव्राजकाचार्य-श्रीविश्वेश्वरसरस्वतीपूज्यपादशिष्यश्रीमधुसूदन-
सरस्वतीविरचितायां श्रीभगवद्गीतागूढार्थदीपिकायां श्रद्धात्रय-
विभागयोगविवरणं नाम सप्तदशः अध्यायः ॥ १७ ॥

अध्यायमें आलस्यादिसे उपेक्षितशास्त्रवालोंमें श्रद्धापूर्वक वृद्धव्यवहारमात्रसे यागादि कर्मादिकोंमें शास्त्रके अनादरसे असुर साधर्म्य है । और श्रद्धापूर्वककर्मानुष्ठानसे देव साधर्म्य है दोनों धर्मके देखनेसे ये असुर हैं या देव हैं यह संशय अर्जुनको होना स्वाभाविक ही है। एतत्संशयविषयमें राजस तामस श्रद्धापूर्वक राजस तामस यागादिकर्मकारी असुर हैं, अतः शास्त्रीयज्ञानके साधनोंके अधिकारी वे नहीं हैं। सात्त्विक श्रद्धापूर्वक सात्त्विकयागादिकारी तो देव हैं वे शास्त्रीयज्ञानके अधिकारी हैं इस प्रकार श्रद्धाके तीनों भेदोंके दिखलानेसे और आहारादिके तीनों भेदोके दिखलानेसे भगवान्ने सिद्धान्त किया यह सिद्ध हुआ ॥ २८ ॥

इस प्रकार म० म० पं० प्रवर श्रीहरिहरकृपालुद्विवेदिकृत गीता मधुसूदनीके
सत्रहवाँ अध्याय का भाषा अनुवाद समाप्त हुआ ॥ १७ ॥

अथ अथाष्टदशोऽध्यायः

अर्जुन उवाच

सन्यासस्य महाबाहो ! तत्त्वमिच्छामि वेदितुम् ।
त्यागस्य च हृषीकेश ! पृथक्केशिनिषूदन ! ॥ १ ॥

अर्जुन बोले ! हे महाबाहो ! हे हृषीकेश ! हे केशिनिषूदन ! मैं संन्यास और त्यागका स्वरूप अलग-अलग जानना चाहता हूँ ॥ १ ॥

पूर्वाध्याये श्रद्धात्रैविध्येना, आहार-यज्ञ-तपो-दानत्रैविध्येन च कर्मिणां त्रैविध्यमुक्तम् सात्त्विकानामादानाय, राजसतामसानां च हानाय । इदानीं तु सन्यासत्रैविध्यकथनेन सन्यासिनामपि त्रैविध्यं वक्तव्यम् । तत्र तत्त्वबोधानन्तरं यः फलभूतः सर्वकर्मसन्यासः, स चतुर्दशेऽध्याये गुणातीतत्वेन व्याख्यातत्वान्न सात्त्विकराजसतामसभेदमर्हति । योऽपि तत्त्वबोधात्प्राक्तदर्थं सर्वकर्मसन्यासस्तत्त्वबुभुत्सया वेदान्तवाक्यविचाराय भवति, सोऽपि **'त्रैगुण्यविषयाः वेदा निस्त्रैगुण्यो भवार्जुन'** इत्यादिना निर्गुणत्वेन व्याख्यातः । यस्त्वनुत्पन्नतत्त्वबोधानाम् ,

---

सत्रहवें अध्यायमें श्रद्धाके तीनों भेदोंसे कर्म करनेवालोंका तीन भेद कहा । सात्त्विकश्रद्धाके ग्रहणार्थ राजस और तामस श्रद्धाओंके त्यागार्थ अब संन्यासके त्रैविध्य कथनसे संन्यासियोंके तीन भेद कहते हैं— उसमें यथार्थज्ञानके अनन्तर जो फलभूत सब कर्मोंका त्याग है वह चौदहवें अध्यायमें गुणातीतत्वसे व्याख्यात है, अतः वह सात्त्विक राजस तामसके भेदके योग्य नहीं । जो भी तत्त्वज्ञानसे पूर्व तत्त्वज्ञानार्थ सर्वकर्मत्याग तत्त्वज्ञानकी इच्छासे वेदान्तवाक्यके विचारार्थ होता है वह भी त्रिगुणविषयक है ।

'त्रैगुण्यविषया वेदा निःस्त्रैगुण्यो भवार्जुन !'

नुत्पन्नतत्त्वबुभुत्सानां च कर्मसन्यासः "स सन्यासी च योगी च" इत्यादिना गौणो व्याख्यातः, तस्य त्रैविध्यसंभवात्तद्विशेषं बुभुत्सुः अर्जुन उवाच—**'सन्यासस्ये'ति।** अविदुषाम्, अनुपजातविविदिषाणां च कर्माधिकृतानामेव किंचित्कर्मपरिग्रहेण किंचित्कर्मपरित्यागो यः, स त्यागांशगुणयोगात्, सन्यासशब्देनोच्यते । एतादृशस्यान्तःकरणशुद्ध्यर्थमविद्वत्कर्माधिकारिकर्तृकस्य सन्यासस्य केनचिद्रूपेण कर्मत्यागस्य तत्त्वं स्वरूपं पृथक्सात्त्विक-राजस-तामसभेदेन वेदितुमिच्छामि। त्यागस्य च तत्त्वं वेदितुमिच्छामि । किं सन्यास-त्यागशब्दौ घटपटशब्दाविव भिन्नजातीयार्थौ ? किंवा ब्राह्मणपरिव्राजकशब्दाविवैकजातीयार्थौ ? यद्याद्यः, तर्हि त्यागस्य तत्त्वं संन्यासात्पृथग्वेदितुमिच्छामि । यदि द्वितीयः, तर्ह्यवान्तरोपाधिभेदमात्रं वक्तव्यम् । एकव्याख्यानेनैवोभयम् व्याख्यातं भविष्यति । महाबाहो ! केशिनिषूदन ! इति संबोधनाभ्यां बाह्योपद्रवनिवारणस्वरूपयोग्यता-फलोपधाने प्रदर्शिते । 'हृषीकेशे'त्यन्तरुपद्रवनिवारणसामर्थ्यमिति भेदः । अत्यनुरागात्संबोधनत्रयम् । अत्रार्जुनस्य द्वौ प्रश्नौ । कर्माधिकारिकर्तृत्वेन पूर्वोक्तयज्ञादिसाधर्म्येण

इत्यादि वाक्योंसे निर्गुणत्वेन सुव्याख्यात है । यों हो जिनको तत्त्वज्ञान नहीं हुआ है और न तत्त्वज्ञानेच्छा ही उत्पन्न हुई है उन पुरुषोंका कर्मसन्यास **'स सन्यासी च योगी च'** इत्यादिसे गौण कहा गया है, उसमें तीन प्रकार सम्भव है । तद्विशेष जाननेकी इच्छावाले अर्जुन बोले—**'सन्यासस्ये'ति ।** अतत्त्वज्ञानियों और अनुत्पन्न वेदनेच्छावाले कर्माधिकारियोंका ही कुछ कर्मोंका ग्रहण कुछ कर्मोंका त्याग जो है वह त्यागांशभूत-गुण योगके कारण सन्यासशब्दसे कहते हैं । अन्तःकरणशुद्ध्यर्थ अविद्वान् कर्मियोंका एतादृश सन्यास किसी रूपसे कर्मके त्यागका स्वरूप अलग सात्त्विक राजस तामस भेदसे जानना चाहता हूँ । क्या सन्यास तथा त्याग शब्द घट और पट शब्दके समान भिन्नजातीय अर्थके बोधक हैं अथवा ब्राह्मण परिव्राजक शब्दके तुल्य एकजातीय अर्थके बोधक हैं । यदि प्रथमपक्ष है तो त्यागका तत्त्व सन्याससे अलग जानना चाहता हूँ । यदि द्वितीयपक्ष है तो अवान्तर उपाधिभेदमात्र जानना चाहता हूँ जैसे ब्राह्मण और सन्यासीमें औपाधिक भेद है वैसे यहाँ भी जानना चाहता हूँ एकके व्याख्यानसे दोनोंका व्याख्यान हो जायगा । महाबाहो ! केशिनिषूदन ! इन दोनों सम्बोधनोंसे बाहरके उपद्रवोंके निराकरण और स्वरूपयोग्यता फलकी प्राप्तिका प्रदर्शन किया । बाहरके उपद्रवोंका शमन करनेका सामर्थ्य महाबाहुमें है, भीतरके उपद्रवोंकी शान्ति करनेकी शक्ति केशिनिषूदनमें है । आत्मीय जनोंकी रक्षाके लिये जैसे केशीका नाश किया, स्वभक्त तुम्हारी रक्षाके लिये तुम्हारे आन्तरिक अज्ञानका निराकरण मेरा ही कर्तव्य है यह भी अभिप्राय दोनों सम्बोधनोंका हो सकता है ।

अथवा तीनों सम्बोधनोंसे जिज्ञासित अर्थमें अत्यन्त आदर सूचित करते हैं । इसमें अर्जुनका दो प्रश्न है।

काम्यानां कर्मणां त्यागं सन्यासं कवयो विदुः ।
सर्वकर्मफलत्यागं प्राहुस्त्यागं विचक्षणाः ॥ २ ॥

श्री भगवान बोले ! कोई सूक्ष्मदर्शी काम्य कर्म (फलेच्छासे किये जाने योग्य कर्म) के त्यागको सन्यास जानते हैं, कोई विचारवान् सब कर्मोंके फलके त्यागको त्याग कहते हैं ॥ २ ॥

सन्यासशब्दप्रतिपाद्यत्वेन च गुणातीतसन्यासद्वयसाधर्म्येण त्रैगुण्यसंभवासम्भवाभ्यां संशयः प्रथमस्य प्रश्नस्य बीजम् , द्वितीयस्य तु सन्यासत्यागशब्दयोः पर्यायत्वात्कर्मफलत्यागरूपेण च वैलक्षण्योक्तेः संशयो बीजम् ॥ १ ॥

तत्रान्तिमस्य सूचीकटाहन्यान्यायेन निराकरणायोत्तरं——श्रीभगवानुवाच—— **'काम्यानामि'ति** । काम्यानाम्-फलकामनया चोदितानामन्तःकरणशुद्धावनुपयुक्तानां कर्मणामिष्टि-पशु-सोमादीनां न्यासम्-त्यागं सन्यासं विदुः-जानन्ति कवयः-सूक्ष्मदर्शिनः । केचित् 'तमेतं वेदानुवचनेन व्राह्मणा विविदिषन्ति यज्ञेन दानेन तपसाऽनाशकेन'

कर्माधिकारिकर्तृत्वसे कर्मी इसके कर्ता हैं इससे तथा पूर्वोक्त यज्ञ-तप-दानादि साधर्म्यसे और सन्यासपदवाच्यत्वसे गुणातीतसन्यास इन दोनोंके साधर्म्यसे त्रैगुण्यसम्भवासम्भवसे जो संशय वह प्रथम प्रश्नका कारण है, द्वितीय प्रश्नका तो संन्यास और त्याग ये दोनों शब्द पर्यायवाची होनेसे कर्मत्याग और फलत्यागरूप भेदोक्तिसे जात संशयका कारण है ॥ १ ॥

उनमें द्वितीय का निराकरण करने के लिये 'सूचीकटाहन्याय' से भगवान् बोले। प्रथमोपस्थित प्रथमप्रश्न का समाधान न देकर व्यवहितोपस्थित द्वितीय प्रश्न के उत्तर देने में जो व्युत्क्रम किया गया है उसमें कारण कहते हैं—**'सूचीकटाहन्यायेने'**ति । किसी कारीगर के यहाँ कटाह (कराहा) बनवाने के लिये एक पुरुष पहले गया और कहा कि कराहा वना दो जो मूल्य होगा वह देंगे उसने स्वीकार कर लिया कि अच्छा वना देंगे, दूसरा पुरुष उसी कारीगर के पास जाकर बोला कि एक सूई की जरूरत है बना दो, उसने कहा ठहरो वना देते हैं वह सूची वनाने लगा। यहाँ प्रथमोक्त कराहा वनाना छोड़कर पश्चादुक्त सूई वनाने का कारण यह है कि कराहा वनाने में कई दिन लगेंगे और कई मनुष्यों का अधिक परिश्रम लगेगा, सूई अकेला ही मैं क्षणोंमें स्वल्पश्रम से बना सकता हूँ, अतः कराहा वनाने तक सूच्यर्थी को रोकना ठीक नहीं और तब तक रुक भी नहीं सकता। अतः अल्पश्रम अल्प समयसाध्य और अधिकश्रम समय साध्यों में व्युत्क्रम ही उचित है क्रम नहीं तद्वत् द्वितीय प्रश्नका ही पूर्वमें निराकरण करते हैं। काम्य (फलकामनासे वेदविहित) यागहोमादि जो मनःशुद्धि के उपयोगी नहीं है उन पशु इष्टि सोमादि कर्मोंके त्यागको विद्वज्जन संन्यास जानते हैं। कविशब्द सूक्ष्मदर्शी परक है इस तात्पर्यसे 'कवयः' का अर्थ सूक्ष्मदर्शिनः किया है।

इति वाक्येन वेदानुवचनशब्दोपलक्षितस्य ब्रह्मचारिधर्मस्य, यज्ञदानशब्दाभ्यामुपलक्षितस्य गृहस्थधर्मस्य, तपोऽनाशकशब्दाभ्यामुपलक्षितस्य वानप्रस्थधर्मस्य च नित्यस्य नित्येहितेन पापक्षयेण द्वारेणाऽऽत्मज्ञानार्थत्वं बोध्यते । न च विनियोगवैयर्थ्यं **'ज्ञानमुत्पद्यते पुंसां क्षयात्पापस्य कर्मणः'** इत्यनेनैव लब्धत्वादिति वाच्यम् , विनियोगाभावे हि सत्यपि नित्यकर्मानुष्ठाने ज्ञानं स्याद्वा, न वा स्यात् , सति तु विनियोगे ज्ञानमवश्यं भवेदेवेति नियमार्थत्वात् । तस्मान्नित्यकर्मणामेव वेदने, विविदिषायां वा विनियोगात्सत्त्वशुद्धिविविदिषोत्पत्तिपूर्वकवेदनार्थिना नित्यान्येव कर्माणि भगवदर्पणबुद्ध्याऽनुष्ठेयानि । काम्यानि तु सर्वाणि सफलानि परित्याज्यानीत्येकं मतम् ।

कुछ लोगों ने किया है 'तमेतं वेदानुवचनेन' इत्यादिवाक्यसे वेदानुवचनशब्दसे अभिप्रेत ब्रह्मचारीके धर्म, यज्ञ, दान शब्दोंसे अभिप्रेत गृहस्थधर्म, तपः अनाशकशब्दोंसे अभिप्रेत वानप्रस्थधर्म 'नित्यस्य' यह भाष्यस्थित पद है, जिसका जो नित्य है उसका नित्य अभिलषित फल पापक्षय है अर्थात् नित्यकर्म करने से पापक्षय द्वारा आत्मज्ञानार्थत्व बोधित हैं । विनियोग व्यर्थ है अर्थात् इनमें ज्ञानार्थत्व वचनान्तरसे सिद्ध ही है फिर तदर्थ विधानकी क्या आवश्यकता ? वचनान्तर कहते हैं—

'ज्ञानमुत्पद्यते पुंसां क्षयात् पापस्य कर्मणः ॥' इति ।

उत्तर कहते हैं—**'विनियोगाभावे'**त्यादि से । विनियोग न होने पर नित्यकर्मानुष्ठान करने पर भी ज्ञान होगा या नहीं यह संशय होगा, विनियोग रहने पर ज्ञान अवश्य होगा ही इस नियम के लिये उक्त विनियोग है अतः नित्यकर्मोंका ही वेदनज्ञानमें वा विविदिषामें अर्थात् ज्ञान की इच्छा में विनियोग है । भाव यह है कि **'वेदानुवचनेन विविदिषन्ति'** यहाँ वेदानुवचनका करणतया अन्वय वेदन (ज्ञान) में है या वेदनेच्छा-ज्ञानकी इच्छामें ? **"पदार्थः पदार्थेनान्वेति, न तु पदार्थैकदेशेन'** इस न्यायसे प्रधानपदार्थ वेदनेच्छामें ही अन्वय होना चाहिए, क्योंकि **'प्रकृतिप्रत्ययौ सहार्थं ब्रूतः तयोः प्रत्ययार्थः प्रधानम्'** इस न्यायसे इच्छा ही प्रधान है । जैसे शाब्द प्राधान्य इच्छामें है वैसे आर्थप्राधान्य ज्ञानमें है, मोक्षहेतु होनेसे कर्ता को इष्टतम ज्ञान ही है अतः विनिगमनाविरहसे दोनोंमें अन्वय हो सकता है इसलिए **'वा'** कहा यह कहना ठीक नहीं, कारण शब्दान्वयमें शाब्दप्राधान्य ही का ग्रहण होता है आर्थप्राधान्य का नहीं अत एव 'यो राज्ञः पुरुषः, तमानय' यहाँ तच्छब्दसे पुरुषका ही परामर्श होता है अर्थतः प्रधानभूत राजाका नहीं । तच्छब्द सर्वनाम है सर्वनाम प्रधानपरामर्शी होता है यह उत्सर्ग है; अतः इच्छामें ही अन्वय समुचित है पर यह भी ठीक नहीं, क्योंकि 'अश्वेन ग्रामं जिगमिषति' यहाँ पर अश्वका करणतया गमनमें ही अन्वय होता है इच्छा में नहीं क्योंकि आवश्यक गमन ही होता है इच्छा नहीं अतः **'वा'** यह कहना ठीक है, वेदनमें वा वेदनेच्छामें करणतया अन्वय है इसमें विवाद नहीं । नित्यकर्मानुष्ठानसे सत्त्वशुद्धि इससे विविदिषाकी उत्पत्ति होती है तस्मात्

अपरं मतं 'सर्वकर्मफलत्यागं प्राहुस्त्यागं विचक्षणाः' सर्वेषां काम्यानां नित्यानां च प्रतिपदोक्तफलत्यागं सत्त्वशुद्ध्यर्थितया विविदिषासंयोगेनानुष्ठानं विचक्षणाः-विचारकुशलाः त्यागं प्राहुः। 'खादिरो यूपो भवति, खादिरं वीर्यकामस्य यूपं कुर्यात्' इत्यत्र यथैकस्य खादिरत्वस्य क्रतुप्रकरणपाठात्, फलसंयोगाच्च क्रत्वर्थत्वम्, पुरुषार्थत्वं च प्रमाणभेदात्, तथाऽग्निहोत्रेष्टिपशुसोमानां सर्वेषामपि शतपथपठितानां स्वोत्पत्तिविधिसिद्धानां तत्तत्फलसंयोगः प्रत्येकवाक्येन, विविदिषासंयोगश्च यज्ञादिवाक्येन क्रियत इत्युपपन्नम्, 'एकस्य तूभयत्वे संयोगपृथक्त्वम्' इति न्यायात्। तदुक्तं संक्षेपशारीरके——

'यज्ञेनेत्यादिवाक्यं शतपथविहितं कर्मवृन्दं गृहीत्वा।
स्वोत्पत्त्याम्नानसिद्धं पुरुषविविदिषामात्रसाध्ये युनक्ति॥' इति।

तस्मात्काम्यान्यपि फलाभिसंधिमकृत्वा, अन्तःकरणशुद्धये कर्तव्यानि। न ह्यग्निहोत्रादिकर्मणां स्वतः काम्यत्वनित्यत्वरूपो विशेषोऽस्ति। पुरुषाभिप्रायभेदकृतस्तु विशेषः

वेदनार्थीको भगवदर्पणबुद्धिसे नित्यकर्मों का अनुष्ठान करना चाहिये। काम्य कर्म तो सब फलवान् ही हैं अतः वे त्याज्य हैं यह एक मत है।

दूसरा मत है—

'सर्वकर्मफलत्यागमाहुस्त्यागं विचक्षणाः।'

सब काम्य और नित्य कर्मोंका तत्तद्विधायकघटकपदप्रतिपाद्य फलोंका मनःशुद्धिके लिये विविदिषा संयोगसे अनुष्ठानको विचारनिपुण त्याग कहते हैं। 'खादिरो यूपो भवति, खादिरं वीर्यकामस्य यूपं कुर्यात्' यहाँपर जैसे एक ही खादिरत्वका यज्ञप्रकरणमें पाठ होनेसे और फलसंयोगसे (यागार्थत्व) माना जाता है और द्वितीयवाक्यसे पुरुषार्थत्व माना जाता है क्योंकि प्रमाणोंका भेद है अर्थात् एकवाक्यसे नित्य अनित्य दो क्रत्वर्थत्व पुरुषार्थत्व फलोंका एकवाक्यसे एककर्ममें बोधन नहीं करा सकते किन्तु वाक्यद्वयसे बोधन करानेमें कोई आपत्ति नहीं। इसी प्रकार अग्निहोत्र, इष्टि पशु सोमादि जो शतपथमें पठित हैं स्वोत्पत्तिबोधकवाक्यसे विहित हैं उनमें प्रत्येक वाक्यसे तत्तत्फलसंयोग तथा विविदिषासंयोग यज्ञादिवाक्यसे किया जाता है इस प्रकार दोनोंकी एकमें उपपत्ति होती है **'एकस्य तूभयत्वे संयोगपृथक्त्वम्'**[1] इस न्यायसे। यही संक्षेपशारीरकमें कहा है—**'यज्ञेने'**त्यादिवाक्येत्यादि। शतपथ पठित यज्ञेनेत्यादिवाक्य स्वोत्पत्तिसिद्ध अग्निहोत्रादि कर्मसमुदायको ग्रहण कर पुरुष विविदिषामात्रसाध्यमें वेदनेच्छाके साथ संयुक्त करता है यह उक्त वाक्यका अर्थ है। अतः फलेच्छाका त्यागकर अन्तःकरणकी शुद्धिके लिये काम्य कर्मोंको करना

---

१. इस न्याय का विवेचन २५४-२५५ पृष्ठ में देखिए।

फलाभिसंधित्यागे कुतस्त्यः । नित्यकर्मणां च प्रातिस्विकफलसद्भावम् **'अनिष्टमिष्टं मिश्रं च त्रिविधं कर्मणः फलम्'** इत्यत्र वक्ष्यति । नित्यानामेव विविदिषासंयोगेन काम्यानां कर्मणां फलेन सह स्वरूपतोऽपि परित्यागः पूर्वार्धस्यार्थः । काम्यानां नित्यानां च संयोगपृथक्त्वेन विविदिषासंयोगात्तदर्थं स्वरूपतोऽनुष्ठानेऽपि प्रातिस्विकफलाभिसंधिमात्रपरित्याग इत्युत्तरार्धस्यार्थः । । तदेतदाहुर्वार्तिककृतः—

'वेदानुवचनादीनामैकात्म्यज्ञानजन्मने ।
तमेतमिति वाक्येन नित्यानां वक्ष्यते विधिः ॥
यद्वा विविदिषार्थत्वं सर्वेषामपि कर्मणाम् ।
तमेतमिति वाक्येन संयोगस्य पृथक्त्वतः ॥' इति ॥

तदेवं सफलकाम्यकर्मत्यागः सन्यासशब्दार्थः । सर्वेषामपि कर्मणां फलाभिसंधित्यागशब्दार्थ इति, न घटपटशब्दयोरिव सन्यासत्यागशब्दयोर्भिन्नजातीयार्थत्वम् , किं त्वन्तःकरणशुद्ध्यर्थकर्मानुष्ठाने फलाभिसंधित्याग इत्येक एवार्थ उभयोरिति निर्णीत एकः प्रश्नोऽर्जुनस्य ॥ २ ॥

चाहिये । नित्यत्व काम्यत्व रूप स्वयं अग्निहोत्रमें भेद नहीं है किन्तु पुरुषाभिप्राय प्रयुक्त ही भेद है फलाभिप्रायके त्यागनेपर दोनोंमें भेद कहाँसे आवेगा ? यदि कहिये कि नित्यकर्मोंका तो कुछ फल नहीं फिर त्याग कैसा ? उसका उत्तर देते हैं—

'अनिष्टमिष्टं मिश्रं च त्रिविधं कर्मणः फलम्'

यह आगे कहेंगे । नित्यकर्मका भी फल होता है नित्य ही कर्मका विविदिषाके साथ संयोग है, काम्यकर्मोंका फलके साथ स्वरूपसे भी त्याग विवक्षित है । यह पूर्वार्द्ध का अर्थ है । काम्य तथा नित्यकर्मोंका संयोगपृथक्त्वन्यायसे विविदिषाके साथ संयोग होनेसे तदर्थस्वरूपसे अनुष्ठान करना चाहिये किन्तु तत्तद्विधिवाक्योक्त फलेच्छामात्रका त्याग करना चाहिये यह उत्तरार्द्धका अर्थ है । यह वार्तिककारने कहा है—

'वेदानुवचनादीनामैकात्म्यज्ञानजन्मने ।
तमेकमिति वाक्येन संयोगस्य पृथक्त्वतः ॥' इति ।

इन दोनों श्लोकोंका भाषानुवाद पहला भाग पृष्ठ २६० में देखिए ।

इस प्रकार फलसहित काम्यकर्मत्याग सन्यासशब्दार्थ है । सब कर्मोंके फलकी कामनाओंका त्याग त्यागशब्दका अर्थ है घटपटके समान संन्यास और त्याग भिन्नजातीयार्थक नहीं किन्तु अन्तःकरणशुद्धिफल

त्याज्यं दोषवदित्येके कर्म प्राहुर्मनीषिणः ।

यज्ञदानतपःकर्म न त्याज्यमिति चापरे ॥ ३ ॥

कोई विद्वान् सभी कर्म, बन्धनहेतु होनेसे दोषवान् हैं अतः वे त्यागने के योग्य हैं ऐसा कहते हैं। दूसरे विद्वान् यज्ञ दान और तप रूप कर्म त्यागनेके योग्य नहीं हैं, ऐसा कहते हैं ॥ ३ ॥

निश्चयं शृणु मे तत्र त्यागे भरतसत्तम !

त्यागो हि पुरुषव्याघ्र ! त्रिविधः संप्रकीर्तितः ॥ ४ ॥

हे अर्जुन ! उस त्यागके विषयमें मेरा निश्चय सुनो। हे नरशार्दूल ! त्याग तीन प्रकारका कहा गया है ॥ ४ ॥

अधुना द्वितीयप्रश्नप्रतिवचनाय सन्यासत्यागशब्दार्थस्य त्रैविध्यं निरूपयितुम् , तत्र विप्रतिपत्तिमाह--'**त्याज्यमि**'त्यादिना । सर्वं कर्मबन्धहेतुत्वाद्दोषवत्-दुष्टम् । अतः कर्माधिकृतैरपि कर्म त्याज्यमेवेत्येके मनीषिणः प्राहुः ।

यद्वा-दोषवद्दोष इव, यथा दोषो रागादिस्त्यज्यते, तद्वत्कर्म त्याज्यमनुत्पन्नबोधैरनुत्पन्नविविदिषैः कर्माधिकारिभिरपीत्येकः पक्षः । अत्र द्वितीयः पक्षः कर्माधिकारिभिरन्तःकरणशुद्धिद्वारा विविदिषोत्पत्त्यर्थं यज्ञदानतपः कर्म न त्याज्यमिति चापरे मनीषिणः प्राहुः ॥ ३ ॥

एवं विप्रतिपत्तावाह--'**निश्चयमि**'ति । तत्र त्वया पृष्टे कर्माधिकारिकर्तृके सन्यास-

---

कर्मानुष्ठानमें फलकामना त्याग, इस प्रकार दोनोंका एक ही अर्थ है यह निश्चित किया गया है, इस प्रकार अर्जुनके एक प्रश्नका निर्णय हो चुका ॥ २ ॥

अब द्वितीय प्रश्नका उत्तर देनेके लिये संन्यास और त्यागके शब्दार्थके तीन प्रकारोंके निरूपणार्थ विप्रतिपत्ति-मतभेद कहते हैं--'**त्याज्यमि**'ति । सर्वकर्म बन्धहेतु है अतः दोषयुक्त है इस कारण कर्माधिकारी पुरुषोंको कर्म त्याज्य ही है यह अन्य विद्वानोंका मत है। अथवा दोष कर्ममें विशेषण नहीं किन्तु सादृश्यका प्रतियोगी है जैसे दोष रागादि त्याज्य है वैसे कर्म भी त्याज्य है। जिनको तत्त्वज्ञान नहीं हुआ है और न विविदिषा ही उत्पन्न हुई है उन कर्मियोंको सब कर्म त्याज्य ही है यह एक पक्ष है, यहाँ दूसरा पक्ष है कि कर्मियोंको अन्तःकरण शुद्ध्यर्थ तद्द्वारा विविदिषाकी उत्पत्तिके लिये यज्ञदानतपोंका त्याग नहीं करना चाहिये ऐसा दूसरे विद्वानोंने कहा है ॥ ३ ॥

ऐसी विप्रतिपत्तिमें सन्यास त्यागशब्दोंसे प्रतिपाद्य कर्मियोंके त्यागको जो तुमने पूछा है फलेच्छाशून्य-

त्यागशब्दाभ्यां प्रतिपादिते त्यागे फलाभिसंधिपूर्वककर्मत्यागे मे-मम वचनान्निश्चयं पूर्वाचार्यैः कृतं शृणु हे भरतसत्तम ! । किं तत्र दुर्ज्ञेयमस्तीत्यत आह—हे पुरुषव्याघ्र पुरुषश्रेष्ठ ! हि-यस्मात्त्यागः कर्माधिकारिकर्तृकः फलाभिसंधिपूर्वककर्मत्यागस्त्रिविधः-त्रिप्रकारस्तामसादिभेदेन-संप्रकीर्तितः । अथवा विशिष्टाभावरूपस्त्यागो विशेषणाभावाद्, विशेष्याभावात्, उभयाभावाच्च त्रिविधः संप्रकीर्तितः । तथाहि—फलाभिसंधिपूर्वककर्मत्यागः सत्यपि कर्मणि फलाभिसंधि-त्यागादेकः, सत्यपि फलाभिसंधौ कर्मत्यागाद् द्वितीयः, फलाभिसंधेः, कर्मणश्च त्यागात्तृतीयः । तत्र प्रथमः सात्त्विक आदेयः । द्वितीयस्तु हेयो द्विविधः, दुःखबुद्ध्या कृतो राजसः, विपर्यासेन कृतस्तामसः । एतावान् कर्माधिकारिकर्तृकस्त्यागोऽर्जुनस्य प्रश्नविषयः । तृतीयस्तु कर्मानधि-कारिकर्तृको नैर्गुण्यरूपो नार्जुनप्रश्नविषयः । सोऽपि साधनफलभेदेन द्विविधः । तत्र सात्त्विकेन फलाभिसंधित्यागपूर्वककर्मानुष्ठानरूपेण त्यागेन शुद्धान्तःकरणस्योत्पन्नविविदिषस्याऽऽत्मज्ञान-

---

त्यागमें मेरे वचनसे उस निश्चयको सुनो जो पूर्वाचार्योंने किया है । हे भरतसत्तम !, क्या उसमें गूढवेद्य है ? इस जिज्ञासासे कहते हैं—हे पुरुषव्याघ्र ! पुरुषोंमें श्रेष्ठ !

'व्याघ्रः स्यात् पुंसि शार्दूले रक्तैरण्डकरण्डयोः ।
श्रेष्ठे नरादुत्तरस्थः कण्टकाचार्ययोषिति ।।'

इस मेदिनी कोशसे व्याघ्रशब्द श्रेष्ठका भी वाचक है यह निश्चित है, तदनुसार पुरुषश्रेष्ठ यह सम्बोधन है । जिस कारण कर्माधिकारिकृत त्याग फलेच्छापूर्वक कर्मत्याग तीन प्रकारका है तामसादि भेदसे कहा गया है, अथवा विशिष्टाभावरूप त्याग-विशेषणाभावप्रयुक्त विशेष्याभावप्रयुक्त उभयाभावप्रयुक्त होनेसे तीन प्रकारका है इसीको **'तथाहि'**से स्फुट करते हैं । फलेच्छापूर्वक कर्मत्याग कर्म करनेपर भी फलकामना-त्यागसे विशेषणफलकामनाके अभावसे तद्विशिष्ट कर्मका अभाव विशेषणाभावप्रयुक्त विशिष्टाभाव एक है, फलकामना रहनेपर भी विशेष्यकर्मके त्यागसे विशेष्याभावप्रयुक्त विशिष्टाभाव दूसरा है । फलकामना और कर्म दोनोंके त्यागसे उभयाभावप्रयुक्त विशिष्टाभाव तीसरा है । इनमें पहला सात्त्विक उपादेय है, दूसरा त्याज्य दो प्रकारका है, कर्म करनेमें क्लेश होता है इस बुद्धिसे किया हुआ कर्मत्याग राजस है, भ्रमसे किया त्याग तामस है इतना कर्माधिकारियोंका किया त्याग अर्जुनके प्रश्नका विषय है । तीसरा जो कर्मके अनधिकारीसे किया गया नैर्गुण्यरूप विधिरहितरूप त्याग अर्जुनके प्रश्नका विषय नहीं, वह भी हेतु और फलभेदसे दो प्रकारका है । उनमें सात्त्विक फलेच्छात्यागपूर्वक कर्मानुष्ठानरूपत्यागसे पवित्रान्तःकरण जिज्ञासुका (उक्त त्यागसे जिसका अन्तःकरण शुद्ध हो गया है तथा आत्मज्ञानकी इच्छा

यज्ञो दानं तपः कर्म न त्याज्यं कार्यमेव तत् ।
यज्ञो दानं तपश्चैव पावनानि मनीषिणाम् ॥ ५ ॥

फलकी कामनासे रहित लोगोंको यज्ञ दान और तप अन्तःकरणशुद्धि द्वारा पवित्र करनेवाले हैं, अतः यज्ञ दान तप रूप कर्म त्यागने योग्य नहीं है किन्तु करने ही योग्य हैं ॥ ५ ॥

साधनश्रवणाख्यवेदान्तविचारस्य फलाभिसंधिरहितस्यान्तःकरणशुद्धौ सत्यां तत्साधनस्य कर्मणो वैतुष्ये जाते इवावहननस्य परित्यागः । स एकः साधनभूतो विविदिषासंन्यास उच्यते । तमग्रे **'नैष्यकर्मसिद्धिं परमामि'**ति वक्ष्यति । द्वितीयस्तु जन्मान्तरकृतसाधनाभ्यासपरिपाकादस्मिञ्जन्मन्यादावेवोत्पन्नात्मबोधस्य कृतकृत्यस्य स्वत एव फलाभिसंधेः कर्मणश्च परित्यागः फलभूतः, स विद्वत्संन्यास इत्युच्यते । स तु **'यस्त्वात्मरतिरेव स्यात्'** इत्यादिश्लोकाभ्याम् प्राग्व्याख्यातः, स्थितप्रज्ञलक्षणादिभिश्च बहुधा प्रपञ्चितः । यस्मादेवं त्यागस्य तत्त्वं दुर्ज्ञेयम् त्वया चोक्तं तत्त्वं वेदितुमिच्छामीति, अतो मम सर्वज्ञस्य वचनाद्विद्धीत्यभिप्रायः । संबोधनद्वयेन कुलनिमित्तोत्कर्षः, पौरुषनिमित्तोत्कर्षश्च योग्यतातिशयसूचनायोक्तः ॥ ४ ॥

कोऽसौ निश्चयो विप्रतिपत्तिकोटिभूतयोः पक्षयोर्द्वितीयः पक्ष इत्याह द्वाभ्याम्—

उत्पन्न हो गई है उसका) आत्मज्ञानहेतु श्रवणाख्यवेदान्तविचार फलेच्छारहितका अन्तःकरणशुद्धि होने पर तद्धेतुकर्मका भूसी निकलनेपर जैसे अवहनन-कूटनेकी निवृत्ति होती है, 'व्रीहीन् अवहन्ति'का तबतक व्यापार है जबतक भूसीसे चावल अलग न हो जाय चावल निकलनेपर फिर अवघातकी आवश्यकता नहीं, फलोत्पत्तिपर्यन्त साधनकी अपेक्षा रहती है अनन्तर नहीं, वैसे अन्तःकरणशुद्धि विविदिषोत्पत्तिपर्यन्त एतद्धेतुकर्मानुष्ठानकी आवश्यकता है उक्त दोनोंके उत्पन्न होनेपर साधनरूप कर्मत्याग एक विविदिषा संन्यास कहा जाता है। इसका निरूपण आगे **'नैष्कर्म्यसिद्धिम्'** इत्यादिसे कहेंगे। दूसरा पूर्वजन्मकृत साधनाभ्यासके परिपाकसे इस जन्ममें पहले ही बोध उत्पन्न हो जाता है अतएव कृतकृत्यका स्वतः फलकामना और कर्मका त्याग हो जाता है वही फलभूत विद्वत्संन्यास कहा जाता है, वह तो **'यस्त्वात्मरतिरेव स्यात्'** इत्यादि दो श्लोकोंसे पूर्वमें व्याख्यात हो चुका है। स्थितप्रज्ञलक्षणादिकोंसे बहुत कहा गया है जिस कारणसे इस प्रकार त्यागका तत्त्व दुर्बोध है और तुमने कहा है कि तत्त्वके जाननेकी इच्छा करता हूँ अतः सर्वज्ञ मेरे वचनसे उसको समझो यह अभिप्राय है। उक्त दोनों सम्बोधनोंसे कुलकृत उत्कर्ष और स्वपराक्रमजन्य उत्कर्षका उल्लेख योग्यतोत्कर्ष सूचनार्थ कहा गया है ॥ ४ ॥

विप्रतिपत्ति विषयीभूत (मतभेदकी) दोनों कोटियों में क्या निश्चय है इस पर द्वितीयपक्ष यह

एतान्यपि तु कर्माणि सङ्गं त्यक्त्वा फलानि च ।
कर्तव्यानीति मे पार्थ ! निश्चितं मतमुत्तमम् ॥ ६ ॥

हे पार्थ ! काम्य भी यज्ञ दान और तप आसक्ति और फलोंको त्यागकर करना ही चाहिये मेरा यह निश्चित और उत्तम मत है ॥ ६ ॥

'यज्ञ.' इत्यादिना । चो हेतौ । यस्माद्यज्ञ-दान-तपांसि मनीषिणामकृतफलाभिसंधीनां पावनानि-ज्ञानप्रतिबन्धकपापमलक्षालनेन ज्ञानोत्पत्तियोग्यतारूपपुण्यगुणाधानेन च शोधकानि, अकृतफला-भिसंधीनामेव यज्ञ-दान-तपांस्येव शोधकानि भवन्त्येव। उपाधिशुद्ध्यैवोपहितशुद्धिरत्राभिप्रेता। तस्मादन्तःकरणशुद्ध्यर्थिभिः कर्माधिकृतैः 'यज्ञो दानं तपः' इति यत्फलाभिसंधिरहितं कर्म, तन्न त्याज्यम्। किं तु कार्यमेव तत् । अत्याज्यत्वेन कार्यत्वे लब्धेऽपि, अत्यादरार्थं पुनः कार्यमेवेत्यु-क्तम् । यस्मात्कार्यम्-कर्तव्यतया विहितम् , तस्मान्न त्याज्यमेवेति वा ॥ ५ ॥

यदि यज्ञदानतपसामन्तःकरणशोधने सामर्थ्यमस्ति, तर्हि फलाभिसंधिना कृतान्यपि तानि तच्छोधकानि भविष्यन्ति, कृतं फलाभिसन्धित्यागेनेत्यत आह—**'एतान्यपी'**ति ।

कहते हैं—दो श्लोकोंसे **'यज्ञः' इत्यादि** से । च हेतुमें है । जिससे यज्ञ, दान, तप आदि फलाभिलाषासे शून्य विद्वानोंके शोधक हैं अर्थात् तत्त्वज्ञानोत्पत्तिके प्रतिबन्धक जो पाप है तत्स्वरूप मलके क्षालन (धोने) से ज्ञानोत्पत्तियोग्यतारूप, पुण्यरूप गुणोंके आधानसे पवित्र करनेवाले दो प्रकारसे होते हैं—मल कर्दमादि उनके क्षालनसे बाह्यशुद्धि होती है जैसे स्नानादि । दूसरा स्नानोत्तर—

'अपवित्रः पवित्रो वा सर्वावस्थां गतोऽपि वा ।'

इत्यादि मन्त्रसे शरीर पर जल छिड़कना । इससे तत्तत्कर्मप्रवृत्तिके आदिमें उक्त मन्त्र द्वारा मार्जन का विधान ही व्यर्थ हो जायगा, फल कामनारहितोंके ही शोधक हैं तत्सहितके नहीं, यज्ञ, दान, तप ही शोधक कार्यान्तर नहीं शोधक होते हैं । उपाधिकी शुद्धिसे उपहितशुद्धि यहाँ अभीष्ट है विद्वान्‌की शुद्धिसे तदुपहित अन्तःकरणकी शुद्धिमें तात्पर्य है, अतः अन्तःकरणशुद्धिके इच्छुक कर्मियोंसे यज्ञ, दान, तप जो फलेच्छाशून्य कर्म है वह त्याज्य नहीं है, किन्तु वह कार्य ही है। त्याज्य नहीं कहने से ही कार्य है इसका लाभ हो ही जाता है फिर 'कार्यमेव' कहनेसे क्या लाभ है ? आदरार्थ पुनः तत्कथन है इसीसे सन्तोष कीजिये, अथवा यज्ञ कार्य कर्तव्यरूपसे विहित है अतः त्याज्य नहीं यह भी अर्थ है ॥ ५ ॥

यदि यज्ञ, दान और तपकी शक्ति अन्तःकरणके शोधनमें है तो फलकामनावान् से किये गये यज्ञादि अन्तःकरणके शोधक होंगे, फिर फलाभिसन्धित्याग व्यर्थ ही है इस शंकासे 'तु' कहते हैं । 'तु' शब्द शंका-

'तु' शब्दः शङ्कानिराकरणार्थः। यद्यपि काम्यान्यपि शुद्धिमादधति, धर्मस्वाभाव्यात्। तथाऽपि तत्फलभोगोपयोगिन्येव, न ज्ञानोपयोगिनी।

तदुक्तं वार्तिककृद्भिः—"काम्येऽपि शुद्धिरस्त्येव भोगसिद्ध्यर्थमेव सा।
विड्वराहादिदेहेन न ह्यैन्द्रं भुज्यते फलम्॥" इति।

ज्ञानोपयोगिनीं तु शुद्धिमादधति यानि यानि यज्ञादीनि कर्माणि, एतानि फलाभिसंधिपूर्वकत्वेन बन्धनहेतुभूतान्यपि मुमुक्षुभिः सङ्गम्-अहमेवं करोमीति कर्तृत्वाभिनिवेशं फलानि चाभिसंधीयमानानि त्यक्त्वा, अन्तःकरणशुद्धये कर्तव्यानीति मे-मम निश्चितम्। अत एव हे पार्थ! कर्माधिकृतैः कर्माणि त्याज्यानि, न त्याज्यानि वेति द्वयोर्मतयोः, न त्याज्यानीति मम निश्चितं मतमुत्तमम्-श्रेष्ठम्। यदुक्तं **'निश्चयं शृणु मे तत्र'** इति, सोऽयं निश्चय उपसंहृतः।

भगवत्पूज्यपादानामभिप्रायोऽयमीरितः।
अनिष्णाततया भाष्ये दुरापो मन्दबुद्धिभिः॥ ६॥

निरासक है। यद्यपि काम्यकर्म भी धर्मका उत्पादक है तद्द्वारा अन्तःकरणका शोधक है धर्मसे अधर्मका नाश होता है यह प्रसिद्ध ही है तथापि वह शुद्धफलकामना रहनेपर तत्भोगोपयोगिनी ही होती है ज्ञानोपयोगिनी नहीं होती। वार्तिककारने ऐसा ही कहा है—**'काम्येऽपीति'**से। अर्थ—काम्यमें भी शुद्धि है ही किन्तु वह भोगसिद्ध्यर्थ ही है। 'विड्वराहादिके[1] देहसे इन्द्र शरीरसे भोगने योग्य फलका उपभोग नहीं हो सकता-इति। ज्ञानोपयोगिनी शुद्धिके आधायक जो यज्ञादिकर्म ये भी फलेच्छापूर्वक किये गये बन्धनके कारण होनेपर भी मुमुक्षुजन **'मैं ऐसा करता हूँ'** इस कर्तृत्वाभिनिवेश तथा कामनाविषय फलोंका त्याग कर अन्तःकरणकी शुद्धिके लिये करना चाहिये यह मेरा मत है। अतएव हे पार्थ! 'कर्माधिकारियोंसे कर्म त्याज्य है अथवा नहीं इन दोनों मतोंमें त्याज्य नहीं है यह मेरा निश्चित उत्तम मत है। कहा भी है—**'निश्चयं शृणु मे तत्र'** इति। इससे निश्चयका उपसंहार किया गया। भगवत्पूज्यपाद श्रीशङ्कराचार्यका यह अभिप्राय कहा गया है। यह अर्थ तो भाष्यसे ही ज्ञात हो जाता है आपके श्रम करनेकी क्या आवश्यकता? इसका उत्तर देते हैं जो कुशाग्रबुद्धि हैं उनको भाष्यसे उक्तार्थका ज्ञान हो जायगा किन्तु जो मन्दबुद्धि जिज्ञासु हैं उनको भाष्यसे उक्तार्थका ज्ञान नहीं हो सकता अतः उनपर अनुकम्पाकर मैंने उक्तार्थको अतिस्फुट किया जिससे उनको सहजसे ज्ञात हो जाय॥ ६॥

१. विड्वराह-विष्ठाप्रिय वराह ग्राम्यशूकर यह तात्पर्य है। मनुजी ने लिखा है—
'छत्राकं विड्वराहञ्च लशुनं ग्राम्यकुक्कुटम्। पलाण्डुं गृञ्जनञ्चैव मत्या जग्ध्वा पतेद् द्विजः॥' ५।१९।

नियतस्य तु संन्यासः कर्मणो नोपपद्यते ।
मोहात्तस्य परित्यागस्तामसः परिकीर्तितः ॥ ७ ॥

नित्य कर्मका परित्याग उचित नहीं है, मोहसे उसका परित्याग तामस कहा गया है ॥ ७ ॥

तदेवं "यज्ञो-दानं-तपः-कर्म न त्याज्यमिति चापरे" इति स्वपक्षः स्थापितः, इदानीम् "त्याज्यं दोषवदित्येके कर्म प्राहुर्मनीषिणः" इति परपक्षस्य पूर्वोक्तत्यागत्रैविध्यव्याख्यानेन निराकरणमारभते—'**नियतस्य**' इत्यादिना । काम्यस्य कर्मणोऽन्तःकरणशुद्धिहेतुत्वाभावेन बन्धहेतुत्वेन च दोषवत्त्वाद् बन्धनिवृत्तिहेतुबोधार्थिना क्रियमाणस्त्याग उपपद्यत एव । नियतस्य तु—नित्यस्य कर्मणः शुद्धिहेतुत्वेनादोषस्य संन्यासः-त्यागो मुमुक्षूणाम्-अन्तःकरणशुद्धयर्थिनाम् नोपपद्यते, शास्त्रयुक्तिभ्यां तस्यान्तःकरणशुद्धयर्थमवश्यानुष्ठेयत्वात् । तथ चोक्तं प्राक्—

"आरुरुक्षोर्मुनेर्योगं कर्म कारणमुच्यते" इति ।

ननु दोषवत्त्वं काम्यस्येव नित्यस्यापि दर्शपूर्णमासज्योतिष्टोमादेर्व्रीहिपश्वादिहिंसा-मिश्रितत्वेन सांख्यैरभिहितम् । न च 'व्रीहीनवहन्ति, अग्नीषोमीयं पशुमालभेते'त्यादिविशेषविधिगोचरत्वात् क्रत्वङ्गहिंसाया "न हिंस्यात्सर्वा भूतानि" इति सामान्यनिषेधस्य

इस प्रकार '**यज्ञे दानं तपः कर्म न त्याज्यमिति चापरे**' इस वाक्यसे अपने पक्षका स्थापन किया, अब '**त्याज्यं दोषवदित्येके कर्म प्राहुर्मनीषिणः**' इस दूसरे पक्षका पूर्वकथित त्यागके त्रैविध्यव्याख्यानसे निरास करनेका आरम्भ करते हैं—'**नियतस्येति**' से । काम्यकर्म अन्तःकरणकी शुद्धिका कारण नहीं है प्रत्युत बन्धका कारण है इस हेतुसे दोषवान् है बन्धनिवृत्तिहेतुज्ञानार्थीको उसका त्याग करना ही युक्तियुक्त है नियत-नित्य-कर्म तो शुद्धिका हेतु है अतः अदोष है । अन्तःकरणशुद्धि चाहनेवाले मुमुक्षुको इसका त्याग नहीं करना चाहिये । शास्त्र और युक्तिसे अन्तःकरणशुद्धिके लिये इसको अवश्य करना चाहिये । पूर्वमें ऐसा कहा है—

'आरुरुक्षोर्मुनिर्योगं कर्म कारणमुच्यते ।' इति ।

शंका करते हैं—'**ननु**' से । काम्यकर्मके समान नित्यकर्ममें भी दोपवत्त्व है दर्शपूर्णमासज्योतिष्टोमादि भी व्रीहि-धान-पशु आदिकी हिंसासे युक्त है ऐसा सांख्यके विद्वानोंने कहा है—"व्रीहीनवहन्ति, अग्नीषोमीयम्, पशुमालभेत' इत्यादि विशेषविधिके विषयीभूत यागाङ्ग हिंसा 'मा[2] हिंस्यात् सर्वभूतानि' इस सामान्य

---

१. धानको कूटता है, अग्नि और सोमदेवतावाले पशुका आलम्भन करे ।

२. सभी प्राणियों की हिंसा नहीं करनी चाहिये ।

तदितरपरत्वमिति सांप्रतम् , भिन्नविषयत्वेन विधिनिषेधयोरबाधेनैव समावेशसंभवात् । निषेधेन हि पुरुषस्यानर्थहेतुर्हिंसेत्यभिहितम् , न त्वक्रत्वर्था सेति, विधिना च क्रत्वर्था सेत्यभिहितम् , नत्वनर्थहेतुर्नेति । तथा च क्रतूपकारकत्व-पुरुषानर्थहेतुत्वयोरेकत्र संभवात्क्रत्वर्थाऽपि हिंसा निषिद्धैवेति हिंसायुक्तं दर्शपूर्णमासज्योतिष्टोमादि सर्वं दुष्टमेव । विहितस्यापि निषिद्धत्वम्, निषिद्धस्यापि च विहितत्वं श्येनादिवदुपपन्नमेव । यथा हि ''श्येनेनाभिचरन् यजेत'' इत्याद्यभिचारविधिना विहितोऽपि श्येनादिः 'न हिंस्यात्सर्वा भूतानी'ति निषेधविषयत्वादनर्थहेतुरेव । तद्दोषसहिष्णोरेव च रागद्वेषादिवशीकृतस्य तत्राधिकारः, एवं ज्योतिष्टोमादावपि । तथा चोक्तं महाभारते——

''जपस्तु सर्वधर्मेभ्यः परमो धर्म उच्यते ।
अहिंसया हि भूतानां जपयज्ञः प्रवर्तते ।।'' इति

मनुनाऽपि——

''जप्येनैव तु संसिद्धचेद् ब्राह्मणो नात्र संशयः ।
कुर्यादन्यन्न वा कुर्यान्मैत्रो ब्राह्मण उच्यते ।।'' २-८७ ।

निषेधका विषय नहीं है कारण सामान्यशास्त्रमें विशेषशास्त्रविषयभिन्नविषयकत्वसे संकोच होता है अर्थात् यागाङ्गहिंसातिरिक्तहिंसा नहीं करना यह कहना ठीक नहीं है । विधि, निषेध भिन्नविषयक है । समानविषयक होते तो विरोध होनेसे संकोच हो सकता भिन्न-भिन्न विषयोंका एकमें समावेश होता है । निषेधशास्त्रका कहना है कि भूतहिंसा अनर्थका कारण है यागाङ्ग हिंसा नहीं है यह नहीं वह बोध न करता विधिशास्त्र भी हिंसा यागाङ्ग हैं यही कहता है वह पापजनक नहीं यह नहीं कहता । तथा च यागोपकारकत्व पुरुषानर्थहेतुत्व इन दोनोंका एकमें समावेश हो जाता है यागका हिंसासे उपकार हो और पुरुषको पाप हो इसमें क्या विरोध है । क्रत्वर्थ हिंसा भी तो निषिद्ध ही है अतः हिंसायुक्त दर्शपूर्णमास ज्योतिष्टोमादि सब दुष्ट ही है विहित का भी निषेध है और निषिद्ध की भी विधि है श्येनादिके समान दोनोंकी उपपत्ति है । तथाहि 'श्येनेनाभिचरन् यजेत' इत्यादि अभिचार-मारण विधिसे विहित भी श्येनादि 'न हिंस्यात्सर्वाभूतानि' इस निषेधका विषय होनेमें अनर्थका हेतु ही है रागद्वेषके वशीभूत अनर्थके सहनेवालेका ही उसमें अधिकार है इसी प्रकार ज्योतिष्टोमादिमें भी जानना । महाभारतमें भी ऐसा ही कहा है—

'जपस्तु सर्वधर्मेभ्यः परमो धर्म उच्यते ।' इत्यादि ।

मनुजी ने भी कहा है—

'जप्येनैव तु संसिद्धचेद् ब्राह्मणो नात्र संशयः ।' इत्यादि ।

इति वदता मैत्रीम्-अहिंसां प्रशंसता हिंसाया दुष्टत्वमेव प्रतिपादितम् । अन्तःकरण-शुद्धिश्चेद्दर्शेन गायत्रीजपादिना सुतरामुपपत्स्यत इति हिंसादिदोषदुष्टं ज्योतिष्टोमादि नित्यम् कर्म दोषासहिष्णुना श्येनादिकमिव कर्माधिकारिणाऽपि त्याज्यमिति प्राप्ते—

हिंसाविषये भाट्टमतम् ।

ब्रूमः भाट्टमतं न क्रत्वर्था हिंसाऽनर्थहेतुः, विधिस्पृष्टे निषेधानवकाशात् । तथाहि—विधिना बलवदिच्छाविषयसाधनताबोधरूपां प्रवर्तनां कुर्वताऽनर्थसाधने तदनुपपत्तेः, स्वविषयस्य प्रवर्तनागोचरस्यानर्थसाधनत्वाभावोऽप्यर्थादाक्षिप्यते । तेन विधिविषयस्य नानर्थहेतुत्वं युज्यते । न हि क्रत्वर्थत्वं साक्षाद्विध्यर्थः, येन विरोधो न स्यात्, किन्तु प्रवर्तनैव । प्रवर्तनाकर्मभूता तु पुरुषप्रवृत्तिः पुरुषार्थमेव विषयीकुर्वती क्वचित्क्रतुमपि पुरुषार्थ-साधनत्वेन पुरुषार्थभावमापन्नं विषयीकरोतीत्यन्यत् । पुरुषप्रवृत्तिश्च बलवदिच्छोपधान-दशायां जायमाना न भाव्यस्यार्थहेतुतामाक्षिपति, न वाऽनर्थहेतुतां प्रतिक्षिपति । किन्तु-यथा प्राप्तमेवावलम्बते । बलवदिच्छाविषये स्वत एव प्रवृत्तेः, स्वर्गादौ विध्य-नपेक्षणात् । अत एव विहितश्येनफलस्यापि शत्रुवधरूपस्याभिचारस्यानर्थहेतुत्वमुपपद्यते एव, फलस्य विधिजन्यप्रवृत्तिविषयत्वाभावात् । विधिजन्यप्रवृत्तिविषयं तु धात्वर्थरूपम् करणं प्रवर्तनाऽवलम्बते । सा चानर्थहेतुं न विषयीकरोतीति, विशेषविधिबाधितम्-

---

अहिंसारूप मैत्रीकी प्रशंसा करते हुए उक्त ऋषिने हिंसाको दुष्ट कहा है । अन्तःकरणकी शुद्धि गायत्री-जपादि पवित्रकर्मोंसे होती है तो हिंसादि दोषसे दुष्ट ज्योतिष्टोमादि नित्यकर्म दोषके न सहन करनेवाले कर्मियोंसे भी श्येनादिके समान त्याज्य ही है ऐसी परिस्थितिमें **भाट्टमत** से सिद्धान्त कहते हैं—यागाङ्ग हिंसा अनर्थ हेतु नहीं है । विधिविषयमें निषेधकी प्रवृत्ति नहीं होती । तथाहि बलवदिच्छा के विषय की हेतुता के बोधनरूप प्रेरणा करनेवाली विधिसे यदि कर्म अनर्थसाधन होगा तो विधि प्रेरणा ही न करायेगी विधि-विषयमें अनर्थकारणत्वाभाव अर्थात् आक्षिप्त होता है । अतः विधिविषयमें अनर्थत्वका सम्भव नहीं, क्रत्वर्थत्व साक्षात् विधिविषय नहीं जिससे विरोध न हो किन्तु प्रवर्तना ही साक्षाद् विधिविषय है । प्रवर्तनाका कर्मभूत पुरुषप्रवृत्ति पुरुषार्थको ही विषय करती हुई कहीं यज्ञको पुरुषार्थ साधनभावसे पुरुषार्थभावापन्नको विषय करती ही है यह दूसरी बात है । फलके समान फलसाधन भी इच्छाविषय होता है स्वर्गसाधनत्वज्ञानसे ही यागमें पुरुषप्रवृत्ति होती है । पुरुषप्रवृत्ति बलवदिच्छासद्भावदशामें जायमानस्वभाव कर्ममें अनर्थहेतुताका आक्षेप नहीं करती और न अनर्थहेतुत्वका निराकरण ही करती है किन्तु यथाप्राप्त ही का आश्रयण करती है । बलवदिच्छाविषयमें स्वतः पुरुषकी प्रवृत्ति होती है क्योंकि स्वर्गादिमें विधिकी अपेक्षा नहीं । अतएव विहित

सामान्यनिषेधवाक्यं रागद्वेषादिमूलाक्रत्वर्थलौकिकहिंसाविषयम् । तेन श्येनाग्नीषोमीययोर्वैषम्यादुपपन्नमदुष्टत्वं ज्योतिष्टोमादेः । विधिस्पृष्टस्यापि निषेधविषयत्वे षोडशिग्रहणस्याप्यनर्थहेतुत्वापत्तिः **'नातिरात्रे षोडशिनं गृह्णाति'** इति निषेधात् । **तस्मान्न किंचिदेतदिति**भाट्टदर्शनम् ।

हिंसाविषये प्राभाकरमतम् ।

प्रभाकरं तु दर्शनं फलसाधने रागत एव प्रवृत्तिसिद्धेः, न नियोगस्य प्रवर्तकत्वम् , तेन श्येनस्य रागजन्यप्रवृत्तिविषयत्वेन विधेरौदासीन्यान्न तस्यानर्थहेतुत्वं विधिना प्रतिक्षिप्यते । अग्नीषोमीयहिंसायां तु क्रत्वङ्गभूतायां फलसाधनत्वाभावेन रागाभावाद्विधिरेव प्रवर्तकः । स च स्वविषयस्यानर्थहेतुतां प्रतिक्षिपतीति, प्रधानभूता हिंसाऽनर्थम् जनयति, न क्रत्वर्थेति, न हिंसामिश्रत्वेन ज्योतिष्टोमादेर्दुष्टत्वमिति सममेव । एतावन्मात्रे तु विशेषः—"चोदनालक्षणोऽर्थो धर्मः" इत्यत्रार्थपदव्यावर्त्यत्वेनाधर्मत्वं श्येनादेः प्राभाकरमते । भाट्टमते तु श्येनफलस्यैवाभिचारस्यानर्थहेतुत्वादधर्मत्वम् , श्येनस्य तु विहितस्य समीहितसाधनस्य धर्मत्वमेव । अर्थपदव्यावर्त्यत्वं तु कलञ्जभक्षणादेर्निषिद्धस्यैवेति, फलतः अनर्थहेतुत्वेन तु शिष्टानां श्येनादौ न धर्मत्वेन व्यवहारः ।

श्येनफल शत्रुमारणरूप अभिचारमें अनर्थहेतुत्व उपपन्न होता है । फलविधिप्रयुक्त प्रवृत्तिविषय तो धात्वर्थरूप करणको प्रवर्तना आलम्बन करती है वह अनर्थहेतुको विषय नहीं करती अतः विशेषविधिसे बाधित सामान्यनिषेधवाक्य रागद्वेषादिमूलक तथा याग के लिये न होनेवाली लौकिक हिंसाविषयक है इससे श्येन और अग्नीषोमीयमें वैषम्य स्पष्ट है अतः ज्योतिष्टोमादिमें दोष नहीं है यह ठीक हुआ । यदि विधिविषयमें निषेधकी प्रवृत्ति हो तो षोडशिग्रहणमें भी अनर्थकारणत्वकी आपत्ति होगी क्योंकि **'नातिरात्रे षोडशिनम् गृह्णाति'** यह निषेध है अतः यह सांख्यमत कुछ भी महत्व नहीं रखता है श्येनादिके समान हिंसा दोषसे दूषित ज्योतिष्टोमादि नित्य कर्मका त्याग करना चाहिए । यह कुछ नहीं है यह भट्टका मत है ।

प्रभाकर मत—प्रभाकर मिश्रके मतसे फलके साधनमें रागसे ही प्रवृत्ति सिद्ध है अतः नियोग प्रवर्तक नहीं होता इस कारण श्येन रागतःप्रवृत्तिका विषय है इसमें विधि उदासीन है प्रेरक नहीं, इससे उसमें अनर्थकारणत्व विधिसे निराकरणीय नहीं अग्नीषोमीय हिंसामें तो जो यागाङ्ग है उनमें फलसाधनत्वके अभावसे राग है नहीं केवल विधिबलसे ही उसमें प्रवृत्ति होती है वह अपने विषयमें अनर्थहेतुताका निराकरण करती है प्रधानभूता हिंसा अनर्थको उत्पन्न करती है यागाङ्ग हिंसा नहीं अतः हिंसामिश्रित होनेसे भी ज्योतिष्टोमादि दुष्ट नहीं है यह दोनोंमें बराबर है । एतावन्मात्रमें विशेष है कि **'चोदनालक्षणोऽर्थो धर्मः'**

'फलतोऽपि च यत्कर्म नानर्थेनानुबध्यते।
केवलप्रीतिहेतुत्वात्तद्धर्मात्वेन गीयते॥' २-२६८ इति।

हिंसाविषये तार्किकमतम्।

तार्किकाणां तु दर्शनम्—कृतिसाध्यत्वम्, अर्थहेतुत्वम्, अनर्थाहेतुत्वं चेति त्रयं विध्यर्थः। तत्र क्रत्वर्थहिंसायां साक्षान्निषेधाभावात्प्रायश्चित्तानुपदेशाच्च कृतिसाध्यत्वार्थहेतुत्ववदनर्थाहेतुत्वमपि विधिना बोध्यत इति, न तस्या अनर्थहेतुत्वम्। श्येनादेस्त्वभिचारस्य साक्षादेव निषेधात्, प्रायश्चित्तोपदेशाच्चानर्थहेतुत्वावगमात्तावन्मात्रं तत्र विधिना न बोध्यत इत्युपपन्नं श्येनाग्नीषोमीययोर्वैलक्षण्यम्। **औपनिषदैस्तु भाट्टमेव दर्शनं व्यवहारे प्रायेणावलम्बितम्।** तथा च भगवद्बादरायणप्रणीतं सूत्रम्—"अशुद्धमिति चेन्न शब्दात्" ३-१-२५ इति। ज्योतिष्टोमादिकर्म-अग्नीषोमीयहिंसादिमिश्रितत्वेन दुष्टमिति चेत्? न। "अग्नीषोमीयं पशुमालभेत' इत्यादि-विधिशब्दादित्यक्षरार्थः। जपप्रशंसापरं तु वाक्यं न क्रत्वर्थहिंसाया अधर्मत्वबोधकम्, तस्य तत्राऽतात्पर्यात्। तथाच सांख्यानां विहिते निषिद्धत्वज्ञानम्, अनर्थाहेतावनर्थहेतुत्वज्ञानम्, धर्मे चाधर्मत्वज्ञानम्, अनुष्ठेये चाननुष्ठेयत्वज्ञानम्-विपर्यासरूपो मोहः। तस्मान्मोहान्नित्यस्य कर्मणः यः परित्यागः, स तामसः परिकीर्तितः। मोहो हि तमः॥ ७॥

यहाँ पर अर्थपदका व्यावर्त्य प्राभाकरके मतमें श्येनस्वरूप है, क्योंकि वह अधर्म है। भाट्टमतमें श्येनफल शत्रुवध जो अभिचार वही अनर्थहेतु होनेसे अधर्म है। इष्टसाधन शास्त्रसे विहित श्येनयाग तो धर्म ही है, अर्थपदका व्यावर्त्य तो निषिद्ध कलञ्जादि भक्षण ही है। फलद्वारा अनर्थहेतु होनेसे श्येनादिमें शिष्टोंका अधर्म व्यवहार है यही कहा है—**'फलतोऽपि च यत्कर्म'** इत्यादि मूलमें देखिये।

तार्किकमत—तार्किकोंका दर्शन है इष्टसाधनत्व कृतिसाध्यत्व अनिष्टाननुबन्धित्व ये तीनों विधिके हैं यागाङ्ग हिंसामें साक्षात् निषेध न होने से और प्रायश्चित्तोपदेशके न होनेसे कृतिसाध्यत्व इष्टसाधनत्व अनर्थाननुबन्धित्व भी विधिसे बोधित होता है अतः ज्योतिष्टोमादिमें अनर्थहेतुत्व नहीं। अभिचारात्मक श्येनका साक्षान्निषेध है और प्रायश्चित्तोपदेश भी है अतः उसमें अनर्थहेतुत्वका ज्ञान है इसलिये तावन्मात्र (अनर्थाहेतुत्वमात्र) का वहाँ विधि बोधन नहीं कराती इससे श्येन और अग्नीषोमीयमें वैलक्षण्य (भेद) स्पष्ट है। **वेदान्ती भाट्टसिद्धान्तका ही व्यवहार दशामें अवलम्बन करते हैं,** भगवान् व्यासका सूत्र है—**अशुद्धमिति चेन्न शब्दात्'** ज्योतिष्टोमादिकर्म अग्नीषोमीय हिंसायुक्त होनेसे दुष्ट है यह आक्षेप ठीक नहीं।

प्रश्न—क्यों?

उत्तर—'शब्दात्'से है—**'अग्नीषोमीयं पशुमालभेत'** इत्यादि विधिशब्दसे। यह अतिसंक्षिप्त अक्षर-

दुःखमित्येव यत्कर्म कायक्लेशभयात्त्यजेत्।
स कृत्वा राजसं त्यागं नैव त्यागफलं लभेत् ॥ ८ ॥

जो मनुष्य जितने कर्म हैं सब दुःखरूप हैं ऐसा मानकर शरीरके क्लेशके भयसे कर्मका त्याग करे तो वह मनुष्य राजस त्यागको करके भी त्यागका फल नहीं प्राप्त करता ॥ ८ ॥

कार्यमित्येव यत्कर्म नियतं क्रियतेऽर्जुन !।
सङ्गं त्यक्त्वा फलं चैव स त्यागः सात्त्विको मतः ॥ ९ ॥

हे अर्जुन ! कर्म करना ही चाहिये ऐसा मानकर आसक्ति और फलका जो त्यागकर नित्यकर्म किया जाता है वह त्याग सात्त्विक माना गया है ॥ ९ ॥

पूर्वोक्तमोहाभावेऽपि अनुपजातान्तःकरणशुद्धितया कर्माधिकृतोऽपि दुःखमेवेदमिति मत्वा कायक्लेशभयान्नित्यं कर्म त्यजेदिति यत्, स त्यागो राजसः। दुःखं हि रजः। अतः सः मोहरहितोऽपि राजसः पुरुषस्तादृशं राजसं त्यागं कृत्वा नैव त्यागफलम्-सात्त्विकत्यागस्य फलम् ज्ञाननिष्ठालक्षणं नैव लभेत्-न लभेत ॥ ८ ॥

कर्मत्यागस्तामसः, राजसश्च हेयो दर्शितः। कीदृशः पुनरुपादेयः ? सात्त्विकस्त्यागः इत्युच्यते—'**कार्यमि**'त्यादिना। विध्युद्देशे फलाश्रवणेऽपि कार्यम्-कर्तव्यमेवेति बुद्ध्वा, नियतम्-नित्यं कर्म सङ्गम्-कर्तृत्वाभिनिवेशम्, फलं च त्यक्त्वैव यत्क्रियतेऽन्तःकरणशुद्धिपर्यन्तम्,

---

मात्रका अर्थ है। जपप्रशंसापर वाक्य यागाङ्गहिंसामें अधर्मत्वका बोधक नहीं क्योंकि उसका उसमें तात्पर्य नहीं, किन्तु जपप्रशंसामें ही तात्पर्य है।

ऐसी स्थितिमें सांख्यमतमें विहितमें निषिद्धत्वज्ञान, अनर्थके अकारणमें अनर्थकारणत्वज्ञान, धर्ममें अधर्मत्वज्ञान, अनुष्ठान करने योग्यमें अनुष्ठानके अयोग्यत्वका जो ज्ञान है वह विपरीत ज्ञानरूप मोह है अतः मोहसे नित्यकर्मका जो परित्याग वह तामस कहा जाता है। मोह ही तम है ॥ ७ ॥

पूर्वोक्त मोहके न होनेपर भी अन्तःकरणकी शुद्धि न होनेसे कर्माधिकारी भी यह दुःखद है ऐसा मानकर शरीरकष्टके भयसे जो नित्यकर्मका त्याग करता है वह त्याग राजस है। दुःख रजोगुण है अतः वह तमोरहित भी राजस पुरुष वैसा राजस त्याग करके त्यागफल-सात्त्विक त्यागका फल ज्ञाननिष्ठालक्षणका लाभ नहीं करता ॥ ८ ॥

कर्मत्याग राजस और तामस त्याज्य है यह दिखलाया।

प्रश्न—कैसा त्याग फिर ग्राह्य है ?

उत्तर—सात्त्विक त्याग, यह कहते हैं—'**कार्यमि**'**त्यादि** से। विधिवाक्यमें फलका श्रवण न होनेपर कर्म करना ही चाहिये यह मानकर नित्य कर्म कर्तृत्वाभिमान और फल इन दोनोंका त्याग करके ही अन्तः-

स त्यागः सात्त्विकः-सत्त्वनिर्वृत्तो मतः-आदेयत्वेन संमतः शिष्टानाम् । ननु नित्यानां फलमेव नास्ति, कथं फलं त्यक्त्वेत्युक्तम् ? उच्यते—अस्मादेव भगवद्वचनान्नित्यानां फलमस्तीति गम्यते, निष्फलस्यानुष्ठानासम्भवात् । तथा चाऽऽपस्तम्बः—"तद्यथाऽऽम्रे फलार्थे निर्मिते छायागन्धावनूत्पद्येते, एवं धर्मं चर्यमाणमर्था अनूत्पद्यन्ते" इत्यानुषङ्गिकं फलं नित्यानाम्, दर्शयति । अकरणे प्रत्यवाय[1]श्रुतिश्च नित्यानां प्रत्यवायपरिहारं फलं दर्शयति—"धर्मेण पापमपनुदति, तस्माद्धर्मं परमं वदन्ति' । 'येन केन च यजेत, अपि वा दर्विहोमे नानुपहतमना एव भवति, तदाहुर्देवयाजी श्रेयानात्मयाजीति, आत्मयाजीति ह ब्रूयात्, स ह वा आत्मयाजी यो वेदेदं मेऽनेनाङ्ग ँ् सँ् स्क्रियते, इदमनेनाङ्गमुपधीयते' श० ब्रा० ११-२-६-१२ इत्यादिश्रुतयश्च ज्ञानप्रतिबन्धकपापक्षयलक्षणं ज्ञानयोग्यतारूप-पुण्योत्पत्ति-लक्षणं चाऽऽत्मसंस्कारं नित्यानाम् कर्मणां फलं दर्शयन्ति । तमभिसन्धिं त्यक्त्वा तान्यनुष्ठेयानीत्यर्थः । यदुक्तं त्यागसंन्यासशब्दौ घट-पटशब्दाविव न भिन्नजातीयार्थौ, किन्तु फलाभिसन्धिपूर्वककर्मत्याग एव तयोरर्थ इति । तन्न ।

करणशुद्धिपर्यन्त जो कार्य किया जाता है वह त्याग सात्त्विक है, सत्त्वगुणसे समुत्पन्न सात्त्विक है इसमें शिष्टोंकी सम्मति है ।

प्रश्न—नित्यकर्मका तो कुछ फल ही नहीं है फिर 'फलं त्यक्त्वा' कैसे कहा ?

'उच्यते' से उत्तर कहते हैं । इसी भगवान्के वाक्यसे नित्यकर्मोंका फल है यह जाना जाता है, क्योंकि निष्फलका अनुष्ठान ही नहीं हो सकता, महर्षि आपस्तम्बने कहा है—फलके लिये आमके रोपनेपर छाया पुष्पके समयमें गन्ध उत्पन्न होता ही है, एवं धर्म करनेवालेको अनन्तर अर्थ उत्पन्न होता है, धर्म करने-वालेको जनता द्रव्य देती है अब भी प्रसिद्ध ही है । नित्यकर्मोंका फल आनुषङ्गिक दिखलाया है और न करनेमें प्रत्यवाय श्रुति । नित्यकर्मोंका प्रत्यवायपरिहार फल दिखलाती हैं—"[2]धर्मेण पापमपनुदति, तस्मा-द्धर्मं परमं वदन्ति' इत्यादि ऊपर देखिए । ज्ञानोत्पत्तिके प्रतिबन्धक पापकी निवृत्तिरूप और ज्ञान योग्यतारूप पुण्योत्पत्ति लक्षण आत्मसंस्कार नित्यकर्मोंका फल दिखलाती हैं—फलेच्छात्यागकर नित्यकर्म अनुष्ठेय है यह अर्थ है । जो कहा कि त्याग संन्यास शब्द घटपटके समान भिन्नजातीयार्थक नहीं है, किन्तु फलेच्छापूर्वक

१. प्रत्यवायस्मृतिश्चेति मु० पु० पा० ।

२. १—धर्मसे पाप नष्ट होता है इसलिए धर्मको उत्कृष्ट (परम) कहते हैं ।

२—जिस किसीसे याग करें, दर्विहोम करनेवाला शुद्धान्तःकरण होता है इस विषय में ब्रह्मवेत्ताओंका विचार है कि देवयाजी श्रेष्ठ है या आत्मयाजी उत्तर है आत्मयाजी श्रेष्ठ है क्योंकि आत्मयाजी समझता है कि इस कर्मसे मेरे अंगका संस्कार होता है इससे उपचय (वृद्धि) होता है । इति ।

विस्मर्तव्यम् । तत्र सत्यपि फलाभिसन्धौ मोहाद्वा कायक्लेशभयाद्वा यः कर्मत्यागः, स विशेष्याभावकृतो विशिष्टाभावस्तामसत्वेन, राजसत्वेन च निन्दितः । यस्तु सत्यपि कर्मणि फलाभिसंन्धित्यागः, स विशेषणाभावकृतो विशिष्टाभावः सात्त्विकत्वेन स्तूयत इति, विशेष्याभावकृते, विशेषणाभावकृते च विशिष्टाभावत्वस्य समानत्वान्न पूर्वापरविरोधः । उभयाभावकृतस्तु निर्गुणत्वान्न त्रिविधमध्ये गणनीय इति चावोचाम ।

एतेन-'त्यागो हि पुरुषव्याघ्र ! त्रिविधः संप्रकीर्तितः'

इति प्रतिज्ञाय कर्मत्यागलक्षणे द्वे विधे दर्शयित्वा, प्रतिज्ञाननुरूपां कर्मानुष्ठानलक्षणाम् तृतीयां विधां दर्शयतो भगवतः प्रकटमकौशलमापतितम् । न हि भवति त्रयो ब्राह्मणा भोजयितव्याः, द्वौ कठकौण्डिन्यौ, तृतीयः क्षत्रिय इति तद्वदिति परास्तम् । तिसृणामपि विधानाम् विशिष्टाभावरूपेण त्यागसामान्येनैकजातीयतया प्राग्व्याख्याततवात् । तस्माद्भगवदकौशलोद्भावनमेव महदकौशलमिति द्रष्टव्यम् ।। ९ ।।

कर्मत्याग ही दोनोंका अर्थ है उसको नहीं भूलना । उसमें फलेच्छा रहनेपर भी शरीरकष्टके भयसे वा मोहसे जो कर्मत्याग है वह विशेष्य कर्मके अभावसे फलेच्छाविशिष्ट कर्मका अभाव विशेष्याभावप्रयुक्त विशिष्टाभाव है, वह राजसत्वसे और तामसत्वसे निन्दित है । और जो कर्म करने पर फलकी कामनाका त्याग है, वह फलकामनारूप विशेषणके अभावसे तद्विशिष्ट कर्मरूपविशिष्टका अभाव विशेषणाभावप्रयुक्त विशिष्टाभाव है यह सात्त्विक है अतः इसकी प्रशंसाकी जाती है । विशेष्याभावकृत और विशेषणाभावकृत विशिष्टाभावमें विशिष्टाभावत्व समान है इससे पूर्वापर विरोध नहीं, न फलकामना है न कर्म ही है । उभय-विशेषण और विशेष्य दोनोंके अभावसे प्रयुक्त विशिष्टाभाव तीसरा है यह निर्गुण है अतः विधिके बीचमें इसकी गिनती नहीं है यह कह चुका हूँ । इससे—

'त्यागो हि पुरुषव्याघ्र ! त्रिविधः सम्प्रकीर्तितः'

इसकी प्रतिज्ञा कर दो प्रकारके कर्मलक्षणोंको दिखलाकर प्रतिज्ञाके अनकूल कर्मानुष्ठान लक्षण तीसरे प्रकारको दिखलाते हुए भगवान्‌में अनैपुण्यकी आपत्ति हुई, क्योंकि प्रथम द्वितीयमें विधेयत्व है तृतीयमें विधेयत्व नहीं है । समानमें ही द्वैविध्य त्रैविध्यादि होते हैं । पृथिवी नौ प्रकारकी है यह कहकर पृथिवी-जलादि आठको कहकर मनको छोड़कर उसके स्थानमें गुण कहनेवाले पुरुषमें कौशलाभाव जैसे प्रसक्त होता है तद्वत् प्रकृतमें भी समझना । इसीको स्पष्ट करते हैं—**'नहि'** इत्यादिसे । तीन ब्राह्मणोंको भोजन कराना दो कठ, कौण्डिन्य तीसरा क्षत्रिय इति, ऐसा यह भगवद्वाक्य है यह कहना ठीक नहीं है । तीनों प्रकारोंमें विशिष्टाभावरूपसे त्याग सामान्यसे एकजातीयत्व है यह पूर्वमें भी व्याख्यात है और यहाँ भी

न द्वेष्ट्यकुशलं कर्म कुशले नानुषज्जते।
त्यागी सत्त्वसमाविष्टो मेधावी छिन्नसंशयः॥ १०॥

जो पुरुष सात्त्विक त्यागसे युक्त साधुगुण सहित स्थितप्रज्ञ और सन्देहसे रहित होता है, वह अशोभन कर्मोंसे द्वेष नहीं करता और शोभन कर्मोंमें प्रीति नहीं करता॥ १०॥

सात्त्विकस्य त्यागस्याऽऽदौ सत्त्वशुद्धिद्वारेण ज्ञाननिष्ठाफलमाह—'**न द्वेष्टी'त्यादिना।** यस्त्यागी-सात्त्विकेन त्यागेन युक्तः पूर्वोक्तेन प्रकारेण कर्तृत्वाभिनिवेशम्, फलाभिसन्धिञ्च त्यक्त्वा, अन्तःकरणशुद्ध्यर्थं विहितकर्मानुष्ठायी, स यदा सत्त्वसमाविष्टः-सत्त्वेनात्मानात्मविवेक-ज्ञानहेतुना चित्तगतेनातिशयेन सम्यग्ज्ञानप्रतिबन्धकरजस्तमोमलराहित्येनाऽऽसमन्तात् फला-व्यभिचारेणाऽऽविष्टो व्याप्तो भवति। भगवदर्पितनित्यकर्मानुष्ठानात् पापमलापकर्षलक्षणेन, ज्ञानोत्पत्तियोग्यतारूपपुण्यगुणाधानलक्षणेन च संस्कारेण संस्कृतमन्तःकरणं यदा भवतीत्यर्थः। तदा मेधावी शमदमसर्वकर्मोपरमगुरूपसदनादिसामवायिकाङ्गयुक्तेन मननिदिध्यासनाख्य-फलोपकार्यङ्गयुक्तेन च श्रवणाख्यवेदान्तवाक्यविचारेण परिनिष्पन्नं वेदान्तमहावाक्यकरणकम् निरस्तसमस्ताप्रामाण्याशङ्कं चिदन्याविषयकम्-'अहं ब्रह्माऽस्मि' इति ब्रह्मात्मैक्यज्ञानमेव मेधा,

---

व्याख्यात है और यहाँ भी विशिष्टाभावत्वेन तीनों समान हैं अतः भगवान्‌के अकौशलका उद्भावन करने-वालेमें ही बड़ा अकौशल है यह देखना चाहिये॥ ९॥

सात्त्विक त्यागका पहले सत्त्वशुद्धिद्वारा ज्ञाननिष्ठा लक्षण फल कहते हैं-'**न द्वेष्टि**'इत्यादि से। जो त्यागी सात्त्विक त्याग से युक्त पूर्व कथितके अनुसार कर्तृत्वाभिमान और फलका त्याग कर अन्तःकरणशुद्धिके लिए विहित कर्मका अनुष्ठान करता है वह सत्त्वसमाविष्ट होता है। सत्त्वसमाविष्ट के अर्थको स्फुट करते हैं—प्रकृतमें आत्मानात्मविवेक ज्ञानका हेतु सत्त्वशब्दार्थ है वह सत्त्व चित्तमें है क्योंकि चित्त त्रिगुणात्मक है सम्यग्ज्ञानके प्रतिबन्धक रजस्तमो रूप जो मल उसका राहित्य है जो 'स' शब्दसे विवक्षित है। 'आ' का अर्थ है—फलाव्यभिचार (अवश्य फल होना) अप्रतिबद्ध आत्मतत्त्वज्ञान हेतुसे विशिष्ट होता है यह निष्कृष्टार्थ है। भगवदर्पितनिष्काम कर्मानुष्ठानसे पापरूपी मलका अपकर्ष (अपचय) इससे तथा ज्ञानोत्पत्ति-योग्यतारूप पुण्यगुणाधानरूप संस्कारसे संस्कृत अन्तःकरण जब होता है यह अर्थ हैं तब धारणावती बुद्धि होती है। 'दीर्धारणावती मेधा' यह अमरकोश है। शम दम सर्वकर्मोपरम गुरुगृहगमनादि सामवायिकाङ्गयुक्त-मनन निदिध्यासनरूप फलोपकारी अङ्गसे युक्त श्रवणाख्य वेदान्त विचारसे समुत्पन्न वेदान्तमहावाक्य-करणयुक्त निवृत्तसर्वाप्रामाण्यशंका (सर्व प्रकारकी अप्रामाण्य शङ्कासे रहित) चिदन्याविषयक (चित्से

तथा नित्यं युक्तो मेधावी स्थितप्रज्ञो भवति, तदा छिन्नसंशयः-'अहं ब्रह्मास्मी'तिविद्यारूपया मेधया तदविद्योच्छेदे तत्कार्यसंशयविपर्ययशून्यो भवति। तदा च क्षीणकर्मत्वान्न द्वेष्ट्यकुशलम्-कर्म-अशोभनं काम्यं निषिद्धं वा कर्म न प्रतिकूलतया मन्यते, कुशले शोभने नित्ये कर्मणि नानुषज्जते-न प्रीतिं करोति, कर्तृत्वाद्यभिमानरहितत्वेन कृतकृत्यत्वात्।

तथा च श्रुतिः—"भिद्यते हृदयग्रन्थिश्छिद्यन्ते सर्वसंशयाः।
क्षीयन्ते चास्य कर्माणि तस्मिन् दृष्टे परावरे॥" इति।

यस्मादेवं सात्त्विकस्य त्यागस्य फलम्, तस्मान्महताऽपि प्रयत्नेन स एवोपादेयः इत्यर्थः॥ १०॥

अतिरिक्त किसी अन्यको विषय नहीं करनेवाला) 'मैं ब्रह्म हूँ' इत्याकारक ब्रह्मात्म्यैक्यज्ञान ही मेधा है, सारांश यह है कि कर्तृत्वाभिमान फलेच्छाका त्याग कर भगवदर्पणबुद्धिसे कर्मी कर्म करे तद्द्वारा अन्तः-करण परिशुद्ध होता है अन्तःकरण त्रिगुणात्मक है रजस्तम तत्त्वज्ञानोत्पत्तिमें प्रतिबन्धक हैं इनकी निवृत्ति से सत्त्व शुद्ध होता है उसका समुद्रेक मेधा है। उसकी उत्पत्तिके साधन तथा प्रतिबन्धकके निवारणका निर्देश करते हैं—शमादि पूर्वोक्त [1]सामवायिक साधन है, मननादि सहकारि कारण है, श्रवण केवल श्रुतिवाक्यका सुनना ही नहीं किन्तु यहाँ विचार अर्थ है इससे निष्पन्न 'तत्त्वमसि' यह वेदान्त महावाक्य है, यह है करण जिसका। उक्तवाक्यसे वक्ष्यमाण ज्ञान होता है, वेद अपोरुषेय होनेसे तद्वाक्यज्ञानमें अप्रामाण्यकी शङ्का नहीं होती। भ्रमप्रमादादि दोष पौरुषेय वाक्यमें होते हैं अतः उसमें अप्रामाण्यकी शंका होती है, वैदिक वाक्यमें नहीं चित् तदन्य-जड़वर्ग वह न हो विषय अर्थात् केवल ब्रह्ममात्रविषयक ज्ञान मेधा है इससे नित्ययुक्त नित्ययोगमें मत्वर्थ **'अस्मायामेधास्रजो विनिः'** इस सूत्रसे 'मेधा अस्ति अस्येति' मेधावी यह सिद्ध होता है। मेधावी स्थितप्रज्ञ होता है तब निवृत्तसंशय होता है 'अहं ब्रह्मास्मि' (मैं ब्रह्म हूँ) इस विद्यारूपी मेधासे उसकी अविद्याका नाश होने पर अविद्याके कार्य जो संशय विपर्यय यह उससे रहित होता है, तब क्षीण कर्म होनेसे अकुशलकर्मोंसे द्वेष नहीं करता अर्थात् काम्य निषिद्ध कर्मोंको प्रतिकूल नहीं मानता। कुशल नित्यकर्ममें अनुरागी नहीं होता (प्रीति नहीं करता). क्योंकि कर्तृत्वाभिमानकी निवृत्तिसे कृतकृत्य है, तथा च श्रुतिः—'भिद्यते हृदयग्रन्थिः' इत्यादि ऊपर देखिये। जिसका कारण सात्त्विक त्याग का ऐसा फल है तस्मात् बड़े परिश्रमसे वही कर्तव्य है यह अर्थ है॥ १०॥

---

१. सामवायिक इसका व्याख्यान पहला भाग पृष्ट ५०१ में देखिए।

न हि देहभृता शक्यं त्यक्तुं कर्माण्यशेषतः ।
यस्तु कर्मफलत्यागी स त्यागीत्यभिधीयते ॥ ११

देहाभिमानी पुरुषसे सम्पूर्णतया कर्म त्यागने योग्य नहीं हैं, जो पुरुष कर्म फलका त्याग करता है वह त्यागी कहा जाता है ॥ ११ ॥

तदेवमात्मज्ञानवतः सर्वकर्मत्यागः संभाव्यते, कर्मप्रवृत्तिहेत्वो रागद्वेषयोरभावादित्युक्तम् । संप्रत्यज्ञस्य कर्मत्यागासंभवे हेतुरुच्यते—'**न ही**'त्यादिना । मनुष्योऽहम्, ब्राह्मणोऽहम्, गृहस्थोऽहमित्याद्यभिमानेनाबाधितेन देहम्-कर्माधिकारहेतुवर्णाश्रमादिरूपं कर्तृभोक्तृत्वाद्याश्रयम्, स्थूलसूक्ष्मशरीरेन्द्रियसंघातं बिभर्ति-अनाद्यविद्यावासनावशाद् व्यवहारयोग्यत्वेन कल्पितमसत्यमपि सत्यतया, स्वभिन्नमपि स्वाभिन्नतया पश्यन् धारयति, पोषयति चेति देहभृत्-अबाधितकर्माधिकारहेतु[1]देहाभिमानः, तेन विवेकज्ञानशून्येन देहभृता-कर्मप्रवृत्तिहेतुरागद्वेषपौष्कल्येन सततं कर्मसु प्रवर्तमानेन कर्माण्यशेषतः-निःशेषेण त्यक्तुं हि यस्मान्न शक्यम्-न शक्यानि । सत्याम् कारणसामग्र्यां कार्यत्यागस्याऽशक्यत्वात् । तस्माद्यस्त्वज्ञोऽधिकारी सत्त्वशुद्ध्यर्थं कर्माणि कुर्वन्नपि भगवदनुकम्पया तत्फलत्यागी । 'तु' शब्दस्तस्य दुर्लभत्वद्योतनार्थः । स त्यागीत्यभिधीयते, गौण्या वृत्त्या स्तुत्यर्थमत्याग्यपि सन् । अशेषकर्मसंन्यासस्तु परमार्थदर्शिनैव देहभृता शक्यते कर्तुमिति, स मुख्यया वृत्त्या त्यागीत्यभिप्रायः ॥ ११ ॥

इस प्रकार आत्मज्ञानीमें ही सब कर्मोंके त्यागकी संभावना है क्योंकि कर्मप्रवृत्तिके कारण जो रागद्वेष है इसका अभाव है यह कहा है अब अज्ञानीमें सब कर्मोंके त्यागका संभव नहीं है इसमें हेतु कहते हैं मैं मनुष्य हूँ, मैं ब्राह्मण हूँ, मैं गृहस्थ हूँ इस निर्बाध अभिमानसे देहको ही आत्मा समझनेवाला देहाभिमानी सब कर्मोंका त्याग नहीं कर सकता । देहाभिमानको स्पष्ट करते हैं—'**वर्णाश्रमादि' से** । 'अहं ब्राह्मणः' से वर्णाध्यास, 'अहं गृहस्थः' से आश्रमाध्यास, 'अहं मनुष्यः कर्ता भोक्ता' इत्यादिसे कर्माधिकार हेतुभूत स्थूल सूक्ष्म शरीरेन्द्रियसमुदायके धारण करनेवाला स्वात्मतया मानने अबाधित कर्माधिकारहेतु देहाभिमान है वह विवेकरहित देहधारी कर्मप्रवृत्ति हेतु रागद्वेषसे पूर्ण सामग्री रहनेसे सदा कर्ममें प्रवर्तमान सब कर्मोंका त्याग नहीं कर सकता, कारण सामग्री रहने पर कार्यत्यागका सम्भव नही अतः जो अज्ञ अधिकारी सत्त्वशुद्धिके लिये कर्मोंको करता हुआ भी भगवान्‌की दयासे कर्मफलत्यागी है । '**तु**' शब्द ऐसा पुरुष दुर्लभ है एतत्सूचनार्थ है । गौणीवृत्ति-लक्षणासे वह त्यागी कहा जाता है स्तुतिके लिये अत्यागी भी त्यागी

---

१. हेतुर्देहाभिमानः, इति पाठान्तरम् ।

अनिष्टमिष्टं मिश्रं च त्रिविधं कर्मणः फलम् ।
भवत्यत्यागिनां प्रेत्य न तु संन्यासिनां क्वचित् ॥ १२ ॥

कर्मफलके त्यागी होते हुये भी कर्मको नहीं त्यागने वालों (गौण सन्यासियों) के कर्मका अनिष्ट इष्ट मिश्रित भेदसे तीन प्रकारके फल होते हैं ॥ १२ ॥

ननु देहभृतः परमात्मज्ञानशून्यस्य कर्मिणोऽपि कर्मफलाभिसंधित्यागित्वेन गौण-संन्यासिनः, परमात्मज्ञानवतो देहाभिमानरहितस्य सर्वकर्मत्यागिनो मुख्यसंन्यासिनश्च कः फले विशेषः ? यदलाभेन गौणत्वमेकस्य, यल्लाभेन च मुख्यत्वमन्यस्य, कर्मफलत्यागित्वं तु द्वयोरपि तुल्यमित्यन्यो विशेषो वाच्यः । उच्यते—**'अनिष्टमि'ति** । अत्यागिनां कर्मफलत्यागित्वेऽपि कर्मानुष्ठायिनामज्ञानां गौणसन्यासिनां प्रेत्य विविदिषापर्यन्तं सत्त्वशुद्धेः प्रागेव मृतानां पूर्वकृतस्य कर्मणः फलम्-शरीरग्रहणं भवति मायामयं फल्गुतया लयम्-अदर्शनं गच्छतीति निरुक्तेः । 'कर्मणः' इति जात्यभिप्रायमेकवचनम्, एकस्य त्रिविधफलत्वानुपपत्तेः । तच्च फलं कर्मणस्त्रिविध-त्वात् त्रिविधम् , पापस्यानिष्टं प्रतिकूलवेदनीयं नारकतिर्यगादिलक्षणम् , पुण्यस्येष्टमनुकूल-

---

कहा जाता है । संपूर्ण कर्मोंका त्याग तो तत्त्वज्ञानी देही ही कर सकता है अतः वही मुख्यवृत्ति-शक्तिसे त्यागी कहा जाता है यह अभिप्राय है ॥ ११ ॥

प्रश्न—आत्मज्ञानरहित देही भी कर्मी कर्मफलेच्छात्यागित्वसे गौण संन्यासीसे तत्त्वज्ञानी देहाभि-मानरहित अतएव सब कर्मोंका त्यागी मुख्य संन्यासी के फलमें क्या विशेष है जिसके अलाभसे एकमें गौणत्व तथा जिसके लाभसे दूसरेमें मुख्यत्व है, कर्मफल त्यागित्व तो दोनोंमें समान ही है अतः दूसरा ही कोई विशेष कहना चाहिये ?

उत्तर—**'उच्यते'**से कहते हैं—अत्यागियोंके कर्म फलत्यागी होने पर भी कर्मानुष्ठान करनेवाले ज्ञान-रहितोंको विविदिषापर्यन्त अन्तःकरण की शुद्धि होनेसे पूर्व मरनेवालोंका प्रथम किये गये कर्मका फल देहग्रहण होता है । माया मय फल्गु अर्थात् असार 'असारं फल्गु' यह अमर है ।

'फल्गुः काकोदुंवरिके वृक्षे निरर्थकेऽपि च ।'

यह हेमकोश है 'फल्ग्वसारेऽभिधेयवत्' यह विश्वकोश है । मायामयसे देहमें असारत्व स्फुट ही है, 'लयं दर्शनाभावं गच्छति' यह फलका निर्वचन है । 'कर्मणः' यहाँ एकवचन जात्यभिप्रायक है व्यक्त्यभिप्रायक नहीं । **'जात्याख्यायामेकस्मिन् बहुवचनमन्यतरस्याम्'** इस सूत्रसे बहुव्यक्तिका बोधन एकवचनान्तसे भी जातितात्पर्यसे होता है, क्योंकि एक कर्ममें त्रिविध फल नहीं हो सकता वह फल कर्मके त्रिविध होनेसे फल भी त्रिविध होता है । पापका अनीप्सित (अनिष्ट) प्रतिकूलवेदनीय नारकतिर्यगादिलक्षण, पुण्यका-

वेदनीयं देवादिलक्षणम् , मिश्रस्य तु पापपुण्ययुगलस्य मिश्रम्-इष्टानिष्टसंयुक्तं मानुष्यलक्षणमित्येवं त्रिविधमित्यनुवादो हेयत्वार्थः । एवं गौणसंन्यासिनां शरीरपातादूर्ध्वं शरीरान्तरग्रहणमावश्यकमित्युक्त्वा, मुख्यसन्यासिनां परमात्मसाक्षात्कारेणाविद्यातत्कार्यनिवृत्तौ विदेहकैवल्यमेवेत्याह--**'न तु सन्यासिनां क्वचिदि'**ति । परमात्मज्ञानवतां मुख्यसन्यासिनां परमहंसपरिव्राजकानां प्रेत्य कर्मणः फलं शरीरग्रहणमनिष्टमिष्टं मिश्रं च क्वचिद् देशे काले वा न भवत्येवेत्यवधारणार्थस्तुशब्दः, ज्ञानेनाज्ञानस्योच्छेदे तत्कार्याणां कर्मणामुच्छिन्नत्वात् । तथा च श्रुतिः--

"भिद्यते हृदयग्रन्थिश्छिद्यन्ते सर्वसंशयाः ।
क्षीयन्ते चास्य कर्माणि तस्मिन् दृष्टे परावरे ॥" इति ।

पारमर्षं च सूत्रम्--"तदधिगम उत्तरपूर्वाघयोरश्लेषविनाशौ तद्व्यपदेशात्" इति परमात्मज्ञानादशेषकर्मक्षयं दर्शयति । तेन गौणसन्यासिनां पुनः संसारः, मुख्यसन्यासिनां तु मोक्ष इति फले विशेष उक्तः । अत्र कश्चिदाह--

"अनाश्रितः कर्मफलं कार्यं कर्म करोति यः ।
स संन्यासी च"............

ईप्सित इस अनुकूलवेदनीय हितकर प्रतीयमान देवादिलक्षण, मिलितका पुण्यपाप दोनोंका ईप्सितानीप्सित मिलित मनुष्यलक्षण, इस प्रकार त्रिविध फल है । इसका त्यागार्थ अनुवाद है । इस प्रकार गौण संन्यासियों का देहत्यागके अनन्तर दूसरे-देहका ग्रहण आवश्यक है यह कहकर मुख्य संन्यासियोंको ब्रह्मसाक्षात्कारसे अविद्याको निवृत्ति होनेपर विदेह (कैवल्य) मोक्ष ही होता है यह कहते हैं—**'न तु संन्यासिनां क्वचित्'** इस गीता वाक्यमें । ब्रह्मसाक्षात्कार करनेवाले मुख्य संन्यासी परमहंस परिव्राजकोंको मृत्युके बाद कर्मका फल शरीरका ग्रहण अनिष्ट इष्ट तदुभयात्मक किसी देश कालमें नहीं होता । निश्चय अर्थमें 'तु' शब्द है । ज्ञानसे अज्ञानका नाश होने पर तत्कार्य कर्मादिका विनाश हो जाता है ऐसी ही श्रुति है-'भिद्यते' इत्यादि मूल देखिये । श्री वेदव्यासजीका सूत्र है-'तदधिगम उत्तरपूर्वाघयोरश्लेषविनाशौ तद्व्यपदेशात्' इति । ब्रह्मसाक्षात्कारसे सम्पूर्ण कर्मोंका क्षय दिखलाते हैं, इससे स्पष्ट है कि गौणसंन्यासियोंको फिर संसार होता है मुख्य संन्यासियोंको तो मोक्ष होता है यह दोनोंके फलमें विशेष कहा है । यहाँ पर कोई कहते हैं कि—

अनाश्रितः कर्मफलं कार्यं कर्म करोति यः । स सन्यासी च.................

इत्यादौ कर्मफलत्यागिषु संन्यासिशब्दप्रयोगात् कर्मिण एवात्र फलत्यागसाम्यात् सन्यासिशब्देन गृह्यन्ते। तेषां च सात्त्विकानां नित्यकर्मानुष्ठानेन, निषिद्धकर्मानष्ठानेन च पापासंभवान्नानिष्टं फलं संभवति, नापीष्टं काम्याननुष्ठानात्। ईश्वरार्पणेन फलस्य त्यक्तत्वाच्च। अत एव मिश्रमपि नेति त्रिविधकर्मफलासंभवः। अत एवोक्तम्—

[1]"मोक्षार्थी न प्रवर्तेत तत्र काम्यनिषिद्धयोः।
नित्यनैमित्तिके कुर्यात् प्रत्यवायजिहासया॥

सं० आ० परि श्लो, ११० इति।

स वक्तव्यः-शब्दस्य, अर्थस्य च मर्यादा न निरधारि भवतेति। तथाहि—"गौणमुख्ययोर्मुख्ये कार्यसंप्रत्ययः" इति शब्दमर्यादा। यथा "अमावास्यायामपराह्णे पिण्डपितृयज्ञेन चरन्ति" इत्यत्रामावास्याशब्दः काले मुख्यः, तत्कालोत्पन्ने कर्मणि च गौणः "य एवं विद्वानमावास्यां यजते" इत्यादौ तत्रामावास्यामिति कर्मग्रहणे पितृयज्ञस्य तदङ्गत्वान्न फलं कल्पनीयमिति विधेर्लाघवमिति पूर्वपक्षितं कात्यायनेन—**"अङ्गं वा समभिव्याहारात्"** इति। गौणार्थस्य मुख्यार्थोपस्थितिपूर्वकत्वान्मुख्यार्थस्य चेहाबाधादमावास्याशब्देन काल एव गृह्यते।

इत्यादिमें कर्मफलत्यागियोंमें संन्यासपद प्रयोगसे कर्म करनेवालेका ही फलत्यागसादृश्यसे सन्यासीशब्दसे ग्रहण होता है। उन सात्त्विकोंका नित्यकर्मके करनेसे निषिद्धकर्मके न करनेसे पाप नहीं होनेसे उनको अनिष्ट फलका सम्भव नहीं। काम्यकर्म न करनेसे इष्टफल भी नहीं होता, ईश्वरमें अर्पण करनेसे फलका त्याग ही कर चुके हैं अतएव मिश्र भी नहीं होता, इस प्रकार तीनों प्रकारके फलोंका सम्भव नहीं। अतएव कहा है—

'मोक्षार्थी न प्रवर्तेत तत्र काम्यनिषिद्धयोः। नित्यनैमित्तिके कुर्यात् प्रत्यवायजिहासया॥' इति।

उनसे यही कहना है कि शब्द तथा अर्थकी मर्यादाका आपने निश्चय समझा नहीं। 'तथाहि'से निर्धारणाभावको स्पष्ट करते हैं—'गौणमुख्ययोर्मुख्ये कार्यसम्प्रत्ययः' यह शब्दकी मर्यादा है, जैसे 'अमावास्यायामपराह्णे पिण्डपितृयज्ञेन चरन्ति' यहाँपर अमावस्याशब्द कालमें मुख्य है, तत्कालोत्पन्न कर्ममें गौण है। 'य एवं विद्वानमावास्यां यजते' इत्यादि प्रथमवाक्यमें अमावास्या शब्दसे यदिकर्मका ग्रहण होगा तो पितृयज्ञ तदङ्ग होसेसे फलकी कल्पना न होगी। इस प्रकार विधिमें लाघव है यह कात्यायनने पूर्वपक्ष किया—**'अङ्गं वा समभिव्याहारात्**[2]। गौण अर्थका बोध मुख्यार्थबोधपूर्वक होता है, कारण मुख्यार्थबोधमें

---

१. अर्थ मोक्षको चाहनेवाला पुरुष काम्य फलार्थ कर्म और निषिद्ध कर्मोंमें प्रवृत्त न हो प्रत्यवायका परिहारके लिए केवल नित्यकर्म नैमित्तिक कर्म करें। २. ४-१-३०।

फलकल्पनागौरवं तूत्तरकालीनं प्रमाणवत्त्वादङ्गीकार्यमिति सिद्धान्तितं जैमिनिना––**"पितृयज्ञः स्वकालत्वादनङ्गं स्यादि'** ४-४-१९ति । एवं स्थिते सन्यासिशब्दस्य सर्वकर्मत्यागिनि मुख्यत्वात्, कर्मिणि च फलत्यागसाम्येन गौणत्वात् , मुख्यार्थस्य चेहाबाधात् , तस्यैव संन्यासिशब्देन ग्रहणमिति शब्दमर्यादया सिद्धम् ।

सत्यां कारणसामग्र्यां कार्योत्पाद इति चार्थमर्यादा । तथाहि––ईश्वरार्पणेन त्यक्त-कर्मफलस्यापि सत्त्वशुद्ध्यर्थं नित्यानि कर्माण्यनुतिष्ठतोऽन्तराले मृतस्य प्रागर्जितैः कर्मभिस्त्रिविधम्-शरीरग्रहणं केन वार्यते, **"यो वा एतदक्षरं गार्ग्यविदित्वाऽस्माल्लोकात्प्रैति स कृपणः"** इति श्रुतेः । अन्ततः सत्त्वशुद्धिफलज्ञानोत्पत्त्यर्थं तदधिकारिशरीरमपि तस्याऽऽवश्यकमेव । अत एव विविदिषासंन्यासिनः श्रवणादिकं कुर्वतोऽन्तराले मृतस्य योगभ्रष्टशब्दवाच्यस्य,

"शुचिनां श्रीमतां गेहे योगभ्रष्टोऽभिजायते"

इत्यादिना ज्ञानाधिकारिशरीरप्राप्तिरवश्यंभाविनीति निर्णीतं । षष्ठे––**'यत्र सर्वकर्म-**

अर्थानुपपत्ति अथवा तात्पर्यकी अनुपपत्ति होनेपर मुख्यार्थका त्याग कर गौणार्थका ग्रहण किया जाता है। यहाँपर मुख्य अर्थका बाध नहीं अतः अमावास्याशब्दसे काल ही का ग्रहण होता है फलकल्पनारूप गौरव उत्तरकालिक है, प्रमाणसिद्ध होनेसे अङ्गीकारार्ह है यह जैमिनिमुनिने सिद्धान्त किया—**'पितृयज्ञः स्वकाल-त्वादनङ्गं स्यादि'ति** । ऐसी स्थितिमें संन्यासिशब्द सर्वकर्मत्यागीमें मुख्य है कर्मीमें फलत्याग सामान्यसे गौण है मुख्यार्थका यहाँ बाध नहीं इस हेतुसे उसीका संन्यासीशब्दसे ग्रहण होता है यह शब्दमर्यादासे सिद्ध हुआ।

कारण सामग्री रहनेपर कार्यकी उत्पत्ति अवश्य होती है यह अर्थमर्यादा है। 'तथाहि'से अर्थमर्यादा-को स्फुट करते हैं—जो ईश्वरार्पणबुद्धिसे सब कर्मोके फलोंका त्याग कर सत्त्वशुद्धिके लिये नित्यकर्म करता है वह यदि बीचहीमें अन्तःकरणशुद्धि होनेसे पूर्वमें ही मर जाय तो पूर्वकृत कर्मोंसे तीन प्रकारके शरीरको धारण करनेमे कौन रोक सकता है? **'यो वा एतदक्षरं गार्ग्यविदित्वा अस्माल्लोकात्प्रैति, सः कृपणः'** यह श्रुति है। आखिर सत्त्वशुद्धिफल ज्ञानोत्पत्तिके लिये तदधिकारी शरीर भी उसको आवश्यक है अतएव विविदिषा सन्यासी श्रवणादि करता हुआ बीचमें ही मरता है तो वह योगभ्रष्ट कहा जाता है उसको ज्ञानाधिकारी शरीरकी प्राप्ति अवश्य होती है यह—

'शुचीनां श्रीमतां गेहे योगभ्रष्टोऽभिजायते।'

इत्यादि वाक्यसे निश्चित किया गया है। छठे अध्यायमें यह है––जहाँ सब कर्मत्यागी अज्ञका भी

त्यागिनोऽप्यज्ञस्य शरीरग्रहणमावश्यकम् , तत्र किं वक्तव्यमज्ञस्य कर्मिणः' इति । तस्मादज्ञस्यावश्यं शरीरग्रहणमित्यर्थमर्यादया सिद्धम् । पराक्रान्तं चैकभविकपक्षनिराकरणे सूरिभिः । तस्माद्यथोक्तं भगवत्पूज्यपादभाष्यकृतां व्याख्यानमेव ज्यायः ।

तदयमत्र निष्कर्षः—अकर्त्रभोक्तृपरमानन्दाद्वितीयसत्यस्वप्रकाशब्रह्मात्मसाक्षात्कारेण निर्विकल्पेन वेदान्तवाक्यजन्येन विचारनिश्चितप्रामाण्येन सर्वप्रकाराप्रामाण्यशङ्काशून्येन ब्रह्मात्मज्ञानेनाऽऽत्माज्ञाननिवृत्तौ तत्कार्यकर्तृत्वाद्यभिमानरहितः परमार्थसन्यासी सर्वकर्मोच्छेदाच्छुद्धः केवलः सन्नाविद्याकर्मादिनिमित्तं पुनःशरीरग्रहणमनुभवति, सर्वभ्रमाणां कारणोच्छेदेनोच्छेदात् ।

यस्त्वविद्यावान् कर्तृत्वाद्यभिमानी देहभृत् , स त्रिविधः-रागादिदोषप्राबल्यात्काम्यनिषिद्धादियथेष्टकर्मानुष्ठायी मोक्षशास्त्रानधिकार्येकः । अपरस्तु यः प्राक्कृतसुकृतवशात्किञ्चित्प्रक्षीणरागादिदोषः सर्वाणि कर्माणि त्यक्तुमशक्नुवन्निषिद्धानि, काम्यानि च परित्यज्य, नित्यानि, नैमित्तिकानि च कर्माणि फलाभिसंधित्यागेन सत्त्वशुद्ध्यर्थमनुतिष्ठन् गौणसन्यासी मोक्षशास्त्राधिकारी द्वितीयः सः । ततो नित्यनैमित्तककर्मानुष्ठानेनान्तःकरणशुद्ध्या समुपजातविविदिषः-

---

शरीरसंसर्ग आवश्यक है वहाँ क्या कहना है अज्ञ कर्मोंका उसको तो शरीरी होना ही होगा । तस्मादज्ञशरीरीको देहग्रहण करना आवश्यक है यह अर्थमर्यादासे सिद्ध है । ऐकभविक सभी कर्मोंका एक जन्ममें भोगा जाता है जन्मान्तरके कर्मोंका जन्मान्तरमें भोग नहीं होता इसके खण्डनसे विद्वानोंने कड़ा परिश्रम किया है । 'तस्मात्'से उपसंहार करते हैं—जैसा श्रीमद्भगवत्पूज्यपाद भाष्यकार श्री शङ्कराचार्यने व्याख्यान किया है वही उत्तम है ।

यहाँ यह निचोड़ अर्थ है कि निर्विकल्प अखण्ड वेदान्तवाक्यविचारसे सिद्धप्रामाण्यकवाले सर्वप्रकारके अप्रामाण्य शंकाओंसे रहित ब्रह्मात्मज्ञानसे अज्ञानकी निवृत्ति होनेपर तत्कार्यकर्तृत्वाद्यभिमानरहित परमार्थ संन्यासी सब कर्मोंके विनाशसे शुद्ध केवल अविद्याकार्यादि निमित्तके पुनः शरीर ग्रहण करता नहीं । सब भ्रमोंकी कारण निवृत्तिसे निवृत्ति हो जाती है । जो अविद्वान् कर्माभिमानी देहधारी है वह तीन प्रकारका है—राग द्वेष मोहरूप दोषकी प्रधानतासे काम्य और निषिद्ध आदि मनीषित कर्मोंका अनुष्ठान करनेवाला शास्त्रके ज्ञानका अधिकारी एक है, दूसरा पूर्वपुण्यसुपरिपाकसे रागादि दोष कुछ नष्ट हो गये हैं जिसके वह सब कर्मोंके त्यागमें असमर्थ, निषिद्ध और काम्यकर्मोंका परित्याग कर अन्तःकरणशुद्धिके लिये फलेच्छारहित नित्य, नैमित्तिक कर्मोंको करता हुआ गौणसन्यासी मोक्षशास्त्रका अधिकारी दूसरा है । नित्य, नैमित्तिक कर्मानुष्ठानसे अन्तःकरणशुद्धि द्वारा जिज्ञासाकी उत्पत्ति होनेपर

पञ्चैतानि महाबाहो! कारणानि निबोध मे।
सांख्ये कृतान्ते प्रोक्तानि सिद्धये सर्वकर्मणाम्॥ १३॥

हे महाबाहो! सब कर्मोंकी सिद्धिके लिये कर्मोंके अन्त करनेवाले वेदान्त शास्त्रमें कहे हुये इन पांच कारणोंको मुझसे भली प्रकार समझो॥ १३॥

श्रवणादिना वेदनं मोक्षसाधनं संपिपादयिषुः सर्वाणि कर्माणि विधितः परित्यज्य ब्रह्मनिष्ठम्-गुरुमुपसर्पति, विविदिषासंन्यासिसमाख्यस्तृतीयः। तत्राऽऽद्यस्य संसारित्वं सर्वप्रसिद्धम्, द्वितीयस्य, 'त्वनिष्टमिष्टमि'त्यादिना व्याख्यातम्, तृतीयस्य तु **'अयतिः श्रद्धयोपेतः'** इति प्रश्न-मुत्थाप्य निर्णीतं षष्ठे। अज्ञस्य संसारित्वं ध्रुवम्, कारणसामग्र्याः सत्त्वात्। तत्तु कस्यचिज्ज्ञा-नाननुगुणम्, कस्यचिज्ज्ञानानुगुणमिति विशेषः। **विज्ञस्य तु संसारकारणाभावात् स्वत एव कैवल्यमिति, द्वौ पदार्थौ सूत्रितावस्मिन् श्लोके**॥ १२॥

तत्राऽऽऽमज्ञानरहितस्य संसारित्वे हेतुः कर्मत्यागासंभव उक्तः—

"नहि देहभृता शक्यं त्यक्तुं कर्माण्यशेषतः।" इति

तत्राज्ञस्य कर्मत्यागासंभवे को हेतुः, कर्महेतावधिष्ठानादिपञ्चके तादात्म्याभिमानः इतीममर्थं चतुर्भिः श्लोकैः प्रपञ्चयति। तत्र प्रथमेनाधिष्ठानादीनि पञ्च वेदान्तप्रमाणमूलानि हेयत्वार्थमवश्यं ज्ञातव्यानीत्याह—**'पञ्चैतानी'ति**। इमानि वक्ष्यमाणानि पञ्च सर्वकर्मणाम्-

---

श्रवणादिसे मोक्षहेतु ज्ञानका सम्पादन करनेका इच्छासे युक्त सब कर्मोंका विधिसे परित्याग कर ब्रह्मनिष्ठ-गुरुके समीप जाता है यह विविदिषासन्यासी नामका तीसरा है। इनमें प्रथममें संसारित्व सर्वजन-प्रसिद्ध है। द्वितीयमें **'अनिष्टमिष्टम्'** इत्यादिसे संसारित्वका व्याख्यान हो चुका है। तृतीय **'अयतिः श्रद्धयो-पेतः'** इत्यादिसे प्रश्न उठाकर छठे अध्यायमें निर्णय किया है। अज्ञमें संसारित्व निश्चित है क्योंकि कारण-सामग्री है, वह संसारित्व किसीमें ज्ञानके अनुकूल है किसीमें ज्ञानके प्रतिकूल है यह विशेष है। विद्वान्‌में संसारकारणोंके अभावसे स्वतः कैवल्य होता है। इस प्रकार दो पदार्थ यहाँ संक्षेपमें इस श्लोकमें कहे गये हैं॥ १२॥

आत्मज्ञानसे रहित पुरुषके संसारित्वमें कर्मत्यागका असम्भव हेतु कहा है—**'नहि देहभृता'** इत्यादि से। अज्ञके कर्म त्याग कारण असंभवमें क्या हेतु है? कर्मके कारणभूत अधिष्ठानादिपञ्चक (पाँच) में तादात्म्याभिमान यह अर्थ चार श्लोकोंसे विस्तार पूर्वक कहते हैं। उनमें प्रथम श्लोकसे वेदान्त-वाक्य प्रमाणसे गम्य अधिष्ठानादि पाँच त्यागनेके लिये हेयत्वार्थ अवश्य ज्ञातव्य है यह कहते हैं—हे अर्जुन वक्ष्य-

सिद्धये-निष्पत्तये कारणानि निर्वर्तकानि, हे महाबाहो ! मे मम परमाप्तस्य सर्वज्ञस्य च वचनान्निबोध-बोद्धुं सावधानो भव । न ह्यत्यन्तदुर्ज्ञानान्येतान्यनवहितचेतसा शक्यन्ते ज्ञातुमिति, चेतःसमाधानविधानेन तानि स्तौति । महाबाहुत्वेन च सत्पुरुष एव शक्तो ज्ञातुमिति सूचयति-स्तुत्यर्थमेव । किमेतान्यप्रमाणकान्येव तव वचनाज्ज्ञेयानि ? नेत्याह—**'सांख्ये'**ति । कृतान्ते प्रोक्तानि, निरतिशयपुरुषार्थप्राप्त्यर्थम्, सर्वानर्थनिवृत्त्यर्थं च ज्ञातव्यानि-जीवः, ब्रह्म, तयोरैक्यम्, तद्बोधोपयोगिनश्च श्रवणादयः पदार्थाः संख्यायन्ते व्युत्पाद्यन्तेऽस्मिन्निति सांख्यम्-वेदान्तशास्त्रम्, तस्मिन्नात्मवस्तुमात्रप्रतिपादके किमर्थमनात्मभूतान्यवस्तूनि लोकसिद्धानि च कर्मकारणानि पञ्च प्रतिपाद्यन्त इत्यतः शास्त्रविशेषणं **'कृतान्ते' इति** । कृतमिति कर्मोच्यते, तस्यान्तः-परिसमाप्तिः, तत्त्वज्ञानोत्पत्त्या यत्र तस्मिन् कृतान्ते शास्त्रे प्रोक्तानि प्रसिद्धान्येव लोकेऽनात्मभूतान्येवाऽऽत्मतया मिथ्याज्ञानारोपेण गृहीतान्यात्मतत्त्वज्ञानेन बाधसिद्धये हेयत्वेनोक्तानि । यदा ह्यन्यधर्म एव कर्माऽऽत्मन्यविद्ययाऽध्यारोपितमित्युच्यते, तदा शुद्धात्मज्ञानेन तद्बाधात् कर्मणोऽन्तः कृतो भवति । अत आत्मनः कर्मासंबन्धप्रतिपादनायाऽनात्मभूतान्येव पञ्च कर्मकारणानि वेदान्तशास्त्रे मायाकल्पितान्यनूदितानीति, नाद्वैतात्ममात्रतात्पर्यहानिः, तेषां तदङ्गत्वेनैवेतरत्र प्रतिपादनात् । इहापि च सर्वकर्मान्तत्वं ज्ञानस्य प्रतिपादितम्—

माण ये सब कर्मोंकी उत्पत्तिमें कारणको, सर्वज्ञ और सच्चे मेरे वचनसे जाननेके लिये सावधान हो जाओ, क्योंकि अत्यन्त दुर्बोधमें ये पाँचो एकाग्र चित्तके विना जाननेके शक्य नहीं है । चित्तसमाधिके विधानसे उन पाँचोंकी स्तुति करते हैं । महाबाहो इस संबोधनसे सत्पुरुष ही उनको जान सकता है दूसरा नहीं । स्तुतिके लिये ही इसको भी सूचन करते हैं, क्या ये अन्य प्रमाणोंसे सिद्ध नहीं है ? केवल आपके वचनसे ही जाने जा सकते हैं, अन्यथा नहीं ऐसा नहीं यह कहते हैं—सांख्यशास्त्रमें कहे गये हैं मोक्षप्राप्तिके लिए और सब अनर्थों की निवृत्तिके लिये अवश्य ज्ञातव्य है । जीव ब्रह्म ये दोनों एक है इस बोधके उपयोगी श्रवण मननादि पदार्थ कहे जाते हैं जिसमें, इस व्युत्पत्तिसे सांख्यशास्त्र यहाँ वेदान्तपरक है आत्मवस्तुमात्रके प्रतिपादन करनेवाले इस आध्यात्मशास्त्रमें लोकसिद्ध अनात्मभूत वस्तु और इन पांचों कर्मके कारणोंका प्रतिपादन क्यों करते हैं । इससे शास्त्रमें विशेषण हैं—**'कृतान्ते'** इति । कृतसे कर्म कहा गया है उसका अन्त समाप्ति तत्त्वज्ञानोत्पत्तिसे जिसमें कहा गया उस कृतान्तशास्त्रमें कहे गये लोकमें प्रसिद्ध हैं । अनात्मभूत ये मिथ्याज्ञानारोपसे आत्मत्वेन गृहीत हैं इनके बाधके लिये हेयत्वेन कहा गया है । जब अन्यका धर्म ही कर्म आत्मामें अविद्यासे आरोपित कहा जाता है तब शुद्धात्मज्ञानसे उसके बाध होनेसे कर्मका अन्त किया जाता है, अतः आत्मामें

अधिष्ठानं तथा कर्ता करणं च पृथग्विधम् ।
विविधाश्च पृथक्चेष्टा दैवं[1] चैवात्र पञ्चमम् ॥ १४ ॥

यहाँ इच्छा द्वेष आदिकी अभिव्यक्तिका आश्रय शरीर, कर्ता, नाना प्रकारके करण (इन्द्रियां) तथा नाना प्रकारकी अलग-अलग चेष्टायें एवं पांचवाँ दैव (इन्द्रियाधिष्ठातृ देवता) कारण कहा गया है ॥ १४ ॥

"सर्वं कर्माखिलं पार्थ ! ज्ञाने परिसमाप्यते ।" इति ।
तस्माज्ज्ञानशास्त्रस्य कर्मान्तत्वमुपपन्नम् ॥ १३ ॥

प्रमाणमूलानि कर्मकारणानि पञ्चाऽऽत्मनोऽकर्तृत्वसिद्ध्यर्थं हेयत्वेन ज्ञातव्यानीत्युक्ते, कानि तानीत्यपेक्षायाम् ? तत्स्वरूपमाह द्वितीयेन—**'अधिष्ठानमि'त्यादिना** । इच्छा-द्वेष-सुख-दुःख-चेतनाद्यभिव्यक्तेराश्रयः-अधिष्ठानम्-शरीरं तथा कर्ता यथाधिष्ठानमनात्मा भौतिकं मायाकल्पितम् स्वाप्नगृहरथादिवत्तथा कर्ताऽहं करोमीत्याद्यभिमानवान् ज्ञानशक्तिप्रधानापञ्चीकृतपञ्चमहाभूत-कार्योऽहङ्कारोऽन्तःकरणं बुद्धिर्विज्ञानमित्यादिपर्यायशब्दवाच्यस्तादात्म्याध्यासेनाऽऽत्मनि कर्तृ-

---

कर्मका असम्बन्ध बोधनके लिये अनात्मभूत ही पाँच मायाकल्पित कर्मके कारणोंका वेदान्तशास्त्रमें अनुवाद है, अतः अद्वैतात्ममात्रकी हानि इनसे नहीं है तदङ्गतया ही अन्यत्र प्रतिपादन है प्रधान भावसे नहीं । यहाँ भी ज्ञानमें कर्मान्तत्वका प्रतिपादन किया है—**'सर्वं कर्मे'त्यादिसे** । अतः ज्ञानशास्त्रमें कर्मान्तत्व युक्तियुक्त है ॥ १३ ॥

प्रमाणमूलक कर्मकारण उक्त पाँचो आत्मामें कर्तृत्वाभाव सिद्धिके लिये हेयत्वेन जानना चाहिये, ऐसा कहनेपर वे कौन हैं इस जिज्ञासासे उनका स्वरूप कहते हैं द्वितीय श्लोकसे—**'अधिष्ठानमि'त्यादि** से । इच्छा, द्वेष, सुख, दुःख और चैतन्याभिव्यक्तिका आश्रय अधिकरण शरीर इसीमें इनकी अभिव्यक्ति होती है तथा कर्ता अर्थात् अधिष्ठान अनात्मा चिज्जड़ोभयात्मा अहङ्कारबुद्ध्यादि उपाधिका अनुविधायी अन्तःकरणाव-च्छिन्न चैतन्यात्मा जीव भौतिक मायाकल्पित स्वाप्नगृहरथादिके समान है उसी प्रकार 'अहङ्करोमि' ऐसा अभिमानी ज्ञानशक्तिप्रधान अपञ्चीकृत पञ्चमहाभूतकार्य अहङ्कार अन्तःकरण, बुद्धि, विज्ञान, इत्यादि पर्याय-

---

(१) श्रीशङ्करभाष्यमें दैवशब्दसे चक्षुरादि इन्द्रियोंके जो अधिष्ठातृ देव हैं उनका ग्रहण किया है और श्रीभाष्यमें अन्तर्यामी परमात्मा का ग्रहण किया है इसमें प्रमाण गीतादि दिये हैं । एवं इन कर्म समूहोंमें दैव, अंतर्यामी परमात्मा कर्म सिद्धिमें प्रधान हेतु कहा है—

'सर्वस्य चाहं हृदि सन्निविष्टो मत्तः स्मृतिर्ज्ञानमपोहनं च ।' १५।१५ ।

आगे भी कहेंगे—

'ईश्वरः सर्वभूतानां हृद्देशेऽर्जुन तिष्ठति । भ्रामयन् सर्वभूतानि यन्त्रारूढानिमायया ।।' इति ।

परमात्माके अधीन जीवमें कर्तृत्व है स्वतन्त्र नहीं यह 'परात्तु तच्छ्रुतेः' २।३।४१ । ब्रह्मसूत्रके भाष्यमें उपपादन किया है ।

प्रश्न—यदि जीव परमात्मासे प्रेरित होकर ही कुछ भी कर सकता है स्वप्रवृत्तिमें स्वतन्त्र नहीं तो विधि-प्रतिषेधशास्त्र ही अनर्थक है, क्योंकि 'यह करो' 'यह मत करो' एतद्बोधकशास्त्र तभी सार्थक हो सकते हैं जब जीव स्वप्रवृत्तिमें स्वतन्त्र हो जीव का कर्तृत्व तो परमात्मा के अधीन है वह जो चाहेगा वही करावेगा फिर उक्त शास्त्र का क्या प्रयोजन ?

इसका उत्तर—'कृतप्रयत्नापेक्षस्तु विहितप्रतिषिद्धावैयर्थ्यादिभ्यः' २।३।४१ ।

इस ब्रह्मसूत्रमें स्पष्ट है । भाव यह है कि परमात्मासे प्राप्त जो जीवाधार शरीर इन्द्रियादि और कार्योपयिक शक्ति उनसे युक्त जीवात्मा शरीरादि और तदाहित शक्तिसंपन्न होकर कर्मसिद्धिके लिये स्वेच्छासे इन्द्रियादि अधिष्ठानाकार प्रयत्न करता है । शरीरके भीतर स्थित परमात्मा अपनी अनुमति देकर जीवको प्रवृत्त कराता है, जीवमें स्वबुद्धिसे ही प्रवृत्ति हेतुता है । उभय हेतुत्व सिद्धिके लिये दृष्टान्त है कि जैसे अनेक पुरुषसाध्य बड़ा पत्थर की लट्ठा को उठाता है उसमें अनेकपुरुष साध्यत्व होनेसे तद्धेतुत्व अनेक पुरुषोंमें है और विधिप्रतिषेध शास्त्र भी सार्थक है, मन्दिर शिलानयना-पहरणादि अनेकपुरुष साध्य होने पर भी विधि प्रतिषेध विषय है इसमें किसीकी विप्रतिपत्ति नहीं । दैव प्रधान निर्णयके लिये 'अत्र' यह अनुवाद है । 'अत्र' उक्त कर्मके हेतुओंमें दैव अन्तर्यामी पांचवां कारण है । यद्यपि इस क्रमनिर्देशमें श्रुत्यादि प्रमाण नहीं है तथापि वाक्प्रवृत्ति क्रमसे होती है यह स्वाभाविक है, पूरण निर्देशमें कोई प्रयोजन नहीं है तो कठवल्ली में 'इन्द्रियेभ्यः परा ह्यर्थाः' इसका उपक्रम कर, यथा—

'पुरुषान्न परं किंचित् सा काष्ठा सा परा गतिः ।'

इससे इन्द्रियादि समस्तप्रवृत्तिमें प्रधान हेतु परमपुरुषका वशीकरण काष्ठात्वेन निर्देश है, तथा प्रकृतमें भी सब कारणोंमें प्रधान कारण परमात्माको समझना ।

प्रश्न—'दैवं दिष्टं भागधेयम्' इत्यादि अमरकोशसे दैवशब्द पूर्वजन्मकृतभोगोपयिक कर्मका वाचक है और उसमें हेतुत्व भी युक्ति युक्त ही है फिर आप परमात्मा परक उक्त शब्दको कैसे कहते हैं ?

उत्तर—ठीक है पर यह विचारिये कि पूर्वजन्मकृत कर्म क्षणिक होनेसे स्वरूपसे कारण नहीं हो सकता, क्योंकि कार्योत्पत्तिके पूर्व क्षणसे वह रहता ही नहीं पूर्वक्षणवृत्तित्वात्मक ही कारणत्व है किन्तु कर्मजन्य अदृष्ट पुण्यपाप-परमात्माको कारण मानना पड़ेगा, पुण्य पाप परमात्माका प्रियाप्रिय संकल्प ही है अतिरिक्त नहीं । अतएव—

'यत् त्वत्प्रियं तदिह पुण्यमपुण्यमन्यत् ।'

यह अभियुक्तोक्ति सङ्गत होती है, अतः वही दैवशब्दका अर्थ है यही मानना ठीक है । जैसे—

'सत्यं सत्यं पुनः सत्यमुद्धृत्य भुजमुच्यते । वेदशास्त्रात्परं नास्ति न दैवं केशवात्परम् ।।'

नृ० पु० १८।३३ ।

यहाँ दूसरा अर्थ ही नही सकता, श्रीमद्रामायण में भी यही है—

'स्वाधीनं समतिक्रम्य मातरं पितरं गुरुम् । अस्वाधीनं कथं दैवं प्रकारैरभिराध्यते ।।' वा० रा० २ ।

महाभारतमें भी देखिये—

'श्रूयतां परमं दैवं दुर्विज्ञेयं मयाऽपि च। नारायणस्तु पुरुषो विश्वरूपो महाद्युतिः॥' इति।

तथा याज्ञवल्क्यप्रणीत योगशास्त्रमें—

'आर्षं छन्दश्च मन्त्राणां दैवतं ब्राह्मणं तथा॥' इति।

यही उक्त शब्दार्थ है यही दैत्यसंमोहनार्थ प्रजापतिवाक्यके अनुवाद में—

'आत्मानं पूजयेन्नित्यं भूषणाच्छादनादिभिः। स्वदेह एव दैवं स्यात् अन्यद्दैवं न विद्यते॥' इति।

तथा—

'दैवाधीनं जगत्सर्वं मन्त्राधीनं च दैवतम्। तन्मत्रं ब्राह्मणाधीनं ते मद्विप्रा हि दैवतम्॥'

वि० सं० इति।

गीतामें भी—'साधिभूताधिदैवं माम्' यह प्रस्तुत कर 'अधिदैवं किमुच्यते' इस प्रश्नके उत्तरमें 'पुरुषश्चाधिदैवतम्' यह भगवान् स्वयं कहा है। छान्दोग्यमें भी लिखा—'आदित्याख्यदैवतवर्तिनः पुरुषस्याधिदैवतमिति नामोच्यते तस्योपनिषदमाहुः इत्यधिदैवतम्' छ० उ० ५।५।३। 'तस्योपनिषद्' इत्यध्यात्मम्' बृ० उ० ५।५।४। इति। इसी प्रकार अन्यत्र भी है। श्री शंकराचार्यने भी यहाँ दैवशब्दसे नेत्रादिका अनुग्राहक आदित्यादि देवताकी ही व्याख्यान किया है। हम तो आदित्यादिका भी अनुग्राहक परमात्माको ही दैव कहते हैं यही विशेष है अतः दैव शब्द यहाँ देवता पर्याय है वह सर्व प्रवर्तकहेतुपरत्वसे विशेषका भावसे पर देवताविषय उचित ही है अतः परमात्मा अन्तर्यामी कर्मसिद्धिमें प्रधान हेतु यह कहा है। जैसे यह सबका आत्मा है वैसे इसका आत्मा कोई नहीं है, इसीसे यह परमात्मा कहा जाता है। जैसे शरीरादि प्रवृत्तिमें जीव प्रधानहेतु है वैसे परमात्मा भी प्रधान हेतु हैं इस अभिप्रायसे अन्तर्यामी कहा है।

प्रश्न—'स्वतन्त्रः कर्ता' इस भगवत्पाणिनि आचार्यके सूत्रसे प्रवृत्तिमें स्वतंत्रको ही कर्ता कहते हैं और कर्तासे क्षेत्रज्ञ ही निर्दिष्ट है, इसलिये उसको कारकान्तर प्रयोजक तथा स्वयं कारकान्तरसे अप्रयोज्य है यह मानना आवश्यक है, इस कारण दैवको भी अधिष्ठानादि हेतुके समान ही जीवकी अपेक्षासे गुणभूत हेतु ही मानना चाहिये प्रधान नहीं?

उत्तर—जीवमें ज्ञानेच्छा प्रयत्नादि उत्पन्न होने पर प्रधान कर्ता होता है, अन्यथा नहीं। ज्ञानाद्युत्पत्ति ही तो परमात्माके अधीन है और जीवमें स्वातन्त्र्य और परमात्माधीन कर्तृत्व दोनों है, इनमें मिथो विरोध नहीं यह शारीरक भाष्यमें स्थिर कर चुके हैं, जैसे—कोई पुरुष इञ्जन बनाता है तो उसमें अपने सङ्कल्पसे इस यन्त्रके दबानेसे रुकेगा। इस स्वकीय संकल्पसे उन २ स्थानों उन २ यन्त्रोंको बैठाता है। यह माल लेजानेका इञ्जन होगा, यह आटा पीसनेका यन्त्र होगा, यह तैलादि पेरनेका यंत्र होगा इत्यादि अभिप्रायोंसे तत्तत्कार्यानुकूल कला वाले साधनोंको संयुक्त करता है तथा इञ्जनमें तत्तत्कार्य चलानेकी शक्तिसे भास्य विद्युदादि प्रदान प्रापण द्वारा पूर्ण करता है, अतः वह चालक भी तत्कार्य करता है। वैसे ईश्वर भी स्वसंकल्प-कल्पित प्रवृत्तिशक्ति युक्त शरीरेन्द्रियादि प्रदान और जो भूतलादिके समान संपूर्ण प्रवृत्ति निवृत्तिके अनुकूल स्वरूपसे एवं संकल्पसे सबका आधाररूपसे अवस्थान और शरीरेन्द्रियाद्यधिष्ठानशक्तिप्रदान और जो प्रवृत्त्यादि विषयवाह्य विषयार्पण ये सब कर्तृत्व के अनुरूप ही है और सर्व प्रवृत्ति निवृत्ति साधारण है इस प्रकार उसमें कोई शङ्काका अवकाश नहीं इसीसे सब प्रवृत्ति निवृत्तिके साधारण और उदासीन भगवान् कहे जाते हैं। एवं परमात्मा

द्वारा प्राय शक्ति जीवमें प्रवृत्तिकालमें कार्यसिद्धिके लिये ईश्वरमें जो अनुमति प्रदातृत्व है वह भी जीवमें कर्तृत्वका निवारक नहीं, किन्तु तत्साधक है इससे भी विधिनिषेध व्यर्थ नहीं। यह तो नहीं कह सकते कि एक ही कामको यदि दूसरा भी करता है उसीसे काम हो जायगा दूसरे कर्ता की क्या आवश्यकता ? कारण कि जिस कामको एक आदमी नही किन्तु अनेक मिलकर कर सकते हैं जैसे उक्त शिलोद्धरणादि उसमें भी लोकमें विधिनेषेधादिक फल देखनेसे प्रवृत्तिमें समान होने पर इच्छा होनेसे दूसरेके वारण न करने पर उसमें स्वातन्त्र्य भी रहता है। इसी प्रकार—

'कार्यते ह्यवशः कर्म सर्वः प्रकृतिजैर्गुणैः।'

इत्यादिमें भी ज्ञान इच्छा द्वारा प्रवृत्ति होनेसे स्ववासनाविशेषमूलक इच्छाविशेषसे जीव कर्तृत्व सुस्थिर है। अत एव इस हेतु पञ्चकमें कर्ता इस समाख्या (समाधि)से कर्तृत्वसे ही जीवका निरूपण है।

प्रश्न—जो यह है कि ईश्वर शरीर इन्द्रिय ज्ञान इच्छा शक्ति सबको समान नहीं देते क्योंकि कोई सकलाङ्ग, कोई विकलाङ्ग, कोई नेत्रवान् कोई अन्धा, कोई पण्डित, कोई मूर्ख इत्यादि विविधप्रकारके जीवोंके सर्गसे ईश्वरमें वैषम्यादि स्फुट है, तथा जीव अज्ञ है जब अनिष्टसाधनमें प्रवृत्त होता है तो परमदयालु ईश्वरको वारण करना चाहिये क्योंकि वह तो जानते हैं कि इसका परिणाम अनिष्ट है। इतना ही उपेक्षा नहीं किन्तु उसमें भी अनुमति प्रदान करते हैं और सहायता भी उनको उतना ही देते हैं जितनी इष्टसाधन प्रवृत्तिमें देते हैं। प्रवृत्त कर पश्चाद् दण्ड भी देते हैं, चोरी कराकर दण्ड देना यह परमदयालुका कार्य नहीं, यह तो हो ही नहीं सकता कि ईश्वर नहीं चाहते और न अशुभ कर्ममें सहायता ही देते तो भी जीव अशुभ कर्म कर लेता है अन्यथा तद्वत् शुभ कर्म भी जीव स्वयं कर लेता है यह भी कहकर ईश्वरमें कर्तृत्व ही नहीं सिद्ध फिर होगा।

उत्तर—पूर्वजन्म कृत कर्मके अनुसार जीव शुभाशुभ कर्ममें प्रवृत्त होता है। प्रवृत्त जीवकी सहायता ईश्वर करते हैं जो चाहो सो करो मैं तुम्हारी सहायता करूँगा यही ईश्वरका संकल्प है जैसे श्रीसूर्यभगवान्।

'रात्रिः स्वप्नागभूतानां चेष्टायै कर्मणामहः॥'

इस मानववचनानुसार आलोकद्वारा मनुष्य प्रवृत्तिमें कारण है। प्रकाशमें ही कोई पूजापाठ कोई यागादि कर्म करता है, कोई हिंसादि कर्म करता है, कर्मानुसार फल सुखदुःखादि पाता है किन्तु सूर्य भगवान्में वैषम्यादि दोष-प्रसक्ति नही होती तद्वत् प्रकृतमें भी शक्ति शरीरेन्द्रिय विषयाधिष्ठानप्रदानद्वारा सर्वप्रवृत्तिहेतु होने पर भी ईश्वरमें उक्त दोप प्रसक्ति नहीं। पूर्व अदृष्टानुसार ही यदि मनुष्य प्रवृत्ति मानी जाय तो फिर प्रवृत्तिज्ञापक शास्त्रवैयर्थ्य-प्रसक्ति दुर्वार है, क्योंकि शास्त्रद्वारा शुभाशुभका ज्ञान होने पर भी दुरदृष्टवश अशुभ कर्म प्रवृत्ति अवश्य होगी, एवं विधिशास्त्रसे शुभका ज्ञान होने पर भी शुभ वैकल्यसे उसमें न होगी अतः वैयर्थ्य भी स्फुट ही है।

पूर्व अदृष्ट वर्तमान प्रवृत्तिमें हेतु हैं परन्तु यावत विधिशास्त्रद्वारा शुभ कर्मका ज्ञान न होगा तावत् उसमें प्रवृत्ति नहीं हो सकती इस लिये शास्त्र भी श्रद्धाबोधादिद्वारा हेतु है केवल ही नहीं, मान लीजिये किसीने पूर्व जन्ममें यज्ञादि कर्म किया है किन्तु शास्त्रका ज्ञान नहीं है तो क्या पूर्व कृत यज्ञादिमात्रसे वर्तमान जन्ममें यज्ञादि कर्म उसकी प्रवृत्ति हो जायगी ? विना साधनादि समीचीन ज्ञानके चेतनकी संवादि प्रवृत्ति हो ही नहीं सकती क्योंकि शास्त्रजन्यबुद्धि श्रद्धा सापेक्ष यज्ञादि कर्म है विस्तर आकरमें है।

त्वादिधर्माध्यारोपहेतुरनात्मा भौतिको मायाकल्पितश्चेति तथाशब्दार्थः । स्थूलशरीरस्य लोकायतिकैरात्मत्वेन परिगृहीतस्यापि, अन्यैः परीक्षकैरनात्मत्वेन निश्चयात्, तद्दृष्टान्तेन तार्किकादिभिरात्मत्वेन परिगृहीतस्य कर्तुरप्यनात्मत्वनिश्चयः सुकर इत्यर्थः । करणं च-श्रोत्रादि शब्दाद्युपलब्धिसाधनम् । चशब्दस्तथेत्यनुकर्षार्थः । पृथग्विधम्-नानाप्रकारं पञ्च ज्ञानेन्द्रियाणि, पञ्च कर्मेन्द्रियाणि, मनः, बुद्धिश्चेति द्वादशसंख्यम् , करणवर्गे मनो बुद्धिश्चेति वृत्तिविशेषौ, वृत्तिमांस्त्वहङ्कारः कर्तैव । चिदाभासस्तु सर्वत्रैवाविशिष्टः । विविधाः-नानाप्रकाराः पञ्चधा, दशधा वा प्रसिद्धाः । चशब्दस्तथेत्यनुकर्षार्थः । पृथगसंकीर्णाः, चेष्टाः-क्रियारूपाः क्रियाशक्तिप्रधानाः पञ्चीकृतपञ्चमहाभूतकार्याः क्रियाप्राधान्येन वायवीयत्वेन व्यपदिश्यमानाः प्राणापानव्यानोदानसमानाः, नाग-कूर्म-कृकल-देवदत्त-धनञ्जयाख्याश्च तदन्तर्भूता एव । अत्र च सुषुप्तावन्तःकरणस्य कर्तुर्लयेऽपि प्राणव्यापारदर्शनाद्भेदव्यपदेशाच्चान्तःकरणादत्यन्तभिन्न एव **प्राण इति केचित् ।** क्रियाशक्तिज्ञानशक्तिमदेकमेव जीवत्वोपाधिभूतमपञ्चीकृतपञ्चमहाभूतकार्यं क्रियाशक्तिप्राधान्येन प्राण इति, ज्ञानशक्तिप्राधान्येन चान्तःकरणमिति **व्यपदिश्यत इत्यभियुक्ताः । "स ईक्षांचक्रे**

शब्दसे वाच्य तादात्म्याध्याससे आत्मामें कर्तृत्वादिधर्मारोपका हेतु आत्मभिन्न भौतिक मायाकल्पित है यह 'तथा' शब्दका अर्थ है । चार्वाक स्थूल शरीरको आत्मा मानते हैं परन्तु अन्य परीक्षक विद्वान् वह आत्मा नहीं है किन्तु उससे भिन्न है ऐसा ही निश्चय किये हैं इस दृष्टान्तसे नैयायिक जिस कर्ता भोक्ता ज्ञानादिगुणवान्को आत्मा मानते हैं वह अनात्मा है—आत्मा नहीं है ऐसा निश्चय सुकर है, ऐसा कहनेमें कठिनाई नहीं है । और श्रोत्र आदि करण शब्दादि प्रत्यक्षहेतु श्रोत्रादि 'च' शब्दसे 'तथा' शब्दका यहाँ भी सम्बन्ध है एतत्सूचनार्थ है । पृथग्विध नानाप्रकार पांच कर्मेन्द्रिय पाँच ज्ञानेन्द्रिय मन और बुद्धि बारह करण है, करणवर्गमें मन बुद्धि अर्थात् सङ्कल्पात्मक वृत्ति मन, अध्यवसायात्मक वृत्ति बुद्धि, इन दोनोंका आश्रय वृत्तिमान् अहङ्कार कर्ता ही है चिदाभास सबमें सम है विविध (नाना) पाँच प्रकार या दशप्रकारकी चेष्टायें प्रसिद्ध ही है । सांख्यादि मतमें दश प्रकार, न्यायमतसे पांच प्रकार है नैयायिक कर्मेन्द्रियको नहीं मानते । अतः चेष्टाये पाँच प्रकारकी है । 'च' शब्द तथाके सम्बन्धार्थ है । पृथक् अमिश्रित अलग क्रिया क्रियाशक्तिप्रधान पञ्चीकृत पञ्चमहाभूतके कार्य तथा क्रियाप्राधान्यसे वायवीय कहे जानेवाले प्राण अपान व्यान उदान तथा समान एवं नाग कूर्म कृकल देवदत्त धनञ्जय नामके इनके अन्तर्गत हैं । यहाँ पर सुषुप्तिमें अन्तःकरण कर्ताका लय होनेपर भी प्राण व्यापारके देखनेसे और भेदव्यवहारसे भी अन्तःकरणसे अत्यन्त भिन्न ही प्राण है यह किसीका मत है । क्रियाशक्ति तथा ज्ञानशक्तिविशिष्ट एक ही जीवत्वका उपाधिभूत अपञ्चीकृत पञ्चमहाभूतके कार्यमें क्रियाशक्तिप्रधानसे प्राण, ज्ञानशक्तिप्रधानसे अन्तःकरण ऐसा व्यवहार होता है यह-

कस्मिन्न्वहमुत्क्रान्त उत्क्रान्तो भविष्यामि, कस्मिन् वा प्रतिष्ठिते प्रतिष्ठास्यामीति, स प्राणमसृजत" प्र० उ० ५. ख ३. इति श्रुतावुत्क्रान्त्याद्युपाधित्वं प्राणस्योक्तम् । तथा **'ध्यायतीव लेलायतीव' 'सधीः स्वप्नो भूत्वेमं लोकमतिक्रामति, मृत्यो रूपाणि' बृ० उ० ४-३-७** इत्यादिश्रुतावुत्क्रान्त्याद्युपाधित्वं बुद्धेरुक्तम् । स्वतन्त्रोपाधिभेदे च जीवभेदप्रसङ्गः । तस्माद्बुद्धिप्राणयोरेकत्वेनैवोत्क्रान्त्याद्युपाधित्वं युक्तम्, भेदव्यपदेशश्च शक्तिभेदात् । सुषुप्तौ च ज्ञानशक्तिभागलयेऽपि क्रियाशक्तिभागदर्शनमेकत्वेऽपि न विरुद्धम्, अनुभवसिद्धत्वात्, दृष्टिसृष्टिनये सर्वलयेऽपि प्राणव्यापारवच्छरीरस्य सुषुप्तोऽयमित्येवंरूपेण परैः कल्पितत्वाच्च । तस्मादुभयथाऽपि व्यपदेशभेद उपपन्नः । दैवं च-अनुग्राहकदेवताजातम् । चशब्दस्तथेत्यनुकर्षणार्थः । अत्र कारणवर्गे पञ्चमम्-पञ्चसंख्यापूरणम् । एवशब्दस्तथाशब्देन सम्बध्यमानोऽनात्मत्व-भौतिकत्व-कल्पितत्वाद्यवधारणार्थः पञ्चानामपि । तत्र शरीरस्य कर्तृकरणक्रियाधिष्ठानस्य देवता पृथिवी । **"यत्रास्य पुरुषस्य मृतस्याग्निं वागप्येति, वातं प्राणः, चक्षुरादित्यम्, दिशः श्रोत्रम्, मनश्चन्द्रम्, पृथिवीं शरीरम्"** इति श्रुतौ वागाद्यधिष्ठात्र्यग्न्यादिभिः सह शरीराधिष्ठातृत्वेन पृथिवीपाठात् । कर्तुरहंकारस्याधिष्ठात्री देवता रुद्रः-

---

विशिष्टजनोंका मत है । **'स ईक्षाञ्चक्रे कस्मिन्वहम्'** इत्यादि श्रुतिमें प्राणमें उत्क्रान्त्यादिको उपाधि कहा है । तथा **'सधीः स्वप्नो भूत्वा'** इत्यादि श्रुतिमें बुद्धिकी उत्क्रान्त्यादि उपाधि कही है । स्वतन्त्र उपाधिभेद माननेसे जीवभेदकी प्रसक्ति होगी अतः बुद्धि प्राणके एक होनेपर ही उत्क्रान्त्यादि उपाधि ठीक है, शक्तिभेदसे भेदव्यवहार होता है । सुषुप्तिमें ज्ञानशक्तिके अंशका लय होनेपर भी क्रियाशक्तिके अंशका दर्शन एक होनेपर भी विरुद्ध नहीं, क्योंकि अनुभव सिद्ध है । शबरस्वामीने कहा है कि—**'नहि दृष्टे अनुपपन्नं नाम'** इति । जो प्रत्यक्ष देखते हैं उसमें अनुपपत्ति नहीं हो सकती, यदि अनुपपत्ति होती तो एकत्र दर्शन नहीं होता घटत्व पटत्वके समान दृष्टि सृष्टि मतमें सबके विलय होनेपर भी प्राणव्यापारविशिष्ट शरीरको विषयमें यह सोया है इस प्रकार अन्य पुरुषोंसे कल्पना होती है प्राण व्यापार विशिष्ट शरीर अथवा प्राण व्यापारवत् अर्थात् समान शरीर का होना चाहिये । अतः दोनों प्रकारसे भेद, अभेद व्यवहार होता है । दैव-अनुग्राहक देवतामात्रका वाची है । 'च' शब्द तथाके अनुकर्षणार्थ है । इस कारणकोटिमें पञ्चमं पञ्च संख्याका पूरक है एव शब्द तथा शब्दके साथ सम्बद्ध होकर अनात्मत्व भौतिकत्व कल्पितत्वादिके अवधारणार्थ है, पाचों अनात्मा ही है एतन्निश्चयार्थक है । इनमें कर्ता करण और क्रियाका आश्रय शरीरकी देवता पृथिवी है **यत्रास्य पुरुषस्य मृतस्याग्निं वागप्येति, वातं प्राणः, चक्षुरादित्यम्, दिशः श्रोत्रम्, मनश्चन्द्रम्, पृथिवीम्-शरीरम्'** इस श्रुतिमें वागादिकी अधिष्ठातृ अग्न्यादिके साथ पृथिवीका पाठ है इससे स्पष्ट है कि शरीरकी अधि-

शरीरवाङ्मनोभिर्यत्कर्म प्रारभते नरः ।
न्याय्यं वा विपरीतं वा पञ्चैते तस्य हेतवः ॥ १५ ॥

मनुष्य, शरीर वाणी और मनसे शास्त्रविहित या शास्त्रसे अविहित जो भी कर्म आरम्भ करता है, उस कर्मके ये पांचो कारण हैं ॥ १५ ॥

पुराणादिप्रसिद्धः । करणानां चाधिष्ठात्र्यो देवताः सुप्रसिद्धाः । श्रोत्रत्वक्चक्षूरसनघ्राणानाम् दिग्वातार्कप्रचेतोऽश्विनः, वाक्पाणिपादपायूपस्थानां वह्नीन्द्रोपेन्द्रमित्रप्रजापतयः, मनोबुद्ध्योश्चन्द्र-बृहस्पती इति । पञ्चप्राणानां क्रियारूपाणां सद्योजातवामदेवाघोरतत्पुरुषेशानाः पुराण-प्रसिद्धाः । भाष्ये **'दैवम्-आदित्यादिचक्षुराद्यनुग्राहकमि'**त्यधिष्ठानादिदेवतानामप्युपलक्षणम् ॥ १४ ॥

स्वरूपमुक्त्वा, तेषां पञ्चानां कर्महेतुत्वमाह तृतीयेन—**'शरीरेति'**। शारीरम्, वाचिकम् , मानसिकं च विधिप्रतिषेधलक्षणं त्रिविधं कर्म धर्मशास्त्रेषु प्रसिद्धम्। अक्षपादेन चोक्तं—**"प्रवृत्तिः वाग्बुद्धिशरीरारम्भः"** न्या.द.१-१-१७ इति। बुद्धिः-मनः। अतः प्राधान्याभिप्रायेणोच्यते। शरीरेण, वाचा, मनसा वा यत्कर्म प्रारभते-निर्वर्तयति नरः, मनुष्याधिकारत्वाच्छास्त्रस्य । कीदृशं कर्म ? न्याय्यं वा-शास्त्रीयं धर्मम्, विपरीतं वाऽशास्त्रीयम्-अधर्मं यच्च निमिषित-चेष्टितादि जीवनहेतुः,

---

ष्ठातृ देवता पृथिवी है कर्ता अहङ्कारका पुराणादि प्रसिद्ध अधिष्ठातृ देवता रुद्र है। करणोंकी अधिष्ठातृ देवता अति प्रसिद्ध है। श्रोत्र, त्वक् चक्षु रसन घ्राणका दिग्, वात, अर्क (सूर्य) प्रचेता-वरुण और अश्विनीकुमार, वाक्पाणिपादायूपस्थकी वह्नि, इन्द्र, उपेन्द्र, मित्र, और प्रजापति देवता हैं मन बुद्धिका चन्द्रमा बृहस्पति क्रमशः देवता हैं। क्रियारूप पाँचों प्राणोंका सद्योजात, वामदेव, अघोर, तत्पुरुष, और ईशान ये पुराण-प्रसिद्ध देवता है भाष्यमें दैवमादित्यादि चक्षुराद्यनुग्राहक इष्ट है उक्तानुग्राहक यह अधिष्ठानादि देवतोंका भी उपलक्षण है ॥ १४ ॥

पाँचोका स्वरूप कह कर उन पाँचोंमें कर्महेतुत्व कहते हैं—तृतीयसे **'शरीरे'ति**। शारीरिक वाचिक और मानसिक विधिरूप वा प्रतिषेधरूप तीन प्रकारके कर्म धर्मशास्त्रमें प्रसिद्ध हैं और श्रीगौतम मुनिने कहा है—**'प्रवृत्तिर्वाग्बुद्धिशरीरारम्भः'** इति। बुध्यतेऽनेन इस व्युत्पत्ति द्वारा बुद्धिसे यहाँ मन विवक्षित है।

प्रश्न—**'अधिष्ठानं तथा कर्ता'** इत्यादिसे पूर्वमें सब कर्मोंका कारण पाँच कहा यहाँ शरीरादि तीन ही कारण कहते हैं इससे पूर्वापरमें विरोध होता है ?

उत्तर—**'प्राधान्याभिप्रायेणे'ति**। यद्यपि उक्त गौतम सूत्रानुसार सब कर्मोंका तीन ही राशिमें अन्तर्भाव किया है तथापि उसका तात्पर्य प्राधान्यमें है जिस कर्ममें शरीर प्रधानकारण है, वह शारीरिक है परन्तु अधिष्ठानादि पाँच कारण उनके अवश्य हैं। एवं वाचिक मानसमें भी समझना। शरीरसे मनसे और वाणी-

तत्रैवं सति कर्तारमात्मानं केवलं तु यः ।
पश्यत्यकृतबुद्धित्वान्न स पश्यति दुर्मतिः ॥ १६ ॥

अधिष्ठानादि पांचोंमें कारणत्व रहनेपर भी जो अविवेक बुद्धिके कारण विशुद्ध स्वरूप आत्माको केवल कर्ता जानता है वह दुर्बुद्धि ठीक नहीं जानता ॥ १६ ॥

अन्यद्वा विहितप्रतिषिद्धसमम्, तत्सर्वं पूर्वकृतधर्माधर्मयोरेव कार्यमिति, न्याय्य-विपरीतयोरेवान्तर्भूतम् । पञ्चैते यथोक्ता अधिष्ठानादयस्तस्य सर्वस्यैव कर्मणो हेतवः-कारणानि ॥ १५ ॥

इदानीमेतेषामेव कर्मकर्तृत्वादात्मनो न कर्तृत्वमिति, अधिष्ठानादिनिरूपणफलमाह— **'तत्रैवमि'**ति । तत्र-कर्मणि प्रागुक्ते सर्वस्मिन्, एवं सति अधिष्ठानादिपञ्चहेतुके सति तैर्निर्वर्त्यमाने आत्मानम्-सर्वजडप्रपञ्चस्य भासकं सत्तास्फूर्तिरूपं स्वप्रकाशपरमानन्दमबाध्यं केवलम्-असङ्गोदासीनमकर्तारमविक्रियमद्वितीयंत्वेव परमार्थतः । अविद्यया त्वधिष्ठानादौ प्रतिबिम्बितमादित्यमिव तोये तद्भासकमनन्यत्वेन परिकल्प्य तोयचलनेनाऽऽदित्यश्चलतीतिवदधिष्ठानादि कर्मणोऽहमेव कर्तेति साक्षिणमपि सन्तं कर्तारं क्रियाश्रयं यः पश्यति-अविद्यया कल्पयति रज्जुमिव भुजङ्गम्, स एवं पश्यन्नपि न पश्यत्यात्मानं तत्त्वेन, स्वरूपाज्ञानकृतत्वादध्यासस्य । स भ्रान्त्या विपरीतमेव पश्यति, न यथातत्त्वमित्यत्र को हेतुः ?अत आह—**'अकृतबुद्धित्वादि'**ति ।

द्वारा मनुष्यसे कर्म किया जाता है, क्योंकि शास्त्रमें मनुष्यका ही अधिकार है । कैसा कर्म न्याय्य शास्त्रीय धर्म, शास्त्रप्रतिषिद्ध अधर्म जो और अवशिष्ट जीवनोपयोगी पलक गिराना आदि है तथा अन्य जो विहित-प्रतिषिद्धके तुल्य कर्म हैं वे सब पूर्वकृत धर्माधर्ममें ही अन्तर्गत हैं । पूर्वोक्त वे अधिष्ठानादि पाँचो उन सब कर्मोंके हेतु हैं ॥ १५ ॥

इस समय ये ही सब कर्मोंके कर्ता हैं आत्मा कर्ता नहीं है अधिष्ठानादि प्रतिपादनका यही फल कहते हैं—जिससे पूर्वोक्त सब कर्ममें इस परिस्थितिमें अधिष्ठानादि पाँच कारणवाले अर्थात् उन्हींसे क्रियमाणमें आत्मा सब जड़ पदार्थोंका भासक सत्ता-स्फुरणरूप, अतः कल्पितकी सत्ता नहीं, है अधिष्ठानकी सत्ता ही से वे सत्तावान् होते हैं जड़का प्रकाश भी आत्माके तादात्म्याध्याससे होता है कल्पितसे विलक्षण आत्माको कहते हैं, स्वयं प्रकाश परमानन्द अबाध्य केवल असङ्ग उदासीन अकर्ता अविक्रिय और अद्वितीय वस्तुतः है । अविद्या आदिसे अधिष्ठान आदिमें जलमें प्रतिबिम्बित सूर्यके समान उसकी भासक क्रियाकी अभेदसे कल्पना कर जलकी चलनादिकी क्रियासे सूर्य चलता है इसके समान अधिष्ठानादिकी क्रियाका 'मैं ही कर्ता हूँ' इस प्रकार साक्षीको क्रियाश्रय जो देखता है वह अविद्यासे कर्तृत्व कल्पना करता है रज्जु खण्डको सर्पके समान वह देखता हुआ भी आत्माको परमार्थसे नहीं देखता । स्वरूपाज्ञानकृत अभ्यास होनेसे वह भ्रमसे

अकृतबुद्धित्वात्-शास्त्राचार्योपदेशन्यायैरनुपजनितविवेकबुद्धित्वात्। नहि रज्जुतत्त्वसाक्षात्काराभावे भुजङ्गभ्रमं कश्चन बाधते। एवं शास्त्राचार्योपदेशन्यायैः परिनिष्ठितेऽहमस्मि सत्यं ज्ञानमनन्तमकर्त्रभोक्तृ परमानन्दमनवस्थमद्वयं ब्रह्मेति साक्षात्कारेऽनुपजनिते कुतो मिथ्याज्ञान-तत्कार्यबाधः। एतादृशं साक्षात्कारमेव गुरुमुपसृत्य वेदान्तवाक्यविचारेण कुतो न जनयतीत्यत आह—**'दुर्मतिरिति'**। दुष्टा-विवेकप्रतिबन्धकपापेन मलिना मतिर्यस्य सः। अतोऽशुद्धबुद्धित्वान्नित्यानित्यवस्तुविवेकादिशून्यत्वेन तत्त्वज्ञानायोग्यत्वादकर्तारमपि कर्तारं केवलमप्यकेवलमात्मानमविद्यया कल्पयन् संसारी-कर्माधिकारी देहभृदकृतबुद्धिः कर्मकर्तृषु तादात्म्याभिमानात्कर्मत्यागासमर्थः सर्वदा जननमरणप्रबन्धेनानिष्टमिष्टं मिश्रं च कर्मफलमनुभवति। एतेन यस्तार्किको देहादिव्यतिरिक्तमात्मानमेव कर्तारं केवलं पश्यति। सोऽप्यकृतबुद्धित्वेन व्याख्यातः।

अन्यस्त्वाह—आत्मा केवलो न कर्ता, किं त्वधिष्ठानादिभिः संहतः सन् परमार्थतः कर्तैव। कर्तारमात्मानं केवलं पश्यन् दुर्मतिरिति, केवलशब्दप्रयोगात्-इति। तन्न। परमार्थतः

विपरीत ही (अन्यथा ही) देखता है यथार्थ नहीं इसमें क्या कारण है इस आकांक्षासे कहते हैं—**'अकृते'**-त्यादि। शास्त्र आचार्योपदेश और न्यायसे आत्मानात्मविवेकबुद्धिका अभाव कारण है। रज्जुतत्त्व साक्षात्कारके विना कोई सर्पभ्रमको नहीं बाधता है। इस प्रकार शास्त्राचार्योपदेशन्यायसे परिनिष्ठित (सुनिश्चित) 'अहमस्मि' मैं हूँ **'सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्म'** अकर्ता अभोक्ता परमानन्द अद्वितीय ब्रह्म है। इस प्रकारके साक्षात्कार न होनेसे मिथ्याज्ञान और तत्कार्यका बाध कैसे हो ? गुरुके समीपमें जाकर वेदान्त वाक्य विचारसे ऐसा साक्षात्कार क्यों नहीं उत्पन्न करते ? इसके लिए कहते हैं—**'दुर्मतिः'**। दुष्ट आत्मानात्माके विवेकोत्पादप्रतिबन्धक पापसे दुष्ट है बुद्धि जिसकी, वह इस कारण अशुद्धबुद्धि होनेसे नित्यानित्यवस्तुविवेकशून्य और तत्त्वज्ञानोत्पत्तिके अयोग्य होनेसे आत्माको अकर्ताको भी कर्ता केवलको अकेवल अविद्यासे कल्पना करता हुआ संसारी कर्माधिकारी देही अकृतबुद्धि कर्म करनेवालामें तादात्म्याभिमानसे कर्मत्यागमें असमर्थ सदा जनन मरण चक्रसे युक्त सुख दुःख एतदुभय मिश्रित कर्मफलका अनुभव करता है। इससे जो तार्किक देहादिसे भिन्न आत्माको ही केवल कर्ता देखते हैं वे भी अकृतबुद्धि ही हैं।

अन्यका मत है—आत्मा केवल कर्ता नहीं है किन्तु उक्त पांच अधिष्ठानादिके सहित आत्मा वस्तुतः कर्ता ही है। केवल आत्माको कर्ता समझने वाला दुर्मति है अत एव केवलशब्दका उक्त वाक्य में प्रयोग है। यह ठीक नहीं, वस्तुतः निखिलक्रियाशून्य असङ्ग आत्मा अधिष्ठानादि संहत ही नहीं हो सकता। जल प्रतिबिम्बित सूर्यादिके समान अविद्यासे संहत-मिलित मानें तो कर्तृत्व भी वैसा ही आविद्यक ही होगा पारमार्थिक नहीं, क्योंकि अधिष्ठानादि भी आविद्यक ही है। केवल शब्द आत्मामें स्वतः सिद्ध असङ्गत्व अद्वितीयत्वका

यस्य नाहङ्कृतो भावो बुद्धिर्यस्य न लिप्यते ।
हत्वापि स इमाँल्लोकान्न हन्ति न निबध्यते ॥ १७ ॥

'मैं कर्ता हूँ' इस प्रकारका भाव जिसका नहीं है वह पुरुष इन लोकों को मारकर भी वस्तुतः न मारता है और न पापसे बंधता है ॥ १७ ॥

सर्वक्रियाशून्यस्यासङ्गस्याऽऽत्मनोऽधिष्ठानादिभिः संहतत्वानुपपत्तेः । जलसूर्यकादिवत्तु-आविद्यकेन संहतत्वेन कर्तृत्वमपि तादृशमेव, अधिष्ठानादीनामप्याविद्यकत्वाच्च । केवलशब्दस्तु स्वभावसिद्धमात्मनोऽसङ्गाद्वितीयरूपत्वमनुवदति । कर्तृत्वदर्शिनो दुर्मतित्वहेतुत्वेनेत्यदोषः ॥ १६ ॥

तदेवं चतुर्भिः श्लोकैः——

"अनिष्टमिष्टं मिश्रं च त्रिविधं कर्मणः फलम् ।
भवत्यत्यागिनां प्रेत्य" ... ...

इति चरणत्रयं व्याख्यातम् । इदानीं **'न तु सन्यासिनां क्वचित्'** इति तुरीयम् चरणमेकेन व्याचष्टे——**'यस्ये'**त्यादिना । यस्य-पूर्वोक्तविपरीतस्य पुण्यैः कर्मभिः क्षपितेषु विवेकविरोधिपापेषु नित्यानित्यवस्तुविवेकादिसाधनचतुष्टयं प्राप्तवतः शास्त्राचार्योपदेशन्यायजनिताकर्त्रभोक्तृस्वप्रकाशपरमानन्दाद्वितीयब्रह्मात्मसाक्षात्कारस्याज्ञाने सकार्ये बाधिते न भवत्यहं कर्तेत्येवंरूपो भावः-प्रत्ययः । यस्य भावः-सद्भावोऽहंकृतोऽहमितिव्यपदेशार्हो न,

---

अनुवाद करता है । कर्तृत्वदर्शी (आत्मामें कर्तृत्व देखता है) दुर्मतित्वकारणत्वसे । अतः दोष नहीं है । वस्तुतः उक्त आत्मामें कर्तृत्वादि धर्म है नहीं फिर भी भ्रान्त तार्किकादि अतएव 'दुष्टा मतिर्यस्य स दुर्मतिः' यही आत्मामें कर्तृत्व दर्शनका हेतु है इस कारण उनका दोष नहीं है । भ्रान्त पुरुष शुक्तिको जैसे रजत देखता है वैसे वे आत्माको कर्ता देखते हैं ॥ १६ ॥

इस प्रकार चार श्लोकोंसे **'अनिष्टमिष्टं मिश्रञ्च'** इत्यादिका व्याख्यान हुआ । इस समय **'न तु संन्यासिनां क्वचित्'** इस चौथे पादका एक श्लोकसे व्याख्यान करते हैं—**'यस्येति'से** । प्रागुक्त दुर्मतिसे विपरीत सुमति पुरुषको पुण्य कर्मोंसे आत्मानात्मविवेकसे प्रतिकूल दुरित (पाप) नष्ट हो जाने पर नित्यानित्य वस्तुके विवेकादि तत्त्वज्ञानके हेतु चारों सामग्रीको प्राप्त करनेवाले एवं शास्त्राचार्योंके उपदेश और न्यायसे समुत्पन्न अकर्ता अभोक्ता स्वप्रकाश परमानन्द अद्वितीय ब्रह्मात्मसाक्षात्कार करनेवालेको सकार्य अज्ञानके बाधित होने पर 'अहं कर्ता,' यह भाव ज्ञान नहीं होता है । जो सुमति पुण्यात्मा हैं जिनके विवेक

अहङ्कारबाधेन शुद्धस्वरूपमात्रपरिशेषादिति वा । अहङ्कृतोऽहङ्कारस्य भावः-तत्तादात्म्यम् यस्य न, विवेकेन बाधितत्वादिति वा । बाधितानुवृत्तावपि एत एव-पञ्चाधिष्ठानादयो मायया मयि सर्वात्मनि कल्पिताः सर्वकर्मणां कर्तारो मथा स्वप्रकाशचैतन्येनासङ्गेन कल्पितसंवन्धेन प्रकाश्यमानाः अहं तु न कर्ता, किंतु कर्तृ-तद्व्यापाराणां साक्षिभूतः क्रियाज्ञानशक्तिमदुपाधिद्वय-निर्मुक्तः शुद्धः सर्वकार्यकरणासंवद्धः कूटस्थनित्यो निर्द्वयः सर्वविकारशून्यः **"[1]असंगो ह्ययं पुरुषः, [2]साक्षी चेता निर्गुणश्च, अप्राणो ह्यमनाः[3] शुभ्रो ह्यक्षरात्परतः परः, [4]अज आत्मा महान्ध्रुवः, [5]सलिले एको द्रष्टाऽद्वैतः, अजो नित्यः शाश्वतोऽयं पुराणः, [6]निष्कलं निष्क्रियं शान्तं निरवद्यं निरञ्जनम्"** इत्यादिश्रुतिभ्यः,

---

ज्ञानोत्पत्ति प्रतिवन्धक पाप पुण्यकर्मोंसे नष्ट हो चुके हैं। प्रतिवन्धाभाव कह कर साधन सामग्री कहते हैं **'नित्यानित्येति'**से। उक्त रीतिसे प्रतिवन्धकाभावविशिष्ट उक्त सामग्रीका साधन कार्य कहते हैं—**'शास्त्रस्येया'**दिसे। उक्तसाक्षात्कार कार्य है अज्ञान तत्कार्य द्वैतकी निवृत्ति होने पर उस सुमतिको 'मैं कर्ता हूँ' यह ज्ञान नहीं होता यह निष्कर्ष है। जिसका भाव सद्भाव सत्ता 'अहं' इत्याकारक व्यवहारके योग्य नहीं क्योंकि अहङ्कारके बाध होने पर तद्विशिष्ट व्यवहार नहीं हो सकता। अहङ्कार तादात्म्यानध्यस्त शुद्ध आत्मस्वरूप ही उस समयमें परिशिष्ट रहता है अत एव अहङ्कारके बाधसे तत्तादात्म्यका भी विवेकसे बाध होता है यह भी अर्थ है। बाधितकी पाप देह अनुवृत्ति होने पर भी ये अधिष्ठानादि पांचों मायासे मेरे (सर्वात्मा) में कल्पित ही सब कर्मोंके कर्ता हैं केवल असङ्ग स्वप्रकाश चैतन्य मुझसे आविद्यक संवन्धद्वारा प्रकाशित होते हैं मैं तो कर्ता नहीं हूँ कर्ताके व्यापारोंका साक्षी हूँ अतएव क्रिया ज्ञान शक्तिसे युक्त उपाधिद्वयसे मुक्त शुद्ध सब कार्यों कारणोंसे असंस्पृष्ट कूटस्थ नित्य अद्वय सब विकारोंसे रहित हूँ **'असंगो ह्ययं पुरुषः' 'साक्षी चेता केवलो निर्गुणश्च 'अप्राणो ह्यमनाः शुभ्रः, अक्षरात्परतः परः' 'अज आत्मा महान् ध्रुवः' 'सलिल एको द्रष्टाऽद्वैतः'** इत्यादि श्रुतियोंसे उक्तार्थकी सिद्धि है एवम् 'अविकार्योऽयमुच्यते' इत्यादि 'न करोति न लिप्यते'

---

१. अर्थ—यह पुरुष असङ्ग ही है।
२. आत्मा साक्षी चेता केवल निर्गुण है।
३. आत्मा प्राण और मनसे रहित शुद्ध और अक्षर (प्रकृतिसे) परे जो पुरुष है, उससे भी परे हैं।
४. आत्मा अजन्मा (जन्म रहित) है महान् और नित्य है। जलमें एक और द्रष्टा साक्षी है।
५. आत्मा जन्मरहित है नित्य शाश्वत और पुराना है।
६. आत्मा कलाहीन है क्रियाहीन है, शान्त निर्मल और निर्लेप है।

"अविकार्योऽयमुच्यते"

"प्रकृतेः क्रियमाणानि गुणैः कर्माणि सर्वशः ।
अहङ्कारविमूढात्मा कर्ताऽहमिति मन्यते ॥"
"तत्त्ववित्तु महाबाहो ! गुणकर्मविभागयोः ।
गुणा गुणेषु वर्तन्ते इति मत्वा न सज्जते ॥"
"शरीरस्थोऽपि कौन्तेय ! न करोति न लिप्यते ।"

इत्यादिस्मृतिभ्यश्च । तस्मान्नाहं कर्तेत्येवं परमार्थदृष्टेर्बुद्धिः-अन्तःकरणं यस्य न लिप्यते-नानुशयिनी भवति । इदमहमकार्षम्, एतत्फलं भोक्ष्य इत्यनुसन्धानं कर्तृत्ववासनानिमित्तं लेपः-अनुशयः । स च पुण्ये कर्मणि हर्षरूपः, पापे पश्चात्तापरूपः । ईदृशेन द्विविधेनापि लेपेन बुद्धिर्न युज्यते, कर्तृत्वाभिमानबाधात् । तथा च ज्ञानिनं प्रकृत्य श्रुतिः—[1]**"एतमुहैवैते न तरत इति, अतः पापमकरवमिति, अतः कल्याणमकरवमिति, उभे उ हैवैष एते तरति, नैनं कृताकृते तपतः ।' "तदेतदृचाऽभ्युक्तम्—**
एष नित्यो महिमा ब्राह्मणस्य न वर्धते कर्मणा नो कनीयान् ।
तस्यैव स्यात्पदवित्तं विदित्वा न लिप्यते कर्मणा पापकेन ॥" बृ. उ. ४-४-२२-२३ इति ।

'पापकेने'ति पुण्यस्याप्युपलक्षणम् । 'वर्धते कनीयानि'ति च पुण्यपापयोः परितोष-परितापाभिप्रायम् ।

इत्यन्त स्मृतियोंसे भी उक्तार्थकी सिद्धि होती है । अतः 'मैं कर्ता नहीं हूँ' ऐसा अन्तःकरण जिसका है उस परमार्थदर्शीकी बुद्धि यह मैं किया इसका फल भोगूँगा, कर्तृत्वकी वासनाका फलभूत उक्तानुसंधानरूप अनुशय लिप्त अर्थात् उसे युक्त नहीं होती । वह अनुशय पुण्य कर्ममें हर्षरूप, पाप कर्ममें पश्चातापरूप है । ऐसे द्विविध लेपोंसे बुद्धि युक्त नहीं होती, क्योंकि कर्तृत्वके अभिमानका बाध हो गया है । ज्ञानीके प्रकरणमें ऐसी ही श्रुति है—**'एतमुहैवते न, तरतः इति ।' इत्यतः पापमकरत्वम्'** इत्यादि मूलमें देखिये । पुण्यसे बढ़ता नहीं पापसे छोटा (घटना) नहीं होता । यहाँ 'वर्द्धते' का तात्पर्य हर्षमें है, 'कनीयान्' का भाव है पापसे पश्चात्ताप

---

१. अर्थ—ब्रह्मज्ञानीको पुण्य पाप दोनों ताप (पश्चात्ताप) को नहीं करते हैं । इस प्रकार मैंने पाप किया । इस प्रकार मैंने पुण्य नहीं किया । ये दोनों ब्रह्मज्ञानीसे निर्बन्ध आग्रह नहीं करते, यही बात ऋङ्मन्त्रके द्वारा भी कही-गयी कि ब्रह्मज्ञानीका यह महिमा है—वह कर्मसे (पुण्यसे) वर्धते बढ़ता है, न पापसे घटता है । उसे ही वह ब्रह्मपदको प्राप्त करता है ज्ञान होने पर वह पापकर्मसे लिप्त नहीं होता है ।

एवं—'**यस्य नाहंकृतो भावो बुद्धिर्यस्य न लिप्यते**' स पूर्वोक्तदुर्मतिविलक्षणः सुमतिः परमार्थदर्शी पश्यत्यकर्तारमात्मानं केवलम् । स कर्तृत्वाभिमानाभावादनिष्टादित्रिविधकर्मफलभागी न भवतीत्येतावति शास्त्रार्थे, अहङ्काराभाव-बुद्धिलेपाभावौ स्तोतुमाह—'**हत्वे**'ति । हत्वा-हिंसित्वाऽपि स इमाँल्लोकान् सर्वान्-प्राणिनो न हन्ति हननक्रियायाः कर्ता न भवति, अकर्तृस्वरूपसाक्षात्कारान्न निबध्यते, नापि तत्कार्येणाऽधर्मफलेन संबध्यते । अत्र '**नाऽहङ्कृतो भावः**' इत्यस्य फलं-न हन्तीति । '**बुद्धिर्न लिप्यत**' इत्यस्य फलं न निबध्यत इति । अनेन च कर्मलिपप्रदर्शनेऽतिशयमात्रमुक्तम् । न तु सर्वप्राणिहननं सम्भवति । हत्वाऽपीति कर्तृत्वाभ्यनुज्ञा बाधितकर्तृत्वदृष्ट्या लौकिक्या, न हन्तीति कर्तृत्वनिषेधः शास्त्रीयया परमार्थदृष्ट्येति न विरोधः । शास्त्रादौ '**नायं हन्ति न हन्यते**' इति सर्वकर्मासंस्पर्शित्वमात्मनः प्रतिज्ञाय '**न जायते**' इत्यादिहेतुवचनेन साधयित्वा '**वेदाविनाशिनम्**' इत्यादिना विदुषः सर्वकर्माधिकारनिवृत्तिः संक्षेपेणोक्ता । मध्ये च तेन तेन प्रसङ्गेन प्रसारिता, इह शास्त्रार्थेतावत्त्वप्रदर्शनायोपसंहृता '**न हन्ति-न निबध्यते**' इति । एवं चाविद्याकल्पितानामधिष्ठानाद्यनात्मकृतानां सर्वेषामपि कर्मणामात्मविद्यया समुच्छेदोपपत्तेः परमार्थसन्यासिनामनिष्टादि त्रिविधं कर्मफलं न भवतीत्युपपन्नम् ।

नहीं करता है । इसी प्रकार '**यस्येत्यादि**'से कथित दुर्मतिविलक्षण सुमति तत्त्वदर्शी आत्माको केवल अकर्ता देखता है, क्योंकि कर्तृत्वाभिमान नहीं है अतः अनिष्टादि तीनों कर्म फलोंका भोक्ता नहीं होता एतावन्मात्र शास्त्रका अर्थ (तात्पर्य) होने पर अहङ्काराभाव और बुद्धिलेपाभावकी स्तुतिके लिये कहते हैं—'**हत्वे**'**ति ।** सुमति इन सब प्राणियों को मार कर भी किसी को नहीं मारता मारण क्रिया का कर्ता नहीं होता, क्योंकि आत्मा अकर्ता है यह उसको प्रत्यक्ष है । और न हवन के कार्य पाप से संस्पृष्ट ही होता है । यहाँ '**यस्य नाऽहङ्कृतो भावः**' इसका फल नहीं मारता है, और '**बुद्धिर्यस्य न लिप्यते**' इसका फल संस्पृष्ट नहीं होता है इति । इससे कर्मलेपाभाव दिखलाने में अतिशयमात्र (अत्युक्तिमात्र) कहा है वस्तुतः सब प्राणियोंका मनुष्यसे हनन असंभव है असंख्य प्राणियोंके भेद है । हत्वापिमें वाधित सर्वप्राणिके हननके कर्तृत्व की अभ्यनुज्ञा लौकिक दृष्टि से है । '**न हन्ती**'त्यादिसे कर्तृत्वनिषेध शास्त्रीय परमार्थ दृष्टिसे है, अतः मार कर नहीं मारता इनमें परस्पर विरोध नहीं । शास्त्र के आदि में '**नायं हन्ति न हन्यते**' इससे सब कर्मोंसे असंवद्ध आत्मा है यह प्रतिज्ञा कर '**न जायते**' इत्यादि वाक्यसे उक्तार्थको सिद्ध कर '**वेदाविनाशिनम्**' इत्यादिसे तत्त्वज्ञानीकी सब कर्मोंमें अधिकारकी निवृत्ति संक्षेपसे कही । मध्यमें प्रसङ्गवश उक्त निवृत्तिको विस्तृत किया (फैलाया) । '**न हन्ति न निवध्यते**'से उसका उपसंहार किया । इस प्रकार अविद्या कल्पित अनात्मस्वरूप उक्त अधिष्ठानादि पाँचोंसे किये हुए कर्मोंके आत्मज्ञानके द्वारा विनाश होनेसे

ज्ञानं ज्ञेयं परिज्ञाता त्रिविधा कर्मचोदना ।
करणं कर्म कर्तेति त्रिविधः कर्मसंग्रहः ॥ १८ ॥

ज्ञान, ज्ञेय (ज्ञान का कर्म) परिज्ञाता (क्रियाका आश्रय, भोक्ता) से तीनों कर्मके प्रवर्तक हैं; करण (इन्द्रियाँ) कर्म और कर्ता ये तीन प्रकारके क्रियाश्रय हैं ॥ १८ ॥

परमार्थसन्यासश्चाकर्त्रात्मसाक्षात्कार एव । जनकादीनामेतादृशसन्यासित्वेपि बलवत्प्रारब्धकर्मवशाद्बाधितानुवृत्त्या परपरिकल्पनया वा कर्मदर्शनं न विरुद्धं परमहंसानामीदृशानां भिक्षाटनादिवत् । अत एव ज्ञानफलभूतो विद्वत्संन्यास उच्यते । साधनभूतस्तु विविदिषासन्यासोऽनेवंविधोऽपि प्रथममुत्तरकाले ज्ञानोत्पत्तावेवंविधो भवतीति वक्ष्यते ॥ १७ ॥

पूर्वमधिष्ठानादिपञ्चकस्य क्रियाहेतुत्वेनाऽऽत्मनः सर्वकर्मासंस्पर्शित्वमुक्तम् , संप्रति तमेवार्थं ज्ञानज्ञेयादिप्रक्रियारचनया, त्रैगुण्यभेदव्याख्यया च विवरीतुमुपक्रमते--**'ज्ञानमि'**त्यादिना । ज्ञानम्-विषयप्रकाशक्रिया । ज्ञेयम्-तस्य कर्म, परिज्ञाता-तस्याऽऽश्रयो भोक्ताऽन्तःकरणोपाधिपरिकल्पितः, एतेषां त्रयाणां सन्निपाते हि हानोपादानादिसर्वकर्मारम्भः स्यात् ; अत एतत्त्रयं सर्वेषां कर्मणां प्रवर्तकम् । तदेतदाह--**'त्रिविधा कर्मचोदने'**ति । चोदनेति प्रवर्तकमुच्यते । **'चोदनेति क्रियायाः प्रवर्तकं वचनमाहुरि'**पृ० १२-ति शाबरे ।

वस्तुतः सन्यासियोंको उक्त त्रिविध कर्म फल नहीं यह कहना उपपत्ति युक्त है । वास्तविक सन्यास अकर्ता आत्मा है यह प्रत्यक्ष ही है । जनकादिमें एतादृश सन्यासित्व रहने पर भी बलवान् प्रारब्धकर्मके कारण बाधित भी कर्तृत्वादिकी अनुवृत्तिसे अथवा दूसरेकी कल्पनासे कर्म देखना विरुद्ध नहीं है वस्तुतः आत्मामें कर्म नहीं है फिर भी कल्पनासे कोई उसमें कर्म देखता है तो उस कर्तृत्व दर्शनका वास्तविक अकर्तृत्वके साथ विरोध नहीं, जैसे ईदृश परमहंसोंका भिक्षाटनादि है वैसे प्रकृतमें भी समझना । अतएव तत्त्वज्ञानका फलस्वरूप विद्वत्संन्यास कहा गया है । साधनस्वरूप तो विविदिषासन्यास, पहले ऐसा न होनेपर भी ज्ञानोत्पत्तिकालमें ऐसा ही होता है यह कहेंगे ॥ १७ ॥

प्रथम अधिष्ठानादि पाँच क्रियाहेतु होनेसे आत्मा सब कर्मोंसे असम्बद्ध है यह कहा । अब उसी अर्थको ज्ञानज्ञेयादि प्रक्रियाकी रचना, तथा त्रैगुण्यभेदकी व्याख्यासे भी विवरण करनेका आरम्भ करते हैं—**'ज्ञानमि'**त्यादिसे । ज्ञान-विषय प्रकाशक क्रिया, ज्ञेय उस क्रियाका कर्म, परिज्ञाता तादृश क्रियाका आश्रय-भोक्ता **'अन्तःकरणोपाधिकल्पितश्चिदचिद्ग्रन्थिर्जीवः'** इन तीनोंके समुदायमें त्याग ग्रहण आदि सब कर्मोंका आरम्भ होता है इस कारण ये तीन सब कर्मोंके प्रवर्तक हैं । यही कहते हैं—**त्रिविधे'**त्यादिसे । चोदना प्रवर्तकको कहते हैं, इसमें शबरस्वामीका वचन कहते हैं—**'चोदना'** इत्यादि **'आहुरि'**त्यन्त और

'चोदना चोपदेशश्च विधिश्चैकार्थवाचिनः' सू. ५. श्लो. ११

इति भाट्टे च वचने क्रियाप्रवर्तकवचनत्वं यद्यपि चोदनापदशक्यतया प्रतीयते, तथाऽपि वचनत्वं विहाय प्रवर्तकमात्रमिह लक्ष्यते, ज्ञानादिषु वचनत्वाभावात् । एवं च प्रेरणीयत्वं प्रेरकत्वं चानात्मन एव, नाऽऽत्मन इत्यभिप्रायः । तथा करणम्-साधकतमं वाह्यम्-श्रोत्रादि, अन्तस्थं बुद्ध्यादि । कर्म-कर्तुरीप्सिततमं क्रियया व्याप्यमानमुत्पाद्यम्, याप्यम्-विकार्यम्, संस्कार्यं च । कर्ता च-इतरकारकाप्रयोज्यत्वे सति सकलकारकाणां प्रयोक्ता क्रियाया निर्वर्तकश्चिदचिद्ग्रन्थिरूप इति । त्रिविधः-त्रिप्रकारः, कर्म संगृह्यते-समवैत्यत्रेति कर्मसंग्रहः-कर्माश्रयः । चकारार्थादितिशब्दात्संप्रदानम्, अपादानम्-अधिकरणं च राशित्रयान्तर्भूतम् । एवं कारकषट्कमेव त्रिविधं क्रियाया आश्रयः, न तु कूटस्थ आत्मेत्यर्थः । कर्मप्रेरकस्य, कर्माश्रयस्य च

'चोदना चोपदेशश्च विधिश्चैकार्थवाचिनः ।'

इस श्रीभट्टपादके वाक्यमें यद्यपि 'क्रियाप्रवर्तकत्वे सति वचनत्वम्' चोदनापदका शक्य अर्थ प्रतीत होता है, तथापि वचनत्वको छोड़कर प्रवर्तकत्वमात्रमें उक्त वाक्यकी लक्षणा है क्योंकि प्रवर्तक ज्ञानादिमें वचनत्व न होनेसे उक्त लक्षणकी अव्याप्ति हो जायगी । ऐसी स्थितिमें प्रेर्यत्व प्रेरकत्व आत्मभिन्न पदार्थका ही धर्म है आत्माका नहीं यह अभिप्राय है । तथा करण अव्यवधानसे क्रियाफलका साधक वाह्य श्रोत्रादि, और आन्तर बुद्ध्यादि, कर्म-कर्ताको अतिशयसे ईप्सिततम 'प्रकृतवाक्य घटकप्रधानीभूत व्यापारसे प्रयोज्य प्रकृतधातुका वाच्य फलका अश्रय (कर्तृसमवेत) इच्छोद्देश्य यह क्रियाव्याप्य कर्म चार प्रकारका है— उत्पाद्य विकार्य, प्राप्य, और संस्कार्य । कर्ता स्वभिन्न कर्मादि कारकोंसे अप्रयोज्य और सब कारकोंका प्रयोजक (प्रेरक) होता है । कर्ताके विना क्रिया नहीं होती और क्रियाके विना कोई कारक नहीं होता **'क्रियाजनकत्वम् , क्रियान्वयित्वं वा कारकत्वम्'** इत्यादि क्रियाघटित लक्षणोंका क्रिया रहने पर ही संभव है अन्यथा नहीं । क्रियाका आश्रय कर्ताके विना अनुपपन्न है अतः क्रियाद्वारा कर्ता सब कारकोंका प्रयोजक और स्वयं कारकान्तरसे अप्रयोज्य होता है । क्रियाका उत्पादक चिदचिद्ग्रन्थिरूप अन्तःकरणविशिष्ट चैतन्य-अन्तःकरण अचित् है, चैतन्य चित् है अनादि मायासे दोनोंकी वैशिष्ट्यरूप ग्रन्थि हुई है यही प्राणधारणा-क्रियासे जीव कहाता है ।

मूलस्थ त्रिविधका अर्थ कहते हैं—**'त्रिप्रकारः'** इति । व्युत्पत्तिप्रदर्शन द्वारा कर्मसंग्रहके यौगिक अर्थको स्फुट करते हैं—**'कर्मेत्यादिसे । कर्माश्रयः** जिसमें कर्मका संग्रह अर्थात् कर्मका आश्रय वह कर्म संग्रह है । इति शब्द यहाँ चकारके अर्थमें प्रयुक्त है चकारसे अर्थात् इतिशब्दसे सम्प्रदान, अपादान, अधिकरण ये भी उक्त राशित्रयके भीतर संगृहीत हैं । इस प्रकार वह कारक ही त्रिविध क्रियाके आश्रय हैं कूटस्थ आत्मा क्रियाका आश्रय नहीं है यह अर्थ है । कर्म प्रेरक और कर्माश्रय कारकरूप है और त्रैगुण्यात्मक है ।

कारकरूपत्वात्त्रैगुण्यात्मकत्वाच्चाकारकस्वभावो गुणातीतश्चाऽऽत्मा सर्वकर्मासंस्पर्शीत्यभिप्रायः ।

अथवा ज्ञानम्-प्रेरणारूपं लिङादिशब्दजन्यम् । ज्ञेयम्-तस्य ज्ञानस्य विषयत्वेन लिङादिशब्दस्वरूपं प्रेरकम् । परिज्ञाता-तस्य ज्ञानस्याऽऽश्रयः प्रेरणीय इत्येवं त्रिविधा कर्मचोदना । कर्म-क्रिया पुरुषव्यापाररूपाऽऽर्थीभावना, तद्विषया चोदना प्रेरणा विधिरूपा । शाब्दी भावनेत्यर्थः । तथा करणम्-सेतिकर्तव्यताकं साधनं धात्वर्थः, कर्म-भाव्यं स्वर्गादिफलम् । कर्ता-फलकामनावान् पुरुषः क्रियाया निर्वर्तक इत्येवं त्रिविधः कर्मसंग्रहः-कर्मणः पुंव्यापाररूपस्यऽर्थभावनायाः संग्रहः-संक्षेपः । तदेवमर्थभावनारूपपुंप्रयत्नस्य विधेयस्याभावात् शब्दभावनारूपः विधिर्न शुद्धमात्मानं गोचरयति कारकाश्रयत्वाद्विधिविधेययोः । तदुक्तं--**"त्रैगुण्यविषया वेदाः निस्त्रैगुण्यो भवार्जुन"** इति । कारकाणां च त्रैगुण्यरूपत्वमनन्तरमेव व्याख्यास्यत इत्यभिप्रायः ।

विधिनिरूपणम्

अत्र प्रसङ्गाद्विधिश्चिन्त्यते--प्रवृत्तिहेतुत्वेन प्रेरणा तावत्सर्वलोकानुभवसिद्धा । राज्ञा प्रेरितः, बालेन प्रेरितः, ब्राह्मणेन प्रेरितोऽहमिति हि प्रवर्तमाना वक्तारो भवन्ति । सा च

अकारक स्वभाव और त्रिगुणोंसे अतीत आत्मा है अतएव सब कर्मोंका असंसर्गी आत्मा है यह अभिप्राय है ।

अथवा ज्ञान प्रेरणारूप लिङादिशब्दजन्य है, ज्ञेय उस ज्ञानका विषय होनेसे लिङादिशब्दस्वरूप प्रेरक है, परिज्ञाता उस ज्ञानका आश्रय वही प्रेरणीय है । इस प्रकार त्रिविध कर्म चोदना है । कर्म-क्रिया पुरुषव्यापाररूप आर्थीभावना उसका विषय प्रेरणा विधिरूप शाब्दीभावना यह अर्थ है । तथा करण-इतिकर्तव्यतासहित साधन धातुका अर्थ है, कर्म साध्य स्वर्गादिफल, कर्ता फलार्थी पुरुष, क्रियाका उत्पादक इस प्रकार त्रिविध कर्म संग्रह है कर्म पुरुषव्यापाररूप अर्थभावनाका संग्रह-संक्षेप है । इस प्रकार अर्थभावना-रूप पुरुषप्रयत्नरूप विधेयके अभावसे शब्दभावनारूप विधि शुद्ध आत्माको विषय नहीं करती, क्योंकि विधि विधेय कारकाश्रय होता है आत्मा अकारकस्वभाव है यह पूर्वमें व्यवस्था कर चुके हैं । यही भगवान् स्वयं श्रीमुखसे कहा है—

'त्रैगुण्यविषया वेदा निस्त्रैगुण्यो भवार्जुन !' इति ।

कारकोंमें त्रैगुण्यात्मकत्व है यह आगे कहेंगे यह अभिप्राय है ।

विधिनिरूपणम्

'प्रसङ्गादि'ति । पूर्वमें विधिविषयक लेखको पूर्ण हृदयंगम करनेसे मधुसूदनसरस्वतीका विधि-विषयक विचार पूरा समझमें आवेगा इस धारणासे मैंने विधि विषयमें प्राञ्जल सुगम प्रौढ़ लेख

प्रवर्तना प्रवर्तकराजादिनिष्ठा। तत्रोत्कृष्टस्य निकृष्टं प्रति प्रवर्तना आज्ञा, प्रेषणेति चोच्यते। निकृष्टस्योत्कृष्टं प्रति प्रवर्तना, याच्ञा, अध्येषणेति चोच्यते। समस्य समं प्रत्युत्कर्षनिकर्षौदासीन्येन प्रवर्तना, अनुज्ञा, अनुमतिरिति चोच्यते। ते चाऽऽज्ञादयो ज्ञानविशेषाः, इच्छाविशेषा वा चेतनधर्मा एव लोके प्रसिद्धाः। वेदे तु विधिनाऽहं प्रेरितः करोमीति व्यवहर्तारो भवन्ति। तत्र स्वयमचेतनत्वात्, अपौरुषेयत्वाच्च वैदिकस्य विधेर्न चेतनधर्मेणाऽऽज्ञादिना प्रेरकता संभवति। अतः स्वधर्मेणैव साऽभ्युपगन्तव्या, गत्यन्तरासंभवात्। स एव च धर्मश्चोदना, प्रवर्तना, प्रेरणा, विधिः, उपदेशः, शब्दभावनेति चोच्यते। तत्र केचिदलौकिकमेव शब्दव्यापारम्

श्री गुरुचरणप्रणीत सनातनधर्मोद्धारसे उद्धृत किया है कि इससे जिज्ञासु अधिकारीजनोंको पूर्ण लाभ तथा सन्तोष होगा। विध्यर्थ अतिकठिन और अनेकविध है, प्रायः प्रकृतोपयोगिमतभेदोंका विवेचन विस्ताररूपसे किया गया है वह पाठकोंको देखनेसे ही प्रतीत हो जायगा।

प्रवृत्तिका कारण प्रवर्तना सब लोगोंके अनुभवसे सिद्ध है, अतः उसके विषयमें किसीको विशेष निरूपण मनीषित नहीं। अनुभवसिद्ध ही को स्पष्ट करते हैं—**'राज्ञेत्या'**दिसे। राजासे प्रेरित ब्राह्मणसे प्रेरित 'मैं हूँ' इत्यादि प्रवृत्त पुरुष कहते हैं। वह प्रवर्तना लोकमें प्रवर्तक राजा आदिमें पायी जाती है। उसका तीन भेद है निकृष्टके प्रति उत्कृष्टकी प्रवर्त्तना आज्ञा, प्रेरणा कही जाती है। उत्कृष्टके प्रति निकृष्टकी प्रवर्तना, याचना, अध्येषणा कही जाती है, तुल्यके प्रति तुल्यकी ऊँचे नीचेके भेद भावसे रहित प्रवर्तना अनुज्ञा और अनुमति भी कही जाती है। ये आज्ञादि ज्ञानविशेष वा इच्छाविशेष चेतनके ही धर्म लोकमें प्रसिद्ध हैं। वेद में तो विधिसे प्रेरित 'मैं करता हूँ' ऐसा कहनेवाले लोग देखे जाते हैं। प्रकृतमें अपौरुषेय वेद स्वयं अचेतन है, अतः तदात्मक विधिमें चेतन धर्म अज्ञादिसे प्रेरकत्वका संभव ही नहीं है अतः स्वधर्म-शब्दात्मक विधि धर्मसे ही वह माननी चाहिये दूसरी गति नहीं है। वही धर्म चोदना, प्रवर्त्तना, प्रेरणा, विधि, उपदेश. शब्दभावना कही जाती है।

न्यायसुधाकारका मत तथा उसमें दूषण

इस विषयमें कोई अलौकिक ही शब्दव्यापारकी कल्पना करते हैं, इस पक्षमें भाषानुवादमें संक्षेपमें तीन दोष इसमें पड़ते हैं। यह बताया गया है इस अरुचिसे **'केचित्'** कहा। उनमें एक दोष यह है कि अलौकिक अर्थमें व्यवहारादिसे शब्दशक्तिग्रह नहीं हो सकता अगृहीतशक्तिक पदका बोधक न होनेसे प्रयोग ही व्यर्थ है जब लोग उसको समझेंगे नहीं तो उससे प्रवृत्त कैसे होंगे। दूसरा दोष यह है कि लोग राजादिकी प्रेरणासे

१. सर्वतन्त्रस्वतन्त्र श्री उमापतिद्विवेदी जिन्होंने श्रीमदनमोहन मालवीयजीके आग्रहसे सनातनधर्मोद्धार लिखा है। तीन खण्डोंमें यह प्रकाशित है। उसमें पहला भागका २४४ से २७७ पृष्ठ तक विधिस्वरूपका निरूपण किया है। उसीका यह संक्षेप है।

कल्पयन्ति । अन्ये तु क्लृप्तेनैवोपपत्तौ नालौकिककल्पनां सहन्ते । प्रवर्तना हि प्रवृत्तिहेतुः व्यापारः । विधिशब्दस्य चाऽऽख्यातत्वेन दशलकारसाधारणेनोपाधिना पुरुषप्रवृत्तिरूपार्थभावनां प्रति वाचकत्वम् । तज्ज्ञानहेतुत्वमिति यावत् । सा च ज्ञातैवानुष्ठातुं शक्यत इति, तद्धीहेतोरपि शब्दस्य तद्धेतुत्वं परम्परया भवत्येव । तत्र विधिशब्दस्य पुरुषप्रवृत्तिरूपभावनाज्ञान-

---

इसलिये प्रवृत्त होते हैं कि वह स्वतन्त्र फल देता है और अचेतन लिङादिमें यह सामर्थ्य नहीं फिर इसकी प्रेरणासे लोक क्यों प्रवृत्त होंगे ? । तीसरा दोष यह है कि प्रवृत्तिमें प्रधान कारण लिङादि है वा प्रेरणा ? प्रथम पक्षमें किसी फलकी सम्भावना नहीं, क्योंकि वे स्वयं पुरुषार्थ नहीं है । द्वितीय पक्षमें प्रेरणामात्रके ज्ञानसे विद्वान्की प्रवृत्ति नहीं हो सकती उचित अनुचित दोनों प्रकारकी हो सकती है इत्यादि वहाँ ही देखिये ।

पार्थसारथिमिश्रजीका मत

मतान्तर कहते हैं—**'अन्ये तु'**से । क्लृप्त निश्चित कारणसे ही लौकिक कर्मके समान वैदिक कर्ममें प्रवृत्ति हो सकती है तो अलौकिक व्यापार मानने की क्या आवश्यकता ? और कल्पना गौरव दोष उस मतमें स्फुट है । प्रवर्तना प्रवृत्ति हेतु व्यापार है । विधिशब्द आख्यातत्त्वरूप उपाधि (धर्म) जो कि दश लकारोंका साधारण धर्म है उससे पुरुषप्रवृत्तिरूप अर्थभावनाके प्रति उसमें अर्थभावनाके ज्ञानहेतुत्वरूप वाचकत्व है अर्थात् दश लकार अर्थभावनाके वाचक हैं । वह भावना ज्ञात होकर ही अनुष्ठान करनेके योग्य है अतः उसका हेतु जो शब्द वह भी परम्परासे उसका हेतु होता ही है । उसमें विधिशब्दका पुरुषप्रवृत्तिरूप भावनाके ज्ञानहेतु रूप व्यापार पुरुषप्रवृत्तिका वाचक है तद्वाचकशक्ति विशिष्ट विधि शब्दज्ञान है वही उसकी प्रवृत्तिका हेतु व्यापार है अतः वही प्रवर्तनाका वाचक है । ज्ञानद्वारा ही शब्द प्रवृत्तिका जनक होता है, ज्ञानजनक व्यापारसे अतिरिक्त व्यापारकी कल्पनामें प्रमाण नहीं है । उसका ज्ञान जनक व्यापार-स्वज्ञान, शक्तिज्ञान, शक्तिविशिष्ट स्वज्ञान है । भाव यह है कि प्रवृत्ति कारण जो व्यापार वही प्रवर्तना है और प्रवृत्तिरूपी आर्थी भावना सब आख्यातोंका अर्थ है इसीसे लिङादिशब्दका भी वह अर्थ है क्योंकि लिङादिशब्द भी आख्यात ही है । तथा प्रवृत्तिरूपी आर्थी भावनाका ज्ञान लिङादि कराते हैं । **'यजेत, जुहुयात्'** आदि शब्दोंमें लिङ्शब्दके श्रवणसे श्रोताको यह ज्ञान होता है कि ये शब्द याग होममें मुझे प्रवृत्त कराते हैं कि **'याग करो, होम करो'** याग होम आदिमें मेरी प्रवृत्तिका प्रयोजक व्यापार इन शब्दोंमें है, यह सब लोगोंके अनुभवसे सिद्ध है । **'यजेत'** इत्यादि विधिशब्दोंमें दो अंश है—एक आख्यातत्व और दूसरा लिङ्त्व आख्यातत्व दशो लकारोंमें रहनेसे उसका साधारण [व्यापक] धर्म है, लिङ्त्व लिङ्मात्रमें रहनेसे यह उसका असाधारण [व्याप्य]धर्म है । पुरुषप्रवृत्तिरूपी आर्थीभावना आख्यातार्थ है जो सब आख्यातोंसे प्रतीत होती है । प्रवृत्तिके करानेवाली प्रेरणा शाब्दीभावना है, जोकि लिङादि शब्दोंमें ही रहती है । लोकमें प्रवर्त्तक राजा आदि पुरुषोंमें आज्ञादिरूप है, अपौरुषेय अचेतन लिङादिविधिशब्दोंमें आज्ञादि चेतनधर्म तो रह नहीं सकता

हेतुर्व्यापारस्तद्वाचकशक्तिमत्तया विधिशब्दज्ञानम् । स एव च तस्य प्रवृत्तिहेतुर्व्यापार इति प्रवर्तनाभिधानीयकं लभते, ज्ञानद्वारेणैव शब्दस्य प्रवृत्तिजनकत्वात्, ज्ञानजनकव्यापारातिरिक्तव्यापारकल्पने मानाभावात् । ज्ञानजनकश्च व्यापारस्तस्य स्वज्ञानम्, शक्तिज्ञानम्, शक्तिविशिष्टस्वज्ञानं च । तत्राऽऽद्ययोरन्यतरस्य शब्दभावनात्वम्, तृतीयस्य तु तत्र करणत्वमिति विवेकः ।

एवं स्थिते निष्कर्षः—विधिना स्वज्ञानं जन्यते प्रवर्तनात्वेनाभिधीयतेऽपीति, विधिज्ञानमेव शब्दभावना । तस्यां च पुरुषप्रवृत्तिरूपाऽऽर्थभावनैव भाव्यतयाऽन्वेति । करणतया च

इस कारण शब्दधर्म प्रेरणाको मानकर वही शाब्दीभावना कही जाती है। आर्थीभावनाका ज्ञान लिङादिविधिशब्दोंसे होता है इसलिये आर्थीभावनाका ज्ञान लिङादिविधिशब्दोंसे होता है इसलिये लिङादि आर्थीभावनाके वाचक है। लिङादिशब्दसे प्रवृत्तिको जब तक पुरुष नहीं जानता तब तक पुरुष यागादि कर्मोंमें प्रवृत्त नहीं होता अत प्रवृत्तिज्ञान द्वारा लिङादिशब्द प्रवृत्तिके वाचक है। यह श्रोताओंका ज्ञान ही लिङादिशब्दोंका वह व्यापार हैं जो कि प्रवृत्तिरूपी आर्थीभावनाके ज्ञानका जनक है।

लिङादिशब्दोंका व्यापार तीन प्रकारका होता है—पहला लिङादिशब्दोंका श्रावण प्रत्यक्ष, दूसरा प्रवृत्ति करानेकी शक्तिका ज्ञान अर्थात् कोई ऐसो शक्ति है जिससे प्रवृत्तिका ज्ञान श्रोताओंको होता है यह ज्ञान दूसरा है। तीसरा विशिष्ट लिङादिशब्दोंका ज्ञान अर्थात् प्रवृत्तिके ज्ञान करानेकी शक्ति लिङादिशब्दोंमें है यह ज्ञान मूलमें स्वशब्दसे लिङादिविधि शब्द लिया जाता है उसका ज्ञान प्रथम है। शक्तिज्ञानसे दूसरा ज्ञान और शक्तिविशिष्टस्वज्ञानसे तीसरा ज्ञान विवक्षित है। विधिका प्रत्यक्ष दूसरे ज्ञानका स्मारक है सामान्यज्ञानपूर्वक ही विशेषज्ञान होता है इसलिये दूसरे ज्ञानकी अपेक्षा हैं। सामान्य ज्ञान प्रवृत्तिका कारण नहीं क्योंकि ऐसी शक्ति है इत्यादि द्वितीय ज्ञानसे यह नहीं प्रतीत होता कि वह शक्ति कहाँ है इसलिये तीसरे ज्ञानकी अपेक्षा है। तीसरे ज्ञानसे यह स्पष्ट हो जाता है कि वह शक्ति लिङादि शब्दोंमें है इसीसे लिङादिशब्दश्रवणसे यागादिमें पुरुषकी प्रवृत्ति होती है। इन तीनोंमें प्रथम या द्वितीयको शाब्दीभावना कहते हैं और तृतीय ज्ञान तो भावनाकरण कहा जाता है यह विवेक है।

ऐसी परिस्थितिमें यह निचोड़ अर्थं है कि विधिसे अपना ज्ञान होता है अर्थात् वैदिक लिङादिशब्द स्वश्रावण प्रत्यक्षको उत्पन्न करता है वही प्रवर्तना कही जाती है इस हेतु विधिज्ञान ही शाब्दीभावना हैं, पुरुषप्रवृत्तिरूप आर्थीभावना उसी शाब्दीभावनामें भावनात्वसे अनुष्ठेयत्व रूपसे अन्वित होती है अर्थात् उसमें शाब्दीभावनाकर्म आर्थीभावना है, करण प्रवृत्तिवाचकशक्तिविशिष्ट विधिज्ञान है, जो कि तृतीयं ज्ञान कह चुके हैं।

प्रश्न—करण तो वही कहा जाता है जो कार्यके पूर्वक्षणमें रहता है, जैसे 'बाणेन हतः' यहाँ पर

प्रवृत्तिवाचकशक्तिमद्विधिज्ञानमेव। भावनासाध्यस्यापि फलावच्छिन्नां भावनां प्रति करणत्वम्, फलकरणत्वादेव यागस्येव स्वर्गभावनां प्रति न विरुध्यते। तथा च पुरुषः स्वप्रवृत्तिं भावयेत्।

मरणसे पूर्व बाण रहता है इसलिये वह उसमें करण होता है, प्रकृतमें उक्त तृतीय ज्ञान प्रथम ज्ञान था द्वितीय ज्ञानके पूर्वक्षणमें नहीं है, किन्तु उत्तर क्षणमें होता है फिर वह करण कैसे हो सकता है ?

इसका उत्तर देते हैं—**'भावनासाध्ये'**त्यादि से। भाव यह है कि जैसे 'स्वर्गकामो यजेत' इत्यादि वाक्योंमें याग प्रवृत्तिरूपी आर्थीभावनाका करण होता है।

प्रश्न—यह सिद्धान्त भी ठीक नहीं कि याग क्रिया आर्थीभावना आन्तरिक प्रवृत्ति जोकि पुरुषसमवेत-कृतिस्वरूप है वह सर्व क्रियाओंका कारण होती है और इसीसे सब क्रियाओंसे पूर्वकालमें रहती है न कि उत्तर कालमें, तो ऐसी दशामें जब यागक्रिया आर्थीभावनाके पूर्वकालमें नहीं रहती तब कैसे उसका करण हो सकती है ? और दूसरा ही क्यों नहीं होता अर्थात् आर्थीभावना ही यागादि क्रियाका करण हों जाय क्योंकि उससे पूर्व कालमें आर्थी भावना रहती है और जब इस रीतिसे दृष्टान्त ही की यह दयनीय दशा है तब कैसे उसके अनुसार यह कहा जा सकता है कि तृतीय ज्ञान पूर्व ज्ञानरूपी शाब्दीभावनाका करण होता है और इससे उलटे यही क्यों नहीं कहा जाता कि तृतीय ज्ञान शाब्दी भावना है और द्वितीय ज्ञान उसका करण है क्योंकि उससे पूर्वकालमें रहता है।

उत्तर—दृष्टान्त और दार्ष्टान्तिक प्रकृतमें दोनों ठीक है और इसमें कुछ भी सन्देह नहीं है कि प्रवृत्ति-रूपी आर्थीभावना यागसे पूर्व ही कालमें रहती है परन्तु इसमें भी कुछ सन्देह नहीं है कि स्वर्गादिरूपी पुरुषार्थ जो कि आर्थीभावनाका भाव्य है वह याग से उत्तर कालमें ही रहता है न कि पूर्व काल में और याग स्वर्गादिका कारण भी है इसीसे यागादि यद्यपि केवल आर्थीभावनाका करण नहीं है तथापि फलका करण होनेसे फलयुक्त भावनाका करण है और आर्थीभावनाके विषयमें सब मीमांसकोंने ऐसा ही स्वीकार किया है तथा शाब्दीभावना भी भावना ही है, इससे इसमें भी ऐसा ही स्वीकार करना अनुचित न होगा अर्थात् यद्यपि तृतीय ज्ञान उक्त अन्य दो ज्ञानरूपी शाब्दीभावनाके पूर्व कालमें नहीं रहता तथापि उस शाब्दीभावनाके भाव्य आन्तरिक प्रवृत्तिरूपी आर्थीभावनाके पूर्व कालमें अवश्य रहता है और उसका करण भी है इसीसे प्रवृत्तिरूपी फलसे युक्त पूर्व ज्ञानरूपी शाब्दीभावना तृतीयज्ञान करण होता है तथा आर्थीभावना यागक्रियाका करण नहीं हो सकती क्योंकि उसका कोई व्यापार नहीं है और यागका तो अपूर्वरूपी व्यापार है इससे वह करण होता है यह भावार्थ है। अक्षरार्थ यह है कि शाब्दीभावना साध्य आर्थीभावना जो पुरुष प्रवृत्तिरूपा फलस्वरूपा है इस कालमें तृतीय ज्ञान रहता है और उसका कारण भी है अतः प्रवृत्तिरूपी फलसे विशिष्ट पूर्वज्ञान रूपी शाब्दीभावनाका तृतीयज्ञान करण होता है। इसमें अनुरूप दृष्टान्त कहते हैं—**'यागस्येवे'**त्यादि। जैसे याग प्रवृत्तिरूपी आर्थी भावनाके पूर्व कालमें नहीं रहता किन्तु उत्तर कालमें ही रहता है परन्तु स्वर्गादि पुरुषार्थ जो आर्थीभावनाका भाव्य है वह यागसे उत्तर

केनेत्यपेक्षायां पुरुषप्रवृत्तिवाचकशक्तिमत्तया ज्ञातेन विधिशब्देनेति करणांशपूरणम् । कथमित्याकाङ्क्षायामर्थवादैः स्तुत्वेतीतिकर्तव्यतांशपूरणम् । 'इयं गौः क्रय्ये'ति लौकिके विधौ

कालमें ही रहता है न कि पूर्व कालमें, और याग स्वर्गादिका करण भी है अतः यागादि केवल आर्थीभावनाका करण नहीं है किन्तु स्वर्गादिका करण होनेसे तद्विशिष्ट आर्थीभावनाका करण है। सारांश यह है कि याग और तृतीय ज्ञान क्रमशः आर्थीभावनाके कारण साक्षात् नहीं हो सकते क्योंकि तत्पूर्वकालमें नहीं है फिर भी भावनाद्वय साध्य पुरुषप्रवृत्ति और स्वर्गादिरूप फलके पूर्वक्षणमें रहनेसे तद्वारा तदुभय भावनामें करण होते हैं। **'तया च'**से विधिका अर्थ कहते हैं—पुरुष अपनी प्रवृत्ति यहाँ करे इससे शाब्दी भावना कही गई है। इसमें तीन अंश है साध्य, साधन और इतिकर्तव्यता, किं भावयेत्, केन भावयेत्, कथं भावयेत् इति। भाव्यापेक्षा स्वप्रतिसे निवृत्त हुई किन्तु 'केन' 'कथं' ये दो आकांक्षायें हैं। प्रथम साधनाकांक्षासे कहते हैं—

'पुरुषप्रवृत्तिवाचकशक्तिमत्तया ज्ञातेन विधिशब्देन' इसका विशद व्याख्यान पूर्वमें लिख चुके हैं अतः वहाँ ही देखिये। 'कथं' इस तृतीय आकांक्षाकी पूर्ति करते हैं—**'अर्थवादैः स्तुत्वे'ति**। भाव यह है कि अर्थवादोंका अन्तर्भाव किसमें है ? आर्थ भावना जो आख्यातमात्रका अर्थ है और शाब्द भावना जो लिङादिविधिशब्दका अर्थ है, इन दोनोंमें उसका अन्तर्भाव तो नहीं है, क्योंकि इन दोनोंसे साक्षात् इसकी प्रतीति नहीं होती, आर्थीभावनामें अर्थवादोंके अन्तर्भावका संभव ही नहीं अतः शाब्दीभावनामें ही उनका अन्तर्भाव होता है।

प्रश्न—शाब्दी भावनामें तीन अंश हैं किसमें अन्तर्भाव होता है ?

उत्तर यह है कि—इतिकर्तव्यता–करने की रीतिमें।

प्रश्न—किस रीति से ?

इसका उत्तर यह है कि **'स्वाध्यायोऽध्येतव्यः'** इस अध्ययनविधिका भावार्थ यह है कि वेद लिङादिशब्दोंकी शक्तिसे पुरुषोंकी प्रवृत्तिको कराये, वह तब हो सकता है जब उसके विषय यागादिके गुणोंका ज्ञान पुरुषको कराया जाय, इस रीतिसे उसी अध्ययन विधिके द्वारा यह भी निश्चित हुआ कि यागोंकी प्रशंसा (गुणोंका वर्णन) करना चाहिये जिससे पुरुषोंकी यागादिकोंमें प्रवृत्ति हो। और इस निश्चयके अनन्तर किन शब्दोंसे प्रशंसा की जाय इस जिज्ञासासे उक्त अध्ययनविधि वेद वाक्योंसे अर्थवाद वाक्योंको नियमसे बतलाता है कि इन्हीं अर्थवाद वाक्योंसे यज्ञादिकी प्रशंसा करे न कि अन्य वाक्योंसे, इस रीतिसे अर्थवाद शाब्दीभावनामें इतिकर्तव्यता रूपी होकर अन्तर्गत होते हैं।

प्रश्न—विधि वाक्योंके लिङादि शब्दोंका अर्थ तो शाब्दीभावना है किन्तु उक्त अध्ययनविधि उसमें कार्यताज्ञान नहीं करा सकती क्योंकि इसकी उपपत्ति नहीं हो सकती और जब शाब्दीभावना हीमें कार्यताज्ञान नहीं हुआ तब उस भावनाके अङ्गभूत प्रशंसामें भी कार्यता ज्ञान नहीं हो सकता, और जब प्रशंसामें

लिङादिज्ञानस्य करणत्वेनान्वये शंकासमाधाने ।

बहुक्षीरा जीवद्वत्सा स्त्र्यपत्या समांसमीने'त्यादिलौकिकार्थवादवत् । नन्वाख्यातत्वेन विधिशब्दादुपस्थिता पुरुषप्रवृत्तिर्भाव्यतयाऽस्त्वेतु, करणं तु कथमनुपस्थितमन्वेति ?

कार्यताज्ञान नहीं है तब यह जिज्ञासा ही नहीं हो सकती कि किन शब्दोंसे । और ऐसी दशामें अध्ययनविधि अर्थवादोंको नहीं बतला सकती कि इन्हींसे प्रशंसा करो क्योंकि जो पदार्थ जिज्ञासित नहीं है उसके उपायका उपदेश व्यर्थ होता है, और यह भी नहीं कह सकते कि अर्थवाद लक्षणावृत्तिसे आप ही आप यज्ञोंकी प्रशंसाका बोध करा सकते हैं, क्योंकि वे अपने शब्दोंके अनुसार रामायण तथा महाभारत आदिके तरह सिद्ध ही अर्थका बोध कराते हैं । निदान यह कि जो अध्ययन विधिसे प्रशंसाका करना उक्त रीतिसे नहीं निकलता तब किसके द्वारा अर्थवाद सब शाब्दीभावनाकी इतिकर्तव्यतामें आ सकते हैं ?

इस प्रश्नका मूल यही है कि शाब्दीभावनामें अध्ययन विधिसे कार्यताका ज्ञान नहीं हो सकता किन्तु यह ठीक नहीं है क्योंकि अध्ययन विधिका यह अर्थ है कि गुरुमुखसे अधीत वेदाक्षरोंको यथाशक्ति पुरुषका उपकार करना चाहिये और इसी अर्थके अनुसार अध्ययनविधि अपने और अपनेसे अन्य सब वैदिक वाक्योंको पुरुषके उपकारमें अक्षरशः लगाता है और वेदके किसी एक अक्षरकी व्यर्थताका भी अध्ययन विधि कदापि सहन नहीं कर सकती तथा इसी कारणसे सब वैदिक विधि वाक्योंके लिङादिशब्दोंको यही अध्ययन विधि पुरुषोंकी प्रवृत्ति करानेमें नियुक्त करती है कि वे लिङादिशब्द पुरुषोंकी प्रवृत्ति करायें । इस रीतिसे वैदिक लिङादिशब्द ही यज्ञादि कर्मोंमें पुरुषोंके प्रति प्रयोजक कर्ता हैं क्योंकि ये अपौरुषेय हैं इसमें कोई पुरुष प्रयोजक कर्ता नहीं है । इस रीतिसे पुरुषरूपी प्रयोज्य कर्ताकी जो प्रवृत्तिरूपी आर्थीभावना है उसके अनुरूप प्रेरणारूप उक्त शाब्दीभावनामें वैदिक लिङादि शब्दकी कार्यताका ज्ञान हो सकता है यह संक्षेपार्थ है, विशेष श्रीमद्गुरुचरण प्रणीत **सनातनधर्मोद्धार** में देखिये । विधि में स्तुतिकी आवश्यकता लोक दृष्टान्तसे स्पष्ट कहते हैं—जैसे लोकमें किसीने किसीको कहा कि यह गौ खरी दो, उसने कहा इस समय नहीं दूसरे समय में लेंगे । जब यह सुना कि यह गौ बहुत दूध देनेवाली है इसके बच्चे जीते हैं अधिकतर बाछी होती हैं वर्षायिण (प्रतिवर्ष) प्रसव करती है इत्यादि, तब उसकी खरीदनेकी तुरन्त इच्छा हो गई क्योंकि ऐसी अच्छी गौ संयोगसे मिलती है सदा नहीं । एवं **'वायव्यं श्वेतमालभेत भूतिकामः'** इस विधि वाक्यको सुन कर न जाने इस जन्ममें फल होगा या जन्मान्तर में ? इस जन्ममें होगा तो न जाने कब होगा इस धारणासे प्रवृत्त नहीं होनेवाला **'वायुर्वै क्षेपिष्ठा देवता'** इत्यादिसे वायु शीघ्रगामिनी देवता है अतः शीघ्र फलप्रद है इस प्रशंसाको सुनकर उक्त यागमें प्रवृत्त होता है, अतः विधि वाक्यको अर्थवादकी अपेक्षा है इस प्रकार विध्यर्थ शाब्दीभावनाके इतिकर्तव्यतांश पूरक अर्थवाद होते हैं ।

'ननु' से प्रश्न कहते हैं—कि लिङर्थ शाब्दीभावनामें आख्यातार्थ आर्थीभावनाका भाव्यत्वेन अन्वय हो क्योंकि दोनों पदार्थ पदोंसे उपस्थित है परन्तु तृतीय ज्ञानका करणत्वेन शाब्दीभावनामें अन्वय कैसे होगा ? क्योंकि तृतीय ज्ञान पदसे उपस्थित नहीं । भाव यह है कि एक एक पदोंसे जो अर्थ उपस्थित होते,

उच्यते—विधिशब्दस्तावच्छ्रवणेनोपस्थापितः, तस्य पुरुषप्रवृत्तिवाचकशक्तिरपि स्मरणेनोपस्थापिता । तदुभयवैशिष्ट्यम्, तन्निष्ठा ज्ञातता च मनसेति वाचकशक्तिमत्तया ज्ञातो विधिशब्द उपस्थित एव । अनेन 'यच्छक्नुयात्, तद्भावयेदि'ति प्रतिशब्दम्

उन्हींमें परस्पर सम्बन्धका बोध पदसमूहरूपी वाक्योंमें होता है । प्रकारान्तरसे उपस्थित अर्थोंके सम्बन्धका बोध नहीं होता अतएव '[1]शाब्दी ह्याकाँक्षा शब्देनैव पूर्यते' यह अभियुक्त वचन संगत होता है । एतन्मूलक ही '[2]तदर्थविषयकशाब्दबोधं प्रति तत्पदनिष्ठवृत्तिज्ञानाधीनतदर्थविषयकोपस्थितिः कारणम्' यह कार्य कारण भाव है । और जिसके मतसे तृतीय ज्ञान शाब्द भावना है उसके मतमें यद्यपि वह शब्दसे उपस्थित है तथापि उसमें जो करण है द्वितीय ज्ञान वह तो किसी पदसे उपस्थित नहीं है अतएव तृतीय-ज्ञानरूपी शाब्दीभावना उसके सम्बन्धका बोध विधिवाक्यसे कैसे हो सकता है ?

उत्तर कहते हैं—'**उच्यते**' से । विधि शब्द लिङादि श्रोत्रसे उपस्थित है अर्थात् उसका श्रावण-प्रत्यक्ष है अतः प्रत्यक्षसे उपस्थित है । उसमें जो पुरुषप्रवृत्तिवाचकत्व शक्ति है यह भी स्मरणसे उपस्थित-ही है तदुभय वैशिष्ट्य-विधि शब्द और शक्ति दोनोंका वैशिष्ट्य और तन्निष्ठ ज्ञातता प्राकट्याख्य विषयता मनसे उपस्थित है इस तरह वाचकशक्तिविशिष्ट ज्ञान विधिशब्दसे उपस्थित ही हैं । भाव यह है कि लिङादि प्रत्ययरूपी शब्द तो श्रोत्रसे ही उपस्थित है और आर्थीभावनाके बोध करानेकी शक्ति भी स्मरणसे उपस्थित है इसी रीतिसे उन दोनोंका परस्पर सम्बन्ध और उस सम्बन्धका ज्ञानरूपी तृतीय ज्ञान भी श्रोताओंके मनसे उपस्थित ही है । इस रीतिसे तृतीय ज्ञानका कोई अंश ऐसा नहीं है जो कि उपस्थित न हो, किन्तु तृतीय ज्ञान सब अंशोंसे पूर्ण होकर उपस्थित ही है इसीसे पूर्व ज्ञानरूपी शाब्दीभावनामें उसके सम्बन्धका बोध वैदिक लिङादि शब्दोंसे सहज हीमें होता है । ऐसे ही जिस मतमें उक्त द्वितीय ज्ञान शाब्दी-भावनाका करण है उस मतमें भी कोई दोष नहीं है क्योंकि द्वितीय ज्ञान भी श्रोताओंके अन्तःकरणसे उपस्थित ही है तो उसके सम्बन्धका बोध वैदिक लिङादि शब्दोंसे भली-भाँति हो सकता है ।

प्रश्न—जो अर्थ पदोंसे वृत्तिज्ञान द्वारा उपस्थित होता है उसी अर्थका शाब्दबोधमें भान होता है प्रमाणान्तरसे उपस्थित अर्थका नहीं, यह नियम पूर्वमें कह चुके हैं फिर यहाँ प्रत्यक्षसे उपस्थित अर्थका शब्दसे बोध कैसे कहते हो ?

'**अनेने'त्यादि** से उत्तर कहते हैं—'**स्वाध्यायोऽध्येतव्यः**' इस विधि वाक्यका तात्पर्य यह है कि हर एक वैदिक शब्दोंमें उपस्थित होकर यह बोधन कराता है कि इन वैदिक शब्दोंसे मनुष्यका जो उपकार कर सके वह करे, इस कारण शब्दभिन्नसे भी जो उपस्थित होते हैं उसका सम्बन्धका भी बोध

---

१. शब्दकी आकांक्षा शब्दसे ही पूर्ण होती है ।

२. तदर्थ विषयक शाब्दबोधमें उस पदमें रहनेवाली जो वृत्ति उसके ज्ञानसे जन्य जो उस अर्थकी उपस्थिति (स्मृति) वह कारण है ।

स्वाध्यायविधितात्पर्याच्छब्दातिरिक्तेनोपस्थितमपि शाब्दबोधे भासत एव। यथा ज्योतिष्टोमादिनामधेयम्। यथा वा लिङ्गविनियोज्यो मन्त्रः। तदुक्तमाचार्यैरुद्भिदधिकरणे—

"सर्वत्रागृहीतविशेषणा विशिष्टबुद्धिर्न दृष्टा, न त्वनभिहितविशेषणा" मी.द. पृ० २७६ इति।

एवमर्थवादानामुपस्थितिः श्रोत्रेण, प्राशस्त्यस्य तु तैरेव लक्षणया, तदुभयनिष्ठज्ञाततायास्तु मनसेत्यर्थवादैः प्रशस्तत्वेन ज्ञात्वेतीतिकर्तव्यातांशान्वयोऽप्युपपन्न एव।

ननु किं प्राशस्त्यम्, न तावत्फलसाधनत्वम्, तस्य यागेन भावयेत्स्वर्गमित्यर्थभावना-

---

वैदिक शब्द कराते हैं जैसे 'ज्योतिष्टोमेन स्वर्गकामो यजेत' इस वाक्यसे उक्त यागका विधान है इसका अर्थ है कि—स्वर्गलाभके लिये ज्योतिष्टोम नामक याग करे, यहाँ उक्त यागकी उपस्थिति श्रोत्रेन्द्रियसे है न कि शब्दसे, क्योंकि ज्योतिष्टोमकी शक्ति तदर्थ यागमें है स्वानुपूर्वीमें नहीं फिर भी उक्त शब्दसे शब्दके संवन्धका बोध होता है। अत एव उद्भिदधिकरण वार्तिकमें कुमारिलभट्टजीने कहा है कि यह नियम वेदमें नहीं है कि शब्द ही से उपस्थित विशेषणके सम्बन्धका बोध वैदिक शब्दोंसे होता है अर्थात् अन्यप्रकारसे उपस्थित विशेषणके सम्बन्धका भी उनसे बोध होता है, इस रीति और प्रमाणसे पूर्वोक्त दोनों मतोंमें श्रोताके अन्तःकरणके उपस्थित करणांशके सम्बन्धका भी बोध वैदिक शब्दोंसे होता है।

एवं लिङ्ग विनियोज्य **'बर्हिर्देवसदनं दामि'** इत्यादि स्थलमें 'दामि' इस लिङ्गसे कुशच्छेदन-लवनमें इस मन्त्रका विनियोग है। 'दो अवखण्डने' इस धातुसे **'आदेच उपदेशेऽशिति'** इस सूत्रसे आत्व करने पर उत्तम पुरुषके एकवचनमें 'दामि' यह प्रयोग होता है। यह मीमांसकाचार्य कुमारिल भट्टजीने कहा है कि **'अगृहीतविशेषणा विशिष्टबुद्धिर्नदृष्टा'** इत्यादि। भाव यह है कि किसी भी प्रकारसे जो विशेषण उपस्थित नहीं है उसके सम्बन्धका बोध न होनेसे तद्विशेषणविशिष्टमें तद्विशेषणविशिष्ट बुद्धि नहीं होती यह नियम है, न कि शब्दसे अनुपस्थित जो विशेषण तद्विशिष्ट बुद्धि नहीं होती; ऐसा माननेमें ज्योतिष्टोमादि नामधेयका यागके सात अन्वय ही नहीं होगा ऐसी परिस्थितिमें 'यजेत' इत्यादिसे याग विधान ही व्यर्थ हो जायगा क्योंकि यागसामान्यका अनुष्ठान असम्भव है विशेषकी प्रतीति न होगी इसलिये वेदमें प्रकारान्तरसे उपस्थित अर्थके सम्बन्धका बोध वैदिक शब्दोंसे होता है यह मानना आवश्यक है।

'एवमि'त्यादि। इसी प्रकार अर्थवादों की उपस्थिति श्रोत्रसे होती है और प्राशस्त्य अर्थ लक्षणावृत्तिसे उन अर्थवादोंसे उपस्थित होता है। तदुभयनिष्ठ ज्ञातताकी उपस्थिति मनसे, इस तरह अर्थवादोंसे प्रशस्त जानकर तत्तद्विहित कर्म तत्तत्फलप्राप्तिके लिए करे यह समुदायका अर्थ है।

प्रश्न—प्राशस्त्यरूप क्या है, यदि फलसाधनत्व प्राशस्त्य कहें तो उसका लाभ यागसे स्वर्गकी भावना करे इस अर्थभावनाके अन्वयवशसे विधिवाक्य द्वारा ही हो जाता है पुनः एतदर्थ अर्थवादोंकी क्या आवश्यकता, अन्य प्रकारके प्राशस्त्योंका प्रकृतमें उपयोग ही नहीं है ?

न्वयवशेन विधिवाक्यादेव लब्धत्वात् । नान्यत्, प्रवृत्तावनुवयोगात् । उच्यते—बलवदनिष्टाननुबन्धित्वं प्राशस्त्यम् । तच्च नेष्टहेतुत्वज्ञानाल्लभ्यते, इष्टहेतावपि कलञ्जभक्षणादावनिष्टहेतुत्वस्यापि दर्शनात् । विहितश्येनफलस्य च शत्रुवधस्यानिष्टानुबन्धित्वं दृष्टम् । अतो यावत्साधनस्य, फलस्य चानिष्टाहेतुत्वं नोच्यते, तावदिष्टहेतुत्वेन ज्ञातेऽपि तत्र पुरुषो न प्रवर्तते । अत एवोक्तम्—

"फलतोऽपि च यत्कर्म नानर्थेनानुबध्यते ।
केवलप्रीतिहेतुत्वात्तद्धर्म इति गीयते ॥" चो. सू. श्लो २६६ इति ।

अतः स्वतः, फलतो वाऽनर्थाननुबन्धित्वरूपप्राशस्त्यबोधनेनार्थवादाः विधिशक्तिमुत्तम्भयन्ति । क उत्तम्भः ? स्वतः, फलतो वाऽर्थाननुबन्धित्वशङ्कायाः प्रवृत्तिप्रतिबन्धिकायाः

उत्तर—**'उच्यते'** से कहते हैं—बलवदनिष्टाननुबन्धित्व प्रबल अनिष्टसे युक्त न रहना रूप ही प्राशस्त्य है, वह इष्टहेतुत्वके ज्ञानमात्रसे नहीं लब्ध होता, क्योंकि इष्टसाधन कलञ्जभक्षणमें भी अनिष्टहेतुत्व पाया जाता है, 'न कलञ्जं भक्षयेत्' इस प्रतिषेध वाक्यसे अनिष्टहेतुत्वका भी बोध होता है । एवं **'श्येनेनाभिचरन् यजेत'** इस विधि वाक्यसे विहित श्येनमें भी फलद्वारा अनिष्टाननुबन्धित्व ही है अतः जब तक यागादिमें और तत्फलमें अनिष्टका असम्पादकत्व नहीं कहा जाता तब तक इष्ट संपादकत्व समझने पर भी पुरुष प्रवृत्त नहीं होता । अत एव वार्तिककारने कहा है कि—

'फलतोऽपि च तत्कर्म नानर्थेनानुबध्यते ।
केवलप्रीतिहेतुत्वात् तद्धर्म इति गीयते ॥' इति ।

अर्थ—जो कर्म फल द्वारा 'अपि' शब्दसे स्वतः अनर्थ हेतु नहीं है केवल सुखहेतु होनेसे 'केवल' शब्दसे दुःख मिश्रित सुखकी व्यावृत्ति कीगई है वह धर्म कहा जाता है-इति । स्वरूपसे वा फलद्वारा अनिष्टका असंपादकत्व प्राशास्त्य रूप बोध करानेसे अर्थवाद विधि शक्तिका उत्तेजक होता है ।

प्रश्न—उत्तेजकत्वस्वरूप उत्तम्भ क्या है ?

उत्तर—स्वतः से फलसे वा दुःख संपादकत्व शंका जो कि कर्म प्रवृत्तिप्रबन्धक है, उसका निवारण यही विधिके कर्ममें प्रवृत्ति करानेमें अर्थवादोंकी सहायता सहकारिता है । केवल विधिमात्रसे पुरुषकी कर्ममें प्रवृत्ति नहीं होती क्योंकि विधि कर्ममें सुख हेतुत्वमात्रका बोध कराता है अनिष्टासंपादकत्वका नहीं । यह नियम नहीं है कि सुखहेतु दुःखहेतु न हो विषमिश्रित अन्न श्येनादियागमें उभय हेतुत्व पाया जाता है, अतः दुःख हेतुत्वशंकासे पुरुषप्रवृत्ति रुक जाती है । जब अर्थवादोंसे प्रशंसा द्वारा उक्त प्रतिबन्धक शंकाका निराकरण किया जाता है तब पुरुषकी प्रवृत्ति होती है । इस कारणसे विधि अर्थवादकी अपेक्षा सदा करता है अन्यथा प्रवृत्ति न होनेसे कर्मविधि ही व्यर्थ हो जायगी । तात्पर्य यह है कि वैदिक लिङादि शब्द स्वगत

विगमः । इदमेव च विधेः प्रवृत्तिजनने साहाय्यमर्थवादैः क्रियत इति विधिरर्थवादसाकाङ्क्षः । एवमर्थवादा अप्यभिधया, गौण्या वा वृत्त्या भूतमर्थं वदन्तोऽपि स्वाध्यायविध्यापादितप्रयोजन-

---

प्रेरणामात्रको जना कर कर्मोंमें पुरुषको प्रवृत्त नहीं करा सकते क्योंकि उक्त शब्दकी प्रेरणा जानकर यदि पुरुषकी इच्छा न होगी, तो प्रवृत्त नहीं होगा इससे यह कहना ठीक है कि वैदिक शब्दोंकी करायी हुई प्रेरणाके ज्ञानसे पुरुषकी कर्म करनेकी इच्छा होती है उसीसे प्रवृत्ति होती है। इच्छाके विना प्रवृत्ति नहीं होती यह तो लोकमें प्रसिद्ध ही है। इस रीतिसे वैदिक लिङादि शब्दोंसे पुरुषको कर्म करनेकी इच्छा जैसे होती है वैसे ही उक्त कर्मोंमें अधिक श्रम अधिकाधिक धनव्यय कायक्लेश आदि देखकर आलस्य और लोभके कारणसे यज्ञादि कर्ममें पुरुषको द्वेष भी हो जाता है, जो कि निवृत्तिका कारण है। यह प्रवृत्तिका प्रबल-बाधक प्रसिद्ध है और यह द्वेष पुरुषकी इच्छाको दबाकर पुरुषको यागादि कर्मोंसे निवृत्त कराता है। वैदिक लिङादि शब्द उक्त द्वेषके हटानेवालोंकी अपेक्षा करते ही हैं अन्यथा वे स्वयं व्यर्थ हो जायंगे। द्वेष हटानेके लिए यागादि भावनाकी प्रशंसासे अतिरिक्त कोई दूसरा उपाय नहीं है। लोकमें मूल्य अधिक होनेसे गौ लेनेमें जिस पुरुषको द्वेष होता है अत एव लेनेकी इच्छा रुक जाती है उस पुरुषके उस द्वेषको इसमें पन्द्रह सेर दूध है, प्रति वर्ष वियाती है, बड़ी सीधी है, कोई भी दूध निकाल सकता है इत्यादि प्रशंसासे ही लोग हँटी इच्छाको जगाकर तथा प्रवृत्तिको उत्पन्न कर गौ की खरीद करवा देते हैं; वैसे ही ये अर्थवाद प्रशंसाके द्वारा पुरुषके द्वेषको हटाकर इच्छाके उत्पादन द्वारा पुरुषकी यागादिमें प्रवृत्ति करा देते हैं। लौकिक प्रशंसा वाक्योंमें प्रवृत्ति करानेकी शक्ति जैसे अनुभव सिद्ध है वैसे ही इन अर्थवादोंमें भी, इसीसे अर्थवादोंकी प्रवृत्ति करानेमें सहकारि शक्ति भी प्रसिद्ध ही है। प्रशंसासे यह स्पष्ट हो जाता है कि यागादि केवल पुरुषार्थ साधक ही नहीं हैं किन्तु प्रबल दुःखके दाता भी नहीं है अर्थात् बलवान् दुःख देनेका दोष भी उनमें नहीं है जिससे प्रवृत्ति उनमें न हो सके। विषमिश्रित मधुरान्न श्येनयागादि लौकिक वैदिक अनेक दृष्टान्त ऐसे हैं जो इष्टसाधक होकर भी अनिष्टके साधक होते हैं ऐसे कर्मोंमें विचारशील पुरुषकी प्रवृत्ति नहीं होती। शत्रु वधके लिये श्येन यागका 'श्येनेनाभिचरन् यजेत' इस वेद वाक्यसे विधान है, और यह शत्रुनाशजन्य सुखका कारण भी है। तथा उक्त यागका स्वरूप किसी प्रबल दुःखका कारण भी नहीं है, तथापि श्येनयागका जो फल हिंसा है वह 'न हिंस्यात्सर्वा भूतानि' (किसी प्राणीको न मारे) इस निषेध वाक्यके अनुसार प्रबल-दुःख नरक निपातका कारण है, इसीसे श्येन याग धर्म नहीं है। इसीसे मीमांसाचार्योंने कहा है—जिस कर्मका फल भी दुःखदायी न हो अर्थात् अपने स्वरूप और फलसे जो कर्म केवल सुखदायक ही हो वह धर्म है। लाभकी अपेक्षा श्येनमें अधिक हानि है, इसलिये वह धर्म नहीं है विवेकीकी उसमें प्रवृत्ति नहीं होती है। श्येनका विधान भी इसी अभिप्रायसे है कि जिसको फलकृत उक्त हानिको उठा कर शत्रुवधरूपी लाभ उठाना हो वह श्येन याग करे, न कि यह अभिप्राय है कि श्येन याग करना चाहिये विशेष विस्तार अन्यत्र स्पष्ट है। जैसे विधि वाक्यको उक्त रीतिसे अर्थवादकी अपेक्षा है वैसे अर्थवादोंको भी विधिकी अपेक्षा है,

वत्त्वलाभाय विधिसाकाङ्क्षाः। सोऽयं नष्टाश्वदग्धरथवत्संप्रयोगः, यथैकस्य दग्धस्य रथस्य जीवद्भिरश्वैरन्यस्य विद्यमानस्य रथस्याविद्यमानाश्वस्य संप्रयोगः परस्परस्यार्थवत्त्वाय, तथा-अर्थवादानां प्रयोजनांशो विधिना पूर्यते, विधेश्च शब्दभावनाया इतिकर्तव्यतांशोऽर्थवादैरिति।

क्योंकि अर्थवाद अभिधा (शक्ति) अथवा गौणी वृत्ति (लक्षणा) विशेषसे भूतार्थ (सिद्धार्थ) ही को कहते हैं साध्यार्थको नहीं। सिद्धार्थ बोधक वाक्य सप्तद्वीपा वसुमतीके समान व्यर्थ है जिस वाक्यको सुनकर पुरुष कर्मविशेषमें प्रवृत्त होकर उसके अनुष्ठान द्वारा इष्टार्थका लाभ करे किं वा कर्म विशेषके अनुष्ठानसे विपरीत होकर अनिष्टका परिहार करे वही वाक्य सप्रयोजन होनेसे प्रमाण है। अत एव—

'प्रवृत्तिर्वा निवृत्तिर्वा नित्येन कृतकेन वा।
पुंसां येनोपदिश्येत तच्छास्त्रमभिधीयते॥' श्लो० वा० श० प० श्लो० ४ इति।

यह अभियुक्त वचन है। इसीसे **'स्वाध्यायोऽध्येतव्यः'** इस विधिवाक्यका यह अर्थ माना गया है कि—गुरुमुखसे अधीतवेदसे इष्टसिद्धि करे, सब साक्षात् या परम्परासे पुरुषार्थका साधन है। ऐसी सिद्धान्त-स्थितिमें भूतार्थवादी अर्थवादोंसे कोई प्रवृत्तियोग्य वा निवृत्तियोग्य अर्थका विधान नहीं है, अतः स्वाध्याय-विधिसे बोधित प्रयोजनवत्त्वलाभके लिये अर्थवादोंको विधिकी अपेक्षा है, क्योंकि उनमें फल और तत्साधन कर्मविशेषका स्पष्ट निर्देश है। विधिविहित यागादिकी प्रशंसाद्वारा विधिवाक्योंके साथ एकवाक्यतापन्न होकर अर्थवाद प्रमाण माने जाते हैं। उभयाकांक्षारूप प्रकरणसे विधि और अर्थवादका परस्पर मिथः सम्बन्ध है। अर्थवादोंको फलके बोधकवाक्यकी अपेक्षा है और फलसहित कर्मबोधक विधिवाक्यको स्वविधेयक कर्मस्तुतिकी अपेक्षा है। इस कारण दोनोंके परस्पर सम्बन्धसे दोनों सार्थक होते हैं। इसमें अनुरूप दृष्टान्त कहते हैं—**'नष्टाश्वदग्धरथवदि'**ति। भाव यह है कि जैसे नष्टाश्वरथ जिसके घोड़े नष्ट हो गये हैं, (अर्थात् नहीं है) और दग्धरथ (जिसका रथ जल गया है और घोड़े उसके हैं) उन दोनों पुरुषोंके परस्पर मिलापसे दोनों रथमें घोड़ोंको जोतकर अपने यात्रारूपी कार्यको भली भाँति निर्वाह कर लेते हैं अर्थात् नष्टाश्वके घोड़ोंकी आवश्यकताको दग्धरथ और दग्धरथकी आवश्यकताको नष्टाश्व पूर्ण करता है, और इस रीतिसे उनके अन्योन्यके प्रयोजनकी आकांक्षाको अन्योन्य सम्बन्ध ही निवृत्त करता है; वैसे ही अर्थवादोंके पुरुषार्थरूपी प्रयोजनाकांक्षाको विधिवाक्य और विधिवाक्योंके अपनी शाब्दीभावनाके इति-कर्तव्यतारूपी प्रयोजनकी प्रशंसाकी आकांक्षाको अर्थवादवाक्य पूर्ण करते हैं इसीसे विधि और अर्थवाद वाक्योंका परस्पर सम्बन्ध अतिगुणकारी और क्षीर नीरके समान अतिघनिष्ठ होता है। यहाँ तक है कि पृथक्-पृथक् दोनों वाक्य अधूरे रहते हैं और दोनों मिलकर ही एक वाक्य है यह सब अर्थ उक्त अध्ययन विधि ही के बलसे सिद्ध होता है। और यह भी इसीसे निकलता है कि वैदिक अर्थवादोंसे अन्य किसी कैसे भी वाक्यसे यदि यागादिकी प्रशंसा की जाय तो वह कदापि वैदिक शाब्दभावनाका अङ्ग नहीं हो सकता, और वैदिक अर्थवादोंका भी वैदिक आर्थीभावनासे अतिरिक्त कोई कार्य साधनीय नहीं है, अर्थात् विधि और

तदिदमुभयोः श्रवणे पूर्णमेव वाक्यम्, एकस्य श्रवणे त्वन्यस्य कल्पनया पूरणीयम्, यथा "वसन्ताय कपिञ्जलानालभेत" इति विधावर्थवादांशोऽश्रुतोऽपि कल्प्यते। "प्रतितिष्ठन्ति

अर्थवादके विषयमें उक्त अध्ययन विधिका यही अर्थ निष्कृष्ट और सारभूत है कि वैदिक अर्थवादोंसे ही प्रशंसामें लक्षणाके द्वारा प्ररोचित (प्रशंसित) और विधिवाक्योंसे ही विहित जो यागादि कर्म किया जाता है वही स्वर्गादिफलोंका साधक होता है न कि अन्य प्रकारका यह संक्षेपसे अर्थ है और प्रकृतोपयोगी है अक्षरार्थ स्पष्ट है।

दोनों के श्रवण में ही यह पूर्ण वाक्य हैं, जहाँ अर्थवाद और विधिवाक्य इन दोनों में एक ही का श्रवण है वहाँ दूसरे की कल्पनाकर वाक्यको पूर्ण किया जाता है। उदाहरण कहते हैं—'यथे'ति। 'वसन्ताय कपिञ्जलानालभेत' इस विधि वाक्यके समीप अर्थवादकी श्रुति नहीं है अतः अर्थवादकी कल्पना कर यहाँ वाक्यको पूर्ण किया जाता है। भाव यह है कि उक्त विधि वाक्यसे वसन्त देवताके प्रीत्यर्थ कपिञ्जलपक्षि-विशेषसे आलम्भन (यज्ञ) करे, आलम्भन यहाँ यज्ञार्थक है। इस विधि वाक्य में विधान करनेकी और प्रशंसा करनेको दो शक्तियाँ जैसे मानी जाती हैं वैसे ही 'वायव्यं श्वेतमालभेत भूतिकामः' इत्यादि विधि-वाक्योंमें ही प्रशंसा करनेकी शक्ति भी मान ली जाय। अतः अर्थवादोंका क्या प्रयोजन है? इसका उत्तर यह है कि—इस विधिवाक्यके समीप कोई अर्थवाद वाक्य प्रत्यक्ष पठित नहीं है इसीसे अनन्य गति होकर प्रशंसा करनेकी शक्ति भी उसी में मान ली जाती है जिसमें पूर्वोक्त दोष हटानेसे पुरुषोंकी प्रवृत्ति निर्विघ्न हो, और प्रकृतमें तो 'वायुर्वै क्षेपिष्ठा' इत्यादि अर्थवाद प्रत्यक्ष पठित ही है तो यहाँ उक्त क्लेश की आवश्यकता नहीं है।

प्रश्न—यदि विधि शक्तिके न रहने से अर्थवाद आर्थीभावनाका बोध नहीं कराते तो अपने अक्षरोंके पढ़ानेका ही बोध करावे पुनः ऐसी दशामें उनकी लक्षणा किस प्रयोजनसे प्रशंसामें मानी जाती है?

उत्तर—अर्थवाद अपने अक्षरोंके अनुसार सिद्ध ही अर्थका बोध कराते हैं और उससे पुरुषोंकी प्रवृत्ति नहीं होती। इसीसे अर्थवाद वाक्य ऐसे अर्थका बोध कराकर सप्रयोजन हो सकते हैं कि जिससे पुरुषोंकी प्रवृत्ति हो सके और ऐसा अर्थ वही हो सकता है जो कि पुरुषार्थरूपी है, और अक्षर पाठ तो परिश्रमदायी होनेसे पुरुषार्थ रूप नहीं है इसीसे उसके बोध कराने पर भी अर्थवादों की अपनी सफलताकी आकांक्षा पूर्ण नहीं होती। इस रीतिसे अनन्य गति होकर पुरुषोंकी प्रवृत्तिके लिये अर्थवाद अपनी-अपनी पुरुषार्थकी आकांक्षा की प्रशंसाके ही द्वारा बोध करानेसे परिपूर्ण करते हैं। सारांश यह है कि विधि और अर्थवाद दोनों मिलकर ही एक वाक्य पूर्ण होता है इसीसे पूर्वोक्त 'वसन्ताय कपिञ्जलान्' इत्यादि विधि वाक्यमें जहां कि अर्थवाद प्रत्यक्ष पठित नहीं है, कल्पित अर्थवादोंसे विधिवाक्य पूर्ण किये जाते हैं। और 'प्रतितिष्ठन्ति ह वा' इत्यादि अर्थवादवाक्यों में (जहाँ कि विधि वाक्य प्रत्यक्ष पठित नहीं है) कल्पित विधिवाक्योंसे अर्थवाद वाक्य पूर्ण किये जाते हैं, जैसे 'प्रतितिष्ठन्ति ह वा य एता रात्रीरुपयन्ति' जो इस रात्रिसत्र को

ह वा य एता रात्रीरुपयन्ति" इत्याद्यर्थवादे विध्यंशः। तथा च सूत्रम्—**"विधिनात्वेकवाक्यत्वात्स्तुत्यर्थेन विधीनां स्युः"**मी. द. १-२-सू. ७ इति। विधिना-स्तुतिसाकाङ्क्षेण प्रयोजनसाकाङ्क्षाणामर्थवादानामेकवाक्यत्वाद्विधीनाम्-विधेयानां स्तुत्यर्थेन-स्तुतिप्रयोजनेन स्तुतिरूपेण प्रयोजनसाकाङ्क्षेण लाक्षणिकेनाऽर्थेन वाऽऽनर्थक्याभावादर्थवादा धर्मे प्रमाणानि स्युरितितस्यार्थः।

करते हैं वे अवश्य ही प्रतिष्ठा पाते हैं, ऐसे अर्थवादवाक्योंके विषयमें सब मीमाँसकोंका एकवाक्यतासे यह सिद्धान्त है कि—ऐसे वाक्य यज्ञकी प्रशंसा भी करते हैं और यज्ञ फलका निश्चय भी कहते हैं। यद्यपि ऐसे वाक्योंके समीपमें रात्रिसत्र आदि यज्ञोंके विधान करनेवाले कोई विधिवाक्य नहीं श्रुत है तथापि ऐसे अर्थवाद वाक्योंके बलसे ही प्रतिष्ठा आदि फलके निश्चय द्वारा **'प्रतिष्ठाकामा रात्रिसत्रं कुर्युरि'ति** प्रतिष्ठाकी इच्छा वाले पुरुष रात्रिसत्रको करें इत्यादि विधिरूपी वाक्यकी अर्थात् कल्पना की जाती है। और इन यज्ञोंमें पुरुषोंकी प्रवृत्तिके लिये अनन्तरोक्त अर्थवाद वाक्य ही उन यज्ञोंकी प्रशंसा भी करते हैं, अर्थात् इन अर्थवाद वाक्योंमें दो शक्तियाँ मानी गयी हैं, एक प्रतिष्ठादि फलोंके स्वरूप बतलाने की, और दूसरी प्रशंसाके बोध कराने की, और अधिक क्या कहना है। आर्थीभावनाके निरूपणमें इसी ग्रन्थमें 'स्वाध्यायः-अध्येतव्यः' वेद अवश्य पढ़े इस वाक्यसे अर्थात् अनेक वाक्योंकी कल्पनाके द्वारा वेदका पुरुषार्थ साधक होना वताया गया है यह संक्षिप्तार्थ है विशेष मीमांसा के आकर ग्रन्थों में देखिये।

उक्त अर्थ में मीमांसासूत्र प्रमाण कहते हैं—**'विधिने'**त्यादि। **'आम्नायस्य क्रियार्थत्वादानर्थक्यमतदर्थानाम्'** मी. द. १-२-१ इस सूत्रसे अर्थवादमें अप्रामाण्यकी आशंका कर 'विधिने'त्यादि सिद्धान्त सूत्र है। स्तुति साकांक्ष विधिके साथ प्रयोजन सांकाक्ष अर्थवादोंकी एकवाक्यता होने पर विधेयके स्तुतिप्रयोजनसे साकांक्ष लाक्षणिक अर्थसे वा अर्थवादोंमें आनर्थक्य नहीं होता अतः वे धर्ममें प्रमाण हैं यह उक्त सूत्रका अर्थ है। भावार्थ यह है कि विधिवाक्य अपने विधेय यज्ञादि क्रियामें पुरुषोंकी प्रवृत्तिके लिये विधेय स्तुतिकी तथा अर्थवाद वाक्य भी अपने प्रयोजनकी आकांक्षा करते हैं, इससे स्तुतिरूप अर्थके द्वारा अर्थवादवाक्य विधि वाक्योंसे मिलकर विधिवाक्यों ही में अन्तर्गत हो दोनों एक महावाक्यरूप हो जाते हैं और विधिवाक्य तो पुरुषको प्रवृत्ति करानेसे धर्ममें प्रमाण होते ही हैं इसीसे उनके अन्तर्गत अर्थवाद भी धर्ममें प्रमाण होते हैं। तात्पर्य यह है कि विधिवाक्य अर्थवादोंको लेकर ही पूर्ण वाक्य कहलाते हैं, और विधिसे पृथक् वे कोई वस्तु नहीं है किन्तु उसींके अङ्ग हैं। यद्यपि विधिवाक्य यज्ञादि कर्मोंमें पुरुषकी प्रवृत्ति कराते हैं तथापि यज्ञोंमें परिश्रम और धनव्यय अधिक होनेके कारण जब पुरुषोंका मन यज्ञोंसे हटने लगता है तब अर्थवादवाक्य ही यज्ञोंकी प्रशंसा द्वारा पुरुषोंको यज्ञोंसे हटने नहीं देते इसी सहायता देनेके कारण अर्थवादवाक्य विधिवाक्योंके अङ्ग होकर धर्ममें प्रमाण होते हैं। यह कोई अपूर्व कल्पना नहीं है, किन्तु लोकप्रसिद्ध ही-

लोकवेदाधिकरणन्यायेन शंका, तन्निरासश्च ।

ननु 'य एव लौकिकाः शब्दाः, त एव वैदिकाः, त एव चाऽमीषामर्थाः' इति न्यायाद्विधिशब्दस्य लोके यत्र शक्तिर्गृहीता, वेदेऽपि तदर्थकेनैव तेन भवितव्यम् । लोके च प्रेषणादि पुरुषधर्मवाचित्वं क्लृप्तमिति, वेदे शब्दभावनावाचित्वं कथमुपपद्यते ?, उच्यते—लोकवेदयोरैकरूप्यमेव । तथा हि——लोके प्रेषणादिकं न तेन तेन रूपेण विधिपदवाच्यम्, अननुगमेन नानार्थत्वप्रसङ्गात् । तद्वदेव भावनावाचित्वोपपत्तेश्च । किं तु प्रेषणाध्येषणानुज्ञास्वस्ति प्रवर्तनात्वमेकम्,

---

विषय है, जैसे विधि इस गौ को खरीदो इसका अर्थवाद यह है कि यह विकाऊ है बहुत दूध देनेवाली है इत्यादि पूर्वमें कह चुके हैं । उक्त विधि वाक्य उसके खरीदनेमें पुरुषको प्रवृत्त कराता है परन्तु यदि मूल्य अधिक होनेसे पुरुष उसके खरीदनेसे रुकने लगता है तब उक्त अर्थवाद गौके उक्त गुणोंको दिखलाकर उक्त पुरुष में गौके गुणोंके अनुसार अधिक मूल्यकी न्यूनता निश्चय कराता हुआ लाभ दिखानेके द्वारा पुरुषको उस गौके खरीदनेसे हटने नहीं देता ।

'ननु' से शंका करते हैं—जों लौकिक शब्द हैं वे ही वैदिक हैं अतः जो शब्द जिस अर्थमें लौकिकवाक्योंमें प्रयुक्त होते हैं वे ही शब्द वैदिकवाक्योंमें पाये जाते हैं, अतः उनका अर्थ भी वही है जो लोकप्रयुक्त शब्दोंका है उससे भिन्न नहीं इस नियमके अनुसार लोकमें विधिशब्दकी शक्ति जिस अर्थमें ज्ञात है वेदमें भी तदर्थक ही विधि शब्द हो सकता है अन्यार्थक नहीं ।

शङ्का—लोक में प्रेरणादि जो पुरुष धर्म है उसके वाचक विधिशब्द लोकमें प्रसिद्ध है फिर वेदमें वह शब्दभावनावाची कैसे हो सकता है ?

'उच्यते' से समाधान करते हैं—यह ठीक है कि जो लौकिक शब्द हैं वे ही वैदिक हैं अर्थ भी दोनों की एक ही हैं दोनोंके स्वरूप तथा अर्थ में भेद नहीं है । लोकमें भी प्रेरणा अध्येषणादि तत्तद्रूप प्रेरणात्वादिसे विधिपदके वाच्य नहीं हैं, क्योंकि उन धर्मोंके अननुगत होनेसे विधिशब्द नानार्थक हो जायगा । जिसके शक्यतावच्छेदक अनेक धर्म होते हैं वे नानार्थक होते हैं जैसे हरि आदिशब्द इन्द्रत्व विष्णुत्व सिंहत्वादि नानाधर्म शक्यतावच्छेदक है इस कारण वह नानार्थक माना जाता है वैसे ही विधिशब्द भी नानार्थक हो जायगा एकार्थक हो सके तो अनेकार्थक मानना उचित नहीं, यह शास्त्र का सिद्धान्त है । प्रकृतमें विधिशब्द प्रेरणा, अध्येषणा, अनुज्ञा आदिमें प्रवर्तनात्व एक धर्म है वही विधिपदका वाच्य है और वही वैदिक शब्दभावना भी हैं, अतः प्रेरणावाचित्व लौकिक वैदिक विधिशब्दों में समान ही है इसलिये वही प्रेरणात्व लिङादि वाच्य है । वह शब्दभावनारूप प्रेरणा लौकिक शब्दमें नहीं, क्योंकि लौकिक शब्दोंके प्रयोक्ता (प्रयोग करने वाले) राजा आदिमें ही प्रेरणा प्रतीत होती है । अतएव राजासे बालकसे प्रेरित होकर मैं यह कार्य करता हूँ इत्यादि व्यवहार लोकमें देखा जाता है यह पूर्वमें कह चुके हैं । प्रवर्तना प्रवर्त-

तच्च शब्दव्यापारेऽपि तुल्यमिति, तदेव लिङादिपदवाच्यम् । तच्च लौकिकशब्दे नास्त्येव, तत्र राजादीनामेव प्रवर्तकत्वात् । प्रवर्तकव्यापार एव हि प्रेषणात्वेन [इत्यादिना] न विधिपद-वाच्यम्, किन्तु प्रवर्तनात्वेन वाच्यम्, प्रवर्तना प्रवर्तकत्वं च राजादेरिव वेदस्याप्यनुभवसिद्धम् । ननु वेदेऽपि प्रवर्तनावानीश्वरः कल्प्यतां लोके राजादिवत् । तदुक्तम्—'**विधिरेव तावद्गर्भ इव श्रुतिकुमार्याः पुंयोगे मानमि**'ति । न । वेदस्यापौरुषेयत्वात् । न हि वेदस्य कर्ता पुरुषो लोके, वेदे वा प्रसिद्धः, तत्कल्पने च तज्ज्ञानप्रामाण्यापेक्षया वेदप्रामाण्ये निरपेक्षत्वेन स्थितं स्वतः-प्रामाण्यं भग्नं स्यात् । बुद्धवाक्येऽपि प्रामाण्यप्रसङ्गाच्च । ईश्वरवचनत्वे समानेऽपि बुद्धवाक्यं न प्रमाणम्, वेदवाक्यन्तु प्रमाणमिति सुभगाभिक्षुकन्यायप्रसङ्गः । महाजनानामुभय-

कत्व जैसे राजा आदिमें लोकमें देखा जाता है वेदमें भी वैसे ही विधिसे प्रेरित होकर यह कार्य करता हूँ ऐसा कहने वाले लोग लोकमें पाये जाते हैं । भाव यह है कि लोकमें भी आज्ञादिरूपी अनेक प्रेरणायें पृथक्-पृथक् विधिशब्दके अर्थ नहीं हैं, क्योंकि यदि ऐसा स्वीकार किया जाय तो लिङादिशब्दोंकी अनेक शक्तियों के स्वीकार करनेसे महागौरव दोष होगा । किन्तु सामान्यरूपसे प्रेरणा ही लिङादि शब्दोंका अर्थ है और उसीमें आज्ञादि सभी विशेष प्रकार अन्तर्गत हो जाते हैं, तथा प्रेरणा व्यापारका ही नाम है, चाहे वह चेतन का हो या अचेतनका ? तो ऐसी स्थितिमें जैसे चेतनका व्यापार लौकिक लिङादिशब्दोंका अर्थ है वैसे ही शाब्दीभावना भी वैदिक लिङादि शब्दोंका अर्थ है, क्योंकि वह भी शब्दका व्यापार ही है । इस रीतिसे लोक और वेदमें लिङादि शब्दोंका प्रेरणारूपी अर्थ तुल्य ही है, जैसे लोकमें राजा आदि पुरुषोंके प्रवर्तक होते हैं वैसे ही वेदमें लिङादिशब्द प्रवर्तक है और जैसे लोकमें पुरुषोंकी प्रवृत्ति देखी जाती है वैसे ही यज्ञादिरूपी वैदिक कर्मोंमें भी यह सब लोगोंके अनुभवसे सिद्ध है ।

'ननु' से प्रश्न करते हैं—वेदमें भी प्रवर्तनावान् ईश्वरकी कल्पना करो लोकमें जैसे राजा आदि प्रवर्तक है जैसे ही वैदिककर्ममें ईश्वर प्रवर्तक हैं । जैसे लोकमें प्रेरणा बोधक वाक्यका प्रयोक्ता राजादि है वेदका प्रयोक्ता ईश्वर है, यह न्यायकुसुमाञ्जलिमें उदयनाचार्यने कहा है कि—**'विधिरेव तावद्गर्भ इव श्रुतिकुमार्याः पुंयोगे मानम्'** इति । जैसे कुमारीका गर्भ ही कुमारी अदृष्ट पुरुषसंयोगमें प्रमाण है वैसे ही श्रुतिपुरुष संयोगमें विधि ही अदृष्टपुरुष-ईश्वरके संयोगमें प्रमाण है ।

उत्तर **'न'** इत्यादिसे देते हैं—वेद अपौरुषेय-पुरुषसे नहीं प्रणीत है, क्योंकि वेदका कर्ता पुरुष न वेदमें और न लोकमें ही प्रसिद्ध है फिर भी उसकी कल्पना करने पर उसके ईश्वरके ज्ञानके प्रामाण्यकी अपेक्षासे निरपेक्षत्वरूप स्वतः प्रामाण्यका वेदमें भङ्ग हो जायगा । और बुद्धवाक्य प्रमाण नहीं है वेदवाक्य प्रमाण हैं

सिद्धत्वाभावेन तत्परिग्रहापरिग्रहाभ्यामपि विशेषानुपपत्तेः । ईश्वरप्रेरणाया लोकवेदसाधारणत्वेन लोकेऽपि राजादीनां प्रेरकत्वं न स्यात् । ईश्वरप्रेरणायां स्थितायामेव राजादिरप्यसाधारणतया प्रेरक इति चेत् ?, हन्त ! सा तिष्ठतु, न वा । किं त्विहाप्यसाधारणः प्रेरको वेद एव राजादिस्थानीय इत्यागतं मार्गे । ईश्वरप्रेरणायाः साधारणाया असाधारणप्रेरणासहकारेणैव-

---

यह **"सुभगाभिक्षुकन्याय'** का प्रसङ्ग हो जायगा । बौद्ध और वैदिक इन दोनोंमें उभय सम्मत कोई एक महाजन-महापुरुष हो नहीं सकता अतः तत्स्वीकार अस्वीकारसे भी दोनोंमें कुछ विशेष नहीं हो सकता. और ईश्वर प्रेरणा लोक वेदमें एक-सी है । यह तो कह नहीं सकते कि वैदिक ही कर्ममें ईश्वर प्रेरक होते हैं लौकिक कर्मोंमे नहीं, क्योंकि ऐसा कहनेमें कुछ प्रमाण नहीं, और राजा आदि प्रवर्तक नहीं होंगे । ईश्वर-प्रेरणा रहने पर भी राजा आदि असाधारण प्रेरक माने जाते हैं यदि यह कहा जाय तो इसका उत्तर देते हैं—**'हन्त'** इत्यादि से । 'हन्त ! हर्षेऽनुकम्पायां वाक्यारम्भविषादयोः' इस अमरकोशके अनुसार 'हन्त' शब्द हर्षादिका द्योतक है, अथवा प्रतिवादिपक्ष में विषादका सूचक है । ईश्वरकी प्रेरणा हो या न हो फिर भी असाधारण प्रेरक जैसे लोकमें राजा आदि माने जाते हैं वैसे ही वैदिक कर्मोंमें भी असाधारण प्रेरक राजा आदिके स्थानापन्न वेद ही है । ईश्वर प्रेरणा साधारण है, अतः असाधारण प्रेरणासहकृत ही प्रवर्तक होती है यह उदयनाचार्यका मत है इसका निरूपण पूर्व में ही कर चुके हैं ।

फिर भी मूलार्थ समझनेके लिये यहाँ फिर लिखते हैं–नैयायिक वेदको ईश्वरप्रणीत पौरुषेय मानते हैं इसलिये उनके मतमें ईश्वरकी ही प्रेरणाका बोधक लिङादि शब्द है इसका खण्डन भी पूर्वमें लिख चुके हैं । यहाँ फिर लिखते हैं—यह मत ठीक नहीं है क्योंकि वेद अपौरुषेय ही है, यदि पौरुषेय होता तो उसका कर्ता भी कोई अवश्य प्रसिद्ध होगा और यदि कर्ताकी कल्पना की जाय तो ज्ञान प्रमाण है इससे वेद प्रमाण होगा और इसमें वेदका स्वतन्त्र प्रमाण होना, जो कि सिद्धान्त है वह टूट जायगा । और दोष यह भी पड़ेगा कि बुद्धवाक्य भी धर्ममें प्रमाण हो जायगा, क्योंकि वह भी ईश्वरोक्ति ही है और बुद्ध भगवान्का ईश्वरावतार होना निर्विवाद है तब किस मुखसे यह कहा जा सकता है कि वेदवाक्य प्रमाण है बुद्धवाक्य नहीं । यदि यह कहा

---

१. सुभगा स्त्री और भिक्षुक किसी घातक व्यक्तिसे आक्रान्त एवं भयग्रस्त हो किसी पुरुषकी शरण में गये । उस पुरुषने भी सोचा कि शरणागतकी रक्षा न करने पर घोर पातक लगेगा । किन्तु दोनों की रक्षा करने पर प्रबल शत्रुके घातका भय है । अतः त्याग प्राप्त होने पर (अर्थात् प्रबल शत्रुके भयसे एकका त्याग और एककी रक्षाकी भावनासे प्रेरित हो) वह सुभगाकी रक्षा करता है और भिक्षुकको छोड़ देता है उसकी रक्षा नहीं करता है । इसमें केवल उसकी इच्छा ही नियामक है अन्य कुछ नहीं । उसी प्रकार 'वेदवाक्य प्रमाण है बुद्धवाक्य नहीं ।' इस कथनमें केवल आपकी इच्छा ही प्रमाण है अन्य कुछ नहीं । क्योंकि दोनों भगवानसे प्रणीत है । वेदवाक्य भगवद्वाक्य है और बुद्ध भी भगवानके अवतार हैं अतः बुद्धवाक्य भी भगवद्वाक्य है ।

प्रवर्तकत्वात् । किंचेश्वरप्रेरणायां सर्वोऽपि विहितं कुर्यादेव, न तु कश्चिदपि लङ्घयेत्, निषिद्धेऽपि चेश्वरप्रेरणाऽस्त्येव । अन्यथा न कोऽपि तत्र प्रवर्तेतेति, तदपि विहितं स्यात् । तथा चोक्तम्—

"अज्ञो जन्तुरनीशोऽयमात्मनः सुखदुःखयोः ।
ईश्वरप्रेरितो गच्छेत् स्वर्गं वा श्वभ्रमेव वा ॥" इति ।

तस्माद्राजादिरिव वेदोऽपि स्वप्रवर्तनां ज्ञापयन्निच्छोपहारमुखेन प्रवर्तयतीति, सिद्धम्-

---

जाय कि महापुरुषोंने वेदवाक्यको स्वीकार किया है इस कारण वह प्रमाण है, बुद्धवाक्यको तो महापुरुषोंने स्वीकार नहीं किया है इस हेतु वह प्रमाण नहीं; तो इसपर यह प्रश्न होगा कि महापुरुष कौन है ? और इसपर वैदिक और बौद्धका परस्पर कलह होने लगेगा। अर्थात् जिसको वैदिक महापुरुष कहेगा उसको बौद्ध महापुरुष न कहेगा और जिसको बौद्ध कहेगा उसको वैदिक नहीं कहेगा तो जब दोनों वादीका सम्मत कोई महापुरुष नहीं हुआ तब एक वादी अपने महापुरुषके स्वीकारसे कैसे वेदको प्रमाण सिद्ध कर सकता है ?

और तीसरा दोष यह भी पड़ेगा कि यज्ञादि कर्मोंमे प्रेरणा करनेसे जैसे ईश्वर है वैसे ही लौकिक कर्मोंमें भी ईश्वर ही प्रेरक हो जायँगे, क्योंकि उनकी प्रेरणा वेद लोकमें साधारण ही है तब ऐसी दशामें लौकिक कर्मोंमे भी राजा आदि प्रेरक न कहलायेंगे। यदि यह कहा जाय कि लौकिक कर्मोंमें भी साधारण प्रेरक ईश्वर ही होते हैं किन्तु राजादिक भी असाधारण प्रेरक है तब तो बात घूमघाम कर सिद्धान्त ही पर आ गयी, क्योंकि वैदिक कर्मोंमें भी राजादिके तुल्य वेद ही असाधारण प्रेरक है। और वेदके पौरुषेय माननेवालोंको भी यह अवश्य मानना पड़ेगा कि जैसे राजादिककी असाधारण प्रेरणाके विना ईश्वर की प्रेरणा लौकिक कार्योंमें पुरुषोंकी प्रवृत्ति नहीं कराती वैसे ही वेदकी असाधारण प्रेरणाके विना यज्ञादिरूपी वैदिक कर्मोंमें भी वह किसी की प्रवृत्ति नहीं कराती। तथा वेदकी असाधारण प्रेरणा उक्त शाब्दीभावना ही है तो ऐसी दशामें शाब्दीभावना वेदको पौरुषेय माननेवालोंके गले पड़ गयी।

और चौथा दोष यह भी पड़ेगा कि वेदमें ईश्वरकी प्रेरणा मानी जाय तो वेद विहित कर्मोंको सभी अधिकारी करेंगे ही अर्थात् कोई कदापि उसका उल्लङ्घन न करेंगे, क्योंकि जैसे सन्ध्यावन्दनादिरूपी विहित कर्मोंमें ईश्वरकी प्रेरणासे प्रवृत्ति होती है वैसे ही ब्रह्महत्यादिरूपी निषिद्ध कर्मोंमें भी। और यदि ऐसा न मानी जाय तो ब्रह्महत्यादिरूपी कर्ममें कदापि किसीकी प्रवृत्ति ही न होगी और विहितमें सदा प्रवृत्ति ही यह शङ्का **'किञ्च'** से करते हैं। अर्थ तो कह ही चुके हैं। पूर्वाचार्योंने ऐसा ही कहा है—

'अज्ञो जन्तुरनीशोऽयमात्मनः सुखदुःखयोः ।
ईश्वरप्रेरितो गच्छेत् स्वर्गं वा श्वभ्र मेव वा ॥' इति ।

यह अज्ञानी कर्मपरतन्त्र प्राणी अपने सुख दुःखमें पराधीन है क्योंकि ईश्वरसे प्रेरित होकर स्वर्ग-

लोक-वेदयोरैकरूप्यम् । पूर्वमीमांसकानां स्वतन्त्रो वेदः, ब्रह्ममीमांसकानां तु ब्रह्मविवर्तस्तत्परतन्त्रो वेद इति यद्यपि विशेषः, तथाऽपि श्वसिततुल्यत्वेन वेदस्यापौरुषेयत्वमुभयेषामपि समानम् ।

प्रवर्तनास्वरूपकथनम् ।

अत्र च प्रवृत्त्यनुकूलव्यापारत्वं प्रवर्तनात्वं सखण्डः, अखण्डो वोपाधिः । तस्मिन्विधिपदशक्येऽपि तदाश्रयविशेषोपस्थितिर्गवादितुल्यैव । अनुकूलव्यापारत्वं वा शक्यं प्रवृत्त्यंशस्त्वाख्यातत्वेन शक्त्यन्तरलभ्य एव । दण्डीत्यत्र सम्बन्धिनि मतुवर्थे प्रकृत्यर्थदण्डांशवत् । फलसाधन-

वा नरकको जाता है । अब यह दोष स्वप्न हो गया कि ईश्वरको वेदका कर्ता मानकर उनकी प्रेरणासे वैदिक कर्मोमें यदि पुरुषोंकी प्रवृत्ति मानी जाय तो जो कर्म निषिद्ध कहलाते हैं वे भी विहित कहलाने लगेंगे इससे अधिक अन्यत्र देखिये ।

इससे यह सिद्ध हो गया कि राजादिके समान अपनी प्रवर्तनाको जनाता हुआ वेद भी पुरुषोंमें इच्छा उत्पन्न कर कर्मोंमें उनकी प्रवृत्ति कराता है और लोक वेदमें प्रवृत्ति करानेकी व्यवस्था एक ही है। मीमांसाकी अपेक्षासे वेदान्तमें वेदके विषयमें जो विशेष है वह कहते हैं—**'पूर्वमीमांसेति'** से । पूर्वमीमांसकोंके मतमें वेद अत्यन्त स्वतन्त्र है और ब्रह्ममीमांसकोंके (वेदान्तियोंके) मतमें वह ब्रह्मका विवर्त और उसके परतन्त्र है, क्योंकि उनका विवर्त अर्थात् जैसे रस्सीमें सर्प कल्पित रहता है और ब्रह्ममें जगत् जैसे कल्पित है वैसे ही वेद भी उनमें कल्पित है यह दोनों मतोंका परस्पर भेद है । तथापि **'अस्य महतो भूतस्य निश्वसितमेतद्यदृग्वेदः'** यह जो ऋग्वेद है वह परब्रह्मके श्वासके तुल्य स्वाभाविक है इत्यादि वेदवाक्योंके अनुसार वेदका अपौरुषेय होना दोनों दर्शनोंके मतमें समान ही है, क्योंकि जैसे जीव ईश्वर आदि अनेक ब्रह्मके विवर्त अनादि माने गये हैं वैसे ही वेद भी । यद्यपि अनादियोंके परिगणनमें वेद नहीं परिगणित है तथापि अनन्तरोक्त वेद वाक्यके अनुसार वह परिगणन उपलक्षणमात्र है अर्थात् उस परिगणनका यह मुख्य तात्पर्य है कि जिस २ विवर्तके अनादि होनेमें प्रबल प्रमाण मिलते हैं वे सब अनादि हैं ।

'अत्र च' इत्यादिसे प्रवर्तनाका लक्षण कहते हैं—प्रवृत्त्यनुकूलव्यापारत्व प्रवर्तनात्व है । जिस व्यापारसे पुरुषोंकी प्रवृत्ति होती है तादृश व्यापारवती प्रवर्तना कहाती है वह सखण्डोपाधि स्वरूप हो या अखण्डोपाधि स्वरूप उसमें विधिपदकी शक्ति है तदाश्रय (शक्त्याश्रय) विशेषकी उपस्थिति गवादि तुल्य ही है । जैसे गोपदकी शक्ति गोत्वादिमें है इस हेतु गोपदके श्रवणसे शक्त्याश्रय गोत्वादिकी उपस्थिति होती है वैसे ही विधिपदकी शक्ति उक्त प्रेरणामें है इसलिये लिङादि विधिपदके श्रवणसे प्रवर्तनाकी उपस्थिति होती है ।

ताबोध एव प्रेरणा, तामेव कुर्वन् प्रेरको विधिः । अतः फलसाधनतैव प्रेरणात्वेन विधिपद-शक्येति मण्डनाचार्याः । फलसाधनता चार्थभावनान्वयलभ्येत्युक्तं प्राक् । इममेव च पक्षम् पार्थसारथिप्रभृतयः पण्डिताः प्रतिपन्नाः । औपनिषदानामपि केषाञ्चिदिष्टसाधनतावादोऽनेनैव मतेनोपपादनीयः ।

इष्टसाधनत्वं स्वरूपेणैव लिङादिपदशक्यम्, न प्रेरणात्वेनेति तार्किकाः । तन्न । गौरवात्, अन्यलभ्यत्वात्, अन्वयायोग्यत्वाच्च । इच्छाविषयसाधनत्वापेक्षया प्रवर्तनात्वमतिलघु,

---

लाघवार्थ अन्य अर्थ कहते हैं—अनुकूल व्यापारत्वमें ही शक्ति है प्रवृत्त्यंश आख्यात ही से लब्ध हो जाता है अतएव **'अनन्यलभ्यो हि शब्दार्थः'** अर्थ जो अन्य-लक्षणा प्रकारसे लब्ध न हो सके वही शब्दका अर्थ होता है। यह सिद्धान्त सङ्गत होता है। इसमें दृष्टान्त कहते हैं—**'दण्डी'**त्यादि । **'दण्डोऽस्ति अस्य'** इति दण्डी यहाँ पर **'अत इन् ठनौ'** इस सूत्रसे विहित मत्वर्थमें इन् प्रत्यय दण्डसम्बन्ध-वान्में होता है, और जिस अर्थमें जिस प्रत्ययका विधान होता है उस प्रत्ययका वही अर्थ है यह औत्सर्गिक अर्थ है, तथापि उक्त **'अनन्यलभ्य'** इत्यादि न्याय और लाघवके अनुरोधसे दण्ड सम्बन्धी यह अर्थ इन् प्रत्ययका न मानकर केवल सम्बन्धी अर्थ माना जाता है; क्योंकि इन् प्रत्ययकी जो प्रकृति दण्ड है उसीसे दण्ड लभ्य है। प्रत्ययविधिके उद्देश्यतावच्छेदक धर्मसे जो विशिष्ट है वही प्रकृति कहाती है उसी प्रकार प्रकृतमें भी समझना । फलसाधनताबोध ही प्रेरणा है उसीको करता हुआ विधि प्रेरक होता है अतः फल-साधनता ही प्रेरणात्वसे विधिपदका शक्य है, यह पण्डित प्रवर **श्रीमण्डन मिश्र**का मत है—

'पुंसो नेष्टाभ्युपायत्वात् क्रियास्वन्यः प्रवर्तकः ।
प्रवृत्तिहेतुं धर्मं च प्रवदन्ति प्रवर्तनाम् ॥' वि० वि० श्लो० २७ । इति ।

यह उनका श्लोक है अर्थ स्पष्ट है। प्रवर्तना फलसाधनता अर्थभावनान्वय लभ्य है यह पूर्वमें कह चुके हैं। इसके अनुसार अन्यलभ्य होनेसे विधि शब्दार्थ मानना ठीक नहीं यह सूचित करते हैं। इसी पक्षको **'पार्थसारथि'** प्रभृति बड़े विद्वानोंने माना है। किसी २ वेदान्तियोंका इष्टसाधनता वादका इसी मतसे उपपादन करना ।

इष्टसाधनता स्वरूपसे इष्टसाधनत्वेन लिङादि पदका शक्य है प्रेरणात्वसे नहीं, यह तार्किकोंका मत है । इसका खण्डन करते हैं—**'तन्ने'ति** से। इस मतमें तीन दोष कहते हैं—पहला गौरव, दूसरा अन्यलभ्यत्व, तीसरा अन्वयायोग्यत्व । इष्ट-इच्छाविषय तत्साधनत्वकी अपेक्षा प्रेरणात्व लघु शरीर शब्दार्थ हो सके तो गुरु शरीर मानना अनुचित है, क्योंकि प्रेरणामें इच्छा तद्विषयका प्रवेश नहीं है और यह भी दोष है कि प्रवृत्तिज्ञानके समान इच्छा ज्ञान भी प्रवर्तक हो जायगा। वस्तुतः जो इच्छाविषय है वह साधन है यह शब्दसे प्रतिपादन नहीं हो सकता अर्थात् इच्छाविषय इष्ट है जो स्वर्गादिपदलभ्य है। साधन-

इच्छा-तद्विषययोरप्रवेशात् । इच्छाज्ञानस्यापि प्रवृत्तिज्ञानवत्प्रवृत्तिहेतुत्वापातात् , वस्तुगत्या य इच्छाविषयः, तत्साधनमिति शब्देन प्रतिपादयितुमशक्यत्वात् । साधनत्वमात्रस्यैव शक्यत्वे च-तेनैव प्रत्ययेनोपस्थापितया प्रवृत्त्या सह श्रुत्या तदन्वयसम्भवे, पदान्तरोपस्थापितस्वर्गेण सह वाक्येन तदन्वयासंभवात्प्रवर्तनात्व एव पर्यवसानम्, श्रुत्या वाक्यस्य बाधात् । प्रत्ययश्रुतेः-पदश्रुतितोऽपि बलीयस्त्वेन **'पशुना यजेत'** इत्यत्र प्रकृत्यर्थं पशुं विहाय प्रत्ययार्थेन करणेन सहैवैकत्वस्यान्वयादेकं करणं पशुरिति वचनव्यक्त्या क्रत्वङ्गत्वमेकत्वस्य स्थितम् । किमु वक्तव्यं पदान्तरसमभिव्याहाररूपाद्वाक्याद्बलीयस्त्वमिति ।

वाक्यर्थवदन्यलभ्यत्वाच्च नेष्टसाधनत्वं पदार्थः । तथा हि-प्रवर्तनाकर्मभूता पुरुष-प्रवृत्तिरूपाऽर्थभावना किं केन कथमित्यंशत्रयवती विधिना लघुत्वेन प्रतिपाद्यत इत्युक्तं प्राक् ।

तामात्र विधि प्रत्ययार्थ है दोनों के अन्वय होने पर साध्यसाधनभावसम्बन्धकी प्रतीति हो सकती है किन्तु शीघ्रोपस्थित अत एव सन्निहितके साथ यदि अन्वय हो सके तो विलम्बोपस्थित अर्थके साथ अन्वय नहीं होता है एतन्मूलक ही बलाबलाधिकरणमें **'श्रुतिलिङ्गवाक्यप्रकरणे'** मी. द. ३-३-१४ सू. त्यादि सूत्र है । किन्तु साधनत्वमात्र लिङाद्यर्थ होगा उसका अन्वय उसी लिङ्प्रत्ययसे लकारांशके द्वारा उपस्थित आर्थीभावना रूप प्रवृत्तिके साथ अन्वय हो सकता है तो भिन्न पदोपस्थापित स्वर्गादिके साथ अन्वय नहीं हो सकता । भाव यह है कि साधनमात्र यदि लिङर्थ मानें तो साधनको साध्यकी अपेक्षा होती है और साध्यको साधनकी अपेक्षा होती है, प्रकृतमें एक ही प्रत्ययसे उपस्थित आर्थीभावना और साध्यत्वका प्रथम अन्वय होता है, क्योंकि दोनों की उपस्थिति विधिशब्द श्रवणोत्तर एकही समयमें होनेके अनन्तर साधन साध्यांशमें निराकांक्ष हो जाता है, अतः अन्वय नहीं होता । स्वर्गादि इष्टकी उपस्थिति वाक्य घटक स्वर्गादि पदसे होती है । यथा **'यजेत स्वर्ग-कामः'** इत्यादि श्रुति वाक्यसे बलवती होती है, अतः श्रौत विनियोगसे वाक्य विनियोगका सर्वथा बाध ही होता है, क्योंकि **'श्रुतिलिङ्गे'**त्यादि सूत्रने श्रुतिलिङ्गादिसे वाक्यमें दुर्बलत्वका स्पष्ट बोधन किया है । प्रबलसे दुर्बलका बाध लोकमें प्रसिद्ध ही है । इस प्रकार वाक्यके बाध होने पर साधनका प्रवर्तना हीमें पर्यवसान हो जाता है क्योंकि दोनोंका भावना हीमें अन्वय होता है । श्रुति पदश्रुतिसे बलवती होती है अत एव **'पशुना यजेत'** यहाँ पर तृतीया प्रत्ययार्थ एकत्वका प्रकृत्यर्थं पशुको छोड़कर प्रत्ययार्थ करणके साथ अन्वय होनेसे एक करण पशु है इस एकवचन व्यक्तिसे एकत्व यागाङ्ग है यह सिद्धान्त पूर्व मीमांसामें स्थित है । फिर क्या कहना है पदान्तरसमभिव्याहाररूप वाक्यसे प्रत्ययकी बलवत्तामें ।

इष्टसाधनता विधिपदार्थ है इसमें दूषणान्तर भी देते हैं वाक्यार्थके समान अन्यसे ही उक्तार्थका लाभ हो जाता है फिर उसको प्रत्ययार्थ माननेकी क्या आवश्यकता है क्योंकि शब्दका अर्थ अनन्यलभ्य ही माना

-अपुरुषार्थकर्मिकायाञ्च तस्यां प्रवर्तनानुपपत्तेरेकपदोपस्थापितमप्यपुरुषार्थं धात्वर्थं विहाय भिन्नपदोपात्तमन्यविशेषणमपि कामपदसंबन्धेन साध्यतान्वययोग्यं स्वर्गमेव पुरुषार्थं सा भाव्यतयाऽऽलम्बते, इच्छाविषयस्यैव कृतिविषयत्वनियमात् । स्वर्गं कामयते स्वर्गकाम इति कर्मण्यणि द्वितीयाया अन्तर्भूतत्वात्, यजतेरकर्मकत्वेन स्वर्गमित्युक्तेनाऽनन्वयाच्च ।

जाता है यहाँ फिर भी ग्रन्थानुरोधसे संक्षिप्तार्थ कहते हैं–शाब्दीभावना प्रवर्तनाकी कर्मविधया आलम्बनीभूत जो पुरुषप्रवृत्तिरूप आर्थीभावना है वह भी शाब्दीभावनाके समान–किं, केन, कथम्, एतदंशत्रयवाली है विधि लिङादिसे कही जाती है। यद्यपि विधि साक्षात्प्रवर्तनाका वोधक है परन्तु प्रवर्त्तना भी उक्तांशत्रयवाली होनेसे 'किं भावयेत्' इस आकांक्षासे पुरुष प्रवृत्तिका लाभ करती है इसके सम्बन्धके विना उक्त विध्यर्थ ही अपर्यवसन्न हो जायगा अतः विधिका प्रसरः-विस्तार परम्परा वहाँ तक माना जाता है यह पूर्वमें सूचित कर-चुके हैं। अब शङ्का है कि पुरुषप्रवृत्ति श्रमफलक होनेसे पुरुषार्थ सुखप्राप्ति दुःखनिवृत्ति एतदन्यतर स्वरूप नहीं है, वस्तुतः पुरुषसे ये ही दोनों अर्थ्यमान होते हैं इसलिये वास्तविक पुरुषार्थ ये ही हैं। एवं 'यजेत' इस एक पदसे उपस्थित धात्वर्थ याग भी अपुरुषार्थ स्वरूप ही है, इस हेतुसे उसका भी त्यागकर भिन्नपद-स्वर्गादिपदसे प्रतिपाद्य और काममें विशेषण (उपसर्जन) अतएव अप्रधान काम सम्बन्धसे साध्यतान्वयके योग्य पुरुषार्थस्वरूप स्वर्ग ही को भाव्यत्वसे आश्रयण करता है। इच्छाविषय ही नियमसे कृतिविषय होता है--

'ज्ञानजन्या भवेदिच्छा इच्छाजन्या कृतिर्भवेत् ।
कृतिजन्या भवेच्चेष्टा चेष्टाजन्यं फलं भवेत् ॥' इति ।

अर्थ—(ज्ञानसे इच्छा होती है इच्छासे प्रयत्न होता है प्रयत्नसे चेष्टा (कायिक व्यापार) होती है चेष्टासे फल प्राप्त होता है।)

यह प्रसिद्ध ही है। पूर्वमें 'अपि' द्वय अन्वयायोग्यत्व सूचनार्थ है। एवं 'भिन्नपदोपस्थापितमपि' को भी समझना। **'बलाबलाधिकरणोक्त'**न्याय से पद वाक्यका बाधक होता है। सारांश यह है कि उक्त बाध्य-बाधकभाव अन्वययोग्य पदार्थद्वयकी जहाँ उक्तरूपसे उपस्थिति होती है वहाँ लागू होता है अन्यत्र नहीं। स्वर्गकामकी व्युत्पत्ति दो प्रकारकी हो सकती है। एक–'स्वर्गं कामयते यः, स स्वर्गकामः'। दूसरी व्युत्पत्ति है—'काम्यते इति कामः, स्वर्गः कामो यस्य, स स्वर्गकामः'। यहाँ प्रथम व्युत्पत्तिका आश्रयण करते हैं–**'स्वर्गम्'** इत्यादिसे। कर्मण्यण् कर्मोपपदक धातुसे 'अण्' प्रत्यय होता है यह अर्थ है। कर्मसंज्ञक समीपमें उच्चरित स्वर्गपद है तत्पूर्वक 'कमु कान्तौ' इस धातुसे 'अण्' प्रत्यय होनेसे उपधावृद्धि कर स्वर्गकाम यह कृदन्त एकपद है। स्वर्गमें जो द्वितीया विभक्ति श्रुत है उसका अन्तर्भाव कृदन्तमें हो जाता है, कारण द्वितीयान्त उपपदके रहने पर ही 'अण्' प्रत्यय होता है अन्यथा नहीं। और 'यज्' धातुके अकर्मक होनेसे 'स्वर्ग'के साथ

अतएव यत्र कर्मिपदं न श्रूयते, तत्रापि तत्कल्प्यते । यथा "प्रतितिष्ठन्ति ह वा य एता रात्रीरुपयन्ति" तां. ब्रा. २३-२०-४ इत्यादौ प्रतिष्ठाकामा रात्रिसत्रमुपेयुरित्यादि । एवं च लब्धभाव्यायाम् तस्यां समानपदोपस्थापितो धात्वर्थ एव करणतयाऽन्वेति, भाव्यांशस्य कर्मिविषयेणाऽवरुद्धत्वात् । सुब्विभक्तियोग्ये धात्वर्थनामधेये ज्योतिष्टोमादौ तृतीयाश्रवणात् ।

यत्रापि नामधेये द्वितीया श्रूयते, तत्रापि व्यत्ययानुशासनेन तृतीयाकल्पनात् । तदुक्तम् महाभाष्यकारैः 'अग्निहोत्रं जुहोती'ति तृतीयार्थे द्वितीये'ति । अत एव तैः **'प्रकृतिप्रत्ययौ प्रत्ययार्थं सह ब्रूतः, तयोः प्रत्ययार्थः प्राधान्येन प्रकृत्यर्थे गुणत्वेने'**ति प्रत्ययार्थभावनां प्रति-

---

'यज्' धातुका अन्वय योग्यता भी नहीं है, अत एव जहाँ पर **'इक्श्तिपौ धातुनिर्देशे'** इस सूत्रसे 'कम्' धातुसे 'इक्' प्रत्यय होनेसे कर्मिपद कर्मिधातुका बोधक है ।

जहाँ कर्मिधातुका श्रवण नहीं है वहाँ भी उसकी कल्पना की जाती है, उदाहरण कहते हैं— **'प्रतितिष्ठन्ति ह वा य एता रात्रीरुपयन्ति'** इत्यादि स्थलमें विधिवाक्य श्रुत नहीं है तो कर्मिके श्रवणकी क्या सम्भावना ? केवल श्रवण अर्थवाद वाक्यका ही है अर्थवाद केवल व्यर्थ हो जायगा, किन्तु वेदका एक अक्षर भी व्यर्थ नहीं है यह स्वाध्यायके अध्ययन विधिका अर्थ पूर्वमें विशेषरूपसे कह चुके हैं। इसके अनुसार यहाँ 'प्रतिष्ठाकामा रात्रिसत्रमुपेयुः' इत्यादि विधिवाक्यका आक्षेप होता है, ऐसी स्थितिमें भाव्य स्वर्गके लाभ होने पर आर्थीभावनामें 'यजेत' इस तिङन्त एक पदसे याग यज्' धातुसे और लिङ्प्रत्ययके लकारांशसे उपस्थित आर्थीभावना ये दोनों समानपदसे 'यजेत'से उपस्थित है, अतः धात्वर्थ याग आर्थीभावनामें करणत्वेन अन्वित होता है यागसे स्वर्गकी भावना करें यह अर्थ होता है। कामनाविषय भाव्य स्वर्गका यागसे संबद्ध होनेसे प्रत्युत साधन होनेसे अनुकूल ही है। सुब्विभक्तिके योग्य नामधेय 'नामधेयं च नाम च' इस अमरकोशसे नामधेय और नाम ये दोनों पर्यायवाची हैं। उक्त योग्य धात्वर्थनामधेय ज्योतिष्टोमादिमें तृतीयाका श्रवण है अतः ज्योतिष्टोम नामक यागसे स्वर्गभावना करें। यह साधनत्वबोधक तृतीयाविभक्ति श्रुत ही है इसके अनुसार जहाँ सुब्विभक्तिकी योग्यता नहीं है जैसे 'यजेत स्वर्गकामः' इत्यादिमें वहाँ भी प्रकृत्यर्थ यागका भावनामें करणत्वसे ही अन्वय होता है।

प्रश्न—जहाँ नामधेयमें तृतीयाकी श्रुति [विभक्ति] नहीं है किन्तु द्वितीयाकी श्रुति है वहाँ किस सम्बन्धसे अन्वय होता है, जैसे **'अग्निहोत्रं जुहोति'** ?

उत्तर—यहाँ भी **'व्यत्ययो बहुलम् ३-२-१'** से तृतीयाके अर्थमें ही द्वितीयाका अनुशासन है, अतः यहाँ द्वितीयाका अर्थ करणत्व होनेसे करणत्वेन अर्थात् **'अग्निहोत्रहोमेन स्वर्गं भावयेत्'** अग्निहोत्र होमसे स्वर्गको उत्पन्न करे यही अर्थ माना जाता है। इसी अर्थमें व्याकरणमहाभाष्यकारकी सम्मति कहते हैं— **'तदुक्तमि'**त्यादि । अत एव महाभाष्यकारने कहा है कि **'प्रकृतिप्रत्ययौ सहार्थं ब्रूतः, तयोः**

धात्वर्थस्य गुणत्वेन करणत्वमुक्तम् । 'आख्यातं क्रियाप्रधानमि'ति वदद्भिर्निरुक्तकारैरप्येतदेवोक्तम् । भावार्थाधिकरणे च तथैव स्थितम् । तेन सर्वत्र प्रत्ययार्थं प्रति धात्वर्थस्य करणत्वेनैवान्वयनियमः । अत एव गुणविशिष्टधात्वर्थविधौ, धात्वर्थानुवादेन केवलगुणविधौ च मत्वर्थलक्षणा, विधेर्विप्रकृष्टविषयत्वञ्च । यथा **'सोमेन यजेत'** इति विशिष्टविधौ-सोमवता यागेनेति, **'दध्ना जुहोती'**ति गुणविधौ-दधिमता होमेनेति । नामधेयान्वये तु सामानाधिकरण्योपपत्तेर्धात्वर्थमात्रविधानाच्च न मत्वर्थलक्षणा, न वा विधिविप्रकर्षः ।

प्रत्ययार्थः प्रधानम्' इस न्यायसे प्रकृत्यर्थका गुणत्वेन अन्वय होता है । इसके अनुसार प्रत्ययार्थ आर्थीभावनाके प्रति धात्वर्थ यागादिका गुणत्वसे अन्वय होता है । भावनाके प्रति यागादि प्रकृत्यर्थका गुणत्वसे ही अन्वय होता है यही सिद्धान्त है। निरुक्तकारकी सम्मतिका भी निर्देश करते हैं—**'आख्यातं क्रियाप्रधानम्'** इससे । सभी मीमांसकोंकी इसमें सम्मति है । भावार्थाधिकरण में यही सिद्धान्त स्थिर किया गया है। इससे यह सिद्ध हो गया कि सर्वत्र प्रत्ययार्थ के प्रति प्रकृत्यर्थ का करणभावसे ही अन्वय होता है। **'अत एव'** से उदाहरण कहते हैं—गुणविशिष्ट धात्वर्थविधि **'सोमेन यजेत'** में, धात्वर्थानुवाद से केवल गुणविधि **'दध्ना जुहोति'** इत्यादि में मत्वर्थलक्षणा और विधिका विप्रकृष्टविषयत्व वाक्यभेदके भयसे तथा उक्त नियमसे माना गया है। और नामधेयान्वयमें यागादिके साथ ज्योतिष्टोमादिका सामानाधिकरण्य-अभेदसे अन्वय करनेसे सामानाधिकरण्यकी उपपत्ति हो जाती है उक्त लक्षणादिकी शङ्का ही नहीं क्योंकि धात्वर्थमात्र ही का विधान होनेसे मत्वर्थलक्षणा नहीं होती है और न विधिविप्रकर्ष ही। इस प्रकारसे **'ज्योतिष्टोमेन स्वर्गकामो यजेत'** यहाँ पर आख्यातका अर्थ है भावयेत्, किंभावयेत् इस आकांक्षासे कामनाविषय स्वर्ग, क्योंकि विधिश्रुति वलवती होती है और आकांक्षा उत्कट होती है ऐसा मीमांसादर्शनके षष्ठाध्यायके प्रथम अधिकरणमें स्थित है। भाव यह है कि **'सोमेन यजेत'** यहाँ पर आख्यात से भावना की उपस्थिति होने पर 'भावयेत्' यह वोध होता है। किं भावयेत्, यह आकांक्षा होने पर समानपद 'यजेत' से उपस्थित यागका अपुरुषार्थ होनेसे अन्वय न होकर भिन्न और समस्तैकदेशसे उपस्थित स्वर्गका अन्वय होता है। केन भावयेत्, इस करणकी आकांक्षासे समानपदोपस्थित धात्वर्थका ही अन्वय होता है। भिन्नपदसे उपस्थित सोमका नहीं, शीघ्रोपस्थित धात्वर्थान्वयसे भावनाकी करणाकांक्षा ही शान्त हो जाती है सोमको साध्यकी अपेक्षा है। यदि धात्वर्थ ही का साध्यत्वेन अन्वय मानकर **'सोमेन यागं भावयेत्'** सोमसे याग करे यह अर्थ मानें तो यागका साध्यत्वसे उपस्थिति ही नहीं है। यदि यागका साध्यत्वेन भावनामें अन्वय न कर सोम ही को अन्वय करें 'यागेन सोमं भावयेत्' तो 'प्रकृतिप्रत्ययौ सहार्थं ब्रूतः' इत्यादि पूर्वोक्त न्यायसे विरोध होगा, क्योंकि उक्त न्यायसे प्रकृत्यर्थका गुणत्वेन प्रधानीभूत प्रत्ययार्थ ही में अन्वय होता है अन्यत्र नहीं। और अविलम्बोपस्थित भावनामें करणत्वेन अन्वय होनेके अनन्तर उसको फिर किसी भावसे [प्रकारसे] कहीं अन्वयकी आकांक्षा ही नहीं। और सोम यागार्थ है,

तदेवं 'ज्योतिष्टोमेन स्वर्गकामो यजेतेत्यत्राऽऽख्यातार्थो भावयेदिति । किमित्याकाङ्क्षायाम् कमिविषयं स्वर्गमिति, विधिश्रुतेर्बलीयस्त्वादाकाङ्क्षाया उत्कटत्वाच्च । तथाच स्थितम् षष्ठाद्ये । ततः केनेत्यपेक्षिते यागेनेति तृतीयान्तपदसमानाधिकरणत्वात् , करणत्वेनैवान्वय-नियमाच्च । किन्नाम्नेत्यपेक्षिते ज्योतिष्टोमेनेति । तन्नाम्नेत्यर्थः । शब्दादनुपस्थितोऽपि ज्योतिष्टो-

---

यागका दो रूप है द्रव्य और देवता, किस द्रव्यके याग करें इस आकांक्षाकी शान्तिके लिये 'सोमेन' यह कहा गया है । यदि उक्त रीतिसे अन्वय करेंगे तो याग ही सोमार्थ हो जायगा यागसे सोमके स्वरूपमें तो कोई लाभ देख नहीं पड़ता अगत्या व्रीहिप्रोक्षणादिके समान तत्संस्कारार्थक कहना पड़ेगा, ऐसी स्थितिमें सोममें दृष्टार्थकत्वका सम्भव होने पर भी अदृष्टार्थकत्वकी कल्पना अनुचित ही है । प्रधान प्रत्ययार्थमें सोमका साधनत्वसे अन्वय हो ही नहीं सकता, क्योंकि उसमें अचिरोपस्थित धात्वर्थ ही करणभावसे अन्वित हो चुका है । अब उसको करणकी आकांक्षा ही नहीं है तस्मात् सोमका कैसे, कहाँ अन्वय हो ? इस अपेक्षासे यदि ऐसा कहें कि 'यागेन स्वर्गं भावयेत्, यागं च सोमेन भावयेत्' अर्थात् यागसे स्वर्गको उत्पन्न करे और यागको सोमसे सिद्ध करें तो वाक्यभेद अर्थात् दो वाक्य होंगे एक वाक्य ही वेदमें श्रुत है दो नहीं । एक-वाक्यत्वका सम्भव होने पर दो वाक्य मानना अनुचित है, अतः उपायान्तर न होनेसे सोमपदकी सोमवान्में लक्षणा मानकर **'सोमवता यागेन स्वर्गं भावयेत्'** यह अर्थ मीमांसकोंने सिद्धान्त किया है । यद्यपि लक्षणा भी दोष ही है तथापि यह पददोष है वाक्यभेद वाक्यदोष है वाक्यदोषसे पददोष अल्प होता है, क्योंकि वाक्यमें पद गुणभूत रहता है **'गुणे त्वन्याय्यकल्पना'** यह सिद्धान्त है । जहाँ गुण प्रधानोंके अन्यतरसे दोष मानना आवश्यक हो वहाँ गुणमें ही दोष मानना उचित है प्रधानमें नहीं, यही उक्त न्यायका सार है। दूसरा दोष विधिविप्रकर्ष है, विधिके साथ सोमादिका सम्बन्ध दूरस्थ पड़ जाता है । यदि 'सोमेन स्वर्गम् भावयेत्' सोम से स्वर्गको करे ऐसा अर्थ माना जाता तो विध्यर्थ भावना में 'सोमका अतिदूर-साक्षात् सम्बन्ध होनेसे विधिविप्रकर्ष (व्यवधान) न होता । लक्षणा मानने पर सोमका मत्वर्थद्वारा विधिके साथ सम्बन्ध होता है, सोम और विध्यर्थके मध्यमें मतुवर्थ विप्रकर्ष-व्यवधायक है परन्तु अगत्या ये दोनों दोष सहने पड़ते हैं ।

प्रश्न—अच्छा तो ज्योतिष्टोमादिके समान सोमको यागका नामधेय मानकर समानाधिकरण्यसे ही अन्वय करें 'सोमनामकेन यागेन स्वर्गं भावयेत्' । अर्थ—सोमनामक यागसे स्वर्ग करें, इस अर्थके माननेपर उक्त दोषद्वय नहीं होगा ?

उत्तर—ऐसा नहीं कह सकते, कारण सोम लताविशेषमें रूढ़ है, अतः वह द्रव्यवाची लोकमें प्रसिद्ध है । याग क्रियात्मक है दोनोंका अभेद प्रत्यक्षसे बाधित है । इसी प्रकार **'दध्ना जुहोति'** केवल गुणविधिमें भी समझना । 'दध्ना जुहोति' इससे केवल होमका विधान मानें तो यह वाक्य ही व्यर्थ है क्योंकि केवल होमका 'अग्निहोत्रं जुहोति' इस वाक्य ही से विधान हो चुका है । यदि विशिष्टका विधान मानें तो भी

मशब्दो भासत एव शाब्दबोधे श्रवणेनोपस्थापितस्तात्पर्यवशात्। नामधेयान्वये च न विभक्त्यर्थो द्वारं नञिवाद्यर्थान्विय इव । तेन मत्वर्थलक्षणामन्तरेणैव ज्योतिष्टोमशब्दवतेत्यन्वय-

---

विशेष्य उक्त वाक्यसे ही विहित है पुनः विधान व्यर्थ है और गौरव दोष भी है। धात्वर्थ होमका जुहोतिसे अनुवाद कर केवल दधिमात्रका विधान करें तो वाक्यभेद होगा 'होमेनेष्टं भावयेत्, होमञ्च दध्ना भावयेत्' अर्थात् दधियुक्त होमसे इष्टका सम्पादन करो और होम दधिसे करो इस प्रकार दो वाक्य हो जाते हैं, अतः मत्वर्थलक्षणा मानकर 'दधिमता होमेनेष्टं भावयेत्' अर्थात् दधियुक्त होमसे स्वर्गादि इष्टको प्राप्त करो। यदि अग्निहोत्रादिको नामधेय मानते हैं तो सामानाधिकरण्यसे अन्वयकर अग्निहोत्र नामक होमसे इष्टसिद्धि करो यह अर्थ निर्दोष सिद्ध होता है। इसी प्रकार ज्योतिष्टोमका यागके साथ सामानाधिकरण्यसे अन्वय होता है। किं नामक यागसे इस अपेक्षासे ज्योतिष्टोमादिका सम्बन्ध होता है, क्योंकि 'यजेत' इत्यादि से यागसामान्यकी प्रतीति होती है। सामान्यका अनुष्ठान असम्भव है, किसी विशेषका ही अनुष्ठान हो तो इस आकांक्षासे याग तो अनेक हैं, किस यागसे इष्टको भावना करें? इस अपेक्षासे कहा—ज्योतिष्टोम-नामक यागसे। 'ज्योतिष्टोमेन' यह तृतीयान्त है, इसके अनुरोधसे यागको तृतीयान्तसे विपरिणाम कर 'ज्योतिष्टोमेन यागेन स्वर्ग भावयेत्' यह अर्थ स्पष्ट होता है। अतएव 'भट्टपाद' का श्लोक है—

'विधाने वाऽनुवादे वा यागः करणमिष्यते।
तत्समीपे तृतीयान्तस्तद्वाचित्वं न मुञ्चति ॥' तं० वा० पृ० २७३ इति।

प्रश्न—पद से उपस्थित पदार्थ का शाब्दबोध में भान होता है प्रकारान्तरसे उपस्थित अर्थ का नहीं, अत एव 'घटमानय' इत्यादि वाक्यसे शब्दाश्रयतया उपस्थित आकाशादिका शाब्दबोध नहीं होता यह शास्त्रीय मर्यादा है। प्रकृतमें ज्योतिष्टोमादिनामधेय की शक्ति यागादिमें है स्वस्वरूपमें नहीं, अतः इससे उपस्थित यागादि अर्थका शाब्दबोधमें भान होता है, नामधेय स्वानुपूर्वी का भान शाब्दबोध में कैसे होगा? इसका उत्तर देते हैं—**'शब्दादि'**त्यादि से। शब्दशक्तिसे अनुपस्थित भी ज्योतिष्टोमादि तात्पर्यवश श्रोत्रसे उपस्थित उक्त शब्द भासित होता ही है। अध्ययनविधिका तात्पर्य अनेक प्रकारका पूर्वमें कह चुके हैं। और नामधेयके अन्वयमें विभक्त्यर्थ द्वार भी नहीं माना जाता। उदाहरण नञ्-इवादि पद है। 'घटो नास्ति, अघटः पटः' इत्यादि वाक्यसे नञर्थका अन्वय अस्तित्वादिके साथ है। एवं 'चन्द्र इव मुखम्' इत्यादि-स्थलमें इवादि सादृश्यका स्वरूपादिसम्बन्धसे मुखमें अन्वय होता है, इवादिके आगे कोई विभक्ति नहीं है, 'विभक्त्यर्थं द्वारीकृत्यैव नामार्थस्य नामार्थे धात्वर्थे वा भेदेनान्वयः' अतएव 'देवदत्तः पच्यते' 'तण्डुलः पचति' इत्यादि प्रयोग देवदत्तकर्तृक तण्डुलकर्मक पाक तात्पर्यसे नहीं होता। ठीक है, उक्त प्रयोगके दर्शनसे उक्त व्युत्पत्ति निपातातिरिक्तके समान शब्दातिरिक्त विषयक है श्रोत्रसे उपस्थित शब्दका बोध भी काव्यादिमें पाया जाता है—

'न सोऽस्ति प्रत्ययो लोके यः शब्दानुगमादृते।
अनुविद्धमिव ज्ञानं सर्वं शब्देन भासते ॥' वा० प० का० १ श्लो. १२३।

लाभः । तथाच कविप्रयोगः—'**हिमालयो नाम नगाधिराजः**' इति । हिमालयनामवानित्यर्थः । एव "मिह प्रभिन्नकमलोदरे मधूनि मधुकरः पिवति" इत्यादावगृहीतसंगतिकैकपदवति वाक्ये मधुकरादिपदं स्वरूपेणैव भासते नामधेयवन्नार्थमुपस्थापयति, प्रागगृहीतसंगतिकत्वात् । अतः एव मधुंकरशब्दवाच्य इत्यपि लक्षणानन्वयः, शक्यज्ञानपूर्वकत्वाल्लक्ष्यज्ञानस्य । स्वरूपतस्तु शब्दे भाते वाच्यवाचकसंवन्धः पश्चात्कल्प्यते संसर्गनिर्वाहायेति ।

इस 'श्री भर्तृहरिकारिका'के अनुसार शब्दकी अर्थमें और स्वानुपूर्वीमें खण्डशः शक्ति है, अतएव '**अग्नेर्ढक्**' इत्यादि सूत्रसे विहित 'ढक्' प्रत्यय अग्निशब्द ही से होता है उसके तत्पर्यायान्तरसे नहीं इत्यादि अन्यत्र विस्तृत है। तथापि श्रोत्रसे उपस्थित शब्दका शाब्दबोधमें भान माननेसे सर्वत्र निर्वाह हो सकता है फिर अनन्त शब्दोंमें अनन्त शक्तिरूप कल्पनामें गौरव है। ऐसा माननेमें यह लाभ है कि 'ज्योतिष्टोमेन'का तद्वाच्य यागमें लक्षणा कर 'ज्योतिष्टोमवता यागेन' यह अर्थ करनेकी आवश्यकता नहीं प्रत्यक्षोपस्थित ज्योतिष्टोमका अभेद सम्बन्धसे यागमें अन्वय भलीभाँति हो जाता है केवल वेद ही में ऐसी व्यवस्था नहीं की गई है। किन्तु काव्यादिमें भी यही व्यवस्था है अतएव महाकवि कालिदासका—

'**अस्त्युत्तरस्यां दिशि देवतात्मा हिमलयो नाम नगाधिराजः।**' कु० स० स० १ श्लो० १ ।

यह प्रयोग साधु सङ्गत होता है। यहाँ भी लक्षणाके विना ही हिमालयनामवाला यह अर्थ स्पष्ट प्रतीत होता है। इसी प्रकार 'इह प्रभिन्नकमलोदरे मधूनि मधुकरः पिबति' इत्यादि वाक्य, जिसमें एक मधुकर शब्दका शक्तिग्रह जिस पुरुषको नहीं है वाक्यके शेष सब शब्दोंका शक्तिग्रह है वहाँ उसके प्रति कोई व्युत्पन्नपुरुष अर्थात् जिसको मधुकर शब्दका भी शक्तिग्रह है, कहता है कि—'इह प्रभिन्नकमलोदरे मधूनि मधुकरः पिवति'। श्रोता और पदार्थोंको जानता है वे सव शब्दसे उपस्थित हो गये और प्रत्यक्षसे मधुकर को देखता है किन्तु यही मधुकर पदवाच्य है यह नहीं जानता है, किन्तु वाक्यसे यह जाना जाता है कि प्रभिन्न कमलोदरमें जो मधु (मकरन्द) पी रहा है वही मधुकर पदवाच्य है क्योंकि और शब्दोंका अर्थ-विशेष स्फुट ही जानता है। इस वाक्यसे मधुकर यह पद और मधु पीनेवाला ये ही दोनों अज्ञात सङ्गतिक है, तस्मात् इन दोनोंकी मिथः सङ्गति है इसीको प्रसिद्ध पद समभिव्याहारसे सङ्गतिग्रह कहते हैं। यहाँ पर मधुकर शब्दस्वरूपका भान ही नहीं होगा क्योंकि वह शब्दसे उपस्थित नहीं तो अर्थमें शक्तिग्रह न होनेसे नामधेयके समान अर्थका उपस्थापक न होकर केवल प्रत्यक्षोपस्थितस्वरूपसे भासित होता है अतएव तदर्थाकांक्षासे अज्ञात सङ्गतिका व्यक्तिविशेषमें ग्रहण करता है। यदि स्वरूपका भी बोध न होगा तो सङ्गतिग्रह न होगा और होता है इसलिये प्रत्यक्षोपस्थितका शाब्दबोधमें भान होता है यह मानना आवश्यक है। यदि यह कहा जाय कि मधुकर शब्दका तद्वाच्यमें लक्षणा कर शाब्दबोध में तज्ज्ञान उसका भान हो जायगा, तो ठीक नहीं, शक्यज्ञानके विना लक्षणा नहीं हो सकती क्योंकि शक्यसम्बन्ध ही लक्षणा है।

तदयं वाक्यार्थः——ज्योतिष्टोमनाम्ना यागेन स्वर्गमिष्टं भावयेत्-इति। कथमित्यपेक्षिते श्रुति-लिङ्ग-वाक्य-प्रकरण-स्थान-समाख्याभिः सामवायिकारादुपकारकाङ्गग्रामपूर्त्येति, विकृतौ प्रकृतिवदित्युपवन्धेन, नित्ये यथाशक्तीत्युपबन्धेन च, मुख्यालाभे-प्रतिनिधायापीति यावन्न्यायलभ्यं तत्पूरणम्। एवं च यागस्य स्वर्गावच्छिन्नभावनाकरणत्वेन स्वर्गकरणत्वम्, करणत्वेन च साक्षात्कर्तृव्यापारविषयत्वरूपं कृतिसाध्यत्वम् श्रुत्यर्थाभ्यां लभ्यत इति, तदुभयमपि न लिङादिपदवाच्यम्, 'अप्राप्ते शास्त्रमर्थवदि'ति न्यायात्, अनन्वयाच्च। इष्टसाधनमिति समासे गुणभूतमिष्टपदं स्वर्गकाम इति समासान्तरगुणभूतेन स्वर्गपदेन कथमन्वियादिष्टस्वर्गसाधनमिति। नहि 'राजपुरुषो वीरपुत्रः' इत्यत्र वीरपद-राजपदयोरन्वयोऽस्ति, **"पदार्थः पदार्थेनान्वेति, नतु पदार्थैकदेशेन'** इति न्यायात्। करणविभक्त्यन्तज्योतिष्टोमादिनामधेयानन्वयप्रसङ्गादिदोषाश्चास्मिन् पक्षे द्रष्टव्याः।

सम्वन्धिज्ञानपूर्वक ही सम्बन्धज्ञान होता है स्वरूपसे सम्बन्धके भान होने पर पीछे वाच्यवाचकभावरूप सम्बन्धकी कल्पना होती है अर्थात् भ्रमर (भौंरा) वाच्य है और मधुकरपद वाचक है। तस्मात् प्रकृतमें यह वाक्यार्थ होता है कि ज्योतिष्टोमनामक यागसे स्वर्ग सुखविशेषको उत्पन्न करो।

कैसे? इस अपेक्षासे श्रुति-लिङ्ग-वाक्य-प्रकरण-स्थान-समाख्याओंसे सामवायिक, आरादुपकारक अर्थात् व्रीह्यादि द्रव्य और प्रयाजादि अङ्गोंकी पूर्तिसे, विकृति सौर्यादि यागमें **'प्रकृतिवद्विकृतिः कर्तव्या'** इस अतिदेश वाक्यसे प्रकृतिके अंगोंका अतिदेशकर अपेक्षित और वहाँ अनुक्त आकांक्षाकी पूर्ति करना। नित्यकर्म अग्निहोत्रादि [सन्ध्यावन्दनादि]में जैसा सामर्थ्य हो वैसा ही उतना ही करे, मुख्यके अभावमें प्रतिनिधिके द्वारा सोमके अभावमें पूतीकका ही का 'अभावे शालिचूर्णं वा' के अनुसार उपयोग करें। मुख्यके अलाभसे कर्मका त्याग न करे जितना न्यायसे मिल सकें उतने हीसे आकांक्षाकी पूर्ति करे। इस परिस्थितिमें याग स्वर्गावच्छिन्न भावनाका करण होनेसे स्वर्गके प्रति करण है इसका अभिप्राय पूर्वमें कह चुके हैं।

करणत्वसे साक्षात् कर्तृव्यापारविषयत्वरूप कृतिसाध्यत्व श्रुति और अर्थसे लब्ध हो जाता है इस कारण इष्टसाधनत्व और कृतिसाध्यत्व ये दोनों लिङादि पदवाच्य नहीं हैं क्योंकि अप्राप्त ही अर्थमें शास्त्र अर्थवान् होता है अतएव अज्ञातार्थज्ञापकत्वरूप प्रामाण्य शब्दमें माना जाता है।

और दूसरा दोष यह भी है कि इष्टसाधनत्वका अन्वय भी असम्भव है, कारण इष्टसाधन इस समाससे गुणभूत-विशेषण इष्टपद स्वर्गकाम इस समासान्तर भिन्न समासमें गुणभूत स्वर्गपदके साथ कैसे अन्वित होगा? जिससे स्वर्गसाधन यह अर्थ हो। ऐसा प्रयोग नहीं पाया जाता कि 'राजपुत्रः वीरपुत्रः'। यहाँ पर वीरपद और राजपदका परस्पर अन्वय नहीं है क्योंकि पदार्थका पदार्थके साथ अन्वय-

एतेनेष्टसाधनत्वम्, बलवदनिष्टाननुबन्धित्वम्, कृतिसाध्यत्वमिति त्रयमपि विध्यर्थ इत्यपास्तम् , अतिगौरवात् , अर्थवादानां सर्वथा वैयर्थ्यापपत्तेश्च । अत एव कृतिसाध्यत्वमात्रं विध्यर्थ इत्यपि न, भावनाकरणत्वेनार्थलभ्यत्वादित्युक्तेः, अलौकिकः नियोगस्त्वलौकिकत्वादेव न विध्यर्थः । पराक्रान्तश्चात्र सूरिभिः । तस्मादनन्यलभ्या लघुभूताः

होता है पदार्थैकदेशके साथ नहीं यह न्याय प्रसिद्ध है । इस मतमें दोष कहते हैं---करण विभक्त्यन्त ज्योतिष्टोमादि नामधेयोंका अनन्वयप्रसंगादि दोष भी स्पष्ट ही देख पड़ते हैं ।

इससे इष्टसाधनत्व, बलवदनिष्टाननुबन्धित्व, कृतिसाध्यत्व ये तीनों लिङर्थ हैं, यह नवीन-तार्किकमत भी ठीक नहीं, क्योंकि इस मतमें पूर्वोक्त दोषों के अलावे अतिगौरव, अर्थवाद वैयर्थ्य भी है, अत एव कृतिसाध्यत्वमात्र लिङादिका अर्थ है । इसमें यद्यपि गौरवदोषका परिहार होता है तथापि अन्यलभ्य होनेसे विध्यर्थ नहीं हो सकता, भावनाकरणत्वसे अर्थात् लब्ध हो जाता है यह पूर्वमें कह चुके हैं । अलौकिक नियोग तो लोकमें प्रसिद्ध ही नहीं हैं इसीसे विधिका अर्थ नहीं हो सकता । इसके निरा-करणमें विद्वानोंने बड़ा परिश्रम किया है । भाव यह है कि समृद्ध राजाका पुरुष है इस तात्पर्यसे 'ऋद्धस्य 'राजपुरुषः' इस प्रयोगमें साधुत्वके वारणार्थ वार्तिककारने दो वार्तिक लिखे हैं—**'सविशेषणानां वृत्तिर्न, वृत्तस्य वा विशेषणयोगो न'** इति । यदि पूर्वमें ऋद्ध ही राजामें विशेषण मानकर पश्चात् समास करना चाहें तो **'सविशेषणानां वृत्तिर्न'** इस वार्तिकसे समासका निषेध होता है, क्योंकि राजा सविशेषण है, अतः पुरुषके साथ समस्त नहीं हो सकता । यदि समास करनेके बाद उक्त विशेषण दें तो **'वृत्तस्य वा विशेषणयोगो न'** इस वार्तिकसे उस प्रयोगमें असाधुत्व कहा गया है । भाष्यकारने एकार्थीभाव सामर्थ्यमें **'समर्थः पदविधिः'** इस सूत्रसे परस्परविशेष्यविशेषणभावापन्न एकार्थोपस्थितिजनकत्वरूप एकार्थीभाव है, उसमें ही समास होता है । प्रथम प्रयोगमें **'सापेक्षमसमर्थवत्'** इस न्यायसे, द्वितीय प्रयोगमें पदार्थैकदेश होनेसे पदार्थान्तरका अन्वय नहीं हो सकता, क्योंकि **'पदार्थः पदार्थेनान्वेति, न तु पदार्थैकदेशेन'** इस प्रकारसे प्रयोगद्वयकी सिद्धि मानकर उक्त वार्तिकद्वयको अनावश्यक कहा । अत एव—

'समासे खलु भिन्नैव शक्तिः पङ्कजशब्दवत्' । भू. सा. पृ. २४१ ।

पङ्कजशब्दके समान समासमें अतिरिक्त शक्ति है । इस वचनके अनुसार वैयाकरण समासमें अतिरिक्त शक्ति मानते हैं । उनके मतमें राजपदार्थ पदार्थैकदेश है यह स्पष्ट ही है । व्यपेक्षावादि-तार्किकादिके मतमें भी राजपुरुष इस षष्ठीसमासमें राजपद राजसम्बन्धीमें लाक्षणिक होनेसे उक्त पदसे राजसम्बन्धीमें राजपदार्थ विशेषणविधया उपस्थित होता है अतः पदार्थैकदेश हैं, पदनिष्ठ वृत्तिज्ञानाधीनोपस्थितीयमुख्यविशेष्यताका आश्रय पदार्थ कहाता है । पदस्य अर्थः पदका अर्थ = पदार्थ प्रकृतमें विवक्षित नहीं है अन्यथा घटत्वमें नित्यत्वके अन्वय तात्पर्यसे 'घटो नित्यः' यह भी प्रयोग साधु हो जायगा । लक्षणासे एकार्थीभावका प्रयोजन सिद्ध हो जाता समासमें शक्त्यन्तर

च प्रेरणैव लिङादिपदवाच्येति स्थितम् । प्रवर्तकन्तु ज्ञानं वाक्यार्थमर्यादालभ्यमन्यदेव सर्वेषामपि वादिनाम् । आख्यातार्थ एव च विशेष्यतया भासते । न धात्वर्थ, न नामार्थः स्वर्गकामोवेति चोक्तप्रायमेव । तेन च 'यागानुकूलकृतिमान् स्वर्गकामः' इति तार्किकमतं पुरुषविशेष्यकवाक्यार्थज्ञानमपास्तम् ।

संक्षेपेण मतं भाट्टमिदमत्रोपपादितम् ।
यद्वक्तव्यमिहान्यत्तदनुसन्धेयमाकरात् ॥ १८ ॥

इति प्रासंगिकं विध्यर्थनिरूपणं समाप्तम् ।

माननेकी आवश्यकता नहीं, क्योंकि लक्षणासे राजपदसे राजसम्बन्धिविषयक उपस्थिति होती है, उसमें राजपदार्थके प्रकार होनेसे पदार्थैकदेश हुआ । उसमें वीरादिपदार्थका अन्वय उक्त व्युत्पत्तिसे नहीं हो सकता, अतएव **'वषट्कर्तुः प्रथमभक्षः'** यहाँ पर मीमांसकोंने विचार किया कि भक्षणका उक्तवाक्यसे विधान नहीं कर सकते । **'हविःशेषान् ऋत्विजो भक्षयन्ति'** इस वाक्यसे भक्षण विहित ही है, भक्षणको उद्देश्य कर प्राथम्यका विधान भी नहीं हो सकता । एकप्रसरता-एकोपस्थितिनियामकताका भंग हो जायगा अर्थात् समस्तपदसे प्राथम्यप्रकारक भक्षविशेष्यक एकविशिष्टकी उपस्थिति है एकोपस्थितिविषयोंमें उद्देश्य-विधेयभावसे अन्वय नहीं होता तादृशान्वयमें भिन्न-भिन्न पदोंसे स्वतन्त्रोपस्थित पदार्थोंका ही अन्वय होता है अतः उक्त वाक्यसे प्राथम्यविशिष्टभक्षणका विधान है । यह सिद्धान्त भी उक्तार्थानुसारी है शेषका व्याख्यान कर चुके हैं **तस्मात्** से उपसंहार करते हैं । अन्यसे अप्राप्त और लघुभूत स्वल्पशरीर प्रेरणा ही लिङादिविधिपदोंका वाच्य है यही सिद्धान्त है । प्रवर्तक पुरुष प्रवृत्तिकरणज्ञानका लाभ तो वाक्यार्थ-मर्यादासे होता है किसी पदसे नहीं, जैसे **'नीलो घटः'** यहाँ अभेदका वोध संसर्गमर्यादासे होता है उसी प्रकार प्रकृतमें भी समझना । सब वादियोंके मतोंमें आख्यातार्थ ही काशाब्दबोधमें विशेष्यतया भान होता है धात्वर्थका तथा नामार्थका विशेष्यता शाब्दबोधमें भान नहीं माना जाता । **'स्वर्गकामो यजेत'** इसका अर्थ उक्त प्राय है इसको प्रायः उसके तद्व्याख्यानके समयमें कह चुके हैं । यागसे स्वर्गकी भावना करो इत्यादि अर्थ स्फुट भी है । यहाँ नैयायिक पुरुषविशेष्यक शाब्दबोध मानते हैं—**'स्वर्गकर्म-कयागकरणक भावनानुकूलकृतिमान् पुरुषः'** यह ठीक नहीं क्योंकि **प्रकृतिप्रत्ययौ सहार्थं ब्रूतः, तयोः प्रत्ययार्थः प्रधानम्'** इस न्यायसे व्याकरण और निरुक्तकारके वचनोंसे विरुद्ध है इसका पूर्वमें विवेचन हो चुका है, इस हेतु फिर उस अर्थके कहनेको आवश्यकता नहीं ।

उक्त अर्थका उपसंहार करते हैं **'संक्षेपेणेति'** से । अर्थ—संक्षेपसे **श्रीकुमारिल**भट्टपादके मतका ही उपपादन किया है यहां सब अर्थ जो वक्तव्य-विवेचन योग्य है उनको आकरग्रन्थों से जानो ॥ १८ ॥

ज्ञानं कर्म च कर्ता च त्रिधैव गुणभेदतः ।
प्रोच्यते गुणसंख्याने यथावच्छृणु तान्यपि ॥ १९ ॥

ज्ञान, कर्म और कर्ता, गुणोंके भेदसे सांख्य शास्त्रमें तीन प्रकारके कहे गये हैं, उन्हें शास्त्रानुसार सुनो ॥ १९ ॥

इदानीं ज्ञान-ज्ञेय-ज्ञातृरूपस्य, करण-कर्म-कर्तृरूपस्य च त्रिकद्वयस्य त्रिगुणात्मकत्वम्-वक्तव्यमिति, तदुभयं संक्षिप्य त्रिगुणात्मकत्वं प्रतिजानीते--'**ज्ञानमि**'त्यादिना । ज्ञानम्-प्राग्व्याख्यातम् । ज्ञेयमप्यत्रैवान्तर्भूतम्, ज्ञानोपाधिकत्वाज्ज्ञेयत्वस्य । कर्म-क्रिया '**त्रिविधः कर्मसंग्रहः**' इत्यत्रोक्ता । चकारात्करणकर्मकारकयोरत्रैवान्तर्भावः, क्रियोपाधिकत्वात्कारकत्वस्य । कर्ता-क्रियाया निर्वर्तकः च रकाराज्ज्ञाता च । कर्तुः क्रियोपाधिकत्वेऽपि पृथक्त्रैगुण्यकथनं कुतार्किकभ्रमकल्पितात्मत्वनिवारणार्थम्, ते हि कर्तैवाऽऽत्मेति मन्यन्ते । गुणाः-सत्त्वरजस्तमांसि सम्यक्-कार्यभेदेन ख्यायन्ते प्रतिपाद्यन्तेऽस्मिन्निति गुणसंख्यानं कापिलम्, । तस्मिन् ज्ञानं क्रिया च कर्ता च गुणभेदतः सत्त्वरजस्तमोभेदेन त्रिधैव प्रोच्यते । एवकारो विधान्तरनिवारणार्थः । यद्यपि कापिलं शास्त्रं परमार्थब्रह्मैकत्वविषये न प्रमाणम् , तथाप्यपरमार्थगुणगौणभेदनिरूपणे व्यावहारिकं प्रामाण्यं भजत इति, वक्ष्यमाणार्थस्तुत्यर्थं गुणसंख्याने प्रोच्यत इत्युक्तम् । तन्त्रान्तरेऽपि प्रसिद्धमिदम् , न केवलमस्मिन्नेव तन्त्रे इति स्तुतिः । यथावत्-यथाशास्त्रं शृणु-श्रोतुं सावधानो भव तानि ज्ञानादीनि । अपिशब्दात्तद्भेदजातानि च गुणभेदकृतानि ।

इस समय ज्ञान-ज्ञेय-ज्ञातृरूप, करण-कर्म-कर्तृरूप तीन तीनके दो समुदाय त्रिकद्वयमें त्रिगुणात्मकत्व कहना है । दोनों का संक्षेप कर त्रिगुणात्मकत्वकी प्रतिज्ञा करते हैं-ज्ञान पूर्व व्याख्यात है । ज्ञेय भी इसीमें अन्तर्भूत है । क्योंकि ज्ञेयत्व ज्ञानोपाधिक है । कर्म-क्रिया '**त्रिविधः कर्मसंग्रहः**' यहाँ पर कही गई है । चकारसे करण कर्म कारकका इसी में अन्तर्भाव है, क्योंकि कारक क्रियोपाधिक होता है । कर्त्ता क्रियाका उत्पादक होता है चकारसे ज्ञाता भी । कर्त्ता क्रियोपाधिक होने पर भी पृथक् त्रैगुण्यका कथन कुतार्किकोंके भ्रम कल्पित आत्मत्वके वारणार्थ हैं । वे कर्ताको ही आत्मा मानते हैं । सत्वरजस्तम ये तीनों गुण सम्यक् कार्यभेद से प्रतिपादित होते हैं जिसमें वह गुणसंख्यान कापिल सांख्यशास्त्र है । उसमें ज्ञान क्रिया और कर्ता सत्त्वरजस्तम गुणोंके भेदसे तीन ही प्रकारके कहे जाते हैं । एवकार प्रकारान्तरका निवारणार्थ है । यद्यपि उक्त सांख्य शास्त्र परमार्थ ब्रह्मके एकत्व विषयमें प्रमाण नहीं है, तथापि अपरमार्थ गुण और गौणभेद (गुणसे उत्पन्न पदार्थ) निरूपणमें व्यावहारिक प्रामाण्य है । अतः वक्ष्यमाण गुणार्थं स्तुतिके लिए

सर्वभूतेषु येनैकं भावमव्ययमीक्षते ।
अविभक्तं विभक्तेषु तज्ज्ञानं विद्धि सात्त्विकम् ॥ २० ॥

जो पुरुष जिस ज्ञानसे, पृथक्-पृथक् हुये स्थूल सूक्ष्म सभी भूतोंमें अविनाशी, सभीमें अनुस्यूत, अद्वितीय परमात्म तत्त्वको साक्षात्कार करता है उस ज्ञानको सात्त्विक जानो ॥ २० ॥

अत्र चैवमपौनरुक्त्यं द्रष्टव्यम् । चतुर्दशेऽध्याये—'**तत्र सत्त्वं निर्मलत्वात्**' इत्यादिना गुणानां वन्धहेतुत्वप्रकारो निरूपितो गुणातीतस्य जीवन्मुक्तत्वनिरूपणाय । सप्तदशे पुनः—'**यजन्ते सात्त्विका देवान्**' इत्यादिना गुणकृतविविधस्वभावनिरूपणेनाऽऽसुरं रजस्तमःस्वभावम् परित्यज्य सात्त्विकाहारादिसेवया दैवः सात्त्विकः स्वभावः संपादनीय इत्युक्तम् । इह तु स्वभावतो गुणातीतस्याऽऽत्मनः क्रियाकारकफलसंबन्धो नास्तीति दर्शयितुं तेषां सर्वेषां त्रिगुणात्मकत्वमेव, न रूपान्तरमस्ति, येनाऽऽत्मसंबन्धिता स्यादित्युच्यत इति विशेषः ॥ १९ ॥

एवं ज्ञानस्य, कर्मणः, कर्तुश्च प्रत्येकं त्रैविध्ये ज्ञातव्यत्वेन प्रतिज्ञाते, प्रथमं ज्ञानत्रैविध्यम् निरूपयति त्रिभिः श्लोकैः । तत्राद्वैतवादिनां सात्त्विकं ज्ञानमाह—'**सर्वभूतेष्वि**'त्यादिना । सर्वेषु भूतेषु-अव्याकृत-हिरण्यगर्भ-विराट्संज्ञेषु बीज-सूक्ष्म-स्थूलरूपेषु समष्टि-व्यष्ट्यात्मकेषु । सर्वेष्वित्यनेनैव निर्वाहे भूतेष्वित्यनेन भवनधर्मकत्वमुच्यते । तेनोत्पत्तिविनाशशीलेषु दृश्यवर्गेषु, विभ-

---

'गुणसंख्याने प्रोच्यते' यह कहा गया है । शास्त्रान्तरमें भी वह प्रसिद्ध है केवल इसी शास्त्रमें नहीं यही स्तुति है । यथा शास्त्रके अनुसार इनके ज्ञानों के सुननेके लिए सावधान होओ ।

यद्यपि यह पूर्वमें कहा है तथापि प्रकारान्तरसे अपुनरुक्त समझना । चौदहवें अध्यायमें सत्त्व निर्मलत्वादिसे गुणोंको बन्ध हेतु प्रकार निरूपित किया । गुणातीतमें जीवन्मुक्तत्व निरूपणके लिए सत्रहवेंमें अध्यायसे फिर '**यजन्ते सात्त्विका देवान्**' इत्यादिसे गुणकृत त्रिविध स्वभाव निरूपणसे आसुर रजस्तमः-स्वभावका परित्याग कर सात्त्विक आहारादि सेवनसे सात्त्विक दैवस्वभाव सम्पादनीय है । यहाँ तो स्वभावतः गुणातीत आत्माका क्रिया कारक फल सम्बन्ध नहीं है यह दिखलानेके लिए सब क्रिया कारकादि त्रिगुणात्मक होनेसे रूपान्तर नहीं है, जिससे आत्मसम्बन्धिता हो यह कहते हैं यह विशेष है ॥ १९ ॥

इस प्रकार ज्ञानका कर्मका और कर्ताका प्रत्येकका तीन प्रकार जानना चाहिये यह प्रतिज्ञा करनेपर तीन श्लोकोंसे ज्ञान त्रैविध्यका निरूपण करते हैं । उसमें अद्वैतवादियोंका सात्त्विक ज्ञान कहते हैं–'**सर्वभूतेष्वि'ति** से । सब भूतोंमें अव्याकृत हिरण्यगर्भ विराट संज्ञकोंमें बीज सूक्ष्म स्थूलरूपोंमें सब समष्टि व्यष्टिभूत प्राणियोंमें '**सर्वेषु**' इसीसे निर्वाह होने पर भी '**भूतेषु**' इससे उत्पत्ति धर्मकत्व कहते हैं । उससे उत्पत्ति विनाशशील विभक्त परस्पर व्यावृत नाना रस दृश्य वर्गोंमें उत्पत्ति विनाशादि विक्रियाशून्य अदृश्य अविभक्त

पृथक्त्वेन तु यज्ज्ञानं नानाभावान् पृथग्विधान् ।
वेत्ति सर्वेषु भूतेषु तज्ज्ञानं विद्धि राजसम् ॥ २१ ॥

जो ज्ञान भेद रूप रूपसे स्थित, सभी भूतोंमें परस्पर विलक्षण, प्रतिदेहमें भिन्न-भिन्न आत्माको जानता है, वह ज्ञान राजस है ॥ २१ ॥

क्तेषु-परस्परव्यावृत्तेषु नानारसेषु अव्ययम्-उत्पत्तिविनाशादिसर्वविक्रियाशून्यमदृश्यम-विभक्तम्-अव्यावृत्तं सर्वत्रानुस्यूतमधिष्ठानतया, अवधितया चैकम्-अद्वितीयं भावम्-परमार्थ-सत्तारूपं स्वप्रकाशानन्दमात्मानं येनान्तःकरणपरिणामभेदेन वेदान्तवाक्यविचारपरिनिष्पन्ने-नेक्षते-साक्षात्करोति तन्मिथ्याप्रपञ्चबाधकमद्वैतात्मदर्शनं सात्त्विकम्-सर्वसंसारोच्छित्तिकारणम् ज्ञानं विद्धि । द्वैतदर्शनन्तु राजसम्, तामसञ्च संसारकारणम्, न सात्त्विकमित्यभिप्रायः ॥२०॥

पृथक्त्वेने'ति । 'तु' शब्दः प्रागुक्तसात्त्विकव्यतिरेकप्रदर्शनार्थः । पृथक्त्वेन-भेदेन स्थितेषु सर्वभूतेषु देहादिषु नानाभावान्-प्रतिदेहमन्यानात्मनः पृथग्विधान्-सुखिदुःखित्वादिरूपेण पर-स्परविलक्षणान् , येन ज्ञानेन वेत्तीति वक्तव्ये, यज्ज्ञानं वेत्तीति करणे कर्तृत्वोपचारात्-एधांसि पचन्तीतिवत्, कर्तुरहङ्कारस्य तद्वृत्त्यभेदाद्वा । तज्ज्ञानं विद्धि राजसमिति पुनर्ज्ञानपदमात्म-भेदज्ञानम्,अनात्मभेदज्ञानं च परामृशति । तेनात्मनां परस्परं भेदात् तेषामीश्वरात् भेदतेभ्यः ईश्वरादयोन्यतश्चाचेतनवर्गस्य भेद इत्यनौपाधिकभेदपञ्चकज्ञानं कुतार्किकाणां राजसमेवेत्य-भिप्रायः ॥ २१ ॥

अर्थ—काम्य यज्ञ, दान तप आदिके द्वारा लोकान्तरमें जाकर पुनः जन्म पाते हैं । किन्तु कामनासे रहित सत्ययज्ञ सुदानी और तपोनिष्ठ अक्षय (जिसका कभी भी विनाश नहीं) ऐसे लोकको पाते हैं । **यहाँपर** कामनाके सद् असद्भावसे फलभेद **'भविष्य'**पुराणमें दिखलाया है—

'फलं विनाप्यनुष्ठानं नित्यानामिष्यते स्फुटम्' इत्यादि से ।

अर्थ—फलके विना भी नित्य कर्मका अनुष्ठान स्पष्ट अभिलषित है । काम्य कर्म अपने फलके लिये एवं दोषनिवृत्तिके लिये ही है । नैमित्तिक कर्मोंके करने पर तीन प्रकारका फल है, पहला गृहीत पापका नाश कहते हैं । कोई पापकी अनुत्पत्ति ही मानते हैं । अन्य कोई नित्य क्रिया को आनुषङ्गिक फल समझते हैं । **तद्यथा 'आम्रे फलार्थे निमिते'** इत्यादि वचनोंसे नित्य कर्मोंकी आनुषङ्गिक फलता मानते हैं । श्रुति भी **कहती है—**

श्रुतिश्च––"त्रयो धर्मस्कन्धा यज्ञोऽध्ययनं दानमिति प्रथमः, तप एव द्वितीयः, ब्रह्मचार्याचार्यकुलवासी तृतीयोऽत्यन्तमात्मानमाचार्यकुलेऽवसादयन्" इति गृहस्थवानप्रस्थब्रह्मचारिण उक्त्वा "सर्व एते पुण्यलोका भवन्ति" इति तेषामन्तःकरणशुद्ध्यभावे मोक्षाभावमुक्त्वा, शुद्धान्तःकरणानामेषामेव परिव्राजकभावेन ज्ञाननिष्ठया मोक्षमाह––"ब्रह्मसंस्थोऽमृतत्वमेति" इति । तदेवं स्थिते ब्रह्मचारी गृहस्थो वानप्रस्थो वा मुमुक्षुः फलाभिसंधित्यागेन भगवदर्पणबुद्ध्या, स्वे स्वे तत्तद्वर्णाश्रमविहिते, न तु स्वेच्छामात्रकृते कर्मणि श्रुतिस्मृत्युदितेऽभिरतः-सम्यगनुष्ठानपरः संसिद्धिम्-देहेन्द्रियसंघातस्याशुद्धिक्षयेन सम्यग्ज्ञानोत्पत्तियोग्यताम्-लभते नरः-वर्णाश्रमाभिमानी मनुष्यः, मनुष्याधिकारित्वात्कर्मकाण्डस्य । देवादीनां वर्णाश्रमाभिमानित्वाभावाद्युक्त एव तद्धर्मेष्वनधिकारः । वर्णाश्रमाभिमानानपेक्षे तूपासनादावधिकारस्तेषामप्यस्तीति साधितं देवताधिकरणे । ननु बन्धहेतूनां कर्मणां कथं मोक्षहेतुत्वम् ? उपासनाविशेषादित्याह––स्वकर्मनिरतः सिद्धिमुक्तलक्षणां यथा-येन प्रकारेण विन्दति तच्छृणु, श्रुत्वा तं प्रकारमवधारयेत्यर्थः ॥ ४५ ॥

'त्रयो धर्मस्कन्धाः' इत्यादि ।

धर्मके तीन स्कन्ध हैं—यज्ञ, अध्ययन तथा दान यह प्रथम स्कन्ध है तप ही दूसरा स्कन्ध हैं। ब्रह्मचारी रूपसे आचार्यके कुलमें रहनेवाला अर्थात् आचार्य कुलमें अपनेको अत्यन्त क्षीण कर देनेवाला तीसरा स्कन्ध है । इस प्रकार—गृहस्थ, वानप्रस्थ और ब्रह्मचारी इन तीनोंको कहकर ये सब पुण्यलोकवासी होते हैं । उनके अन्तः-करणकी शुद्धि न होनेसे मोक्षका अभाव कहकर शुद्धान्तकरणवाले इन लोगोंका परिव्राजकभाव द्वारा ज्ञाननिष्ठासे मोक्ष कहा है—**'ब्रह्मसंस्थोऽमृतत्वमेति'** इससे । इस प्रकार ब्रह्मचारी गृहस्थ वानप्रस्थ वा मुमुक्षु फलेच्छा त्यागसे भगवदर्पण बुद्धिसे स्वस्ववर्णाश्रम विहित स्वेच्छामात्र किये हुये नहीं—श्रुति स्मृति विहित कर्ममें अभिरत-सम्यगनुष्ठानतत्पर देहेन्द्रियसंधातकी अशुद्धि निवृत्तिसे तत्त्वज्ञानोत्पत्तिकी योग्यतारूप संसिद्धिका लाभ करता है ।[1] देवता वर्णाश्रमाभिमानी न होनेसे उनका कर्मकाण्डमें अधिकार नहीं है यह ठीक ही तद्धर्ममें अनधिकार है । वर्णाश्रमाभिमानकी अपेक्षा न होनेसे उपासनादिकर्ममें देवताओंका अधिकार है यह देवताधिकरणमें सिद्ध किया गया है ।

प्रश्न—वन्ध हेतु कर्ममें मोक्षहेतुत्व कैसे ?

उत्तर—उपासनाविशेषसे स्वकर्मनिरत पुरुष तत्त्वज्ञानोत्पत्तिकी योग्यता लक्षण सिद्धि जिस प्रकार पाता है उसको सुनो सुनकर उसका निश्चय करो ॥ ४५ ॥

---

१. वर्णाश्रमका अभिमान रखनेवाला मनुष्य । कारण कर्मकाण्डका अधिकारी मनुष्य है ।

यतः प्रवृत्तिर्भूतानां येन सर्वमिदं ततम्।
स्वकर्मणा तमभ्यर्च्य सिद्धिं विन्दति मानवः ॥ ४६ ॥

जिस परमात्मासे आकाशादि भूतोंकी उत्पत्ति हुई है, और जिस परमात्मामें यह सारा संसार व्याप्त है, उस परमात्माको आश्रमोचित कर्मसे सन्तुष्ट कर, मनुष्य अन्तःकरणकी शुद्धि प्राप्त करता है ॥ ४६ ॥

'यतः' इति । यतो मायोपाधिकचैतन्यानन्दघनात्सर्वज्ञात्सर्वशक्तेरीश्वरादुपादानान्निमित्ताच्च सर्वान्तर्यामिणः प्रवृत्तिः-उत्पत्तिर्मायामयी स्वाप्नरथादीनामिव भूतानाम्-भवनधर्माणामाकाशादीनां येन चैकेन सद्रूपेण स्फुरणरूपेण च सर्वमिदं दृश्यजातं त्रिष्वपि कालेषु ततम्-व्याप्तम्, स्वात्मन्येवान्तर्भावितम्, कल्पितस्याधिष्ठानानतिरेकात् । तथा च श्रुतिः—**"यतो वा इमानि भूतानि जायन्ते, येन जातानि जीवन्ति, यत्प्रयन्त्यभिसंविशन्ति, तद्विजिज्ञासस्व, तद्ब्रह्मेति"** इति । अत्र 'यत' इति प्रकृतौ पञ्चमी । 'यतो, येने'ति चैकत्वं विवक्षितम् । **"आनन्दो-'ब्रह्मेति' व्यजानात् । आनन्दाद्ध्येव खल्विमानि भूतानि जायन्ते"** इति च तस्य निर्णयवाक्यम् । **"मायां तु प्रकृतिं विद्यान्मायिनं तु महेश्वरम्"** इत्यादिश्रुत्यन्तराच्च मायोपाधिलाभः । "यः सर्वज्ञः सर्ववित्" इत्यादिश्रुत्यन्तरात्सर्वज्ञत्वादिलाभः । एवं च श्रौत एवायमर्थो भगवता प्रकाशितः—**'यतः प्रवृत्तिर्भूतानां येन सर्वमिदं ततम्'** इति । तमन्तर्यामिणं भगवन्तं स्वकर्मणा-

जिस उपादान और निमित्त मायोपाधिक चैतन्य आनन्दघन सर्वज्ञ सर्वशक्ति ईश्वर सर्वान्तर्यामीसे स्वाप्निक रथादिके समान उत्पत्तिधर्मक आकाशादिभूतोंकी प्रवृत्ति मायामयी उत्पत्ति हुई है और जिस एक सद्रूप स्फुरणरूपसे सर्व यह दृश्य समुदाय तीनों कालोंमें व्याप्त है, अपने आत्मामें ही अन्तर्भावित है क्योंकि कल्पित वस्तु अधिष्ठानसे अतिरिक्त नहीं होता । तथा च श्रुतिः—**'यतो वा इमानि भूतानि जायन्ते, येन जातानि जीवन्ति, यत्प्रयन्त्यभिसंविशन्ति, तद्विजिज्ञासस्व, तद्ब्रह्मेति'**—(ये भूत जिससे उत्पन्न होते हैं जिससे उत्पन्न होकर जीवित रहते हैं तथा जिसमें जाकर अन्तर्भूत हो जाते हैं उसकी जिज्ञासा करो वह ब्रह्म है ।) यहां पर 'यतः' यह प्रकृतिमें पञ्चमी है, 'यतः-येन' इन दोनोंसे एकत्व विवक्षित है ।' **'आनन्दो-ब्रह्मेति व्यजानात्, आनन्दाद्ध्येव खल्विमानि भूतानि जायन्ते' इति च** आनन्द ब्रह्म है ऐसा जान लिया । आनन्दसे ही ये भूत उत्पन्न होते हैं यह उसका निर्णय वाक्य है । **'मायान्तु प्रकृतिं विद्यात् मायिनन्तु महेश्वरम्'** मायाको प्रकृति समझो महेश्वरको मायी इत्यादि श्रुत्यन्तरसे मायोपाधिका लाभ है । **'यः सर्वज्ञः स सर्ववित्'** इत्यादि श्रुत्यन्तर से सर्वज्ञत्वका लाभ है। इस प्रकार श्रुतिसे उक्त अर्थको भगवान्ने प्रकाशित किया है—
'यतः प्रवृत्तिर्भूतानां येन सर्वमिदन्ततम्' इस श्लोकसे ।

श्रेयान्स्वधर्मो विगुणः परधर्मात्स्वनुष्ठितात् ।
स्वभावनियतं कर्म कुर्वन्नाप्नोति किल्बिषम् ॥ ४७ ॥

विधिपूर्वक अनुष्ठान किये हुए पर धर्मकी अपेक्षा सम्यक्रूपसे नहीं अनुष्ठान किया हुआ भी अपना धर्म अति उत्तम है। स्वाभाविक कर्म करनेवाला पुरुष पाप नहीं प्राप्त करता ॥ ४७ ॥

प्रतिवर्णाश्रमं विहितेनाभ्यर्च्य-तोषयित्वा तत्प्रसादादैकात्म्यज्ञाननिष्ठायोग्यतालक्षणां सिद्धिम्-अन्तःकरणशुद्धिं विन्दति मानवः । देवादिस्तूपासनामात्रेणेति भावः ॥ ४६ ॥

'श्रेयानि'ति । यतः स्वधर्म एव मनुष्याणां भगवत्प्रसादहेतुः, अतः परधर्मात्सम्यगनुष्ठितादपि श्रेयान्-प्रशस्यतरः स्वधर्मो विगुणः-असम्यगनुष्ठितोऽपि । तस्मात्क्षत्रियेण सता त्वया स्वधर्मः-युद्धादिरेवानुष्ठेयः, न परधर्मो भिक्षाटनादिरित्यभिप्रायः ।

ननु स्वधर्मोऽपि युद्धादिर्बन्धुवधादिप्रत्यवायहेतुत्वान्नानुष्ठेय इति चेत् ? नेत्याह—स्वभावनियतम्-पूर्वोक्तं 'शौर्यं तेजः' इत्यादि स्वभावजं युद्धादि कर्म कुर्वन् किल्बिषम्-पापम् बन्धुवधादिनिमित्तं न प्राप्नोति । तथा च प्राग्व्याख्यातं "सुखदुःखे समे कृत्वा" इत्यत्र । विहितज्योतिष्टोमाङ्गपशुहिंसाया इव विहितयुद्धाङ्गबन्धुहिंसाया अपि प्रत्यवायहेतुत्वाभावात् । तथा चोक्तमधस्तात् ॥ ४७ ॥

जिससे सर्वभूतोंकी उत्पत्ति है और जिससे यह सब व्याप्त है उस अन्तर्यामी भगवान्को वर्णाश्रम विहित स्वकर्मसे मानव प्रसन्न कर उनके प्रसाद से ऐकात्म्यज्ञाननिष्ठा योग्यतालक्षण सिद्धि अर्थात् अन्तःकरण शुद्धि प्राप्त करता है, देवादि तो उपासनामात्रसे संसिद्धि प्राप्त करते हैं । यह मनुष्य और देवताओंमें विशेष है ॥ ४६ ॥

क्योंकि मनुष्योंका स्वधर्म ही भगवत्प्रसादका हेतु है अतः समीचीन अनुष्ठित परधर्मकी अपेक्षा स्वधर्म प्रशस्ततर है अतिशय प्रशस्त है, विगुण भी स्वधर्म-असमीचीनरूप अनुष्ठित भी अच्छा है अतः क्षत्रिय होनेसे तुमको युद्धादि अपना धर्म ही अनुष्ठेय है भिक्षाचर्यादि दूसरेका धर्म नहीं यह अभिप्राय है ।

प्रश्न—स्वधर्म भी युद्धादि बन्धुक्षयादि पाप हेतु कारण अनुष्ठानके योग्य नहीं ?

उत्तर—ऐसा नहीं स्वभावनियत पूर्वोक्त शौर्य तेज इत्यादि स्वाभाविक युद्धादि कर्म करता हुआ बन्धुहननादि निमित्तक पाप नहीं पाता ऐसा ही पूर्व में व्याख्यान कर चुके हैं । **'सुखदुःखे समे कृत्वा'** यहाँ पर । विहित ज्योतिष्टोमका अङ्ग पशुहिंसाके समान `वहित युद्धाङ्ग बन्धुहिंसा (पाप) प्रत्यवायका हेतु नहीं है ऐसा नीचे पूर्वमें कह चुके हैं ॥ ४७ ॥

सहजं कर्म कौन्तेय ! सदोषमपि न त्यजेत् ।
सर्वारम्भा हि दोषेण धूमेनाऽग्निरिवाऽऽवृताः ॥ ४८ ॥

हे कौन्तेय ! दोषपूर्ण भी स्वाभाविक कर्मका त्याग नहीं करना चाहिये। क्योंकि सभी आरम्भ (स्वधर्म तथा परधर्म) धूयेंसे अग्निके समान दोपसे आच्छादित हैं ॥ ४८ ॥

असक्तबुद्धिः सर्वत्र जितात्मा विगतस्पृहः ।
नैष्कर्म्यसिद्धिं परमां संन्यासेनाऽधिगच्छति ॥ ४९ ॥

सब विषयोंमें अनासक्त बुद्धिवाला, वशीकृत चित्तवाला और निःस्पृह पुरुष सर्वकर्मत्यागरूप सन्याससे ब्रह्मसाक्षात्कारकी योग्यतारूप परम सिद्धिको प्राप्त करता है ॥ ४९ ॥

यस्मादेवं विहितहिंसादेर्न प्रत्यवायहेतुत्वम्, परधर्मश्च भयावहः सामान्यदोषेण च सर्वकर्माणि दुष्टानि, तस्मादज्ञो वर्णाश्रमाभिमानी—हे कौन्तेय ! सहजम्-स्वभावजं कर्म सदोषमपि-विहितहिंसायुक्तमपि ज्योतिष्टोमयुद्धादि न त्यजेदन्तःकरणशुद्धेः प्राक् भवान्, अन्यो वा । ननु ह्यनात्मज्ञः कश्चित्क्षणमपि कर्माण्यकृत्वा स्थातुं न शक्नोति । न च परधर्माननुतिष्ठन्नपि दोषान्मुच्यते । सर्वारम्भाः-स्वधर्माः, परधर्माश्च सर्वे हि यस्माद्दोषेण-त्रिगुणात्मकत्वेन सामान्येनाऽऽवृताः-व्याप्ताः सदोषा एव । तथा च प्राग्व्याख्यातं **"परिणामतासंस्कारैर्गुणवृत्तिविरोधाच्च-दुःखमेव सर्वं विवेकिनः"** इति । तस्मादगत्याऽनात्मज्ञः कर्माणि कुर्वन्विषजकृमिरिव विषं सहजं कर्म युद्धादि त्रिगुणात्मकत्वेन सामान्येन बन्धुवधादिनिमित्तत्वेन विशेषेण सदोषमपि न त्यजेत्, सर्वकर्मत्यागासमर्थत्वात् । सर्वकर्मत्यागसमर्थस्तु शुद्धान्तःकरणस्त्यजेदेत्यभिप्रायः ॥ ४८ ॥

जिस कारण से ऐसा है कि विहित हिंसादि प्रत्यवायका हेतु नहीं है और दूसरेका धर्म भयप्रद है सामान्यदोषसे सब कर्म दुष्ट हैं अतः हे कौन्तेय ! यज्ञ वर्णाश्रमाभिमानी ? स्वाभाविक सदोष भी विहित-स्वकर्म हिंसादियुक्त भी ज्योतिष्टोम आप या अन्य युद्धादिका त्याग अन्तःकरण शुद्धिसे पूर्व न करे। अनात्मज्ञ कोई पुरुष क्षणभर भी कर्म न कर सकता। परधर्म का अनुष्ठान करके भी दोषसे मुक्त नहीं हो सकता। सर्वारम्भ—स्वधर्म परधर्म सब त्रिगुणात्मक दोष सामान्यसे आवृत है अर्थात् सदोष हैं। पूर्वमें ऐसा ही व्याख्यान है—**'परिणामतापसंस्कारैः गुणावृत्तिविरोधाच्च दुःखमेव सर्वं विवेकिनः'** इति। तस्मात् अनात्मज्ञ कर्मोंको करता हुआ विषोत्पन्न कृमिके समान सहज विषकर्म युद्धादि त्रिगुणात्मक होनेसे सामान्य से बन्धुवधादि निमित्त दोषसे सदोष का भी त्याग न करना। क्योंकि सर्वकर्मके त्यागमें तुम असमर्थ हो सर्व कर्म त्यागमें समर्थ शुद्धान्तःकरणवाला पुरुष है वह सर्व कर्मका त्याग करे ॥ ४८ ॥

कः पुनः सर्वकर्मत्यागसमर्थः ? यो नित्यानित्यवस्तुविवेकजेनेहामुत्रार्थभोगवैराग्येण शमदमादिसंपन्नः कर्मणा सिद्धिम्-अशुद्धिपरिक्षयद्वारा मुमुक्षुः शुद्धब्रह्मात्मैक्यजिज्ञासां प्राप्तः । **स** स्वेष्टमोक्षहेतुब्रह्मात्मैक्यज्ञानसाधनवेदान्तवाक्यश्रवणादि कर्तुं सर्वविक्षेपनिवृत्त्या तच्छेषभूतम् सर्वकर्मसन्यासं श्रुतिस्मृतिविहितं कुर्यादेव । "तस्मादेवंविच्छान्तो दान्त उपरतस्तितिक्षुः-समाहितो भूत्वाऽऽत्मन्येवात्मानं पश्येत्" इति श्रुतेः, "सत्यानृते सुखदुःखे वेदानिमं लोकममुम्-च परित्यज्याऽऽत्मानमन्विच्छेत्" आप० ध० सू० २-६-२१-१३ इति स्मृतेश्च, उपरतः-त्यक्तसर्वकर्मा भूत्वाऽऽत्मानं पश्येत् आत्मदर्शनाय वेदान्तवाक्यानि विचारयेदिति श्रुत्यर्थः । एतादृश एव 'ब्रह्मसंस्थोऽमृतत्वमे'तीति श्रुत्या धर्मस्कन्धत्रयविलक्षणत्वेन प्रतिपादितः परमहंस-परिव्राजकः । परमहंसपरिव्राजकं कृतकृत्यं गुरुमुपसृत्य वेदान्तवाक्यविचारसमर्थो यमुद्दिश्य 'अथातो ब्रह्मजिज्ञासा' इत्यादिचतुर्लक्षणमीमांसा भगवता बादरायणेन समारम्भि । कीदृशो-ऽसावित्याह—**'असक्ते'**त्यादिना ।

सर्वत्र-पुत्रदारादिषु सक्तिनिमित्तेष्वपि **असक्तबुद्धिः**-अहमेषां ममैत इत्यभिष्वङ्गरहिता-बुद्धिर्यस्य, सः । यतो **जितात्मा**-विषयेभ्यः प्रत्याहृत्य वशीकृतान्तःकरणः । विषयरागे सति-

प्रश्न—कौन फिर सर्व कर्म त्याग समर्थ है ? जो नित्य और अनित्य वस्तुके विवेकसे उत्पन्न 'इहा-मुत्रार्थ' इस लोक और परलोकके सम्बन्धी फलभोगोंके वैराग्यसे और शम दमादिसे संयुक्त अशुद्धिक्षयके द्वारा कर्मजा सिद्धिसे युक्त मुमुक्षु शुद्धब्रह्मात्मैक्य जिज्ञासाप्राप्त है उसको इष्ट मोक्ष हेतुभूतब्रह्मात्मैक्यज्ञानके कारण भूत वेदान्तवाक्यका श्रवणादि करने के लिए सर्व विक्षेपनिवृत्तिके लिये तच्छेषभूत सर्वकर्मसन्यास श्रुति और स्मृतिसे विहित करना ही चाहिये । **'तस्मादेवंवित्'** इत्यादि । अतः ऐसा जाननेवाला शान्त दान्त उपरत तितिक्षु और समाहित होकर आत्मामें आत्माका दर्शन करे इस श्रुतिसे ।

'सत्यानृते सुखदुःखे' इत्यादि झूठ-सच सुख-दुःख एवं लोक-परलोकका त्यागसे आत्माका अन्वेषण करे। यह स्मृति है । सब कर्मोंका परित्याग कर आत्मदर्शनके लिए वेदान्तवाक्योंका विचार करे यह श्रुतिका अर्थ है, एतादृश ही ब्रह्मसंस्थ मोक्ष पाता है इस श्रुतिसे धर्मस्कन्धत्रयविलक्षण रूपसे कथित परम-हंस परिव्राजक ही कृतकृत्य गुरुके पास जाकर वेदान्त वाक्योंके विचारमें समर्थ होता है। परमहंस परिव्राजकको उद्देश्य कर 'अथातो **ब्रह्मजिज्ञासा'** इत्यादि चार अध्यायोंकी ब्रह्ममीमांसाका व्यासजीने आरम्भ किया है। वह किस प्रकार हैं इसपर कहते हैं—**'असक्तः'** इत्यादि से। पुत्र दारादि सब आसक्तिके निमित्त हैं—उनमें आसक्तिरहित बुद्धिवाला अर्थात् मैं उनका हूँ ये मेरे ही हैं इस प्रकारकी

सिद्धिं प्राप्तो यथा ब्रह्म तथाऽऽप्नोति निबोध मे ।
समासेनैव कौन्तेय ! निष्ठा ज्ञानस्य या परा ॥ ५० ॥

हे अर्जुन ! अन्तःकरणकी सिद्धिको प्राप्त हुआ मनुष्य जिस प्रकार ब्रह्मको प्राप्त करता है, उस प्रकारको संक्षेपसे ही मुझसे सुनो, जो कि ज्ञानकी चरम सीमा है ॥ ५० ॥

कथं प्रत्याहरणम् ? तत्राऽऽह—'विगतस्पृहः' इति । विगतस्पृहः—देह-जीवित-भोगेष्वपि वाञ्छा-रहितः सर्वदृश्येषु दोषदर्शनेन, नित्यबोधपरमानन्दरूपमोक्षगुणदर्शनेन च सर्वतो विरक्त इत्यर्थः । य एवं शुद्धान्तःकरणः—

"स्वकर्मणा तमभ्यर्च्य सिद्धिं विन्दति मानवः ।"

इति वचनप्रतिपादितां कर्मजामपरमां सिद्धिम्-ज्ञानसाधनवेदान्तवाक्यविचाराधिकारलक्षणाम्-ज्ञाननिष्ठायोग्यतां प्राप्तः, स सन्यासेन-शिखायज्ञोपवीतादिसहितसर्वकर्मत्यागेन हेतुना तत्पूर्वकेण विचारेणेत्यर्थः । नैष्कर्म्यसिद्धिम्-निष्कर्म ब्रह्म, तद्विषयं विचारपरिनिष्पन्नं ज्ञानं नैष्कर्म्यम्, तद्रूपां सिद्धिं परमां कर्मजाया अपरमसिद्धेः फलभूतामधिगच्छति-साधनपरिपाकेण प्राप्नोति । अथवा 'सन्यासेने'तीत्थंभूतलक्षणे तृतीया । सर्वकर्मसन्यासरूपां नैष्कर्म्यसिद्धिम्-ब्रह्मसाक्षात्कार-योग्यतां नैर्गुण्यलक्षणां सिद्धिं परमां पूर्वस्याः सिद्धेः सात्त्विक्याः फलभूतामधिगच्छ-तीत्यर्थः ॥ ४९ ॥

अभिष्वङ्ग(आग्रह)रहित बुद्धि जिसकी है वह असक्तबुद्धि क्योंकि विषयोंसे खींचकर स्वाधीन किया है अन्तः-करणको जिसने वह जितात्मा है ।

प्रश्न—विषयका राग रहनेपर अन्तःकरणका प्रत्याहरण (हटाना) कैसे होगा ?

उत्तर—विगतस्पृह अर्थात् देह, जीवन और भोगोंमें वाञ्छासे रहित है सब दृश्योंमें दोष देखनेसे और नित्य बोध परमानन्दरूप मोक्षमें सुख (गुण) दर्शनसे सबसे विरक्त यह अर्थ है। जो इस प्रकार शुद्धान्तःकरण है वह मनुष्य स्वकर्मसे परमात्माका आराधन कर सिद्धि पाता है इस वचनसे बोधित कर्मज अपरमासिद्धि अर्थात् ज्ञानसाधन वेदान्तवाक्यके विचाराधिकार रूप ज्ञाननिष्ठा और योग्यताको प्राप्त हैं, वह सन्याससे-शिखा यज्ञोपवीतादिसहित सर्वकर्मोंके त्यागरूप हेतुसे अर्थात् त्यागपूर्वक विचारसे नैष्कर्म्य-सिद्धि-निष्कर्म ब्रह्म तद्विषयक विचारसे सिद्ध ज्ञान नैष्कर्म्य हैं—तद्रूपापरमा सिद्धिको जो कर्मजा अपरमा-सिद्धि है। उसके फलभूत साधनपरिपाकसे परमासिद्धिको पाता है।

अथवा 'सन्यासेन' यहाँ इत्थंभूतलक्षणमें तृतीया हैं। सर्वकर्म सन्यासरूप ब्रह्मसाक्षात्कार योग्यता नैर्गुण्य-लक्षण सिद्धि जो परमा सात्त्विक पूर्वसिद्धिका फलभूत है उस परमासिद्धिको पाता है यह अर्थ है ॥ ४९ ॥

बुद्ध्या विशुद्धया युक्तो धृत्याऽऽत्मानं नियम्य च।

शब्दादीन्विषयांस्त्यक्त्वा रागद्वेषौ व्युदस्य च॥ ५१॥

संशय विपर्ययसे शून्य बुद्धिसे युक्त धैर्यसे शरीरेन्द्रियादि समुदायको नियन्त्रित कर शब्द, स्पर्श, रूप-आदि विषयोंको त्याग कर तथा रागद्वेषको हटाकर॥ ५१॥

प्रागुक्तसाधनसम्पन्नस्य सर्वकर्मसन्यासिनो ब्रह्मज्ञानोत्पत्तौ साधनक्रममाह—**'सिद्धिमि'**त्यादिना। स्वकर्मणेश्वरमाराध्य तत्प्रसादजां सर्वकर्मत्यागपर्यन्तां ज्ञानोत्पत्तियोग्यता-रूपां सिद्धिम्-अन्तःकरणशुद्धिं प्राप्तो यथा ब्रह्म प्राप्नोति-येन प्रकारेण शुद्धमात्मानं साक्षा-त्करोति, तथा तं प्रकारं निबोध मे-मद्वचनादवधारयानुष्ठातुम्। किमतिविस्तरेण? नेत्याह—'समासेन-संक्षेपेणैव, न तु विस्तरेण हे कौन्तेय! तदवधारणे किं स्यादित्यतः आह—**'निष्ठे'**ति। निष्ठा ज्ञानस्य या परा-ज्ञानस्य-विचारपरिनिष्पन्नस्य निष्ठा-परिसमाप्तिः। यदनन्तरम्-साधनान्तरं नानुष्ठेयमस्ति। परा श्रेष्ठा, सर्वान्त्या वा, साक्षान्मोक्षहेतुत्वात्। ताम्-सिद्धिं प्राप्तस्य ब्रह्मप्राप्तिरूपां ज्ञाननिष्ठां परां संक्षेपेण निबोधेत्यर्थः॥ ५०॥

सेयं ज्ञाननिष्ठा सप्रकारोच्यते—**'बुद्ध्ये'**त्यादिना। विशुद्धया-सर्वसंशय-विपर्ययशून्यया-बुद्ध्या-अहं ब्रह्मास्मीति वेदान्तवाक्यजन्यया बुद्धिवृत्त्या युक्तः-सदा तदन्वितो धृत्या-धैर्येण

पहले कहे गये साधनसे सम्पन्न सब कर्म सन्यासीको ब्रह्मज्ञानोत्पत्तिमें साधनका क्रम कहते हैं—**'सिद्धिमित्यादि'** से। अपने कर्मसे ईश्वरकी आराधना कर उनके प्रसादसे लब्ध सर्वकर्मत्यागपर्यन्त ज्ञानो-त्पत्तिकी योग्यतारूप सिद्धि-अन्तःकरणशुद्धिको प्राप्त किया हुआ जिस प्रकारसे ब्रह्म प्राप्त करता है अर्थात् जिस प्रकारसे शुद्ध आत्माका साक्षात्कार करता है उस प्रकार मेरे वचनोंसे सुनो और अनुष्ठानके लिये निश्चय करो।

प्रश्न—क्या अतिविस्तारसे सुने।

उत्तर—हे कौन्तेय! नहीं, संक्षेपसे, विस्तारसे नहीं। उसके निश्चय करनेसे क्या होगा? अतः कहते हैं, ज्ञानकी परानिष्ठा-विचारसे परिनिष्पन्न ज्ञानकी परिसमाप्ति जिसके बाद साधनान्तर अनुष्ठेय नहीं है परा श्रेष्ठा सर्वान्त्या साक्षान्मोक्ष हेतु उस सिद्धिको प्राप्त किये हुये मनुष्यकी ब्रह्मप्राप्तिरूप ज्ञान-निष्ठा पराको संक्षेपसे समझो॥ ५०॥

इस ज्ञाननिष्ठाको प्रकारके साथ कहते हैं—**'बुद्ध्येति'**से। विशुद्ध-सब प्रकारके संशय और विपर्ययसे शून्य मैं ब्रह्म हूँ यह बुद्धि जो वेदान्त वाक्यसे जन्य बुद्धिवृत्ति है उससे युक्त सदा तदन्वित सन्यासी-

विविक्तसेवी लघ्वाशी यतवाक्कायमानसः ।
ध्यानयोगपरो नित्यं वैराग्यं समुपाश्रितः ॥ ५२ ॥

निर्जन और पवित्र स्थानों में रहनेवाला परिमित और पवित्र भोजन करनेवाला वाणी शरीर और मनको नियन्त्रित रखनेवाला सदा ध्यान और योगमें तत्पर वैराग्यका सम्यक् आश्रयण करनेवाला ॥५२॥

आत्मानम्-शरीरेन्द्रियसंघातं नियम्य-उन्मार्गप्रवृत्तेर्निवार्याऽऽत्मप्रवणं कृत्वा । चशब्देन योगशास्त्रोक्तं साधनान्तरं समुच्चीयते । शब्दादीन्-शब्द-स्पर्श-रूप-रस-गन्धान्विषयान्भोगेन बन्धहेतून्, सामर्थ्याज्ज्ञाननिष्ठार्थशरीरस्थितिमात्रप्रयोजनानुपयुक्ताननिषिद्धानपि त्यक्त्वा शरीरस्थितिमात्रार्थेषु च तेषु रागद्वेषौ व्युदस्य-परित्यज्य । चकारादन्यदपि ज्ञानविक्षेपकं परित्यज्य, **'विविक्तसेवी'**त्यत्र स्यादित्यध्याहृतेन, **'ब्रह्मभूयाय कल्पते'** इत्यन्तेन वाऽन्वयः ॥ ५१ ॥

'विविक्तसेवी'ति । विविक्तम्-जनसंमर्दरहितं पवित्रं च यदरण्य-गिरि-गुहादि, तत्सेवितुम्-शीलं यस्य सः । चित्तैकाग्र्यसंपत्त्यर्थं तद्विक्षेपकारिरहित इत्यर्थः । लघ्वाशी-लघु परिमितं हितम्-मेध्यं चाशितुं शीलं यस्य सः । निद्रालस्यादिचित्तलयकारिरहित इत्यर्थः । यतानि-संयतानि-वाक्कायमानसानि येन सः । यमनियमासनादिसाधनसंपन्न इत्यर्थः । ध्यानयोगपरो नित्यम्-चित्तस्याऽऽत्माकारप्रत्ययावृत्तिर्ध्यानम् । आत्मकारप्रत्ययेन निर्वृत्तिकतापादनं योगः । नित्यम्-

---

धैर्यसे शरीरेन्द्रिय संघातरूप आत्माको उन्मार्ग प्रवृत्तिसे निवारण कर संयम कर आत्मप्रवण होकर, 'च' शब्दसे योगशास्त्रोक्त साधनान्तर का समुच्चय है । शब्दादि-शब्द, स्पर्श, रूप, रस, गन्ध, विषयोंको जो कि भोगसे बन्धन हेतु हैं और ज्ञाननिष्ठार्थ शरीरकी स्थितिमात्र प्रयोजनमें अनुपयुक्त अप्रतिषिद्ध विषयोंका भी परित्याग कर शरीरस्थितिमात्रके लिये उनमें राग द्वेष का त्याग कर चकारसे अन्य ज्ञानके विक्षेपक विषयों का भी परित्याग कर, **'विविक्तसेवी'** हो । यहाँ पर 'स्यात्' का अध्याहार कर **'ब्रह्मभूयाय कल्पते'** यह अग्रिम द्वितीय चरणस्थके साथ अन्वय करना चाहिये ॥ ५१ ॥

'विविक्तसेवी'ति । विविक्त-जनसंपर्करहित और पवित्र जो अरण्य-गिरि (वन और पर्वत) गुहादि उसके सेवनके अनुकूल शील स्वभाव है जिसका वह चित्तकी एकाग्रता सिद्धिके लिये तद्विक्षेपकारी कारणोंसे रहित लघ्वाशी परिमित हित और पवित्र भोजनका स्वभाव है जिसका वह निद्रालस्यादि चित्तलयकारिसे रहित यह अर्थ है । संयत है वाक् काय मन जिसका वह यमनियमासनादि साधनसम्पन्न । ध्यानयोगपरायण चित्तके आत्माकार प्रत्ययकी आवृत्ति ध्यान है । आत्माकार प्रत्ययसे चित्तको निर्वृत्तिक करना योग है ।

अहंकारं बलं दर्पं कामं क्रोधं परिग्रहम्।
विमुच्य निर्ममः शान्तो ब्रह्मभूयाय कल्पते ॥ ५३ ॥

अहङ्कार, बल, दर्प (हर्षजन्यमद) काम (विजयाभिलाष) क्रोध, परिग्रह-वस्तुओंका संग्रह इन सबको त्यागकर निर्मम और शान्त संन्यासी ब्रह्मसाक्षात्कारके लिये समर्थ होता है ॥ ५३ ॥

सदैव तत्परः-तयोः- अनुष्ठानपरः, न तु मन्त्रजप-तीर्थयात्रादिपरः कदाचिदित्यर्थः । वैराग्यम्-दृष्टादृष्टविषयेषु स्पृहाविरोधिचित्तपरिणामं समुपाश्रितः-सम्यङ्निश्चलत्वेन नित्यमाश्रितः ॥५२॥

'अहंकारमि'ति। अहङ्कारम्-महाकुलप्रसूतोऽहं महतां शिष्योऽतिविरक्तोऽस्मि, नास्ति द्वितीयो-मत्सम इत्यभिमानम्, बलम्-असदाग्रहम्, न तु शारीरम्, तस्य स्वाभाविकत्वेन त्यक्तुमशक्यत्वात्। दर्पम्-हर्षजन्यं मदं धर्मातिक्रमकारणं **"हृष्टो दृप्यति, दृप्तो धर्ममतिक्रामति"** आप० ध० १-४-१३-४ इति स्मृतेः । कामम्-विजयाभिलाषम् । **'वैराग्यं समुपाश्रितः'** इत्यनेनोक्तस्यापि कामत्यागस्य पुनर्वचनं यत्नाधिक्यार्थम्, क्रोधं, द्वेषं, परिग्रहं शरीरधारणार्थमस्पृहत्वेऽपि परोपनीतं बाह्यो-पकरणं विमुच्य-त्यक्त्वा शिखायज्ञोपवीतादिकमपि, दण्डमेकं कमण्डलुं कौपीनाच्छादनं च शास्त्राभ्यनुज्ञातं स्वशरीरयात्रार्थमादाय परमहंसपरिव्राजको भूत्वा निर्ममः, देहजीवनमात्रेऽपि ममकाररहितः । अतएवाहङ्कारममकाराभावादपगतहर्षविषादत्वाच्छान्तः-चित्तविक्षेपरहितः यतिः, ज्ञानसाधनपरिपाकक्रमेण ब्रह्मभूयाय-ब्रह्मसाक्षात्काराय कल्पते-समर्थो भवति ॥ ५३ ॥

नित्य सदा तत्पर दोनोंके अनुष्ठानमें परायण कदाचित् भी मन्त्रजप, तीर्थयात्रादि पर न हो। वैराग्य ध्यान और योगके दृष्टादृष्ट धिषयोंमें इच्छा विरोधी चित्त परिणामको सम्यक्-निश्चल भावसे नित्य आश्रित किये हुये हैं ॥ ५२ ॥

'अहंकारमि'ति । अहङ्कार-महाकुलप्रसूत मैं हूँ, बड़े के शिष्य हूँ, अत्यन्त विरक्त हूँ, और दूसरा कोई मेरे समान नहीं है यह अभिमान, वल असदाग्रह अर्थात् झूठा आग्रह। शरीरका बल नहीं क्योंकि वह स्वाभा-विक होनेसे त्यागके योग्य नहीं है । दर्प, हर्षजन्य मद, धर्मातिक्रमणका जो कारण है, **'हृष्टो दृप्यति, दृप्तः-धर्ममतिक्रामति'** यह स्मृति है काम-विषयकी अभिलाषा **'वैराग्यं समुपाश्रितः'** इससे ही यद्यपि काम त्यागका कथन हो चुका है तथापि पुनः कथन प्रयत्नके आधिक्यार्थ है। क्रोध, द्वेष, परिग्रह—शरीर धारणार्थ इच्छा न रहने पर भी अन्यानीत बाह्योपकरण इनका त्यागकर शिखा यज्ञोपवीतादिका भी त्याग कर शास्त्रसे समर्थित एक दण्ड कमण्डल, कौपीन अच्छादन शास्त्राभ्यनुज्ञातं अपने शरीरयात्रार्थ लेकर परमहंस परिव्राजक होकर निर्मम देहके जीवनमात्रमें भी ममतारहित अतएव अहङ्कार और ममकारके अभावसे-

ब्रह्मभूतः प्रसन्नात्मा न शोचति न कांक्षति ।
समः सर्वेषु भूतेषु मद्भक्तिं लभते पराम् ॥ ५४ ॥

मैं ब्रह्म हूँ इस प्रकार दृढ़ निश्चयवाला प्रसन्न चित्त न शोक करता है न किसी वस्तुकी अभिलाषा-करता है, सभी भूतोंमें समान देखनेवाला सन्यासी मेंरी श्रेष्ठ ज्ञानलक्षणा भक्तिको प्राप्त करता है ॥ ५४ ॥

भक्त्या मामभिजानाति यावान्यश्चास्मि तत्त्वतः ।
ततो मां तत्त्वतो ज्ञात्वा विशते तदनन्तरम् ॥ ५५ ॥

जितना और जो कुछ मैं हूँ उसको ज्ञाननिष्ठा भक्तिके द्वारा यथार्थरूपसे प्रत्यक्ष करता है, इस प्रकार मेरा तत्त्वतः साक्षात्कार करके देहत्यागके वाद मत्स्वरूप हो जाता है ॥ ५५ ॥

केन क्रमेण **'ब्रह्मभूयाय कल्पते'** इति । तदाह—**'ब्रह्मभूतः'** इत्यादिना । ब्रह्मभूतः-अहं-ब्रह्मास्मीति दृढनिश्चयवान् श्रवणमननाभ्यासात्, प्रसन्नात्मा-शुद्धचित्तः, शमदमाद्यभ्यासात् । अतएव न शोचति नष्टम् , न काङ्क्षत्यप्राप्तम् । अतएव निग्रहानुग्रहयोरनारम्भात्समः-सर्वेषु-भूतेषु आत्मौपम्येन सर्वत्र सुखं दुःखं च पश्यतीत्यर्थः । एवंभूतो ज्ञाननिष्ठो यतिर्मद्भक्तिम्-मयि-भगवति शुद्धे परमात्मनि भक्तिम्-उपासनां मदाकारचित्तवृत्त्यावृत्तिरूपां परिपक्वनिदिध्या-सनाख्यां श्रवणमननाभ्यासफलभूतां लभते पराम्-श्रेष्ठामव्यवधानेन साक्षात्कारफलम्, **'चतुर्विधा भजन्ते माम्'** इत्यत्रोक्तस्य भक्तिचतुष्टयस्यान्त्यां ज्ञानलक्षणामिति वा ॥ ५४ ॥

'भक्त्ये'ति । ततश्च भक्त्या निदिध्यासनात्मिकया ज्ञाननिष्ठया माम्-अद्वितीयमात्मानमभि-

---

हर्ष विषादरहित शान्तचित्त-विक्षेपसे रहित यही संन्यासी ज्ञानसाधनके परिपाकक्रमसे ब्रह्मभूयाय—ब्रह्म-साक्षात्कारके लिए समर्थ होता है ॥ ५३ ॥

किस क्रमसे **'ब्रह्मभूयाय कल्पते'** ब्रह्मसाक्षात्कारमें समर्थ होता है उसको कहते हैं–**'ब्रह्म'** इत्यादिसे। ब्रह्मभूत 'मैं ब्रह्म हूँ' यह दृढ़ निश्चयवान् श्रवण मनन अभ्याससे उक्त दृढ़ निश्चय होता है। प्रसन्नात्मा-शुद्ध-चित्त जों कि शम दमादि अभ्याससे होता है। अतएव **'न शोचति'** नष्टको नहीं सोचता अप्राप्तको नहीं चाहता। अतएव निग्रह और अनुग्रह न करनेसे सव भूतोंके लिये होता है बराबर सब जगह सुख और दुःख आत्मगतके समान देखता है एवंभूत ज्ञाननिष्ठ यति भगवान् शुद्ध परमात्मस्वरूप मुझमें उपासनारूप भक्ति मदाकारचित्तवृत्तिकी आवृत्तिरूप परिपक्व निधिध्यासनाख्य श्रवणमननाभ्यासफलभूतको पाता है अतिश्रेष्ठ अव्यवधानसे साक्षात्कार फल देनेवालीको पाता हैं। अथवा **'चतुर्विधा भजन्ते माम्'** यहाँ पर कथित भक्तिचतुष्टयका अन्त्य परा ज्ञानलक्षण भक्तिको पाता है ॥ ५४ ॥

निदिध्यासनात्मक ज्ञाननिष्ठ भक्तिसे मुझे अद्वितीय आत्माको जानता है–साक्षात्कार करता है।

जानाति-साक्षात्करोति । यावान्विभुर्नित्यश्च यश्च परिपूर्णसत्यज्ञानानन्दघनः सदा विध्वस्तसर्वोपाधिः-अखण्डैकरस एकः, तावन्तं चाभिजानाति । ततो मामेवं तत्त्वतो ज्ञात्वा-अहमस्म्यखण्डानन्दाद्वितीयं ब्रह्मेति साक्षात्कृत्य विशते-अज्ञानतत्कार्यनिवृत्तौ सर्वोपाधिशून्यतया मद्रूप एव भवति। तदनन्तरं बलवत्प्रारब्धकर्मभोगेन (ण) देहपातानन्तरम्, न तु ज्ञानानन्तरमेव। क्त्वाप्रत्ययेनैव तल्लाभे तदनन्तरमित्यस्य वैयर्थ्यापातात् । तस्मात् "तस्य तावदेव चिरं यावन्न विमोक्ष्ये, अथ संपत्स्ये" छा०उ० ६-१४-२ इतिश्रुत्यर्थ एवात्र दर्शितो भगवता । यद्यपि ज्ञानेनाऽज्ञानं निवर्तितमेब दीपेनेव तमः, तस्य तद्विरोधिस्वभावत्वात्, तथाऽपि तदुपादेयमहङ्कारदेहादि निरुपादानमेव यावत्प्रारब्धकर्मभोगमनुवर्तते दृष्टत्वादेव । नहि दृष्टेऽनुपपन्नं नाम । तार्किकैरपि हि समवायिकारणनाशाद्द्रव्यनाशमङ्गीकुर्वद्भिर्निरुपादानं द्रव्यं क्षणमात्रं तिष्ठतीत्यङ्गीकृतम् । नित्यपरमाणुसमवेतद्व्यणुकनाशे त्वसमवायिकारणनाशादेव द्रव्यनाशः । समवायिनिरूपितकारणनाशत्वमुभयोरनुगतमिति, नाऽननुगमः । ये त्वसमवायिकारणनाशमेव सर्वत्र कार्यद्रव्यनाशकमिच्छन्ति, तेषामाश्रयनाशस्थले क्षणद्वयमनुपादानं कार्यं तिष्ठति । एवं च तत्रैव प्रतिबन्धकसन्निपाते बहुकालावस्थितिः केन वार्यते ? प्रारब्धकर्मणश्च प्रतिबन्धकत्वं श्रुतिसिद्धम्, अन्तः-

---

मैं जितना विभु नित्य जो परिपूर्ण सत्य ज्ञानानन्दघन सदा सर्वोपाधिशून्य अखण्डैकरस एक हूँ उतना जानता है। तदनन्तर तत्त्वतः इस प्रकार मुझको जानकर अर्थात् 'मैं हूँ अखण्डानन्दाद्वितीयब्रह्म' यह साक्षात्कार कर अज्ञान और तत्कार्यकी निवृत्तिसे सर्वोपाधिशून्य होनेसे मेरा स्वरूप ही हो जाता है। तदनन्तर प्रबल प्रारब्ध कर्मभोगसे देहपातके अनन्तर ज्ञानके बाद ही नहीं क्योंकि 'क्त्वा' प्रत्ययसे ही ज्ञानके अनन्तरका लाभ सिद्ध था पुनः **'तदनन्तरम्'** यह पद व्यर्थ हो जायगा। अतः **'तावदेव चिरं यावन्न विमोक्ष्ये, अथ सम्पत्स्ये'** उसकी मुक्तिमें तभीतक विलम्ब है जबतक उसके शरीरका पात नहीं होता। शरीरपात होनेपर शीघ्र ही मोक्ष लाभ हो जाता है। इस श्रुतिका अर्थ भगवान्‌ने यहां दिखलाया है। यद्यपि दीपसे तमकी तरह ज्ञानसे अज्ञान निवृत्त होता है। ज्ञानप्रदीपका अज्ञान तमोविरोधी स्वभाव है तथापि अज्ञानरूप उपादानसे बने हुये अहङ्कार देहादि उपादानके विना ही कर्मभोग तक अनुवृत्त होते हैं क्योंकि ऐसा देखा गया है। **'न हि दृष्टे अनुपपन्नं नाम'** दृष्टमें अनुपपत्ति नहीं होती। तार्किक भी समवायिकारण नाशसे कार्यका नाश मानते हुए निरुपादानद्रव्य क्षणमात्र निराधार रहता है यह मानते हैं, नित्य परमाणुसमवेत द्व्यणुकके नाशमें असमवायिकारण नाशसे ही द्रव्यनाश मानते हैं। समवायिनिरूपितकारणनाशत्व दोनों में अनुगत है अतः अननुगम दोष नहीं। जो लोग असमवायिकारण नाश ही सब जगह कार्य द्रव्यका नाशक मानते हैं उनके मतमें आश्रयनाशस्थलमें क्षणद्वय उपादान कारणके विना कार्य रहता है। इस प्रकार वहाँ भी प्रतिबन्धक-

करणदेहाद्यवस्थित्यन्यथानुपपत्तिसिद्धञ्च । एवं शिष्यसेवकाद्यदृष्टमपि तत्प्रतिबन्धकं तदभावमपेक्ष्य च पूर्वसिद्ध एवाज्ञाननाशस्तत्कार्यमन्तःकरणादिकं नाशयतीति, न पुनर्ज्ञानापेक्षा । तदुक्तम्—

"तीर्थे श्वपचगृहे वा नष्टस्मृतिरपि परित्यजन्देहम् ।
ज्ञानसमकालमुक्तः कैवल्यं याति हतशोकः ॥" इति ॥

न जानामीत्यादिप्रत्ययस्तु तस्य निवृत्ताज्ञानस्याप्यज्ञाननाशजनितादनुपादानात्साक्षादात्माश्रयादेवाज्ञानसंस्काराात्तत्त्वज्ञानसंस्कारनिवर्त्यादन्तःकरणस्थित्यवधेरिति विवरणकृतः । अहं ब्रह्मास्मीति चरमसाक्षात्कारानन्तरमहं ब्रह्म न भवामि, न जानामीत्यादिप्रत्ययो नास्त्येव । यदि परं घटं न जानामीत्यादिप्रत्ययः स्यात्, तदुपपादनाय चेयं संस्कारकल्पनेति, नानुपपन्नम् । अज्ञानलेशपदेनाप्ययमेव संस्कारो विवक्षितः । नहि सावयवमज्ञानम् , येन कियन्नश्यति, कियत्तिष्ठतीति वाच्यम्, अनिर्वचनीयत्वात् । एकदेशाभ्युपगमे तु, तन्निवृत्त्यर्थं पुनश्चरमं ज्ञानमपेक्षितमेव । तच्च मृतिकाले दुर्घटमिति, तत्त्वज्ञानसंस्कारनाश्यता तस्याभ्युपेया । ततश्च

सन्निधानसे बहुकाल स्थितिको जिससे रोक सकते हैं। प्रारब्धकर्ममें प्रतिबन्धकत्व श्रुतिसे सिद्ध है तथा अन्तःकरण और देहादिकी अवस्थिति अन्यथा अनुपपन्न है । एवं शिष्य सेवकादिका अदृष्ट भी शरीरनाशका प्रतिबन्धक है । प्रतिबन्धकाभावसहित पूर्वसिद्ध ही अज्ञाननाश उसके कार्य अन्तःकरणादिका नाशक होता है फिर ज्ञानकी अपेक्षा नहीं ही कहा है—**'तीर्थे स्वपचगृहे वा'** इत्यादिसे[1] । नहीं जानता हूँ उसका अज्ञान निवृत्त है उसका भी अज्ञाननाशसे जनित अनुपादानसे साक्षात् आत्माश्रय अज्ञानसंस्कारसे जो कि तत्त्वज्ञान संस्कारसे निवर्त्य है अन्तःकरण स्थितिपर्यन्त अज्ञान संस्कार रहता है' यह विवरणकारका मत है। 'मैं ब्रह्म हूँ' इस अन्तिम साक्षात्कारके अनन्तर 'मैं ब्रह्म नहीं हूँ' 'मैं नहीं जानता' इत्यादि ज्ञान नहीं होता, यदि घट नहीं जानता यह ज्ञान होता तो उसके आपादनके लिए इस संस्कारकी कल्पना होती अतः अनुपपत्ति नहीं है ।

'अज्ञानलेश' पदसे यही संस्कार विवक्षित है। अज्ञान सावयव नहीं जो कुछ अंश नष्ट हो कुछ अंश रह जाय, क्योंकि वह अनिर्वचनीय है । यदि अज्ञानलेशको एकदेश मानोगे तो उस अज्ञानलेशकी निवृत्तिके लिए फिर चरम ज्ञानकी अपेक्षा होगी, वह मरणकालमें दुर्घट है अतः तत्त्वज्ञान संस्कारसे नाश्यता उसमें-

१. अर्थ—जो ज्ञानी शोकहीन हो गया है वह ज्ञानप्राप्तिके समय में ही मुक्त हो जाता है तीर्थ या चाण्डालके गृहमें ज्ञानके विस्मरण हो जाने पर भी देहका त्यागकर मुक्त हो जाता है ।

सर्वकर्माण्यपि सदा कुर्वाणो मद्व्यपाश्रयः ।
मत्प्रसादादवाप्नोति शाश्वतं पदमव्ययम् ॥ ५६ ॥

सदा सर्वकर्मोंका अनुष्ठान करता हुआ भी मेरे एकमात्र शरणमें आया हुआ पुरुष मेरे अनुग्रहसे नित्य और अविकारी पदको प्राप्त करता है ॥ ५६ ॥

संस्कारपक्षान्न कोऽपि विशेष इति पूर्वोक्तैव कल्पना श्रेयसी । ईदृशजीवन्मुक्त्यपेक्षया च प्राग्भगवतोक्तम्––

"उपदेक्ष्यन्ति ते ज्ञानं ज्ञानिनस्तत्त्वदर्शिनः ।" इति ।

स्थितप्रज्ञलक्षणानि च व्याख्यातानि । तस्मात्साधूक्तं **'विशते तदनन्तरम्'** इति ॥ ५५ ॥

ननु योऽनात्मज्ञोऽशुद्धान्तःकरणः, सोऽन्तःकरणशुद्धिपर्यन्तं सहजं कर्म न त्यजेत् । यस्तु शुद्धान्तःकरणः, स नैष्कर्म्यसिद्धिं सन्यासेनाधिगच्छतीत्युक्तम् । संन्यासश्च ब्राह्मणेनैव कर्तव्यः, न क्षत्रियवैश्याभ्यामिति प्रागुक्तं भगवता––**"कर्मणैव हि संसिद्धिमास्थिता जनकादयः"** इत्यत्र । तत्र शुद्धान्तःकरणेन क्षत्रियादिना किं कर्माण्यनुष्ठेयानि, किं वा सर्वकर्मसन्यासः-कर्तव्यः । नाऽऽद्यः––**"आरुरुक्षोर्मुनेर्योगं कर्म कारणमुच्यते ।**
योगारूढस्य तस्यैव शमः कारणमुच्यते ॥"

मानना है तब संस्कार पक्षसे अज्ञानलेशमें कोई विशेष नहीं है अतः पूर्वोक्त कल्पना ही युक्तियुक्त है । ईदृश जीवन्मुक्तिकी अपेक्षासे पूर्वमें भगवान् ने कहा हैं—

'उपदेक्ष्यन्ति ते ज्ञानं ज्ञानिनस्तत्त्वदर्शिनः ।' इति ।

स्थितप्रज्ञके लक्षण व्याख्यात हो चुके । तस्मात् यह वहुत ठीक कहा है—**'विशते तदनन्तरम्'** इति ॥ ५५ ॥

शङ्का—जो अनात्मज्ञ और अशुद्ध अन्तःकरणवाला है वह अन्तःकरणकी शुद्धिपर्यन्त स्वाभाविक कर्मका त्याग न करे और जो शुद्धान्तःकरण है वह नैष्कर्म्यसिद्धि ब्रह्मसाक्षात्काररूपसिद्धि **'सन्यासेनाधिगच्छति'**, (सन्याससे प्राप्त करता है) ऐसा कहा है । सन्यास ब्राह्मणको ही करना चाहिए क्षत्रिय, वैश्य को नहीं यह भगवान्ने व्याख्यान किया है––

'कर्मणैव हि संसिद्धिमास्थिता जनकदयः ।' इति ।

यहाँ पर इसमें शुद्धान्तःकरण क्षत्रियादि क्या कर्मका अनुष्ठान करे अथवा सर्वकर्मका सन्यास करे इस संशयमें पहला पक्ष ठीक नहीं, क्योंकि

'आरुरुक्षोर्मुनेर्योगं कर्म कारणमुच्यते ।'

इत्यादिना योगम्-अन्तःकरणशुद्धिमारूढस्य कर्मानुष्ठाननिषेधात् । न द्वितीयः——

"स्वधर्मे निधनं श्रेयः परधर्मो भयावहः ।"

इत्यादिना ब्राह्मणधर्मस्य सर्वकर्मसन्यासस्य क्षत्रियादिकं प्रति निषेधात् । नच कर्मानुष्ठान-कर्मत्यागयोरन्यतरमन्तरेण तृतीयः प्रकारोऽस्ति । तस्मादुभयोरपि प्रतिषिद्धत्वेन, गत्यन्तराभावेन चावश्यकर्तव्ये प्रतिषेधातिक्रमे, कर्मत्याग एव श्रेयान्, बन्धहेतु-परित्यागेन मोक्षसाधनपौष्कल्यात् । न तु कर्माण्यनुष्ठेयानि चित्तविक्षेपहेतुत्वेन मोक्षसाधनज्ञानप्रतिबन्धकत्वादित्यभिप्रायमर्जुनस्याऽऽलक्ष्याऽऽह भगवान्——'सर्वे'त्यादिना । यः पूर्वोक्तैः कर्मभिः शुद्धान्तःकरणः, सोऽवश्यं भगवदेकशरणः, भगवदेकशरणता-पर्यन्तत्वादन्तःकरणशुद्धेः । एतादृशश्चेद् ब्राह्मणः सन्यासप्रतिबन्धरहितः सर्वकर्माणि सन्यस्यतु नाम, संसारविमोक्षस्तु तस्य भगवदेकशरणस्य भगवत्प्रसादादेव । एतादृशश्चेत्क्ष-त्रियादिः सन्यासानधिकारी, स करोतु नाम कर्माणि, किंतु मद्व्यपाश्रयः-अहं भगवान्-वासुदेव एव व्यपाश्रयः शरणं यस्य, स मदेकशरणो मय्यर्पितसर्वात्मभावः सन्यासानधिकारात् सर्वकर्माणि-सर्वाणि कर्माणि लौकिकानि, वर्णाश्रमधर्मरूपाणि प्रतिषिद्धानि वा सदा कुर्वाणः-

---

इत्यादि वाक्यसे अन्तःकरण शुद्धयर्थं ही कर्मानुष्ठानकी विधि हैं मनःशुद्धिके बाद कर्मानुष्ठानका निषेध है । द्वितीय पक्ष भी ठीक नहीं,

'स्वधर्मे निधनं श्रेयः परधर्मो भयावहः ।'

इत्यादिसे ब्राह्मणधर्म सर्वकर्मसन्यासका क्षत्रियादिके लिये निषेध है । कर्मानुष्ठान और कर्मत्याग इनमेंसे किसी एकके विना तृतीय प्रकार नहीं है तस्मात् दोनोंके प्रतिषिद्ध होनेसे और गत्यन्तरके अभावसे जब अवश्य निषेधोल्लङ्घन करना है तो कर्मका त्याग ही श्रेष्ठ है, क्योंकि बन्धहेतु कर्मका त्यागसे मोक्षसाधन पुष्ट होता है । कर्मोंका अनुष्ठान चित्तके विक्षेप करनेवाला होनेसे मोक्षसाधन ज्ञानका प्रतिवन्धक होनेसे उसका त्याग ही उचित है इस अर्जुनके अभिप्रायको लक्ष्य कर भगवान् कहते हैं——'**सर्वेत्यादि**'से । जो पूर्वोक्त कर्मोंसे शुद्धान्तःकरण है वह अवश्य भगवान्के एकमात्र शरणागत है । भगवान्की शरणमें जाना अन्तःकरण की शुद्धि की सीमा है । एतादृश ब्राह्मण भी हो तो सन्यासके प्रतिवन्धसे रहित सर्वकर्मोंका सन्यास कर दे । संसारसे मुक्ति तो उस भगवान्की एकशरणमें रहनेवालेकी भगवत्प्रसादसे ही होती है । एतादृश क्षत्रियादि यदि हो तो सन्यासका अनधिकारी वह सर्व कर्मका परित्याग करे किन्तु मदाश्रय——मैं भगवान् वासुदेव ही हूँ एक शरण हूँ जिसका वह मदेकशरण मुझमें सर्वभावको समर्पित करदेनेवाला क्योंकि सन्यासमें अधिकार न होनेसे लौकिक वर्णाश्रमधर्मरूप अथवा प्रतिषिद्ध सव कर्मोंको करता हुआ मुझ-

चेतसा सर्वकर्माणि मयि सन्न्यस्य मत्परः ।
बुद्धियोगमुपाश्रित्य मच्चित्तः सततं भव ॥ ५७ ॥

विवेकबुद्धिसे दृष्ट और अदृष्ट कर्मोंके फलोंका मुझमें समर्पणकर मत्परायण तुम बुद्धियोगको स्वीकार कर मदेकचित्त सदा हो जाओ ॥ ५७ ॥

मत्प्रसादात्-ममेश्वररस्यानुग्रहादवाप्नोति हिरण्यगर्भवन्मद्विज्ञानोत्पत्त्या शाश्वतम्-नित्यं पदम्-वैष्णवम्, अव्ययम्-अपरिणामि । एतादृशो भगवदेकशरणः करोत्येव न प्रतिषिद्धानि कर्माणि, यदि कुर्यात्, तथाऽपि मत्प्रसादात्प्रत्यवायानुत्पत्त्या मद्विज्ञानेन मोक्षभाग्भवतीति भगवदेकशरणतास्तुत्यर्थं **'सर्वकर्माणि सर्वदा कुर्वाणोऽपी'**त्यनूद्यते ॥ ५६ ॥

यस्मान्मदेकशरणतामात्रं मोक्षसाधनम्, न कर्मानुष्ठानम्, कर्मसन्न्यासो वा । तस्मात् क्षत्रियस्त्वम्—चेतसा-विवेकबुद्धया सर्वकर्माणि-दृष्टादृष्टार्थानि मयीश्वरे संन्यस्य—**'यत्करोषि यदश्नासी'**त्युक्तन्यायेन समर्प्य मत्परः-अहं भगवान् वासुदेव एव परः प्रियतमो **यस्य** सः-मत्परः सन् बुद्धियोगम्-पूर्वोक्तसमत्वबुद्धिलक्षणं योगं बन्धहेतोरपि कर्मणो मोक्षहेतुत्वसम्पादकमुपाश्रित्य-अनन्यशरणतया स्वीकृत्य मच्चित्तः-मयि भगवति वासुदेव एव चित्तं यस्य, न राजनि, कामिन्यादौ वा, सः मच्चित्तः सततं भव ॥ ५७ ॥

ईश्वरके प्रसादसे हिरण्यगर्भके समान ज्ञानोत्पत्ति होनेसे नित्य शाश्वत अपरिणामी वैष्णव पदको पाता है, ऐसा भगवदेकशरण पुरुष होनेके कारण प्रतिषिद्ध कर्मोंको करना ही नहीं है यदि करे तो भी मेरे अनुग्रहसे पापानुत्पत्तिसे मेरे ज्ञानसे मोक्ष भागी होता है अतः भगवदेकशरणताके स्तुत्यर्थ सब कर्मोंको सदा करता हुआ भी यह अनुवाद है ॥ ५६ ॥

क्योंकि मेरे एकमात्र शरणमें आगमन ही मोक्षका साधन है न कर्मानुष्ठान और न कर्मसन्न्यास, अतः तुम क्षत्रिय हो चित्तसे अर्थात् विवेकबुद्धिसे दृष्टादृष्टार्थक सब कर्मोंको ईश्वर मुझमें [ईश्वरमें] सन्यास करके **'यत्करोषि यदश्नासि'** इस श्लोकोक्त न्यायसे समर्पण कर भगवान् वासुदेव ही परम प्रियतम हैं जिसको ऐसा मत्पर होकर पूर्वोक्त समत्वबुद्धिलक्षण योग जो बन्धहेतु कर्मको भी मोक्षहेतु बनाता है उस बुद्धियोगका आश्रयण कर अनन्य शरण होकर **मच्चित्तः**—मुझ भगवान् वासुदेवमें ही चित्त है जिसका न राजामें न स्त्रीमें एवंभूत मच्चित्त सदा होओ ॥ ५७ ॥

मच्चित्तः सर्वदुर्गाणि मत्प्रसादात्तरिष्यसि ।
अथ चेत्त्वमहंकारान्न श्रोष्यसि विनङ्क्ष्यसि ॥ ५८ ॥

मदेकचित्त होकर तुम दुस्तर काम क्रोध आदिको मेरी कृपासे अनायास ही पार कर जाओगे । यदि तुम अहङ्कारसे मेरे कथनानुसार कार्य नहीं करोगे तो पुरुषार्थसे भ्रष्ट हो जाओगे ।। ५८ ।।

यदहंकारमाश्रित्य न योत्स्य इति मन्यसे ।
मिथ्यैष व्यवसायस्ते प्रकृतिस्त्वां नियोक्ष्यति ॥ ५९ ॥

यदि अहङ्कारका आश्रयण कर मैं नहीं लड़ूँगा ऐसा मानते हो तो तुम्हारा यह निश्चय निष्फल है, क्योंकि प्रकृति तुम्हें युद्धके लिये प्रेरित करेगी ।। ५९ ।।

ततः किं स्यादिति ? तदाह—**'मच्चित्तः'** इत्यादिना । मच्चित्तस्त्वं सर्वदुर्गाणि-दुस्तराणि कामक्रोधादीनि संसारदुःखसाधनानि मत्प्रसादात्स्वव्यापारमन्तरेणैव तरिष्यसि, अनायासेनैवातिक्रमिष्यसि । अथ चेत्-यदि तु त्वं मदुक्ते विश्वासमकृत्वाऽहङ्कारात्-पण्डितोऽहमिति-गर्वान्न श्रोष्यसि, मद्वचनार्थं न करिष्यसि, ततो विनङ्क्ष्यसि-पुरुषार्थाद्भ्रष्टो भविष्यसि-कामकारेण सन्यासाद्याचरन् ।। ५८ ।।

'यदि'ति । त्वं च अहंकारं-धार्मिकोऽहं क्रूरं कर्म न करिष्यामीति[1] मिथ्याभिमानमाश्रित्य न योत्स्ये-युद्धं न करिष्यामीति मन्यसे यत् , मिथ्या-निष्फल एष व्यवसायः-निश्चयः, ते-तव । यस्मात्प्रकृतिः-क्षत्रजात्यारम्भको रजोगुणस्वभावस्त्वां नियोक्ष्यति-प्रेरयिष्यति-युद्धे ।। ५९ ।।

उससे क्या होगा ? उसको कहते हैं—**'मच्चित्तः'** से । मेरेमें मन लगानेवाले होकर तुम सब दुर्ग—दुस्तर काम क्रोधादि संसारके दुःखसाधनोंका मेरे प्रसादसे अपने व्यापारके विना ही अनायाससे तरोगे अर्थात् संसारका अतिक्रमण करोगे । यदि तुम मेरे वचनमें विश्वास न कर 'मैं पण्डित हूँ' इस अहङ्कारसे न सुनोगे, मद्वचनानुसार कार्य न करोगे तो विनष्ट हो जाओगे । स्वेच्छासे सन्यासादि करते हुए तुम पुरुषार्थसे भ्रष्ट हो जाओगे ।। ५८ ।।

तुम मैं धार्मिक हूँ हिंसा कर्म न करूँगा इस मिथ्याभिमान-अहङ्कारका आश्रयण कर 'न युद्ध करेंगे' यह मानते हो तो वह मिथ्या है यह तुम्हारा निश्चय निष्फल है, क्योंकि प्रकृति क्षत्रियारम्भक रजोगुणस्वभाव युद्धमें तुमको प्रेरणा करेगी ही ।। ५९ ।।

---

१. स्वतन्त्रोऽहं परोक्तं न करिष्यामीति पाठान्तरम् ।

स्वभावजेन कौन्तेय ! निबद्धः स्वेन कर्मणा ।
कर्तुं नेच्छसि यन्मोहात्करिष्यस्यवशोऽपि तत् ॥ ६० ॥

हे कौन्तेय ! स्वाभाविक अपने कर्मसे वशीकृत हुये तुम मोहके कारण युद्ध करना नहीं चाहते हो तब भी विवश होकर युद्ध करोगे ॥ ६० ॥

ईश्वरः सर्वभूतानां हृद्देशेऽर्जुन ! तिष्ठति ।
भ्रामयन् सर्वभूतानि यन्त्रारूढानि मायया ॥ ६१ ॥

हे अर्जुन ! जिस प्रकार मायावी पुरुष कठपुतली को कपट से घुमाता है उसी प्रकार परमेश्वर सभी प्राणियोंको मायासे घुमाता हुआ हृदय देशमें स्थित है ॥ ६१ ॥

प्रकृतिं विवृणोति—'**स्वभावजेने**'ति । स्वभावजेन-पूर्वोक्तक्षत्रियस्वभावजेन शौर्यादिना स्वेनाऽऽगन्तुकेन कर्मणा निबद्धः-वशीकृतस्त्वं हे कौन्तेय ! यत् बन्धुवधादिनिमित्तं युद्धम्-मोहात्स्वतन्त्रोऽहम् यथेच्छामि, तथा संपादयिष्यामीति भ्रमात्कर्तुं नेच्छसि, तदवशोऽपि-अनिच्छन्नपि स्वाभाविककर्मपरतन्त्रः परमेश्वरपरतन्त्रश्च करिष्यस्येव ॥ ६० ॥

स्वभावाधीनतामुक्त्वेश्वराधीनतां विवृणोति—'**ईश्वरः**' इति । ईश्वरः-ईशनशीलः-नारायणः सर्वान्तर्यामी **"यः पृथिव्यां तिष्ठन् पृथिव्या अन्तरः, यं पृथिवी न वेद, यस्य पृथिवी-शरीरम् , यः पृथिवीमन्तरो यमयति"** बृ०उ० ३-७-३ ।

"यच्च किंचिज्जगत्सर्वं दृश्यते श्रूयतेऽपि वा ।
अन्तर्बहिश्च तत्सर्वं व्याप्य नारायणः स्थितः ॥" ना० १३-२-३ ॥

इत्यादिश्रुतिसिद्धः सर्वभूतानाम्-सर्वेषां प्राणिनां हृद्देशे-अन्तःकरणे तिष्ठसि सर्वव्याप-

---

प्रकृतिका विवरण करते हैं—'**स्वभावजेनेत्यादि**' से । हे कौन्तेय ! पूर्वोक्त क्षत्रिय स्वभाव से उत्पन्न शौर्यादिसे और अपने निबद्ध वशीकृत अर्थात् स्वाभाविक स्वस्वभावबद्ध तुम हो, अतः जो बन्धुवधादि निमित्त युद्ध अविवेकसे 'मैं स्वतन्त्र हूँ' जैसा चाहता हूँ वैसा ही करूँगा इस भ्रमसे करनेकी इच्छा नहीं है वह अवश—स्वभावके पराधीन इच्छा न रहने पर भी स्वाभाविक कर्मके परतन्त्र और परमेश्वरके पराधीन होकर करोगे ॥ ६० ॥

स्वभावाधीनता कह कर ईश्वराधीनताका विवरण करते हैं—'**ईश्वर इति**' से । ईश्वर-ईशनशील, नारायण सर्वान्तर्यामी जो '**यः पृथिव्यां तिष्ठन्**' इत्यादि श्रुतिसे सिद्ध सब प्राणियोंके हृदय देशमें

तमेव शरणं गच्छ सर्वभावेन भारत ! ।
तत्प्रसादात्परां शान्तिं स्थानं प्राप्स्यसि शाश्वतम् ॥ ६२ ॥

हे भारत ! मन वचन और कर्मसे उसी परमात्माकी शरण में जाओ । उनके अनुग्रह से परमशान्ति एवं शाश्वत (नित्य) स्थिति पाओगे ॥ ६२ ॥

कोऽपि तत्राभिव्यज्यते सप्तद्वीपाधिपतिरिव राम उत्तरकोसलेषु[1] । हे अर्जुन-हे शुक्ल शुद्धान्तःकरण ! एतादृशमीश्वरं त्वं ज्ञातुं योग्योऽसीति द्योत्यते । किं कुर्वंस्तिष्ठति भ्रामयन्-इतस्ततश्चालयन् सर्वभूतानि-परतन्त्राणि मायया-छद्मना यन्त्रारूढानिव सूत्रसंचारादियन्त्रमारूढानि दारुनिर्मितपुरुषादीन्यत्यन्तपरतन्त्राणि यथा मायावी भ्रामयति तद्वदित्यर्थशेषः ॥ ६१ ॥

ईश्वरः सर्वभूतानि परतन्त्राणि प्रेरयति चेत् ? प्राप्तं विधि-प्रतिषेधशास्त्रस्य, सर्वस्य-पुरुषकारस्य चाऽऽनर्थक्यमित्यत्राऽऽह––**'तमेवे'**ति । तमेव-ईश्वरं शरणम्-आश्रयं संसारसमुद्रोत्तरणार्थं गच्छ-आश्रय सर्वभावेन-सर्वात्मना-मनसा वाचा कर्मणा च हे भारत ! तत्प्रसादात्-तस्यैवेश्वरस्यानुग्रहात्तत्त्वज्ञानोत्पत्तिपर्यन्तात्परां शान्तिम्-सकार्याविद्यानिवृत्तिं स्थानमद्वितीय-स्वप्रकाशपरमानन्दरूपेणावस्थानं शाश्वतम्-नित्यं प्राप्स्यसि ॥ ६२ ॥

(अन्तःकरणमें) रहता हैं, यद्यपि सर्व व्यापक है तो भी अन्तःकरणमें विशेषाभिव्यक्ति होती है इसलिए 'अन्तःकरणमें रहता है जैसा राजा श्रीराम उत्तर कोशलमें रहे । हे अर्जुन ! ईदृश ईश्वरको तुम जाननेके योग्य हो योग्य उक्त सम्बोधनसे सूचित करते हुए अन्तःकरणमें रहते हैं ? मायासे परतन्त्र सब भूतोंको इतस्ततः चलाते हुए, इसमें दृष्टान्त कहते हैं—जैसे मायावी लकड़ीके पुतलोंको जो कि मायावीसे उत्पन्न और परतन्त्र हैं सूत्रसञ्चारादि यन्त्र पर रखकर घुमाता है उसी प्रकार घुमाता है इस अर्थका आक्षेप है ॥ ६१ ॥

ईश्वर परतन्त्र सब भूतोंकी प्रेरणा करता है तो विधि—प्रतिषेध शास्त्र और सब पुरुषके व्यापार अनर्थक है क्योंकि ईश्वर जो चाहेगा वही होगा इसका उत्तर कहते हैं—**'तमेवेति'** से । वही ईश्वरके आश्रयमें आओ संसार समुद्र उतरनेके लिये, सर्वभावसे-सर्वात्मना मनसे वाणीसे, कर्मसे आश्रयण करो । हे भारत उसके ज्ञानोत्पत्तिमें पर्यवसान होने वाली कृपासे भी परम शान्ति सकार्य अविद्याकी निवृत्ति और अद्वितीय स्थान, अद्वितीय स्वप्रकाश परमानन्दरूपसे शाश्वत स्थिति पाओगे ॥ ६२ ॥

---

१. उत्तरकोसलेषु, उत्तरकोसलायामिति वा पाठान्तरम् ।

इति ते ज्ञानमाख्यातं गुह्याद्गुह्यतरं मया।
विमृश्यैतदशेषेण यथेच्छसि तथा कुरु ॥ ६३ ॥

इस प्रकार अत्यन्त गोपनीय ज्ञान मैंने तुमसे कहा, इसको सम्पूर्ण रूपसे विचारकर जैसा इच्छा हो वैसा करो ॥ ६३ ॥

सर्वगीतार्थमुपसंहरन्नाह—'इती' ति । इति-अनेन प्रकारेण ते-तुभ्यमत्यन्तप्रियाय ज्ञानम्-आत्ममात्रविषयं मोक्षसाधनं गुह्याद् गुह्यतरं-परमरहस्यादपि संन्यासान्तात्कर्मयोगाद्रहस्यतरं तत्फलभूतत्वादाख्यातम्-समन्तात्कथितम्-मया सर्वज्ञेन परमाप्तेन। अतो विमृश्य-पर्यालोच्यैतन्मयोपदिष्टं गीताशास्त्रमशेषेण-सामस्त्येन सर्वैकवाक्यतया ज्ञात्वा स्वाधिकारानुरूप्येण यथेच्छसि, तथा कुरु न त्वेतदविमृश्यैव कामकारेण यत्किंचिदित्यर्थः ।

उक्तार्थस्य संक्षेपः ।

अत्र चैतावदुक्तम्—अशुद्धान्तःकरणस्य मुमुक्षोर्मोक्षसाधनज्ञानोत्पत्तियोग्यताप्रतिप्रतिबन्धकपापक्षयार्थं फलाभिसंधिपरित्यागेन भगवदर्पणबुद्ध्या वर्णाश्रमधर्मानुष्ठानम् , ततःशुद्धान्तःकरणस्म विविदिषोत्पत्तौ गुरुमुपसृत्य ज्ञानसाधनवेदान्तवाक्यविचाराय ब्राह्मणस्य सर्वकर्मसंन्यासः, ततो भगवदेकशरणतया विविक्तदेशसेवादिज्ञानसाधनाभ्यासाच्छ्रवण-मनन-निदिध्यासनैरात्ससाक्षात्कारोत्पत्त्या मोक्षः-इति ।

सव गीताके अर्थका उपसंहार करते हुए कहते हैं—**'इति'** से । इस प्रकार सर्वज्ञ और परम विश्वासी मैंने अत्यन्त प्रिय तुमको गुह्यसे भी गुह्यतर परम रहस्य सन्यास में अवसान होनेवाले कर्म योगसे भी रहस्यतर तत्फलभूत मोक्षसाधन आत्ममात्र विषय ज्ञान कहा, इस कारण मुझसे उपदिष्ट अशेष गीताशास्त्रको विचार कर एक वाक्यतासे जानकर स्वयोग्यतानुसार जैसा चाहो वैसा करो, किन्तु स्वेच्छासे अविचारसे जो कुछ न करना ।

उक्त अर्थ का संक्षेप ।

यहाँ पर इतना कहा गया है—अशुद्धान्तःकरण मुमुक्षुको मोक्षके साधन ज्ञानकी उत्पत्ति योग्यताके प्रतिबंधक पापके क्षयार्थ फलेच्छापरित्यागपूर्वक भगवदर्पण बुद्धिसे वर्णाश्रमधर्मोंका अनुष्ठान करना चाहिये उससे अन्तःकरणकी शुद्धिसे विविदिषोत्पत्ति होनेपर गुरुके पास जाकर ज्ञानसाधन वेदान्तवाक्यविचारके लिये ब्राह्मणका सर्व कर्म सन्यास है । इसके बाद भगवदेकशरणता-विविक्तदेशसेवादि (एकान्त देश में रहना) ज्ञानसाधनोंके अभ्याससे, श्रवण मनन और निदिध्यासनोंके द्वारा आत्मसाक्षांत्कारकी उत्पत्तिसे मोक्षसन्या-

सर्वगुह्यतमं भूयः शृणु मे परमं वचः ।
इष्टोऽसि मे दृढमिति ततो वक्ष्यामि ते हितम् ॥ ६४ ॥

रहस्यसे भी रहस्य और उत्कृष्ट मेरे वचनको पुनः सुनो, तुम मेरे अत्यन्त प्रिय हो अतः तुमको हितकर वचन कहूँगा ॥ ६४ ॥

क्षत्रियादेस्तु संन्यासानधिकारिणो मुमुक्षोरन्तःकरणशुद्धचनन्तरमपि भगवदाज्ञापालनाय, लोकसंग्रहाय च यथाकथञ्चित्कर्माणि कुर्वतोऽपि भगवदेकशरणतया पूर्वजन्मकृतसंन्यासादिपरिपाकाद्वा, हिरण्यगर्भन्यायेन तदनपेक्षणाद्वा भगवदनुग्रहमात्रेणेहैव तत्त्वज्ञानोत्पत्त्या-अग्रिमजन्मनि ब्राह्मणजन्मलाभेन संन्यासादिपूर्वकज्ञानोत्पत्त्या वा मोक्षः-इति। एवं विचारिते च नास्ति मोहावकाश इति भावः ॥ ६३ ॥

अतिगम्भीरस्य गीताशास्त्रस्याशेषतः पर्यालोचनक्लेशनिवृत्तये कृपया स्वयमेव तस्य सारम् संक्षिप्य कथयति—**'सर्वगुह्यतमम'ति** । पूर्वं हि गुह्यात्-कर्मयोगाद् गुह्यतरं ज्ञानमाख्यातम् , अधुना तु कर्मयोगात्तत्फलभूतज्ञानाच्च सर्वस्मादतिशयेन गुह्यं रहस्यं परमम्-सर्वतः प्रकृष्टं मे मम वचः-वाक्यं भूयः-तत्र तत्रोक्तमपि त्वदनुग्रहार्थं पुनर्वक्ष्यमाणं शृणु । न लाभपूजाख्यात्याद्यर्थं त्वां ब्रवीमि, किं तु इष्टः-प्रियोऽसि मे मम दृढमतिशयेनेति यतः, ततस्तेनैवेष्टत्वेन वक्ष्यामि-कथयिष्याम्यपृष्टोऽपि सन्नहं ते-तव हितम्-परमं श्रेयः ॥ ६४ ॥

सानधिकारी मुमुक्षुक्षत्रियादिको अन्तःकरण शुद्धिके बाद भी भगवान की आज्ञापालन और लोकसंग्रहार्थ किसी प्रकार कर्मोको करता हुआ भगवदेकशरण होकर पूर्वजन्मकृत सन्यासादि परिपाकसे अथवा हिरण्यगर्भन्यायसे उसकी अनपेक्षासे भगवान्के अनुग्रहमात्रसे ही तत्त्वज्ञानोत्पत्ति हो जाने से या आगे जन्ममें ब्राह्मण जन्म लाभसे संन्यासादिपूर्वक ज्ञानोत्पत्ति से मोक्ष होगा इस प्रकार विचार करनेपर मोहका अवसर नहीं है ॥ ६३ ॥

अतिगम्भीर गींताशास्त्र का सम्पूर्ण पर्यालोचन से जन्य क्लेश की निवृत्तिके लिये कृपा पूर्वक उस शास्त्र का सार संक्षेप कर स्वयं कहते हैं **'सर्वेति'** से । पूर्वमें गुह्य कर्म योग से गुह्यतर ज्ञान कहा, इस समय कर्म योग से तत्फलभूत ज्ञानसे सबसे अतिशय गुह्य-रहस्य सर्वतः प्रकृष्ट (सबसे श्रेष्ठ) मेरा वाक्य अनेकवार कथित भी तुम्हारे अनुग्रह के लिये पुनर्वक्ष्यमाण (कहा जाने वाला) सुनो । लाभ पूजा ख्यात्यर्थं (और प्रसिद्ध के लिये) तुम से नहीं कहते हैं, किन्तु तुम प्रिय इष्ट हो अतः उसी इष्ट बुद्धि से विना पूँछे भी परम-श्रेय तुम्हारा हित तुमसे कहेंगे ॥ ६४ ॥

मन्मना भव मद्भक्तो मद्याजी मां नमस्कुरु ।
मामेवैष्यसि सत्यं ते प्रतिजाने प्रियोऽसि मे ॥ ६५ ॥

मेरा ही चिन्तन करनेवाले मेरे ही भक्त मेरा ही पूजन करनेवाले हो जाओ और मुझे ही नमस्कार करो, मुझे ही पाओगे सत्य प्रतिज्ञा करके कहता हूँ क्योंकि तुम मेरे प्रिय हो ॥ ६५ ॥

तदेवाह--'**मन्मना भवे**'ति । मयि-भगवति वासुदेवे मनो यस्य, स मन्मनाः भव-सदा मां चिन्तय । द्वेषेण कंसशिशुपालादिरपि तथा, अत आह--मद्भक्तः-मद्विषयेणाऽनुरागेण सदा मद्विषयं मनः कुर्विति विधीयते । त्वद्विषयोऽनुराग एव केन स्यादित्यत आह--मद्याजी-मां यष्टुं पूजयितुं शीलं यस्य सः । सदा मत्पूजापरो भव । पूजोपकरणाभावे तु माम् नमस्कुरु-कायेन वाचा मनसा च प्रह्वीभवनेनाऽऽराधय । इदं चार्चन-वन्दनाद्यन्येषामपि भागवतधर्माणामुपलक्षणम् । तथा चोक्तं श्रीभागवते--

'श्रवणं कीर्तनं विष्णोः स्मरणं पादसेवनम् ।
अर्चनं वन्दनं दास्यं सख्यमात्मनिवेदनम् ॥
इति पुंसाऽर्पिता विष्णौ भक्तिश्चेन्नवलक्षणा ।
क्रियते भगवत्यद्धा तन्मन्येऽधीतमुत्तमम् ॥" ७-१-२३-२४ इति ॥

एतच्च भक्तिरसायने पृ. सं. ५० व्याख्यातं विस्तरेण ।

वही कहते हैं—मुझ भगवान् वासदेव में मन है जिसका वह मन्मना है वैसा हो सदा मेरी चिन्ता द्वेष से कंस शिशुपालादि सदा चिन्ता करते थे, इसलिये कहा—'मद्भक्तः,' मद्विषयक प्रेमसे सदा मद्विषयक मन करो यह विधान करते हैं ।

प्रश्न—आपको विषय करने वाला अनुराग किस उपाय से होगा ?

उत्तर—'मद्याजी' पूजा करने का स्वभाव है जिसका वैसा, सदा मेरी पूजा में तत्पर हो; पूजासामग्री न हो तो मेरा नमस्कार करो काय वाक् मनसे नम्रता पूर्वक मेरी आराधना करो ये अर्चन वन्दनादि अन्य भी भागवत धर्मों का उपलक्षण है । यह श्रीमद्भागवत में कहा है—

'श्रवणं कीर्तनं विष्णोः स्मरणं पादसेवनम् ।' इत्यादि मूल में देखिये ।

अर्थ--भगवान् की कथा श्रवण, भगवान् का नाम कीर्तन, भगवान् विष्णुका स्मरण, चरणसेवन पूजन, वन्दन (नमस्कार दण्डवत् आदिसे) दास्य (सेवा) सख्य (मैत्री) और आत्मनिवेदन, भगवान् विष्णु में अर्पण यह नौ प्रकार की (नवधा) भक्ति यदि करता है तो निश्चय समझना चाहिये कि उसने ठीक विद्याका अध्ययन किया है । इसका विस्तरसे **भक्तिरसायन** ग्रन्थ में व्याख्यान है ।

